ओ३म्

वेदों का यथार्थ स्वरुप



धर्मदेव विद्यामार्तण्ड

ओ३म्

वेदों का यथार्थ स्वरूप

वैदिक ऋषि, देवता, यज्ञ, सिद्धान्तादि
विषयक भ्रान्ति निवारण



लेखक :
पं० धर्मदेव विद्यावाचस्पति, विद्यामार्तण्ड
गुरुकुल कागड़ी विश्वविद्यालय

elibrary.thearyasamaj.org

प्र वार
०००

संवत्
२०१४ वि०

मूल्य
सजिल्द ६ ५०

elibrary.thearyasamaj.org

ओ३म्

लेखक के कुछ शब्द

गुरुकुल कागडी विश्वविद्यालय की स्वामिनी पंजाब आर्य प्रतिनिधि सभा की वैदिक अनुसन्धान समिति का एक अधिवेशन ३१ दिसम्बर १९५२ को वैदिक अनुसन्धान कार्यालय गुरुकुल कागड़ी में हुआ जिस में मेरे अतिरिक्त निम्न सदस्य महानुभाव उपस्थित थे—

१. श्री दीवान बद्रीदास जी सभा उपप्रधान।
२. श्री पं० विश्वनाथ जी विद्यालङ्कार।
३ श्री आचार्य प्रियव्रत जी वेदवाचस्पति।

इन के अतिरिक्त श्री पं० बुद्धदेव जी विद्यालङ्कार, श्री पं० रामनाथ जी वेदालङ्कार वेदोपाध्याय और श्री प० भगवद्दत्त जी वेदालङ्कार अनुसन्धान विद्वान् गुरुकुल कागडी को विशेष रूप से निमन्त्रित कर लिया गया था।

श्री दीवान बद्रीदास जी ने विश्वविद्यालयों में पढाई जाने वाली इतिहास की विभिन्न पुस्तकों में से वेद विषयक स्थलों को पढ कर सुनाया और इस बात पर विशेष रूप से ध्यान आकृष्ट किया कि इस प्रकार के पाश्चात्य और भारतीय लेखक वेदों पर जो कुछ लिखते हैं उस से वेद के ईश्वरीय ज्ञान होने के हमारे मन्तव्य पर गहरा प्रहार होता है उस का उत्तर लिखे जाने की प्रबल आवश्यकता है। सब सदस्यों ने श्री दीवान जी के विचारों से सहमति प्रकट की। विचार विमर्श के पश्चात् इस सम्बन्ध में सर्वसम्मति से निश्चय हुआ कि—

पाश्चात्य और भारतीय विद्वानों द्वारा वेदों पर किये जाने वाले आक्षेपों और आलोचनाओं का समाधान करने वाला साहित्य तैयार कराने और प्रकाशित कराने का कार्य गुरुकुल के वैदिक अनुसन्धान विभाग की ओर से अविलम्ब प्रारम्भ होना आवश्यक है और इस प्रसङ्ग में बम्बई के भारतीय विद्याभवन द्वारा प्रकाशित The Vedic Age पुस्तक में वेदों पर किये गये आक्षेपों का उत्तर सब से पहले तैयार कराया जाना चाहिये। इस पुस्तक गत आक्षेपों का उत्तर लिखवाने के लिये श्री प० विश्वनाथ जी विद्यालङ्कार, श्री प० धर्मदेव जी विद्यावाचस्पति और श्री प० बुद्धदेव जी विद्यालङ्कार से प्रार्थना की जाए।

यदि मेरे मान्य उपाध्याय श्री प० विश्वनाथ जी विद्यालङ्कार, विद्यामार्तण्ड, अथवा श्री प० बुद्धदेव जी विद्यालङ्कार विद्यामार्तण्ड इस कार्य को अपने हाथ में लेते तो मुझे बहुत ही प्रसन्नता होती और उस अवस्था में मुझे इस पुस्तक को स्वय लिखने की आवश्यकता न होती किन्तु दुर्भाग्यवश पुस्तकालयादि की अनुकूलता तथा अन्य सुविधाएं न होने के कारण

elibrary.madhyamam.org

वे दोनों मान्य सुयोग्य विद्वान् इस कार्य को अपने हाथ में लेने को उद्यत न हुए अत उन की आज्ञा तथा समिति के निश्चयानुसार मैंने ही इस कार्य की तैयारी प्रारम्भ कर दी। मई १९५३ से अगस्त १९५४ तक का मेरा लगभग सारा समय वैदिक एज् तथा तत्सदृश अन्य साहित्य को बहुत ध्यानपूर्वक पढ कर उस के उत्तर तैयार करने में लगा। मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि इस कार्य में मुझे अनेक मान्य विद्वानो के निर्देश प्राप्त होते रहे जिन में सब से अधिक उल्लेखनीय नाम श्री प० विश्वनाथ जी विद्यामार्तण्ड का है जिन्होंने न केवल समय समय पर लिखित और मौखिक रूप में अनेक अत्यन्त उपयोगी निर्देश दिये बल्कि पुस्तक तैयार हो जाने पर कई दिन लगा कर उसे आद्योपान्त सुनने का भी कष्ट किया जिस के लिये मैं उन का चिरऋणी हू और उन के प्रति कृतज्ञतापूर्ण श्रद्धाजलि अर्पित करना अपना कर्तव्य समझता हू। पुस्तक का नामकरण गुरुकुल के मान्य आचार्य श्री प० प्रियव्रत जी वेदवाचस्पति का किया हुआ है। गुरुकुल के शिक्षाध्यक्ष श्री प० सुखदेव जी, दर्शनवाचस्पति ने भी समय-समय पर अनेक मन्त्रों के सम्बन्ध में अपने विद्वत्तापूर्ण विचार प्रकट किये। इसी प्रकार श्री प० बुद्धदेव जी विद्यामार्तण्ड तथा अन्य जिन विद्वानों की पुस्तकों से मुझे कुछ भी सहायता मिली मैं उन सब को धन्यवाद देता हू। पजाब आर्य-प्रतिनिधि सभा के पूज्य प्रधान श्रद्धेय स्वामी आत्मानन्द जी सरस्वती के प्रति मैं विशेष रूप से कृतज्ञ हू जिन्होंने पुस्तक के शीघ्र प्रकाशन में विशेष रुचि दिखाई और उस के लिये सभा से उचित व्यवस्था कराने की कृपा की।

विद्वान् पाठकों के मन में एक प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि 'वैदिक एज्' की विस्तृत आलोचना को ही क्यों वैदिक अनुसन्धान उपसमिति ने इतना आवश्यक समझा जब कि इस प्रकार की पचासों पुस्तकें लिखी जा चुकी हैं। इस के उत्तर में निवेदन है कि 'वैदिक एज्' की भूमिका में भारतीय विद्याभवन बम्बई के अध्यक्ष श्री कन्हैयालाल जी मुन्शी ने लिखा था कि—

In the course of my studies I had long felt the inadequacy of our so-called Indian histories. I was planning an elaborate history of India in order that not only that India's past might be described by her sons, but also that the world might catch a glimpse of her soul as Indians see it The Bharatiya Vidya Bhavan which I founded in 1938, took over the scheme —'The Vedic Age' Foreword P. 7

अर्थात् मैंने अपने अध्ययन के समय चिरकाल से तथाकथित भारतीय इतिहासों की अपर्याप्तता को अनुभव किया। अत अनेक वर्षों से मैं भारत के इतिहास

की एक विस्तृत योजना बना रहा था जिस से न केवल भारत माता के पुत्रों द्वारा भारत के भूतकाल का वर्णन किया जाए बल्कि संसार भी उस के आत्मा की वह झांकी ले सके जिस रूप में भारतीय उसे देखते हैं। मेरे द्वारा सन् १९३८ में प्रवर्तित भारतीय विद्याभवन ने इस योजना को अपने हाथों में ले लिया इत्यादि। मैंने जब इस भूमिका को पढ़ा तो बड़ी प्रसन्नता हुई कि अब भारत का प्राचीन इतिहास यथार्थ रूप में पढने को मिलेगा किन्तु इस पुस्तक को ज्यों-ज्यों पढा त्यों-त्यों वेदना और निराशा बढती गई क्योंकि यह स्पष्ट ज्ञात हुआ कि वेद और वैदिक काल इत्यादि विषयक इस पुस्तक 'Vedic Age' में प्रकाशित विचारों में न केवल कोई भारतीयता वा मौलिकता नहीं प्रत्युत पक्षपातग्रस्त पाश्चात्य लेखकों का प्राय. अविवेकपूर्ण अनुसरण करते हुए उन को भी मात कर दिया गया है जैसे कि मान्य डा० अविनाशचन्द्र बोस एम० ए० पी० एच्० डी० ने भूमिका में लिखा है। यह पुस्तक अनेक भारतीय विश्वविद्यालयों में पाठ्य पुस्तक के रूप में नियत है जिस से विद्यार्थियों में वेद तथा वैदिक काल विषयक अनेक भयङ्कर भ्रम फैलने की संभावना है अतः उन को दूर करने की समिति ने विशेष आवश्यकता समझी। वैदिक एज् के पृ० २२५ पर बताया गया है कि भाषा सम्बन्धी आधार पर सब से पुराने वेद—ऋग्वेद की भाषा को लगभग १००० ई० पू० का माना जा सकता है। पृ० ३७८ पर वैदिक धर्म को बहु देवता पूजावादी और अन्त में कहीं-कहीं अद्वैतवादी बताने का इस के लेखकों ने यत्न किया है। पृ० ३८९ पर लिखा है कि वैदिक काल में विवाह संस्कार के अवसर पर गौओं को मार कर उन के मास से अतिथियों को तृप्त किया जाता था और पृष्ठ ३९३ पर लिखा है कि 'वैदिक काल में शराब लोकप्रिय पेय था। अथर्ववेद के विषय में बताया गया है कि वह जादू टोने की बातो से भरा पडा है। इत्यादि। ऐसेअशुद्ध विचारों को विद्यार्थियो के मस्तिष्क में भरना और उनके मन में वेद शास्त्रों के प्रति अश्रद्धा पैदा करना कितना अनुचित कार्य है? इस लिये दिन रात लग कर मैंने उन आक्षेपों का सप्रमाण युक्ति-युक्त उत्तर इस पुस्तक के द्वारा देने का यत्न किया है जो इस पुस्तक में अधिकतर पक्षपातपूर्ण पाश्चात्य विद्वानो का अविवेकपूर्ण अनुसरण करते हुए बल्कि उन को भी मात करते हुए किये गये हैं। यह हर्ष की बात है कि भारतीय विद्याभवन ने इस भूमिका के सुयोग्य लेखक प्रिन्सिपल डा० अविनाशचन्द्र जी की वैदिक शिक्षाओं के महत्त्व प्रदर्शक 'The Call of the Vedas' नामक पुस्तक और उस के पश्चात् Indian Inheritance नामक पुस्तक को प्रकाशित कर के जिस में वेद विषयक अध्याय डा० अविनाशचन्द्र जी बोस का लिखा हुआ है अपने उस अपराध का (क्योंकि वेद विषयक भ्रान्त विचारों को विद्यार्थियों के मस्तिष्क में भरना वस्तुत. महान् अपराध है) कुछ अश तक परिमार्जन अथवा प्रायश्चित्त कर लिया। मैं आशा करता हू कि इस युक्ति प्रमाण सगत आलोचना के प्रकाश में वे 'वैदिक एज्' के आगामी

सस्करणों में उचित परिवर्तन कर के अपनी सत्यप्रियता का परिचय देंगे।

मुझे इस बात का खेद है कि ग्रन्थ का विस्तार कुछ अधिक हो गया है इस का कारण यह है कि यद्यपि मुख्यतया यह पुस्तक राष्ट्रभाषा हिन्दी में लिखी गई है तथापि अनेक मित्रों की इस इच्छा के अनुसार कि इसे अंग्रेजी जानने वालों के लिये भी उपयोगी बनाया जाए मैंने स्थान-स्थान पर आवश्यक अनेक मन्त्रों के अंग्रेजी अनुवाद तथा अंग्रेजी के मूल उद्धरणादि दे दिये हैं जिन से वे भी इस से पर्याप्त लाभ उठा सकें। आशा है इस प्रकार यह ग्रन्थ अधिक सख्या में शिक्षित व्यक्तियो के लिये उपयोगी हो सकेगा।

मैं अत्यन्त मान्य विद्वान् श्री प्रिन्सिपल अविनाशचन्द्र जी एम० ए० पी० एच्० डी० (डबलिन) का अत्यन्त आभारी हू कि उन्होंने इस पुस्तक के लिये अत्युत्तम भूमिका अंग्रेजी में लिख कर मुझे अनुगृहीत किया और पुस्तक की उपयोगिता को बढ़ा दिया है। जिन्होंने उन की भारतीय विद्याभवन बम्बई द्वारा प्रकाशित The Call of the Vedas और 'प्रबुद्ध भारत' आदि में प्रकाशित उन के वेद विषयक उत्तम अंग्रेजी लेखों को पढ़ा है वे जानते हैं कि उन का वेद विषयक ज्ञान कितना विस्तृत और परिमार्जित है।

—धर्मदेव (वि० मी०)

पुस्तक के विषय में कुछ धुरन्धर विद्वानो की सम्मतियां

आचार्य अविनाशचन्द्र जी बोस M. A Ph D अपनी भूमिका में लिखते हैं—

मैं प० धर्मदेव विद्यामार्तण्ड रचित वेद विषयक इस पुस्तक 'वेदों का यथार्थ स्वरूप' का जो इस अत्यन्त श्रद्धालु, वैदिक विद्वान् के जीवनपर्यन्त परिश्रम का परिणाम है हार्दिक अभिनन्दन करता हू। मैं इस पुस्तक के लेखक को उस विशाल विद्वत्ता और इस विषय पर आधिपत्य के लिये जो उन की पुस्तक से सूचित होता है, बधाई देता हू।

श्री विश्वनाथ जी विद्यालङ्कार, विद्यामार्तण्ड, अध्यक्ष सार्वदेशिक वैदिक अनुसन्धान विभाग ने सारी पुस्तक को सुनने के पश्चात् लिखा—

मैंने श्री प० धर्मदेव जी विद्यामार्तण्ड की हस्तलिखित पुस्तक 'वेदों का यथार्थ स्वरूप' आद्योपान्त सुनी है। मैं मुक्त कण्ठ से इस पुस्तक की प्रशसा करता हू। वेद के सम्बन्ध में पाश्चात्यों तथा तदनुयायियों ने जो भ्रमात्मक रूढ़िवादों का उल्लेख समय-समय पर किया है उस की उचित आलोचना इस पुस्तक में की गई है। इस के लिये श्री पण्डित जी वेदानुयायियों तथा सत्यान्वेषको के धन्यवाद के पात्र हैं। अन्त में मैं इस उपयोगी पुस्तक के लिखने के लिय लेखक को पुन हार्दिक बधाई देता हू।

सुप्रसिद्ध वैदिक विद्वान् और शास्त्रार्थ महारथी श्री प० बुद्धदेव जी विद्यामार्तण्ड ने लिखा—

वेद विरोधी लोगो ने दुराग्रह दुरभिमान तथा मिथ्या भाषण के आधार पर

एक ऐसा दुर्ग खड़ा किया है जिसे वे अपनी दृष्टि से अभेद्य समझते हैं। पाश्चात्य विद्वानों की मानसिक दासता तथा पक्षपातपूर्ण भारत विद्वेष के आधार पर खड़े हुए कलुषित दुर्ग को भस्मसात् करना हर सत्य प्रेमी का परम धर्म है।

श्री धर्मदेव विद्यामार्तण्ड जी के इस ग्रन्थ से इस दुर्ग में ऐसी दरारें पड़ जाएंगी जिन की पूर्ति असम्भव है।

श्री धर्मदेव जी विद्यामार्तण्ड का ग्रन्थ अनवरत तथा सुव्यवस्थित परिश्रम की सूचना पग पग पर देता है। इस ग्रन्थ के लिखने के लिये धर्मदेव जी को बहुत बहुत बधाइयां देता हूं तथा गुरुकुल और आर्यसमाज को भी बधाई जिसने ऐसे परिश्रमी और विशदबुद्धि विद्वान् उत्पन्न किये। यह ग्रन्थ अवश्य छपना चाहिये।

श्री प० सुखदेव जी दर्शन वाचस्पति अध्यक्ष वेदमहाविद्यालय गुरुकुल कांगडी—

पं० धर्मदेव जी विद्यामार्तण्ड द्वारा लिखित यह पुस्तक 'वेदों का यथार्थ स्वरूप' वेद का स्वाध्याय करने वालों के लिये अत्यन्त उपयोगी सिद्ध होगी। इस में केवल 'वैदिक एज्' में उल्लिखित भ्रमात्मक आक्षेपों का ही उत्तर नहीं है, प्रत्युत वेद का स्वाध्याय करने वाले व्यक्तियों के लिये मार्ग प्रदर्शन भी किया गया है। मैं इस उपयोगी पुस्तक को लिखने के लिये लेखक को अतिशः धन्यवाद देता हूं। लेखक महोदय अपने प्रयास में सफल रहे हैं।

डा० सूर्यकान्त जी एम० ए० डी० लिट्०, डी० फिल संस्कृत विभागाध्यक्ष काशी हिन्दू विश्वविद्यालय ने पुस्तकान्तर्गत अनेक लेखों को पढ़ने के पश्चात् लिखा—

पं० धर्मदेव जी का प्रयास स्तुत्य है और इस विवेचना की आवश्यकता थी जो कि उन्होंने पूरी कर दी है। 'क्या अथर्ववेद जादू टोनों का वेद है' नामक लेख पढ़ा। विचारों की मौलिकता पर लेखक को बधाई देता हूं और उन के गहन सामाजिक अनुशीलन पर उन की भूरि-भूरि प्रशंसा करता हूं। वेदों को जादू-टोना बताने वालों पर उन की बात जादू का काम करेगी ऐसी मेरी धारणा है।

श्री पं० लक्ष्मी नारायण जी शास्त्री चतुर्वेदी साहित्याचार्य एम० ए० ने पुस्तकान्तर्गत अनेक लेखों को पढ के लिखा कि 'बहुत ध्यान से पढ़ने पर लेखों की विशेषता से चित्त प्रसन्न हुआ। इस समय पाश्चात्य विचारधारा की ओर आंख मीच कर दौड़ने वाले विचारकों के लिये यह पुस्तक दीप स्तम्भ का काम देगी। यदि इसे विज्ञ जनता तक पहुंचाया गया तो निस्सन्देह वैदिक संस्कृति की शिथिल आस्था को दृढ करने में यह परम सहायक होगी। इत्यादि—

FOREWORD

(By Principal Abinash Chandra Bose M A. Ph. D)

I extend a hearty welcome to Pandit Dharmadeva Vidyamartand's book on the Vedas which is the result of life-long work on the subject by this most devoted Vedic scholar

There are two main aspects of the Vedas first, the facts about their composition, and second, the contents and their significance. Traditionally the Vedas have been considered to be immortal, without human authorship revealed in the souls of sages. Oriental scholars, on the other hand, have tried to show them as near modern times as possible But one thing stands out clearly · that the truths dealt with by the Vedas and the values upheld by them are what should be classed as ultimate. In this sense the Vedas are no more bound down to a date than say, the law of gravitation is bound down to Newton's age

In respect of contents, different views have been held about the meaning of the Vedas by different schools of interpreters One of them is Sayanacharya who, in spite of his monumental work, is found to have read the mythologies of his own times (14th century A. D.) into the Vedas. Western orientalists struck out new lines, but, being (some of them with missionary zeal) attached to Christianity (exceptions are rare), they have shown a distinct tendency to consider everything that is at variance with their own religion (with its belief in a God in heaven excercising His will as He likes) to be crude and primitive Sometimes they were disabled by a repressed mentality to realise the Vedic joy of living and the Vedic ennoblement of human nature through affiliation to a higher spiritual life. To their old-world sin-consciousness and modern 'obscenity'-consciousness, certain robust poetic visions of life, dealing particularly with married love, have appeared shocking There have been Indian scholars, too, who, unacquaint-

elibrary.thearyasamaj.org

ed with the spiritual background of the Vedic religion and its noble history through the ages have indulged in cheap denunciation of the Vedas, often surpassing their 'authorities', the western orientalists, in the virulence of their attack. But their surrender to their authorities is sometimes more dogmatic than the surrender of medieval European scholars to theological authorities Pandit Dharmadeva has selected a book containing such an approach to the Vedas, for special criticism It is 'Vedic Age', published in Bombay, which is found on the list of text-books of many Indian Universities for students of ancient Indian history. The writer on Atharva Veda in that book states·

"Bloomfield's excellent monograph on the Atharva Veda. . . . . offers practically everything that a student of the Vedic literature might wish to know about the Atharva Veda The Section on the Atharva Veda in this chapter is mainly based on Bloomfield's monograph (Vedic Age, P. 239, quoted on P. 41 of this book) "

Our enthusiastic worshipper of authority did not know that a student of Vedic literature or any other literature might wish to know many more things than what even a Bloomfield could offer Our scholar not only accepts Bloomfield as his authority, but gives him a certificate for perfection.

. . . there can be no doubt that Bloomfield was perfectly right in characterising the Atharva Veda as follows—On the whole, Atharva Veda is the bearer of the old tradition not only in the line of popular charms, but also to some extent its hieratic material . . . (Vedic Age P 232, quoted on P 407 here)

The disciple outbids the authority in his logic, based on it:

"The 17th Kanda, consisting of only one hymn of purely magical contents, is a curious anomaly and must be regarded as a late accretion,

elibrary.thearyasamaj.org

though partly appearing also in the Pippalada text ('Vedic Age, P 234, quoted on P 412 here)."

The authority does not say that the 'hieratic material' cannot fill the whole or most of a single chapter

Speaking of the R gveda, the learned contributor to the Vedic Age says

The Rigveda repeatedlv refers to the attacks on the aborigines (V A , P 261, quoted on P 301 here)

One should ask, Does the Rigveda say the aborigines were attacked, or do the western authorities say so ? Our scholar continues

They are called krishnatvach (black-skinned) metaphorically. (V A , P 261, quoted on P 301 here)

How does our scholar know that krishnatvach is used metaphorically ?

Do the European authorities find a metaphor in the expression ?

Pandit Dharmadeva has not mentioned the fact that the writer on the Rigveda in 'Vedic Age' considers the hymns to have been just 'manufactured' There is at least one trait of the western orientalist that our Indian scholar did not share—the former's wide acquaintance with world literature, ancient and modern, and keen sensituveness to poetic values A reason for the lack of the right response to the appeal of the Vedas has been pointed out by a modern Professor of literature, T Mascaro, whom Pandit Dharmadeva quotes in his book

"If Sanskrit could find a group of translators with the same feeling for beauty of language and the same love for the sacred text in the original as the Bible has found in England, eternal treasures of old wisdom and poetry would enrich the times of today Among those compositions, some of them living words before writing was introduced, the Vedas, the Upanishads and the Bhagavad Gita would rise above the rest like Himalayas of the spirit of

elibrary.thearyasamaj.org

man." (The Himalayas of the Soul by J. Mascaro, P.151, quoted on P 88-89 of this book)

I congratulate our author on the vast learning that his book discloses and the masterly hold on the subject. As a lover of literature, I should wish the contents of the Vedas to be intensively studied for their spiritual, poetic, moral and social significance, independently of the question of their divine or human origin Even when so approached, the Vedas will appear to carry a deeper sense of spiritual, aesthetic and moral values and a more comprehensive vision of life than the modern man can claim to have experienced And they will give a clue to the perennial spring at which the sages, saints and philosophers of the land have drunk through the millenniums and kept the soul of India alive

—A. C. Bose

elibrary.thearyasamaj.org

कतिपय अनिर्दिष्ट व अपूर्ण प्रतीक सूची

१ 'वेदों का यथार्थ स्वरूप' के पृ० ५४ में उद्धृत "अध्वर इति यज्ञ नाम ध्वरतिर्हिंसा कर्मा तत्प्रतिषेध" यह यास्काचार्य कृत निरुक्त १ ७ में है।

२ पृ० ६५ में Science and Religion by Seven men of Science से डा० फ्लेमिंग का जो उद्धरण दिया गया है उस का पृ० ५३ है।

३ पृ० १५० में 'तमिद वोचेम' का प्रतीक ऋग्० १ ४० ६ है।

४ पृ० १५१ में 'एवा ह्यस्य सूनृता' का प्रतीक ऋग्० १. ८ ८ है।

५ पृ० १८३ में 'त्वमिमा ओषधी' का प्रतीक ऋग्० १ ९१ २२ तथा साम० म० ६०४ है।

६ पृ० २८६ में 'यक्षरक्ष पिशाचान्नम्' का प्रतीक मनुस्मृति ११ ९५ है।

७ पृ० ४१० में 'श नो देवीरभिष्टये' इस मन्त्र का प्रतीक ऋग्० १० ९ १४ और यजु० ३६ १२ है।

८ पृ० ४४२ में 'उरुष्या ण' का प्रतीक ऋग्० ८ ७१ ७ है।

९ पृ० ४४४ में अथर्ववेद के एक अन्य सूक्त के पश्चात् ३ १३ यह पढ़ें।

१० पृ० ४४६ में उद्धृत 'अय सहस्रमृषिभि' का प्रतीक ऋग्० ८ ३ ४ है।

११ पृ० ४९६ में उद्धृत "नैतत् कृच्छ्रमनुप्राप्त" इत्यादि श्लोक महाभारत वनपर्व अ०१३ के हैं।

१२ पृ० ४९७ में उद्धृत 'सप्तमर्यादा कवयस्ततक्षु' ऋग्० १० ५ ६ की व्याख्या निरुक्त नैगमकाण्ड ६. ५ में है।

१३ पुस्तकान्तस्थ विशिष्ट विषय सूची में "वेदों में विविध विद्याओं का मूल निर्देश।" पृ० १००—११० इस को भी जोड लें।

elibrary.thearyasamaj.org

संकेत वा संक्षेप निर्देश

अ०	अथर्ववेद
अष्टा०	अष्टाध्यायी
उ०—उप०	उपनिषत्
उ०	उत्तरार्चिक
ऋ०—ऋग्०	ऋग्वेद
ऐ०	ऐतरेय ब्राह्मण
का० सं०	काण्व सहिता
गृ० सू०	गृह्यसूत्र
गो० उ०	गोपथ ब्राह्मण उत्तरार्ध
छा०	छान्दोग्योपनिषत्
तै० ब्रा०	तैत्तिरीय ब्राह्मण
पू०	पूर्वार्चिक (सामवेद)
बृ० उ० बृह०	बृहदारण्यक उपनिषत्
बृ० पा०	बृहत्पाराशरी स्मृति
म० भा०	महाभारत
मी०	मीमासा दर्शन
मु०	मुण्डकोपनिषत्
य०—यजु०	यजुर्वेद
राज नि०	राज निघण्टु
श०—शत०	शतपथ ब्राह्मण
समु०	समुल्लास
V. A.	Vedic Age

elibrary.thearyasamaj.org

ओ३म्

विषयानुक्रमणिका

लेखक के कुछ शब्द पृ० ३—७

भूमिका (अंग्रेजी) प्रिन्सिपल डा० अविनाशचन्द्र जी बोस एम० ए०, पी० एच्० डी० पृ० ८—११

कतिपय अनिर्दिष्ट व अपूर्ण प्रतीक सूची पृ० १२

संकेत व संक्षेप सूची पृ० १३

प्रथम अध्याय

वेद विषयक प्राचीन मध्यकालीन और अर्वाचीन मतों का निष्पक्ष विवेचन पृ० १—६२

प्रथम खण्ड—वेदों के विषय में प्राचीन मत पृ० १—१९

मनुस्मृति के वेद विषयक वचन वेद ही धर्म के विषय में परमप्रमाण हैं। याज्ञवल्क्य और अत्रि स्मृति के वचन मुण्डकोपनिषत् छान्दोग्य और बृहदारण्यकोपनिषत् के वेदों की ईश्वरीयता विषयक वचन ऐतरेय, शतपथ और तैत्तिरीय ब्राह्मण के वेदों की ईश्वरीयता सूचक वचन महाभारत, भगवद्गीता, निरुक्त और दर्शन शास्त्रों के वेद गौरव विषयक वचन गीता और मुण्डक उपनिषत् के कुछ वचनों पर विमर्श क्या उपनिषदों में वेदों के विरुद्ध क्रान्ति है ?

द्वितीय खण्ड—मध्यकालीन आचार्यों का वेदविषयक मत पृ० २०—३१

श्री शंकराचार्य जी का वेद विषयक मन्तव्य श्री मध्वाचार्य आदि का वेदों को परम प्रमाण मानना मध्यकालीन विद्वानों की भयङ्कर भूलें ब्राह्मण ग्रन्थों और उपनिषदों को भी वेद मानना अपौरुषेय मान कर भी वेदों में अनित्य इतिहास मानना : अनेक देवी-देवता पूजा अध्वर यज्ञों में पशुहिंसा मानना शूद्रों और स्त्रियों के वेदाध्ययन का प्रतिषेध : वेद संहिताओं में केवल कर्म काण्ड मानना महात्मा बुद्ध और वेद : गुरुग्रन्थ साहिब और वेद वेद महिमा।

तृतीय खण्ड—वर्तमान युग के विद्वानों के वेद विषयक विचारों का दिग्दर्शन पृ० ३२—६२

प्रो० मैक्समूलर, विलसन, ब्लूमफील्ड, ह्विटनी, ग्रिफिथ इत्यादि पाश्चात्य विद्वानों का

elibrary.thearyasamaj.org

वेद विषयक प्रयत्न अधिकतर पक्षपातपूर्ण : प्रो० मैक्समूलर के ड्यूक आर्गायल और अपनी पत्नी के नाम पत्र : श्री अरविन्द द्वारा इन पाश्चात्य विद्वानों की वेद विषयक धारणाओं की निष्पक्ष आलोचना : श्री रमेशचन्द्रदत्त, लोकमान्य तिलक, श्री अविनाशचन्द्र दास, श्री द्विजेन्द्रदास इत्यादि पर पाश्चात्य सरणि का प्रभाव : वैदिक एज् के लेखकों की अनुकरण प्रवृत्ति : महर्षि दयानन्द का वेदों के महत्त्व विषयक सिंहनाद : उस समय वेदों की उपेक्षा · राजा राममोहन राय और वेद : श्री शंकराचार्य, रामानुजाचार्य, वल्लभाचार्यादि मध्यकालीन आचार्यों के वेदाधिकार विषयक अनुदार विचारों से तुलना : रौमां रौला की महर्षि दयानन्द की उदारता के प्रति श्रद्धांजलि : सुप्रसिद्ध योगी श्री अरविन्द के वेद और सायणभाष्य तथा महर्षि दयानन्द के वेद भाष्यादि विषयक विचार ।

द्वितीय अध्याय

वेदो का महत्त्व और उसके कारण—विविध मतावलम्बी विद्वानो द्वारा समर्पित श्रद्धाजलिया पृ० ६३—११०

ईश्वरीय ज्ञान की आवश्यकता : सम्राट् असुरबाणीपाल, सम्राट् फ्रेडरिक, बादशाह अकबर आदि के परीक्षण : हैवल का मत · सुप्रसिद्ध वैज्ञानिक डा० फ्लेमिङ्ग द्वारा ईश्वरीय ज्ञान की आवश्यकता का समर्थन, सुविख्यात प्लेटो, कान्ट इत्यादि द्वारा इस का अनुमोदन · सदसद्विवेकबुद्धि की अपर्याप्तता · प्रकृतिवादियों की युक्तियों का विवेचन · प्रकृति में जिस की लाठी उस की भैंस · पारसी विद्वान् फर्दून दादा चान् जी द्वारा वेदों को श्रद्धाजलि : वेदों में अग्नि के भौतिक और आध्यात्मिक अर्थ : वेदों में विशुद्ध एकेश्वरवाद : जैन विद्वान् आचार्य कुमुदेन्दु द्वारा वेद को अनादि निधना आदिभगवद्वाणी कहना : अरब के विद्वान् लावी द्वारा वेदों का गुणगान : दारा शिकोह का वेद को ईश्वरीय ज्ञान मानना डा० रसेल वैलेस, रेवरेन्ड मौरिस् फिलिप, प्रो० हीरेन, लेम्रों देल्वो, नोवल पुरस्कार विजेता श्री मैटर्लिक, थोरियो, डा० जेम्सकज़िन्स, रूसी विद्वान् श्री वौलंगार्, मि० मास्करो, मि० ब्राऊन, शौपनहार, रागोजिन, जैकोलियट मिसेज ह्वीलर आदि निष्पक्ष पाश्चात्य विद्वानों और विदुषियों द्वारा वेद का महत्त्व स्वीकार करना . वेद ही ईश्वरीय ज्ञान क्यों ? बाइबल की अनेक तर्क तथा विज्ञान विरुद्ध बातें . वर्मिङ्घम के बिशप डा० बान्स का एतद्विषयक भाषण . वेदों में विविध विद्याओं का मूल निर्देश ।

तृतीय अध्याय

ऋषि मन्त्रकर्ता नही, मन्त्रद्रष्टा थे पृ० १११—१५६

कई आधुनिक विद्वानो के मत में ऋषि मन्त्रकर्ता इस मत की परीक्षा . ऋषयो मन्त्रद्रष्टारः । इत्यादि वचन ।

aryamitraarsamaj.org

वेदों में प्रयुक्त विश्वामित्र, वसिष्ठ, जमदग्नि, भरद्वाज, अत्रि, अंगिरा, प्रियमेध, गृत्समद इत्यादि शब्दों के ब्राह्मण ग्रन्थादि के आधार पर वास्तविक अर्थ : मीमासा शास्त्र के अनित्यता निषेधक सूत्र श्री सायणाचार्य की वेदभाष्य भूमिका का एतद्विषयक लेख सायण कृत वेदभाष्य में अनेक अश्लील आख्यान इतिहासादि : भावयव्य रोमशा सवादादि . वास्तविक तात्पर्य न जान कर वैदिक एज् में अश्लीलता विषयक टिप्पणी का सप्रमाण विवेचन ऋषियों को मन्त्रकर्ता मानने पर प्रबल आक्षेप · एक-एक मन्त्र के सौ और सहस्र तक ऋषि कैसे ? एक ही वेद में भिन्न स्थानों पर एक ही मन्त्र के भिन्न ऋषि : १६ उदाहरण ऋषि कौन होते हैं ? श्री मुशी जी कृत ऋषि चरित्र मीमांसा का विवेचन : सोम शब्द परमेश्वर तथा ज्ञानमय भक्ति वाचक : ऋषि वाचक पद प्राय. उपनाम . २५ उदाहरण मन्त्रकृत् शब्द पर विचार कृञ् धातु के अनेकार्थ : तन्त्रवार्तिक, भट्टभास्कर आदि के प्रमाण : मन्त्रविनियोक्ता अथवा प्रयोक्ता तथा व्याख्याता के अर्थ में मन्त्रकृत् मन्त्रकारादि · वेदों के ईश्वर कृत होने में वेदों की अन्तः साक्षिता · १० स्पष्ट मन्त्र · वैदिक भाषा भी ईश्वर प्रदत्त है ज्ञान और भाषा के सम्बन्ध में हर्डर, शेलिंग, हीगल, सर विलियम हैमिल्टन, बॉन हुम्बोल्ट प्रो० मैक्समूलर इत्यादि विद्वानों का मत · वैदिक भाषा सब भाषाओं की जननी · बैरन् कुवीर, ऐड्लिंग्, बौप इत्यादि के वचन ।

चतुर्थ अध्याय

वैदिक एकेश्वरवाद और अनेक देवता : वैदिक तत्त्वज्ञान पृ० १६०—२४०

वैदिक एज् के लेखकों का अनेकेश्वरवाद समर्थक मत · हीनोथीइज्म . इन मतों की सप्रमाण आलोचना वेदों में विशुद्ध एकेश्वरवाद . २२ अतिस्पष्ट प्रमाण : चार्ल्स कोलमैन कोन्टजार्न्सजर्ना, इलीगल, पारसी विद्वान् फुर्दून वादाचान् जी, सर मुहम्मद यामिनखा, इत्यादि विद्वानों द्वारा वैदिक एकेश्वरवाद का समर्थन क्या वेदों में हीनोथीइज्म है ? इन्द्र, अग्नि, मित्र, वरुण, रुद्र, पूषादि नाम एकेश्वरवाचक . मि० क्लैटन, श्री अरविन्द, श्री द्विजदासदत्त आदि विद्वानों द्वारा हीनोथीइज्म की आलोचना . वैदिक देवता देव शब्द के अनेकार्थ ३३ देव क्या हैं ? देवाधिदेव पूजनीय एक परमेश्वर : सायण, उव्वट महीधरादि कृत देव शब्दार्थ अग्नि, इन्द्र, वरुण, रुद्र इत्यादि के आध्यात्मिक, आधिभौतिक, आधिदैविक दृष्टि से अनेकार्थ अग्नीषोमौ, इन्द्राग्नी, अश्विनौ इत्यादि के अर्थ वेद अद्वैतवाद प्रतिपादक नहीं द्वैतवाद समर्थक १५ अति स्पष्ट प्रमाण . नासदीय सूक्त पर विशेष विचार ।

पचम अध्याय

वैदिक यज्ञ विषयक भ्रान्ति निवारण पृ० २४१—२६७

यज्ञ शब्द का धात्वर्थ यज्ञों में पशुहिंसा समर्थक वैदिक एज् आदि के लेख . यज्ञ के लिये अध्वर शब्द का चारों वेदों में प्रयोग अध्वर का अर्थ हिंसा रहित शुभ कर्म . मेध

शब्द का अर्थ : अश्वमेध, गोमेध, नरमेधादि शब्दों के वास्तविक अर्थ : महाभारत आदि में यज्ञों में पशुहिंसा का स्पष्ट निषेध · पशु हिंसा धूर्त कल्पित होने की साक्षी : अहिंसात्मक अश्वमेध यज्ञों में पशुओं की प्रदर्शनी : आलम्भ सञ्ज्ञपनादि शब्दों के अर्थ : अनेक विवादास्पद मन्त्रों का वास्तविक अर्थ · गोवध महापाप : चारों वेदों में गौ के लिये अघ्न्या शब्द का प्रयोग : महात्मा गौतम बुद्ध की साक्षी : वैदिक एज् के लेखकों का परस्पर विरोध और भ्रम : उक्षा, गोमेध, अजा, वशा, ऋश्वादि शब्द ओषधिवाचक : मांस शब्द के अन्यार्थ : अतिथिग्व, गोघ्न, अतिथिनीर्गा इत्यादि शब्दों का विवेचन · वशा के अर्थों पर विशेष विचार . श्री डा० सम्पूर्णानन्द जी, स्वा० महेश्वरानन्द जी और डा० राधाकुमुद मुखर्जी के यज्ञ-विषयक लेख ।

षष्ठ अध्याय

वैदिक एज् एक सदिग्ध और सन्देह जनक पुस्तक पृ० २९८—३०६

कोरी आनुमानिक कल्पनाओं का भण्डार · अनिश्चय सूचक Perhaps और Probably की भरमार . स्याली पुलाक न्याय से २५ स्पष्ट उदाहरण ।

सप्तम अध्याय

वेदो की प्राचीनता—वेदोत्पत्तिकाल विषयक अटकलपच्चू परस्पर विरुद्ध कल्पनाए पृ० ३०७—३३४

वेदों की अपौरुषेयता और नित्यता विषयक आर्यों का परम्परागत युक्ति-युक्त विश्वास : पाश्चात्य विद्वानों की अटकलपच्चू कल्पनाए . प्रो० मैक्समूलर का अनिश्चित मत . कौन ओल्डर, जैकोबी, विन्टर्नीज, वीवर, ब्लूमफील्ड, क्लेटन इत्यादि पाश्चात्य विद्वानों के परस्पर भिन्न विचार · वैदिक एज् के एतद्विषयक लेख की समीक्षा : लोकमान्य तिलक के वेदोत्पत्ति काल विषयक विचारों की समालोचना . श्री पं० दीनानाथ जी शास्त्री चुलेट कृत वेदोत्पत्ति काल निर्णय ३ लाख के लगभग : महाभारत में सांगोपाङ्ग वेद वर्णन : महाभारत काल निर्णय ३१०० ई० पूर्व : रामायण में सांगोपाङ्ग वेद वर्णन . रामायणकाल निर्णय : पृथिवी की आयु विषयक प्राचीन और नवीन वैज्ञानिक मत का समन्वय लगभग २ अरब वर्ष . डा० टेलर प्रो० सेम्पसन् आदि वैज्ञानिकों द्वारा इस का समर्थन : श्री मैटलिंक और वेदों की अति प्राचीनता ।

अष्टम अध्याय

आर्य और अनार्य—आर्य, दस्यु, दास, द्राविड विवेचन पृ० ३३५—३८२

आर्य कौन होते हैं ? क्या आर्य और दस्यु पृथक्-पृथक् जातिया हैं ? आर्य शब्द के संस्कृत कोशों और ग्रन्थों में दिये श्रेष्ठता सूचक अर्थ . रामायण, महाभारत, निरुक्त

elibrary.theaimsamaj.org

भगवद्गीता . धर्मपद आदि से उद्धरण, श्री अरविन्द का आर्य विषयक महत्त्वपूर्ण लेख दस्यु कौन कहाते हैं ? अव्रत, दुष्ट, सत्कर्म विध्वसक, दुराचारी · महर्षि दयानन्द का आर्य : दस्यु विषयक लेख योगी श्री अरविन्द का दस्यु विजय विषयक लेख प्रिन्सिपल श्री निवास आयगर का लेख · सांस्कृतिक भेद, जातीय नहीं श्री रामचन्द्र दीक्षितर् द्वारा इस का समर्थन · म्यूर, प्रो० मैक्समूलर, रौथ, नैसफील्ड आदि पाश्चात्य विद्वानों की सम्मति · आर्य और द्राविड भाषाओं का परस्पर सम्बन्ध · कन्नड, तिलगू, मलयालम और तामिल का सस्कृत से सम्बन्ध अनेक स्पष्ट उदाहरण श्री अनन्तशयनम् आयगार् और श्री दौरे स्वामी आयगार का तामिल के सस्कृत से सम्बन्ध पर विचार · तामिल वेद और वेदादि-शास्त्र . १५ स्पष्ट उदाहरण द्राविड सभ्यता की देन : वैदिक एज् के लेखकों के विचार की समीक्षा अयोध्या का वर्णन : देवी पूजा, लिङ्ग पूजा, चन्द्र पूजादि : सर विलियम हन्टर द्वारा हिन्दू धर्म में अनार्यों की देन विषयक महत्त्वपूर्ण लेख ।

नवम अध्याय

वेदो की काट-छाट का अनुचित प्रयत्न पृ० ३८३—४२१

वैदिक एज में प्रकाशित विचारों की आलोचना क्या ऋग्वेद में दशम मण्डल पीछे से मिलाया गया ? भाषा भेद, विषयभेद, नवीन शब्द तथा दार्शनिक विचारादि विषयक युक्तियों पर विचार श्री प० सत्यव्रत सामश्रमी का महत्त्वपूर्ण लेख · क्या अष्टम मण्डल में वालखिल्य सूक्त प्रक्षिप्त है ? वेदों की विशुद्धता की रक्षा के अनेक साधन जटापाठ घनपाठ मालापाठादि देवता, छन्द, ऋषि, स्वरादि विषयक विविध अनुक्रमणिया प्रो० मैक्समूलर, प्रो० मैक्डोनेल, केगी इत्यादि द्वारा वेदों की रक्षा विषयक अद्भुत प्रयत्नों की प्रशसा—

क्या कृष्ण यजुर्वेद वा तैत्तिरीय सहिता शुक्ल यजुर्वेद की अपेक्षा अधिक प्राचीन है ? शुक्ल और कृष्ण नामों का कारण कृष्ण यजुर्वेद में ब्राह्मण भाग मिश्रण तैत्तिरीय सहिता मे वेदमन्त्र व्याख्या के कई उदाहरण : क्या अथर्ववेद पीछे से बनाया गया ? वैदिक एज् के लेखकों द्वारा ब्लूमफील्ड, ह्विटनी आदि का अविवेकपूर्ण अनुसरण . त्रयी विद्या का अर्थ · अथर्ववेद की प्रामाणिकता के अनेक स्पष्ट प्रमाण · अथर्ववेद विषयक परस्पर विरोध अथर्ववेद में १५ वें १७ वें, १९ वें और २० वें काण्ड के पीछे की मिलावट मानने के विचार की निस्सारता · अष्टाध्यायी में अथर्ववेद और तद्विषयक साहित्य के अनेक निर्देश पाणिनि को शुक्ल यजुर्वेद का ज्ञान न था 'वैदिक एज्' के लेखको की इस स्थापना की अयथार्थता, अष्टाध्यायी के अनेक सूत्रों द्वारा क्या सामवेद की पृथक् सत्ता नहीं ? : ऋग्वेद में सामवेद का स्पष्ट निर्देश १६ अति स्पष्ट प्रमाण यजुर्वेद में सामवेद का निर्देश : शुक्ल यजुर्वेद की काट छाट : क्या १९ से ४० अध्याय तक प्रक्षिप्त है ?

elibrary.thearyasamaj.org

दशम अध्याय

वैदिक शिक्षा विषयक भ्रान्ति निवारण पृ० ४२२—५०५

क्या पुनर्जन्म का सिद्धान्त वेदों में नहीं ? . वैदिक एज् के लेखकों की इस विषय में अशुद्ध धारणा : अयं होता प्रथम. पश्येतमम्, अपश्य गोपाम्, द्वा सुपर्णा सयुजा, त्वं स्त्री त्वं पुमानसि, गर्भेसन् जायसे पुनः इत्यादि द्वारा आत्मा और पुनर्जन्म के सिद्धान्तों का वेदो में स्पष्ट प्रतिपादन : वैदिक ऋषियों पर लोभ खुशामद और न्याय भावना के अभाव का असत्य आरोप . वैदिक रयि का आध्यात्मिक अर्थ : दैवीसम्पत् अथवा षट्क सम्पत्ति : कर्मानुसार फल · निष्काम कर्म के आदर्श का प्रतिपादन . उदार दान पर बल : दान सूक्त पर अशुद्ध टिप्पणी का विवेचन : क्या वेदों में निष्पापता पर सर्वाधिक बल नहीं ? निष्पापता विषयक २० मन्त्र : इन्द्र विषयक भ्रम निवारण वेदों में बहुविवाहविधान विषयक भ्रम का निवारण : एकविवाह समर्थक अनेक मन्त्र क्या अथर्ववेद में जादू होते हैं ? अथर्ववेद में सकल्प, अभिमर्श, आदेश, कृत्या और अभिचार · मणिबन्धन विषयक विवेचन आंजनमणि, शृगमणि, जङ्गिडमणि, (सोम) पर्ण मणि, दर्भ, वरण, शतवार (ऋषभक) राक्षस गन्धर्व अप्सरा आदि शब्दों के अर्थ कृत्या और अभिचार विवेचन : ब्लूमफील्ड की भयकर भूलें : सांमनस्य सूक्त, राज्याभिषेक सभा समिति आदि विषयक शिक्षाओं को जादू समझ लेना ब्रह्म शब्द का अशुद्ध अर्थ जादू . वैदिक एज् के लेखकों का पश्चात्यों की भूलों का दुहराना : दासी, शूद्रा, बल्हिक, अग, मगध आदि शब्दों के ओषधिपरक अर्थ . वैदिक ब्राह्मणों पर स्वार्थान्धता का अशुद्ध आरोप : उत यत् पतयोदश आदि मन्त्रों का वास्तविक अर्थ . मास, मद्य, द्यूत सेवन वेद विरुद्ध : इस के स्पष्ट और १६ प्रमाण : यज्ञों में भी, मास सेवन निषिद्ध : उपसंहार और सिंहावलोकन । कतिपय विशिष्ट विषय-सूची पृ० ५०६–५०८ ।

---

elibrary.vedicsociety.org

वेदों का श्रद्धा मेधासमन्वयात्मक उपदेश

वेदों के महत्त्व पर इस पुस्तक में पर्याप्त प्रकाश डाला गया है जिस को पाठक द्वितीय अध्याय में तथा अन्यत्र देखेंगे। यहां हम केवल एक बात की ओर विचारशील पाठकों का ध्यान विशेष रूप से आकृष्ट करना चाहते हैं कि वेदों के उपदेश समन्वयात्मक और सार्वभौम हैं। उन में जहा—

श्रद्धां प्रातर्हवामहे श्रद्धा मध्यन्दिनं परि।
श्रद्धां सूर्यस्य निम्रुचि, श्रद्धे श्रद्धापयेह नः॥

ऋग्० १०. १५१ ५।

इत्यादि के द्वारा प्रात, मध्यान्ह, साय हर समय श्रद्धा के लिये प्रार्थना करने और उसे धारण करने का उपदेश है, वहां—

मेधा साय मेधा प्रातर्मेधां मध्यन्दिन परि।
मेधां सूर्यस्य रश्मिभिर्वचसावेशयामहे॥

अथर्व० ६. १०८ ५।

इत्यादि में उसी प्रकार प्रात, मध्याह्न, साय, हर समय मेधा अर्थात् शुद्ध बुद्धि वा तर्क शक्ति को धारण करने की प्रार्थना और उपदेश है। श्रद्धा का अर्थ अन्धविश्वास नहीं किन्तु श्रत् अर्थात् सत्य को भली-भांति मेधा अथवा शुद्ध बुद्धि द्वारा जान कर उसे पूर्णतया धारण कर लेना है। इस प्रकार वेद श्रद्धा और मेधा को मिला कर आचरण करने का उपदेश देते हैं और इस के लिये प्रार्थना करना सिखाते हैं।

अग्ने समिधमाहार्षं बृहते जातवेदसे।
स मे श्रद्धा च मेधां च जातवेदा प्रयच्छतु॥

अथर्व० १९ ६४ १।

इत्यादि में ज्ञानी के मुख से कहलाया गया है कि मैं सर्व व्यापक सर्वज्ञ भगवान् के प्रति अपनी आत्मा को समर्पित करता हू वह परमेश्वर मुझे श्रद्धा और मेधा (धारणावती शुद्ध बुद्धि) को प्रदान करे।

वेद के इस समन्वयात्मक उपदेश के कारण अन्धविश्वास को कोई सभावना नहीं रहती जिस के सैकड़ों उदाहरण मत-मतान्तरों के इतिहास में पाये जाते हैं। वेदों की यह विशेषता स्वर्णाक्षरों में लिखने योग्य है॥

elibrary.aryasamaj.org

ओ३म्

वेदों का यथार्थ स्वरूप

प्रथम अध्याय

वेद विषयक प्राचीन, मध्यकालीन और अर्वाचीन मतों का निष्पक्ष विवेचन

वेद विषयक प्राचीन मत

वेदों के विषय में आर्यों का यह परम्परागत विश्वास चला आ रहा है कि वे ईश्वरीय ज्ञान हैं। परम कारुणिक सर्वज्ञ भगवान् ने मनुष्य-मात्र के कल्याणार्थ सृष्टि के प्रारम्भ में यह पवित्र ज्ञान अग्नि, वायु, आदित्य और अङ्गिरा नामक चार ऋषियों के पवित्रान्त करण में प्रकाशित किया जिस से सब मनुष्यों को वैयक्तिक, पारिवारिक, सामाजिक, राष्ट्रिय तथा विश्वविषयक सब कर्तव्यों का यथार्थ ज्ञान प्राप्त हो सके और उस के द्वारा वे सुख, शान्ति तथा आनन्द को प्राप्त कर सकें। प्राचीन समस्त साहित्य में इस विश्वास का समर्थन स्पष्ट शब्दों में पाया जाता है। समस्त स्मृतिकार, दर्शनशास्त्रकार, उपनिषत्कार तथा रामायण महाभारत श्रौत सूत्र गृह्यसूत्रादि के लेखक यहां तक कि पुराणकार स्पष्टतया वेदों को ईश्वरीय तथा स्वत प्रमाण और अन्य सब ग्रन्थों को परत प्रमाण मानते हैं। उदाहरणार्थ मनु महाराज ने जो सर्व प्रथम धर्मशास्त्रकार हैं अपनी स्मृति में कहा है कि—

वेदोऽखिलोधर्ममूलम् ॥ मनु २. ६।

अर्थात् ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद, अथर्ववेद नामक सम्पूर्ण वेद धर्म का मूल है। वही धर्म के विषय में स्वत प्रमाण है। मनुस्मृति २. १३ में लिखा है—

धर्म जिज्ञासमानानां, प्रमाणं परम श्रुति ॥

अर्थात् जो धर्म का ज्ञान प्राप्त करना चाहते हैं उन के लिए परम प्रमाण वेद ही है। इस श्लोक की कुल्लूक भट्टकृत टीका में जाबाल स्मृति, भविष्यपुराण तथा जैमिनि मुनि कृत मीमासा शास्त्र आदि के अन्य भी कई स्पष्ट प्रमाण मनुमहाराज की इस उक्ति के समर्थन में उद्धृत किए गए हैं अत. प्रसङ्गवश उन्हें उद्धृत करना अनुचित न होगा।

elibrary.thearyasamaj.org

'धर्मं च ज्ञातुमिच्छता प्रकृष्टं प्रमाणं श्रुतिः । प्रकर्षबोधनेन च श्रुतिस्मृति-विरोधे स्मृत्यर्थो नादरणीय इति भावः ।

अतएव जाबाल —

श्रुतिस्मृतिविरोधे तु श्रुतिरेवगरीयसी ॥

भविष्यपुराणेऽप्युक्तम्—

श्रुत्या सह विरोधेतु, बाध्यते विषय विना ॥

जैमिनिरप्याह—

विरोधे त्वनपेक्षं स्यादसति ह्यनुमानम् ॥

मीमासा शास्त्रे १ ३. ३ ।

श्रुतिविरोधे स्मृतिवाक्यमनपेक्ष्यम् अप्रमाणम् अनादरणीयम् ।
असति विरोधे मूलवेदानुमानम् इत्यर्थः ॥'

(मनुस्मृति कुल्लूक टीका सहित निर्णय सागर प्रेस बम्बई में मुद्रित, पृष्ठ ३२) ।

मनुस्मृति के ऊपर उद्धृत श्लोक में जो यह कहा है कि धर्म जानने की इच्छा रखने वालो के लिए सब से बडा प्रमाण वेद है उस का स्पष्ट अर्थ यह है कि यदि कहीं श्रुति (वेद) और स्मृति का विरोध हो तो श्रुति को ही प्रामाणिक मानना चाहिए स्मृति को नहीं ।

मनु महाराज ने वेदों का महत्व बताते हुए यहा तक कह दिया कि—

पितृदेवमनुष्याणां, वेदश्चक्षुः सनातनम् ।
अशक्यं चाप्रमेयं च, वेदशास्त्रमितिस्थितिः ॥ ९४ ॥
चातुर्वर्ण्यं त्रयो लोकाः, चत्वारश्चाश्रमाः पृथक् ।
भूतं भव्यं भविष्यच्च, सर्वं वेदात्प्रसिद्ध्यति ॥ ९७ ॥
बिभर्ति सर्वभूतानि, वेदशास्त्रं सनातनम् ।
तस्मादेतत्परं मन्ये, यज्जन्तोरस्य साधनम् ॥ ९९ ॥

मनु अ १२ ।

साराश यह है कि वेद, पितर् देव मनुष्य सब के लिए सनातन मार्ग दर्शक नेत्र के समान है उस की महिमा का पूर्णतया प्रतिपादन करना अथवा उस को सम्पूर्णतया समझ लेना बडा कठिन है । चारो वर्ण, तीन लोक, चार आश्रम, भूत भविष्य और वर्तमान विषयक ज्ञान वेद से ही प्रसिद्ध होता है । सनातन (नित्य) वेद शास्त्र सब प्राणियों को धारण करता है यही सब मनुष्यो के लिए भवसागर से पार होने का साधन है, इत्यादि ।

elibrary.thearyasamaj.org

याज्ञवल्क्य स्मृति का वचन

न वेद शास्त्रादन्यत्तु, किंचिच्छास्त्रं हि विद्यते ।
निस्सृतं सर्वशास्त्र तु, वेदशास्त्रात्सनातनात् ॥

अर्थात् वेद शास्त्र से वढ कर कोई शास्त्र नहीं । सव अन्य शास्त्र सनातन वा नित्य वेद शास्त्र से ही निकले हैं ।

अत्रि स्मृति का वचन

नास्ति वेदात्पर शास्त्र, नास्ति मातु समो गुरु ॥

अर्थात् वेद से वडा कोई शास्त्र नहीं । माता के समान कोई गुरु नहीं ।

ब्राह्मणो और उपनिषदो के वेद विषयक कुछ वचन

ब्राह्मणो और उपनिषदों में भी वेदो को ईश्वरीय ज्ञान मानने का स्पष्ट प्रतिपादन है । यथा—

मुण्डकोपनिषत् का वचन

अग्निर्मूर्धा चक्षुषी चन्द्रसूर्यौ, दिशः श्रोत्रे वाग्विवृताश्च वेदाः ॥
मु २ १ ४ ।
तस्माद्च. साम यजूषि दीक्षा. ॥ मु. २. १. ७ ।

अर्थात् उस भगवान् का मस्तक मानो अग्नि है, सूर्य और चन्द्र उस के नेत्रो के समान हैं, दिशाए उस के कानों के तुल्य हैं । वेद मानो उस की वाणी से निकले अर्थात् ईश्वरीय ज्ञान हैं ।

शतपथ ब्राह्मणान्तर्गत वृहदारण्यकोपनिषत् में स्पष्ट कहा है कि—

एतस्य वा महतो भूतस्य नि श्वसितमेतद् यदृग्वेदो यजुर्वेद. सामवेदोऽथर्ववेद. ॥
वृ. ४. ५ ११ ।

अर्थात् ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद उस महान् परमेश्वर के मानो श्वास से निकले हैं ।

शतपथ ब्राह्मण का अन्य वचन

शतपथ ब्राह्मण में एक अन्य स्थान पर वेदो को छन्द के नाम से पुकारते हुए उस शब्द की जो व्युत्पत्ति दी है उस से भी ब्राह्मणकार के मन में वेदो के प्रति अत्यन्त आदर का भाव सूचित होता है जो निम्न शब्दो में है—

elibrary.dayanandasansthan.org

यदेभिरात्मानमाच्छादयन् देवा मृत्योर्बिभ्यतः तच्छन्दसा छन्दस्त्वम् ॥

अर्थात् देवों (सत्यनिष्ठ विद्वानों—सत्य-सहिता वै देवा, सत्यमया उ देवा, विद्वासो वै देवा इत्यादि प्रामाण्यात्) ने मृत्यु से भयभीत हो कर इन वेदों से क्योंकि अपने को आच्छादित कर लिया इस लिए वेदों को छन्द कहते हैं । तात्पर्य यह है कि वेद ज्ञान ही मृत्यु भय से सर्वथा मुक्त करने वाला है ।

सर्वथा इस के समान ही छन्द की व्युत्पत्ति ताण्ड्यमहाब्राह्मणान्तर्गत छान्दोग्योपनिषत् में इन शब्दों में की गई है—

देवा वै मृत्योर्बिभ्यतस्त्रयीं विद्यां प्राविशन् ते छन्दोभिरच्छादयन्,
यदेभिरच्छादयन् तच्छन्दसा छन्दस्त्वम् ॥

छा १ ४. २ ।

अर्थात् देवों (सत्यनिष्ठ विद्वानों) ने मृत्यु से भयभीत होकर त्रयी विद्या (ज्ञान कर्म उपासना विद्या का प्रतिपादन करने वाले वेद) का आश्रय लिया । उन्होंने अपने को वेदमन्त्रो से आच्छादित कर लिया (ढक लिया) क्योकि इन वेद मन्त्रो से उन्होंने अपने को आच्छादित कर लिया इस लिये इन्हें छन्द के नाम से कहा जाता है । इस से भी ब्राह्मणों और उपनिषदो के लेखको की वेदो के विषय में अत्यधिक श्रद्धा सूचित होती है इस में कोई सन्देह नहीं । ऐतरेय ब्राह्मण में भी वेदो को ईश्वरीय ज्ञान मानते हुए स्पष्ट कहा है कि—

'प्रजापतिर्वा इमान् वेदानसृजत ।'

अर्थात् समस्त प्रजा के स्वामी परमेश्वर ने प्रजा के कल्याणार्थ वेदों का निर्माण किया । ये वचन इतने स्पष्ट हैं कि इन पर किसी प्रकार की टीका टिप्पणी की आवश्यकता नहीं । इसी प्रसङ्ग में तैत्तिरीय ब्राह्मण की निम्न आख्यायिका भी उल्लेखनीय है जिस में वेदो को समस्त ज्ञान का भण्डार और विद्या दृष्टि से अनन्त कहा गया है । वह आख्यायिका निम्न है—

भरद्वाजो ह त्रिभिरायुर्भिर्ब्रह्मचर्यमुवास । तं ह जीर्णं स्थविरं शयानम् इन्द्र उपव्रज्योवाच भरद्वाज ! यस्ते चतुर्थमायुर्ददद्या किमनेन कुर्या इति । ब्रह्मचर्यमेवैतेन चरेयमिति होवाच । तं त्रीन् गिरिरूपानविज्ञातानिव दर्शयाचकार तेषा हैकैकस्मान्मुष्टिमाददे । स होवाच भरद्वाजेत्यामन्त्र्य वेदा वा एते, अनन्ता वै वेदा, एतैस्त्रिभिरायुर्भिरन्ववोचथा· अथ त इतरदनूक्तमेव ॥ तै ब्रा ३ १०. ११. ३ ।

अर्थात् भरद्वाज ने ३०० वर्ष पर्यन्त (मनुष्य की ३ आयु–शतायुर्वैपुरुष के अनुसार १०० × ३ = ३००) ब्रह्मचर्य अर्थात् वेदों का अध्ययन किया। इस प्रकार अध्ययन करते-करते वह जब अत्यन्त वृद्धावस्था को प्राप्त हो गया तो इन्द्र ने उस के समीप आ कर कहा यदि तुझे और भी आयु मिले तो तू उस से क्या करेगा ? भरद्वाज ने उत्तर दिया कि उस से भी मैं वेदों का अध्ययनादि रूप ब्रह्मचर्य ही करूंगा। इन्द्र ने पर्वत के समान तीन ज्ञान राशिरूप वेदों को दिखाया और उन में से प्रत्येक राशि से मुट्ठी सी भर ली और भरद्वाज को कहा कि ये वेद इस प्रकार ज्ञान की राशि वा पर्वत के समान हैं जिन के ज्ञान का कहीं अन्त नहीं। यद्यपि तूने ३ आयु पर्यन्त (३०० वर्ष तक) वेदों का अध्ययन किया है तथापि तुझे उन के सम्पूर्ण ज्ञान का अन्त नहीं प्राप्त हुआ।

इस आख्यायिका से भी वेदों का महत्व ब्राह्मणकार की दृष्टि में स्पष्टतया सूचित होता है। वर्तमान युग के महान् दिक धर्मोद्धारक शिरोमणि आचार्यप्रवर महर्षि दयानन्द ने इसी आख्यायिका के ही भाव को अपने शब्दो में नियम के रूप में प्रकट कर दिया है कि 'वेद सब सत्य विद्याओं के पुस्तक हैं। वेद का पढ़ना पढाना सुनना सुनाना सब आर्यों का परम धर्म है।

महाभारत के वेद गौरव विषयक वचन

महाभारत मे महर्षि वेदव्यास जी ने वेद को नित्य और ईश्वरकृत अनेक स्थानो पर बताया है और उन के अर्थ सहित अध्ययन पर बडा बल दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि ऋषियो तथा पदार्थों के नाम वेदो से ही लेकर रखे गये। महाभारत के निम्न श्लोक इस विषय में उल्लेखनीय हैं—

अनादिनिधना नित्या वागुत्सृष्टा स्वयम्भुवा।
आदौ वेदमयी दिव्या यतः सर्वा प्रवृत्तय.॥

म भा शान्ति पर्व अ २३२ २४

अर्थात् सृष्टि के प्रारम्भ में स्वयम्भू परमेश्वर ने वेदरूप नित्य दिव्य वाणी का प्रकाश किया जिस मे मनुष्यो की सारी प्रवृत्तिया होती हैं। यह ऋग्वेद के सुप्रसिद्ध मन्त्र ८ ७ ६ का मानो अनुवाद है—

'तस्मै नूनमभिद्यवे वाचा विरूपनित्यया। वृष्णे चोदस्वसुष्टुतिम्॥'

जिस में वेदवाणी को नित्य और विविध विषयों का निरूपण कर प्रतिपादन करने वाली होने के कारण विरूपा कहा गया है। इसी अध्याय में आगे कहा है—

elibrary.thearyasamaj.org

आगे आने वाले लोग भी उस से लाभ उठा सकें उन का निघण्टु और वेदाङ्ग-सहित खूब अभ्यास किया और उनको लिपिबद्ध भी कर दिया। विल्म का अर्थ भासन वा स्पष्टीकरण निरुक्त के ऊपर उद्धृत वचन में बताया गया है।

दर्शन शास्त्रो का वेद विषयक विचार

न्याय, वैशेषिक, साख्य, योग, वेदान्त और मीमासा ये छ दर्शन शास्त्र हैं जिन्हें गौतम, कणाद, कपिल, पतजलि, वेद व्यास और जैमिनि नामक ऋषियों ने बनाया। इन सब दर्शनो में वेदो के महत्व को स्पष्टतया स्वीकार किया गया है। उदाहरणार्थ न्यायदर्शन के २ १ ६७ मन्त्रायुर्वेद प्रामाण्यवच्च तत्प्रामाण्यमाप्तप्रामाण्यात् इत्यादि सूत्रों में परमआप्त परमेश्वर का वचन होने और असत्य, परस्पर विरोध और पुनरुक्ति आदि दोष रहित होने से वेद को परम प्रमाण सिद्ध किया गया है।

वशेषिक शास्त्रकार कणाद मुनि ने तद्वचनादाम्नायस्य प्रामाण्यम्। १ १ ३. इस सूत्र द्वारा परमेश्वर का वचन होने से आम्नाय अर्थात् वेद की प्रामाणिकता का प्रतिपादन किया है।

साख्यकार कपिल मुनि को भूल से कई आधुनिक विचारक नास्तिक समझते हैं किन्तु उन्होने भी 'निजशक्त्यभिव्यक्ते स्वत प्रामाण्यम्' इत्यादि सूत्रों द्वारा वेदों को ईश्वरीय शक्ति से अभिव्यक्त (प्रकट) होने के कारण स्वत प्रमाण माना है। साख्य सूत्रों में जगत्कर्ता ईश्वर का 'स हि सर्वज्ञित्, सर्वकर्ता' इत्यादि सूत्रों द्वारा स्पष्ट प्रतिपादन है, अत कपिल मुनि को नास्तिक समझना बडी भूल है।

इस प्रसङ्ग में एक और बात का उल्लेख करना आवश्यक है। वह यह कि कुछ लोग साख्य दर्शन के 'ईश्वरासिद्धे। १ ९२ इस सूत्र के आधार पर यह समझते हैं कि साख्यकार कपिल मुनि ईश्वर के अस्तित्व को स्वीकार नहीं करते थे। ऐसी अवस्था में 'निजशक्त्यभिव्यक्ते स्वत प्रमाण्यम्' इस का ईश्वरीय शक्ति से वेदों की अभिव्यक्ति और स्वत प्रमाणता परक अर्थ कैसे ठीक हो सकता है। इस विषय में हमने अपनी 'बौद्ध मत और वैदिक धर्म' नामक पुस्तक में (आर्यसमाज दीवान हाल द्वारा प्रकाशित और वहीं प्राप्तव्य) पर्याप्त प्रकाश डाला है। यहा इतना ही लिखना पर्याप्त है कि 'ईश्वरासिद्धे.' यह सूत्र प्रत्यक्ष के प्रकरण में आया है जिस का लक्षण कपिल मुनि ने 'यत् सम्बद्ध सत् तदाकारोल्लेखि विज्ञान तत् प्रत्यक्षम्। १ ८९ इस रूप में किया है। अत 'ईश्वरासिद्धे.' का इतना ही अभिप्राय है कि प्रत्यक्ष प्रमाण द्वारा ईश्वर की सिद्धि नहीं हो सकती क्योकि वह सर्व व्यापक निराकार होने से प्रत्यक्ष का विषय नहीं। साथ ही ईश्वर को उपादान कारणता का 'तद्योगेऽपि न नित्यमुक्त। प्रधानशक्तियोगाच्चेत् सङ्गापत्ति। सत्तामात्रा-

च्चेत् सर्वेश्वर्यम् । प्रमाणाभावान्न तत्सिद्धि । सम्बन्धाभावान्नानुमानम् । श्रुतिरपि प्रधान कार्यत्वस्य ॥' पचम अध्याय के इन सूत्रो में निषेध किया गया है जिन का तात्पर्य यह है कि यदि ईश्वर को इस सृष्टि का उपादान कारण माना जाएगा तो ईश्वर नित्यमुक्त नहीं रहेगा क्योंकि उपादान कारण मानने से उस में रागादि की प्रवृत्ति माननी पडेगी जो नित्यमुक्त में नहीं हो सकती । यदि ईश्वर को जगत् का उपादान कारण माना जाए तो ईश्वर में सर्वज्ञतादि जो गुण हैं वे इस जगत् में भी होने चाहियें क्योंकि उपादान कारण के गुण काय में होते हैं किन्तु ऐसा देखने में नहीं आता अत वह जगत् का उपादान कारण नहीं । प्रत्यक्ष प्रमाण के न होने से भी ईश्वर को जगत् का उपादान कारण नहीं सिद्ध किया जा सकता और न अनुमान प्रमाण द्वारा यह सिद्ध किया जा सकता है कि ईश्वर जगत् का उपादान कारण है । श्रुति भी प्रधान अथवा प्रकृति को ही जगत् का उपादान कारण मानती है ।

कहीं इन सूत्रों से यह भ्रम न हो जाए कि सात्यकार ईश्वर की जगत् के निमित्त कारण के रूप में सत्ता का भी निषेध करते हैं । उन के निम्न सूत्र उल्लेखनीय हैं—

स हि सर्ववित् सर्वकर्ता ॥ सांख्य. ३. ५६ ।

अर्थात् ईश्वर सर्वज्ञ और निमित्त कारण रूप से जगत् का कर्ता है ।

ईदृशेश्वरसिद्धि. सिद्धा ॥ साख्य ३. ५७ ।

ऐसे जगत् के निमित्त कारण रूप सर्वज्ञ ईश्वर की सिद्धि सिद्ध है ।

व्यावृत्तोभयरूप' । सांख्य १. १६ ।

वह ईश्वर प्रकृति और पुरुष (आत्मा) दोनो से भिन्न स्वरूप वाला है । इत्यादि

साख्य शास्त्र निरीश्वरवाद का प्रतिपादक नहीं किन्तु इस में नित्य ब्रह्म की सत्ता का प्रतिपादन है इस बात का महाभारत शान्ति पर्व मोक्षधर्म पर्व अ ३०१ में भी स्पष्ट प्रतिपादन है यथा ।

अत्र ते संशयोमाभूत्, ज्ञानं साख्यं परं मतम् ।
अक्षरं ध्रुवमेवोक्त, पूर्णं ब्रह्म सनातनम् ॥
अनादिमध्यनिधनं, निर्द्वन्द्व कर्तृशाश्वतम् ।
कूटस्थं चैव नित्यं च, यद्वदन्ति मनीषिणः ॥

शान्तिपर्व मोक्षधर्म पर्व अ. ३०१. १०१ १० ।

महाभारत शान्ति पर्व (मोक्षधर्म पर्व) अ २७ में कपिल के निम्न वचन भी द्रष्टव्य हैं जिन से उन की वेद और ब्रह्म दोनों पर पूर्ण निष्ठा स्पष्टतया ज्ञात होती है ।

वेदा प्रमाण लोकानां, न वेदाः पृष्ठतः कृताः ।
द्वे ब्रह्मणी वेदितव्ये, शब्दब्रह्म पर च यत् ।। १
शब्दब्रह्मणि निष्णातः, परं ब्रह्माधिगच्छति ।। २

अर्थात् वेद समस्त लोगों के लिए प्रमाण हैं। उन्हें पीछे से नहीं बनाया गया। ब्रह्मपदवाच्य दो का ज्ञान आवश्यक है एक तो वेद और दूसरा परब्रह्म-परमेश्वर। जो शब्दब्रह्म अर्थात् वेद में निपुण हैं वह परब्रह्म को प्राप्त कर सकता है। इस प्रकार कपिल मुनि की नास्तिकता का पूर्ण निराकरण होता है।

योगदर्शनकार पतजलि मुनि ने 'स एष पूर्वेषामपि गुरु कालेनानवच्छेदात् ।' समाधिपाद सू २६ इत्यादि में परमेश्वर को नित्य वेद ज्ञान देने के कारण सब पूर्वजों का भी आदि गुरु माना है।

वेदान्त शास्त्र के कर्ता वेदव्यास जी ने शास्त्रयोनित्वात् १ १ ३ तथा अतएव च नित्यत्वम् १ ३ २९ इत्यादि सूत्रों द्वारा परमेश्वर को ऋग्वेदादि रूप सर्वज्ञानभण्डार शास्त्र का कर्ता मानते हुए वेद की नित्यता का प्रतिपादन किया है। 'शास्त्रयोनित्वात् ।' इस सूत्र के भाष्य में सुप्रसिद्ध दार्शनिक श्री शङ्कराचार्य जी ने जो लिखा है वह भी इस प्रसङ्ग में महत्वपूर्ण होने के कारण उल्लेखनीय है। वे लिखते हैं—

'ऋग्वेदादे शास्त्रस्यानेकविद्यास्थानोपबृंहितस्य प्रदीपवत् सर्वार्थावद्योतिन· सर्वज्ञकल्पस्य योनि कारण ब्रह्म। नहीदृशस्यर्ग्वेदादिलक्षणस्य सर्वज्ञगुणान्वितस्य सर्वज्ञादन्यत सभवोऽस्ति ।।'

अर्थात् ऋग्वेदादि जो चार वेद हैं वे अनेक विद्याओं से युक्त हैं, सूर्य के समान सब सत्य अर्थो के प्रकाश करने वाले हैं, उन का बनाने वाला सर्वज्ञत्वादि गुणो से युक्त परब्रह्म है क्यों कि सर्वज्ञ ब्रह्म से भिन्न कोई जीव, सर्वज्ञगुणयुक्त इन वेदो को बना सके ऐसा सभव नहीं इत्यादि। मीमासा शास्त्र के कर्ता जैमिनि मुनि तो धर्म का लक्षण ही यही करते हैं कि—

'चोदनालक्षणोऽर्थो धर्म ।'

अर्थात् जिस के लिये वेद की आज्ञा हो वह धर्म और जो वेद विरुद्ध हो वह अधर्म कहलाता है।

इस प्रकार समस्त शास्त्र एक स्वर से वेदो की नित्यता और स्वत प्रमाणता का प्रतिपादन करते हैं।

गीता के कुछ वचन

भगवद्गीता एक जगद्विख्यात महत्वपूर्ण ग्रन्थ है। यद्यपि वह महाभारतान्तर्गत है और महाभारत के वेदो के महत्व विषयक कुछ श्लोकों को हम ऊपर उद्धृत कर चुके है तथापि गीता के सुप्रसिद्ध ग्रन्थ होने के कारण उस के वेद विषयक कुछ श्लोको का उल्लेख करना इस प्रकरण में हमें उचित प्रतीत होता है। गीता के तृतीय अध्याय में श्रीकृष्ण महाराज ने यज्ञ के विषय का निरूपण करते हुए कहा है—

अन्नाद् भवन्ति भूतानि, पर्जन्यादन्न सभव.।
यज्ञाद् भवति पर्जन्य., यज्ञ. कर्मसमुद्भवः।
कर्म ब्रह्मोद्भवं विद्धि, ब्रह्माक्षरसमुद्भवम् ॥
तस्मात्सर्वगतं ब्रह्म, नित्य तज्ञे प्रतिष्ठितम् ॥

भगवद्गीता ३ १४ १५।

अर्थात् प्राणियो का जीवन अन्न पर निर्भर है। मेघों से अन्न की उत्पत्ति होती है। मेघ यज्ञ से बनते हैं। यज्ञ कर्म से सम्पन्न होता है। धर्म-कर्म की उत्पत्ति वा ज्ञान ब्रह्म अर्थात् वेद के द्वारा होता है। वह ब्रह्म अर्थात् वेद अक्षर वा अविनाशी परमेश्वर से आविर्भूत होता है इस लिये सर्वव्यापक परमेश्वर को सदा यज्ञ में प्रतिष्ठित जानो। इस श्लोक में वेदों की उत्पत्ति अविनाशी परमेश्वर से स्पष्टतया बताई गई है।

इस श्लोक के भाष्य में श्री शङ्कराचार्य जी ने लिखा है—

कर्म (ब्रह्मोद्भवम्) ब्रह्मवेदः स उद्भवः कारणं यस्य तत् कर्म ब्रह्मोद्भव (विद्धि) जानीहि ब्रह्म पुनर्वेदाख्यम् (अक्षर समुद्भवम्) अक्षर ब्रह्म परमात्मा समुद्भवो यस्य तदक्षरसमुद्भवं ब्रह्म वेद इत्यर्थ.। यस्मात् साक्षात्परमाख्यादक्षरात् पुरुषनिश्वासवत् समुद्भूतं ब्रह्म तस्मात् सर्वप्रकाशकत्वात् सर्वगतम्। सर्वगतमपि सन्नित्य सदा यज्ञविधिप्रधानत्वाद् यज्ञे प्रतिष्ठितम्।

भगवद्गीता शाङ्कर भाष्ये अ ३. १५।

'श्रीमद्भगवद्गीता शाङ्कर भाष्यादिसप्तटीकोपेता' गुजराती मुद्रणालय, मुम्बई पृ० १८१ तात्पर्य यही है कि कर्म की उत्पत्ति वेद से और वेद की अविनाशी परमात्मा से है। वेद साक्षात् परमात्मा से पुरुषश्वास की तरह निकला है अत सब विषयो का प्रकाशक होने के कारण उसे ही सर्वगत कहा है। वह सर्वगत ब्रह्म (वेद) यज्ञ विधि प्रधान होने से यज्ञ में प्रतिष्ठित है।

श्री आनन्दतीर्थ (मध्वाचार्य) के भाष्य में यद्यपि इस श्लोक की व्याख्या शङ्कराचार्य जी के भाष्य से भिन्न की गई है तथापि वेदों की नित्यता और ईश्वरीयता को—

तानि चाक्षराणि नित्यानि 'दावा विरूप नित्यया । वृष्णे चोदस्व सुष्टुतिम् ॥' अनादिनिधना नित्या वागुत्सृष्टा स्वयम्भुवा । अत एव च नित्यत्वम् । इत्यादि श्रुतिस्मृतिभगवदवचनेभ्य· ॥ न च सर्वज्ञत्वे यदि वेदस्रष्टा किमिति न जगत् स्रष्टासर्वज्ञ· तस्माद् वेदप्रमाणकत्वमेवात्र विवक्षितम् अतो नित्यान्यक्षराणि यतएवं परम्परया यज्ञाभिव्यङ्ग्य ब्रह्म तस्मान्नित्यं यज्ञे प्रतिष्ठितम् ॥'

इत्यादि शब्दो द्वारा उस में भी स्पष्ट माना गया है । इस की पुष्टि वेद की अन्त· साक्षि 'वाचाविरूप नित्यया' महाभारत का वचन 'अनादिनिधना नित्या' तथा वेदान्त सूत्र 'अत एव च नित्यत्वम्' इन के उद्धरणों से की गई है । रामानुजभाष्य की अमृत तरङ्गिणी टीका में भी—

वेदात् कर्मोत्पत्ति स च ब्रह्मनि.श्वासस्तेन तथा । ब्रह्मण: पुरुषोत्तमत्वज्ञापनार्थं विशिनष्टि अक्षरसमुद्भवम् । अक्षरस्य समुद्भवो यस्मात् तादृशम् ।

इत्यादि वचनो द्वारा वेद की नित्यता का प्रतिपादन है । नीलकण्ठी टीका में तो और भी स्पष्ट रूप से, इस श्लोक की टीका में लिखा है—

कर्म (ब्रह्मोद्भवं) वेदोद्भव वेद एव धर्मे प्रमाण न तु पाखण्डादिप्रणीतागम । ब्रह्म वेदोऽपि अक्षरसमुद्भवम् । अस्य महतो भूतस्य निश्वसित मेतद्यदृग्वेदो यजुर्वेद' इत्यादिश्रुतेः । साक्षात्परमेश्वरादेवोत्पन्नोऽतो न तत्र भ्रमविप्रलम्भत्वादिदोषाक्रान्तत्व खण्डादिवाक्यवदप्रामाण्यशकास्तीति भाव· । यस्मादेवं तस्मात् सर्वस्मिन् देशे कालेच वर्तमान ब्रह्म-वेद· एतेन वेदस्य नित्यत्व शब्दस्य विभुत्व च दर्शित नित्य नियमेन यज्ञे प्रतिष्ठित तात्पर्येण पर्यवसन्नम् ॥ नीलकण्ठी टीका पृ० १८३ ।

अर्थात् कर्म के विषय में वेद प्रमाण है और वेद की उत्पत्ति परमात्मा से है अत. उसकी प्रामाणिकता में कोई सन्देह नहीं हो सकता । इत्यादि

गीता के सप्तदश (१७ वें) अध्याय में 'ओं तत्सत्' इस नाम से ब्रह्म का निर्देश करते हुए श्लोक २३ में कहा है कि—

ओ तत्सदिति निर्देशो ब्रह्मणस्त्रिविध· स्मृत ।
ब्राह्मणास्तेन वेदाश्च, यज्ञाश्चविहिता. पुरा ।।

अर्थात् ब्रह्म का 'ओं तत् सत्' इन नामो से शास्त्रो में निर्देश किया गया है। उसी से ब्राह्मणो (ब्रह्मज्ञानी वेद वेत्ताओं) वेदो और यज्ञों का विधान किया गया है अर्थात् वेद के अध्ययनाध्यापन में दिन-रात तत्पर ज्ञानी परमेश्वर के सच्चे भक्त उस के बडे पुत्र कहलाते हैं। वेदो का उसी ब्रह्म ने उपदेश दिया है जिन के द्वारा ही यज्ञकर्म चलते हैं अत· इन तीनो की उत्पत्ति विशेष रूप से उस परमेश्वर से मानी गई है। इस श्लोक में भी वेदों को स्पष्टतया ईश्वरीय बताया गया है।

कुछ लोगों का यह विचार है कि गीता में वेदो की निन्दा की गई है और उन की तुच्छता निम्न प्रकार के श्लोको में दिखाई गई है—

यामिमा पुष्पिता वाच, प्रवदन्त्यविपश्चितः ।
वेदवादरताः पार्थ, नान्यदस्तीतिवादिनः ।। २. ४२ ।
कामात्मानः स्वर्गपरा·, जन्मकर्मफलप्रदाम् ।
क्रियाविशेषबहुलां, भोगैश्वर्यगतिं प्रति ।। ४३ ।
भोगैश्वर्यप्रसक्तानां, तयापहृतचेतसाम् ।
व्यवसायात्मिका बुद्धि., समाधौ न विधीयते ।। ४४ ।
त्रैगुण्यविषया वेदाः, निस्त्रैगुण्यो भवार्जुन ।
निर्द्वन्द्वो नित्यसत्वस्थो निर्योगक्षेम आत्मवान् ।। ४५ ।
यावानर्थ उदपाने, सर्वत. संप्लुतोदके ।
तावान् सर्वेषु वेदेषु, ब्राह्मणस्य विजानतः ।। ४६ ।

वस्तुत इन श्लोको में वेदो की निन्दा नहीं की गई किन्तु जो वेदो के अनुसार आचरण न कर के केवल वेद विषयक वाद-विवाद में तत्पर रहते हैं और यह कहते हैं कि इन बाह्य यज्ञयागो के अतिरिक्त और कुछ कर्तव्य है ही नहीं (वेदवादरता पार्थ, नान्यदस्ती-तिवादिन) जो भोग और ऐश्वर्य की प्राप्ति के लिये यज्ञयागादि करते और भोगों में आसक्त रहते हैं उन की निन्दा की गई है। ऐसे लोगो की निन्दा तो स्वयं वेदों के—

ऋचो अक्षरे परमे व्योमन् यस्मिन् देवा अधि विश्वे निषेदु. । यस्त न वेद किमृचा करिष्यति य इत् तद्विदुस्त इमे समासते ।। ऋ. १. १६४. ३९ ।

न तं विदाथ य इमा जजानान्यद् युष्माकमन्तरं बभूव । नीहारेण प्रावृता

जल्पया चासुतृप उक्थशासश्चरन्ति ॥ ऋ. १०. ८२. ७ य. १७. ३१ ।

इत्यादि मन्त्रों में की गई है जहा बताया है कि जिस अविनाशी परमेश्वर के आधार पर सब देव सूर्य चन्द्र तारादि तथा सत्यनिष्ठ विद्वान् स्थित हैं जो उस को नहीं जानता वह केवल ऋचाए (वेद मन्त्र) पढ कर भी क्या करेगा ! उस को क्या फल मिलेगा ? जो उस परमेश्वर को जानते हैं वे शान्त होकर बैठते हैं । हे मनुष्यो ! तुम उस परमेश्वर को नहीं जानते जिस ने इन सब पदार्थों और प्राणियो को बनाया है वह तुम से भिन्न किन्तु तुम्हारे अन्दर विद्यमान है । तुम इस लिये उस परमेश्वर को नहीं जानते कि तुम अज्ञानान्धकार से आच्छादित, आचरण न कर के केवल बातें बनाने वाले, अपने ही प्राणों के तृप्त करने वा पेट भरने में तत्पर और ईश्वर की वेदोक्त आज्ञा का पालन न कर के उस के नाम और वेद मन्त्रो का केवल वाणी से कथन करने वाले हो ।

जैसे इन वेद मन्त्रो का तात्पर्य वेदो की निन्दा से नही किन्तु उन व्यक्तियों की निन्दा से है जो परमेश्वर की वेदोक्त आज्ञा का पालन नहीं करते और वेदो के मुख्य प्रतिपाद्य (कठोपनिषत् २ १५ के सर्वे वेदा यत्पदमामनन्ति तथा भगवद्गीता के यदक्षर वेदविदो वदन्ति ८ ११ के अनुसार) परमेश्वर को जानने का प्रयत्न नहीं करते वैसे ही गीता के इन श्लोकों का तात्पर्य समझना चाहिये । 'त्रैगुण्य विषया वेदा' गीता २ ४५. का तो तात्पर्य स्पष्ट है कि वेदों में सत्व रजस् तमस् प्रकृति के इन तीन गुणों से बने पदार्थों का भी ज्ञानभण्डार होने के कारण वर्णन है किन्तु मनुष्य का कर्तव्य यह है कि वह उन सब पदार्थों का यथार्थ ज्ञान प्राप्त कर के इन तीन गुणों से रहित किन्तु नित्य सत्व में निवास करने वाला बने । इस में वेदों की निन्दा नहीं किन्तु उन के ज्ञानरूप होने का प्रतिपादन है ।

'यावानर्थ उदपाने' इस श्लोक का वास्तविक अर्थ यह है कि (सर्वत सप्लुतोदके) जब चारों ओर बाढ आई हुई हो तो (उदपाने) कुए के स्वच्छ जल का (यावान् अर्थ) जितना प्रयोजन होता है (विजानत ब्राह्मणस्य) ज्ञानी ब्राह्मण के लिये (सर्वेषु वेदेषु) सब वेदों का उतना ही प्रयोजन है । भावार्थ यह कि जब चारों ओर बाढ आई हुई हो तो उस से पीने का प्रयोजन ठीक तौर पर सिद्ध नहीं हो सकता, क्यों कि वह पानी मात्रा में अधिक होने पर भी पीने योग्य नहीं होता किन्तु कूप का जल शुद्ध होने के कारण पीने का प्रयोजन उसी से उत्तमतया पूर्ण होता है ऐसे ही यद्यपि इधर उधर से अनेक विषयों का कुछ ज्ञान प्राप्त हो सकता है किन्तु कूप जल के समान शुद्ध पवित्र ज्ञान तो वेदों के द्वारा ही प्राप्त हो सकता है अन्यथा नहीं । यह तो एक प्रकार से ऋग्वेद के—

य स्तित्याज सचिविद सखाय न तस्य वाच्यपि भागो अस्ति । यदी शृणोत्यलक शृणोति नहि प्रवेद सुकृतस्य पन्थाम् ॥ ऋ. १०. ७१. ६ ।

इस मन्त्र का भावानुवाद सा है जिस में बताया गया है कि परमेश्वर को प्राप्त करने और यथार्थ तत्व का उपदेश करने वाले वेद रूप मित्र का जो परित्याग कर देता है उस की वाणी में भजनीय अंश का अभाव सा हो जाता है। वह जो कुछ इधर-उधर से सुनता है वह असत्य सुनता है वह धर्म के मार्ग को (न प्रवेद) प्रकृष्टता अथवा उत्तमता से पूर्ण विशुद्ध रूप में नहीं जान सकता। गीता के इस श्लोक में वेदो की निन्दा की कल्पना करना सर्वथा अशुद्ध हैं। उस से तो उन का यथार्थ ज्ञान के लिये महत्व ही प्रकट होता है।

भगवद्गीता में वेदों को न केवल प्रमाण रूप शास्त्र बताते हुए यह कहा है कि—

तस्माच्छास्त्र प्रमाणं ते, कार्याकार्यव्यवस्थितौ।
ज्ञात्वा शास्त्रविधानोक्तं, कर्म कर्तुमिहार्हसि ॥ गीता १६. २४.

अर्थात् कर्तव्य और अकर्तव्य के निर्णय में शास्त्र ही तेरे लिये प्रमाण है इस लिये शास्त्र के विधान को जान कर उस के अनुसार कार्य करना तुझे उचित है—बल्कि उन्हें ईश्वरीय बताया है इस विषय का सप्रमाण निरूपण ऊपर किया जा चुका है।

इस प्रकार हम देखते हैं कि प्राचीन समस्त संस्कृत साहित्य में वेदों का महत्व बताया गया है। उन्हें धर्म और ज्ञान का मूल अतएव नित्य और अपौरुषेय तथा ईश्वरोक्त कहा गया है। वेद विषयक यह प्राय सर्वसम्मत प्राचीन विश्वास है।

क्या उपनिषदो मे वेदो के विरुद्ध क्रान्ति है ?

इस प्रथम खण्ड की समाप्ति से पूर्व एक और विषय पर प्रकाश डालना भी आवश्यक प्रतीत होता है। कई शिक्षित व्यक्तियो का विचार है कि उपनिषदों में वेदो के विरुद्ध एक क्रान्ति की गई है। उन में वेदों को अपरा विद्या के नाम से पुकारते हुए तुच्छ और हेय बताया गया है और वेदोक्त यज्ञो तथा कर्मकाण्ड की निस्सारता का प्रतिपादन 'प्लवा ह्येते अदृढा यज्ञरूपा' इत्यादि वचनों द्वारा किया गया है। इस विषय के स्पष्टीकरण की आवश्यकता है। हम ने मुण्डकोपनिषत् के दो वचनो को इस खण्ड में उद्धृत किया है जिन में वेदो को स्पष्टतया ईश्वरीय ज्ञान बताया गया है।

अग्निर्मूर्धा चक्षुषी चन्द्र सूर्यौ, दिश.श्रोत्रे वाग् विवृताश्च वेदाः। वायु प्राणो हृदयं विश्वमस्य पद्भ्यां पृथिवी ह्येष सर्वभूतान्तरात्मा।

मुण्डक २ १. ४।

तथा— 'तस्मादृचः सामयजूंषि दीक्षा.'। मुण्डक ४. १. ६।

यदि मुण्डकोपनिषत्कार ऋषि का वेदो के विषय में यह विचार होता कि उन की विद्या तुच्छ है तो वे कभी इस प्रकार के वचन स्वयं न लिखते जिन में उस सर्वभूता-

न्तरात्मा परमेश्वर की वाणी के रूप में वेदों को कहा गया हैं और उसी परमात्मा से वेदों की उत्पत्ति बताई गई है अत यह स्पष्ट है कि मुण्डकोपनिषत् के प्रथमखण्ड में जो यह कहा है कि—

द्वे विद्ये वेदितव्य इतिस्म हयद् ब्रह्मविदो वदन्ति परा चैवापरा च। तत्रापरा ऋग्वेदो यजुर्वेदः सामवेदोऽथर्ववेद. शिक्षा कल्पो व्याकरणं निरुक्तं छन्दो ज्योतिषमिति। अथ परा यया तदक्षरमधिगम्यते॥

मुण्डक १ १ ४।

उस के अर्थ समझने में भूल हुई है। यहा यह कहा गया है कि ब्रह्मवेत्ता कहते हैं कि दो प्रकार की विद्याओ का ज्ञान प्राप्त करना चाहिये, परा और अपरा। इन में से अपरा विद्या वह है जिस से जगत् में धर्म, कर्म और सब पदार्थों का ठीक ज्ञान प्राप्त हो। इस के अन्दर ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद, अथर्ववेद शिक्षा, कल्प, व्याकरण, निरुक्त छन्द और ज्योतिष इन का समावेश होता है क्यों कि इन के द्वारा धर्म, कर्म और सब पदार्थों का ठीक ज्ञान प्राप्त हो सकता है। परा उस विद्या को कहते हैं जिस से केवल नाशरहित ब्रह्म जाना जाता है। इस का यह तात्पर्य नहीं कि अपराविद्या तुच्छ या अश्रेष्ठ है जैसे कि 'ब्राह्मधर्म.' नामक कलकत्ता से शकाब्द १७९० में द्वितीयवार मुद्रित पुस्तक के पृ० ५ में 'अपरा' का अर्थ 'अश्रेष्ठा' करते हुए दिखाने का यत्न किया गया है अथवा वेदों से ब्रह्मज्ञान की प्राप्ति नहीं होती किन्तु यह है कि वेदों और वेदाङ्गों में केवल ब्रह्म विद्या का ही प्रतिपादन नहीं, उन में धर्म, कर्म तथा जगत् के अन्य पदार्थों यथा अग्नि, वायु, पृथिवी, जल आदि के भी ठीक स्वरूप का प्रतिपादन किया गया है (जो पराविद्या के साक्षात् अन्तर्गत नहीं) तथा यद्पि वेदों में ब्रह्म का ज्ञान है जैसे कि—

'सर्वे वेदा यत्पदमामनन्ति' कठ. २. १५। तथा 'तमेत वेदावनुवचनेन ब्राह्मणा विविदिषन्ति'। बृहदारण्यक ४. ४. २२।

इत्यादि उपनिषद् वचनों में स्पष्ट बताया गया है जिन में कहा है कि सारे वेद उस प्राप्तव्य सच्चिदानन्द स्वरूप ब्रह्म का ही प्रतिपादन करते हैं तथा ब्राह्मण वेद के स्वाध्याय द्वारा उसी परमात्मा को ही जानने की इच्छा करते हैं तथापि जब तक वेदों को सुन कर उनका मनन न किया जाए और उन की शिक्षाओ को मन में स्थिर न किया जाए तब तक ब्रह्म का साक्षात् ज्ञान नहीं होता। इस कारण वेदो के अर्थ सहित सुनने का नाम अपरा विद्या है और जो मनुष्य ब्रह्म विद्या का मनन कर के निदिध्यासन के द्वारा साक्षात् करते हैं उन को जो ज्ञान प्राप्त होता है वह परा विद्या है। इस को वेदों की निन्दा समझ लेना

बड़ी भूल है। अन्य सब उपनिषदों का आधार ईशोपनिषत् पर है जो यजुर्वेद का ४० वा अध्याय (काण्व शाखानुसार) है। अन्य उपनिषदों में भी अनेक स्थानों पर—

द्वा सुपर्णा सयुजा सखाया समान वृक्षं परिषस्वजाते ॥ ऋ. १. १६४ २०।
मुण्डक ३. १. १ श्वेताश्वतर ४. ६।

तदेवाग्निस्तदादित्यस्तद् वायुस्तदु चन्द्रमाः।
तदेवशुक्रं तद् ब्रह्म ता आपः स प्रजापतिः॥

यजु ३२. १। श्वेताश्वतरोप ४. २।

ऋचो अक्षरे परमे व्योमन् यस्मिन् देवा अधि विश्वे निषेदुः।
यस्तन्न वेद किमृचाऽरिष्यति य इत् तद्विदुस्त इमे समास्ते॥

ऋग्वेद १. १६४ ३९। श्वेताश्वतर ४ ८।

युजते मन युंजते धियो विप्रा विप्रस्य बृहतो विपश्चित।
वि होत्रा दधे वयुनाविदेकइन्महो देवस्य सवितु· परिष्टुति.॥

यजु ११. ४। श्वेताश्वतर २. ४।

इत्यादि पचासों वेद मन्त्रों का प्रमाण के रूप में उल्लेख किया गया है। ऐसी अवस्था में यह मानना कि उपनिषदों में वेदों के विरुद्ध क्रांति की गई है एक कोरी भ्रांति है। हा, उन में केवल वेदों के पाठ को पर्याप्त न समझ कर वेदप्रतिपाद्य परमात्मा के ज्ञान पर बल दिया गया है जो उचित ही है और जिस का ऊपर उद्धृत ऋग्वेद के 'ऋचो अक्षरे परमेव्योमन् · यस्तन्न वेद किमृचा करिष्यति' इस मन्त्र में स्पष्टतया प्रतिपादन है जिस का अर्थ गीता प्रकरण में लिखा जा चुका है। इस को वेदों की निन्दा समझ लेना जैसी भूल है वैसी ही उपनिषदों के इन वचनों से वेदों की निन्दा समझ लेना और उपनिषदों को वेदों के विरुद्ध क्रांति समझना भयङ्कर भूल है।

प्लवा ह्येते अदृढा यज्ञरूपाः। मुण्डक १ २ ७।

इत्यादि उपनिषदो के वचनों को वेदोक्त यज्ञमात्र की निन्दापरक समझ लेना यह भी भ्रममात्र है क्यों कि उपक्रम (प्रारम्भ) और उपसहार (अन्त वा समाप्ति) आदि देख कर ही अर्थ का निश्चय किया जाता है। जिस खण्ड में 'प्लवाह्येते अदृढा यज्ञरूपा' अर्थात् ये यज्ञरूप नौकाए बडी अदृढ हैं इस भाव के शब्द आये हैं उस खण्ड का प्रारम्भ निम्न वचनों से होता है—

तदेतत् सत्यं मन्त्रेषु कर्माणि कवयो यान्यपश्यंस्तानि त्रेतायां बहुधा सन्ततानि।
तान्याचरथ नियत सत्यकामा एष वः पन्थाः सुकृतस्य लोके॥

मु १ २ १।

यदा लेलायते ह्यर्चिः समिद्धे हव्यवाहने ।
तदाज्यभागावन्तरेणाहुतीः प्रतिपादयेत् ।।

मु १ २ २।

एतेषु यश्चरते भ्राजमानेषु यथाकाल चाहुतयो ह्याददायन् ।
त नयत्येता. सूर्यस्य रश्मयो यत्र देवाना पतिरेकोऽधिवास ।।

मु. १ २ ५।

एह्येहीति तमाहुतय सुवर्चस· सूर्यस्य रश्मिभिर्यजमान वहन्ति ।
प्रिया वाचमभिवदन्त्योऽर्चयन्त्य एष व: पुण्य सुकृतो ब्रह्मलोकः ।।

मु १ २. ६।

इन वचनों का तात्पर्य यह है कि वेदमन्त्रों में ऋषियों ने जिन यज्ञादि कर्मों का विधान पाया उन का हौत्र, अध्वर्यव और औद्गात्र इस त्रयो सयोगरूप त्रेता अथवा त्रेता युग में विशेष रूप से प्रचार हुआ। तुम भी सत्य की कामना करते हुए निश्चित रूप से उन यज्ञो का आचरण वा अनुष्ठान करो। लोक में पुण्य का तुम्हारे लिए यही मार्ग है। जब अग्नि अच्छी प्रकार प्रदीप्त हो तो उस में प्रात· और साय अच्छी प्रकार आहुति देनी चाहिये। जो पुरुष इन देदीप्यमान अग्निशिखाओं में यथा समय आहुतियां देता हुआ अग्निहोत्रादि शुभ कर्मों का आचरण करता है उसे ये सूर्य की रश्मियां या प्राण देवाधि देव परमेश्वर की ओर ले जाते हैं। वे दीप्तिमती आहुतिया मानो आओ, आओ यह तुम्हारे पुण्य कर्मों से प्राप्त पवित्र ब्रह्मलोक है ऐसी प्रिय वाणी कह कर यजमान का सत्कार करती हुई उसे ले जाती है। इस कवितामय अलङ्कारिक वर्णन से भी यह स्पष्टतया ज्ञात होता है कि उपनिषत्कार वेदमन्त्रों द्वारा विधिवत् किए गये यज्ञों को बड़ा महत्व देते हैं और वे उन्हें परमेश्वर की प्राप्ति में भी सहायक समझते हैं। इन से यज्ञमात्र की निन्दा का भाव किसी भी अवस्था में नहीं निकल सकता प्रत्युत 'तान्याचरथ नियत सत्यकामा' 'आहुतीः प्रतिपादयत्' इत्यादि द्वारा उन के नियम-पूर्वक श्रद्धा से करने का यहा विधान किया है। क्या कोई बुद्धिमान् इस बात को स्वीकार कर सकता है कि यज्ञों के करने का इतने स्पष्ट शब्दों में विधान कर के फिर कोई आप्त ऋषि स्वय उन की निन्दा करने लगेगा? यह बात मानने योग्य नहीं। अत इन विधिपरक वचनों के बाद जो—

प्लवा ह्येते अदृढा यज्ञरूपा., अष्टादशोक्तमवर येषु कर्म ।
एतच्छ्रेयो येऽभिनन्दन्ति मूढा जरामृत्यु ते पुनरेवापि यन्ति ।।

मु १ २ ७।

इत्यादि वचन उपनिषद् में आये हैं उनका तात्पर्य वेदोक्त यज्ञों की निन्दा से नहीं (जैसे कि भ्रांतिवश समझा जाता है) किन्तु उन लोगों की निन्दा से है जो इन बाह्य यज्ञों को ही सब कुछ समझ कर सच्चे ज्ञान को प्राप्त करने का भी यत्न नहीं करते । उन अर्थात ज्ञानरहित पुरुषों के ही विषय में कहा गया है कि वे बार-बार जन्म मरण के चक्र में आते हैं क्योंकि (ज्ञान के बिना) ये बाह्य यज्ञ रूप नौकाएं बड़ी कच्ची हैं जिनमें किया गया कर्म अवर – ज्ञानरहित और अतएव तुच्छ है ।

(अवरम्–केवल ज्ञानरहित कर्मेति शंकराचार्या.)

ऐसे ही ज्ञानरहित और केवल बाह्य यज्ञयागादि कर्मों को ही सब कुछ समझने वाले लोगों की निन्दा अगले तीन वचनों में भी पाई जाती है जो निम्नलिखित है—

'अविश्रायायन्तरे वर्तमाना' स्वय धीरा पण्डितम्मन्यमाना ।
जघन्यमाना. परियन्ति मूढा अन्धेनैव नीयमाना यथान्धा. ।।

मु १ २ ८।

अविद्यायां बहुधा वर्तमानाः, वय कृतार्था इत्यभिमन्यन्ति बाला. ।
यत् कर्मिणो न प्रवेदयन्ति रागात् तेनातुराः क्षीणलोकाश्च्यवन्ते ।।

मु १. २. ९।

इष्टापूर्तं मन्यमाना वरिष्ठं, 'नान्यच्छ्रेयो वेदयन्ते प्रमूढा.' ।
नाकस्य पृष्ठे ते सुकृतेऽनुभूत्वेम लोकं हीनतरं वाविशन्ति ।।

मु १ २. १०।

इनका भावार्थ यह है कि—१–जो अविद्या में पड़े हुए अपने को बड़ा बुद्धिमान् समझते हैं ऐसे मूर्ख, अन्धों के पीछे चलने वाले अन्धों की तरह इधर उधर भटकते रहते हैं । २–अविद्या में पड़े हुये मूर्ख अपने को कृतकृत्य समझ बैठते हैं । कर्म करने वाले जब रागादि के कारण ज्ञान को प्राप्त नहीं करते तो वे दुःखी होकर दुर्गति पाते हैं । ३–जो अत्यन्त मूर्ख यज्ञों और बावड़ी कुआ इत्यादि बनाने को ही सबसे श्रेष्ठ कर्म समझ कर कहते हैं कि इनसे अच्छी और कोई चीज नहीं जिसे जानने की आवश्यकता हो । वे अपने पुण्य कर्मों का फल भोग कर इस तथा इससे भी हीन लोक में प्रवेश करते हैं ।

ध्यानपूर्वक सारे प्रकरण को पढ़ने पर यह स्पष्टतया ज्ञात होता है कि यह निन्दा वेदोक्त यज्ञों की नहीं किन्तु उन लोगों की है जो इन बाह्य यज्ञों को ही सब कुछ समझ कर सन्तुष्ट हो जाते हैं और ब्रह्म तथा आत्मा के ज्ञान को प्राप्त करने का भी प्रयत्न नहीं करते ।

Library.thearyasamaj.org

इसे वेदों अथवा वेदोक्त यज्ञों की निन्दा समझ लेना तथा यह परिणाम निकालना कि उप निषदों में वेदों के विरुद्ध क्रान्ति का प्रतिपादन है एक भयकर भ्रान्ति है जिसे दूर करने के लिये हमें इस विवेचन की आवश्यकता प्रतीत हुई।

द्वितीय खण्ड

मध्यकालीन आचार्यों का मत

मध्यकाल में श्री शङ्कराचार्य, रामानुजाचार्य, मध्वाचार्य, बल्लभाचार्य, निम्बार्काचार्य, स्कन्द स्वामी, भरत स्वामी, सायणाचार्य, उव्वट, महीधरादि जो आचार्य तथा वेद भाष्यकार हुए हैं उन सब ने भी वेदों को ईश्वरोक्त ज्ञान स्वीकार करते हुए उन्हें परम प्रमाण माना है। श्री शङ्कराचार्य जी के वेदान्त भाष्य से ऊपर उद्धरण दिया ही जा चुका है। मध्वाचार्य जी ने जो द्वैतमत के प्रतिपादक सुप्रसिद्ध आचार्य हुए हैं ऋग्वेद के प्रथम ४० सूक्तों का भाष्य किया और उस के प्रारम्भ में लिखा—

मुनिस्तु सर्वविद्याना, भगवान् पुरुषोत्तम ।
विशेषतश्च वेदाना, यो ब्रह्माणमिति श्रुति ॥
ऋग्वेदादिकमस्यैव, श्वसित प्राह चापर ॥

अर्थात सब विद्याओं का विशेषत वेदो का ज्ञानदाता भगवान् विष्णु है जैसे कि—

यो ब्रह्माण विदधाति पूर्व, यो वै वेदाश्च प्रहिणोति तस्मै ।
तह देवम् आत्मबुद्धिप्रकाश मुमुक्षुर्वै शरणमह प्रपद्ये ॥

इस श्वेताश्वतर श्रुति में बताया गया है। दूसरी श्रुति (वृहदारण्यकोपनिषत्) में 'एतस्य वा महतो भूतस्य नि श्वसितमेतद् यद् ऋग्वेदो यजुर्वेद सामवेदोऽथर्ववेद 'इत्यादि द्वारा ऋग्वेदादि को भगवान का श्वास रूप कहा गया है। श्री मध्वाचार्य (स्वामी आनन्दतीर्थ) जी ने अपने सिद्धान्तों के समर्थन में ब्रह्मसूत्र भाष्यादि में प्राय वेदों के ही प्रमाणो को उद्धृत किया है। कहीं-कहीं पुराणों के वचन भी उन के ग्रन्थों में उद्धृत किए गये हैं किन्तु उन के विषय में उन्होने स्पष्ट लिख दिया है कि—

पुराणस्योपजीव्यश्च, वेद एव न चापर ।
तद्विरोधे कथ मान, तत्तत्र च भविष्यति ॥

अर्थात् पुराणों का उपजीव्य (आधार भूत प्रमाण) वेद ही है और नहीं। इसलिये

वेद से विरुद्ध होने पर उन को कैसे प्रामाणिक माना जा सकता है ? इसी प्रकार अन्य मध्यकालीन आचार्यों के ग्रन्थों से भी वेदों के महत्व विषयक वचन उद्धृत किए जा सकते हैं किन्तु ग्रन्थ विस्तार के भय से उन को यहां उद्धृत करना आवश्यक नहीं प्रतीत होता।

मध्यकालीन विद्वानों की कुछ भयंकर भूलें

किन्तु पूर्व इस के कि हम वेद विषयक प्राचीन सर्व शास्त्रसम्मत सिद्धान्त का युक्ति-युक्त अर्वाचीन निष्पक्ष विद्वानों द्वारा समर्थित विवेचन प्रारम्भ करें हम मध्यकालीन विद्वानों की कुछ भयङ्कर भूलों का निर्देश करना आवश्यक समझते हैं जिनके कारण ही अनेक पाश्चात्य विद्वानों और उन के भारतीय अनुयायियों ने वेदों के विषय में वे भ्रान्त धारणाएं बनाईं जिन का इस ग्रन्थ में सप्रमाण विवेचन और निराकरण किया जाएगा। उन में से जो कुछ प्रमुख भूलें निम्न हैं—

१ वेदों से तात्पर्य ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद इन चार मन्त्र संहिताओं का ही न ले कर ब्राह्मण ग्रन्थों और उपनिषदों को भी जो स्पष्टतया ऋषिकृत हैं (ईशोपनिषत् के कुछ मन्त्रों को छोड कर जो यजुर्वेद के ४० वें अध्याय से लिए गये हैं) उन्होंने वेदों में सम्मिलित कर लिया। वस्तुतः ब्राह्मण ग्रन्थ ब्रह्म अर्थात् वेद के व्याख्यान रूप हैं जिन में अनेक ऋषियों के इतिहास भी पाये जाते हैं। उपनिषदों वेदों और अपने अनुभव के आधार पर ऋषियों द्वारा निर्मित हैं जिन में वेदों को स्वयं परमेश्वर का वचन और निःश्वास रूप माना गया है जैसे कि पहले उद्धरण दे कर बताया जा चुका है।

२ यद्यपि श्री सायणाचार्यादि भाष्यकार भी वेदों को नित्य और अपौरुषेय मानते हैं जैसे कि—

'तस्मादपौरुषेयत्वान्नित्यत्वाच्च कृत्स्नस्यापि वेदराशेः' (अथर्व. भाष्योपोद्घाते) तथा—

यस्य निःश्वसितं वेदाः, यो वेदेभ्योऽखिलं जगत्।
निर्ममे तमहं वन्दे, विद्यातीर्थमहेश्वरम्॥

इत्यादि प्रत्येक वेदभाष्य के प्रारम्भ में लिखे श्लोकों से स्पष्टतया ज्ञात होता है तथापि वे वेदों में ऋषियों और राजाओं का अनित्य इतिहास मानते तथा उन के आधार पर वेद मन्त्रों की व्याख्या करते हैं। इतना ही नहीं, वे ऐसी अनेक असङ्गत आख्यायिकाएं लिखते हैं जिन्हें पढ कर किसी भी विचारशील व्यक्ति को लज्जित होना पडता है। ऋषियों को ही इन्हों ने मन्त्रों का कर्ता समझ लिया।

elibrary.thearyasamaj.org

३ वेदों के—

एकं सद् विप्रा बहुधा वदन्त्यग्निं यम मातरिश्वानमाहुः ।

ऋग्वेद १. २६४. ४६ ।

य एक इत् तमु ष्टुहि कृष्टीना बिचर्षणिः । पतिर्जज्ञे वृषक्रतु ॥

ऋ ६. ४५. १६ ।

इत्यादि सैकडों मन्त्रों के होते हुये भी जिन में स्पष्टतया एकेश्वरवाद का प्रतिपादन किया गया है सैकडों देवी-देवताओं की पूजा का विधान इन मध्यकालीन आचार्यों और वेदभाष्यकारों ने अपने ग्रन्थों में किया जो वस्तुत सर्वथा वैदिक-शिक्षा के विरुद्ध था। इस विषय पर आगे कुछ विस्तार से सप्रमाण विवेचन किया जायेगा। वेदों के—

अग्ने य यज्ञमध्वर विश्वत. परिभूरसि । स इद् देवेषु गच्छति ॥

ऋ. १. १. ४ ।

देवो देवानामसि मित्रो अद्भुतो वसुर्वसूनामसि चारुरध्वरे ।

ऋ १. ९४. १३ ।

भद्रो नो अग्निराहुतो भद्रारातिः सुभगा भद्रो अध्वरः । भद्रा उत प्रशस्तयः ॥

ऋ ८ ११ १९ । साय. य. १११ ।

इत्यादि सैकडो मन्त्रों के होते हुये भी जिन में यज्ञ को अध्वर के नाम से पुकारा गया है और जिस का अर्थ निरुक्तकार श्री यास्काचार्य ने 'अध्वर इति यज्ञनाम ध्वरतिर्हिंसा कर्मा तत्प्रतिषेध' (नि १ ७) व्युत्पत्ति के आधार पर हिंसा रहित शुभ कर्म किया है इन मध्यकालीन प्राय सभी आचार्यों ने यज्ञों में बकरों, घोडों, गौओं, बैलों तथा अन्य प्राणियों यहां तक कि मनुष्यों तक की हिंसा को शास्त्रविहित और स्वर्ग रूप पुण्य प्राप्ति जनक बताया जिस से महात्मा बुद्ध आदि को इन पशुहिंसात्मक यज्ञों के विरुद्ध प्रबल आन्दोलन करना पडा। चार्वाक जैसे नास्तिक मतों की उत्पत्ति में भी वेद विषयक इन अशुद्ध विचारों ने सहायता प्रदान की इस में सन्देह नहीं।

४ यथेमा वाचं कल्याणीमावदानि जनेभ्य. । यजु २६. २ ।

पचजना मम होत्र जुषध्वम् । ऋ १० ५३ ४ ।

समानं मन्त्रमभिमन्त्रये व. । ऋ. १०. १९०. ३ ।

इत्यादि सैकडों मन्त्रो के होते हुए भी जिन में वेदों को पढने और यज्ञादि करने का अधिकार सब मनुष्य मात्र को दिया गया है इन मध्यकालीन अनेक आचार्यों

ने शूद्रकुलोत्पन्न समस्त पुरुषों और सब स्त्रियों को उस अधिकार और कर्तव्य से वंचित रक्खा जिससे वे अज्ञान के गर्त में गिरते ही चले गये तथा पाखंड की वृद्धि हुई।

५ उनके अनुसार मूल वेदों में केवल कर्मकाण्ड का प्रतिपादन है न कि ज्ञान कर्म और उपासना के समुच्चय का। उनकी व्याख्या के अनुसार जो उनके समय में प्रचलित पौराणिक और तान्त्रिक विश्वासों तथा रीति रिवाजों से अनेक अंशों में प्रभावित हुई वेदों के अन्दर अग्नि, इन्द्र, मित्र, सरस्वती, रुद्र, मरुत इत्यादि की स्तुतियां तथा उनसे प्रार्थनाएं ही पाई जाती हैं, जीवनोपयोगी तत्वों और सदाचार तथा मानव कर्तव्य प्रतिपादक उपदेशों का उनमें अभाव सा है। देवी देवताओं के चरित्र भी प्राय अत्यन्त हीन हैं। मांस मद्य द्यूत सेवन, जादू टोने आदि से वेदों के अनेक अंश भरे पड़े हैं। वस्तुत ये धारणायें सर्वथा अशुद्ध हैं जैसे कि आगे प्रकरणानुसार दिखाया जाएगा। बहुत से पाश्चात्य विद्वानो ने इन्हीं मध्यकालीन वेदभाष्यों का अधिकतर अनुसरण किया और अपनी पक्षपातपूर्ण कल्पनाओं को भी ईसाई मत की श्रेष्ठता प्रतिपादन करने के लिये इनके साथ जोड़ लिया जिससे वे वेदों के यथार्थ विशुद्ध रूप समझने में असमर्थ हो गए और अन्यों को भी मार्ग भ्रष्ट करने का कारण बने। ये मध्यकालीन सायणाचार्य उव्वटादि व्याकरणादि के विद्वान् होते हुए भी योगी वा ऋषि न थे और न इन्हे वेदान्तर्गत विविध विद्याओं का ज्ञान था अत 'न ह्येष प्रत्यक्ष-मस्त्यनृषेरतपसो वा। पारोवर्षवित्सु तु खलु वेदितृषु भूयोविद्य प्रशस्यो भवति।' (निरुक्त अ १ ष १४) इस वचन के अनुसार कि जो ऋषि और तपस्वी नहीं वह इन वेद मन्त्रो के अर्थ का साक्षात्कार नहीं कर सकता। वेद पढने वालों में जो जितना अधिक विविध विद्याओं के जानने वाला होता है उतना ही वह प्रशसनीय होता और वेदों के वास्तविक अर्थ को समझने में समर्थ होता है ये लोग वेदों के रहस्य को समझने में प्राय असमर्थ रहे और कई स्थानों पर ऐसे अश्लील तथा भ्रष्ट अर्थ करके वेदों को कलङ्कित कर गये कि उनको पढते हुए भी सिर लज्जा के मारे झुक जाता है। इन भूलो तथा इनके परिणामो का हम प्रकरणानुसार आगामी अध्यायों में दिग्दर्शन कराएगे। इन मध्यकालीन विद्वानों के लेखों में जो परस्पर विरुद्धता, असङ्गतता तथा सामान्य बुद्धि हीनता अनेक स्थानो पर पाई जाती है उसे देखकर अत्यन्त आश्चर्य होता है।

महात्मा गौतम बुद्ध और वेद

महात्मा गौतम बुद्ध एक जगद्विख्यात महापुरुष थे जिनकी २५०० वीं वर्ष जयन्ती

बड़े समारोह के साथ संसार में प्राय. सब भागों में गत वैशाख पूर्णिमा पर मनाई गई है। वे एक बड़े सुधारक थे जिन्होंने जन्मसिद्ध जातिभेद, यज्ञों में पशुहिंसादि कुरीतियों को दूर करने का प्रशंसनीय प्रयत्न किया। उनके विषय में प्राय. यह माना जाता है कि वे वेदों के घोर विरोधी थे और उन्होंने अपने वचनों में वेदों की बड़ी निन्दा की है किन्तु वस्तुत. वे वेदों और सच्चे धार्मिक वेदज्ञों के लिये बड़े आदर का भाव रखते थे यह सुत्त-निपात आदि के अनेक वचनों से ज्ञात होता है जिन में से कुछ अतिस्पष्ट वचनों का यहां उल्लेख किया जाता है।

वेदज्ञ का महत्व

वेदगू अर्थात् वेदज्ञ का महत्व महात्मा बुद्ध ने इन शब्दों में बताया है—

सम समादाय वतानि जन्तु उच्चावच गच्छति सञ्ञासत्तो।
विद्वा च वेदेहि समेच्च धम्मं, न उच्चावचं गच्छति भूरिपञ्ञो॥

सुत्तनिपात २९२।

अर्थात् इन्द्रियों के आधीन होकर अपनी इच्छा से कुछ काम तथा तप करते हुए लोग ऊंची नीची अवस्था को प्राप्त करते हैं किन्तु—

विद्वांश्च वेदैः समेत्य धर्मं, नोच्चावच गच्छ तिभूरिप्रज्ञः।

जो विद्वान् वेदों के द्वारा धर्म का ज्ञान प्राप्त करता है उस की ऐसी डावाडोल अवस्था नहीं होती।

इस श्लोक से महात्मा बुद्ध की वेदों पर अत्यधिक श्रद्धा सूचित होती है और धर्म का ज्ञान वस्तुत वेदों द्वारा ही हो सकता है यह भी उन का अभिप्राय ज्ञात होता है।

सुत्तनिपात श्लोक ३२२ (नावासुत्त) में महात्मा बुद्ध ने कहा है—

एव पि यो वेदगु भावितत्तो, बहुस्सुतो होति अवेध धम्मो।
सो खो परे निज्झपये पजाना, सोतोवधानूपनिसूपपन्नो॥

अर्थात् जो वेद जानने वाला है, जिसने अपने को सधा रक्खा है, जो बहुश्रुत है और धर्म का निश्चयपूर्वक जानने वाला है वह निश्चय से स्वय ज्ञानी बन कर अन्यों को जो सीखने के अधिकारी हैं उन्हें ज्ञान दे सकता है।

यहां भी वेद जानने वाला धर्मात्मा सयमी पुरुष ही औरों को सच्चा ज्ञान दे सकता है यह महात्मा बुद्ध ने स्पष्ट बताया है। इस से उन की वेदों और सच्चे धर्मात्मा वेदज्ञों पर श्रद्धा ही सूचित होती है। सुत्तनिपात श्लोक ५०३ में महात्मा बुद्ध ने कहा है—

elibrary.thearyasamaj.org

यो वेदगू ज्ञानरतो सतीमा, सम्बोधिपत्तो सरणं बहूनाम् ।
कालेन तम्हि हव्यं पवेच्छे, यो ब्राह्मणो पुञ्ञपेक्खो यजेथ ॥

संस्कृतानुवाद—

(यो वेदज्ञो ध्यानरतः स्मृतिमान्, सबोधप्राप्त. शरणं बहूनाम् ।
कालेन तं हि हव्यं प्रवेशयेत्, यो ब्राह्मण· पुण्यप्रेक्षोयजेत)

अर्थात् जो वेद को जानने वाला, ध्यानपरायण, उत्तमस्मृति वाला ज्ञानी बहुतों को शरण देने वाला हो, जो पुण्य की कामना वाला यज्ञ करे वह उसी को भोजनादि खिलाए। यहां भी सच्चे वेदज्ञ के प्रति (जो वेदो की शिक्षाओ के अनुसार आचरण करने वाला हो) बडे आदर का भाव प्रकट किया गया है यह स्पष्ट है।

वेदज्ञ ब्राह्मण प्रशसा

सुत्तनिपात श्लोक १०५६ में महात्मा बुद्ध की निम्न उक्ति पाई जाती है—

यं ब्राह्मण वेदगुं अभिजञ्ञा, अकिञ्चनं कामभवे असत्तं ।
अद्धा हि सो ओघमिम अतारि, तिण्णो च पारं अखिलो अकखो ॥

संस्कृतानुवाद–

यं ब्राह्मण वेदज्ञम् अभिज्ञातवान्, अकिञ्चनं कामभवे असक्तम् ।
अद्धा हि स ओघमिमम् अतारीत् तीर्णश्च पारम् अखिल. अकाक्ष ॥

अर्थात् जिस ने उस वेदज्ञ ब्राह्मण को जान लिया जिस के पास कुछ धन नहीं और जो सासारिक कामनाओ में आसक्त नहीं, वह आकाक्षारहित सचमुच इस ससार सागर से तर जाता है। सुत्तनिपात श्लोक १०६० में महात्मा बुद्ध ने कहा है—

विद्वा च सो वेदगू नरोइध, भवाभवे संग इम विसज्जा ।
सो वीततण्हो अनिघो निरासो, अतारि सो जाति जरांति ब्रूमीति ॥

संस्कृतानुवाद—

विद्वाश्च स वेदज्ञो नर. इह, भवाभवे संगमिमं विसृज्य ।
स वीततृष्णोऽनघो निराशी, अतारीत् स जातिजरामिति ब्रवीमि ॥

अर्थात् वेद को जानने वाला विद्वान् इस संसार में जन्म या मृत्यु में आसक्ति का परित्याग कर के और तृष्ण तथा पापरहित होकर जन्म और वृद्धावस्था से रहित हो जाता है ऐसा मै कहता हूं।

elibrary.thearyasamaj.org

यहा भी सच्चे वेदज्ञ ब्राह्मणो के प्रति महात्मा बुद्ध का आदर भाव स्पष्ट है। एक वेद निन्दक नास्तिक के ये उद्गार कभी नहीं हो सकते जो इस तथा ऊपर उद्धृत श्लोको में प्रकट किये गये हैं।

सुत्तनिपात श्लोक ८४६ को भी यहा उद्धृत कर के मै इस प्रसङ्ग को समाप्त करना चाहता हू जहा महात्मा बुद्ध ने कहा है—

न वेदगू दिट्ठिया न सुतिया स मानमेति नहि तन्मयोसो।
न कम्मुना नापि सुतेन नेय्यो, अनूपनीतो सो निवेशनेसु॥

सस्कृतानुवाद—

न वेदज्ञो दृष्टया न मिथ्या, स मानमेति नहि तन्मयः सः।
न कर्मणा नापि श्रुतेन नेय, अनूपनीत स निवेशनेषु॥

अर्थात् वेद को जानने वाला सासारिक दृष्टि और असत्यविचारादि से कभी अहङ्कार को प्राप्त नहीं होता। केवल कर्म और श्रवणादि से भी वह प्रेरित नहीं होता। वह किसी प्रकार के भ्रम में नहीं पडता। इस प्रकार निष्पक्ष भाव से अनुशीलन करने पर हम इस परिणाम पर पहुचते है कि महात्मा बुद्ध वेदो और वेदज्ञों के प्रति बडा आदर का भाव रखते थे किन्तु जिनका आचरण पवित्र न था और जो यज्ञो में पशुहिंसादि प्राचीनधर्म विरुद्ध कार्यों को करते थे (जैसे कि ब्राह्मणधम्मिक सुत्त के वचन उद्धृत कर के बताया जा सकता है) उन्हें वे निन्दनीय समझते थे। तैविज्जसुत आदि में ऐसे ही दुराचारी, वेदों का नाममात्र पाठ करने वालो की निन्दा है। उसे वेदो वा सच्चे धर्मात्मा वेदज्ञों की निन्दा समझ लेना भूल है। सुन्दरिक भारद्वाज सुत्त में कथा आती है कि सुन्दरिक भारद्वाज जब यज्ञ समाप्त कर चुका तो वह किसी श्रेष्ठ ब्राह्मण को यज्ञशेष देना चाहता था। उस ने सन्यासी गौतम बुद्ध को देखा। उस ने उन की जाति पूछी। उन्होने कहा कि जाति नहीं पूछनी चाहिये। मै ब्राह्मण हूं। उस को सत्य का उपदेश देते हुए महात्मा बुद्ध ने कहा कि—

यदन्तगू वेदगू यज्ञकाले, यस्साहुति लभे तरस इज्जेति ब्रूमि।

सुत्तनिपात ४५८।

अर्थात् वेद को जानने वाला जिसकी आहुति को प्राप्त करे उस का यज्ञ सफल होता है ऐसा मै कहता हू। इस से भी स्पष्ट है कि वे यज्ञ, वेद और वेदज्ञ सब के प्रति आदर का भाव रखने वाले थे। क्या ऐसे को कभी नास्तिक कह सकते हैं? कभी नहीं। सुन्दरिक भारद्वाज ने गद्गद् होकर कहा कि मेरा यज्ञ सफल हो गया जिसे आप जैसे वेदज्ञ महापुरुष के दर्शन हो गये। यदि आप जैसे के दर्शन न होते तो मेरे यज्ञशेष को कोई और सामान्य

व्यक्ति खा जाता।

गौतम का वेदाध्ययन

सिद्धार्थ गौतम ने ब्रह्मचारी बन कर वेदों का नियम पूर्वक अध्ययन किया था यह ललित विस्तर नामक बुद्ध के जीवन चरित्र में स्पष्ट लिखा है—

स ब्रह्मचारी गुरुगेह वासो, तत्कार्यकारी विहितान्नभ जी।
सायं प्रभातं च हुताशसेवो, व्रतेन वेदाश्च समध्यगीष्ट॥

इस श्लोक का अर्थ यह है कि उस सिद्धार्थ गौतम ने ब्रह्मचारी बन कर गुरु के कुल में निवास और उन की सेवा करते हुए शास्त्रविहित भोजन, प्रात साय हवन और व्रतों को धारण करते हुए वेदों का अध्ययन किया।

वेदों के विषय में आदर सूचक उन के विचार (जिन में से कुछ का ही विस्तार भय से यहा उल्लेख किया गया है) उनके अपने अध्ययन का परिणाम स्वरूप होगे। तब प्रश्न उत्पन्न होता है कि महात्मा बुद्ध के विषय मे यह प्रसिद्धि कैसे हो गई कि वे वेद निन्दक हैं और आगे जाकर उन के अनुयायी कैसे वेदविमुख नास्तिक हो गये। मुझे ऐसे प्रतीत होता है कि यद्यपि महात्मा बुद्ध ने वेदों का बाल्यावस्था में अध्ययन किया था और उन की वेदों पर आस्था भी थी तथापि वे वेदों के धुरन्धर विद्वान् न थे। सुत्तनिपात के कलह विवाद-सुत्त, चूल् वियूह सुत्त आदि पढने से स्पष्ट ज्ञात होता है कि महात्मा बुद्ध वादविवाद से दूर रहना पसन्द करते थे और अपने शिष्यो को भी ऐसा ही उपदेश देते थे। ऐसी अवस्था में यदि उन दिनों के यज्ञो में पशुहिंसा पक्षपाती कुछ ब्राह्मणों ने वेदो का नाम ले कर हिंसा का समर्थन किया हो और उस पर आग्रह किया हो तो सम्भव है वादविवाद वा शास्त्रार्थ में न पडने के लिये (क्योंकि उस के लिए वेदों का धुरन्धर विद्वान् होना आवश्यक था) महात्मा बुद्ध ने कभी यह कह दिया हो कि यदि सचमुच वेदों में पशुहिंसा का ऐसा समर्थन है (यद्यपि मैं ऐसा नहीं मानता) तो मैं ऐसे वेदो को भी मानने के लिए तैयार नहीं। मुझे यह लिखते हुये महात्मा गान्धी की यरवदा जेल में ६ मार्च १९३३ को कही हुई एक बात याद आ रही है। बातचीत में पूज्य महात्मा गाधी जी ने मुझे कहा कि पूना आदि स्थानों के कई पण्डित मेरे पास आते और कहते है कि वेदों में तो घोड़ो, बैलों, बकरियो और गौओं तक की बलि का यज्ञो में विधान है। महात्मा जी ने आगे कहा कि मैं इन पण्डितो को उत्तर देता हूं कि मैं ऐसा नहीं मानता कि वेद जैसे पवित्र शास्त्र में ऐसी बुद्धि और नीति विरुद्ध बात होगी पर जब वे आग्रह करते हैं तो मैं कह देता हू कि यदि सचमुच वेदों में ऐसा विधान पाया जाता है तो मैं ऐसे वेदों को भी मानने को तैयार नहीं। जब मैंने निवेदन किया कि पूज्य महात्मा जी ! आप को ऐसी बात कभी मुख से नहीं

निकालनी चाहिये। इस का परिणाम यह होगा कि आप के अनुयायी भी महात्मा बुद्ध के अनुयायियो की तरह (जो वस्तुत नास्तिक न थे यह आप का कथन यथार्थ है) नास्तिक हो जाएगे। वास्तव में वेदो में पशुहिंसात्मक यज्ञादि का विधान कहीं नहीं। तो महात्मा जी कहने लगे—मै भी ऐसा ही समझता हू पर मै क्या करूं ? मै इन पण्डितो के साथ शास्त्रार्थ नहीं कर सकता क्योंकि वेदशास्त्रों का मै इतना विद्वान् नहीं। मैने निवेदन किया कि आप की ओर से शास्त्रार्थ हम लोग कर लेंगे पर आप को ऐसे वाक्य भूल कर भी मुख से नहीं निकालने चाहियें।

मुझे महात्मा बुद्ध की वेदविषयक मनोवृत्ति भी महात्मा गान्धी के समान प्रतीत होती है। ब्राह्मणधम्मिक सुत्त आदि से स्पष्ट है कि पशुहिंसात्मक यज्ञों को वे वेदविहित न न मान कर धूर्त लोगों की मिलावट मानते थे। ऐसे पशुहिंसात्मक, वेदो के नाम से कल्पित वचनों की वे निन्दा करते थे पर शास्त्रार्थ के लिये योग्यता और रुचि न होने के कारण कभी इस प्रकार के शब्द उन के मुख से निकल जाते हों कि यदि वस्तुत वेदो में ऐसा विधान हो तो मै उन्हें भी मानने को उद्यत नहीं तो उन्हें ही वेदनिन्दा अथवा वेदों से इन्कार के रूप में लोगो ने ले लिया यह सम्भव है। वस्तुत उन की वेदो के विषय में कैसी आस्था थी यह ऊपर उद्धृत वचनो से स्पष्ट है।

गुरु ग्रन्थ साहेब और वेद

वेद विषयक मध्यकालीन विद्वानो तथा भाष्यकारों के विचारों की चर्चा करते हुए सिक्ख मत के प्रवर्तक गुरु नानक और अन्य गुरुओ के विचारो का भी उल्लेख कर देना उचित प्रतीत होता है।

इन्होने वेदों के विषय में प्राय स्थानो पर अपना भक्ति भाव दिखाया है जिस का दिग्दर्शन इस दृष्टि से भी आवश्यक है कि आजकल के सिक्ख अधिकतर वेदशास्त्र विरोधी हैं और उन में से अनेक तो अपने को आर्य हिन्दुओं से सर्वथा पृथक् समझते हैं।

कुछ स्पष्ट तथा प्रमुख वचनो को ही यहा उद्धृत किया जाता है।

५ ओकार वेद निरमए। राग रामकली महला १ ओंकार शब्द १

अर्थात् ईश्वर ने वेद बनाए।

२ हरि आज्ञा होए वेद पाप पुन्न विचारिआ।

मारु डखणे महला ५ शब्द १।

अर्थात् ईश्वर की आज्ञा से वेद हुए जिस से मनुष्य पाप पुण्य का विचार कर सकें।

३ सामवेद, ऋग जजुर अथर्वण । ब्रह्मे मुख माइया है त्रैगुण । ताकी कीमत कीत कहु न सकै को तिउ बोलै जिउ बोलाइदा ॥

मारुसोलहे महला १ शब्द १७ ।

यहा भी चारो वेदो का नाम लेकर कहा है कि उन की कीमत (महत्व) कोई नहीं बता सकता । वे अमूल्य और अनन्त हैं ।

४ ओकर उत्पाती । किया दिवस सभराती वणतृणत्रिभवन पाणी । चार वेद चारे खाणी ॥ राग मारु महला ५ शब्द १७ ।

यहा कहा है कि ओकार (परमेश्वर) ने ही दिन रात, वन, घास तीनो लोक पानी आदि को बनाया और उसी ने चार वेदो को बनाया जो चार खानो के समान (ज्ञान कोष) हैं ।

वसन्त अष्टपदिया महला १ अ ३ मे वेदो के ज्ञान की अनन्तता का इन शब्दो में वर्णन पाया जाता है—

५. वेद बखान कहहि इक कहिये । ओह दे अन्त अन्त किन लहिये ?

वेद के ज्ञान से अज्ञान मिट जाता है और उन के पाठ से बुद्धि शुद्ध होकर पापों का नाश हो जाता है इस बात को निम्न शब्दों में सूचित किया गया है—

६. दीवा तल अन्धेरा जाई । वेद पाठ मति पापा खाई । उगवै सूर न जापै चन्द, जहां गियान (ज्ञान) प्रगास अज्ञान मिटन्त ।

असंख्य ग्रन्थों के होते हुए भी वेद का पाठ सब से मुख्य है इन बात को जपुजी १७ में इन शब्दों में बताया गया है—

७ असख ग्रन्थ मुखि वेद पाठ ॥

वेद शास्त्रो में मुख्यतया परब्रह्म का ही प्रतिपादन है इस बात को 'सर्वे वेदा यत्पदमामनन्ति' के अनुसार गौंड महला ५ शब्द १७ में इस प्रकार बताया गया है—

८ स्मृति सासत्र (शास्त्र) वेद पुराण । पार ब्रह्म का करहि बखियाण ॥

९ साधु सज्जन सदा वेद का व्याख्यान करते हैं किन्तु भाग्यहीन नीच मनुष्य कुछ समझता नहीं । इस बात को टोडी महला ५ शब्द २० में इन प्रकार बताया गया है—

वेद बखियान करत साधुजन, भागहीन समझत नही ॥

१० वेदो के पढने से उत्तम विद्या भगवान् की कृपा से बढती है इस बात का सलोक सह-

स्कृति महला ५ । १४ में इन शब्दों में वर्णन किया गया है—

कहत वेदा गुणन्त गुणिया, सुणत बाला वह विधि प्रकारा । दृडन सुविद्या हरि हरि कृपाला ।।

११ गाथा महला ५ २० में वेद शास्त्र के विचार करने से परमेश्वर का स्मरण होता है और सारा कुल तर जाता है इस बात को निम्न शब्दो द्वारा सूचित किया गया है—

वेद पुराण सासत्र (शास्त्र) विचार, एक कार नाम उरधार ।
कुलह समूह सगल उधार, वडभागी नानक को तार ।।

१२ वेदों में एक परमेश्वर के स्मरण करने का उपदेश है । इस बात को राग सोरठ महला ९ शब्द ५ में निम्न शब्दों द्वारा प्रकट किया गया है—

कल में एक नाम कृपानिधि जाहि जपे गति पावै ।
और धरम ताके सम नाहन इह विधि वेद बतावै ।।

१३ कबीर जी का निम्न वचन भी जो गुरु ग्रन्थ साहेब के राग प्रभाती कबीर जी शब्द ३ में पाया जाता है । इस प्रकरण में महत्वपूर्ण होने के कारण विशेष उल्लेखनीय है—

वेद कतेब कहहु मत झूठे झूठा जो न विचारे ।।

अर्थात् वेद शास्त्र को झूठा मत कहो । झूठा वह है जो विचार नहीं करता ।

१४ दशम गुरु ग्रन्थ साहिब में वेद की प्रशसा में अनेक वचन आये हैं जिन में से विचित्र नाटक अध्याय ४ का गुरु गोविन्दसिंह जी का निम्न वचन उदधृत किया जाता है—

भुजङ्गप्रयात छन्द—

जिनै वेद पठ्यो सुवेदी कहाए, तिने धरम के करम नीके चलाए ।
पठे कागदं मद्र राजा सुधार, आपो आप में वैरभावं विसारं ।। १
नृप मुकलिय दूत सो कासी आय सभै वेदिय भेद भाखे सुनाय ।
सभे वेदपाठी चले मद्र देशे, प्रणामं कियो आन कै कै नरेसे ।। २
धुन वेद की भूप तातें कराई, सभेपास बैठे सभा बीच भाई ।
पढे सामवेद जुजुरवेदकत्थ, ऋग वेद पाठ्य करे भाव हत्थं ।। ३

रसावल छन्द—

अथरववेद पठय । सुनियो पाप नठिय । रहा रीझ राजा । दीआ सरब साजा ।। ४

इस वर्णन में बताया गया है कि जिन्होने वेद पढा वे वेदी कहाए (गुरु नानक जी का जन्म इसी वेदी परिवार में हुआ) उन्होंने उत्तम धर्म के कर्म चलाए। वेद पाठी मद्र देश में गये। राजा ने उन्हें प्रणाम किया। राजा ने उन वेदपाठियो से वेद की ध्वनि करवाई। सामवेद, यजुर्वेद, ऋग्वेद, अथर्ववेद सब वेदो का पाठ करवाया गया जिस के सुनन से भी पाप भाग गया। राजा अत्यन्त प्रसन्न हुआ। उस ने उन वेदपाठियो को बहुत सी दक्षिणा दी इत्यादि। इन प्रकार वेदो की पवित्रता और श्रेष्ठता का प्रतिवादन है।

एक वचन ऐसा भी है जिस में चार ऋषियो के द्वारा चार वेदो को देने का स्पष्ट वर्णन है। यथा—


चार दीवे चहु हथ दीए, एका एकी वारी।

वसन्त हिंडोल महला १ शब्द १।

इन का भाव यह है कि चार दीवे (दीपक) अर्थात् ४ वेद (चह हथ दीए) अग्नि, वायु, आदित्य और अङ्गिरा इन चार के द्वारा दिये एक वार ही (अर्थात सृष्टि के प्रारम्भ में चार वेद चार ऋषियो के द्वारा दिये गये।) जहां कहीं गुरुवचनों में वेदों की निन्दा प्रतीत होती है वह वेदों की निन्दा नहीं किन्तु उन लोगों की है जो केवल वेद का पाठ करते पर उन के अनुसार पवित्र आचरण नहीं बनाते।

इस प्रकार गुरुग्रन्थ साहेब के अनेक वचनो द्वारा भी वेदों का महत्व तथा ईश्वरीयत्व स्पष्टतया सूचित होता है।

दारा शिकोह ने जो कुख्यात मतान्ध औरङ्गजेब का बड़ा भाई था वेदो के महत्व के विषय में बहुत कुछ लिखा। उस ने ईशोपनिषत् तथा अन्य उपनिषदो का फारसी में अनुवाद भी किया। वह वेदो को ईश्वरीय ज्ञान मानता था और उस का विश्वास था कि कुरान में भी कई स्थानों पर एक पुराने ईश्वरीय ज्ञान का सकेत है जो वेद के अतिरिक्त कुछ नहीं। उस के विचारो को हम 'वेदों के महत्व और उस के कारण' विषयक द्वितीय अध्याय में लिखेंगे। अन्य अनेक विविध मतावलम्बी विद्वानों के विचारो को भी जो उन्होंने वेदो की उच्च शिक्षाओ से प्रभावित हो कर प्रकट किये उसी अध्याय में दिखाएंगे। यहां सक्षेप से कुछ वर्तमान युग क विद्वानो के वेद विषयक विचारो का दिग्दर्शन कराते हैं जिन पर आवश्यक विवेचन इस पुस्तक के अन्य अध्यायों में प्रकरणानुसार किया जाएगा।



तृतीय खण्ड

वर्तमान युग के विद्वानो के वेद विषयक विचार

वर्तमान युग में वेदो के विषय में कुछ पाश्चात्य विद्वानों ने बहुत कुछ लिखा। उन में से प्रो० मैक्समूलर, रोजन, लुडविग, ग्रासमैन (वेदों के जर्मन भाषा में अनुवादक) ओल्डेनबर्ग, डा० वीवर, कोलब्रुक, सर विलियम जोन्स, वर्नफ, रुडाल्फ रौथ, विल्सन (ऋग्वेद के सायण भाष्य के अङ्गरेजी में अनुवादक), ब्लूमफील्ड, ह्विटनी (अथर्ववेद के अङ्गरेजी मे अनुवादक) कीथ, नैक्डौनल् ह्विन्टनीज, जैकोबी, ग्रिफिथ (चारों वेदों के अङ्गरेजी में अनुवादक) रेवरेन्ड स्टीवन्सन् (सामवेद के अङ्गरेजी में अनुवादक) इत्यादि अत्यन्त प्रसिद्ध है। इन में से रौथ जैसे कुछ थोडे से विद्वानों को छोड कर शेष सायण, महीधर आदि पौराणिक भाष्यकारो के अनुयायी थे। विल्सन ने तो ऋग्वेद के सायण भाष्य का अङ्गरेजी म अनुवाद किया ही, अन्यों ने भी प्राय. उस का तथा मध्यकालीन पौराणिक वा वाममार्गी महीधरादि का अनुसरण किया। अत उन के ग्रन्थों में वे भूलें और भी अधिकता से पाई जाती है जिन का हम पहले निर्देश कर चुके हैं। ग्रिफिथ ने अपने यजुर्वेद के अनुवाद की भूमिका मे स्पष्ट लिखा—

'All that I have attempted to do is to give a faithful translation to the best of my ability, of the texts and sacrificial formulas of the Vedas, with just sufficient commentary, chiefly from Mahidhar, to make them intelligible'

अर्थात् मैंने जो कुछ प्रयत्न किया है वह इतना ही है कि अपनी योग्यता के अनुसार उन मन्त्रों और याज्ञिक प्रक्रियाओ का ठीक-ठीक अनुवाद मुख्यतया महीधर के भाष्य के आधार पर दिया है ताकि पाठक उन्हें समझ सकें। महीधर वाममार्गी था और उसने यजुर्वेद के मन्त्रो का अत्यन्त अश्लील और वाहियात भाष्य किया है जिसकी निस्सारता और अशुद्धता को हम प्रकरणानुसार आगे दिखाएगे। साथ ही वर्तमान युग के धुरन्धर वैदिक विद्वान् स्वनामधन्य महर्षि दयानन्द ने उन मन्त्रों की जो व्याख्या ब्राह्मणग्रन्थादि के आधार पर की है उस को उद्धृत करते हुए यह भी दिखाएगे कि अब स्वय पौराणिक विद्वान् भी कैसे महीधरादि के अर्थों का परित्याग कर के उनकी उत्तम यौगिक शैली से राज प्रजाधर्मादि परक वा आध्यात्मिक व्याख्या कर रहे हैं। इन पाश्चात्य विद्वानों के विषय में निस्सकोच कहा जा सकता है कि उनकी बहुसख्या का वेदों के अनुवाद करने अथवा वेद विषयक ग्रन्थ लिखने में भाव निष्पक्ष और शुद्ध न था प्रत्युत प्राचीन आर्य धर्म की हीनता दिखा कर ईसाइयत की श्रेष्ठता

अथवा विकासवाद की सच्चाई का प्रतिपादन करना था। मोनियर विलियम्स, मैक्डोनेल और कीथ का नाम इन पाश्चात्य विद्वानों के प्रमुख सज्जनों के रूप में लिया जा सकता है। उन्होंने ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में संस्कृत के प्रोफेसर के रूप में जिस बौडनट्रस्ट की ओर से अनेक वर्षों तक कार्य किया उस के उद्देश्य के विषय में मोनियर विलियम्स ने अपनी सुप्रसिद्ध Sanskrit English Dictionary की भूमिका में जो शब्द लिखे वे विशेष रूप से ध्यान देने योग्य हैं। उन्होंने लिखा—

That the special object of his (Boden's) munificent bequest was to promote the translation of the Scriptures into Sanskrit, so as to enable his countrymen to proceed in the 'conversion of the natives of India to the Christian religion.'

अर्थात् बौडन महोदय के उदार दान का मुख्य उद्देश्य ईसाइयों के धर्मग्रन्थों का संस्कृत में अनुवाद कराना था ताकि उस के देशवासी, भारतीयों को ईसाई मत की दीक्षा देने के कार्य में अग्रसर हो सकें।

प्राच्यविद्या विशारदों में अग्रणी माने जाने वाले प्रो० मैक्समूलर का उद्देश्य भी वेदों के अनुवाद करने आदि में शुद्ध न था और उस का लक्ष्य भारतीयों को ईसाई बनने में प्रवृत्त वा प्रोत्साहित करना था यह निम्नलिखित पत्रव्यवहार से स्पष्ट ज्ञात होता है।

प्रो० मैक्समूलर ने उन दिनों भारत मन्त्री ड्यूक् आफ् आर्गायल को १६ दिसम्बर १८६८ के एक पत्र में लिखा—

The ancient religion of India is doomed and if Christianity does not step in, whose fault will it be ?

अर्थात् भारत के प्राचीन धर्म का नाश तो अब निश्चित है और यदि ईसाइयत आ कर उस का स्थान न ग्रहण करे तो यह किस का दोष होगा ?

सन् १८६८ में अपनी पत्नी के नाम एक पत्र लिखते हुए प्रो० मैक्समूलर ने लिखा—

'I hope I shall finish that work and I feel convinced though I shall not live to see it, yet this edition of mine (of the Rig Veda) and the translation of the Vedas will hereafter tell to a great extent on the fate of India and on the growth of millions of souls in that country. It is the root of their religon and to show them what the root is, is I feel sure, 'the only way of uprooting' all that has been

sprung from it during the last three thousand years.'

अर्थात् मुझे आशा है कि मैं उस काम को (वेदों का सम्पादनादि) पूरा कर दूंगा और मुझे निश्चय है कि यद्यपि मैं उसे देखने के लिए जीवित न रहूंगा तो भी मेरा ऋग्-वेद का यह संस्करण और वेदो का अनुवाद भारत के भाग्य और लाखों भारतीयों के आत्माओ के विकास पर प्रभाव डालने वाला होगा। यह (वेद) उन के धर्म का मूल है और मूल को दिखा देना, उस से पिछले तीन हजार वर्षो में जो कुछ निकला है उस को मूल सहित उखाड देने का सब से उत्तम प्रकार है।

श्री पुसे का प्रो० मैक्समिलर को पत्र

प्रो० मैक्समूलर के एक घनिष्ठ मित्र ई० बी० पुसे ने उन्हें जो पत्र लिखा वह भी इस प्रसङ्ग में उल्लेखनीय है। उसने लिखा—

'Your work will form a new era in the 'efforts for the conversion of India' and Oxford will have reason to be thankful that by giving you a home, it will have facilitated a work of such primary and lasting importance on the conversion of India, and which by enabling us to compare that early 'false religion' with the true, illustrates the more than blessedness of what we enjoy.'

अर्थात् आपका कार्य भारतीयों को ईसाई बनाने के यत्न में नवयुग लाने वाला होगा और ऑक्सफोर्ड को अपने को धन्य समझने का अवसर होगा कि उस ने आपको आश्रय देकर भारत को ईसाई बनाने के प्रथम और अत्यावश्यक कार्य को सुगम बना दिया। साथ ही यह आपका कार्य हमें समर्थ बनाएगा कि हम पुराने झूठे धर्म को सच्चे (ईसाई) धर्म के साथ तुलना का आनन्द उठाए इत्यादि।

भारतीयो को ईसाई बनने की धुन प्रो० मैक्समूलर के सिर पर कैसी सवार थी यह श्री एन के मजूमदार नामक ब्रह्मसमाजी सज्जन को सन् १८९९ में लिखे एक पत्र से भलीभांति ज्ञात होता है जिस में प्रो० मैक्समूलर ने लिखा था—

Tell me some of your chief difficulties that prevent you and your countymen from openly following Christ and when I write to you, I shall do my best to explain how I and many who agree with me have met them and solved them From my point of view India, at least the best part of

it is already converted to Christianity. You want no persuation to become a follower of Christ. Step boldly forward; it will not break under you and you will find many friends there to welcome you on the other shore and among them none more delighted than your old friend and fellow-labourer, F. Maxmuller.

(Life and Letters of F. M. Muller Pbulished by Mrs. Georgina Maxmuller London 1902)

अर्थात् आपको और आप के देशवासियो को खुले तौर पर ईसामसीह की शरण में आने में जो कठिनाइया हैं उन्हें मुझे बताइये और मै अपना उत्तर उन के विषय में लिख दूगा। मेरे दृष्टिकोण से तो भारत, कम से कम इस का सर्वोत्तम भाग ईसाई मत में परिवर्तित हो चुका है। आपको ईसाई बनने की प्रेरणा की भी आवश्यकता नहीं। बस अब साहस पूर्वक निर्भयता के साथ आगे बढिये। यह आप के नीचे टूट न जाएगा और आप देखेंगे कि आपका स्वागत करने के लिए अन्यो के साथ आपका पुराना साथी और मित्र मैक्समूलर भी उपस्थित होगा। इन उद्धरणों से यह स्पष्ट है कि प्रो० मैक्समूलर का वेदों के अनुवादादि का कार्य वैदिकधर्म को नीचा दिखा कर ईसाई मत की श्रेष्ठता दिखाने के लिये था न कि शुद्ध भावना तथा सत्यग्रहण से प्रेरित।

The Rig Veda and Vedic Religion के लेखक मि० क्लैटन ने प्रो० मैक्समूलर के विषय में अपनी पुस्तक के पृ० १५६ में लिखा है कि—

Prof. Maxmuller did not hesitate to say, it must not be forgotten that though the Historical interest of the Veda can hardly be exaggerated, large numbers of the Vedic hymns are 'Childish in the extreme' tedious and common place. Many of them convey no clear meaning, or are full of vain repetitions. It is not the rule but the exception to find in this great collection of literature any cry of the soul, any glimpse of a spiritual instinct, any grasp of a high revelation.

(The Rigveda and Vedic Religion by Clayton P. 156)

This of course may be interpreted to mean that by the word गौ or cow is implied not her flesh but her milk and milkproducts like butter and ghee etc.'

अर्थात् निश्चय से इस का यह अर्थ सम्भव है कि यहा जब गो प्रधान अन्न के लिये प्रार्थना की गई है तो उस का तात्पर्य गौओं के मास से नहीं किन्तु उन के दूध, घी, दही, मक्खन आदि पदार्थों से है जिस के लिये निरुक्त में स्पष्ट लिखा ही है—

तद्धितवन्निगमा भवन्ति – गोभि श्रीणीत मत्सरम् – गोभि. सन्नद्धाअसि-वीडयस्व।

इस पर अपनी दास मनोवृत्ति का परिचय देते हुए डा० दास जी लिखते हैं—

'This may be a possible explanation, but as Professor Wilson says There does not seem to be any thing in the Veda that militates against the literal interpretation.'

अर्थात् यह व्याख्या सम्भव है किन्तु जैसे कि प्रो० विल्सन ने कहा है वेदों में कोई ऐसी चीज नहीं जो उपर्युक्त शाब्दिक व्याख्या (कि यहा गोमास आदि की प्रार्थना का तात्पर्य है) का विरोध कर सके।

प्रो० विल्सन के नाम की दुहाई लेकर डा० दास एक सर्वथा उचित व्याख्या की जो वेद की सम्पूर्ण भावना के (जहां गौ के लिये अघ्न्या अर्थात् न मारने योग्य का सैकडों वार उल्लेख है) अनुकूल और निरुक्त सम्मत है उपेक्षा कर देते हैं और वैदिक आर्यों पर गोमासभक्षणादि का अनुचित आक्षेप करते हैं।

इस पुस्तक में हम जिस Vedic Age[*] नामक ग्रन्थ के अनेक भ्रान्तिपूर्ण अंशों पर विशेष समालोचनात्मक दृष्टि डालना चाहते हैं उस में भी जगह-जगह पर पाश्चात्य विद्वानों का अविवेकपूर्ण अनुसरण करते हुए उन के दृष्टिकोण को अपनाया गया है।

ऋग्वेद के निर्माण का काल इस के लेखकों ने (General Editor R C Majumdar M A. Ph D Hon. Head of the Department of History Bharatiya Vidya Bhavan Bombay) Asstt Editor—A D Pusalker M A LL B, Ph D Head of the Department of Sanskrit ई० पू० १००० के लगभग माना है जैसे कि डा० बी० के० घोष

---

[*] 'The Vedic Age' published by the Bharatiya Itihas Samiti Bombay, London George Allen of Unwin Ltd

D. Phil (Munich) D. Litt (Paris) ने Vedic Literature—General View शीर्षक से अध्याय १० में लिखा है—

'On linguistic grounds the language of the Rig Veda—the oldest Veda, may be said to be about 1000 B C.'

P. 225.

अर्थात् भाषा सम्बन्धी आधार पर सब से पुराने वेद—ऋग्वेद को लगभग १००० ई० पू० का माना जा सकता है।

वैदिक धर्म को बहु देवतापूजावादी और अन्त में कहीं कहीं अद्वैतवादी बताने का लेखकों ने यत्न किया है। इन के अनुसार वेदों में प्राकृतिक देवों की पूजा और उन की खुशामद का यत्न किया गया है। पाश्चात्यों का ही अनुसरण करते हुए वे लिखते हैं—

'It has been generally held that the Reg Vedic Religion is essentially a polytheistic one, taking on a pantheistic colouring only in a few of its latest hymns.'

Vedic Age P. 378

अथर्ववेद पर जो असङ्गत बातें इस ग्रन्थ के लेखकों ने लिखी हैं उन में पाश्चात्यों के अविवेक पूर्ण अनुसरण की प्रवृत्ति स्पष्टतया पाई जाती है। प्रो० ब्लूमफील्ड की 'अथर्व वेद विषयक' पुस्तक की प्रशंसा के पुल बांधते हुए वे कहते हैं—

'Bloomfield's excellent mono-graph on the Atharva Veda like which unfortunately there is as yet nothing on the other Samhitas—offers practically every thing that a student of the Vedic literature might wish to know about the Atharva Veda. The section on the Atharva Veda in this chapter is mainly based on 'Bloomfield s monograph'

Vedic Age P. 239

अर्थात् ब्लूमफील्ड की 'अथर्व वेद विषयक' आदर्श पुस्तक में—जिस के समान अन्य संहिताओं पर दुर्भाग्य से कोई पुस्तक अब तक नहीं है—क्रियात्मक रूप से वह सब कुछ पाया जाता है जिसे कोई भी विद्यार्थी जानना चाहता है। इस पुस्तक का यह भाग मुख्यतया ब्लूमफील्ड की उस पुस्तक के आधार पर ही लिखा गया है।

हम आगे दिखाएंगे कि ब्लूमफील्ड की उन पुस्तक में अथर्ववेद विषयक कितने अशुद्ध विचार हैं जिन का इन लेखकों ने अविवेक पूर्ण अनुसरण करते हुए उसे आदर्श समझ लिया। वस्तुत इस से हमारे अङ्गरेजी शिक्षित भारतीय विद्वानों की दास मनोवृत्ति का ही परिचय

मिलता है जो भारत में अङ्गरेजी शासकों द्वारा प्रवर्तित अङ्गरेजी शिक्षा पद्धति का स्वाभाविक परिणाम थी।

वैदिक काल में गोमास भक्षण का प्रतिपादन करते हुए इस ग्रन्थ के लेखको ने लिखा है—

'The guests are entertained with the flesh of cows killed on the occasion of marriage' Vedic Age P. 389.

अर्थात् विवाह सस्कार के अवसर पर गौओ को मार कर उन के मास से अतिथियो को तृप्त किया जाता था। ऐसे ही शराब के विषय में इस ग्रन्थ के लेखकों ने लिखा है कि—

'In the Rig Vedic period, Sura was the popular drink, extremely intoxicating as compared to the Soma which though mildly inebrating was an invigorating beverage.'

Vedic Age P 393

अर्थात् वैदिक काल में सुरा वा शराब लोकप्रिय पेय था जो सोम की अपेक्षा बहुत अधिक नशीला था इत्यादि। हम इन विचारों को सर्वथा अशुद्ध समझते हैं और इन की आगे सप्रमाण आलोचना करेंगे। यहा तो अभी इतना ही दिखाना इष्ट था कि आधुनिक विद्वानो में से प्राय अङ्गरेजी सुशिक्षित लोगो ने पाश्चात्यो का अविवेकपूर्ण अनसरण किया और इस प्रकार वेदों के वास्तविक तत्व को समझने में वे सर्वथा असमर्थ रहे। जिन पाश्चात्य विद्वानो का उन्होंने इस प्रकार अनेक अशों में अविवेकपूर्ण अनुसरण किया उन का अपना वेद विषयक ज्ञान ही क्यों, सस्कृत का ज्ञान भी अत्यन्त सीमित था। सस्कृत में कुछ वाक्य तक बोलने की उन की योग्यता न थी और उस के साथ ईसाई मत की श्रेष्ठता और वैदिक धर्म की हीनता दिखाने की पक्षपातपूर्ण मनोवृत्ति से प्रेरित हो कर वे कार्य कर रहे थे (जैसे कि पहले दिखाया जा चुका है) ऐसी अवस्था में उन के अनुसरण का किस प्रकार अच्छा परिणाम निकल सकता था ? इन धुरन्धर पाश्चात्य विद्वानों की (जिन्होंने कई-कई ग्रन्थ वैदिक साहित्य पर लिखने का साहस किया) सस्कृत विषयक योग्यता का पाठक निम्नलिखित उदाहरण से पता लगा सकते हैं जिसका महात्मा नारायण स्वामी जी ने 'वैदिक रहस्य'* में विश्वसनीय साक्ष्य के आधार पर उल्लेख किया है।

'कई वर्ष हुए जब एक देशी सस्कृत और अङ्गरेजी के विद्वान् गवर्नमेंट से छात्रवृत्ति पा कर सस्कृत के विशेष अध्ययन के लिये इङ्गलैण्ड गये। सस्कृत के अध्यापक उस समय

---

* वैदिक रहस्य—श्री महात्मा नारायण स्वामी जी कृत। प्रकाशक—श्री प्रेमशङ्कर प्रेम पुस्तकालय बरेली।

प्रो० मैक्डोनैल् महोदय थे। उन की जब प्रो० मैक्डोनैल् से भेंट हुई तो उन्होंने सस्कृत में बातचीत शुरु की किन्तु मैक्डोनैल् उन से सस्कृत में बातचीत नहीं कर सके। उस समय प्रो० मैक्डोनैल् ने उन अपने आने वाले शिष्य से कहा कि 'यह मैं स्वीकार करता हू कि सस्कृत की आपकी जितनी योग्यता है उतनी मेरी नहीं। किन्तु आप यहा संस्कृत साहित्य के अध्ययन के लिये नहीं भेजे गये हैं। यहा तो आप केवल इस लिये आये हैं कि पश्चिमी विद्वानो की अन्वेषण प्रणाली को आप सीख लें।

वेद रहस्य—म० नारायण स्वामी जी कृत। पृ० ५४।

इस को कहीं पक्षपात पूर्ण अत्यक्ति न समझा जाए इस लिये हम इस विषय में अपना अनुभव भी पाश्चात्य विद्वानो की सस्कृत योग्यता के सम्बन्ध में दे देना उचित समझते हैं। हमें गत ११ वर्ष देहली और उस से पूर्व दक्षिण भारत में रहते हुए अनेक ऐसे पाश्चात्य विद्वानो से मिलने का अवसर प्राप्त हुआ है जो सस्कृत और वैदिक साहित्य के धुरन्धर माने जाते हैं। (उदाहरणार्थ—ऑक्सफोर्ड में सस्कृत विभाग के अध्यक्ष प्रो० थौमस, पेरिस विश्वविद्यालय में भारतीय विद्या वा Indology के अध्यक्ष प्रो० रेनू, इटली के प्रो० तुच्ची, इत्यादि) किन्तु इटली के प्रो० तुच्ची को छोड कर जो सस्कृत में अपने भाव को कुछ अश तक, व्याकरण विषयक अशुद्धिया करते हुए, प्रकट कर सकते थे हम ने किसी के अन्दर सस्कृत भाषण की योग्यता नहीं देखी। ट्रिवेन्डम में सन् १९ ७ में All-India Oriental Conference के (प्राच्य विद्या सम्मेलन) अध्यक्ष प्रो० F. W. थौमस के पास जाकर मैंने संस्कृत में पूछा—

सस्कृत भाषाया भाषणस्याभ्यासो वर्तते कि श्रीमताम् !

अर्थात् क्या आपको सस्कृत में बोलने का अभ्यास है तो उन्होने अङ्गरेजी में उत्तर देते हुए कहा—

How I wish I could speak in Sanskrit fluently like you, but unfortunately I have no practice.

अर्थात् मेरी कितनी इच्छा होती है कि मैं आपकी तरह सस्कृत में धारा-प्रवाह रूप से बोल सकता किन्तु दुर्भाग्यवश मुझे इस का अभ्यास नहीं। ऐसा ही उत्तर प्रो० रेनू ने देहली मे दिया और उन के भाषण के पश्चात् (जो देहली युनिवर्सिटी मे सस्कृत साहित्य पर दिया गया था) जब मैंने पूछा कि क्या स्वामी दयानन्द जी के वेद भाष्यादि को पाश्चात्य संस्कृतज्ञ विद्वान् पढते हैं यदि हा तो उनको क्या सम्मति है ? तो इस का उत्तर देते हुए प्रो० रेनू ने कहा कि वहां सस्कृतज्ञ विद्वान् भी मूल संस्कृत ग्रन्थों को समझने की प्राय योग्यता नहीं रखते। यदि अङ्गरेजी में उनका अनुवाद हो तभी वे उसे पढ और समझ

सकते हैं इस कारण उन ग्रन्थों का वहा कुछ प्रचार नहीं हुआ। इस बात को कहते हुए हम पाश्चात्य विद्वान् एक प्रकार की आलोचनात्मक दृष्टि से जो सस्कृत साहित्य का अध्ययन करते हैं और अनेक प्रकार की उपयुक्त सूचिया बनाने में जो परिश्रम करते हैं उस से इन्कार नहीं कर रहे किन्तु उन की वेद और सस्कृत विषयक योग्यता पर निर्भर रहने में हमारे भारतीय विद्वानो ने भयङ्कर भूल की हम इतना ही लिखना चाहते हैं। हम ही नहीं, अनेक सुप्रसिद्ध पाश्चात्य विद्वानों ने स्वय इस बात को स्वीकार किया है। उदाहरणार्थ ट्रान्सवाल (पिटोरिया) के एक प्रसिद्ध विद्वान् टामिस फिट्ज़ ने अपने एक व्याख्यान में कहा था—

कुछ पश्चिमी विद्वानो ने वेदों के सम्बन्ध में कहा है। मुझे इन विद्वानों के कथन पर बिल्कुल विश्वास नहीं है क्योंकि इन पण्डितों का सस्कृत और वेद का ज्ञान नहीं के बराबर है। इस बात पर हम केवल दयानन्द के भाष्य को प्रामाणिक समझते हैं।'

देखो, 'पाखण्डखण्डिनी पताका' काशी नामक मासिक पत्रिका १५ जून सन् १९३९ का अङ्क पृ० ५।

महर्षि दयानन्द का वेदो के महत्त्व विषयक सिहनाद

वर्तमान काल के (जिस में १९ वीं और २० वीं शताब्दी के महानुभावों का हम समावेश करते हैं) विद्वानो में जिन्होने वेदो के यथार्थ स्वरूप को जनता के सन्मुख रखने का अत्यन्त अभिनन्दनीय कार्य किया स्वनामधन्य महर्षि दयानन्द का स्थान सब से ऊचा है। उनके समय में भारत के सस्कृतज्ञ शिक्षित वर्ग में भी वेदों की नितान्त उपेक्षा की जा रही थी और उन के अर्थ जानने की ओर बड़े बड़े पण्डितो का भी ध्यान न था जैसे कि काशी शास्त्रार्थ से स्पष्ट ज्ञात होता है। स्वामी विशुद्धानन्द और बाल शास्त्री जैसे काशी के महापण्डितो को भी वेदो का कुछ ज्ञान न था यद्यपि दर्शन शास्त्रों तथा स्मृत्यादि ग्रन्थों के अनुशीलन में ये लोग अपना अधिक समय लगाते थे। श्री देवेन्द्रनाथ ठाकुर ने अपने आत्म चरित (Auto-biography) में बगाल का जो चित्र इस विषय में खींचा है वही भारत के प्राय सभी स्थानो का था। वे लिखते हैं—

'The Vedas had become virtually extinct in Bengal. Nyaya and Smriti Shastras were studied in every tol (Sanskrit School) and many Pandits versed in these Shastras came forth thence, but the Vedas were totally ignored. The business of the Brahmans, that of learning and teaching the Vedas, had altogether disappeared from the country; there

remained Brahmans only in name, bereft of all Vedic knowledge, bearing the sacred thread alone, with the exception of one or two learned Brahman Pandits, they did not even know the meaning of their daily prayers.'

Auto-biography of Maharshi Devendra Nath Tagore P. 41.

अर्थात् वेद बगाल से लगभग सर्वथा लुप्त हो चुके थे। न्याय और स्मृतिशास्त्र सब पाठशालाओं में पढाये जाते थे और इन शास्त्रो में निपुण पण्डित बगाल में अनेक थे किन्तु वेदों की सर्वथा उपेक्षा की जाती थी। देश से ब्राह्मणो का वेदो के पढने पढाने का कार्य सर्वथा नष्ट हो चुका था। केवल नाम मात्र के ब्राह्मण रह गये थे जो वैदिक ज्ञान से सर्वथा शून्य थे। वे केवल यज्ञोपवीत धारी थे। एक दो विद्वान् ब्राह्मणों को छोडकर उन को दैनिक सन्ध्या वन्दन के मन्त्रों का भी अर्थ नहीं आता था। इत्यादि

जो थोडा बहुत वेदाध्ययन करते थे वे केवल वेद पाठ सीखने में ही सारा समय लगा देते थे। अर्थ सायणाचार्य महीधरादि पौराणिक व तान्त्रिक भाष्यकारो के अनुसार कहीं-कहीं पढाये जाते थे जिन को पढ कर लोगों की रही सही श्रद्धा भी लुप्त हो जाती थी। श्री देवेन्द्रनाथ ने वेदों का तत्व जानने की इच्छा से आनन्दचन्द्र, तारकनाथ, वनेश्वर और रामनाथ नामक ४ विद्यार्थियों को वेदाध्ययन के लिये बनारस भेजा। वहां से जब वे सायणादिभाष्य पढ के लौटे तो उन्होंने कहा कि वेद तो ऊटपटाग असङ्गत अश्लील बातों से भरे हुए हैं, उन में यज्ञों में पशुहिंसा का विधान है इत्यादि जिन के अनुसार श्री देवेन्द्र नाथ को यह निश्चय करने को विवश होना पडा कि हम वेदों को निर्भ्रान्त ईश्वरीय ज्ञान नहीं मान सकते। चार विद्यार्थियों की सम्मति पर जिन्होंने सायणादि कृत अशुद्ध भाष्य पढकर वेदों के विषय में अयथार्थ भावना बना ली थी ब्रह्म समाज का वेदों के ईश्वरीय ज्ञान विषयक परम्परागत आर्य सिद्धान्त को ठुकरा देना हमारे विचार में सर्वथा अनुचित था किन्तु श्री केशवचन्द्र जैसे प्रभावशाली और ईसाई विद्यालयों में बाल्यकाल से शिक्षित युवक के अनुरोध पर स्वय वेदों का विद्वान् न होने के कारण श्री देवेन्द्रनाथ को इस प्रकार की घोषणा करने को बाधित होना पडा। ब्रह्म समाज के प्रवर्तक श्री राजा राममोहन राय ने यद्यपि वेदों की प्रामाणिकता से स्पष्टतया कभी इन्कार नहीं किया तथापि उन का वेदों से तात्पर्य अधिकतर उपनिषदो से ही प्रतीत होता है जैसे कि प्रो० मैक्समूलर द्वारा Biographical essays में उल्लिखित निम्न घटना स्पष्टतया सूचित करती है। वेदो अर्थात् संहिताओ के विषय में उनका विचार भी विशेष अच्छा न था। प्रो० मैक्समूलर ने लिखा है—

'The Raja Ram Mohun Roy was in London and saw

Friedrich Rosen at the British Museum busily engaged in copying manuscripts of the Rig Veda. The Raja was surprised and told Rosen that he ought not to waste his time on the hymns, but that he should study the Upanishads'

Max Muller's Biographical Essays P. 39. Quoted by A. C. Clayton in 'The Rig Veda and Vedic Religion' P. 21.

अर्थात् जब राजा राममोहनराय लण्डन में थे तो उन्होंने फ्रैडरिक रोजन को ब्रिटिश म्यूजियम में ऋग्वेद की हस्तलिखित पुस्तक की प्रति करने में व्यस्त पाया तब उनको आश्चर्य हुआ और उन्होंने रोजन को कहा कि वेद अथवा मन्त्र सहिताओ पर तुम्हें व्यर्थ समय नष्ट नहीं करना चाहिये किन्तु उपनिषदो का अध्ययन करना चाहिये।

A C Clayton ने 'The Rig-Veda and Vedic Religion (Published by the Christian Literature Society for India Londan and Madras 1913) नामक पुस्तक में इस घटना को प्रो० मैक्समूलर की पुस्तक से उद्धृत करते हुए लिखा है कि—

'Max Muller relates an incident which shows the opinion of the intrinsic value of the hymns of the Vedas held by a highly educated Hindu thinker, and probably by not a few others, at that time'

अर्थात् प्रो० मैक्समूलर एक घटना का उल्लेख करता है जिस से उस समय के एक अत्यन्त सुशिक्षित हिन्दू विचारक की दृष्टि में और सम्भवत अन्य भी बहुत से सुशिक्षित हिन्दुओं के विचार में वेद मन्त्रों के महत्व विषयक विचार का पता लगता है।

पाश्चात्य विद्वान् वेदों का थोडा सा पक्षपातपूर्ण अध्ययन कर के जो उपद्रव अपने ग्रन्थो द्वारा उन दिनो मचा रहे थे उन का ऊपर निर्देश किया जा चुका है। ऐसी अवस्था में महर्षि दयानन्द का—

'वेद सब सत्य विद्याओं के पुस्तक हैं। उन का पढना पढाना और सुनना सुनाना सब आर्यों का परम धर्म है।' ऐसा नियम बनाना और 'वेदों की ओर चलो' इस प्रकार का प्रबल नारा लगाना कितना साहसपूर्ण कार्य था किन्तु महर्षि दयानन्द ने जिस निर्भयता से इस कार्य को किया उस का उल्लेख न करना कृतघ्नता सूचक होगा। सुशिक्षित भारतीयों की जो दास मनोवृत्ति पाश्चात्यो को ही वेदादि विषयों में परम आप्त मानने की हो रही थी उस का निराकरण महर्षि दयानन्द ने स्पष्ट शब्दो में किया। उन्होंने सत्यार्थप्रकाश के एकादश समुल्लास में इन पाश्चात्य विद्वानों की संस्कृत योग्यता के विषय में लिखा—

अब तक जितना प्रचार सस्कृत विद्या का आर्यावर्त देश मे है उतना किसी अन्य देश में नहीं। जो लोग कहते है कि जर्मनी देश में सस्कृत का बहुत प्रचार है और जितनी सस्कृत मैक्समूलर साहब पढे हैं उतना कोई नहीं पढा, यह बात कहने मात्र है। क्योंकि

निरस्तपादपे देशे, एरण्डोऽपि द्रुमायते।

अर्थात् जिस देश में कोई वृक्ष नहीं होता उस देश में एरण्ड को ही बडा वृक्ष मान लेते हैं, वैसे ही यूरोप देश में सस्कृत विद्या का प्रचार न होने से जर्मन लोगों और मैक्समूलर साहब ने थोडा सा पढा, वही उस देश के लिए अधिक है, परन्तु आर्यावर्त की ओर देखें तो उन की बहुत न्यून गणना है, क्यों कि मैंने जर्मनी देश निवासी एक प्रिन्सिपल से जाना कि जर्मनी देश में सस्कृत चिट्ठी का अर्थ करने वाले भी बहुत कम हैं और मैक्समूलर साहब के सस्कृत साहित्य और थोडी सी वेद व्याख्या देख कर मुझ को विदित होता है कि मैक्समूलर साहब ने इधर-उधर आर्यावर्तीय लोगो की की हुई टीका देख कर कुछ-कुछ यथा तथा लिखा है · इस से जान लीजिये कि जर्मनी देश और मैक्समूलर साहब में सस्कृत विद्या का कितना पाण्डित्य है।'

सत्यार्थप्रकाश ११ समु पृ ३४०। आर्य साहित्य मण्डल अजमेर चतुर्थावृत्ति।

इसी प्रकार 'भ्रान्ति निवारण' में प्रिन्सिपल महेशचन्द्र न्यायरत्न के वेदों में एकेश्वरवाद का ग्रिफिथ हाग इत्यादि के आधार पर खण्डन करने पर महर्षि दयानन्द ने लिखा—

'डाक्टर एम हाग साहेब वा सी एच् टानी साहब वा आर् ग्रिफिथ साहब आदि कुछ ईश्वर नहीं कि जो कुछ वे लिख चुके वह बिना परीक्षा वा विचार के मान लेने योग्य ठहरे। क्या डा० एम् हाग साहब हमारे आर्य ऋषि मुनियों से बढ कर हैं कि जिन को हम सर्वोपरि मान कर निश्चय कर लें और प्राचीन सत्य ग्रंथों को छोड देवें, जैसा कि पण्डित जी (अर्थात् पं० महेशचन्द्र जो न्यायरत्न) ने किया है। जो उन्होंने ऐसा किया तो किया करो मेरी दृष्टि में तो वे जो कुछ हैं सो ही हैं।'

'भ्रांति निवारण' महर्षि दयानन्द कृत पृ० १०

पाश्चात्य लेखकों ने एक भ्रम फैला रखा है कि आर्य लोग भारत में बाहर से (मध्य एशिया आदि) आये। पहले यहा द्राविड लोग रहते थे अथवा अन्य असुर दस्यु आदि। आर्यों ने उन पर बडे अत्याचार किए। वेदों में भी आर्यों के इन दस्युओ वा द्राविडों के प्रति किये गये युद्धो का बहुत सा वर्णन पाया जाता है इत्यादि। महर्षि दयानन्द के समय भी ऐसा ही विचार फैला हुआ था और अब भी प्राय सभी इतिहास लेखक इस को एक तथ्य मान कर चलते है। हम ने अब तक जितने भी इतिहास के ग्रंथ वा वेदादि विषयक पाश्चात्यों और उन के अनुयायी भारतीय विद्वानों के लिखे ग्रंथ देखे हैं (जिन में Rig-

Veda Un-veiled by Shri Dwij Das M. A. LL. B Rig Vedic India and Rig Vedic Culture by Shri Abinash Chandra Das M. A . PH. D , 'Vedic Age' इत्यादि सम्मिलित हैं) इन सब में इस बात को दुहराया गया है किन्तु महर्षि दयानन्द ने विदेशियों की इस कल्पना को निराधार बताते हुए सत्यार्थप्रकाश अष्टम समुल्लास में लिखा—

प्रश्न—प्रथम इस देश का नाम क्या था और इस में कौन बसते थे ?

उत्तर—इस से पूर्व इस देश का नाम कोई भी न था और न कोई आर्यों के पूर्व इस इस देश में बसते थे क्योंकि आर्य लोग सृष्टि आदि में कुछ काल के पश्चात् तिब्बत से सीधे इसी देश में आये थे ।

प्रश्न—कोई कहते हैं कि ये लोग ईरान से आये इसी से इन लोगो का नाम आर्य हुआ है । इन के पूर्व यहा जगली लोग बसते थे कि जिन को असुर और राक्षस कहते थे । आर्य लोग अपने को देवता बतलाते थे और जब उनका सग्राम हुआ उस का नाम देवासुर सग्राम कथाओ में ठहराया ।

उत्तर—यह बात सर्वथा झूठ है क्यो कि—

विजानीह्यार्यान् ये च दस्यवो बर्हिष्मते रन्धया शासदव्रतान् ।

ऋ १ ५१ ८

उत शूद्र उतार्ये ॥ अथर्व १९ ६२ ।

यह लिख चुके हैं कि आर्य नाम धार्मिक, विद्वान् आप्त पुरुषों का और इन से विपरीत जनो का नाम दस्यु अर्थात् डाकू दुष्ट अधार्मिक और अविद्वान् है । तथा ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य द्विजो का नाम आर्य और शूद्र का नाम अनार्य अर्थात् अनाडी है । जब वेद ऐसे कहता है तो दूसरे विदेशियो के कपोलकल्पित को बुद्धिमान् लोग कभी नहीं मान सकते । किसी सस्कृत ग्रथ में वा इतिहास में नहीं लिखा कि आर्य लोग ईरान से आये और यहा के जङ्गलियों को लडकर, जय पा के, निकाल इस देश के राजा हुए पुन विदेशियों का लेख माननीय कैसे हो सकता है ?

सत्यार्थप्रकाश अष्टम समुल्लास आर्य साहित्य मण्डल प्रकाशन चतुर्थावृत्ति पृ० २७३ ।

इस प्रकार विदेशियों की दास मनोवृत्ति को भारतीयो से दूर कर के महर्षि ने बताया कि 'जैसा ईश्वर पवित्र, सब विद्यावित्, शुद्ध गुणकर्म स्वभाव, न्यायकारी, दयालु आदि गुणवाला है वैसे जिस पुस्तक में ईश्वर के गुणकर्म स्वभाव के अनुकूल कथन हो । वह ईश्वर कृत, अन्य नहीं । जिस में सृष्टिक्रम प्रत्यक्षादि प्रमाण, आप्तों के और पवित्रात्मा के व्यवहार से विरुद्ध कथन न हो वह ईश्वरोक्त । जैसा ईश्वर का निर्भ्रम

ज्ञान वैसा जिस पुस्तक में भ्रान्ति रहित ज्ञान का प्रतिपादन हो वह ईश्वरोक्त, जैसा परमेश्वर है और जैसा सृष्टिक्रम रक्खा है वैसा ही ईश्वर, सृष्टिकार्य, कारण और जीव का प्रतिपादन जिस में हो वह परमेश्वरोक्त पुस्तक होता है और जो प्रत्यक्षादि विषयो से अविरुद्ध, शुद्धात्मा के स्वभाव से विरुद्ध न हो इस प्रकार के वेद हैं। अन्य बाइबल, कुरान आदि पुस्तकें नहीं। इस की स्पष्ट व्याख्या बाइबल और कुरान के प्रकरण में तेरहवें और चौदहवें समुल्लास में की जायगी।'

सत्यार्थ प्रकाश सप्तमसमुल्लास पृ० २४३।

अन्य भी अनेक प्रबल युक्तियो से महर्षि दयानन्द ने वेदो को परमेश्वरोक्त सिद्ध करते हुए लिखा कि—

'वेद परमेश्वरोक्त हैं। इन्हीं के अनुसार सब लोगो को चलना चाहिए।' जैसे माता पिता अपने सन्तानों पर कृपा दृष्टि कर उन्नति चाहते हैं वैसे ही परमात्मा ने सब मनुष्यों पर कृपा करके वेदों को प्रकाशित किया है जिस से मनुष्य अविद्यान्धकार भ्रमजाल से छूटकर विद्या-विज्ञान रूप सूर्य को प्राप्त होकर अत्यानन्द में रहें और विद्या तथा सुखों की वृद्धि करते जाएं।'

क्योंकि वेद नित्य और अपौरुषेय हैं (जिसके लिये युक्ति प्रमाणादि आगे दिये जायेंगे और इसके समर्थक अन्य नानामतावलम्बी निष्पक्ष विद्वानो के उद्धरण भी दिये जाएगे) अतः उन में अनित्य इतिहास वा राजा महाराजाओ, ऋषि मुनियो के नाम वा चरित्रादि नहीं हो सकते। वेदो के शब्द यौगिक हैं। उन को यौगिक मान कर ही उन की व्याख्या करनी चाहिये न कि व्यक्ति देशादि विशेष संज्ञा मान कर। वेदों में सब सत्य विद्याओं का बीज पाया जाता है अत उनका अध्ययन सब मनुष्यों के लिये उपयोगी है। उन का द्वार सब के लिये खुला हुआ है जैसा कि—

यथेमा वाचं कल्याणीमावदानि जनेभ्य।
ब्रह्मराजन्याभ्याँ शूद्राय चार्याय च स्वाय चारणाय ॥ यजु. २६. २।

इत्यादि वेद मन्त्रों में स्पष्टतया बताया गया है कि मैं परमेश्वर इस कल्याणी अर्थात् संसार और मुक्ति के सुख देने हारी ऋग्वेदादि चारो वेदों की वाणी का सब मनुष्यों अर्थात् ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र, अतिशूद्र स्त्रियादि सब के लिये उपदेश करता हूं वैसे तुम भी किया करो। सब मनुष्य वेदो को पढा-पढा और सुना-सुना कर विज्ञान को बढा के अच्छी बातों का ग्रहण और बुरी बातों का त्याग कर के दुःखों से छूट के आनन्द को प्राप्त हों यह परमेश्वर का उपदेश है। क्या परमेश्वर शूद्रो का भला करना नहीं चाहता? क्या ईश्वर पक्षपाती है कि वेदों के पढने सुनने का शूद्रों के लिये निषेध और द्विजों के लिये

Library.thearyasamaj.org

विधि करे ? जैसे परमेश्वर ने पृथिवी, जल, अग्नि, वायु, चन्द्र, सूर्य और अन्नादि पदार्थ सब के लिए बनाए हैं वैसे ही वेद भी सब के लिए प्रकाशित किये हैं और जो स्त्रियों के वेद पढने का निषेध करते हो वह तुम्हारी मूर्खता, स्वार्थता और निर्बुद्धिता का प्रभाव है। देखो वेद में कन्याओं के पढने का प्रमाण—

'ब्रह्मचर्येण कन्या युवान विन्दते पतिम्'। अथर्व. ११. ६ १८।

इस से स्त्रियो को भी ब्रह्मचर्य और विद्या का ग्रहण अवश्य करना चाहिये।

प्रश्न—क्या स्त्री लोग भी वेदों को पढें ?

उत्तर—अवश्य ,, इत्यादि।

महर्षि दयानन्द की यह उदारता जो वेद सम्मत है अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है क्यो कि मध्यकाल के अन्य सब आचार्यों ने (कुछ अंश तक श्री मध्वाचार्य को छोड कर जो ऋषि-पत्नी सम श्रेष्ठ स्त्रियो का वेदाधिकार मानते हैं) अपने ग्रथो और वेदान्तभाष्यादि में यही विचार प्रकट किया है कि शूद्रकुलोत्पन्न पुरुषो और समस्त स्त्रियों को वेद पढने का अधिकार नहीं। उदाहरणार्थ श्री शङ्कराचार्य ने ब्रह्मसूत्र भाष्य में लिखा है—

इतश्च न शूद्रस्याधिकारः। यदस्य स्मृते. श्रवणाध्ययनार्थप्रतिषेधो भवति। वेदप्रतिषेधो वेदाध्ययनप्रतिषेधस्तदर्थज्ञानानुष्ठानयोश्च प्रतिषेधः शूद्रस्य स्मर्यते। श्रवणप्रतिषेधस्तावत् 'अथास्य वेदमुपशृण्वतस्त्रपुजतुभ्या श्रोत्रपरिपूरणमिति।' पद्यु ह वा एतत् श्मशानं यत् शूद्र. तस्मात् शूद्रसमीपे नाध्येतव्यम् इति। अत एवाध्ययनप्रतिषेध। यस्यहि समीपेऽपि नाध्येतव्य भवति स कथमश्रुतमधीयीत भवति च वेदोच्चारणे जिव्हाच्छेदो धारणे शरीरभेद इति। अतएव चार्थादर्थज्ञानानुष्ठानयोः प्रतिषेधो भवति 'न शूद्राय मतिं दद्यात्' इति श्रावयेच्चतुरो वर्णान् इति चेतिहासपुराणाधिगमे चातुर्वर्ण्यस्याधिकारस्मरणात्। वेदपूर्वकस्तु नास्त्यधिकार· शूद्राणामिति स्थितम्।

ब्रह्मसूत्र शाङ्करभाष्यम् पृ १३७ अ. ३ प द ३ सू ३८ भाष्यम्।

अर्थात् इस लिये भी शूद्र को अधिकार नहीं क्यो कि स्मृति के द्वारा इन के लिये वेद के सुनने और पढने का निषेध करते हुए स्मृति (गौतम के नाम से कल्पित स्मृति) में कहा है कि यदि शूद्र वेद के शब्द सुन ले तो उस के कान को सीसे से और लाख से भर देना चाहिये। शूद्र चलता-फिरता श्मशान है इस लिये उस के समीप अध्ययन नहीं करना चाहिये, इसी से अध्ययन का निषेध स्पष्ट है। जिस के समीप अध्ययन भी न करना चाहिये

वह बिना सुने कैसे अध्ययन कर सकता है ? वेद के उच्चारण करने पर जिह्वाछेद (जीभ काट डालने) और शरीर छेद (शरीर के टुकडे-टुकडे कर डालने) का विधान है। इस लिये वेद के अर्थज्ञान और उस के अनुसार आचरण का निषेध है। 'श्रावयेच्चतुरो वर्णान्' इत्यादि महाभारत के वचन से इतिहास पुराण के अध्ययन मे चारो वर्णों का अधिकार है। शूद्रो का वेद पूर्वक अध्ययन तो निषिद्ध ही है। बृहदारण्यकोपनिषत् में—

अथ य इच्छेद् दुहिता मे पण्डिता जायेत। बृह. ६ ४. १९।

अर्थात् जो चाहे मेरी लडकी पण्डिता बने वह इस-इस प्रकार का आहार व्यवहार करे इत्यादि वर्णन आया है उस की व्याख्या में श्री शङ्कराचार्य जी लिखते हैं—

दुहितु· पाण्डित्य गृहतन्त्रविषयमेव वेदेऽनधिकारात्।

अर्थात् इस उपनिषत् में कन्याओं के पाण्डित्य का जो प्रतिपादन है वह गृह कार्य विषयक ही समझना चाहिये क्योंकि उन को वेद पढने का अधिकार नहीं।

ऐसा ही लेख श्री रामानुजाचार्य ने 'वेदान्त' १ ३ ३८ के भाष्य में लिखा है—

शूद्रस्य वेदश्रवणतदध्ययनतदर्थानुष्ठानानि प्रतिषिध्यन्ते। पशु हवा एतत् श्मशानं यच्छूद्र. तस्मात् शूद्रसमीपे नाध्येतव्यम्। (वासिष्ठ स्मृ १८. १) तस्मात् शूद्रो वहुपशुरयज्ञिय इति वहुपशु पशुसदृश इत्यर्थ। अनुपशृण्वतो ऽध्ययनतदर्थज्ञानतदर्थानुष्ठानानि न सभवन्ति। अतस्तान्यपि प्रतिषिद्धान्येव। स्मर्यते च श्रवणादिनिषेध.। अथ हास्य वेदमुपशृण्वतस्त्रपुजतुभ्या श्रोत्रपरिपूरणमुदाहरणे जिह्वाच्छेदो धारणे शरीरभेद इति। न चास्योपदिशेद् धर्म न चास्य व्रतमादिशेत् (मनु ४ ८०) इति च। अत शूद्रस्यानधिकार इति सिद्धम्।

अर्थात् शूद्र के लिये वेद का श्रवण, अध्ययन और उन का अनुष्ठान व आचरण प्रतिषिद्ध है। शूद्र चलता फिरता श्मशान है अत उस के समीप अध्ययन न करना चाहिये, वह पशु समान है। जब वेद का श्रवण ही उस के लिये निषिद्ध है तो अध्ययन, उन के अर्थज्ञान और वैदिक आचरण तो सम्भव ही नहीं। शूद्र वेद सुन ले तो उन के कानों को सीसे और लाख से भर देना चाहिये, वेद मन्त्र का वह उच्चारण करे तो उस की जीभ काट देनी चाहिये और वेद मन्त्र को याद करे तो उस के शरीर के टुकडे-टुकडे कर डालने चाहियें। इस लिये शूद्र का वेदाध्ययन और ब्रह्मविद्या में सर्वथा अनधिकार है।

श्री मध्वाचार्य (स्वामी आनन्दतीर्थ जी) ने भी शूद्रो के वेदाधिकार का निषेध करते हुए उपर्युक्त वेदान्त सूत्र ३ ३. ३८ के भाष्य में लिखा है—

श्रवणे त्रपुजतुभ्यां श्रोत्रपरिपूरणम् अध्ययने जिह्वाच्छेदः अर्थावधारणे हृदयविदारणम् इति प्रतिषधात्। नाग्निर्न यज्ञः शूद्रस्य, तथैवाध्ययन कुत.। केवलैव तु शुश्रूषा त्रिवर्णानां विधीयते। इति स्मृतेश्च।

ब्रह्मसूत्राणुभाष्ये पृ० ९७।

यहा स्मृतिवचनो का पाठ श्री शकराचार्य तथा श्री रामानुजाचार्य द्वारा उद्धृत पाठ से कुछ भिन्न है किन्तु अर्थ वही है कि यदि शूद्र वेद के शब्द को सुन ले तो उस के कान को सीसे और लाख से भर देना चाहिये। वेद का अध्ययन करने पर उस की जीभ काट डालनी चाहिये और अर्थ का ज्ञान व निश्चय करने पर उस के हृदय के टुकडे कर देने चाहियें। शूद्र को अग्निहोत्र, यज्ञ, अध्ययनादि का अधिकार नहीं, उस का कार्य केवल तीन वर्णों की सेवा है ऐसा स्मृति में कहा है इत्यादि।

जैसे पहले लिखा जा चुका है श्री मध्वाचार्य ने--

आहुरप्युत्तमस्त्रीणाम् अधिकारं तु वैदिके।
यथोर्वशी यमी चैव शच्याद्याश्च तथापरा॰॥

इत्यादि वचनो द्वारा उत्तम स्त्रियों के वेदाधिकार को मानने की उदारता दिखाई है। वेदा अप्युत्तमस्त्रीभि 'कृष्णाद्याभिरिहाखिला' 'उत्तमस्त्रीणां तु न शूद्रवत्।' इत्यादि उत्तम स्त्रियों के वेदाधिकार समर्थक वचन उन के ग्रन्थों में पाये जाते हैं जिन से श्री शकराचार्य की अपेक्षा कुछ अधिक उदारता सूचित होती है।

शुद्धाद्वैत मत के प्रवर्तक वल्लभाचार्य ने भी अत्यन्त स्पष्ट शब्दों में शूद्रो के वेदाध्ययन का निषेध करते हुए लिखा है--

दूरे ह्यधिकार चिन्ता वेदस्य श्रवणाध्ययनमर्थज्ञानं त्रयमपि तस्य (शूद्रस्य) प्रतिषिद्ध तत्सन्निधावन्यस्य च। अथास्य वेदमुपशृण्वतस्त्रपुजतुभ्या श्रोत्र परिपूरणमिति उच्चारणे जिह्वाच्छेदो धारणे शरीरभेद.। स्मृतियुक्त्यापि वेदार्थे न शूद्राधिकार इत्याह। स्मृतेश्च 'वेदाक्षरविचारेण शूद्र. पतति तत्क्षणात्।

पाराशर स्मृ. १ ७३। ब्रह्मसूत्राणुभाष्ये वल्लभाचार्यकृतेआर्यभानु प्रेस पूना पृ० ९९।

अर्थात् शूद्र के लिये वेद के सुनने, पढने और उस के अर्थ ज्ञान तीनो का निषेध है अत उस के वेदाधिकार की चिन्ता तो बहुत दूर का विषय है। शूद्र यदि वेद के मन्त्रों को सुन ले तो उस के कानों को सीसे और लाख से भर देना चाहिये, उच्चारण करे तो उस की

जीभ काट लेनी चाहिये, मन्त्र याद करे तो उस के शरीर के टुकड़े-टुकडे कर देने चाहियें। वेद के एक अक्षर के विचार से भी शूद्र उसी क्षण में पतित हो जाता है ऐसा पराशर स्मृति में कहा है, इत्यादि।

इस प्रकार जब हम मध्यकालीन इन सुप्रसिद्ध आचार्यों की वेदाधिकार विषयक अनुदारता देखते हैं तो महर्षि दयानन्द की उदारता और वेद प्रचार विषयक उन की निष्ठा का पूर्ण परिचय मिलता है जो अत्यन्त अभिनन्दनीय है। बगाल के सुप्रसिद्ध वैदिक विद्वान् श्री पं० सत्यव्रत सामश्रमी ने महर्षि दयानन्द के शूद्रो वेदाधिकार विषयक मन्तव्य का समर्थन करते हुए लिखा था—

शूद्रस्य वेदाधिकारे साक्षाद् वेदवचनमपि प्रदर्शित स्वामिदयानन्देन यथेमां वाचं कल्याणीमावदानि जनेभ्य । ब्रह्मराजन्याभ्या शूद्राय चार्याय च स्वाय चारणाय। (य. २६. २) तदेवं वेदविदे. पक्षपातदोषभाक्त्व न कथमपीति सिद्धम्। ऐतरेयालोचनम् पृ० १७।

महर्षि की इस उदारता के प्रति श्रद्धांजली अर्पित करते हुए जगद्विख्यात विचारक रौमा रौला ने ठीक ही लिखा था कि—

It was in truth an epochmaking date for India when a Brahman not only acknowledged that all human beings have the right to know the Vedas, whose study had been previously prohibited by orthodox Brahmins, but insisted that their study and propaganda was the duty of every Arya.

Life of Rama Krishna by Roman Ralland P. 59.

अर्थात् वस्तुत भारत में यह एक नवयुग निर्माता दिन था जब एक ब्राह्मण ने (स्वामी दयानन्द सरस्वती ने) न केवल यह स्वीकार किया कि सब मनुष्यो को वेदों के अध्ययन का जिसे कट्टर पन्थी ब्राह्मणो ने निषिद्ध कर रखा था, अधिकार है प्रत्युत साथ ही इस पर उस ने बल दिया कि 'वेद सब सत्य विद्याओ के पुस्तक हैं। वेद का पढना पढ़ाना और सुनना सुनाना सब आर्यों का परम धर्म है।' महर्षि दयानन्द ने वैदिक यज्ञों के भी सच्चे स्वरूप को विद्वन्मण्डली के सन्मुख रखते हुए बताया कि अपने कल्याण और लोकहित के लिये किये जाने वाले सब कार्य यज्ञ कहे जाते हैं और वैदिक यज्ञों में पशुबलि देना सर्वथा वेद विरुद्ध है क्यों कि यज्ञों का नाम ही अध्वर है जिस का अर्थ यास्काचार्य ने निरुक्त में स्पष्टतया यही किया है कि—

का जो (जैसा कि प्राय होता है) गम्भीर निर्णायक शक्ति, निश्चित रुचि और यथार्थ समालोचनात्मक, तुलनात्मक निरीक्षण, ऋषियों की साक्षाद् दृष्टि और प्राय· अत्यन्त साधारण बुद्धि से भी दूर और उस से रहित है जिस में पूर्व चिन्तित वाद के अनुसार वेदमन्त्रो को तोड मरोड कर लगाने का यत्न किया गया है तो यह सायणाचार्य का भाष्य है जो वडा विशाल, शानदार, प्रथम अपरिष्कृत सामग्री के रूप में इतना उपयोगी और परिश्रम तथा वैदुष्य पूर्ण है। ऐसे भाष्य को पढ कर निष्पक्षपात वेद के विद्यार्थियों और विद्वानों तक की श्रद्धा वेदो में यदि नहीं रहने पाती तो इस में आश्चर्य की बात ही क्या है ? इस विषय की सत्यता सस्कृत विद्या के सुप्रसिद्ध केन्द्र काशी की पण्डित सभा के प्रधान श्री प० गोपालदत्त जी शास्त्री, दर्शन केसरी के 'वेदवाणी' बनारस के द्वितीय वेदाङ्क नव १९५३ के अङ्क मे प्रकाशित—'वेद का अर्थ यज्ञपरक ही नहीं है' इस शीर्षक के अत्यन्त विद्वत्तापूर्ण लेख में दो स्वय ज्ञा। उदाहरणों द्वारा स्पष्ट प्रतीत होती है। उन्होंने लिखा कि—

'आज इन केवल यज्ञ मात्र परक अर्थ करने वाले (सायणाचार्यादि) भाष्यकारों के भाष्य पढ़ने वालो को वेद के प्रति कितनी अनास्था हो जाती है इस के दो उदाहरण मुझे ज्ञात हैं। स्वर्गीय बा० शिवप्रसाद जी गुप्त (काशी) वेद पर बडी आस्था रखते थे। उन्होंने वडी श्रद्धा के साथ सायणभाष्य का किसी विद्वान् से आदि से अन्त तक पाठ कराया और स्वय भी वहा नित्य नियमत बैठ कर सुनते रहे। उसी अवसर पर एक रोज मैं वहा गया तो उन्होने हाथ जोड कर हसते हुए मुझे कहा कि शास्त्री जी महाराज पहले ही अच्छा था कि मैंने वेद का अर्थ नहीं सुना था ? जब से मैंने सायणाचार्य का वेदार्थ सुना है तब से तो मेरी वेद पर अनास्था हो गई है।

दूसरा उदाहरण हमारे स्वर्गीय गुरु महामहोपाध्याय पूज्यपाद पं० अन्नदाचरण तर्क चूडामणि जी महाराज हैं। उन्होंने एक वार दर्शन पढाते समय प्रसङ्गत कह दिया था कि वेद के सहिता भाग में क्या रक्खा है ? इन्द्र की स्तुति और वरुण की स्तुति ही तो भरी पडी है। हा, सार तो उपनिषत् की श्रुतियो में है जिस पर वेदव्यास जी ने विचार किया है। देखा आपने सायणाचार्य और महीधराचार्य के भाष्य के अध्ययन का यही तो फल निकलता है। इसी कारण मैंने कहा है कि सायणाचार्य ने जहा वेदार्थ कर के जगत् का उपकार किया है वहा ही उन्होने केवल यज्ञपरक मात्र अर्थ कर के वडा भारी अपकार भी किया है।'

इस प्रकार श्री अरविन्द कृत सायणभाष्य की निष्पक्ष समालोचना का प्रवल समर्थन ही काशी पण्डित सभा के प्रधान महोदय ने किया है। वेदो में विज्ञान विषयक मन्तव्य का

निष्पक्षभाव से विवेचन करते हुए योगी अरविन्द जी ने लिखा—

'There is nothing fastastic in Dayananda's idea that Veda contains truth of science as well as truth of religion. I will even add my own conviction that Veda contains the other truths of a science the modern world does not at all possess and in that case, Dayananda has rather understated than overstated the depth and range of the Vedic wisdom. . . .If as Dayanand held on strong enough grounds, the Veda reveals to us God, reveals to us the relation of the soul to God and nature, what is it but a Revelation of Divine Truth ? And if, as Dayananda held, it reveals them to us with a perfect truth, flawlessly, he might well hold it for an infallible Scripture. . . . In the matter of Vedic interpretation, I am convinced that what ever may be the final complete interpretation, Dayananda will be honoured as the first discoverer of the right clues. Amidst the chaos and obscurity of old ignorance and agelong misunderstanding, his was the eye of direct vision that pierced to the truth and fastened on to that which was essential. He has found the keys of the doors that time had closed and rent asunder the seals of the imprisoned fountains.'

Dayananda and Veda from the Article in the Vedic Magazine Lahore for Nov. 1916. by Shri Aravinda.

उपर्युक्त सन्दर्भ को अत्यन्त महत्त्वपूर्ण होने के कारण मूल रूप में उद्धृत करना हमें उचित प्रतीत हुआ है। इस का भाव यह है कि ऋषि दयानन्द की इस धारणा में कि वेद में धर्म और विज्ञान दोनों की सचाइयां पाई जाती हैं कोई उपहासास्पद या कल्पित बात नहीं है। मैं इस के साथ अपनी धारणा जोड़ना चाहता हूं कि वेदों में एक दूसरे विज्ञान की सचाइयां भी विद्यमान हैं जिन का आधुनिक जगत् को किंचित् मात्र भी ज्ञान नहीं है और ऐसी अवस्था में ऋषि दयानन्द ने वैदिक ज्ञान की गम्भीरता के विषय में अतिशयोक्ति से नहीं अपितु न्यूनोक्ति से ही काम लिया है। ·· यदि यह बात ठीक है जैसे कि ऋषि दयानन्द का प्रबल प्रमाणों के आधार पर विश्वास था कि वेद में परमेश्वर, प्राकृतिक नियम

और परमेश्वर के आत्मा और प्रकृति के साथ सम्बन्ध, इन सब बातो के विषय में सत्य ज्ञान को प्रकाशित किया गया है तो इसे ईश्वरीय सत्य के प्रकाशक के अतिरिक्त क्या कहा जा सकता है ? और यदि जैसे कि ऋषि दयानन्द का विश्वास था कि इन विषयों का ज्ञान वेदो में पूर्ण सत्य के साथ निर्दोष रूप में प्रकाशित किया गया है तो उस का निर्भ्रान्त धर्म ग्रन्थ के रूप में वेद को मानना समुचित ही है। वैदिक व्याख्या के विषय में मेरा यह विश्वास है कि वेदों की सम्पूर्ण अन्तिम व्याख्या कोई भी हो ऋषि दयानन्द का यथार्थ निर्देशो के प्रथम आविर्भावक के रूप में सदा मान किया जाएगा। पुराने अज्ञान और पुराने युग की मिथ्याज्ञान की अव्यवस्था और अस्पष्टता के बीच में यह उस की ऋषिदृष्टि थी जिस ने सचाई को निकाल लिया और उसे वास्तविकता के साथ बाध दिया। समय ने जिन द्वारो को बन्द कर रखा था उन की चाबियों को उसी ने पा लिया और बन्द पडे हुए स्रोत की मुहरो को उसी ने तोडकर परे फेंक दिया।

सुप्रसिद्ध योगिराज महर्षि दयानन्द के प्रति अपने समय के ही नहीं, ससार के योगियो मे से अति प्रख्यात एक दूसरे योगी ऋषि अरविन्द द्वारा समर्पित यह श्रद्धाजलि बडी महत्त्व-पूर्ण है इस में सन्देह नहीं हो सकता।

जगद्विख्यात योगी श्री अरविन्द के वेद विषयक विचार

स्वर्गीय श्री अरविन्द जी एक जगद्विख्यात योगी थे जिन्होने Life Divine, Synthesis of Yoga, Bases of Yoga, Lights on Yoga, The Ideal of Human Unity, The Mother इत्यादि योग विषयक अनेक उत्तम ग्रथों के द्वारा जगत् के आध्यात्मिक दृष्टि से मार्ग प्रदर्शन का प्रयत्न किया। वेदों के विषय में भी उन्होने सुशिक्षित जनता में प्रचलित भ्रान्तियो के निवारणार्थ The Secret of the Vedas इस शीर्षक से एक लेखमाला अपने सुप्रसिद्ध त्रैमासिक Arya (आर्य) नामक पत्र में कई वर्षों तक प्रकाशित की थी जो पुस्तक रूप में अभी प्रकाशित हुई है[1] राष्ट्र भाषा (हिन्दी) में वेद रहस्य इस नाम से उस के तीन भाग प्रकाशित हो गये हैं जिन के अनुवादक आचार्य अभयदेव जी (भू० पू० आचार्य गुरुकुल काङ्गडी) हैं।

इन लेखों के अतिरिक्त श्री अरविन्द जी ने 'Vedic Magazine' नामक आचार्य रामदेव जी द्वारा सम्पादित पत्रिका में 'Dayananda and Veda' शीर्षक का अत्युत्तम लेख लिखा था जिस के कुछ उद्धरण हम इस अध्याय में दे चुके हैं। इन से पाठक श्री

---

१ 'On the Vedas' by Shri Aravinda, Published by Shri Aravindashram Pandicherry 1956 Rs. 10.

अरविन्द जी के वेद विषयक उच्च विचारों का कुछ परिचय अवश्य पा चुके होंगे। तथापि उन के वेद विषयक विचारों का कुछ दिग्दर्शन कराना आवश्यक प्रतीत होता है क्यों कि महर्षि दयानन्द के पश्चात् वे एक जगद्विख्यात दार्शनिक और विचारक थे जिन्होंने वेदों की प्रधानतया आध्यात्मिक और मनोवैज्ञानिक व्याख्या करते हुए उन्हें लोकप्रिय बनाने का प्रशसनीय प्रयत्न किया। श्री अरविन्दाश्रम के एक पुराने अति विद्वान् साधक श्री कपाली शास्त्री जी श्री अरविन्द जी के मार्ग प्रदर्शन में ऋग्वेद का सिद्धाजन भाष्य कर रहे थे जिस के दो भाग प्रकाशित हो चुके हैं। उन में वेद मन्त्रों की आध्यात्मिक व्याख्या का प्रशसनीय यत्न किया गया है। खेद है कि गतवर्ष १६ अगस्त १९५३ को श्री कपाली शास्त्री जी का देहावसान होने से वह महत्त्वपर्ण कार्य अधूरा रह गया है। श्री अरविन्द के 'वेदरहस्य' में से निम्न उद्धरण उन के विचारों को स्पष्टतया दिखाने के लिये पर्याप्त हैं—

१ ये वेद न केवल ससार के कुछ सर्वोत्कृष्ट और गम्भीरतम धर्मों के अपितु उन के कुछ सूक्ष्मतम पराभौतिक (Metaphysical) दर्शनों के भी सुविख्यात आदिस्रोत के रूप में माने जाते रहे हैं।

२ वेद वह उस सर्वोच्च आध्यात्मिक सत्य के लिये माना हुआ नाम है जहा तक कि मनुष्य के मन की गति हो सकती है।

३ ऋषि, सूक्त का वैयक्तिक रूप से स्वय निर्माता न था वह तो द्रष्टा था एक सनातन सत्य का और एक अपौरुषेय ज्ञान का।

४. वेद वह दिव्य वाणी है जो कम्पन करती हुई असीम में से निकल कर उस मनुष्य के अन्त श्रवण में पहुचो जिस ने पहले से ही अपने आप को अपौरुषेय ज्ञान का पात्र बना रखा था।

५ यह वेद है मनुष्य की तरफ से उन दिव्य ज्योति, दिव्य शक्ति और दिव्य कृपाओं की स्तुति जो मर्त्य में कार्य करती हैं।

६ पूर्णता की प्राप्ति के लिये सघर्ष करने वाले आर्य के हाथ में वेद मन्त्र, एक शस्त्र का काम देता था।

७ वेद असभ्य जगली और आदिम कारीगरों की कृति नहीं है बल्कि वे एक परमसभ्य और सचेतनकला के सजीव निःश्वास हैं।

८ वेद जैसे कि अपनी भाषा में और अपने छन्दों में, वैसे ही अपनी विचार रचना में भी आश्चर्य जनक हैं।

९. वेद का सायणभाष्य एक ऐसी चाबी है जिस ने वेद के आन्तरिक आशय पर दुहरा ताला लगा दिया है तो भी वह वैदिक शिक्षा की प्रारम्भिक कोठरियों को खोलने के लिये अत्यन्त अनिवार्य है ·· प्रत्येक पग पर हम उस के साथ मतभेद करने के

लिये वाध्य हैं पर प्रत्येक पग पर इस का प्रयोग करने को भी वाध्य हैं।

१० दयानन्द ने ऋषियों के भाषा सम्बन्धी रहस्य का मूल सूत्र हमें पकडा दिया है और वैदिक धर्म के एक केन्द्रभूत विचार (अनेक देव एक परम देव में आ जाते हैं) पर फिर से वल दिया है।

११ यह धर्म पुस्तक वेद मुझे ऐसी प्रतीत होने लगी कि यह अत्यन्त बहुमूल्य विचाररूपी सुवर्ण की एक स्थिर रेखा को अपने अन्दर रखती है और आध्यात्मिक अनुभूति इस के अ श-अ श में चमकती हुई प्रवाहित हो रही है।

१२ वेद में देवताओं के नाम, अपने अर्थ में ही इस का स्मरण कराते हैं कि वे केवल विशेषण हैं, अर्थसूचक नाम हैं, वर्णन हैं, न कि किसी स्वतन्त्र व्यक्ति के वाचक नाम।

१३ यह सोमरस उस आनन्द की मस्ती का, सत्ता के दिव्य आनन्द का प्रतिनिधि है जो कि 'ऋतम्' या सत्य के बीच में से होकर अतिमानस चेतना से मन में प्रवाहित होता है।

१४ वेद के प्रतीक वाद का आधार यह है कि मनुष्य का जीवन एक यज्ञ है, एक यात्रा है, एक युद्ध क्षेत्र है।

१५ वैदिक देवताए विश्वव्यापी देवता के नाम, शक्तिया और व्यक्तित्व हैं और वे दिव्य सत्ता के किसी विशेष सारभूत वल का प्रतिनिधित्व करती हैं। ये देव विश्व को अभिव्यक्त करते हैं।

१६ इस प्रकार (आध्यात्मिक दृष्टि से) समझा हुआ ऋग्वेद एक अस्पष्ट, गडबड से भरी और जगली गीतावलि नहीं रहता, यह मनुष्य जाति का एक ऊ ची अभीप्सा से युक्त गीत पाठ वन जाता है। इस के सूक्त हैं आत्मा की अपनी आरोहण करते हुए गाई जाती वीरगाथा के आख्यान। कम से कम यह है वेद में और जो कुछ प्राचीन विज्ञान, लुप्त विद्या, पुरानी मनोभौतिक परम्परा आदि हों वह अभी खोजना शेष ही है।

इन १५ और १६ के विषय में अत्यन्त महत्वपूर्ण होने के कारण श्री अरविन्द के मूल अ ग्रेजी लेख के शब्द उद्धृत करने आवश्यक प्रतीत होते हैं जो निम्नलिखित हैं—

'The Vedic deities are names, powers, personalities of the Universal Godhead and they represent each some essential puissance of the Divine Being. They manifest the cosmos and are manifest in it'

Hymns to the Mystic Fire, Foreword P 34.

'So understood the Rigveda ceases to be an obscure confused and barbarous hymnal, it becomes the highaspiring

song of Humanity, its chants are episodes of the lyrical epic of the soul in its immortal ascention. This at least, what more there may be in the Veda of ancient science, lost knowledge, old psycho-physical tradition, remains yet to be discovered.'

Hymns to the Mystic Fire by Shri Aravinda, Introduction P. 48.

'Finally, as the summit of the teaching of the Vedic mystics comes the secret of the One Reality; Ekam Sat (एक सत्) or Tad Ekam (तदेकम्) which became the central word of the Upanishads The gods, the powers of Light and Truth are powers and names of the One, each god is himself all the gods or carries them in him; there is the One Truth तत् सत्यम् and one bliss to which we must rise But in the Veda this looks out still mostly from behind the veil. There is much else, but this is the Kernel of the 'doctrine'

Hymns to the Mystic Fire by Shri Aravinda. Introduction P. 48.

वैदिक यज्ञ के विषय में अपना विचार श्री अरविन्द ने निम्न शब्दो मे प्रकट किया—

'The elements of the outer sacrifice in the Veda are used as symbols of the inner sacrifice and self-offering; We give what we are and what we have in order that the riches of the divine Truth and Light may descend into our life and become the elements of our inner birth into the Truth—a right thinking, a right understanding, a right action must develop in us which is the thinking, impulsion and action of that higher Truth, ritasya Presha, ritasya dhiti, (Rig. 1. 68 3.) and by this we must build up ourselves in that Truth. Our sacrifice is a journey, a pilgrimage and a battle—a travel toward the gods and we also make that journey with Agni.

the inner Flame as our path finder and leader.

Hymns to the Mystic Fire. P. 32

अर्थात् वाह्य यज्ञ के तत्त्वों को वेद में आन्तरिक यज्ञ और आत्म समर्पण के प्रतीको के रूप में प्रयुक्त किया गया है, हम जो कुछ हैं और हमारे पास जो कुछ है उसे हम देते; प्रदान करते हैं जिस से कि दिव्य सत्य और ज्योति के ऐश्वर्य हमारे जीवन में अवतरित हो सकें और सत्य के अन्दर हमारे आन्तरिक जन्म के तत्त्व बन सकें--एक सच्चा विचार, एक सच्ची समझ, एक सच्ची क्रिया हमारे अन्दर विकसित होनी चाहिये जो कि उस उच्चतर सत्य का विचार, प्रेरणा और क्रिया हो 'ऋतस्य प्रेषा, ऋतस्य धीति' (ऋ. १ ६८ ३) और इस के द्वारा हमें अपने आपको उस सत्य के अन्दर निर्मित करना चाहिये। हमारा यज्ञ एक यात्रा है, तीर्थयात्रा है और एक युद्ध है-देवों के प्रति गमन है और हम भी उस यात्रा को करते हैं अग्नि को--आन्तरिक ज्वाला को अपना मार्गशोधक और नेता (अग्रणी) बना कर। वैदिक रहस्य भाग ३ पृ ३५।

elibrary.thearyasamaj.org

द्वितीय अध्याय

वेदों का महत्त्व और उसके कारण

विविध मतावलम्बी निष्पक्ष विद्वानों के द्वारा समर्पित श्रद्धाञ्जलियां

इस पुस्तक के प्रथम अध्याय में हम ने वेदों के विषय में प्राचीन सर्वशास्त्र सम्मत विश्वास का उल्लेख करते हुए उस के महत्त्व पर कुछ प्रकाश डाला है। मध्यकालीन आचार्यों और वर्तमान युग के सुप्रसिद्ध विद्वानों में से महर्षि दयानन्द सरस्वती और जगद्विख्यात विचारक तथा योगी श्री अरविन्द जी के एतद्विषयक मन्तव्य का भी उल्लेख किया गया है। किन्तु केवल इतना लिख देने से आजकल के लोगों का सन्तोष नहीं हो सकता कि प्राचीन, मध्यकालीन अथवा अर्वाचीन अमुक-अमुक सुप्रसिद्ध विद्वान् वेदों के विषय में इतनी उच्च भावना वा आस्था रखते हैं। आजकल के तार्किक लोग तो यह चाहते हैं कि तर्क द्वारा वेद विषयक मन्तव्य की पुष्टि हो तभी वह मानने योग्य हो सकता है, अन्यथा नहीं। इस दृष्टि से हम ईश्वरीय ज्ञान की आवश्यकता और वेदों को ही क्यों ईश्वरीय ज्ञान वा अपौरुषेय माना जाए इस पर प्रकाश डालना चाहते हैं क्यों कि हमारा यह दृढ विश्वास है कि वेद विषयक हमारा सिद्धान्त युक्तियुक्त और तर्क सङ्गत है।

ईश्वरीय ज्ञान की आवश्यकता

इस सम्बन्ध में पहला प्रश्न यह है कि क्या ईश्वरीय ज्ञान की आवश्यकता भी है वा नहीं ? क्यों न यह माना जाए कि मनुष्य को क्रम से ज्ञान प्राप्त होता जाता है ? विकासवाद के अनुसार मनुष्य के ज्ञान की स्वयमेव क्रमश उन्नति होती चली जाती है। ईश्वरीय ज्ञान वा Revelation मानने की आवश्यकता ही क्या है जब कि विकासवाद (Evolution Theory) से ज्ञान की समस्या का हल हो जाता है। इस विषय में हम यह स्पष्ट कर देना चाहते हैं कि जो तो ईश्वर की सत्ता को ही स्वीकार नहीं करते उन नास्तिकों की बात अलग है। उन के सम्मुख जगत् में दिखाई देने वाले अद्भुत क्रम और व्यवस्था के द्वारा सर्वज्ञ सर्वशक्तिमान् सृष्टिकर्ता की सत्ता को तर्क द्वारा सिद्ध किया जा सकता है किन्तु यहां उन के विषय में हम चर्चा नहीं कर रहे। यहां उन लोगों के सम्बन्ध में विचार किया जा रहा है जो सृष्टिकर्ता परमेश्वर की सत्ता को स्वीकार करते हुए भी ईश्वरीय ज्ञान की आवश्यकता से इन्कार करते हैं। उन के प्रति हमारा कथन यह है कि जब तक कोई सिखाने वाला न हो तब तक स्वय ज्ञान की प्राप्ति नहीं हो सकती इस बात को हम संसार में स्पष्टतया देखते हैं यदि ऐसा न होता तो विद्यालयों और महाविद्यालयों के खोलने की कोई आव-

श्यकता न होती। लोग अपने आप ही सब प्रकार का ज्ञान प्राप्त कर लेते। पर जब तक माता-पिता आचार्य वा अन्य शिक्षक सिखाने वाले न हों तब तक बालक-बालिकाओं को ज्ञान की प्राप्ति नहीं होती यह प्रत्यक्ष सिद्ध है। इस के विषय में समय-समय पर अनेक परीक्षण भी किये गये हैं जिन में से असीरिया के सम्राट् असुरबाणी पाल, युनान के राजा सेमिटिकस, सम्राट् फ्रेडरिक २य, स्काटलैन्ड के जेम्स चतुर्थ और मुगल बादशाह अकबर ने इस के विषय में जो परीक्षण किये वे कुछ अंश तक क्रूरतापूर्ण होते हुए भी महत्त्वपूर्ण और विश्वासजनक हैं। इन लोगों ने छोटे बच्चों को जंगलों में रखवा दिया और उन के पालन पोषण के लिये मूक (गूंगी) दाइयों का प्रबन्ध किया। परिणाम यह हुआ कि वे मानवीय भाषा को न सीख सके और उनका व्यवहार तथा चाल-चलन पशुओं जैसा ही रहा। नीग्रो तथा अन्य सभी जातियों का इतिहास इस बात का साक्षी है कि जब तक वे सुशिक्षित लोगों के सम्पर्क में नहीं आये तथा उन को अच्छे अध्यापकों से शिक्षा प्राप्त करने का अवसर प्राप्त नहीं हुआ तब तक वे स्वयं ज्ञान प्राप्त करने में हजारों वर्ष व्यतीत होने पर भी समर्थ नहीं हो सके। रामू नामक एक भेड़िये द्वारा पोषित बालक का (जिसे गांधी हस्पताल लखनऊ में रखा गया था और जो पशुओं की तरह चलता, बोलता, मनुष्यों से भय खाता और कच्चा मांस खाता था) उदाहरण अभी पाठकों को स्मरण ही होगा जिस के विषय में उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री कन्हैयालाल मुन्शी जी का लेख समाचारपत्रों में प्रकाशित हुआ था। इस लिये जैसे पिता पुत्र के कल्याणार्थ उपदेश करता है वैसे ही सब के पितृस्थानीय वा आदिगुरु परमेश्वर ने सब मनुष्यों के कल्याणार्थ अन्तर्यामि रूप से जीवों को धर्माधर्म, पापपुण्य, शारीरिक, मानसिक, आत्मिक, सामाजिक उन्नति के साधन, मनुष्य जीवन का उद्देश्य, परमानन्द शाश्वत सुख और शान्ति की प्राप्ति इत्यादि विषयों का वेदों के द्वारा सृष्टि के प्रारम्भ में उपदेश किया यह बात सर्वथा तर्कानुमोदित है। स्वयं हैकल जैसे जड़वादी (Meterialist) ने इस प्रकार ईश्वरीयज्ञान की संभावना को निम्न शब्दों में स्वीकार किया है—

'They may or may not receive such information, but there is no scientific ground for dogmatism on the subject nor any reason for asserting the inconceivability of such a thing'

T O Mazina quoted in the Materialism by Dorab Dinah Kaanga P. 52

अर्थात् इस विषय में कोई वैज्ञानिक बाधा नहीं है अथवा कोई कारण नहीं कि क्यों इस संभावना को स्वीकार न किया जाए।

जब एक हैकल जैसा जड़वादी भी ऐसी बात कह सकता है तो आस्तिकों के लिये तो

ईश्वरीयज्ञान की आवश्यकता को मानना सरल तथा स्वाभाविक है। यूरोप के एक सुप्रसिद्ध वैज्ञानिक डा फ्लेमिंग M A. D. Sc F R. S ने अपने 'Supreme Intelligence in and above nature' नामक व्याख्यान में जो लण्डन में २३ से २६ नव १६१४ तक मनाए गये विज्ञान सप्ताह (Science Week) में दिया गया ईश्वरीयज्ञान की आवश्यकता का निम्न शब्दों में स्पष्ट प्रतिपादन किया—

'If we are to obtain more solid assurances, it can not come to the mind of man groping feebly in the dim light of un-assisted reason, but only by a communication made directly from this Supreme Mind to the finite mind of man.'

Science and Religion by Seven men of Science—Lecture by Dr Fleming M A D Sc. F. R. S

अर्थात् यदि हमें निश्चित ज्ञान और आश्वासन प्राप्त करना हो तो वह सहायताहीन केवल तर्क के धुंधले प्रकाश में निर्बलता पूर्वक भटकते हुए मनुष्य के मन को प्राप्त नहीं हो सकता किन्तु सर्वज्ञ परमात्मा द्वारा मनुष्य के मन तक पहुंचाये ज्ञान से ही ऐसा होना सभव है। इस से बढ कर ईश्वरीय ज्ञान की आवश्यकता का एक प्रसिद्ध वैज्ञानिक द्वारा समर्थक वाक्य और क्या हो सकता है ?

जैसे कोई भी सस्था बनाने, सरकार का कार्य चलाने अथवा कारखाना इत्यादि चलाने से पूर्व उस के नियमों का बना डालना अत्यावश्यक है इसी प्रकार ससाररूपी इस विशाल सस्था को नियमपूर्वक चलाने के लिये भगवान् ने सब के हितार्थ वेद के रूप में नियमों का निर्देश कर दिया जिन पर चलने से ही प्रत्येक नर नारी का कल्याण हो सकता है अन्यथा नहीं। यह बात स्पष्ट है कि यदि किसी देश में चोरी, मद्यपान, व्यभिचारादि के विरुद्ध कानून न बने हुए हो तो ऐसा करने वालो को दण्ड देना भी वहा न्याययुक्त नहीं कहा जा सकेगा। इस लिये और नहीं तो व्यवहार सहिता नियम ग्रथ (Code of Laws) या वेद के शब्दो में ऋत और सत्य (Physical and Moral eternal laws) का प्रतिपादन करने वाले ज्ञान का सृष्टि के प्रारम्भ में मङ्गलमय भगवान् के द्वारा मनुष्यमात्र के पथप्रदर्शक के तौर पर दिया जाना बडा युक्ति-युक्त है। इसी लिये अफलातून (Plato) और कान्ट जैसे सुप्रसिद्ध दार्शनिक शिरोमणियों ने भी धार्मिक तथा नैतिक विषयों में पथप्रदर्शन के लिये ईश्वरीय ज्ञान की आवश्यकता को स्पष्ट शब्दों में अनुभव और प्रकट किया है। यूनान के प्रख्यात दार्शनिक प्लेटो के Phaedo इत्यादि ग्रंथों में पाये जाने वाले एतद्विषयक वाक्यों का अङ्गरेजी भाषान्तर इस प्रकार है—

We will wait for one, be he a God or an inspired man

to instruct us in religious duties and to take away the darkness from our eyes Plato's Alcibiades.

We must seize upon the best human views in navigating the dangerous sea of life, if there is no safer or less perilous way, no stouter vessel or Divine Revelation for making this voyage. Plato's Phaedo.

अभिप्राय यह है कि धार्मिक कर्तव्यों की शिक्षा देने के लिये हमें या तो परमेश्वर या उस द्वारा प्रेरित किसी पुरुष की प्रतीक्षा करनी पडेगी जो हमारी आखो के आगे छाए हुए अन्धकार को दूर कर दे। इस मानव जीवन रूपी समुद्र को भलीभाति पार करने के लिये यदि हमें ईश्वरीय ज्ञान द्वारा कोई प्रबल साधन मिलना सर्वथा असम्भव हो तो अच्छे से अच्छे मानवीय विचारों पर हमें निर्भर रहना पडेगा।

Dialogues of plato—translated into English by Jowett मे निम्न शब्द पाये जाते हैं—

A man should persevere until he has achieved one of two things, either he should discover, or be taught the truth about them, or if this is impossible, I would have him take the best and most irrefragable of human theories, and let this be the raft upon which he sails through life—not without risk, as I admit, if he can not find some Word of God which will more surely and safely carry him.'

Dialogues of Plato translated by Jowett Phaedo P. 463

भाव लगभग वही है जो पहले दिया जा चुका है किन्तु अन्तिम रेखाङ्कित भाग में यह अधिक स्पष्ट किया गया है कि ईश्वरीय ज्ञान की सहायता के बिना मनुष्य निश्चय और सुरक्षा पूर्वक ससार सागर के पार नहीं पहुच सकता। इस दृष्टि से यह उद्धरण अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है।

इसी आशय के शब्द युनान के तत्त्वज्ञानियो में सब से अधिक बुद्धिमान् सुकरात ने भी कहे थे जिनका अङ्गरेजी अनुवाद इन शब्दों में दिया गया है—

You may resign yourself to sleep, and give yourself up to despair, unless God in His goodness, shall vouchsafe to

send you instruction.'

Quoted here from the Brahma Samaj and Ecclectic Systems. Madras P. 84.

अर्थात् तुम या तो निद्रा के प्रति अपने को समर्पण कर सकते हो या निराशा के प्रवाह में बह सकते हो जब तक कि परमेश्वर अपनी कृपा से तुम्हें शिक्षा न दे। यह ईश्वरीय ज्ञान के बिना मनुष्य की दुर्दशा का चित्रण है।

जर्मनी के दार्शनिक मूर्धन्य कान्ट ने भी—

'We may well concede that if the Gospel had not previously taught the universal moral laws in their full purity, reason would not yet have attained so perfect an insight of them.

इन शब्दों को लिख कर सदाचार सम्बन्धी नियमों की पूर्ण शिक्षा के लिये ईश्वरीय ज्ञान की आवश्यकता और मानवीय बुद्धि की असमर्थता को स्पष्टतया स्वीकार किया था। जो इस ईश्वरीयज्ञान की आवश्यकता को स्वीकार नहीं करते ऐसे सदसद्विवेकबुद्धिवादी सज्जनों का कथन है कि परमेश्वर ने सत्यासत्य, धर्माधर्म, पाप-पुण्य इत्यादि के विचार के लिये जो अन्तरात्मा मन साक्षि वा Conscience हमें दे दी है वही पर्याप्त है। उस के अतिरिक्त ईश्वरीय ज्ञान की कुछ आवश्यकता नहीं है। इस के उत्तर में हम इतना ही कहना चाहते हैं कि यद्यपि हम स्वयं कुछ अंश तक सदसद्विवेकबुद्धि की प्रामाणिकता मानते हैं—

'स्वस्य च प्रियमात्मनः' 'सतां हि सन्देहपदेषु वस्तुषु, प्रमाणमन्तःकरणप्रवृत्तयः।'

इत्यादि वचनों द्वारा हमारे स्मृतिकारों और कवियों ने उस का महत्त्व स्वीकार किया है, इतना ही नहीं, स्वयं वेद में—

दृष्ट्वा रूपे व्याकरोत् सत्यानृते प्रजापतिः।
अश्रद्धामनृतेऽदधाच्छ्रद्धां सत्ये प्रजापतिः॥ यजु. १९. ७७।

इत्यादि मन्त्रों द्वारा सदसद्विवेकबुद्धि की उपयोगिता का प्रतिपादन किया गया है तथापि केवल उसे धर्माधर्म, पाप-पुण्य, कार्याकार्य के निर्णय में पर्याप्त नहीं माना जा सकता क्यों कि उस का आधार बहुत कुछ सामाजिक परिस्थिति तथा शिक्षा पर है। एक वेदानुयायी आर्य वैष्णव अथवा जैन मतावलम्बी के घर जो बालक उत्पन्न होता है उसे स्वभावतः मांस-मद्यादि से घृणा होती है और उस की अन्तरात्मा उसे सदा ऐसे पदार्थों का सेवन करने से

रोकती रहती है पर जो बालक मासमद्यसेवी अङ्गरेज, अमेरिकन अथवा अन्य किसी ऐसे ही पुरुष के गृह जन्म लेता है उस की अन्तरात्मा उसे इन चीज़ो से परहेज रखने की कोई विशेष प्रेरणा नहीं करती। यह परिस्थिति का प्रभाव नहीं तो और किस चीज का प्रभाव है ? इसी विचार को मन में रखते हुए जर्मनी के दार्शनिकाग्रगण्य काण्ट ने Metaphysics of Morals नामक पुस्तक में ठीक ही लिखा था कि—

'Feelings which naturally differ in degree can not furnish uniform standard of good and evil, nor has any one a right to form judgment for others by his own feelings'

अर्थात् सवेदन वा अनुभव जो स्वाभाविकतया भिन्न-भिन्न व्यक्तियों में भिन्न रूप वा मात्रा में होते हैं अच्छे और बुरे वा पाप पुण्य का एक समान माप दण्ड नहीं निर्धारित कर सकते और न किसी को अपनी अनुभूति से दूसरों के लिये निर्णय करने का अधिकार है।

इलहाम, आदेश और ईश्वरीय ज्ञान

जो लोग ऐसा मानते हैं कि परमेश्वर की ओर से ज्ञान वा प्रेरणा जिसे इल्हाम और आदेश कहते हैं समय-समय पर भक्तो को प्राप्त होता ही रहता है, सृष्टि के प्रारम्भ में ही ईश्वरीय ज्ञान मानने की कोई आवश्यकता नहीं उन्हें स्मरण रखना चाहिये कि ऐसा मानने से जगत् में बडे-बडे अनर्थ होते रहे हैं और भविष्य में भी हो सकते हैं। हम किसी व्यक्ति पर अनुचित आक्षेप करना उचित नही समझते तथापि सब जानते हैं कि कितनी ही वार अनेक साम्प्रदायिक नेताओं तथा आध्यात्मिक गुरुओ ने आदेश और इलहाम का नाम लेकर ऐसे-ऐसे कार्य किये हैं जिन का कोई बुद्धिमान् धार्मिक पुरुष समर्थन नहीं कर सकता। इस सम्बन्ध में उदाहरणार्थ दो दृष्टात देना पर्याप्त होगा। एक तो मुहम्मद साहेब का जिन के अपने दत्तक पुत्र ज़ैद की पत्नी ज़ैनब को ईश्वरीय आदेश वा इलहाम से अपनी पत्नी बना लेने की श्री हैच् जी वेल्स ने Outline of World History, Newyork One Volume Edition. P 608 तथा Short History of the World P. 137 में डा मार्गोलियोथ डि लिट् (D S Margolioth D. Litt) ने Encyclopedia of Religion and Ethics Vol VIII P. 878 में, सर विलियम मूर ने Mohammed and Islam P 196-197 में डा ह्यूग (Dr. Hughoes) ने Notes on Mohammedanism P 2 मे, रेवरेन्ड डा रैंजर् (Rev. Dr Ridger) ने Dictionary of Islam P. 396 में अन्य तथा अनेक पाश्चात्य विद्वानो ने Studies in Mohammedanism इत्यादि ग्रथो में की है जिन को उद्धृत करना भी हमें अत्यन्त अप्रिय प्रतीत होता है। ऊपर निर्दिष्ट ज़ैनब के साथ निकाह की

इजाजत देने वाली आयत कुरान पारा २८ सू अहजाब आ ३७से४० में विद्यमान है, जिस की उपर्युक्त तथा अन्य विद्वानो ने भयङ्कर समालोचना की है। सृष्टि के प्रारम्भ में न मान कर मध्य-मध्य में भी इलहाम वा आदेश को मान लेने पर ऐसे भ्रमों की सभावना बहुत अधिक रहेगी। इस के स्पष्टीकरणार्थ हम ब्रह्मसमाज के नेता श्री केशवचन्द्र सेन के जीवन की घटना को उन के अपने लेख सहित उद्धृत करना आवश्यक समझते हैं। ब्रह्ममाज के प्रवर्तक राजा राममोहनराय अन्त तक वेदो के ईश्वरीय ज्ञान होने पर विश्वास रखते थे। सन् १८३० में प्रथम ब्रह्मसमाज की स्थापना की गई। सन् १८५४ तक वेदों को निर्भ्रान्त माना जाता रहा किन्तु सन् १८५५ में इस सिद्धान्त का एक तुच्छ आधार पर श्री केशवचन्द्र सेन जैसे नव-शिक्षित सज्जनों के अनुरोध पर परित्याग कर दिया गया। सन् १८६० में यह घोषणा की गई कि ब्राह्मधर्म का आधार अन्त प्रतिभा (Intuition) की शिला पर है। सन् १८६६ में श्री केशवचन्द्र सेन ने महापुरुषो पर व्याख्यान देते हुए बताया कि बाह्य ज्ञान की प्राप्ति के तीन साधन हैं (क) प्रकृति (ख) महापुरुषो के लेख (ग) ईश्वरीय प्रेरणा, आदेश वा इलहाम (Inspiration)। सन् १८८८ में नवविधान ब्रह्मसमाज के मुखपत्र The Liberal ने लिखा—

'Direct inspiration of the word of God has become our guide and like the prophets of old, our apostles declare their messages with the anthority of God and proclaim them as 'Thus said the Lord.' It can have no religious union with those that ridicule the inspiration of Keshub Chunder Sen and stand as enemies of the New Dispensation'

The Brahma Samaj and Ecclectic Systems. P. 82.

अर्थात् ईश्वरीय आदेश वा शब्द हमारा मार्ग दर्शक बन गया है और पुराने पैगम्बरों की तरह हमारे नेता भी ईश्वरीय अधिकार के साथ घोषणा करते हैं कि ईश्वर ने ऐसा कहा है। नवविधान ब्रह्ममाज उन के साथ कोई धार्मिक एकता नहीं रख सकता जो श्री केशवचन्द्र सेन को प्राप्त ईश्वरीय आदेशों का उपहास करते और इस प्रकार नवविधान के शत्रु बनते हैं।

श्री केशवचन्द्र सेन को प्राप्त इस ईश्वरीय आदेश का उल्लेखनीय नमूना यह है जो स्वयं ब्राह्मविवाह विधान के निर्माता श्री केशवचन्द्र सेन को (जिस के अनुसार ब्राह्मविवाह की आयु वधू और वर के लिये कम से कम १४ और १८ नियत की गई थी) अपनी पुत्री के लिये (जब वह १४ वर्ष से कम आयु की थी) महाराज कूचविहार के पुत्र के साथ (जिस की आयु १६ वर्ष के लगभग थी) विवाह सम्बन्ध का ईश्वरीय आदेश प्राप्त हुआ। इस पर

जब ब्रह्मसमाज के अनेक सदस्यो और अन्य सुधारकों ने विरोध किया तो श्री केशवचन्द्र सेन ने उन्हें यह कह कर चुप कराया कि उन्हें ऐसा करने के लिये ईश्वरीय आदेश प्राप्त हुआ था जैसे कि उपर्युक्त The Brahma Samaj and Ecclectic Systems के पृष्ठ ३६ पर लिखा है कि—

Keshub claimed to be guided in the matter by adesh or commandment from God' P 36.

'He declared the marriage as an effect of Divine Command' P. 37

अर्थात् श्री केशवचन्द्र सेन ने इस मामले में अपने को ईश्वरीय आदेश द्वारा प्रेरित होने का दावा किया। उन्होने घोषणा की कि यह विवाह ईश्वरीय आदेश के परिणाम स्वरूप था। किन्तु उन के इस दावे को अनेक बुद्धिमान् ब्रह्म समाज के सदस्यों ने स्वीकार नहीं किया और वे बडी सख्या में नवविधान से पृथक् हो गये तथा उन्होंने साधारण ब्रह्मसमाज की स्थापना की।

इसी प्रकार के अन्य अनेकों उदाहरण दिये जा सकते हैं जिन से स्पष्ट है कि बहुत बार मनुष्य अपनी इच्छा को ही परमेश्वरीय इच्छा, प्रेरणा वा आदेश समझ लेते हैं और इस भ्रान्ति से अपने को और समाज को हानि पहुचाते हैं। श्री केशवचन्द्र सेन ने निम्न शब्दों में इस प्रकार की भ्रान्ति और आत्मप्रवचना को कितने स्पष्ट शब्दों में स्वीकार किया है—

A Delusion

I have strangely got into the habit, O my God, of crediting Thee with all my ideas and plans I, as Thy servant, ought to follow only Thy commandment, forsaking all that pleases me, and adopting whatsoever is agreeable to Thee. But instead of doing this, I strive to follow my own plans and schemes, and then I ascribe to Thee their authorship. Having come so far in the path of religion, I feel it a humiliation to believe that I am carrying out my own wishes. I would fain believe that in all my doings, I only follow Thy leading and I feel glad when people give me credit for obeying Thy will and sacrificing my own. But self-sacrifice is a hard thing, and I am carried away by my own ideas, feelings and tastes All that I can do is to make myself and oth-

ers believe that every thing I do is the Lord's doing, and that all my purposes are Divine purposes. Thus errors and vices in my life become sacred in my estimation, in the course of time, with the imprimatur of Thy seal Lord, deliver me from this delusion.'

The New Dispensation by Pt. Shiva Nath Shastri. P. 51
The Brahma Samaj and Ecclectic Systems. P 38 इस सन्दर्भ का आशय यह है—

एक भ्रम

हे परमेश्वर ! मुझे अपने विचारों और योजनाओं को तेरे नाम पर थोपने की विचित्र आदत पड गई है। मुझे तेरे सेवक के रूप में केवल तेरी ही आज्ञा का पालन करना चाहिये और अपनी प्रसन्नता का परित्याग कर के केवल उसे अपनाना चाहिये जो तुझे पसन्द हो किन्तु इस के स्थान में मैं अपनी ही योजनाओं का अनुसरण करता हू और फिर तुझे उन का कर्ता वा लेखक बता देता हू। धर्म के मार्ग में इतनी दूर तक आने के पश्चात् मुझे यह स्वीकार करने में लज्जा आती है कि मैं अपनी इच्छा का अनुसरण करता हू। मैं यह विश्वास करना पसन्द करू गा कि अपनी सब क्रियाओं में मैं केवल तेरे नेतृत्व का अनुसरण करता हू और मैं प्रसन्नता अनुभव करता हू जब लोग मुझे अपनी इच्छा का त्याग कर के तेरी ही इच्छा के अनुसरण का श्रेय देते हैं। किन्तु स्वार्थ त्याग एक बडी वस्तु है और मैं अपने ही विचारो, अनुभवो और रुचियो के प्रवाह में बह जाता हू। जो मैं कर सकता हू वह यह है कि अपने को और दूसरों को यह विश्वास दिला दूं कि जो कुछ भी मैं करता हू यह ईश्वर का कार्य है और मेरा उद्देश्य ही ईश्वरीय उद्देश्य है। इस प्रकार मेरे जीवन की भूलें और दुर्व्यसन, समय के साथ साथ मेरी दृष्टि में हे परमेश्वर, तेरी मुहर के कारण पवित्र बन जाते हैं। प्रभो ! इस भ्रम से मेरा छुटकारा करो।

श्री केशवचन्द्र सेन के ये शब्द उन लोगों के लिये एक चेतावनी का काम देने वाले हैं जो सृष्टि के प्रारम्भ में ईश्वरीय ज्ञान की आवश्यकता न मान कर कल्पित ईश्वरीय आदेशों पर निर्भर रहना पर्याप्त समझते हैं।

इस के अतिरिक्त एक अन्य बात जो हम सदसद्विवेकबुद्धिवादियो से कहना चाहते है वह यह है कि कर्तव्याकर्तव्य का थोडा बहुत निर्णय अन्तरात्मा की साक्षिता द्वारा करने में हम यदि कुछ समर्थ हो भी जाए तो भी जीवन का अन्तिम उद्देश्य, जीव ब्रह्म प्रकृति के स्वरूप, मोक्षप्राप्ति के साधनादि विषयों का ज्ञान तो केवल इस बुद्धि द्वारा होना सर्वथा असम्भव है।

प्रकृतिवादी सज्जनो का कथन है कि केवल प्रकृति को ही देख कर मनुष्य अपने कर्तव्य और हित का विचार कर सकता है, उस के लिये ईश्वरीय ज्ञान की कल्पना क्यों की जाए ? इस के उत्तर में अधिक लिखना अनावश्यक है। यदि केवल प्रकृति मनुष्य को ज्ञान देने में समर्थ होती तो इस पृथिवी तल पर कोई भी जाति असभ्य दशा में न पाई जाती क्यों कि प्रकृति की पुस्तक सब के लिये समानरूप से खुली हुई है। पर बात तो यह है कि इस पुस्तक को पढना और समझना भी बडा कठिन है। बडे-बडे विद्वान् वैज्ञानिक पुरुष ही इस का पाठ कर सकते हैं। दूसरे लोग यदि प्रकृति के अन्दर प्राय प्रचलित 'जिसकी लाठी उस की भैंस, अथवा Survival of the fittest और खल्लमखुल्ले प्रतिबन्धरहित सभोग इत्यादि व्यवहारों का अनुसरण करने लगें तो सदाचार वा Morality का ससार से नामो-निशान ही मिट जाए। इस लिये केवल प्रकृति को धार्मिक और सदाचारादि विषयक शिक्षा देने में समर्थ मानना बडी भारी भूल है।

विविध मतावलम्बी विद्वानो द्वारा वेदो के प्रति समर्पित श्रद्धाञ्जलिया

अब वेदों को ही क्यों ईश्वरीय ज्ञान माना जाए न कि बाइबल कुरान इत्यादि को अथवा क्यों न जिन्द अवस्था बाइबल, कुरान इत्यादि को समानरूपेण ईश्वरीय ज्ञान स्वीकार किया जाए इत्यादि प्रश्नों का सीधा उत्तर देने से पूर्व हम पारसी, जैन, ईसाई, मुसलमान और सिख इत्यादि विविध मतानुयायी निष्पक्ष विद्वानों द्वारा वेदों के प्रति समर्पित श्रद्धाज-लियों को पाठको के सम्मुख रखना चाहते हैं।

पारसी विद्वान् और वेद

सब से पहले हम Philosophy of Zoroastrianism and Comparative Study of Religions नामक ग्रन्थ के लेखक सुप्रसिद्ध पारसी विद्वान् फर्दून दादा-चान जो B A LL. B D Th. के वेद विषयक विचारों को रखना चाहते हैं। वे लिखते हैं—

'The Veda is a Book of Knowledge and Wisdom comprising the Book of nature, the Book of Religion, the Book of Prayers, the Book of morals and so on. The Word 'Veda' means Wit Wisdom, Knowledge and truly the Veda is condensed Wit, Wisdom and Knowledge.'

Philosophy of Zoroastrianism by Dadachanji. P. 100.

अर्थात् वेद, ज्ञान की पुस्तक है जिस में प्रकृति, धर्म, प्रार्थना, सदाचार इत्यादि विष-

यक पुस्तकें सम्मिलित हैं। वेद का अर्थ ज्ञान है और वास्तव में वेद में सारे ज्ञान विज्ञान का तत्त्व है।

ऋग्वेद के प्रथम अग्नि विषयक सूक्त का अर्थ देते हुए जिन में महर्षि दयानन्द के समान अग्नि शब्द के भौतिक अग्नि और ईश्वर दोनो अर्थ किये गये है ये पारसी विद्वान् लिखते हैं—

'Thus we see that Agni in this hymn means both fire as will as God' P 100

अर्थात् इस प्रकार हम देखते हैं कि इस सूक्त मे अग्नि के भौतिक अग्नि और ईश्वर ये दोनो अर्थ हैं।

इसके पश्चात् 'Two fold significance of Words' इस शीर्षक के नीचे ये सुयोग्य पारसी विद्वान् लिखते है कि—

Readers of the Vedas who do not know this wonderful characteristic feature of the Veda in determining the physical as well as the spiritual by means of the self same words, are apt to be misled by the false idea that the Veda looks upon fire, air, the dawn, the sun and the other agent forces, phenomena or objects of nature as Divine beings, to whom the Vedic Rishis, prayed for strength, health, wealth, long life brave sons, rich possessions and so on. But the Vedas teach nothing but mono-theism of the purest kind, the belief that this universe manifests the love, might, wisdom and glory of God who eternally evolves and dissolves alternately innumerable systems of worlds, for the benefit, discipline and well-being of Jeevatmas, according to the eternal laws of nature (called Rita in the Vedas) and also according to the Law of Karma (as implied in it) etc. P 10

अर्थात् जिन पाठको को वेद की इस अद्भुत विशेषता का ज्ञान नहीं है कि किस प्रकार एक ही शब्द से वे भौतिक और आध्यात्मिक तत्त्वों का वर्णन करते है उन को यह भ्रम हो सकता है कि वेद अग्नि, वायु, उषा, सूर्यादि को ईश्वर या देव समझते है जिन से ऋषि शक्ति, स्वास्थ्य, धन, दीर्घजीवन, वीर पुत्रादि की प्रार्थना करते हैं किन्तु वस्तुत ऐसा नहीं है। वेद तो ऐसे एकेश्वरवाद का प्रतिपादन करते हैं जो सब से अधिक विशुद्ध और पवित्र है। वह वह

विश्वास है कि जगत् उस परमेश्वर के प्रेम, शक्ति, बुद्धिमत्ता और महत्त्व को प्रकट करता है जो लोक-लोकान्तरों का निर्माण और अन्त में प्रलय करता है, उन जीवात्माओं के लाभ, अनुशासन और कल्याण के लिये अटल प्राकृतिक नियमों जिन्हें वेद में ऋत के नाम से पुकारा गया है और कर्म नियम के अनुसार। एक सुप्रसिद्ध सुशिक्षित पारसी विद्वान् द्वारा वेदों और वैदिक एकेश्वरवाद के प्रति समर्पित यह श्रद्धाजलि अत्यन्त महत्त्वपर्ण है इस में सदेह नहीं हो सकता।

आचार्य कुमुदेन्दु नाम के प्रसिद्ध जैन विद्वान् और वेद

जैनमतावलम्बी साधारणतया वेद-विरोधी माने जाते है किन्तु उन में भी निष्पक्ष विद्वानो ने वेदों के गौरव को जिस रूप में स्वीकार किया है उस का एक अद्भुत उदाहरण हम 'भूवलय' नामक अत्यन्त आश्चर्यजनक ग्रथ के रचयिता आचार्य कुमुदेन्दु के उपर्युक्त (भूवलय) ग्रन्थ से पाठको के सन्मुख रखते हैं। आचार्य कुमुदेन्दु नामक इस जैन विद्वान् ने लिखा है कि—

ऋग्वेद ही अनादिनिधना आदिम भगवद्वाणी है इस में से अनेक भाषाए निकलती हैं। भगवान् का सन्देश सभी भाषाभाषियों के लिये एक सा होता है। भूवलय में मूलशब्द इस प्रकार के हैं—

महदग्रेयणि विजय ऋग्वेद वलय हे
ट्ह गुणिसलनाद्यनन्त भूवलय ४३।

सर्वज्ञ देवनु सर्वाङ्गदि पेलद
सर्वस्वभाषेय सरणि
पर्वदन्ददलि हब्भुतहोगि
लोकाग्रसर्वार्थ सिद्धिय बलसि ॥
मुक्तियोलिह सिद्ध जीवर तागुत
व्यक्ताव्यक्तवदागि
सकलवु कर्माटदणु रूप होदुत
प्रकटदे ओदरोल् अडगि।
हदिनेन्टु भाषेयु महाभाषेयागलु
वदिय भाषेगल येलनूरम्।
हृदयदोलडगिसि कर्माट लिपियाग
हुदुगिसिदङ्क भूवलय
सकलड़ सादि अनादि ॥

वशगोडु द्वं ताद्वं तवनेल्लव अनेकान्त
रसदोळु ओकारदेकम् ।
यशवादक्षरवोन्दिगे वेसेदिह
होसदनादिय ग्रन्थ ॥ भूवलय अ. ६ श्लो. २. ४ ।

अरब देश के विद्वान् लावी द्वारा वेदों का गुणगान

अखताब के पुत्र और तुर्फा के पौत्र लावी नामक अरबी कवि ने जो मुहम्मद साहेब के जन्म के लगभग २४०० वर्ष पूर्व विद्यमान था वेदों का गुणगान निम्नलिखित अरबी भाषा की कविता में किया जिसे महत्त्वपूर्ण होने के कारण हम अङ्गरेजी और हिन्दी अनुवाद सहित प्रकाशित करना इस प्रकरण में आवश्यक समझते हैं। इस से यह भी स्पष्टतया ज्ञात होता है कि ईस्वीसन् के लगभग १७०० वर्ष पूर्व भी सेमेटिक् लोगों में वेदों के प्रति कितना उत्तम भाव था। यह कविता हारून रशीद के राजदरबार कवि अस्माई मलेकुम् शरा द्वारा संगृहीत सीरुल् उकूल नामक (अब बेरट् पब्लिशिंग कम्पनी बेरट् पैलस्टाइन् द्वारा प्रकाशित तथा हाजी हम्जा शिराजी ऐण्ड को पब्लिशर्स बुक् सेलर्स बन्दर रोड् बम्बई से उपलब्ध) पुस्तक के पृ० ११८ पर पाई जाती है जो निम्नलिखित है—

१. अया मुबारकल अर्ज योशेय्ये नुहामिनल् हिन्दे फारादकल्लाहो मैय्योनज्जेला जिक्रतुन् ।
२ वहल तजल्लेयतुन् ऐनाने सहवी अरबातुन् हाजही युनज्जेल रसूलो जिक्रनान मिनल् हिन्दतुन् ।
३ यकूलुनल्लाह या अहलल् अर्ज आलमीन कुल्लहुम् फत्तबिऊ जिक्रतुल् वेद हक्कन् मालम् युनज्जेलहुन् ।
४ वहोवालम् उस् साम वल युजुर मिनल्लहे तन्जीलन् फ ऐनमा या अतेयो मुत्तवे अन् यो वशरेयो नजातुन् ।
५ व अस्नने हुमा ऋक् व अतर नासहीन फ अग्नूवतुन् व अस्नात अला ऊदन् वहोव मश-अरतुन् ।

English Translation—

1. Oh blessed land of Hind (India) thou art worthy of reverence for in thee has God revealed True Knowledge of Himself
2 What a pure light do these four revealed books afford to our mind's eyes like the (charming and cool) lustre

ईश्वर की एकता को प्रकट करने वाली एकेश्वरवाद विषयक अनेक वार्ताए विद्यमान हैं और प्राचीन भारत के परोक्ष और अपरोक्ष विद्याओं के ज्ञाताओं ने कभी भी एकेश्वरवाद को अस्वीकार नहीं किया और न ही उन्होने एकेश्वरवादियो के प्रति कभी किसी प्रकार की शङ्काए की, वरन् एकेश्वरवाद के प्रति उन का दृढ निश्चय था।

इस विषय में अधिक अनुसधान करने पर वे जिस परिणाम पर पहुचे उस का उल्लेख उन्होने फारसी के निम्न शब्दो में किया—

वाद अज तहकीक इन मरातिब मालूमशुद कि दरमियान ई कौमे कदीम पेश अज कुतब समावी चाहर कुतब आस्मावी कि ऋग्वेद, यजुर्वेद व सामवेद व अथर्वणवेद वाशद बर इन्नाये आ वक्त के बुर्जुगतर आहा आदम सफ़ी अल्लाह व अलीस्सल्लाम अस्त बरजमी अहकाम नाजिल शुदा।

अर्थात् क्रमश अनुसन्धान करने के पश्चात् यह ज्ञात हुआ कि इस प्राचीन (हिन्दू) जाति में समस्त 'ईश्वरीय पुस्तको' (अर्थात् कुरान, इञ्जील, तौरेत तथा जबूर आदि) के पूर्व चार ईश्वरीय पुस्तकें जिन के नाम (१) ऋग्वेद (२) यजुवद (३) सामवेद तथा (४) अथर्ववेद हैं उस समय के ऋषियों पर जिन में सब से बडे आदम (अथवा ब्रह्मा जी) थे समस्त आज्ञाओ के साथ ईश्वर की ओर से प्रकट हुई थी।

शाहज़ादा दाराशिकोह को इस बात का निश्चय हो गया था कि प्राचीनकाल में हिन्दुओ के चारो वेद विद्यमान थे जिन में ईश्वर की एकता का पूर्णतया प्रतिपादन किया गया है। उपनिषद् ग्रथ इन्हीं वेदो के वचनो से सकलित कर के लिखे गये हैं। अत उपनिषद्, वेदो में प्रतिपादित ब्रह्मविद्या के सारभूत ग्रथ हैं जैसा कि उन्होने लिखा कि इन चारो पुस्तको (अर्थात् ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद) के सार का जिन में समस्त ब्रह्मप्राप्ति के साधनो के रहस्यो तथा ईश्वर की एकता के साक्षात् करने के अभ्यासों का वर्णन है उपनिखत् (उपनिषत्) नाम है और उस समय के विद्वानो ने उन्हे (वेदो से) अलग कर के उन ग्रथो पर विस्तृत भाष्य लिखे हैं और उन उपनिषदो का अध्ययन वे एक सर्वोत्तम उपासना समझ कर किया करते हैं।

इस बात को जान कर दाराशिकोह ने सस्कृत भाषा का स्वयम् अध्ययन किया और सस्कृत में उन्होने अपनी योग्यता इतनी कर ली थी कि वे वेदों और उपनिषदों का अध्ययन कर उन के तात्पर्य को भली-भाति समझ लेते थे। तब उन्होंने १०६७ हिजरी में उस समय के वेदो और उपनिषदो के ज्ञाता प्रसिद्ध पण्डितो और सन्यासियों को एकत्रित कर के उन की सहायता से स्वयम् उपनिषदो का फारसी भाषा में अनुवाद किया। ईशोपनिषद् के विषय में (जो अन्य सब उपनिषदो का मूल और स्वय काण्वशाखा के यजुर्वेद का ४० वा अध्याय है)

दाराशिकोह ने लिखा कि—

किताब कदीम कि वेशको शुवह अव्वलीम किताब समावी व सरे चश्माये तहकीक व बहरे तोही दस्त ।

यह पुस्तक अनादि है और इस में किसी प्रकार का सन्देह नहीं कि समस्त ईश्वरीय पुस्तको में यह प्राचीनतम है और परम सत्य का स्रोत तथा ब्रह्मज्ञान का समुद्र है ।

कुरान मे वेद का निर्देश

दाराशिकोह ने इस प्रकार वेदो को परम पवित्र ईश्वरीय ज्ञान के रूप मे स्वीकार किया और साथ ही बताया कि कुरान के एक वाक्य में जो अरबी के निम्न शब्दो मे है—

इन्न कुराने करीम–फी किताब मकनू–लाये मस्सहू इल्ला अल् मतहन–तजीलमिन् जव्वुल आलमीन ।

वेदो का निर्देश किया गया है । दाराशिकोह के अनुसार इस अरबी वाक्य का तात्पर्य यह है कि—

कुरानशरीफ एक पुस्तक है और वह पुस्तक गुप्त है । उस का ज्ञान उसी को होता है जिस का हृदय पवित्र हो और वह पुस्तक ससार के पालनकर्ता ईश्वर की ओर से प्रकट हुई है ।

कुरानशरीफ की उपर्युक्त पक्तियों में कुरान के विषय में तीन बातो का उल्लेख किया गया है अर्थात् (१) कुरानशरीफ किसी अन्य पुस्तक में विद्यमान है और वह पुस्तक गुप्त है (२) उस पुस्तक को जिस में कुरान विद्यमान है कोई नहीं समझ सकता । हा, जिन का हृदय पवित्र है वे ही उस पुस्तक को समझ सकते हैं । (३) वह मौलिक पुस्तक किसी मनुष्य के द्वारा नहीं रची गई बल्कि वह स्वय जगत् के पालनकर्ता परमेश्वर की ओर से उतारी गई है ।

प्राय मौलवी लोग कुरान के उपर्युक्त वाक्य का अर्थ करने में बडे चक्कर मे पड जाते है । वे यह दिखाने का प्रयत्न करते हैं कि यहा निर्देश तौरेत, इजील या जबूर का है जिसे अङ्गरेजी में बाइबल् के नाम से कहते है किन्तु वर्तमान बाइबल में कुरान का होना सिद्ध नहीं होता । दाराशिकोह का तो निश्चित मत था कि ये पक्तिया जबूर, तौरेत और इंजील या बाइबल् के सम्बन्ध में नहीं है वरन् नाजिल (उतरी हुई) इस शब्द से ऐसा प्रकट होता है कि ये पक्तिया लोहे महफूज या सुरक्षित तख्ती के विषय में भी नहीं बल्कि वेद (या तदाश्रित उपनिषत्) के विषय में हैं जैसे कि उन्होने स्पष्ट लिखा—

जाहिर मीशवत किई आयत बैनहू दरई किताब कदीमस्त । व मालूम मीशवत कि ई [illegible]

लफ्ज़तजील चुनी ज़ाहिर मी गरदद कि दर हक लोहेमहफूज़ हम नेस्त। चू उपनिषद कि सर पोशीदनी अस्त अस्ली ई किताब अस्त व आयत हय कुरानमजीद वैनहू दर आयाफ्ता मीश्वद पस।

अर्थात् ऐसा प्रकट है कि कुरानशरीफ की ये पक्तिया इसी अनादि पुस्तक (वेद वा तदाश्रित उपनिषत्) के विषय में हैं। उन्होंने इसी प्रसङ्ग में यह भी लिखा कि--

किताव व तहकीक कि क्ताब मकनून ई किताबे कदीम बर शद व अज़ी फकीर रा नादानिस्ता व नाफहमीदा फहमोदा शुद।

चूकि उपनिषद् गुप्त रहस्य है इस लिये इस किताब (कुरानशरीफ) का मूल स्रोत है और कुरानशरीफ की कई आयतें ज्यो की त्यो उन में पाई जाती हैं अत निश्चित है कि--- किताव अर्थात् गुप्त पुस्तक यही प्राचीन पुस्तक (वेद वा उपनिषत्) है और इसी से इस लेखक को (मुझ दाराशिकोह् को) अज्ञात बातें ज्ञात हुई और जो बातें समझ में नहीं आती थी वे समझ में आ गई।

अपने उपनिषत् के फारसी अनुवाद के विषय में दाराशिकोह् ने लिखा कि---

सादत मन्दे कि गरज नस शवम् गुज़ाश्ता खालिसत ब वजेअल्लाहई तरजुमा रा के वदसरे अकबर मौहसूम गश्ता तरजुमा कलाम इलाही दानिस्ता तर्क तास्सुव नमूदा व ख्वाद व बफैहमद बेजवाल बेखौफ व बेअन्दोह वरस्तगा मो ये ख्वाहद शुद।

अर्थात् जो सौभाग्यशाली पुरुष अपने दूषित मन के स्वार्थ का परित्याग कर केवल मात्र परमात्मा ही के लिये इस अनुवाद को जो सिरें अकबर अथवा महान् रहस्य के नाम से प्रसिद्ध है 'ईश्वरीयवाणी' का अनुवाद समझ कर और हृदय से पक्षपात हटा कर पढेगा और समझेगा वह अजर, अभय और दु खरहित हो कर सदा के लिये मुक्त हो जाएगा।

इस प्रकार दाराशिकोह् ने एक सत्य प्रिय व्यक्ति के रूप में वेद को ईश्वरीय ज्ञान माना तथा इस बात की उपर्युक्त स्पष्ट शब्दो में घोषणा की जिस के कारण उसे अपने प्राणों की बलि देनी पडी। औरङ्गजेब की आज्ञा का अनुसरण करते हुए उस समय के शाही दरबार के मुल्लाओ ने उस पर कुफ्र का फतवा लगाया और उस महापुरुष को कतल कर दिया गया।

वेद और तदाश्रित उपनिषत् के महत्त्व के विषय में दाराशिकोह् जैसे सत्यान्वेषी के उपरिनिर्दिष्ट उद्गार अत्यन्त महत्त्वपूर्ण हैं जिन पर किसी टीका टिप्पणी की आवश्यकता नहीं।

अनेक निष्पक्ष पाश्चात्य विद्वानो द्वारा वेद गौरव गान

यद्यपि अधिकतर पाश्चात्य लेखकों ने ईसाइयत की श्रेष्ठता दिखाने के लिये वेदो का निष्पक्षपात भाव से अध्ययन नहीं किया तथापि अनेक ऐसे विद्वान् यूरोप और अमेरिका में हुए जिन्होने वेदों का अध्ययन निष्पक्षभाव से कर के उन का महिमा का मुक्त कण्ठ से गान किया है। उन में से कुछ का इस प्रकरण में उल्लेख किये बिना हम नहीं रह सकते।

डा रसेल वैलेस का वेदो के महत्त्व विषयक मत

सब से पहले हम डार्विन के साथ ही प्राकृतिक जगत् मे विकासवाद के आविष्कारक डा रसेल वैलेस के सुप्रसिद्ध ग्रन्थ Social Environment and Moral Progress से कुछ उद्धरण देना चाहते हैं जो अत्यधिक महत्त्वपूर्ण हैं। वे लिखते हैं—

'In the earliest records which have come down to us from the past, we find ample indications that accepted standard of morality and the conduct resulting from these were in no degree inferior to those which prevail to-day, though in some respects they differed from ours The wonderful collection of hymns known as the Vedas is a vast system of religious teachings as pure and lofty as those of the finest portions of the Hebrew Scriptures. Its authors were fully our equals in their conception of the universe and the Deity expressed in the finest poetic language' P. 11.

'In it we find many of the essential teachings of the most advanced religious thinkers' P. 13

'We must admit that the mind which conceived and expresacd in appropriate language such ideas as are every where present in those Vedic hymns, could not have been inferior to those of the best of our religious teachers and poets, to our Milton, Shakespeare and Tennyson.'

Social Environment and Moral Progress by Dr. Alfred Russel Wallace. P. 14

अर्थात् पुराने समय के जो लेख हमें इस समय मिलते हैं उन में भी हमें इस बात के

पर्याप्त निर्देश प्राप्त होते हैं कि उस समय के सदाचारादि विषयक विचार और व्यवहार हमारे से किसी रूप में भी कम कोटि के नहीं थे यद्यपि कई अंशो में वे हम से भिन्न अवश्य थे। वेद के नाम से प्रसिद्ध आश्चर्यजनक संहिता के अन्दर बाइबल के अच्छे से अच्छे भाग के तुल्य पवित्र और ऊंची धार्मिक शिक्षाओं की एक पद्धति पाई जाती है। इस के लेखक, संसार और सुन्दरतम कविता मे प्रकाशित ईश्वर विषयक विचार में पूर्णतया हमारे समान थे। इन में हम अत्यधिक उन्नत वा प्रगतिशील धार्मिक विचारको की मुख्य शिक्षाओ को पाते हैं। हमें यह स्वीकार करना ही पडेगा कि जिस मन ने उन ऊंच विचारो को ग्रहण किया और तदनुरूप उत्तम भाषा में प्रकट किया जो वेदो में सर्वत्र पाये जाते हैं हमारे उच्चतम धार्मिक शिक्षको और मिल्टन, शैक्सपियर तथा टैनीसन जैसे कवियों से किसी अवस्था में भी कम न थे।

इस से बढ कर सामाजिक विकासवाद (Social Evolution Theory) का खण्डन क्या हो सकता है ? यदि वेदो की जिन को प्राय सभी पाश्चात्य विद्वान् संसार में प्राचीनतमग्रथ, प्रो० मैक्समूलर के सुप्रसिद्ध शब्दों में 'The oldest books in the Library of mankind' मानते हैं शिक्षाए इतनी ऊंची और पवित्र हैं जितनी कि बाइबल के अच्छे से अच्छे भागों की अथवा यदि ऋषि वर्तमान सुसभ्य जगत् के उच्चतम विचारको अथवा मिल्टन, शैक्सपियर, टैनीसन् जैसे कवियों से कम न थे तो फिर सामाजिक विकास के लिये अवकाश कहा रह जाता है ? स्वय भौतिक जगत् में विकासवाद के प्रवर्तकों में से एक वैज्ञानिक शिरोमणि का सामाजिक विकासवाद का इस प्रकार का निराकरण अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। इस सामाजिक विकासवाद के आधार पर जो ईश्वरीय ज्ञान (Revelation) की आवश्यकता से इन्कार करते हैं उन को अपना विचार बदलने को विवश होना पडेगा यह बात डा अल्फ्रेड् रसेल वैलेस के उपरिलिखित वाक्यो से स्पष्ट हो जाती है।

दो ईसाई पादरियो के वेद विषयक मन्तव्य

Rev Morris Philip नामक ईसाई पादरी ने The Teachings of the Vedas नामक अपने ग्रन्थ में निम्न शब्दों में वेदो को प्रारम्भिक ईश्वरीय ज्ञान बताया है। वे लिखते हैं—

'After the latest researches into the history and chronology of books of Old Testament, we may safely now call the Rigveda as the oldest book, not only of the Aryan humanity, but of the whole world.

'It is evident then (1) That the higher upto the source of the Vedic religion, we push our enquiries, the purer

कि वैदिक आर्यो ने ईश्वर के गुणों और कार्यों का ज्ञान अनुभव वा निरीक्षण के आधार पर प्राप्त नहीं किया क्योंकि उस अवस्था में जो हम शुद्धरूप, प्रारम्भ में पाते हैं उसे हमें अन्त में पाना चाहिये था। इस लिये हमें एक ऐसे वाद की खोज करनी चाहिये जो उस ज्ञान की प्राप्ति, वरुण के समान ईश्वरविषयक कल्पना और क्रमिक ह्रास की समान रूप से व्याख्या कर सके।

वेदों की शिक्षाए। पृ १०४।

हम अपनी खोज को समय की दृष्टि से इतना पीछे की ओर ले गये जितने की लेखादि सामग्री हमें मिल सकती थी और हम ने पाया कि लोगो की धार्मिक और दार्शनिक विचार-धारा सब से पुराने समय में जहा तक हम पहु च सके अधिकतम पवित्र, युक्तियुक्त और सरल थी अपेक्षया वैदिक काल के भी हमारी दृष्टि से समीपतम और नवीनतम समय में।

इस लिये हमारे लिये यह परिणाम निकालना अनिवार्य है कि भारत में धार्मिक विचार का विकास नहीं किन्तु ह्रास ही हुआ है, उन्नति नहीं किन्तु अवनति ही हुई है। इस लिये हम यह परिणाम निकालने में न्याययुक्त हैं कि वैदिक आर्यों के उच्चतर और पवित्रतर ईश्वरादि विषयक विचार एक प्रारम्भिक ईश्वरीय ज्ञान का परिणाम थे।

रेवरेन्ड मौरिस फिलिप का वैदिक एकेश्वरवादादि विषयक यह लेख विशेष महत्त्वपूर्ण है इस में सन्देह नहीं यद्यपि वे पूर्णतया विशुद्धरूप में वैदिक धर्म के सिद्धातो को समझ सके यह नहीं कहा जा सकता। उन के ग्रन्थ में भी कई अशुद्ध धाराए पाई जाती हैं जिन का हम यथावकाश निर्दे करेंगे।

प्रो० हीरेन् नामक ईसाई विद्वान् का वेद विषयक लेख

प्रो हीरेन् (Prof Heeren) नामक एक सुप्रसिद्ध अनुसन्धान विद्वान् ऐतिहासिक ने वेदो के विषय में लिखा कि—

They (The Vedas) are without doubt the oldest works composed in Sanskrit. Even the most ancient Sanskrit writings allude to the Vedas as already existing. The Vedas stand alone in their solitary splendour standing as beacon of Divine Light for the onward march of Humanity

Historical Researches by Prof. Heeren. Vol II. P. 127

अर्थात् इस में सन्देह नहीं कि वेद सस्कृत के प्राचीनतम ग्रथ हैं। उपलभ्यमान सब से अधिक प्राचीन सस्कृत ग्रथों में भी उन की विद्यमानता का स्पष्ट निर्देश पाया जाता है। वे मनुष्यमात्र की उन्नति के लिये अपनी अद्भुत शान में दिव्य प्रकाश स्तम्भ का काम देते हैं।

लेओ देल्वौ नामक फ्रास देशीय विद्वान् का मत

१४ जुलाई १८८४ को पेरिस में आयोजित अन्तराष्ट्रिय साहित्यिक सङ्घ (Inter-

national Literary Assosiation) के सन्मुख निबन्ध पढते हुए लेग्रो देल्बो (Mons Leon Delbos) नामक फ्रासदेशीय सुप्रसिद्ध विद्वान् ने घोषणा की कि—

'The Rigveda is the most sublime conception of the great high ways of humanity'

Quoted in the Hindu Superiority by Har Bilas Sharada P 179. 180

अर्थात् ऋग्वेद मनुष्यमात्र की उच्च प्रगति और आदर्श की उच्चतम कल्पना है।

नोबल पुरस्कार विजेता मैटर्लिक का अभिप्राय

लगभग सवा लाख रु० के नोबल पुरस्कार के विजेता सुप्रसिद्ध दार्शनिक मैटर्लिक ने स्टाइनर् नामक विद्वान् के शब्दो में वेदो के महत्त्व को निम्नलिखित शब्दों में प्रकट किया—

'Only the gaze of the clarivoyant, directed upon the mysteries of the past, may reveal un-uttered wisdom which lies hidden behind these writir.gs (The Vedas) P.9.' 'Whence did our pre-historic ancestors in their supposed terrible state of ignorance and abandonment, derive these extra-ordinary intuitions—that knowledge and assurance which we ourselves are re-conquering.' The Great Secret by Maeterlinck P.44

भावार्थ—केवल सूक्ष्मदर्शी की अन्तर्दृष्टि है जो वेदो में भरे सूक्ष्म ज्ञान को प्रकट कर सकती है। आश्चर्य यह है कि हमारे प्रागैतिहासिक काल के पूर्वजों ने जिन के विषय में यह कल्पना की जाती है कि वे घोर अज्ञान की भयङ्कर अवस्था में थे कहा से वह असाधारण अन्तर्ज्ञान प्राप्त कर लिया जिस को हम फिर से प्राप्त करने का प्रयत्न कर रहे हैं? इस से बढ कर सामाजिक विकासवाद की असत्यता का क्या प्रमाण हो सकता है? श्री मैटलिक ने वेदो की सदाचारादि विषयक शिक्षाओ को पृ ९६ ९७ में सर्वप्रथम किन्तु सर्वोत्तम (Loftiest) बताकर सामाजिक विकासवाद पर जो कुठाराघात किया है उस का हम यथा स्थान पुन निर्देश करेंगे।

अमेरिका के सुप्रसिद्ध विचारक थोरियो की सम्मति

थोरियो नामक अमेरिका के सुप्रसिद्ध विद्वान् ने वेदो के विषय में निम्न उद्गार प्रकट किये—

'What extracts from the Vedas I have read fall on me like the light of a higher and purer luminary which descri-

bes a loftier course through a purer stratum–free from particulars, simple, universal, the Vedas contain a sensible account of God'

Quoted here from 'Mother America' by Swami Omkar. P 9.

भावार्थ—मैंने वेदों के जो उद्धरण पढ़े हैं वे मुझ पर एक उच्च और पवित्र ज्योति-पुज के प्रकाश की तरह पडते हैं जो एक उत्कृष्ट मार्ग का वर्णन करता है।

वेदों के उपदेश सरल, देश वा जाति विशेष के इतिहास से रहित और सार्वभौम हैं तथा उन में ईश्वर विषयक युक्तियुक्त विचार दिये गये हैं।

आयर् के डा जेम्स कजिन्स की श्रद्धाञ्जलि

डा जेम्स कजिन्स नामक आयर् के सुप्रसिद्ध कवि और दार्शनिक ने Path to Peace अथवा 'शान्ति का मार्ग' नामक पुस्तक में वदिक आदर्श की उच्चता का कुछ विस्तार से वर्णन करते हुए अन्त में लिखा—

'To love to think, to do are in the Vedic conception, no transitory futilities touched with melancholy, but simulations of the cosmic activity charged with the Joy of the Eternal. Shadows they are, dancing shadows cast by the Light of lights, but they are cast by the Light, not by Darkness and in that Light, that vision of the Eternal, shining through the temporal, humanity can find an ideal which would replace a periodical sanctimoniousness by a perpetual sense of the sanctity of all life On that (Vedic) ideal alone, with its inclusiveness which absorbs and annihilates the causes of antogonisms, its sympathy which wins hatred away from itself, it is possible to rear a new earth in the image and likeness of the eternal Heavens.'

Path to Peace by Dr. James Cousins P. 60.

अर्थात् प्रेम करना, विचार करना और कार्य करना, ये वैदिक विचारानुसार क्षणिक निराशापूर्ण व्यर्थ क्रियाए नहीं हैं किन्तु वे विश्वव्याप्त क्रिया के जो नित्य परमेश्वर के आनन्द मे परिपूर्ण है अनुकरण मात्र हैं। वे एक प्रकार मे छायाए हैं, प्रकाशों के प्रकाश परमेश्वर

द्वारा प्रेशित छायाए हैं ग्रन्थकार द्वारा नहीं और उस प्रकाश में, नित्य परमेश्वर के उस दर्शन में जो भौतिक जगत द्वारा प्रकाशमान हो रहा है, मनुष्यमात्र एक ऐसे आदर्श को प्राप्त कर सकता है जो अस्थायिनी प्रवचनपूर्ण पवित्रता का स्थान सम्पूर्ण जीवमात्र की पवित्रता की शाश्वत अनुभूति के द्वारा ले सकता है।

उस वैदिक आदर्श का अनुसरण करते हुए ही जो सार्वभौम होने के कारण विरोध के कारणों को विनष्ट करता है, जो सहानुभूति द्वारा घृणा को दूर कर के जीत लेता है यह सभव है कि पृथिवी को फिर से स्वर्ग के समान सुखदायक बनाया जा सके। डा फजिन्स द्वारा वैदिक आदर्श के प्रति समर्पित यह श्रद्धाजलि अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। वे स्वय सपत्नीक इस वैदिक आदर्श से इतने प्रभावित हुए कि वे कुलपति जयराम नाम रख कर वैदिक आदर्शों के अनुसार अन्त तक अपने जीवन को बनाने का निरन्तर प्रयत्न करते रह। खेद है कि फ़रवरी १९५६ मे उनका देहावसान हो गया है। यह प्रेरणा उन्हें महर्षि दयानन्द के लेखो द्वारा प्राप्त हुई इस बात को उन्होने महर्षि को श्रद्धाजलि अर्पित करते हुए इन शब्दो मे स्वीकार किया था—

'I have observed during my travels in India, the effects of Swami Dayananda Saraswati's influence in earnest efforts to vitalise life in India with the Vedic ideal, which for thirty years has been a fundamental influence in my own life and in that of Mrs cousins, and for this much needed service to India and the world, I offer our joint homage to his memory'

Dayananda Commemoration Volume Ajmer. P. 56

तात्पर्य यह है कि मैंने भारत में यात्रा करते हुए स्वामी दयानन्द सरस्वती के वैदिक आदर्श द्वारा भारतीयो में नवजीवन सचार करने विषयक सत्यनिष्ठतापूर्ण प्रयत्न के प्रभाव को अनुभव किया है। यह वैदिक आदर्श ही मेरे और मेरी धर्मपत्नी के जीवन में वास्तविक रूपेण प्रभावजनक रहा है। इसलिये भारत और समस्त जगत् के प्रति की गई स्वामी दयानन्द की इस अत्यावश्यक सेवा के लिये मैं अपनी तथा अपनी धर्मपत्नी की ओर से सयुक्त श्रद्धाजलि अर्पित करता हू।

रूस के विद्वान् बौलगार की वेद मे श्रद्धा

Sacred Books of the East Series के Russian Edition के सम्पादक म बौलगार (Mr. Boulanger) ने प्रसिद्ध जर्मन विद्वान् प्रो० मैक्समूलर के वेदों के अटकलपच्चू अनुवाद (स्वय प्रो० मैक्समूलर ने The Vedic Hymns में

शाखा का अन्तिम अध्याय है) निम्न उद्गार प्रकट किये थे। शौपनहार जैसे निराशावादी वा Pessimist दार्शनिक की लेखनी से निकले हुए ये शब्द वस्तुत अत्यन्त महत्त्वपूर्ण थे। उसने लिखा—

'In the whole world, there is no study so beneficial and elevating as the Upanishad. It has been the solace of my life It will be the solace at my death.'

अर्थात् सारे ससार में कोई इतना लाभदायक और ऊचा उठाने वाला ग्रन्थ नहीं है जितनी कि उपनिषत्। यह मेरे जीवन में शान्तिदायक ग्रथ रहा है और मृत्यु के समय भी यही मुझे शान्ति देने वाला होगा।

रागोज़िन नामक विद्वान् का वैदिक कर्तव्य शास्त्र पर मत

रागोज़िन नामक विद्वान् ने Vedic India के नाम से एक ग्रथ लिखा है। यद्यपि उस में कई अशुद्ध विचार भी यज्ञादि विषयक प्रकट किये गये हैं जिन का हम प्रकरणानुसार उल्लेख करेंगे तथापि सम्पूर्णतया वैदिक शिक्षाओं की उच्चता को उन्होंने निम्नलिखित शब्दो में स्वीकार किया है—

'Vedic hymns greatly confirm us in the impression that the Aryan Moral code, as mirrored in the Rigveda, bore on the whole, a singularly pure and elevated character. So nothing can be more nobly beautiful in feeling and wording than the following on alms giving or rather on the duty of giving, of helping generally.'

Vedic India by Ragozin. P. 374.

अर्थात् वैदिक सूक्त हमारे इस विचार का प्रबल समर्थन करते हैं कि वैदिक आचार-शास्त्र सम्पूर्णतया अत्यधिक पवित्र और उत्कृष्ट था। उदाहरणार्थ दान अथवा दूसरों को सहायता देने के विषय में (जो ऋग्वेद १० ११७ में वर्णित है) कोई शिक्षा, भावना और भाषा की दृष्टि से इस से अधिक सुन्दर नहीं हो सकती।

यहा प्रसङ्गवश एक बात का निर्देश कर देना अनुचित न होगा। जहा ऋ. १०. ११७ के विषय में मि रागोज़िन ने बडे बडे उत्तम विचार प्रकट किये हैं वहा Vedic Age के लेखकों ने इस पर निम्नलिखित टिप्पणी देकर इस के गौरव को कम करने का निन्दनीय प्रयत्न किया है जिस से उन की दूषित मनोवृत्ति ही प्रकट होती है—

'The hymn (Rig 10 117) is packed with noble senti-

elibrary.thearyasamaj.org

ments, and its every word is charged with vigour, yet it should not be forgotten that the hectoring eloquence of this energetic priest was probably directed mainly to the purpose of freightening the wealthy into ceding a part of their wealth to the Brahmans especially, and not to the poor of every class, for of genuine sympathy for the poor, there is not much in the Rigveda.'

Vedic Age. P. 342.

अर्थात् इस सूक्त के अन्दर उत्तम भावनाएं भरी हुई हैं और इस का प्रत्येक शब्द बड़ा ओजस्वी है किन्तु इस बात को नहीं भूलना चाहिये कि इस शक्तिशाली पुरोहित की मार्मिक वक्तृता शक्ति का उद्देश्य सभवत मुख्यतया धनियो को डरा धमका कर उन के एक भाग को विशेषत ब्राह्मणों के लिये प्राप्त करना था न कि प्रत्येक वर्ग के निर्धनो के लिये क्यों कि निर्धनों के प्रति वास्तविक सहानुभूति का भाव ऋग्वेद में बहुत नहीं पाया जाता।

इस टिप्पणी में वे रागोज़िन जैसे विदेशी ईसाई लेखक से भी कई कदम आगे बढ़ गये हैं और ऐसी कल्पनाएं कर बैठे हैं जिन के लिये इस तथा अन्य दान सूक्तो में कोई आधार नहीं। सारे सूक्त में कहीं ब्राह्मण तथा किसी वर्ग विशेष का सूचक कोई शब्द नहीं, आध्राय, चकमानाय, रफिताय, उपजग्मुषे, अन्नकामाय, चरते कृशाय इत्यादि जो विशेषण आये हैं वे सभी दीनो दुर्बलों और अन्न की आवश्यकता और इच्छा रखने वालों पर लगते हैं न कि ब्राह्मण अथवा किसी अन्य विशेष वर्ग पर) ऐसी अवस्था में Vedic Age के लेखकों का एक असगत निराधार कल्पना कर के दानादि विषयक उच्च वैदिक शिक्षा के महत्व को कम करने का प्रयत्न जिस विचित्र मनोवृत्ति का सूचक है उस पर कुछ अधिक न लिखना ही उचित प्रतीत होता है। लेखकों ने Probably वा सभवत शब्द का प्रयोग अवश्य कर दिया है ताकि किसी को उन पर आक्षेप करने का सीधा अवसर प्राप्त न हो किन्तु इस Probably वा सभवत से तो उन की सारी पुस्तक ही भरी हुई है जैसे कि अन्य एक अध्याय में हम उन की Probably का सग्रह कर के दिखाने का प्रयत्न करेंगे कि इस पुस्तक को ही A Book of probabilities अर्थात् सम्भावनाओं की पुस्तक कहना अनुचित न होगा। दुःख की बात यही है कि जब उन्हें किसी भी बात का कोई निश्चय नहीं प्रतीत होता और 'सभव है ऐसा हो या न हो' ऐसा सन्देह उन को प्राय प्रत्येक विषय में स्वय बना हुआ है तो व्यर्थ में विद्यार्थियो और अन्य पाठकों को ऐसी पुस्तक लिख कर भ्रम तथा संशय में डालने की क्या आवश्यकता थी ? इस से तो अच्छा था कि अभी कई वर्षों तक ये विवादास्पद विषयो का गम्भीर निष्पक्ष अनुशीलन करते और तब निश्चित परिणाम को

विचारशील विद्वानों और विद्यार्थियो के सम्मुख रखने का साहस करते। अस्तु इस बात को अभी हम यहीं छोडते हैं।

फ्रान्स देशीय श्री जैकोलियट् का महत्त्वपूर्ण वचन

श्री जैकोलियट् फ्रान्स के एक बडे प्रसिद्ध विद्वान् हुए हैं जो चन्द्रनगर में कई वर्ष चीफ जस्टिस रहे थे और विविध मत मतान्तरों के ग्रन्थों का अनुशीलन करते हुए उन्होंने एक ग्रन्थ लिखा था जिस का अङ्गरेजी अनुवाद The Bible in India इस नाम से प्रकाशित हुआ। इस पुस्तक में ईश्वरीय ज्ञान माने जाने वाले विविध मत मतान्तरो के ग्रन्थो की वेदो के साथ 'सृष्ट्युत्पत्ति के विषय' में करते हुए जैकोलियट् महोदय ने बडे आश्चर्य के साथ लिखा—

'Astonishing fact ! The Hindu Revelation (Veda) is of all revelations the only one whose ideas are in perfect harmony with Modern Science, as it proclaims the slow and gradual formation of the world'

The Bible in India by Jacolliot Vol. II Chapter 1

अर्थात् कितनी आश्चर्य जनक सचाई है ! हिन्दुओं का ईश्वरीय ज्ञान (वेद) ही जो लोको की मन्द और क्रमिक रचना बताता है सब 'ईश्वरीय ज्ञानो' में एक ऐसा है, जिस की कल्पनाए आधुनिक विज्ञान के साथ पूर्ण रूप से मिलती हैं।

'भारत में बाइबल' The Bible in India का हिन्दी अनुवाद श्री सन्तराम जी कृत २ य भाग अ १ पृ० २४६।

श्री जैकोलियट् ने यहा जो बात कही है वह अत्यधिक महत्त्वपूर्ण है हम उस की यथार्थता पर तुलनात्मक दृष्टि से कुछ विवेचन करेंगे किन्तु ऐसा करने से पूर्व इसी प्रकार के अमेरिकन विदुषी महिला मिसेज ह्वीलर विल्लौक्स (Mrs. Wheeler Willox) के वेद में विज्ञान विषयक वाक्यों को उद्धृत करना भी हमें उचित प्रतीत होता है। उस विदुषी देवी ने लिखा—

'We have all heard and read about the ancient religion of India. It is the land of the great Vedas—the most remarkable works containing not only religious ideas for a perfect life, but also facts which all the science has since proved true. Electricity, Radium, Electrons, Airships all seem to be known to the seers who found the Vedas.'

अर्थात् हम ने प्राचीन भारत के धर्म के विषय में सुना और पढा है। यह उन महान् वेदों की भूमि है जो अत्यन्त अद्भुत ग्रन्थ हैं जिन में न केवल पूर्ण जीवन के लिए उपयोगी धार्मिक तत्त्व बताये गये हैं बल्कि उन तथ्यो का भी प्रतिपादन किया गया है जिन्हें समस्त विज्ञान ने सत्य प्रमाणित किया है। बिजली, रेडियम, एलेक्ट्रन्स, विमान वा हवाई जहाज आदि सब चीजें वेदो के द्रष्टा ऋषियों को ज्ञात प्रतीत होती है।

श्री जैकोलियट् ने The Bible in India में जो यह बात लिखी है कि ईश्वरीय ज्ञान मानने वालो ग्रन्थो में केवल हिन्दुओ का धर्मग्रन्थ (वेद) ही है जिस के विचार वर्तमान विज्ञान से मेल खाते हैं यह वस्तुत सत्य है। प्रधानतया सृष्ट्युत्पत्ति के विषय में मत मतान्तरों के ग्रन्थों का विचार करते हुए श्री जैकोलियट् ने बडे आश्चर्य के साथ इस बात को लिखा। बाइबल की Genesis नामक पुस्तक में सृष्ट्युत्पत्ति का वर्णन है जो विज्ञान और तत्वज्ञान के विरुद्ध है इस बात को निष्पक्षपात भाव से विचार करने वाले प्राय सभी विचारको ने स्वीकार किया है। Genesis के प्रथम अध्याय के अनुसार ईश्वर ने कहा कि प्रकाश हो जाए और प्रकाश हो गया—

'God said, let there be light and there was light.'

Genesis 1. 3

इस अध्याय के अनुसार ६ दिन में परमेश्वर ने सृष्टि उत्पन्न की और अ २ के अनुसार उस ने ७ वें दिन आराम किया। बाइबल मे लिखा है—

And on the seventh day God ended his work which he had made; and he rested on the seventh day from all his work which he had made. Genesis 2. 2

अर्थात् ७ वें दिन परमेश्वर ने अपने काम को समाप्त किया और फिर उस दिन सारे काम से आराम लिया। उस के पश्चात् भी सृष्टिकर्ता ईश्वर के विषय में जो वर्णन है वह सब एक मनुष्य के समान है जिसे अङ्गरेजी में Anthromorphic Conception of God कहते हैं।

Genesis के तृतीय अध्याय में लिखा है—

'Adam and Eve heard the voice of the Lord God Walking in the garden in the cool of the day and they hid themselves from the presence of the Lord God amongst the trees of the garden.' Genesis 3 8

अर्थात् आदम और हव्वा ने दिन के समय बाग में घूमते हुए ईश्वर की आवाज को सुना और उन्होने अपने को उस (ईश्वर) की उपस्थिति मे बाग के वृक्षों के पीछे छिपा

लिया। Genesis के षष्ठ अध्याय में परमेश्वर के मनुष्य सृष्टि पर पश्चात्ताप का वर्णन है—

And it repented the Lord that he had made man on the earth and it grieved him at his heart. And the Lord said, I will destroy man whom I have created from the face of the earth .. for it repented me that I have made him.'

Genesis. 6. 6–7.

अर्थात ईश्वर को इस बात पर पश्चात्ताप हुआ कि उस ने मनुष्यों को भूमि पर बनाया और उस का हृदय बडा दु खित हो गया। और तब ईश्वर ने कहा कि मै मनुष्य को नष्ट कर दू गा क्योंकि मुझे इस बात का पश्चात्ताप हुआ है कि मैंने उसे बनाया।

Genesis के अध्याय ११ में परमेश्वर के विषय में निम्न वर्णन है—

Lord came down to see the city and the tower, and the Lord said 'Behold' the people is one and they have all one language and this they have begun to do and now, nothing will be restrained from them, which they heve imagined to do.

Go to, let us go down and there confound their language that they may not understand one anther's speech.

So the Lord scattered them abroad and they lett off to build the city. Genesis Chapter 11. 5. 8.

अर्थात् ईश्वर उस शहर और गोपुर को देखने के लिये आया (जिसे लोग मिल कर उस तक पहुचने के लिए बना रहे थे) और तब ईश्वर ने कहा कि देखो सब लोग अब एक भाव से मिले हुए हैं और उन की एक भाषा है। अब उन्होंने इस गोपुर को बनाना शुरू किया है और उन्हें इस से कोई रोक नहीं सकता। चलो हम चलें और उन की भाषा में गडबड डाल दें जिस से वे एक दूसरे की भाषा को न समझ सकें। तब उस ने ऐसा ही किया और उन को तितर बितर किया जिस से उन्होंने उस शहर और गोपुर को बनाना छोड दिया।

इसी प्रकार ईश्वर के जैकब के साथ कुश्ती लडने, अब्राहम के घर बछडे का मास खाने आदि के वर्णन बाइबल में आये हैं जिन्हें विस्तार भय से यहां उद्धृत करना अनावश्यक प्रतीत होता है।

इस ईश्वर की मनुष्यवत् कल्पना वा Anthromorphism से वैज्ञानिक तथ विचारशील विद्वान् कभी सहमत नहीं हो सकते। तभी मि C S Middle mar

F. R. S. I. E ने इस के विषय में लिखा है कि—

'Such anthromorphism is Childish.'

अर्थात् इस प्रकार की ईश्वर की मनुष्यवत् कल्पना बच्चो जैसी मूर्खता पूर्ण है। इस प्रश्न के उत्तर में कि—

*Do you think that science negatives the idea of a Personal God ?

प्रो J. B Kohn F. R. S D. Sc. LL D. F. C. S नामक सुप्रसिद्ध वैज्ञानिक ने लिखा कि—

'I think it does, assuming the Personal God to have human attributs'

अर्थात् मै समझता हू कि ईश्वर विषयक यह विचार कि वह मानवीय आकृति तथा गुणों से युक्त है वैज्ञानिक विचार के विरुद्ध है।

यही बात Prof. C C. Far F R S D. Sc. Professor of Physics canterbury College University of Newzealand ने इन शब्दों में उपर्युक्त प्रश्न का उत्तर देते हुए लिखी—

'The idea of a Personal God as taught by Jesus Christ would seem to be very different from the conception of scientific men. I see no realisation of the stupendous magnificence which must be ascribed to the Power behind the universe in Jesus's teaching and the teaching of the church to-day'

The Religion of Scientists edited by Drawbridge M A. P. 85

अर्थात् ईसा मसीह ने जो ईश्वर का स्वरूप बताया वह वैज्ञानिको के विचार मे बहुत भिन्न प्रतीत होता है। ईसा मसीह तथा आजकल के गिर्जा घरों की शिक्षाओ में हमें जगत् की संचालिका उच्च शक्ति के अद्भुत् महत्त्व की साक्षि नहीं मिलती इत्यादि।

सृष्टयुत्पत्ति के सम्बन्ध में वैज्ञानिको और अन्य विचारशील सज्जनों को जिस बात पर सब से अधिक आपत्ति है वह यह है कि वास्तव के अनुत्तर अभाव या असत् से भाव

---

*See 'Religion of Scientists edited by Drawbridge M A. published by Christian Evidence Society London.

हो गया। वैदिक धर्म के अनुसार सृष्टि अभाव से नहीं होती अपितु उसका उपादान कारण (Material cause) नित्य प्रकृति (Matter) है। परमेश्वर कुम्हार, लोहार, या सुनार आदि की तरह निमित्त कारण (Efficient cause) है। इस पर विज्ञान (Science) या तत्त्वज्ञान (Philosophy) की दृष्टि से वस्तुत कोई आपत्ति नहीं हो सकती। एक अन्य अत्यधिक आपत्तिजनक बात इस प्रकरण में यह है कि केवल ६ दिनो में सृष्टि की उत्पत्ति मानी गई है और प्रथम दिन ही, दिन और रात का विभाग बताया गया है जैसे कि Genesis के प्रथम अध्याय में स्पष्ट लिखा है—

4. God sawthe light, that it was good and God divided the light from the darkness
5 And called the light day and darkness He called night. And the evening and the morning were the first day.

जब कि सूर्य और चन्द्र की ईश्वर द्वारा उत्पत्ति चतुर्थ दिन बताई गई है जैसे कि Genesis के इसी प्रथम अध्याय में लिखा है—

16 And God made two great lights; the greater light to rule the day and the lesser light to rule the night; he made the stars also.
17. And God set them in the firmament of the heaven to give light upon the earth.
18 And to rule over the day and over the night and to divide the light from the darkness; and God saw that it was good.
19. And the evening and the morning were the fourth day

यह लिखने की आवश्यकता नहीं कि प्रकाश और अन्धकार अथवा दिन और रात का विभाग पहले हो और सूर्य और चन्द्र का पीछे यह बात सामान्य बुद्धि के ही विरुद्ध है।

इस के अतिरिक्त बाइबल पृथिवी का चपटा होना (न कि गोल) कुमारी मरियम से ईसामसीह की उत्पत्ति, ईसा का पानी को शराब के रूप में परिणत कर देना, चार रोटियो से ४ हजार का पेट भर देना, ईसामसीह का लैजरस को कबर में ४ दिन पड़े रहने के पश्चात् उठा देना, तीसरे दिन ईसा का कबर में से उठ पड़ना (Resur rection) इत्यादि अनेक बुद्धि तथा सृष्टिनियम विरुद्ध बातों से भरी हुई है। गैलीलियो नामक स्पेन के वैज्ञानिक को इस बात का प्रचार करने पर कि पृथिवी गोल है और यह सूर्य के चारो ओर घूमती है Inquisition Court के सामने लाया गया जिस ने यह निर्णय

Library.thearyasamaj.org

दिया कि—

The first proposition that the sun is the centre and does not revolve about the earth is foolish, absurd, false in theology and heretical because expressly contrary to the Holy Scriptures.

And the second proposition that the earth is not the centre but revolves about the sun is absurd, false in Philosophy and from a theological point of view at least opposed to the true faith

अर्थात् यह कथन कि सूर्य केन्द्र है और वह पृथिवी के चारों ओर नहीं घूमता मूर्खता-पूर्ण, धार्मिक सिद्धान्त विद्या की दृष्टि से असत्य, असङ्गत और धर्मविरुद्ध है क्यों कि यह स्पष्टतया हमारे धर्म ग्रन्थों के विरुद्ध है।

दूसरा विचार कि पृथिवी केन्द्र नहीं प्रत्युत सूर्य के चारों ओर प्रदक्षिणा करती है असङ्गत, फिलासफी के दृष्टिकोण से असत्य और कम से कम धर्म सिद्धान्त की दृष्टि में सच्चे धर्म के सर्वथा विरुद्ध है।

इसी लिये वैज्ञानिक सिद्धान्त के अनुसार पृथिवी को गोल बताने वाले गैलीलियो पर बड़े-बड़े अत्याचार किये गये। उसे १० वर्ष की कठिन सजा दी गई जिस के परिणामस्वरूप जेल में ही उस की मृत्यु हो गई। ब्रूनो नामक एक दूसरे वैज्ञानिक के विरुद्ध भी इसी तरह की कार्यवाही की गई क्योंकि वह पृथिवी को गोल बताता और यह सिद्ध करता था कि अनेक लोक लोकान्तर हैं। उसे १६ फरवरी सन् १६०० को जीवित अवस्था में ही तेल छिड़क कर जला दिया गया जिस पर उस ने मुस्कराते हुए यह कहा कि—

'It is with greater fear that you pass sentence upon me rather than I receive it.

See History of the conflict between Religion and Science P. 160.

अर्थात् मुझे यह मृत्यु दण्ड देते हुए मेरी अपेक्षा तुम्हें ही अधिक भय होगा (कि तुम एक निरपराध को ऐसा कठोर दण्ड दे रहे हो जिस पर भावी सन्तति के विचारक तुम्हें क्या कहेंगे)। ऐसे अन्य वैज्ञानिकों और हिपेशिया, नेन्टर, एरियस इत्यादि दार्शनिकों पर जो अत्याचार ईसाइयत के सिद्धान्तों से थोड़ा मतभेद प्रकट करने पर किये गये उन का वर्णन पाठक History of the conflict between Religion and Science by William Draper M. A., LL D. नामक पुस्तक में पढ़ सकते हैं। ईसाइयत के

कविमग्निमुपस्तुहि सत्यधर्माणमध्वरे ।
देवममीवचातनम् ॥ ऋग्० १ १२ ७ ।
मा नो हिंसीज्जनिता य पृथिव्या,
यो वा दिव सत्यधर्मा जजान । ऋग्० १० १२१ १० ।
अदब्धानि वरुणस्य व्रतानि । ऋग्० १ २४. १० ।
अस्तम्नाद् द्या वृषभो अन्तरिक्षम् अमिमीत वरिमाण पृथिव्या. ।
आसीदद् विश्वा भुवनानि सम्राड् विश्वेत् तानि वरुणस्य व्रतानि ॥
—यजु० ४ २० ।

इत्यादि मन्त्रों में स्पष्ट बताया गया है कि उस सर्वज्ञ, सर्वव्यापक, सर्वशक्तिमान् की स्मृति करो जिस ने अपनी अनन्त शक्ति से लोक लोकान्तरों का निर्माण प्रकृति से किया है और जिस के व्रत अथवा नियम अटल हैं । इन्हीं नियमों को वेदों में ऋत के नाम से पुकारा गया है जिस का अर्थ Eternal laws है । न केवल यह कि विज्ञान से वैदिक धर्म का विरोध नहीं जैसे कि अनेक निष्पक्षपात पाश्चात्य विद्वानों के भी लेखों को उद्धृत कर के सक्षेप से दिखाया गया है बल्कि धर्म की तरह विज्ञान का भी मूल वेद है । वेद का अर्थ ही ज्ञान है जिस में मनुष्यमात्र के सर्वविध कल्याणार्थ आवश्यक भौतिक और आध्यात्मिक सब प्रकार के ज्ञान का समावेश है । विमान विद्या, ज्योतिष, कलाशास्त्र, चिकित्साशास्त्र, विद्युत्-शास्त्र इत्यादि सब विद्याओ के मूलतत्त्व वेदों में विद्यमान हैं इस बात को सैकडों उदाहरण दे कर सिद्ध किया जा सकता है ।

वेदो में विविध विद्याओ का मूल निर्देश

विमान विद्या—

वेदों के महत्त्व की दृष्टि से आवश्यक होने के कारण इस विषय पर सक्षेप से कुछ प्रकाश डालना उचित प्रतीत होता है । सब से पहले हम विमान विद्या को लेते हैं । विमान विद्या पर जो प्राचीन ग्रन्थ अशत उपलब्ध हुए हैं उन मे महर्षि भारद्वाज कृत 'यन्त्र सर्वस्व' नामक ग्रन्थ विशेष रूप से उल्लेखनीय है । इस के वैमानिक प्रकरण के कुछ भाग बोधानन्द-वृत्ति सहित प्राप्त हुए हैं जिन में से श्लोक १०–१३ में स्पष्ट कहा है कि—

निर्मथ्य तद्वेदाम्बुधिं, भारद्वाजो महामुनिः ।
नवनीत समुद्धृत्य, यत्रसर्वस्वरूपकम् ॥ १०
प्रायच्छत् सर्वलोकानाम्, ईप्सितार्थफलप्रदम् ।
तस्मिन् चत्वारिंशतिकाधिकारे सम्प्रदर्शितम् ॥ ११

नानाविमानवैचित्र्यरचनाक्रमबोधकम् ।
अष्टाध्यायैर्विभाजित, शताधिकरणैर्युतम् ॥ १२
सूत्रैः पञ्चशतैर्युक्तं, व्योमयानप्रधानकम् ।
वैमानिकाधिकरणम्, उक्तं भगवता स्फुटम् ॥ १३

अर्थात् महर्षि भारद्वाज ने वेद रूप समुद्र का निर्मन्थन कर के सब मनुष्यों के अभीष्टफल दायक 'यन्त्र सर्वस्व' ग्रन्थरूप मक्खन को निकाल कर दिया। ४० अधिकारों से युक्त उस 'यन्त्रसर्वस्व' ग्रन्थ में भिन्न-भिन्न विमानों की विचित्रता और रचना क्रम का बोधक आठ अध्यायों से विभाजित १०० अधिकरणों वाला ५०० सूत्रों से युक्त आकाशयान विमान-प्रधान रूप में जिस में वर्णित है ऐसा वैमानिक अधिकरण भरद्वाज ऋषि ने सम्प्रदर्शित किया एवं स्पष्ट कहा है ॥

वेद में मनुष्य के लिये आदेश है कि—

समुद्रं गच्छ स्वाहाऽन्तरिक्षं गच्छ स्वाहा ॥ यजु० ६. २१

अर्थात् तू यानों द्वारा सुख पूर्वक समुद्र की यात्रा कर और अन्तरिक्ष की यात्रा कर अन्तरिक्ष की यात्रा के लिये मन के समान वेगवान् विमान रथ का स्पष्ट वर्णन अनेक मन्त्रों में आया है, उदाहरणार्थ ऋग्० १ ११६ १ में स्पष्ट कहा है—

आ वां रथं पुरुमायं मनोजुवं जीराश्वं यजिय जीवसे हुवे ।
सहस्रकेतुं वनिनं शतद्वसुं श्रुष्टीवानं वरिवोधामभिप्रयं ॥

यहां रथ के विशेषणों में पुरु-मायम्, मनोजुवम्, श्रुष्टीवानम्, वरिवोधाम् ये विशेष रूप से द्रष्टव्य हैं जिन का तात्पर्य पुरुमायम्—बहुत बुद्धि से सम्पादित, मायेतिप्रज्ञानाम निघ. ३ ९ पुरुया—मायया—प्रज्ञया सम्पादितम् (मनोजुवम्) मनोवद् वेगवन्तम्—मन की तरह वेग वाले (श्रुष्टीवानम्) श्रुष्टी. क्षिप्रगतीर्वनति भाजयति यस्तम् श्रुष्टीतिक्षिप्रनाम शीघ्रगति कराने वाले (वरिवोधाम्) सुख सेवन कराने वाले ये विशेषण साधारण यान पर चरितार्थ नहीं होते किन्तु विमानादि पर ही अच्छी तरह सज सकते हैं इस लिये ऋषि दयानन्द जी ने यहां रथ का अर्थ विमानादियानम् किया है जो विशेषण और प्रकरणादि के अनुसार सर्वथा उचित ही है। ऋग्० ३ ५८ ८ के—

रथो हव्यमृतजा अद्रिजूत परिद्यावा पृथिवो याति सद्यः ॥

इस मन्त्र में जिस शिल्प सम्पादित रथ का वर्णन है उस के विषय में कहा है कि वह बहुत शीघ्र आकाश और पृथिवी की यात्रा करता है। उस में अश्विनौ अर्थात् सभाध्यक्ष-राष्ट्रपति और सेनापति यात्रा करते हैं। इस के भाष्य में ऋषि दयानन्द ने ठीक ही लिखा है—

ये विमानादि यानानान्यन्यादिभिर्विमिमते तेऽभीष्टानि सुखानि प्राप्य यत्रेच्छा तत्र सद्यो गन्तु शक्नुवन्ति ।

अर्थात् जो अग्नि विद्युत् आदि के उचित प्रयोग से विमानादि यानों का निर्माण करते हैं वे अभीष्ट सुखों को प्राप्त कर के जहा जाना चाहें वहा शीघ्र पहुच जाते हैं। ऐसे ही ऋग्० २ ४० ३ में नाम निर्देशपूर्वक विमान का वर्णन है—

सोमा पूषणो रजसो विमानं सप्तचक्र रथमविश्वपिन्वम् ।
विषूवृत मनसा युज्यमान त जिन्वथो वृषणा पञ्चरश्मिम् ॥

इस में भी विमान का स्पष्ट वर्णन मनसा युज्यमानम्, सप्तचक्रम्, विषूवृतम् इत्यादि विशेषणों द्वारा किया गया है जिन का अर्थ क्रमश मनसा-अन्त करणेन विचारेण मन अथवा मनन-विचार पूर्वक निर्मित सप्तचक्र युक्त दूर दूर तक व्यापक गमन वाले इस प्रकार का है, विमान शब्द का अर्थ 'वियति गमकम्' आकाश में ले जाने वाला है अत· ऋषि दयानन्द ने मन्त्र का भावार्थ ठीक ही दिया है कि—

मनुष्यैरन्तरिक्षे गमयितार सप्तकला यन्त्रभ्रामणनिमित्त सद्योगभयितार रथ कृत्वा सुखमाप्तव्यम् ॥

अर्थात् मनुष्यों को अन्तरिक्ष में ले जाने वाले सात कलायन्त्रों को घुमाने वाले शीघ्र जाने वाले रथ को बना कर सुख प्राप्त करना चाहिये ।

ऐसा ही वर्णन अन्य अनेक मन्त्रों में है जिन से विमान-विद्या का मूल वेदों में होना असन्दिग्धतया सिद्ध होता है । महर्षि भरद्वाज ने 'यन्त्र सर्वस्व' का वैमानिक प्रकरण और महाराज भोज ने 'समराङ्गण सूत्रधार' इन्हीं वेद मन्त्रों के आधार पर लिखा जिन में से बहुतों का अर्थ सहित उल्लेख ऋषि दयानन्द ने ऋग्वेदादि भाष्य भूमिका के 'नौ विमानादि विद्या विषय' में किया है जिसे जिज्ञासुओं को अवश्य देखना चाहिये । यहा यह बात भी स्मरणीय है कि यूरोप में विमानों के आविष्कार से बहुत वर्ष पूर्व ऋषि दयानन्द ने ऋग्वेदादि भाष्य-भूमिका तथा वेद भाष्य में विमानादि का वेदों के आधार पर वर्णन किया था । अथर्ववेद ३. १५ २ के—

ये पन्थानो बहवो देवयाना अन्तरा द्यावापृथिवी सचरन्ति ।
ते मा जुषन्ता पयसा घृतेन यथा क्रीत्वा धनमाहराणि ॥

इस मन्त्र में आकाश और पृथिवी के मध्य देवों अर्थात् विद्वानों के जाने योग्य जिन मार्गों का निर्देश है और जिन के विषय में वैश्य के मुख से यहां कहा गया है कि उन पृथिवी और आकाश में मध्यवर्ती मार्गों द्वारा यात्रा कर के मैं खूब धन प्राप्त करूं वह विमान द्वारा आकाश यात्रा निर्देशपरक है इस में सन्देह का अणुमात्र भी कारण नहीं ।

Bhardwaj Aryavanam.org

अनेक प्रकार के अनश्व, विद्युत् आदि से चलने वाले रथों का भी वेदों में स्पष्ट निर्देश है, यथा—

अनश्वो जातो अनभीशुरुक्थ्यो रथस्त्रिचक्र परिवर्तते रज. ॥

—ऋग्० ४ ३६ १।

इस रथ में जिस का ऋभुओं अर्थात वैज्ञानिक शिल्पियों द्वारा निर्माण किया गया है (तक्षन्ना सत्यान्यां सुवं रथम् ऋग्० १ २० ३) न घोड़े हैं (अनश्व) न रश्मियां या लगामें (अनभीशु) किन्तु यह जल, स्थल, आकाश तीनों में घूमने वाला है और क्षेत्र परिवर्तन कर सकता है जब चाहे जल में, जब चाहे स्थल में, जब चाहे आकाश मे चले। ऐसे अद्भुत यान का अभी तक भी आविष्कार नहीं हुआ जहां तक हमें ज्ञात है।

ऋग्० ३ ५४. १३ में मरुतों का विशेषण 'विद्युद्रथा' यह दिया है जिस का अर्थ बिजली से चलने वाले रथों वाले सैनिकादि यह है।

ऋग्० १ ८८. १ में 'आ विद्युन्मद्भिर्मरुत स्वर्के रथेभिर्याथ ऋष्टिमद्भिरश्वपर्णे ।' में बिजली से चलने वाले रथों का स्पष्ट वर्णन है।

समुद्री जहाज़ का वेद में स्पष्ट निर्देश—

विमान या हवाई जहाज के समान वेदों में समुद्री जहाज का भी स्पष्ट निर्देश अनेक स्थानों पर है उदाहरणार्थ निम्न मन्त्रों का उल्लेख पर्याप्त है—

अनारम्भणे तदवीरयेथामनास्थाने अग्रभणे समुद्रे ।
यदश्विना ऊहथुर्भुज्युमस्तं शतारित्रा नावमातस्थिवांसम् ॥

—ऋग्० १।

इस मन्त्र में अगाध समुद्र में सैकड़ों अरित्रों या चप्पू वाली नौका अर्थात् जहाज के चलाने का निर्देश अत्यधिक स्पष्ट है। सैकड़ों चप्पू वाली नौ छोटी नौका नहीं हो सकती और न छोटी नौकाएं बड़े समुद्रों में चल सकती हैं, अतः जहाज का अर्थ लेना ही सर्वथा उचित है।

वेदा यो वीना पदमन्तरिक्षेण पतताम् ।
वेद नाव. समुद्रिय ॥

—ऋग्० १ २५ ६।

इस मन्त्र में भी पक्षियों की तरह आकाश में उड़ने वाले विमानों और समुद्र में चलने वाली नौकाओं की गति को जानने वाला भगवान् और श्रेष्ठ विद्वानों को कहा गया है।

elibrary.thearyasamaj.org

सुत्रामाण पृथिवीं द्यामनेहस सुशर्माणमदितिं सुप्रणीतिम् ।
दैवीं नावं स्वरित्रामनागसमस्रवन्तीमारुहेमा स्वस्तये ॥

—ऋग्०

इस मन्त्र में अच्छे अरित्रों वा चप्पुओं वाली दैवी नौ अर्थात् बिजली से चलने वाली नौ अथवा जहाज पर कल्याण के लिये चढने का उपदेश है जो (पृथिवीम्) बहुत विशाल हो, जो छिद्र रहित, उत्तम सुख देने वाला, अखण्डित और अच्छी प्रकार से बनाया हुआ हो।

पनडुब्बियो का स्पष्ट निर्देश—

ऋग्० ६ ५८ ३ के निम्न मन्त्र में हवाई जहाजों और पनडुब्बियों (Sub-Marines) का कितना स्पष्ट निर्देश है इस को पाठक देखें—

यास्ते पूषन् नाव अन्त समुद्रे हिरण्ययीरन्तरिक्षे चरन्ति ।
ताभिर्यासि दूत्या सूर्यस्य कामेन कृतश्रव इच्छमानः ॥

हे पूषन् ! जो तेरी लोहादि की बनी नौकाए समुद्र के भीतर अर्थात् समुद्रतल के नीचे और अन्तरिक्ष में चलती हैं मानो तू उन के द्वारा इच्छापूर्वक अर्जित यश को चाहता हुआ सूर्य के दूतत्व को प्राप्त कर रहा है।

यहा नौका का विशेषण 'हिरण्ययी.' यह दिया है। हिरण्य का अर्थ जहा सुवर्ण है वहा वेद में लोहे और धातु मात्र के लिये भी इस शब्द का प्रयोग होता है। इस मन्त्र में नौकाओं के विचरने के लिये 'समुद्रे' न कह कर 'अन्त समुद्रे' रखना विशेष अर्थ को सूचित करता है। अन्त समुद्रे का अर्थ केवल समुद्र में यह न होकर समुद्र के भीतर यह होता है इस से वायुयानों के साथ पनडुब्बियों का भी निर्देश सर्वथा स्पष्ट है—

समुद्र की लहरो पर कार चलाना—

परि प्रासिष्यदत् कविः सिन्धोरूर्मावधि श्रित ।
कार बिभ्रत् पुरुस्पृहम् ॥ ऋग्० ९ १४ १ ।

समुद्र की लहरों पर रहने वाले क्रान्तदर्शी, ज्ञानी, शिल्पी अत्यन्त स्पृहणीय कार को समुद्र की लहरों पर धारण करता हुआ सब ओर चलाता है। अग्रेजी का कार Car यह शब्द वैदिक है।

वेदो में ज्योतिष शास्त्र का मूल—

वेदों में सब विद्याओं का होने के कारण ज्योतिष का भी मूल है इस के लिये अधिक प्रमाणों की आवश्यकता नहीं क्योंकि ज्योतिष एक वेदाङ्ग है इस को सब एक स्वर से स्वीकार करते हैं। सूर्य सिद्धान्त १ ३ में लिखा है कि—

elibrary.aryasamaj.org

वेदाङ्गमग्र्यमखिल ज्योतिषा गतिकारणम् ।

यहां ज्योतिष को एक श्रेष्ठ वेदाङ्ग बताया गया है जिस के द्वारा नक्षत्रों और सूर्यादि की गति का ज्ञान होता है। अथर्व० १९. ७। २. २५ में २८ नक्षत्रों के नाम निम्न मन्त्र द्वारा ज्ञात होते हैं।—

सुहवमग्ने कृत्तिका रोहिणी चास्तु भद्र मृगशिरः शमार्द्रा । पुनर्वसू सूनृता चारु पुष्यो भानुराश्लेषा अयनं मघा मे । पुण्यं पूर्वाफल्गुन्यौ चात्र हस्तश्चित्रा शिवा ते स्वाति सुखो मे अस्तु । राधे विशाखे सुहवानुराधा ज्येष्ठा सुनृ क्षत्रमरिष्टमूलम् । अन्नं पूर्वा रासते मे अषाढा ऊर्जं देव्युत्तरा आवहन्तु । अभिजिन्मे रासतां पुण्यमेव, श्रवणः श्रविष्ठाः कुर्वता सुपुष्टिम् । आ मे महच्छतभिषग् वरीय आ मे दया प्रोष्ठपदा सुशर्म । आ रेवती चाश्वयुजौ भगं म आ मे रयिं भरण्य आवहन्तु ॥

इन २८ नक्षत्रों का स्वरूप बताते हुए वेद में कहा है कि—

चित्राणि साकं दिवि रोचनानि सरीसृपाणि भुवने जवानि ॥

—अथर्व० १९. ७ १ ।

अर्थात् द्युलोक में चमकने वाले चित्र विचित्र एवं भांति-भांति के नक्षत्र परिधि मण्डल में एक साथ सर्पणशील हैं। परस्पर आकर्षण बल से वे युक्त रहते हैं।

ऋग्० १ १६४. ४ : में राशियों का वर्णन इन शब्दों में किया गया है—

द्वादश प्रधयश्चक्रमेकं त्रीणि नभ्यानि क उ तच्चिकेत ।
तस्मिन्साकं त्रिशता शङ्कवोऽर्पिताः षष्टिर्न चलाचलास ॥

सुषुम्ण सूर्यरश्मिश्चंद्रमा गन्धर्वः (यजु० १८ ४०) तथा अग्राह गोरमन्वत नाम त्वष्टुरपीच्यम् । इत्या चन्द्रमसो गृहे । (ऋग्० १. ८४ १५) इत्यादि मन्त्रों में चन्द्रमा के सूर्य की रश्मि से प्रकाशित होने का प्रतिपादन है।

'या गौर्यर्वन्ति पर्येति निष्कृतम्' ऋग्० १०. ६५ ६ इत्यादि में पृथिवी के गोल होने और सूर्य के चारों ओर भ्रमण का स्पष्ट निर्देश है। इस विषय में विस्तार से जानने की इच्छा वाले श्री पं० प्रियरत्न जी आर्ष कृत 'वैदिक ज्योतिष शास्त्र' ग्रन्थ को अवश्य पढ़ें। इस के मिलने का पता स्वा० ब्रह्ममुनि जी परिव्राजक वेदानुसन्धान भवन ज्वालापुर उत्तर प्रदेश है।

आयुर्वेद का मूल वेदों में—

चिकित्सा विद्या के मुख्य ग्रन्थ चरक में कहा है कि 'वेदो ह्यथर्वेदः चिकित्सा प्राह' (चरक सूत्रस्थान अ० ३०. २०) अर्थात् अथर्ववेद में मुख्यतया चिकित्सा का प्रतिपादन

किया गया है। सुश्रुत सूत्र स्थान अ० १० में भी लिखा है—'इह खल्यायुर्वेदो नाम यदुपाङ्गमथर्व वेदस्य' अर्थात् आयुर्वेद अथर्ववेद का उपाङ्ग है। अथर्ववेद के अतिरिक्त ऋग्वेद के १० ९७, १० १६१, १०. १६३, १० १८६ तथा अन्य अनेक सूक्तों में भी ओषधियों द्वारा चिकित्सा, मन शक्ति के प्रयोग द्वारा चिकित्सा तथा शुद्ध वायु सेवन द्वारा चिकित्सा का प्रतिपादन है। ऋग्० १ २३ के अप्सु मे सोमो अब्रवीदन्तर्विश्वानि भेषजा। अग्निं च विश्वशम्भुवमापश्च विश्वभेषजी ॥ म० २० तथा ऋग्० १०. ९ के आपो हिष्ठा मयोभुव स्ता न ऊर्जे दधातन। महे रणाय चक्षसे। इत्यादि में जल और अग्नि द्वारा अनेक रोगों की चिकित्सा का प्रतिपादन किया गया है।

अथर्ववेद के २ २५ २ में पृश्निपर्णी, ४ १७–१९ और ७ ६५ में अपामार्ग, १९ ४४ में आञ्जन, ६ ५९ में अरुन्धती ५ ४ ९ तथा १९ ३९ ४ में कुष्ठ ६. २१ ३, ६ १३७ १ इत्यादि में केशवृद्धणी वा केशवर्धनी, २ २७ में पाटा, ६. १०९ में पिप्पली, ४ १२ में रोहणी ५ ५ में लाक्षा, ६ १३९ में सहस्रपर्णी ऋग्वेद के नवम मण्डल के अनेक सूक्तों, सामवेद के अनेक सूक्तों तथा अथर्ववेद के बहुत से सूक्तों में सोम ओषधि का वर्णन है। इन ओषधियों के सेवन से ज्वर, क्षयरोग, नपुंसकता, कृमिजन्य उपद्रव, मूत्ररोग, नेत्ररोग, केशों का झडना इत्यादि को दूर किया जा सकता है ऐसा मन्त्रों में स्पष्ट बताया गया है। अथर्ववेद को भ्रम से जादू, टोनों का वेद माना जाता है किन्तु वस्तुत. उस में अद्भुत ओषधियों के सेवन, लेप तथा प्राकृतिक उपायों द्वारा चिकित्सा का प्रतिपादन किया गया है इस बात को इस पुस्तक के दशम अध्याय में अथर्ववेद विषयक भ्रम निवारण करते हुए पर्याप्त विस्तार से बताया जाएगा। यहा तो विस्तारभय से निर्देशमात्र किया गया है। जो इस विषय को विस्तार से जानना चाहते हैं उन्हें श्री प०प्रियरत्न जी आर्ष (वर्तमान स्वा० ब्रह्ममुनि जी परिव्राजक) कृत 'अथर्ववेदीय चिकित्सा शास्त्र—सार्वदेशिक सभा देहली द्वारा प्रकाशित, तथा 'वेदों में आयुर्वेद' (वैद्य प० रामगोपाल जी शास्त्री कृत श्री मदनलाल आयुर्वैदिक अनुसन्धान ट्रस्ट देहली द्वारा प्रकाशित)।

इन दो ग्रन्थों को अवश्य पढना चाहिये। सब से पूर्व कविराज निवारणचन्द्र जी भट्टाचार्य ने गुरुकुल कागडी की साहित्यपरिषत् में 'वेद में आयुर्वेद का क्रमिक विकास' विषयक छोटे से निबन्ध में इस विषय पर प्रकाश डाला था किन्तु वह पुस्तिका अब अप्राप्य है।

वेद मे भूगर्भ विद्या (Geology) का मूल—

अन्य विद्याओं की तरह भूगर्भ विद्या का मूल भी वेदो में विद्यमान है इस बात को महाराष्ट्र के सुप्रसिद्ध विद्वान् श्री भवानीराव पागवी ने अपनी 'The Vedic Fathers of Geology' में य पृथिवीं व्यथमानामदृंहद् य पर्वतान् प्रकुपिता अरम्णात्। (ऋग्०

५ १२. २) न प्राचीनान् पर्वतान् अदृंहदोजसाऽपराचीनमकृणोदपामप । (ऋग्० ८ १७ ५) येन द्यौरुग्रा पृथिवी च दृढा (ऋग्० १०. १२१ ५) या ओषधी पूर्वा जाता देवेभ्यस्त्रियुग पुरा (ऋग्० १० ९७ १) इत्यादि मन्त्रों के आधार पर सप्रमाण बताया है और लिखा है कि—

I may take this opportunity to remind the Reader, without fear of contradiction, that the Vedas contain many things not yet known to any body, as they form a mine of inexhaustible literary wealth, that has only partially been opened, and has still remained un-explored.

—The Vedic Fathers of Geology by N. B. Paygee Introduction P. VI.

अर्थात् मैं बिना किसी विरोध के भय के पाठकों को याद कराना चाहता हूं कि वेदों में बहुत सी ऐसी बातें पाई जाती हैं जिन का अभी तक किसी को ज्ञान नहीं क्योंकि वे उस साहित्यिक धन की अक्षय्य खान हैं जिस का अभी थोड़ा सा अंश ही प्रकट हुआ है और जो अभी तक अज्ञात ही पड़ा है। अपने Vedic India—Mother of Parliaments नामक दूसरे ग्रन्थ में भी श्री नारायण भवानी राव पागवी ने वेदों के विषय में ठीक ही लिखा है कि—

The Veda is the fountain head of knowledge, the 'prime source of inspiration, nay the grand repository of pithy passages of Divine wisdom and even eternal truths'

Vedic India Mother of Parliaments P 136

अर्थात् वेद सम्पूर्ण ज्ञान का आदि स्रोत, ईश्वरीय ज्ञान का प्रधान आधार, इतना ही नहीं बल्कि दिव्य बुद्धि और नित्य सत्य मय वाक्यों का महान् भण्डार है।

जीव विज्ञान का मूल वेदों में—

नौविमान विद्या, ज्योतिष शास्त्र, चिकित्सा शास्त्र, यन्त्र शास्त्र, भूगर्भ विद्या आदि की तरह जीव विज्ञान (Biology) का भी मूल वेदों में पाया जाता है, इस बात को बम्बई के सुप्रसिद्ध विद्वान् डा. वी. जी. देसे L. M F. S; F. C. P. S. ने 'The Vedic Gods—as figures of Biology' नामक प्रसिद्ध ग्रन्थ में बड़ी अच्छी तरह से प्रमाणित किया है। उन्होंने बड़े आश्चर्य के साथ इस बात को लिखा है कि—

'Our present anatomical knowledge of the nervous system tallies so accurately with the literal description of

tha world given in the Rigveda that a question arises in the mind whether the Vedas are really religious books or whether they are books on anatomy and physiology of the nervous system, without the thorough knowledge of which psychological deductions and philosophical speculations can not be correctly made'

—The Vedic Gods by Dr. Rele P. 30

अर्थात् हमारा आजकल का नाडी सस्थान की रचना सम्बन्धी ज्ञान ऋग्वेद के जगत् विषयक वर्णनों से इतनी अच्छी तरह मेल खाता है कि मन में कई वार यह प्रश्न उठने लगता है कि क्या वेद वास्तव में धर्म ग्रन्थ हैं या वे शरीर विज्ञान और नाडी सस्थान की रचना विषयक ग्रन्थ हैं जिन के पूर्ण ज्ञान के विना मनोवैज्ञानिक और दार्शनिक विचार ठीक तौर पर समझ में नहीं आ सकते।

वास्तविक वात यह है कि ऐसे सन्देह का कोई कारण नहीं। वेद सब सत्य विद्याओ के भण्डार हैं। वे सकुचित अर्थ में बाइबल इत्यादि की तरह Religious books अथवा मत प्रतिपादक ग्रन्थ नहीं। वे धर्म के प्रतिपादक ही नहीं बल्कि आदि स्रोत हैं पर उस धर्म के अन्दर भौतिक और नैतिक जगत् में कार्य करने वाले सब अचल नियमों का जिन्हें वेदों में ऋत और सत्य के नाम से कहा गया है समावेश है। उन नियमों का आत्मा, परमात्मा, उन के सम्बन्ध, कर्मनियम, पुनर्जन्म आदि विषयक सिद्धान्तों के साथ वेदों में प्रतिपादन है यही उन की विशेषता है जो अन्य किसी मत ग्रन्थ में नहीं पाई जाती।

ऋग्वेद १ १६३ के—

ग्रीवाभ्यस्ते उष्णिहाभ्य· कीकसाभ्यो अनूक्यात्। म० २
अन्त्रेभ्यस्ते गुदाभ्यो वनिष्ठोर्हृदयादधि।
यक्ष्म मतस्नाभ्यां यक्नः प्लाशिभ्यो विवृहामि ते॥ म० ३

इत्यादि मन्त्रों में शरीर विज्ञान का मूल है जिस का कविराज श्री गणनाथ सेन एम ए ने 'प्रत्यक्षशारीरकम्' नामक अपने सुप्रसिद्ध ग्रन्थ की भूमिका में तथा श्री ब्रजेन्द्रनाथ सील में Positive Sciences of the Hindus में भली भांति निर्देश किया है। जिज्ञासुओ को ये तीनो ग्रन्थ अवश्य पढ़ने चाहियें।

भौतिक और रसायन शास्त्र का मूल वेदो मे—

वेदो में भौतिक विज्ञान और रसायन शास्त्र के अनेक सिद्धान्त स्पष्ट रूप से पाये जाते हैं—

मित्र हुवे पूतदक्ष वरुण च रिषादसम्।
धिय घृताचीं साधन्ता॥ ऋग्० १ २ ७।

इस मन्त्र में मित्र पद से Hydrogen (उदजन) और 'वरुण' से स्वीकरणीय ओषजन (Oxygen) का ग्रहण है जिन के मेल से जल का निर्माण होता है।

गूटी के श्री पन्यम् नारायण गौड़ एम ए बी. एस्. सी. (एडिन्बरा) ने सन् १९२० में प्रकाशित 'Introduction to the Message of the 20th century' नामक अत्यन्त महत्त्वपूर्ण २४० पृष्ठ की पुस्तक में इस बात को भलीभांति सप्रमाण सिद्ध किया है कि वेदों में भौतिक विज्ञान और रसायन शास्त्र के तत्त्व स्पष्टतया पाये जाते हैं। मुख पृष्ठ पर अपनी पुस्तक के उपर्युक्त विचित्र नाम के साथ ही उन्होंने उस के विषय का स्पष्टीकरण करते हुए लिखा है—

Containing a new method for the systematic interpretation of the Vedas and experimental data proving that the Vedas are treaties on the Exact sciences

अर्थात् इस पुस्तक में वेदों की क्रमबद्ध व्याख्या की नयी प्रणाली बताई गई है और इस बात को सिद्ध किया गया है कि वेद शुद्ध वैज्ञानिक ग्रन्थ हैं। वैज्ञानिक दृष्टि से ऋग्वेद और यजुर्वेद के विषयों का निरूपण करते हुए सुयोग्य लेखक ने बताया है कि—

The Rigveda deals with theorems and experiments, while the process of preparing the reagents and apparatus is recorded in the Yajur Veda which is in effect, a laboratory guide.

अर्थात् ऋग्वेद वैज्ञानिक सिद्धान्तों और परीक्षणों का निरूपण करता है जब कि उन के साधनों और उपकरणों के तैयार करने की प्रक्रिया यजुर्वेद में पाई जाती है जो परिणाम स्वरूप एक परीक्षणशाला मार्ग दर्शक है। जो इस विषय को विस्तार से जानना चाहते हैं उन्हें इस बहुमूल्य पुस्तक को अवश्य पढ़ना चाहिये। इन के अतिरिक्त श्री प० प्रियरत्न जी आर्ष कृत 'वेद में दो बड़ी वैज्ञानिक शक्तियां' (सार्वदेशिक सभा देहली द्वारा प्रकाशित) तथा श्री हंसराज कृत 'The Science in the Vedas' (प्रकाशक—श्री मुन्शीराम मनोहरलाल पुस्तक विक्रेता नई सड़क देहली) इत्यादि में भी वेदों में विद्युद्वाष्पादि के मूल का भलीभांति विवेचन किया गया है। राजनीति विद्या, कर्तव्य शास्त्र (जैसे कि हमने 'वैदिक कर्तव्यशास्त्र' गुरुकुल कांगड़ी द्वारा प्रकाशित में बताया है) समाज शास्त्र जैसे कि हमने अपनी 'भारतीय समाजशास्त्र' नामक आर्ष साहित्य मण्डल अजमेर द्वारा प्रकाशित पुस्तक में शाण्डिल्योऽथ मुनयोमीत आदि की व्याख्या करते हुए निरूपण किया है) मनोविज्ञान (जैसे कि पूज्य स्वा० आत्मानन्द जी ने मनोविज्ञान और शिवसङ्कल्प) तथा सुप्रसिद्ध योगी श्री अरविन्द जी ने 'On the Vedas' श्री अरविन्द आश्रम पाण्डीचेरी द्वारा

प्रकाशित पुस्तक में बताया है, अध्यात्मविद्या इत्यादि का मूल वेदों में है। प० बलराम शर्मा कृत 'विद्याओं का आदि स्रोत' (प० इन्द्रदत्त शर्मा मैनेजर श्रुतिप्रकाश पुस्तकालय लुधियाना द्वारा प्रकाशित) पुस्तक भी इस विषय में पठनीय है। ऐसे सर्वविद्यानिधान वेदों को ईश्वरीय ज्ञान मानना सर्वथा युक्तियुक्त और उचित ही है।

वेदों में पक्षपात और अन्यायपूर्ण उपदेश कोई नहीं। वेदों के अनुसार ज्ञान, कर्म और उपासना तीनो का समुच्चय मोक्ष का साधन है। केवल विश्वास की अपेक्षा शुभ कर्मों का महत्त्व अधिक है। भगवान् को प्यारा कौन होता है इसका उत्तर ऋग्० ४. २५. ५ में इन महत्त्वपूर्ण शब्दो में दिया है कि—

'प्रियः सुकृत् प्रिय इन्द्रे मनायु. प्रियः सुप्रावीः प्रियो अस्य सोमी।'

अर्थात् भगवान् का प्यारा वह होता है जो (सुकृत्) सदा अच्छे काम करने वाला है। जो मनायु) मननशील अथवा विचारशील है (प्रिय. सुप्रावी) वह परमेश्वर का प्यारा होता है जो (सुप्रावी) उत्तम रीति से सब प्राणियों की रक्षा करने वाला होता है और जो (सोमी) स्वय शान्तियुक्त हो कर शान्ति का प्रसार करने वाला होता है। ऐसा व्यक्ति ही भगवान् का प्यारा होता है फिर वह चाहे किसी भी देश व स्थान का हो।

ऐसे सार्वभौम और मनुष्यों की सर्वाङ्गीण उन्नति के साधक पक्षपात शून्य उपदेशों के कारण वेदों को ईश्वरीय ज्ञान मानना सर्वथा युक्ति युक्त और समुचित है। इस में सन्देह का कोई कारण नहीं। अन्य ग्रन्थों की बातें जहा तक युक्ति युक्त और पक्षपात रहित, लोकहित-कारक हों वे माननीय हैं अन्यथा नहीं। धर्म का मूल तो वेद ही है इसी लिये उसे 'पश्य देवस्य काव्य न ममार न जीर्यति' (अथर्व० १०. ८ २४) इत्यादि के द्वारा भगवान् का काव्य कहा गया है। हमें यह देख कर प्रसन्नता होती है कि अनेक विचारशील ईसाई, मुसलमान विद्वानों ने सकुचित पक्षपातपूर्ण बातों को मानना छोड कर अपने मतग्रन्थों की नवीन उदारतासूचक व्याख्या का प्रयत्न प्रारम्भ किया है। हम इस का अभिनन्दन करते हैं चाहे यह उन मतों की प्राचीन परम्परा के विरुद्ध भी हो। सब से अच्छी बात तो यह है कि ये ऐसी बुद्धि विज्ञान विरुद्ध पक्षपातपूर्ण बातों के विरुद्ध स्पष्ट प्रचार करें।

ऋषि मन्त्रकर्ता नहीं, मन्त्रद्रष्टा थे

पिछले अध्यायों में हमने वेदों को अपौरुषेय ईश्वरीय ज्ञान सिद्ध करने का प्रयत्न किया है और विविध दृष्टियों से उन का महत्व भी बताया है किन्तु इस पर Vedic Age, Rigvedic India, Rigvedic Culture, Orion, Arctic Home in the Vedas इत्यादि ग्रंथों के विद्वान् भारतीय लेखक और प्रो० मैक्समूलर, वीबर, मैक्डोनल् इत्यादि पाश्चात्य विद्वान् आक्षेप करते हैं कि उपर्युक्त कथन सर्वथा अशुद्ध है। ऋषि मन्त्रों के कर्ता हैं। वे भिन्न भिन्न समयों में मन्त्रों की रचना करते रहे। वेद उन ऋषियों की रचना हैं तो उन को कैसे अपौरुषेय या नित्य ईश्वरीय ज्ञान माना जा सकता है? कई तो इसके लिये कुछ वेद मन्त्रों और श्रौतसूत्रादि में प्रयुक्त मन्त्रकृत या मन्त्रकार इत्यादि शब्दों का प्रमाण भी देते हैं। अतः इस अध्याय में हम इस विषय पर विचार करना चाहते हैं कि ऋषि वेद मन्त्रों के रचयिता हैं अथवा द्रष्टा। जब वेदों में ही वसिष्ठ, विश्वामित्र, जमदग्नि, अङ्गिरा, कण्व, भरद्वाज, गौतम, अत्रि इत्यादि नाम आते हैं तो उन को कैसे नित्य ईश्वरीय ज्ञान माना जा सकता है? उन में तो अनेक राजाओं तथा देशों के नाम भी हैं जिन की एक विस्तृत सूची प्रो० मैक्डोनल् और ए ए बी कीथ ने Vedic Index of names and subjects इस नाम से तैयार की है। ऐसी अवस्था में वेदों को भिन्न-भिन्न समयों में उत्पन्न अनेक ऋषियों की रचना मानना ही उचित प्रतीत होता है। इस के उत्तर में हम निम्न निवेदन करना चाहते हैं।

१ ऋषि का अर्थ यास्काचार्य ने निरुक्त में निम्न प्रकार दिया है—

ऋषयो मन्त्रद्रष्टार । ऋषिर्दर्शनात् स्तोमान् ददर्शेत्यौपमन्यव । तद् यदेनान्स्तपस्यमानान् ब्रह्म स्वयम्भ्यभ्यानर्षत् तदृषीणाम् ऋषित्वमिति विज्ञायते ।

—निरुक्त० २ ११।

अर्थात् ऋषि वेदमन्त्रों के अर्थ के द्रष्टा होते हैं। औपमन्यव आचार्य ने भी कहा है कि वेदों में प्रयुक्त स्तुति इत्यादि विषयक मन्त्रों के वास्तविक अर्थ का साक्षात्कार करने वालों को ही ऋषि के नाम से पुकारा जाता है। तपस्या या ध्यान करते हुए जो इनको स्वयम्भू नित्य वेद के अर्थ का भान हुआ इस लिये ये ऋषि कहलाए। यही वेदमन्त्रों का रहस्य सहित अर्थ दर्शन ही ऋषित्व है।

२ औपमन्यव आचार्य का एक दूसरा वाक्य भी उपर्युक्त वाक्यों से मिलता जुलता तैत्तिरीय आरण्यक २ ९. १ में पाया जाता है—

अजान् ह वै पृश्नींस्तपस्यमानान् ब्रह्म स्वयम्भ्वभ्यानर्षत् त ऋषयोऽभवन् तदृषीणामृषित्वम् ।

शतपथ ब्राह्मण ६ १ १ १ का निम्न वाक्य भी इसी अर्थ का प्रतिपादक है—

ते यत् पुरास्मात् सर्वस्मादिदमिच्छन्तः श्रमेण तपसारिषंस्तस्मादृषय. ।

इसका भी तात्पर्य ऊपर लिखे वाक्य के अनुसार ही है कि जिन तपस्वी जीवों को तप अथवा ध्यान करते हुए स्वयम्भू नित्यवेद का अर्थज्ञान हुआ वे उन-उन मन्त्रो के ऋषि कहलाए।

इसीलिये तैत्तिरीय सहिता, ऐतरेय ब्राह्मण, काण्व सहिता, शतपथ ब्राह्मण तथा सर्वानुक्रमणी आदि में मन्त्रों के द्रष्टाओं को ही ऋषि नाम से सम्बोधित किया है और उनके विषय मे यह उल्लेख किया है कि उन्होने अमुक-अमुक मन्त्रों, सूक्तों अथवा मण्डलों को देखा। इस विषय में निम्न प्रमाणों का उल्लेख ही उदाहरणार्थ पर्याप्त होगा।

१ स एत (भूमिर्भूम्ना · ·) कसर्णीरः काद्रवेयो मन्त्रमपश्यत् ।
तैत्ति० सहिता १. ५ ४ ।

२ स पूषा एत मन्त्रमपश्यत् । सूर्यस्य त्वा चक्षुषा प्रतिपश्यामीति ।
तै० सं० २ ६ ८ ।

३ शुन· शेपमाजीगर्ति वरुणो ऽगृह्णात् स एतां वारुणीमपश्यत् उदुत्तम वरुण पाशमस्मत् इति । तै० सं० ५. २ १ ।

४. स वामदेव —एतं सूक्तमपश्यत् 'कृणुष्व पाजः प्रसितिं न पृथ्वीम्' इति ।
काण्व सहिता १०. ५ ।

५ या सेना अभीत्वरीरिति · ते देवा एता ऋचो ऽपश्यन् ।
का० सं० १६. १० ।

६ ते देवा एतद् यजुरपश्यन् अजोऽसि महोऽसि । का० सं० १७ ७ ।

७ महीं गामिति काण्वो हैना ददर्श । शत० ब्रा० ६ २ २ ३८ ।

८. एतत् कवषः सूक्तमपश्यत् पंचदर्शचम् 'प्रदेवत्रा ब्रह्मणे गातुरेतु' इति ।
कौषीतकिब्रा० १२. १ ।

९ इन्द्र क्रतु न आभर इति वशिष्ठो वा एतं हतपुत्रोऽपश्यत् ।
ताण्ड्य ब्राह्मणे ४. ७ ३ ।

१० गृत्समदो द्वितीयं मण्डलमपश्यत् । सर्वानुक्रमणी २ १ ।

११ गाथिनो विश्वामित्र. स तृतीयं मण्डलमपश्यत् । सर्वानु० ३. १ ।

elibrary.thearyasamaj.org

व्याख्या स्पष्टतया उपलब्ध होती है यथा ऐतरेयारण्यक में लिखा है—

प्राणो वै गृत्स, अपानो मद स यत्प्राणो गृत्सोऽपानो मद· तस्माद् गृत्समद इत्याचक्षते। एतमेव सन्त तस्येदविश्वं मित्रम् आसीद् यदिदं किंच। तद् यस्येद विश्वं मित्रमासीद् यदिद किंच तस्माद् विश्वामित्रः इत्याचक्षते। एतमेवसन्त त देवा अब्रुवन् अय वै नः सर्वेषा वाम इति। त यद् देवा अब्रुवन् अयं वै नः सर्वेषा वाम इति तस्माद् वामदेवः। तस्माद् वामदेव इत्याचक्षते। एतमेवसन्त स इद सर्वं पाप्मनोऽत्रायत यदिद किंच। स यदिद सर्वं पाप्मनोऽत्रायत यदिद किंच तस्मादत्रय इत्याचक्षते। एतमेवसन्त स उ एव बिभृद्वाज प्रजा वाज तमएष बिर्भति यद् बिर्भति तस्माद् भरद्वाजः इत्याचक्षते।'

एत सन्त देवा अब्रुवन् अय वै नः सर्वेषां वसिष्ठ· : ' तस्माद् वसिष्ठ. स इद सर्वमभि प्रागात्—तस्मात् प्रगाथः। ऐतरेयारण्यक २. २. १।

यहा वताया गया है कि गृत्समद, विश्वामित्र, वामदेव, अत्रि, भरद्वाज, वसिष्ठ, प्रगाथ इत्यादि पद मुख्यतया प्राणवाचक हैं। इन शब्दों के यौगिक अर्थ ऊपर उद्धृत सन्दर्भ में दिखाये गये हैं। इस यौगिक व्युत्पत्ति के आधार पर ये शब्द सामान्य गुणसूचक होने से इन इन गुणों से युक्त व्यक्तियों और वस्तुओ के लिये प्रयुक्त हो सकते हैं। उदाहरणार्थ जो कोई भी सब को अपना मित्र समझता है और इस लिये जिस के सब मित्र हैं वह विश्वामित्र कहलाएगा। जो पापो से रक्षा करने वाला हो वह अत्रि कहलाएगा। जो वाज-प्रजा, ज्ञान और वल को धारण करने वाला हो वह भरद्वाज कहलाएगा। जो सब से श्रेष्ठ हो, प्राणविद्या को भली-भाति जानने वाला हो (प्राणो वै वसिष्ठ ऋषि.) अथवा ईश्वर को अपने अन्दर सब से अधिक वसाने वाला—सदा उस का स्मरण करने वाला ज्ञानी हो वह वसिष्ठ कहलाएगा। इन्द्रिय मन आदि को सब से अधिक अपने वश में रखने वाला भी वसिष्ठ कहलाएगा। सब उत्तम गुणो को धारण करने वाला अथवा वाम—श्रेष्ठ गुण युक्त भगवान् में रमण करने वाला—उस से प्रकाशित होने वाला (वामेन दीव्यतीति) वामदेव कहलाएगा। ऐसे ही अन्य शब्दों के विषय में समझना चाहिये। ऐतरेय ब्राह्मण १ २८ में लिखा है 'अग्निर्वै देवाना वसिष्ठ' अर्थात् अग्नि वसिष्ठ है।

शतपथ ब्राह्मण मे वसिष्ठादि शब्दो के अर्थ

यजुर्वेद के व्याख्यानभूत शतपथब्राह्मण में यजुर्वेद अ १३ के मन्त्रों की व्याख्या करते हुए अष्टमकाण्ड में स्पष्ट लिखा है—

प्राणो वै वसिष्ठऋषि। शत ८ १. १. ६।

मनो वै भरद्वाजऋषि. । शत ८. १. १. ६ ।
श्रोत्रं वै विश्वामित्रऋषि. । शत. ८. १. २. ६ ।
प्रजापतिर्वै जमदग्नि. । शत. १३. २. २. ४ ।
चक्षुर्वै जमदग्नि. । शत. ८ १. २. ३ ।
प्राणो वा अङ्गिरा । शत. ६. १. २. २८ ।
वाग् वै विश्वकर्मा ऋषि' । शत ८. १. २. ६ ।

अर्थात् वसिष्ठ का अर्थ प्राण, भरद्वाज का अर्थ मन, विश्वामित्र का अर्थ श्रोत्र वा कान, अङ्गिरा का अर्थ प्राण और विश्वकर्मा का अर्थ वाणी है। शतपथ ब्राह्मणान्तर्गत बृहदारण्यकोपनिषत् में भी गोतम भरद्वाजादि शब्दों के इन्द्रियादि परक अर्थ बताये गये हैं यथा—

इमावेव गोतमभरद्वाजौ । अयं गोतम अयं भरद्वाज. । इमावेव विश्वामित्रजमदग्नी । अयमेव विश्वामित्र अय जमदग्नि', इमावेव वसिष्ठकश्यपौ, अयमेव वसिष्ठ. अयं कश्यप. । वागेवात्रिर्वाचा ह्यन्नमद्यते । अत्तिर्हवै नामैतद् यदत्रिरिति । बृहदारण्यकोप. २. २ ।

यहां दो कान, दो आंख, दो नासिका छिद्र और वाणी इन को क्रमशः गोतम, भरद्वाज, जमदग्नि वसिष्ठ इत्यादि नामों से पुकारा गया है।

पूर्वमीमांसाशास्त्र में वेदार्थके सन्निकर्ष पुरुषाख्या । १. १. २७ अनित्यदर्शनाच्च । आख्या प्रवचनात् । परन्तु श्रुतिसामान्यमात्रम् । सू ३३

इत्यादि सूत्रों द्वारा स्पष्ट बताया गया है कि वेदों में प्रयुक्त वसिष्ठ, विश्वामित्र, जमदग्नि आदि शब्द कुछ विशेष गुणों को सूचित करने वाले सामान्य शब्द हैं ये व्यक्ति विशेष के वाचक संज्ञा शब्द (Proper nouns) नहीं। काठक, कालापक, पैप्पलाद आदि शब्द प्रवचनमूलक है। इस प्रकार यह स्पष्ट है कि वेदों में अनित्य व्यक्तियों के नाम या इतिहास नहीं। उदाहरणार्थ—

भोजायाश्वं स मृजन्त्याशु भोजायास्ते पन्या शुम्भमाना ।
भोजस्येद पुष्करिणीव वेदम परिष्कृत देवमानेव चित्रम् ॥

ऋ. १०. १०७. १ ।

इत्यादि मन्त्रों में प्रयुक्त भोज शब्द से संस्कृत के अत्यधिक प्रेमी और निपुण राजा भोज का ग्रहण नहीं है जो दसवीं या ग्यारहवीं शताब्दी में हुआ किन्तु 'भुज्-पालनाभ्यवहारयो' इस धातु से निष्पन्न होकर दान द्वारा प्रजा का पालन करने वाले राजा अथवा अन्य दानशील पुरुष का इस शब्द से ग्रहण होता है—

वयमु त्वा तदिदर्था इन्द्र त्वायन्त. सखायः । कण्वा उक्थेभिर्जरन्ते ॥

ऋ ८. २ १६।

इत्यादि मन्त्रो में प्रयुक्त कण्व शब्द कण्व नामक ऋषि विशेष और उस के वशजों का वाचक नहीं अपितु—

'कण्व इति मेधाविनाम ।' निघण्टु. ३. १५ ।

इस निघण्टु वचन के अनुसार मेधाबुद्धिसम्पन्न सब व्यक्तियों के लिये है कि हे परमेश्वर ! हम तेरे मित्र तेरी ही कामना करने वाले, मेधानामक शुद्ध बुद्धि से सम्पन्न होकर तेरी स्तुति करते हैं । इसलिये -

'विश्वामित्र ! जमदग्ने ! वसिष्ठ, भरद्वाज, गोतम, वामदेव । शर्दिः नो अत्रिः अग्रभीन्नमोभि. सुशसास. पितरो मृडता नः ।' अथर्व. १८. ३. १६ ।

इस मन्त्र में प्रयुक्त विश्वामित्र, जमदग्नि, वसिष्ठ, भरद्वाज, गोतम, वामदेव और अत्रि शब्दो का अर्थ गाधि के पुत्र विश्वामित्र ऋषि, परशुराम के पिता जमदग्नि, सूर्यवशियों के पुरोहित वसिष्ठ इत्यादि व्यक्ति विशेष न लेकर यही करना चाहिये कि सब को मित्र की दृष्टि से देखने वाले (विश्वामित्र) सब पदार्थों के यथार्थ स्वरूप को बुद्धि की आख से देखने वाले अथवा पवित्र दृष्टि से सब को देखने वाले जमदग्नि (चक्षुर्वै जमदग्निऋंषि) प्राण विद्या में निपुण अथवा उत्तम गुणों को अपने अन्दर सबसे अधिक बसाने वाले—अतिशयेन वासयिता—श्रेष्ठ (प्राणो वै वसिष्ठ ऋषि) वाज अथवा ज्ञान को अपने अन्दर धारण करने वाले और शुद्ध मन वाले (मनो वै भरद्वाज ऋषि·) अत्यन्त गतिशील (गोतम) अत्यन्त सेवनीय परमेश्वर की सदा स्तुति करने वाले (वाम देव) आध्यात्मिक, आधिभौतिक, आधिदैविक तापो से रहित (अत्रि) इस प्रकार के उत्तमगुणयुक्त अनुभवी ज्ञानी हमें सुखी करें ।

अत्यन्त आश्चर्य और दु ख की बात यह है कि श्री सायणाचार्य जैसे विद्वान् भाष्यकार कैसे अपने वेदभाष्य की भूमिका में मीमासाशास्त्र के इन अति महत्वपूर्ण सूत्रों का निर्देश कर के भाष्य करने के समय अपनी वेदों की अपौरुषेयता और नित्यता वाली प्रतिज्ञा को भूल कर अनित्य ऋषियों और राजाओं के वृत्तान्तो से अपने भाष्य को भर गये हैं जिन में से कई आख्यान तो इतने अश्लील तथा घृणित हैं कि उन का किसी सभ्यसमाज के सामने प्रकथन तक नहीं किया जा सकता । उदाहरणार्थ ऋग्वेद भाष्य की भूमिका में श्री सायणाचार्य ने लिखा है कि—

'यदप्युक्त प्रमगन्दाद्यनित्यसयोगान्मन्त्रस्यानादित्वं न स्यादिति तत्रोत्तर सूत्रयति उक्तश्चानित्यसयोग इति । तत्र पूर्वपक्षे वेदाना पौरुषेयत्व वक्तु युक्तं काठक कालापकमित्यादि पुरुषसम्बन्धाभिधान हेतूकृत्यानित्यदर्शनाच्चेति

हेत्वन्तरसूचितं तस्यायमर्थ —ववर. प्रावाहणिरकामयत इत्यनित्यानां ववराद्यर्थाना दर्शनात् तत· पूर्वमसत्वात् पौरुषेयो वेद इति। तस्योत्तरमेव सूत्रितम्—'परन्तु श्रुतिसामान्यमात्रम्' इति। तस्यायमर्थोयत् काठकादि समाख्यान तत् प्रवचननिमित्तं, यत् तु पर ववराद्यनित्यदर्शनं तच्छन्दसामान्यमात्रं न तु तत्रानित्यो ववराख्य कश्चित् पुरुषो विवक्षित. किन्तु ववर इति शब्दानुकृति तया सति ववर इति शब्दं कुर्वन् वायुरभिधीयते स च प्रावाहणि —प्रकर्षेण वहनशील·, एवमन्यत्राप्यूहनीयम्।'

इस सन्दर्भ का भावार्थ यह है कि पूर्व पक्ष के अनुसार वेद पुरुषकृत और अतएव अनित्य हैं। काठकम्, कालापकम् इत्यादि जो नाम वेदशाखाओं के प्रचलित हैं उन से भी यह सूचित होता है कि कठ, कलाप, पिप्पलाद आदि तथा अन्य ऋषियों ने उन्हें बनाया। इसी प्रकार ववर प्रावाहणिरकामयत इत्यादि जो वाक्य वेद माने जाने वाले (ब्राह्मण) ग्रंथों में पाये जाते हैं उन से भी स्पष्ट है कि प्रवाहण के पुत्र ववर ने ऐसी कामना की। इस का अर्थ यह हुआ कि ववर के होने के पश्चात् यह वेद भाग बना। इस पूर्वपक्ष का उत्तर 'परन्तु श्रुति सामान्यमात्रम्' इस सूत्र द्वारा दिया गया है कि वेद में व्यक्ति विशेष वाचक नाम नहीं हैं किन्तु गुणसूचक सामान्य शब्द हैं अत 'ववर प्रावाहणिरकामयत' इत्यादि का तात्पर्य प्रवाहण के पुत्र ववर नामक किसी व्यक्ति विशेष से नहीं किन्तु चलने वाले वायु से है जैसे कि इस के यौगिक अर्थ से स्पष्ट है।

इस सन्दर्भ से तो यह स्पष्ट है कि श्री सायणाचार्य के अनुसार न केवल वेदों में बल्कि ब्राह्मणग्रंथों में भी अनित्य इतिहास का अभाव है। यद्यपि हम इसे ठीक नहीं समझते। ब्राह्मण ग्रन्थ तो वस्तुत अर्थात् वेद के ऋषिकृत व्याख्याग्रंथ हैं उन में तो—

'तत्र ब्राह्मणानीतिहासान् पुराणानि कल्पान् गाथा नाराशंसीरिति'

तैत्तिरीयारण्यक २ ९।

इत्यादि के अनुसार इतिहासादि विद्यमान हैं। किन्तु इस से बढ़ कर आश्चर्य क्या हो कि यही सायणाचार्य जो ब्राह्मणग्रंथों तक में अनित्य इतिहास का अभाव मानते हैं ऐसे दूषित, घृणित और अश्लील इतिहास परक अर्थ वेदमन्त्रों के अनेक स्थानों पर कर गये हैं जिन्हें पढ़ कर अत्यधिक लज्जित होना पड़ता है। उदाहरणार्थ—

आगधिता परिगधिता या कशीवेव जंगहे।
ददाति मह्यं यादुरी यादूना भोज्या शता॥

ऋ. १ १२६ ६।

इस का अर्थ श्री सायणाचार्य अपने भाष्य में इस प्रकार करते हैं—

'सम्भोगाय प्रार्थितो भावयव्यः स्वभार्यं रोमशाम् अप्रौढेति बुद्ध्या परिहसन्नाह —(भोज्या) भोगयोग्यैषा (आगधिता) आ-समन्तात् स्वीकृता तथा (परि गधिता) परिगृहीता यद्वा (आ गधिता) आ-समन्तान्मिश्रयन्ती आन्तर प्रजननेन बाह्य भुजादिभिः। कीदृशी सा या (जंगहे) अत्यन्तं गृह्णाति कदापि न विमुञ्चति। अत्यागे दृष्टान्तः (कशीकेव) कशीका नाम सूतवत्सा नकुली सा यथा पत्या सह चिरकालं क्रीडति न कदाचिदपि विमुञ्चति तथैवैषापि। किंच भोज्यैषा यादुरित्युदकनाम रेतोलक्षणम् उदकं प्रभूत राति-ददातीति यादुरी बहुरेतोयुक्तेत्यर्थः। तादृशी सती (याशूनाम्) सभोगाना यश इति प्रजननानाम तत्सम्बन्धीनि कर्माणि याशूनि भोगा. तेषा (शतम्) असख्यातानि मह्य ददाति।

अत्यन्त अश्लील और जुगुप्साजनक होने के कारण इस का भाषानुवाद देना भी हमें अच्छा नहीं प्रतीत होता तथापि सक्षेप से इतना लिख देना पर्याप्त है कि सायणाचार्य के अनुसार भावयव्य नामक ऋषि अपनी पत्नी रोमशा को अप्रौढा जान कर जब उस ने सभोग के लिये प्रार्थना की तो उसका उपहास करते हुए इस मन्त्र के द्वारा कहते हैं कि यह तो बडी भोगयोग्य है जो अन्दर बाहर से मेरा आलिङ्गन कर रही है और नकुली की तरह मेरा कभी परित्याग नहीं करती। इस में बडा वीर्य है और यह सैकडों प्रकार से मुझे सभोग सुख देती है ! इत्यादि।

वस्तुत मन्त्र में सम्भोगार्थं रोमशा की प्रार्थना, अप्रौढ़ा समझ कर उस का भावयव्य द्वारा परिहासादि सूचक एक भी शब्द वेद मन्त्र में नहीं है। इस लिये महर्षि दयानन्द ने इस मन्त्र की उत्तम नीतिपरक व्याख्या की है। यादुरी का अर्थ उन्होंने प्रयत्नशीला और (याशूनाम्) का प्रयतमानानाम् ऐसा करते हुए मन्त्र का भावार्थ इन शब्दों में दिया है—

यया नीत्याऽसख्यातानि सुखानिस्युः सा सर्वैः सम्पादनीया।

अर्थात् जिस नीति से असख्य सुख हों उस का सब को अनुष्ठान करना चाहिये। विचारशील पाठक इन दोनो अर्थों की निष्पक्ष भाव से तुलना कर के स्वय निर्णय करें कि वेद के सर्व सम्मत स्वरूप की दृष्टि से कौन सा अर्थ अधिक सङ्गत है साथ ही किस अर्थ में कपोलकल्पना और खेंचातानी अधिक है। इसी सूक्त का अगला मन्त्र निम्न है—

उपोप मे परामृश मा मे दभ्राणि मन्यथाः।
सर्वाहमस्मि रोमशा गन्धारीणामिवाविका॥

ऋ १. १२६. ७।

इसका सायणाचार्य यों भाष्य करते हैं—

रोमशा नाम बृहस्पते: पुत्री ब्रह्मवादिनी परिहसन्तं स्वपतिं प्राह भो: पते ! (मे) मां द्वितीयायें चतुर्थीं (उपोप) उपेत्य (परामृश) सम्यक् स्पृश भोगयोग्याम् अवगच्छेत्यर्थ: । यद्वा (मे) मम गोपनीयमङ्गम् (उपोप मृश) अत्यन्तमान्तरं स्पृश । परामर्शाभावशङ्कां निवारयति (मे) मदङ्गानि रोमाणि (दभ्राणि) अल्पानि मा बुध्यस्व । (अहम्) (रोमशा) बहुरोमयुक्ता अस्मि यतोऽहमीदृशी अत (सर्वा) सम्पूर्णावयवास्मि रोमशत्वे दृष्टान्त —गन्धारदेशीय मेषा इव यद्वा (गन्धारीणाम्) गर्भधारिणीना स्त्रीणाम् (अविका) अत्यर्थं तर्पयन्ती योनिरिवास्मि यतोऽहमीदृशी अतो माम् अप्रौढां मावबुध्यस्वेति ।'

अत्यन्त अश्लील होने के कारण इस का भी भाषानुवाद देते हुए हमें लज्जा आती है तथापि अपने भाव को स्पष्ट करने के लिये संक्षेप से इस का तात्पर्य बता देना आवश्यक प्रतीत होता है ताकि उस अशुद्ध अर्थ को ठीक समझ कर दी गई Vedic Age के लेखकों की टिप्पणी समझने में सुगमता हो सके । सायणभाष्य के अनुसार बृहस्पति की पुत्री ब्रह्मवादिनी रोमशा परिहास करते हुए अपने पति को कहती है कि हे पते ! आप मुझे स्पर्श करें और भोग के योग्य समझें अथवा मेरे गुप्ताङ्ग का आप अच्छी तरह अन्दर से स्पर्श करें । आप मेरे अङ्गों और रोमों को छोटा न समझें । मैं बहुत रोमों से युक्ता और इस लिये सम्पूर्ण अवयव सम्पन्न हूं जैसे कि गन्धार देश की भेड़ होती है अथवा जैसे गर्भवती स्त्रियों को बहुत तृप्त करने वाली योनि होती है ।

कितने दुःख और आश्चर्य की बात है कि एक ओर तो सायणाचार्य भूमिका में वेदों में ही नहीं, ब्राह्मण भाग तक में अनित्यता की आशङ्का से सब प्रकार के अनित्य इतिहास का निषेध करते और ब्राह्मणों में दी हुई कथाओं तक का यौगिकार्थ दिखाने का यत्न करते हैं और दूसरी ओर यही वेदों में भावयव्य रोमशा, अगस्त्य, लोपामुद्रा, पुरूरवा उर्वशी, इन्द्र इन्द्राणी आदि के अश्लील संवादपरक अर्थ लगाते और इस प्रकार वेदों को कलङ्कित करते हुए लज्जित नहीं होते ।

Vedic Age के लेखकों ने पृ ३४८ पर इस सूक्त (ऋ १ १२६) पर निम्न टिप्पणी दी है—

'This dismal hymn ends with two more verses notable only for their extreme obscenity. It is in these Danastutis

that Brahmanical greed appears in its worst aspects in the Rigveda.'

अर्थात् यह निराशाजनक अथवा निकृष्ट सूक्त दो मन्त्रों के साथ समाप्त होता है जो अश्लीलता की पराकाष्ठा के कारण कुख्यात हैं। इन दान स्तुतियों में ब्राह्मणों का लोभ ऋग्वेद में अपने सब से निकृष्ट रूप में प्रकट होता है। जिन दो मन्त्रों का निर्देश किया गया है उन में से एक का (आगधिता परिगधिता) का भावार्थ महर्षि दयानन्द जी के भाष्यानुसार हम ऊपर उद्धृत कर चुके हैं। पदार्थ को उद्धृत कर के दूसरे मन्त्र का वास्तविक अर्थ दर्शाया जाएगा जिन से उस के अश्लील होने का भ्रम दूर हो सके।

मन्त्र का शब्दार्थ इस प्रकार है—

या (श्रागधिता) समन्ताद् गृहीता (परिगधिता) परितः सर्वतो गधिता शुभैर्गुणैः युक्ता नीतिः (गध्यर्तिर्मिश्रीभावकर्मा नि. ५· १५) (जङ्गहे) अत्यन्त ग्रहीतव्या (कशीकेव) यथा ताडनार्था कशीका (याशूनाम्) प्रयतमानानाम् अत्र यसु प्रयत्ने धातोर्बाहुलकादुण् प्रत्ययः सस्य शश्च (याशूरी प्रयत्नशीला (शता) शतानि असंख्यातानि वस्तूनि (भोज्या) भोक्तु योग्यानि (ददाति) सा सर्वैः स्वीकार्या।

भावार्थः—यया नीत्या ऽसंख्यातानि सुखानि स्युः सा सर्वैः सम्पादनीया॥

अर्थात् जिस उत्तम नीति-व्यवहार के ग्रहण करने से असंख्य सुखों की प्राप्ति होती है, जो सब शुभ गुण से युक्त है उस का अनुष्ठान सब को करना चाहिये। इस में कौन सी अश्लीलता की बात है यह पाठक स्वयं निश्चय करें। सायण के अशुद्ध भाष्य को देख कर और ग्रिफिथ की टिप्पणी के अनुकरण में Vedic Age के लेखकों ने भी बिना निष्पक्ष भाव से विचार किये उपरिलिखित टिप्पणी देकर पाठकों को भ्रम में डाल दिया यह अत्यन्त निन्दनीय बात है।

इस वेद मन्त्र का वास्तविक अर्थ जो महर्षि दयानन्द जी ने अपने भाष्य में किया है निम्न है—

पुना राज्ञी किं कुर्यादित्याह·—

हे पते राजन्! या ऽहं (गन्धारीणाम् इव अविका) पृथिवीराज्यधर्त्रीणां मध्ये रक्षिका (रोमशा) प्रशस्तलोमा (सर्वा) अस्मि तस्या मे गुणान् (परामृश) विचारय (मे) (दभ्राणि) अल्पानि कर्माणि (मा) (उपोप) अति समीपत्वे (मन्यथाः) जानीया.!

भावार्थ —राज्ञी राजानं प्रति ब्रूयात् अहं भवतो न्यूना नास्मि । यथा भवान् पुरुषाणां न्यायाधीशोऽस्ति तथाहं स्त्रीणां न्यायकारिणी भवामि । यथा पूर्वा राजपत्न्य प्रजास्थाना स्त्रीणां न्यायकारिण्यो ऽभूवन् तथाहमपि स्याम्॥

अर्थात रानी राजा से कहती है कि आप भी मेरे गुणों का विचार करें और मुझे कभी तुच्छ न समझें और न मेरे कामों को तिरस्कार की दृष्टि से देखें । मैं आप से कम नहीं हूं । जैसे आप पुरुषों के लिये न्यायकारी हैं वैसे मैं भी स्त्रियों के लिये न्यायकारिणी होती हूं । मैं सदा स्त्रियों का न्याय करने में तत्पर रहूं ।

इस में अश्लीलता की क्या बात है ? यहां तो स्त्रियों का पुरुषों के समान स्थान बताया गया है और उन का कभी अपमान न करने का आदेश है जिस को सुसभ्य जगत् की देन माना जाता है । रानी का काम स्त्रियों का न्याय करना है अर्थात् मैजिस्ट्रेट या जज् का स्थान भी स्त्रियों को दिया जाना चाहिये और उन को कभी तुच्छ न समझना चाहिये यह कितनी उच्च व्यावहारिक शिक्षा मन्त्र में पति पत्नी के संवाद रूप में दी गई है । इस को पढ़ते हुए तो सुप्रसिद्ध विचारक रस्किन के शब्दों का स्मरण हो आता है कि—

'We are foolish and without excuse foolish, in speaking of the superiority of the one sex to the other. Each completes the other and is completed by the other. The happiness and perfection of both depends on each asking and receiving from the other what the other only can give'

Sesame and Lilies by John Ruskin P. 73

अर्थात् हम पुरुष और स्त्री में से किसी एक को दूसरे से ऊंचा सिद्ध करने का यत्न करते हुए अक्षन्तव्य मूर्खता करते हैं क्यों कि दोनो एक दूसरे की पूर्ति करने वाले हैं । दोनो की प्रसन्नता और पूर्णता एक दूसरे को यथाशक्ति देने और उस से लेने में है । इत्यादि

ऐसे उच्च भावद्योतक मन्त्रों को बिना सोचे समझे अश्लीलता की पराकाष्ठा (Extreme obscenity) के सूचक मान लेना कितना बड़ा दुस्साहस है ।

ऋषियों को मन्त्रकर्ता मानने पर प्रबल आक्षेप

जो लोग ऋषियों को मन्त्रकर्ता मानते हैं उन्हें अनेक प्रबल आक्षेपों का सामना करना पड़ेगा जिन का समाधान उन के लिये असम्भव है ।

अनेक ऐसे मन्त्र हैं जिन के कई-कई यहां तक कि सौ तक ऋषि हैं उदाहरणार्थ—

अग्न आयूंषि पवस आसुवोर्जमिषं च नः ।
आरे बाधस्व दुच्छुनाम् ॥ ऋ. ९. ६६. १९ ।

इस एक ही मन्त्र के जो सामवेद स ६२७, १४६४, १५१८ में भी आया है—

'शत वैखानसा ऋषय'

अर्थात् सौ वानप्रस्थ ऋषि हैं। क्या इस का यह तात्पर्य समझा जाए कि इस २४ अक्षरों के गायत्री छन्द के मन्त्र को सौ ऋषियो ने मिल कर बनाया ? ऐसी असङ्गत तथा बेहूदी कल्पना को कौन निष्पक्षपात विद्वान् स्वीकार कर सकता है ? यदि यह माना जाए कि सौ या अधिक वानप्रस्थ ऋषियों ने इस मन्त्र का रहस्य जान कर इस का प्रचार किया तो इस में कोई असङ्गत बात नहीं प्रतीत होती। इसी प्रकार—

स न. पवस्व श गवे श जनाय शमर्वते। शं राजन्नोषधीभ्य. ॥

ऋ ९ ११ ५३।

इस सामवेद म ६५३ के 'शत वैखानसा ऋषय' अर्थात् सौ वानप्रस्थ ऋषि बताए गये हैं। मन्त्रों के कर्ता ऋषियों को मानने वाले क्या यह कहेंगे कि २४ अक्षरों वाले इस मन्त्र को सौ ऋषियो ने मिल कर बनाया ? क्या यह सर्वथा असङ्गत और उपहासास्पद कल्पना नहीं है ? सौ या अधिक ऋषियो द्वारा मन्त्रप्रोक्त भावना वा प्रार्थना का प्रचार मानने में कोई आक्षेपयोग्य बात नहीं यह स्पष्ट है।

सर्वानुक्रमणी ९ ६६ तथा आर्षानुक्रमणी ९ १६ के अनुसार इन मन्त्रों के सौ वैखानस ऋषि स्पष्टतया उल्लिखित हैं यथा—

पवस्व शत वैखानसा अष्टादश्यनुष्टुप् परास्तिस्र आग्नेय्यः।

सर्वानुक्रमणी ९ ६६।

असिद्धगोत्रास्तु पवस्व सूक्त, वैखानसा नाम शत विदुस्ते।

'वैखानसा नाम शत विदुस्ते' इन शब्दो से भी यही भाव निकलता है कि सौ वैखानस (वानप्रस्थ ऋषि) इन मन्त्रो को पूर्णतया जानते और उन का विशेष प्रचार करने के कारण इन के ऋषि कहलाते हैं। दो-दो चार-चार ऋषियो वाले मन्त्र तो सैकडो हैं अत हमें उन का उल्लेख करने की आवश्यकता नहीं।

ऋग्वेद ९ १०७ के 'सप्तर्पय' सात ऋषि बताए गये हैं। क्या इस छोटे से सूक्त को सात ऋषियों ने मिल कर बनाया ?

ऋ १० ५१ १। ३, ५, ७, ९ और १० ५३ १–३, ६–११ के 'देवा ऋषय' अर्थात् अनेक विद्वान् ऋषि हैं। ऋ १० १३६ के जिस में ७ मन्त्र हैं 'मुनयो वातरशना' अनेक मुनि ऋषि हैं।

ऋग्वेद ८ मण्डल के ३४ वें सूक्त के 'एन्द्र याहि हरिभि' इत्यादि तीन मन्त्रों के 'यसुरोचिषोऽङ्गिरस सहस्रसख्याका ऋषय' अर्थात् यज्ञ से प्रकाशमान प्राणविद्या जानने वाले

हजार ऋषि हैं। ऋषियों को मन्त्रकर्ता मानने वालों के अनुसार क्या यह माना जाए कि एक हजार ऋषियों ने अनुष्टुप् छन्द के इन तीन मन्त्रों को मिल कर बनाया? यह कल्पना कितनी असङ्गत और उपहासास्पद है। हजारों ऋषियों को किन्हीं वैदिक रहस्यों का प्रकाशक मानने में कोई आपत्ति नहीं हो सकती।

इसी प्रकार संकड़ों उदाहरण प्रस्तुत किये जा सकते हैं जिन से इस बात का स्पष्ट खण्डन होता है कि ऋषि मन्त्रों के कर्ता हैं। उन से यही सिद्ध होता है कि ऋषि मन्त्रद्रष्टाओं को ही कहते हैं।

एक दूसरा आक्षेप जो अत्यन्त प्रबल है यह कहा है कि एक ही मन्त्र के ऋषि भिन्न-भिन्न वेदों में और उन्हीं वेद के भिन्न-भिन्न स्थलों में भी पृथक् हैं उदाहरणार्थ--

१. ऋ ४. ५८. ३ में 'चत्वारि शृङ्गात्रयो अस्य पादा द्वे शीर्षे सप्त हस्तासो अस्य।

यह मन्त्र आया है जिस का ऋषि वामदेव है। यही मन्त्र यजुर्वेद १७ ९१ में भी पाया जाता है परन्तु उस का ऋषि 'साध्या' ऐसा लिखा है अर्थात् अनेक साधना करने वाले।

२. शास इत्था महाँ असि मित्रसादो अद्भुत।
न यस्य हन्यते सखा न जीयते कदाचन॥

यह मन्त्र ऋग्वेद १० १५२ १ में आया है जहां इसका ऋषि 'शास भरद्वाज' है। यही मन्त्र अथर्व १ २० ४ में भी आया है जहां इस का ऋषि 'अथर्वा' है।

३ मुञ्चामि त्वा हविषा जीवनाय कम्।
अज्ञातयक्ष्मादुत राजयक्ष्मात्॥

यह मन्त्र ऋ १० १६१ १ का है जहां इस का ऋषि 'यक्ष्मनाशन प्राजापत्य' लिखा है। यही मन्त्र अथर्व ३. ११ १ में भी है और वहां उस का ऋषि ब्रह्मा है।

४. अग्ने नय सुपथा राये अस्मान् विश्वानि देव वयुनानि विद्वान्।

यह सुप्रसिद्ध मन्त्र ऋ. १. १८९ १ में आया है जिस का ऋषि 'अगस्त्य' है। यही यजु ४०. १६ में आता है तो इस का ऋषि 'दीर्घतमा ऋषि' है।

५. चित्रं देवानामुदगादनीकं चक्षुर्मित्रस्य वरुणस्याग्नेः। आप्रा द्यावापृथिवी अन्तरिक्षꣳ सूर्य आत्मा जगतस्तस्थुषश्च स्वाहा।

यह मन्त्र ऋ. १. ११५. १ में आया है जहां इस का ऋषि 'कुत्स आङ्गिरस' है। यजु १३ ४६ में इस का ऋषि मापा और प्रजापति है। अथर्व. १३ २. ३५ में इस का ऋषि ब्रह्मा है और ऋ २०. १०७ १४ में सूर्य. देखो, कुत्स इस प्रकार है।

६ वेनस्तत्पश्यन्निहित गुहा सद् यत्र विश्व भवत्येकनीडम् । तस्मिन्निदं सं च वि चैति सर्व स ओत प्रोतश्च विभू प्रजासु ।

इस मन्त्र का यजु ३५ ८ में स्वयभू ब्रह्म ऋषि है और अथर्व २ १ २ में वेन ।

७ हिरण्यगर्भ समवर्तताग्रे भूतस्य जात पतिरेक आसीत् । स दाधार पृथिवीं द्यामुतेमा कस्मै देवाय हविषा विधेम ।

इस सुप्रसिद्ध मन्त्र का जो ऋ १० १२१ ५ में आया है ऋषि 'हिरण्यगर्भ प्राजापत्य' है और यजु ३२ ६ में इस का ऋषि स्वयभु ब्रह्म है ।

८ समिधाग्नि दुवस्यत घृतैर्बोधयतातिथिम् । आस्मिन् हव्या जुहोतन ।

इस का ऋषि ऋ ८ ४४. १ में विरूप आदित्य है और यजु ३ १ में अग्नि है ।

एक ही वेद मे भिन्न स्थानो पर एक ही मत्र के भिन्न-भिन्न ऋषि

अब हम ऐसे उदाहरण प्रस्तुत करेंगे जहा उसी वेद में एक ही मन्त्र के भिन्न स्थलों में भिन्न ऋषि हैं । उदाहरणार्थ--

१ आप पृणीत भेषज वरूथ तन्वे मम ।
ज्योक् च सूर्य दृशे ॥
इदमाप प्रवहत यत्किं च दुरित मयि ।
यद्वाहमभिदुद्रोह यद्वा शेप उतानृतम् ॥
आपो अद्यान्वचारिष रसेन समगस्महि ।
पयस्वानग्न आगहि त मा ससृज वर्चसा ॥

ये तीन मन्त्र ऋग्वेद १ २३ २१–२३ में हैं जहा इन का ऋषि मेधातिथि काण्व है किन्तु दशममण्डल सू ९ में भी ये मन्त्र आये हैं (मन्त्र ७ से ९) वहाँ इन का ऋषि त्रिशिरास्त्वाष्ट्र सिन्धुद्वीपो साम्बरीष है । इस भेद को मन्त्रो को ऋषिकृत मानने वाले क्या व्याख्या कर सकते हैं ? क्या वे यह कहेगे कि इन मन्त्रों को पहले मेधातिथि काण्व ने बनाया था और फिर त्रिशिरा और सिन्धुद्वीप ने चोरी कर के अपने नाम पर प्रसिद्ध कर दिया ? ऐसी कल्पना नितान्त अन्यायसूचक और ऋषियों पर चोरी का असत्य आरोप लगाने वाली होगी । यदि ऋषियो को द्रष्टा माना जाए जैसा कि ऋषयो मन्त्रद्रष्टार - ऋषिर्दर्शनात् स्तोमान् ददर्शेति के आधार पर पहले भी दिखाया जा चुका है तो विषय स्पष्ट हो जाता है । एक ही मन्त्र के रहस्य और भाव का प्रचार करने वाले अनेक ऋषि हुए और हो सकते हैं ।

२ इडा सरस्वती मही तिस्रो देवीर्मयोभुव । बर्हि. सीदन्त्वस्रिध ।

यह मन्त्र ऋग्वेद १ १३ ९ में है जहा इस का ऋषि 'मेधातिथि काण्व' है । यही मन्त्र ५ ५ ८ में भी आता है वहा उस का ऋषि वसुश्रुत आत्रेय है । जो लोग मन्त्रो को

ऋषिकृत मानते हैं वे इस ऋषिभेद का कोई समाधान नहीं कर सकते सिवाय इस के कि वे यह कहें कि यह मन्त्र मेधातिथि काण्व ने बनाया और पीछे से वसुश्रुत आग्नेय ने उसे चुरा कर अपने नाम से प्रसिद्ध कर दिया। क्या 'साक्षात्कृतधर्मा' ऋषियों के विषय में ऐसी कल्पना करना कभी उचित हो सकता है? पाठक स्वयं निर्णय करें।

३ विश्वाहेन्द्रो अधिवक्ता नो अस्त्वपरिह्वृता. सनुयाम वाजम्। तन्नो मित्रो वरुणो मामहन्तामदिति. सिन्धु. पृथिवी उत द्यौ।

यह मन्त्र ऋग्वेद के प्रथम मण्डल में दो वार आया है। १. १०० १६ में इस के ५ ऋषि बताये गये हैं 'वृषागिरो महाराजस्य वार्षागिरा ऋजाश्वाम्बरीषसहदेवभयमान-सुराधस' और जब यही मन्त्र १. १०२ ११ में आता है तो उस के उपर्युक्त ५ ऋषियों के स्थान में 'कुत्स आङ्गिरस' ऋषि है। इस अन्तर की व्याख्या भी मन्त्रों को ऋषिकृत मानने पर सिवाय कुत्स आङ्गिरस की चोरी और चुराकर अपने नाम से प्रसिद्ध करने के नहीं हो सकती। ऋषियों को मन्त्रद्रष्टा मानने पर एक मन्त्र के अनेक प्रचारक मानने में कोई आक्षेप का कारण नहीं।

४ इडामग्ने पुरुदंसं सनिं गो शश्वत्तम हवमानाय साध। स्यान्न सूनुस्तनयो विजावाग्ने सा ते सुमतिर्भूत्वस्मे॥

इस मन्त्र का समाधान ऋषियों को मन्त्रकर्ता मानने वालों की दृष्टि से देखने योग्य है। यह मन्त्र ऋग्वेद के ३ य मण्डल में कई वार आया है। ऋ ३ १ २३ में इस का ऋषि गाथिन विश्वामित्र है। ऋ ३ १५ ७ में इस का ऋषि गाथिन विश्वामित्र नहीं किन्तु उत्कील काण्व है। ऋ. ३ २२. ५ में इस का ऋषि गायी है। ऋ ३ २३ ५ में इस के भरत-कुलोत्पन्न देवश्रवा और देववात ये दो ऋषि हैं (देवश्रवा देववातश्च भारतावृषी) शेष चार स्थानों पर ऋ ३. ५ ११। ३ ६ ११ और ३ १० ११ और साम ५ १ १ ८ ४ में ऋषि विश्वामित्र है।

अब मन्त्रों को ऋषिकृत मानने वाले सिवाय इस के क्या कह सकते हैं कि यह मन्त्र बनाया तो विश्वामित्र ने था जिस का चार स्थानों पर उसे ही ऋषि बनाया गया है किन्तु एक बार तो उस के पिता गाथी ने पुत्र की इस कृति को चुरा कर अपने नाम से प्रसिद्ध कर दिया और उत्कील काण्व तथा देवश्रवा और देववात नामक ऋषियों ने भी किसी प्रकार इसे चुराकर अपने नाम से प्रसिद्ध कर दिया। क्या ऋषियों को ऐसा चोर और प्रसिद्धिलोलुप कपटी मानना उचित होगा?

५ विश्वे देवास आगत शृणुता म इम हवम्। एद बर्हिर्निषीदत।

यह मन्त्र ऋग्वेद २ ४ १. १ में आया है जहां इस का ऋषि गृत्समद है और यही

मन्त्र जब ऋ ७ ५२ ७ में आता है तो इस का ऋषि गृत्समद के स्थान पर ऋजिश्वा है। इस अन्तर का भी ऋषियों को मन्त्रकर्ता मानने वाले सिवाय चोरी और धोखेबाजी के क्या समाधान कर सकते हैं ?

६ राज्ञो नु ते वरुणस्य व्रतानि बृहद् गभीरं तव सोम धाम। शुचिष्ट्वमसि प्रियो न मित्रो दक्षाय्यो अर्यमेवासि सोम ।

यह मन्त्र ऋ १ ९१ ३ में है जहा इस का ऋषि 'गोतमो राहूगण' है किन्तु यही मन्त्र जब ऋ ९ ८८ ८ में आता है तो उस का ऋषि गोतम राहूगण न हो कर 'उशना. काव्य' ऐसा लिखा हुआ मिलता है।

७. यच्चिद्धि शश्वतामसीन्द्र साधारणस्त्वम् । तं त्वा वयं हवामहे ।

यह मन्त्र ऋ ८ ६५ ७ में आया है जहा इस का ऋषि 'प्रगाथ काण्व' है किन्तु ऋ ४ ३२ १३ में इस का ऋषि वामदेव है।

८ पुरोडाश च नो वसो जोषयासे गिरश्च न· । वधूयुरिव योषणाम् ।

यह मन्त्र ऋ ३ ५३ ३ में आता है जहा उस का ऋषि विश्वामित्र है और जब यह मन्त्र ४ ३२ ६ में आता है तो उस का ऋषि वामदेव है। इस अन्तर की ऋषियों के मन्त्र-कर्तृत्ववाद में सिवाय चोरी वा नकल के कोई व्याख्या नहीं की जा सकती।

९ यज्ञेन यज्ञमयजन्त देवास्तानि धर्माणि प्रथमान्यासन् । ते ह नाक महिमान. सचन्त यत्र पूर्वे साध्या. सन्ति देवा ।

यह मन्त्र ऋ १ १६४ ५० में आता है जहा इस का ऋषि दीर्घतमा औचथ्य है किन्तु जब जब यही मन्त्र १० ९० १६ में आता है तो उस का ऋषि नारायण है।

१० अपश्य गोपामनिपद्यमानमा च परा च पथिभिश्चरन्तम् । स सध्रीची. स विषूचीर्वसान आवरीवर्ति भुवनेष्वन्त. ।

जब यह मन्त्र ऋ १ १६३ ३१ में आता है तो इस का ऋषि 'दीर्घतमा औचथ्य' है। किन्तु यही मन्त्र ऋ १०. १७७ ३ में आया है वहा का ऋषि 'पतङ्ग प्राजापत्य' है।

११ तवाग्ने होत्र तव पोत्रमृत्विय तव नेष्ट्र त्वग्निदृतायत । तव प्रशास्त्रं त्वमध्वरीयसि ब्रह्मा चासि गृहपतिश्च नो दमे ।

यह मन्त्र ऋ २. १ २ में आया है जहा इसका ऋषि 'आङ्गिरस शौनहौत्रो भार्गवो गृत्समद' इस प्रकार लिखा है और जब यही मन्त्र ऋ १० ९१ १० में आता है तो इस का ऋषि 'श्रद्धाकामेतद्दत्य' है।

elibrary.thearyasamaj.org

१७ आ भारती भारतीभि सजोषा इडा देवैर्मनुष्येभिरग्निः । सरस्वती सारस्वतेभिरर्वाक् तिस्रो देवीर्बर्हिरेद सदन्तु ॥

यह तथा इस के साथ के तन्नस्तुरीमध पोषयित्नु, वनस्पते ऽव सृजोप देवान्, आयाह्याग्ने समिधानो अर्वाड् ये तीन मन्त्र ऋग्वेद ३ ४ ८–११ में आते हैं जहा इन का ऋषि विश्वामित्र है और जब यही मन्त्र ऋ ७ २. ८–११ में आते हैं तो इन का ऋषि विश्वामित्र के स्थान पर वसिष्ठ है। ऋषियो को मन्त्रकर्ता मानने वालों के अनुसार तो यही कल्पना करनी पडेगी कि इन मन्त्रों को विश्वामित्र ने बनाया था पीछे से वसिष्ठ ने, जो उस का विरोधी था, इन्हें किसी तरह चुरा लिया और अपने नाम से प्रसिद्ध कर दिया। ऋषिर्दर्शनात् स्तोमान् ददर्श के अनुसार विश्वामित्र और वसिष्ठ दोनो को इस मन्त्र का ऋषि मानने में कोई आपत्ति नहीं हो सकती। इस प्रकार के अन्य भी सैकडों उदाहरण दिये जा सकते हैं जहा एक ही वेद और मण्डल में एक ही मन्त्र के ऋषि भिन्न-भिन्न हैं। इस की व्याख्या ऋषियो को मन्त्रकर्ता मानने पर नहीं हो सकती जब कि उन्हें मन्त्रद्रष्टा मानने पर बडी सरलता से हो जाती है। अत ऋषियो को मन्त्रकर्ता मानना ठीक नहीं है।

ऋषि कौन होते है ?

यहा यह बात भी ध्यान में रखने योग्य है कि ऋषि कौन होते हैं। यजु ३४ ४९ में ऋषियो का लक्षण बडे उत्तम रूप में पाया जाता है। मन्त्र निम्न प्रकार है—

सह स्तोमा. सहच्छन्दस आवृत सह प्रमा ऋषयः सप्त दैव्याः ।
पूर्वेषा पन्थामनुदृश्य धीरा अन्वालेभिरे रथ्यो न रश्मीन् ॥

इस मन्त्र में ऋषियो के गुण सूचक निम्न शब्द हैं—

(सह स्तोमा.) प्रशसा के साथ वर्तमान वा जिन की शास्त्रस्तुति एक साथ हो।

(सहच्छन्दस) वेदादि का अध्ययन जिन का साथ हो।

(आवृत) ब्रह्मचर्य के साथ समस्त विद्या पढ़ और गुरुकुल से समावृत्त हो कर आये हुए।

(सहप्रमा) साथ ही जिन का प्रमाणादि यथार्थ ज्ञान हो।

(सप्त दैव्या) पाच ज्ञानेन्द्रिय, अन्त करण और आत्मा ये जिन के अत्यन्त दिव्य या पवित्र हो अथवा उत्तम गुणकर्मस्वभाव में प्रवीण ध्यान वाले योगी।

(ऋषय) वेदों के न केवल ज्ञाता किन्तु यथार्थद्रष्टा—वेदों के रहस्य को साक्षात् कर के उन का उपदेश करने वाले ऐसे ऋषियों के विषय में मन्त्र में कहा गया है कि वे

जैसे सारथी लगाम की रस्सी को ग्रहण करता है वैसे पूर्वज विद्वानों के मार्ग को (अनुदृश्य) विवेक पूर्वक अनुकूलता से देख के (अन्वालेभिरे) पश्चात् उस सत्य मार्ग का अवलम्बन करते हैं। वैसे ही सब लोगों को उन आप्त लोगों के मार्ग पर चलना चाहिये।

इस मन्त्र का भावार्थ वैदिक धर्मोद्धारक शिरोमणि महर्षि दयानन्द के शब्दों में यह है कि जो रागद्वेषादि दोषों को दूर छोड़ कर आत्मा में प्रीति रखने वाले हों, अप्राप्त से धर्म के अनुष्ठान पूर्वक समस्त वेदों को जान के सत्य असत्य का निश्चय कर सत्य को प्राप्त हो और असत्य को छोड़ के आप्तों के भाव से वर्तते हैं वे सुशिक्षित सारथियों के समान अभीष्ट धर्मयुक्त मार्ग में जाने को समर्थ होते और वे ही ऋषि सज्जन होते हैं।

इस से स्पष्टतया ज्ञात होता है कि ऋषि मन्त्रकर्ता नहीं, किन्तु वेदों का अध्ययन और मनन कर के उन के द्रष्टा वा रहस्यवेत्ता होते हैं। मन्त्र वा वेद उन से पूर्व विद्यमान होते हैं जिन के मन्त्रों का ये साक्षात्कार करते हैं।

मुण्डकोपनिषत् ५ २ में ऋषियों का लक्षण करते हुए बताया है कि—

'सम्प्राप्यैनमृषयो ज्ञानतृप्ता. कृतात्मानो वीतरागा प्रशान्ता.। ते सर्वगं सर्वत प्राप्य धीरा युक्तात्मान सर्वमेवाविशन्ति ॥'

अर्थात् ऋषि वे होते हैं जो सर्वव्यापक परमात्मा को सर्वत्र अनुभव करते हुए ज्ञान से तृप्त, रागरहित, आनन्दित और अत्यन्त शान्त हो जाते हैं।

इसी के अनुसार निरुक्त में यास्काचार्य ने कहा है कि—

'साक्षात्कृतधर्माण ऋषयो बभूवु.।' निरुक्त १. २०।

अर्थात् ऋषि लोग वेदोक्त धर्म का (क्योंकि धर्म का मुख्य लक्षण मीमांसादि शास्त्रानुसार—

'चोदनालक्षणो ऽर्थो धर्म'

अथवा जो वेद विहित है वह धर्म है) साक्षात्कार करने वाले होते हैं।

ऐसे ऋषियों को भ्रान्तिवश मन्त्रकर्ता मान कर और उन मन्त्रों के भी अत्यन्त अशुद्ध अर्थ समझ कर श्री रमेशचन्द्र जी मुंशी ने जो भारतीय संस्कृति के प्रेमी और Vedic Age के भूमिका लेखक तथा मुख्य प्रेरक हैं ऋषियों के सम्बन्ध में अपनी 'सोमा-मृता' नामक पुस्तक में जो बातें लिखी हैं वे कितनी भ्रान्तिपूर्ण और अयथार्थ हैं यह देख कर हमें आश्चर्य दुःख और आश्चर्य हुआ। आपने 'सोमामृता' की भूमिका में लिखा है—

'ऋषि घरेलू नाम वाले, कच्चे कपड़े दान दक्षिणा में लेने वाले और भेंट देने, सोम रस पीकर नशे में चूर रहने, सोम और सोम का प्रदर्शन करने और सोने देने वाले की प्रशंसा

करते थे। वे कभी-कभी द्वेष से भडक कर आग बबूला हो जाते और एक दूसरे पर देवो का क्रोध उतारने का प्रयत्न करते।

युवक और युवतिया अपने हाव भावों से एक दूसरे को अपनी ओर आकर्षित करते थे। ऋषि रूपवती स्त्रियों के आकर्षण के लिये मन्त्रो की रचना करते थे। इत्यादि

('लोपामुद्रा' भूमिका पृ० ९–१०)

आर्यों का जो घृणित चित्र इस पुस्तक में खींचा गया है उसे उद्धृत करते हुए भी हमें लज्जा आती है तथापि उस का उल्लेख हम प्रकरणानुसार कर के उस की सप्रमाण निस्सारता और अयथार्थता को दिखाएगे। यहा प्रसङ्गवश हम ने ऋषियो के विषय में उन के भ्रान्तिपूर्ण विचारों का दिग्दर्शन कराया है। पाठक इन विचारो की ऊपर दिये वेद, उपनिषत् और निरुक्तादि प्रामाणिक ग्रथों के ऋषि विषयक लक्षणों के साथ निष्पक्षभाव से तुलना करेंगे तो उन्हें स्पष्टतया ज्ञात हो जाएगा कि ऋषियों के विषय में उन की कल्पना सर्वथा अशुद्ध है। वेद और ब्रह्म के वेत्ता ऋषि जिन के ज्ञानतृप्ता, कृतात्मान, वीतरागाः प्रशान्ता., साक्षात्कृतधर्माण इत्यादि विशेषण, वेदों और उपनिषदों में तथा निरुक्तादि आर्ष ग्रन्थों में दिये हैं वे ऐसे लोभी, क्रोधी और कामी कभी न थे जसे कि 'लोपामुद्रा' में उन्हें दिखाया गया है। एक ऐसी पुस्तक में जिसे 'आर्यावर्त की महागाथा' के नाम से प्रकाशित किया गया हो और जिस के प्रकाशकों ने भूमिका में लिखा हो कि 'आर्यावर्त की महागाथा' नाम से मुन्शी जी ने तीन खण्डो में वैदिककालीन आर्य सस्कृति के धुधले इतिहास को सुस्पष्ट कर के उपस्थित किया है। इस में वैदिक सभ्यता और सस्कृति का बहुत ही सुन्दर और अधिकृत चित्रण है। मुन्शी जी की अन्य सभी कृतियो की तरह यह पुस्तक भी अद्भुत एवम् अतीव रसमय है। इत्यादि

ऋषियो के चरित्र का ऐसा दूषित, निराधार चित्रण अत्यन्त निन्दनीय है। 'ऋषि रूपवती स्त्रियों के आकर्षण के लिये मन्त्रों की रचना करते थे।' इस ऋषियों के प्रति घोर अपमानजनक स्थापना के लिये लेखक ने एक भी प्रमाण नहीं दिया। केवल उन के लिख देने से ही ऐसी बात जो ऋषियो के लक्षण के ही सर्वथा विरुद्ध हो (जो ऋषि वीतराग और प्रशान्त होते हैं) कैसे माननीय हो सकती है ? ऋषियो द्वारा लोभ और क्रोध के प्रदर्शन का भी कोई उदाहरण वा प्रमाण लेखक ने देने का कष्ट नहीं किया जिस से उस की परीक्षा कर के यथार्थ अभिप्राय बताया जा सकता।

सोम शब्द के अनेकार्थ

'ऋषि सोमरस पीकर नशे में चूर रहते थे' लेखक का यह कथन भी सर्वथा अशुद्ध है यदि सोम का अर्थ वे मादक पेय विशेष समझते हैं और ऋषियों को उस के नशे में चूर समझते हैं। वस्तुत वेदो में सोम शब्द जहां—

त्वमिमा ओषधीः सोम विश्वास्त्वमपो अजनयस्त्वं गा ।
त्वमाततन्थोर्वन्तरिक्षं त्वं ज्योतिषा वि तमो विवर्ध ॥

ऋ १. ९१ २२ तथा साम पूर्वार्चिक अ. ६ ख ३ म ३ ।

सोम पवते जनिता मतीनां जनिता दिवो जनिता पृथिव्या ।
जनिताग्नेर्जनिता सूर्यस्य जनितेन्द्रस्य जनितोत विष्णोः ॥

ऋ ९ ९६. ५ साम पू अ ५ ख ६ म ५ ।

अयं पूषा रयिर्भगः सोम पुनानो अर्षति ।
पतिर्विश्वस्य भूमनो व्यख्यद् रोदसी उभे ॥

ऋ ९ १०१. ७ साम पू अ ५ ख ८ म २ ।

पवस्व सोम महान् समुद्रः पिता देवानां विश्वाभिधामः ।

ऋ. ९ १०९. ४ साम पू अ. ४ ख ९ म ३ ।

विश्वा धामानि विश्वचक्षऋभ्वन् प्रभोष्टे सतः परियन्ति केतवः ।
व्यानशी पवसे सोम धर्मणा पतिर्विश्वस्य भुवनस्य राजसि ॥

ऋ. ९ ८६ ५ साम उ अ ५ ख १ म ३ ।

ऋ ९ १०१. ७ साम पू अ. ५ ख ८ म २ इत्यादि मन्त्रों में स्पष्टतया परमेश्वर वाचक है जिसे ओषधि, जल, अन्तरिक्ष, पृथिवी, आकाश, अग्नि, सूर्य वायु इत्यादि का उत्पादक, प्रकाशक और सारे विशाल जगत् का स्वामी तथा सब लोकों में व्यापक बताया गया है और जिस के लिये कहा गया है कि हे सोम ! तू सारे संसार का राजा है (पतिर्विश्वस्य भुवनस्य राजसि) जिस को सर्वज्ञ या सर्वद्रष्टा, सब लोकों में व्याप्त और महान् प्रभु तथा गुणों का महान् समुद्र और सब देवों का पिता है । तू हमें पवित्र कर ! ऐसा कहा गया है ।

क्या कोई मूर्ख से मूर्ख जनता भी सोम नामक वनस्पति व ओषधि के विषय में ऐसी बातें कहने का साहस कर सकता है कि यह सर्वव्यापक, सूर्य, अग्नि, जल, वायु, पृथिवी सब का उत्पादक, सर्वज्ञ और सारे संसार का स्वामी है ? कभी नहीं । अतः वेदों के अनुसार सोम शब्द परमात्मवाचक है इस में अणुमात्र भी सन्देह नहीं हो सकता । जहां सोम शब्द परमात्मवाचक है वहां परमेश्वर के प्रति ज्ञानमय भक्ति का भी यह वाचक है यह वेदों के निम्नलिखित मन्त्रों से स्पष्ट प्रतीत होता है । उदाहरणार्थ ऋ. ९ १०८. १ में कहा है—

पवस्व मधुमत्तम इन्द्राय सोम क्रतुवित्तमो मदः । महि द्युक्षतमो मदः ॥

यहां सोम को मधुमत्तम अर्थात् अत्यन्त माधुर्यगुणयुक्त मत्ती उत्पन्न करने वाला कहा है किन्तु यह संसार की साधारण प्राकृतिक वस्तुओं में से अग्नि उसे आत्मा के लिये (इन्द्राय) अनु-

वित्तम अर्थात् उत्तम ज्ञान को प्राप्त कराने वालों में श्रेष्ठ अथवा श्रेष्ठ संकल्प को प्राप्त कराने वालों में श्रेष्ठ, अत्यधिक यशस्वी बनाने वाली आध्यात्मिक मस्ती (महिद्युक्षतमो मद) इस रूप में वर्णित किया गया है। उसे शराब आदि की तरह की कोई वस्तु समझ लेना बडी भूल है। सोम का वर्णन इन शब्दो में है कि—

शुचि पावक उच्यते सोम सुत· स मधुमान्।
देवावीरघशसहा॥

ऋ ९ २४।७ साम उत्तर ६ वि २ म ७।

अर्थात् यह सोम न केवल स्वय पवित्र है बल्कि दूसरो को भी पवित्र करने वाला (पावक) और (मधुमान्) माधुर्य से भरा हुआ (देवावी) दिव्य गुणों को बढ़ाने वाला और (अघशसहा) पापमयी भावनाओं का नाश करने वाला है।

यह स्पष्ट है कि यह वर्णन शराव जैसी मादक वस्तु का नहीं किन्तु ज्ञानमय भक्ति के पवित्र और पावन आध्यात्मिक मद का यहा वर्णन है।

इसी प्रकार ऋ ९ ९७ ३६ सामवेद उत्तर अ ४ ख ४ म ६ का सोम विषयक निम्न वर्णन भी इस विषय में अत्यधिक स्पष्ट होने के कारण उल्लेखनीय है जिस में कहा है—

एवा नः सोम परिषिच्यमान आ पवस्व पूयमानः स्वस्ति।
इन्द्रमा विश बृहता मदेन वर्धया वाच जनया पुरन्धिम्॥

ऋ ९ ९७. ३६ साम उ अ. ४ ख ३ म ६।

इसमें सोम को सम्बोधित करते हुए कहा है कि तू हमें सब ओर से पवित्र कर। अपनी बडी भारी मस्ती के साथ इन्द्र (जीवात्मा) के अन्दर प्रवेश कर, हमारी वाणी की शक्ति को बढा और हम में उत्तम बुद्धि को उत्पन्न कर।

बुद्धिनाशक शराब के विषय में इस प्रकार का वर्णन सर्वथा असङ्गत है। यह स्पष्टतया ज्ञानमय भक्तिभाव की आध्यात्मिक मस्ती का वर्णन है जो अत्युत्तम बुद्धि को उत्पन्न करती और वाणी आदि की शक्ति को बढ़ा कर मनुष्य को पवित्र कर देती है। ऋ ९ १०८ ३ साम पू अ ५ ख ११ म ६ का—

त्व ह्या३ङ्ग दैव्य पवमान जनिमानि द्युमत्तम·।
अमृतत्वाय घोषयन्॥

यह सोम विषयक वर्णन भी इस प्रसङ्ग में अत्यधिक स्पष्ट होने के कारण उल्लेखनीय है जिस में कहा है कि—

हे सोम! तू (पवमान) सब को पवित्र करने वाला (द्युमत्तम) अत्यन्त प्रकाशमान और मनुष्य जन्म को दिव्य बनाता हुआ उस के लिए अमृतत्व की घोषणा करता है।

यह सोम ज्ञानमय भक्तिभाव है इस में अणुमात्र भी सन्देह नहीं हो सकता। ऐसे ही—

१. शुक्र. पवस्व देवेभ्य. सोम दिवे पृथिव्यै श च प्रजाभ्य ।

ऋ ९ १०८ ५। आदि

२ दिवो धर्तासि शुक्र पीयूष सत्ये विधर्मन् वाजी पवस्व ।

ऋ. ९. १०८ ६।

३. ऋतेन य ऋतजातो विवावृधे राजा देव ऋतं बृहत् ।

ऋ ९ १०८ ८।

तथा अन्य सैकडो मन्त्रो को उद्धृत किया जा सकता है जो स्पष्टतया सूचित करते हैं कि वेदो में सोम परमेश्वर के अतिरिक्त ज्ञानमय परमेशभक्ति के आध्यात्मिक मद का सूचक है। इसे न समझ कर श्री कन्हैयालाल जी मुन्शी तथा अन्य विद्वानों का लिखना कि ऋषि (भौतिक) सोम का रस पी कर नशे में चूर रहते थे सर्वथा अशुद्ध है इस में सन्देह नहीं। इन मन्त्रो में सोम को ऋत सत्य और वेद से उत्पन्न, सत्य के कारण ही प्रसिद्ध, ज्ञान का धारण करने वाला दिव्य अमृत, पृथिवी, आकाश और सारी प्रजा के लिये शान्ति और पवित्रता कारक बताया गया है। कोई पागल से पागल व्यक्ति भी शराब जैसी वस्तु का ऐसा वर्णन नहीं कर सकता।

ऋषिवाचकपद प्राय· उपनाम।

कई महानुभावो को वेदमन्त्रों में ऋषियों के नामों को देख कर यह सन्देह हो जाता है कि वसिष्ठ, विश्वामित्र, जमदग्नि, अत्रि, कण्व, कश्यप आदि जो ऋषि नाम से रामायण, महाभारतादि में थोडे से प्रसिद्ध हुए उन्हीं के नाम वेदो में आये हुए है अत वेद पौरुषेय रचना है। इस विषय पर हम पुष्ट प्रकाश सप्रमाण करने वाले चुके है तथापि कुछ और आवश्यक बातो का निर्देश आवश्यक प्रतीत होता है जिन से एतद्विषयक भ्रम की निवृत्ति हो सके। प्रथम बात जो ध्यान में रखनी चाहिये यह यह कि वेदो में वसिष्ठ, विश्वामित्र, अत्रि, कण्व, कश्यपादि शब्द यौगिक हैं और ये व्यक्ति विशेष वाचक नहीं किन्तु उन के प्राण, श्रोत्र, विविधतापरहित, बुद्धिमान्, सर्वद्रष्टा परमेश्वर इत्यादि अर्थ है। इस के लिये हम अनेक आर्षवचन प्रमाण स्वरूप प्रस्तुत कर चुके है। ऋषियों ने वेदों में उन शब्दो का यौगिकार्थ देख और उपयोग पाकर अपने लिये उन नामो को चुन लिया जैसे कि ईसाई, मुसलमान, जैन, बौद्ध, सिक्ख, यहूदी इत्यादि विविध मतावलम्बी अपने-अपने मान्य ग्रन्थों में से अपने मान्य महानुभावों के नाम ग्रहण कर लेते हैं। इस के अतिरिक्त इस बात के सैकडों प्रमाण मिलते है कि ऋषियों के जो नाम माने जाते हैं वे उन के वास्तविक या उपनाम है। लोक में भी देखा जाता है कि जो जिस विषय का विशेष रूप से प्रतिपादन करने वाला हो उस का

वही नाम प्राय प्रसिद्ध हो जाता है। उदाहरणार्थ महात्मा मुन्शीराम जी ने जब गुरुकुल विषयक प्रचार किया तो सर्व साधारण उन को 'गुरुकुल' के ही नाम से पुकारने लग गये थ और उन के किसी स्थान पर पहुचने पर 'गुरुकुल' आ गया ऐसा भी कहने लग गये थे। गुरुकुल काङ्गडी में स्वर्ण जयन्ती के अवसर पर एक सज्जन की तद्विषयक कार्यार्थ नियुक्ति की गई। अभी तक प्राय ब्रह्मचारी और कर्मचारी उन्हें श्री जयन्तीप्रसाद के नाम से स्मरण करते हैं। ऐसे ही अन्य अनेक उदाहरण प्रस्तुत किये जा सकते हैं। ऋषियों के भी नाम प्राय इसी प्रकार के हैं ऐसा दिखाने के लिये सैकडों में से कुछ अत्यन्त स्पष्ट उदाहरण देना पर्याप्त होगा जिन में सन्देह का कोई कारण ही प्रतीत नहीं होता।

१ ऋग्वेद १० ९० को पुरुष सूक्त के नाम से कहा जाता है जिस का प्रारम्भ—

'सहस्रशीर्षा पुरुष सहस्राक्ष· सहस्रपात्'

इत्यादि मन्त्र से है। इस में विराट् पुरुष अथवा परमेश्वर और तन्निर्मित जगत् का वर्णन है। इस का ऋषि नारायण है जो परमेश्वर वाचक शब्द है और जिस की व्युत्पत्ति मनुस्मृति १ १० में—

आपो नारा इति प्रोक्ता·; नारा वैनर सूनवः।
ता यदस्यायन पूर्वं तेन नारायणः स्मृतः॥

इस रूप में की गई है।

२ ऋग्वेद १० ९७ का देवता 'ओषधीस्तुति' है जिस में ओषधियों के गुणों का बडा उत्तम प्रतिपादन किया गया है इस का ऋषि 'भिषक्' अर्थात् वैद्य वा चिकित्सक है।

३ ऋ १० १०१ का देवता 'विश्वे देवा ऋत्विजो वा' ऐसा लिखा है और इस का ऋषि 'वुध सौम्य' अर्थात् सौम्य गुण युक्त बुद्धिमान् है जो सर्वथा उपयुक्त ही है।

४ ऋग्वेद १० १०७ का देवता दक्षिणा तद्दातारोवा है जिस में दान देने का महत्व बडी उत्तमता से बताया गया है। इस का ऋषि दिव्यो दक्षि णा वा ऐसा लिखा है।

५ ऋग्वेद १० ११७ का देवता अयत्रा प्रतिपाद्य विषय 'धनान्न दान प्रशंसा' है और उस का ऋषि 'भिक्षु' है जो सर्वथा तदनुरूप है।

६ ऋ १०. १२१ के सुप्रसिद्ध सूक्त का देवता अथवा प्रतिपाद्य विषय 'क' अर्थात् सुख स्वरूप परमेश्वर है क्योंकि सारे सूक्त में उस का बडी उत्तम रीति से प्रतिपादन है। उस का ऋषि 'हिरण्यगर्भ' यही है।

७ ऋ १० १२३ का देवता वेन' है जिस का अर्थ उत्तम कामना करने वाला प्रेमी भक्त है और उस का ऋषि भी 'वेन' ही है।

८ ऋ. १० १२४ को २–४ मन्त्रों का देवता 'अग्नि' है और उन का ऋषि भी 'अग्नि.' ही है।

९. ऋ. १० १२५ का देवता वागाम्भृणी है और उस की ऋषिका भी वागाम्भृणी अर्थात् महतोवाक् है। विषयानुरूप ही ऋषि का उपनाम रखा गया है यह स्पष्ट है।

१०. ऋ. १० १२७ की देवता अथवा प्रतिपाद्य विषय 'रात्रि स्तव' है और उस की ऋषिका भी 'रात्रि' बताई गई है।

११. ऋ. १०. १२९ के सुप्रसिद्ध सूक्त की देवता या प्रतिपाद्य विषय—

'नासदासीन्नो सदासीत् तदानीं नासीद् रजो नो व्योमापरो यत्'

इत्यादि मन्त्रों में 'भाववृत्तम्' है अर्थात् इस में सृष्टि से पूर्व का वृत्त और फिर सृष्टि की उत्पत्ति का विषय वर्णित है जिस पर प्रो० मैक्समूलर जैसे पाश्चात्य विद्वान् भी इतने मुग्ध हुए कि निम्न प्रकार के शब्दों का प्रयोग करते हुए उन भावों को ईश्वरीय ज्ञान के ही रूप में उन्हें स्वीकार करने को विवश होना पड़ा।

'These startling outbursts of philosophic thought seem indeed to require the admission of a long continued effort of meditation and speculation before so complete a rupture with the old conception of physical gods could have become possible .... nor must we forget that there always have been privileged individuals whose mind was un-trammelled by the thoughts of the great mass of the people and who saw and proclaimed, as if inspired by a power not themselves, truths, far beyond the reach of their fellow men.

Seeh The Six Systems of Indian philosophy Vol. I by prof Maxmuller P. 19 Published by Sushil Gupta Ltd 35 Chitta Ranjan Avenue Calcutta 12.

इस सूक्त का ऋषि अथवा मन्त्रद्रष्टा भी 'प्रजापति परमेष्ठी' के नाम से प्रसिद्ध हुआ।

१२. ऋ १०. १८० का देवता 'अग्नि.' है और इस का ऋषि भी 'अग्नि पावक' इस नाम से प्रसिद्ध हुआ क्योंकि उस ने अग्नि विद्या का विशेष प्रचार किया।

१३ ऋ १०, १५१ का देवता श्रद्धा—

श्रद्धयाग्नि समिध्यते श्रद्धया हूयते हवि.।
श्रद्धा भगस्य मूर्धनि वचसा वेदयामसि॥

इत्यादि मन्त्रों में प्रतिपाद्य विषय श्रद्धा है और इस की ऋषिका भी श्रद्धा के विषय में विशेष प्रचार के कारण 'श्रद्धा' के नाम से प्रसिद्ध हुई।

१४. ऋ १०. १५२ का देवता दक्षिणा प्राजापत्य—

शास इत्था महां अस्यमित्रखादो अद्भुत· ।
न यस्य हन्यते सखा न जीयते कदाचन ।।
स्वस्तिदा विशस्पतिर्वृत्रहा विमृधो वशी ।
वृषेन्द्र. पुर एतु न सोमपा अभयङ्कर· ।।

इत्यादि मन्त्रों में 'इन्द्र' अर्थात् परमैश्वर्य सम्पन्न शासक है उस का ऋषि भी 'शास' इसी नाम से प्रसिद्ध हुआ।

१५ ऋ १० १५८ के—

सूर्यो नो दिवस्पातु ।

इस मन्त्र से प्रारम्भ होने वाले सूक्त की देवता वा प्रतिपाद्य विषय 'सूर्य' है और उसका ऋषि भी 'चक्षु सौर्य' ऐसा लिखा गया है।

१६ ऋ १० १६१ के सुप्रसिद्ध—

भुञ्चामि त्वा हविषा जीवनायकम् अज्ञातयक्ष्मादुत राजयक्ष्मात् ।

इस मन्त्र से प्रारम्भ होने वाले, हवन द्वारा राजयक्ष्मादि रोगों की चिकित्सा का प्रतिपादन करने वाले सूक्त की देवता 'राजयक्ष्मघ्नम्' ऐसी है और इस का ऋषि भी 'यक्ष्मनाशन' इसी नाम से प्रसिद्ध हुआ।

१७ ऋ १० १६३ के—

अक्षीभ्या ते नासिकाभ्या कर्णाभ्या चुबुकादधि ।
यक्ष्म शीर्षण्य मस्तिष्काज्जिह्वाया विवृहामि ते ।।

इस मन्त्र से प्रारम्भ होने वाले सूक्त का जिस में सब अङ्गों से रोग कृमियों को दूर करने का वर्णन है और अत· जिस का देवता 'विवृहा काश्यप' सर्वद्रष्टा परमेश्वर वा ज्ञानी का पुत्र रोगों को निकाल कर परे फेंकने वाला इसी नाम से प्रसिद्ध हुआ।

१८ ऋ १६४ की देवता 'दुःस्वप्नघ्नम्' है क्योंकि इस में—

अपेहि मनसस्पते ऽपक्राम परश्चर ।

इत्यादि मन्त्र द्वारा मन के बुरे विचारों और तज्जन्य बुरे स्वप्नों को दूर करने का प्रतिपादन है अत उस का ऋषि भी 'प्रचेता' अथवा उत्तम ज्ञानी माना गया है।

१९ ऋ १० १७३ की देवता 'राज्ञ स्तुति' है जिस में अभिषेक के समय राजा को सम्बोधन करते हुए—

आ त्वा हार्षमन्तरेधि ध्रुवस्तिष्ठाविचाचलि. ।
विशस्त्वा सर्वा वाञ्छन्तु मा त्वद् राष्ट्रमधि भ्रशत् ।।

elibrary.thearyasamaj.org

इत्यादि मन्त्र आये है। इन मन्त्रों में राजा को प्रजा की इच्छा के अनुकूल कार्य करते हुए ध्रुव अर्थात् कर्तव्य पालन में दृढ़ होने का उपदेश है अत इस का ऋषि भी 'ध्रुव' इस नाम से प्रसिद्ध हुआ।

९. ऋ. १०. १८३ के केवल ३ तीन मन्त्र है जिन में से प्रथम में विवाहकाल कन्या की इष्ट विवाहार्थी वर के प्रति—

अपश्यं त्वा मनसा चेकितानं तपसो जातं तपसो विभूतम्।
इह प्रजामिह रयिं रराण प्रजापत्यं प्रजया पुत्रकाम ॥'

यह उक्ति है और दूसरे में विवाहार्थी युवक की ओर से उक्ति है कि —

अपश्य त्वा मनसा दीध्यानां स्वाया तनू ऋत्व्ये नाधमानाम्।
उप मामुच्चा युवतिर्भूया प्रजायस्व प्रजया पुत्रकामे ॥

इन मन्त्रों में ये एक दूसरे के प्रति उत्तम सन्तानोत्पत्ति के लिये विवाह सम्बन्ध करने का प्रस्ताव करते है अत इस की देवता 'प्रजमानपत्नीरोदाशित्य' और ऋषि प्रजावान् प्राजापत्य' है जो सर्वथा उपयुक्त कहा जा सकता है।

१. ऋ. १० १८४ जिस में—

विष्णुर्योनिं कल्पयतु त्वष्टा रूपाणि पिंशतु।
आ सिञ्चतु प्रजापतिर्धाता गर्भं दधातु ते ॥

इत्यादि मन्त्र है और 'गर्भाधानो' देवता है ऋषि 'त्वष्टा गर्भकर्ता विष्णुर्वा प्राजापत्य' माना गया है जो उस के प्रतिपाद्य विषय के सर्वथा अनुरूप है।

१२ ऋ १८६ में—

वात आ वातु भेषज शम्भु मयोभु नो हृदे।
प्र ण आयूंषि तारिषत् ॥

इत्यादि केवल तीन ही मन्त्र है जिन में शुद्ध वायु के सेवन का महत्त्व वर्णित है और इस लिये जिस का वायुदेवता है 'इतो वातापन' यह ऋषि माना गया है जो देवता के अनुरूप है। उस का अर्थ गतिशील वायुसेवी है।

१३ ऋ १० १८७ का जिस का प्रारम्भ—

प्राग्नये वाचमीरय वृषभाय क्षितीनाम्।
स न. पर्षदति द्विष ॥

इस मन्त्र मे होता है देवता अर्थात् प्रतिपाद्य विषय 'अग्नि' है और ऋषि 'प्राग्नेय' अर्थात् अग्नि विद्या जानने वाले कहा गया है।

२४ ऋ. १०. १९० के सुप्रसिद्ध सूक्त का जिस का प्रारम्भ—

ऋत च सत्य चाभीद्धात् तपसो ऽध्यजायत ।

इत्यादि मन्त्र से है और जिस में सृष्टयुत्पत्ति का क्रम बडी उत्तमता से बताते हुए यह उपदेश किया गया है कि परमात्मा को सर्वव्यापक मानते हुए सब प्रकार के पाप मे बचना चाहिये और इसी लिये जिसे 'अघमर्षण' इस नाम से भी पुकारा जाता है देवता 'भाववृत्तम्' है और ऋषि अघमर्षण है क्यो कि पाप से बचने का उपाय ईश्वर चिन्तनादि है ।

२५ ऋ १० १९१ के सुप्रसिद्ध सूक्त का जिस में सगच्छध्व सवदध्व सवो मनासि जानताम् इत्यादि ऐक्य तथा प्रीतिवर्धक मन्त्र हैं और जिन की देवता 'सज्ञानम्' है ऋषि 'सवनन' अर्थात् अच्छी प्रकार से मिल कर प्रेम से व्यवहार करने वाला है जो सर्वथा तदनुरूप है ।

इसी प्रकार अन्य सैकडो उदाहरण शेष वेदों से भी दिये जा सकते हैं जिन से यह स्पष्टतया ज्ञात होता है कि 'वसिष्ठ, विश्वामित्र, भरद्वाजादि गुण विशेष सूचक ऋषियों के उपनाम हैं जो किसी विशेष व्यक्ति के वाचक नहीं लिये जा सकते । इस लिये ऋषि दयानन्द का यह लेख कि—

'यो मन्त्रसूक्तानामृषिर्लिखितस्तेनैव तद् रचितमिति कुतो न स्यात् ? मैव वादि । ब्रह्मादिभिरपि वेदानामध्ययनश्रवणयो· कृतत्वत् । ·यदर्षीणा-मुत्पत्तिरपि नासीत् तदा ब्रह्मादीना समीप वेदानाद्तमानत्वात् ।

(ऋग्वेदादि भाष्यभूमिका वेदोत्पत्ति विषय)

अर्थात् मन्त्रो या सूक्तो के ऊपर जिन ऋषियो के नाम लिखे हैं उन्होंने ही उन मन्त्रो की रचना की ऐसा क्यो न माना जाए ?

उत्तर—यह कथन ठीक नहीं । ब्रह्मा इत्यादि ने भी वेदो का अध्ययन और श्रवण किया । जब ऋषियो की उत्पत्ति भी न हुई थी तो भी ब्रह्मा आदि के पास वेद विद्यमान थे । यह सर्वथा माननीय है ।

यो वै ब्रह्माण विदधाति पूर्व, यो वै वेदांश्च प्रहिणोति तस्मै । त ह देव-मात्मबुद्धिप्रकाश, मुमुक्षुर्वै शरणमह प्रपद्ये । श्वेताश्वरोपनिषत् ६ १८ ।

इस वचन को पहले उद्धृत किया ही जा चुका है जिस से महर्षि दयानन्द के कथन की सत्यता सिद्ध होती है ।

अधिक गहराई में जाए तो यह स्पष्ट सिद्ध होता है कि जिन ऋषियो के नाम वैदिक मन्त्रो वा सूक्तों पर लिखे हैं उन से पूर्व भी वे मन्त्र तथा सूक्त विद्यमान थे । इस के तीन ही

प्रसिद्ध और स्पष्ट उदाहरण देना पर्याप्त होगा। ऋग्वेद १ २४ के सूक्त का प्रसिद्ध—

शुन शेप अजीगर्ति कृत्रिमो वैश्वामित्रो देवरात ।

ऐसा लिखा है। वेदों को पुरुषकृत मानने वाले इस सूक्त में आये

शुन शेपो यमह्वद् गृभीतस्त्रिष्वादित्य द्रुहेषु बद्ध । य १३ ।

इस मन्त्र में शुन शेप शब्द को देख कर यह परिणाम निकालते हैं कि इसी शुन शेप ने इन मन्त्रों की रचना की। किन्तु वास्तव में ऐसा मानना सर्वथा अशुद्ध है। 'कस्य नूनं पतमस्यामृतानाम्' सूक्त के इस प्रथम मन्त्र की व्याख्या करते हुए 'निरुक्त समुच्चय' नामक ग्रन्थ के लेखक वरदराज (जिस के अनेक स्थलों को ऋग्वेद के प्रसिद्ध भाष्यकार स्कन्द स्वामी ने अपने भाष्य में उद्धृत किया है) लिखा है—

'अस्या प्रथम तावदाख्यान प्रस्तूयते—अजीगर्तो नाम ऋषि गृहस्थस्य सन् पुत्रदारादि सहितो दुर्भिक्षे क्षुधया पीड्यमानो निरतिशय पोमहाभाग्यवशत् प्राधान्यत् प्रजापतिमेव देव ना मध्ये प्रथम प्रार्थयते 'कस्यनूनम्' इति ।

निरुक्त समुच्चय पृ० ७७ ।

अर्थात् इस मन्त्र का पहले आख्यान लिखा जाता है। सुयव का पुत्र अजीगर्त नामक ऋषि। पुत्र और पत्नी सहित वह दुर्भिक्ष में भूख से पीड़ित होकर तप के महात्म्य से सुयव, 'कस्य नूनम्' इत्यादि मन्त्र के द्वारा, देवताओं में प्रथम प्रजापति की प्रार्थना करता है। इत्यादि।

इस लेख में अणुमात्र भी सन्देह नहीं हो सकता कि 'कस्यनूनप्रथमस्यामृतानाम्' इत्यादि मन्त्रों का निर्माता शुन शेप ने न किया था किन्तु उस के पिता अजीगर्त के समय में भी ये मन्त्र विद्यमान थे। अन्यथा वे इन्हीं मन्त्रों के द्वारा प्रार्थनादि कैसे कर सकते थे ?

शुन शेप' यह भी यौगिक शब्दान्तर मात्र है व्यक्ति विशेष वाचक नहीं। शुनमिति सुखनाम शेप स्पृशते अर्थात् सुख का स्पर्श करने वाला। शुन शेप का ऐसा यौगिक अर्थ मान लेने पर सन्देह समूल हो जाता है।

द्वितीय स्पष्ट उदाहरण

ऋग्वेद के सप्तमण्डलात्मक ७२ वां सूक्त 'अयं सो अग्नि — ' इस से प्रारम्भ होता है। इस सूक्त के विषय में सर्वानुक्रम सूत्रिका तथा बृहद्देवता में लिखा है—

'अय सोऽग्नि. इत्येतद् विश्वामित्रस्य सूक्तम् ।

अर्थात् 'अय सो अग्नि' यह विश्वामित्र का सूक्त है किन्तु सर्वानुक्रमणी से स्पष्ट होता है कि यह सूक्त न केवल विश्वामित्र के लिये गाधी के समय में विद्यमान था। किन्तु

वही उस का द्रष्टा था। आर्षानुक्रमणी से यह बात स्पष्टतया ज्ञात होती है उदाहरणार्थ आर्षानुक्रमणी ३ ४ में लिखा है—

अग्नि होतारमारभ्य, गाथीनाम स कौशिकः। सूक्तान्यपश्यच्चत्वारि, सूक्त निर्मिमते परे।

यहां यह बात भी ध्यान देने योग्य है कि 'सूक्तान्यपश्यच्चत्वारि' यह पाठ ही यहा पाया जाता है जिस में उस से पूर्व सूक्तों की विद्यमानता निश्चित सिद्ध होती है।

तृतीय स्पष्ट उदाहरण मनु के पुत्र नाभानेदिष्ठ का है जो ऋग्वेद म १० सूक्त ६१, ६२ को ऋषि है जैसे कि सर्वानुक्रणीकार ने स्पष्ट लिखा है। ऐतरेय ब्राह्मण ५ १४ में जो नाभानेदिष्ठ विषयक कथा आती है—

नाभानेदिष्ठ शसति। नाभानेदिष्ठ वै मानवं ब्रह्मचर्यं वसन्त भ्रातरो निरभिजन् सोऽब्रवीदेत्य किं मह्यमभाक्तेति। स पितरमेत्याब्रवीत् त्वाहि वाव मह्यं तताभाक्षुरिति। त पिताब्रवीद् मा पुत्रक तदादृथाः। अङ्गिरसो वाइमे स्वर्गाय लोकाय सत्रमासते ते षष्ठ षष्ठमेवाहरागत्य मुह्यन्ति तानेते सूक्ते षष्ठेऽहनि शसय तेषां यत् सहस्र सत्रपरिवेषण तत् ते स्वर्यन्तो दास्यन्तीति।

अर्थात् जब मनुपुत्र नाभानेदिष्ठ गुरुकुल में अध्ययन कर रहा था उस के भाइयो ने अपनी सम्पत्ति इत्यादि का विभाजन कर दिया। उस ने गुरुकुल से लौटने पर पिता से कहा कि इस प्रकार भाइयो ने सम्पत्ति का विभाजन कर लिया है। मेरा क्या होगा ? पिता ने कहा तुम चिन्ता न करो। अङ्गिरा के पुत्र एक यज्ञ कर रहे हैं। छठे दिन में उन को मोह प्राप्त हो जाता है अथवा वे एक बात भूल जाते हैं। उन को तुम ये दो सूक्त समझा दो तो वे तुम्हें पुष्कल दक्षिणा दे देंगे। तब मनु ने उसे ये दो सूक्त ऋ १० ६१–६२ जिन का प्रारम्भ क्रमश —

इदमित्था रौद्रं गूर्तवचा ब्रह्मकृत्वा शच्यामन्तराजौ।
क्राणा यदस्य पितरा महनेष्ठा पर्षत्पक्वये अहना सप्त होत्रान्॥ तथा

ये यज्ञेन दक्षिणया समक्ता इन्द्रस्य सख्यममृतत्वमानश।
तेभ्यो भद्रमङ्गिरसो वो अस्तु प्रति गृभ्णीत मानव सुमेधसः॥

इन मन्त्रो से होता है।

दाय भाग में दिये किन्तु इनका ऋषि नाभानेदिष्ठ लिखा है। इसी १० ६२ सूक्त के दशम मन्त्र में 'यदुस्तुर्वश्च मामहे' यह मन्त्राश भी मिलता है जिस में ऐतिहासिक पक्ष मानने वालों के अनुसार यदु और तुर्वशु का नाम है जो महाभारत अध्याय ६५ के अनुसार मनु की

छठी पीढ़ी में उत्पन्न हुए। यह बात कैसे संभव हो सकती है ? वस्तुतः यदु-तुर्वशु ये दोनों शब्द किसी व्यक्ति विशेष के नाम नहीं अपितु निघण्टु २. ३ के अनुसार मनुष्यनाम निघ० है—

प्रीता. । तुर्वशा. । द्रुह्यव । यदवः । अनव. । पूरव. इत्यादि ।

पञ्चविंशति (२५) मनुष्य नामानि यती—प्रयत्ने से यदु शब्द प्रयत्नशील और 'तुर्वशा'—चतुर्वंश.—वश—कान्तौ ।

इस के अनुसार धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की कामना करने वाले मनुष्य इन के अर्थ हैं। इसी लिये सायणाचार्य का यदुश्चतुर्वंश्च—एतन्नामकौ राजर्षी ऐसा लिखना नितान्त अशुद्ध है।

कण्वतम, अङ्गिरस्तम आदि का प्रयोग

वेदों में कण्व, अङ्गिरा, इन्द्र आदि पद व्यक्ति विशेष वाचक नहीं अपितु यौगिक होने के कारण विशेष गुण सूचक हैं इस के लिये यह बात भी इस प्रसङ्ग में विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि बहुत स्थानों पर कण्वतम, अङ्गिरस्तम, इन्द्रतम इत्यादि का प्रयोग पाया जाता है। व्यक्ति वाचक पदों में कभी इस प्रकार तमप् अथवा आंग्लों परिभाषानुसार Superlative degree का प्रयोग नहीं हो सकता इस बात को सब मानते हैं। उदाहरणार्थ ऋ १ ४८ ४ में यह मन्त्र आया है—

उषो ये ते प्र यामेषु युञ्जते मनो दानाय सूरय ।
अत्राह तत् कण्व एषां कण्वतमो नाम गृणाति नृणाम् ॥

यहां यह बताया गया है कि जो विद्वान् लोग उषा काल में उठ कर योगाभ्यास द्वारा अपने मन को परमेश्वर में लगाते और उस के प्रति अपने को समर्पित करते हैं उन में से जो कण्वतम होता है वह परमेश्वर का नाम सदा स्मरण कर प्रशंसनीय बनता है। यहां कण्वतम का अर्थ स्पष्टतया श्रेष्ठ इति मेधावि नामसु निघण्टु ३ ५ इस निघण्टु वचनानुसार मेधावियों में श्रेष्ठ के अतिरिक्त और कुछ हो ही नहीं सकता। ऋ १० ११५ ५ में भी—

'स इदग्नि कण्वतम कण्वसखाय ।'

इस मन्त्र में भी अति अर्थात् ज्ञानी अपने मेता के विशेषणरूप से 'कण्वतम' का प्रयोग है जिस का अर्थ मेधावियों में श्रेष्ठ अत्यन्त स्पष्ट और सङ्गत है। उस के कण्व अर्थात् मेधावी ही मित्र होते हैं और वह अपनी इन्द्रियों का अर्थ अर्थात् स्वामी होता है यह यहां कहा गया है।

अङ्गिरस्तम का प्रयोग

अङ्गिरस्तम का प्रयोग १ ३१. ८ के 'त्वमग्ने प्रथमो अङ्गिरस्तम' ऋ १ १०० १ 'सो अङ्गिरोभिरङ्गिरस्तमो भूत् ऋ ६ १७. ६ स्वविदो अभवो अङ्गिरस्तम तथा

८ २३ १०, ८ ४३ २७, ८ ४४ ८, १० ६२ इत्यादि अनेक मन्त्रो में है। अङ्गिरा ऋषि मानने पर अङ्गिरस्तम का प्रयोग व्याकरणादि की दृष्टि से सर्वथा असङ्गत है।

अङ्गिरा उ ह्यग्नि.। शतपथ १. ४. १. २५।

प्राणो वा अङ्गिरा। शतपथ ६ १. २. २८।

इत्यादि आर्षवचनानुसार अङ्गिरा का अर्थ अग्नि अर्थात् अग्रणी नेता अथवा प्राण विद्या वेत्ता या अपने प्राणसमान सब को समझने वाला यह अर्थ लेने पर अर्थ पूर्णतया सङ्गत हो जाता है कि नेताओ अथवा प्राणविद्या जानने वालों में श्रेष्ठ।

ऐसे ही ऋ ७ ७९ ३ के—

अभूदुषा इन्द्रतमा मघोन्यजीजनत् सुविताय श्रवासि।
वि दिवो दुहिता दधात्यङ्गिरस्तमा सुकृते वसूनि॥

इस मन्त्र में उषा अर्थात् दोषों को दग्ध करने वाली विदुषी देवी के लिये इन्द्रतमा और अङ्गिरस्तमा इन शब्दों का विशेष रूप में प्रयोग हुआ है कि वह ज्ञानादि परमैश्वर्य धारिकाओं में श्रेष्ठ और नायिकाओं में श्रेष्ठ होती है। उषा का अर्थ अध्यात्म पक्ष में ज्योतिष्मती विशोका प्रज्ञा भी होता है जिस का योगदर्शन के प्रथम पाद में 'विशोका वा ज्योतिष्मती' इस सूत्र द्वारा प्रतिपादन किया गया है। उस पर भी ये विशेषण लग सकते हैं।

इस प्रकार वेदों में प्रयुक्त कण्वतम, अङ्गिरस्तम, इन्द्रतम आदि शब्द यौगिकवाद का समर्थन और व्यक्तिविशेषवाचक सज्ञापद होने का निराकरण करते हैं।

'मन्त्रकृत्' शब्द पर विचार

इस पर भी कई महानुभावों को ऋषियों के लिये मन्त्रकृत् शब्द का प्रयोग देख कर सन्देह हो जाता है कि यह क्या बात है? यदि वस्तुत वेद ईश्वरीय हैं तो ऋषियो को मन्त्र कृत क्यों कहा गया है?

नम ऋषिभ्यो मन्त्रकृद्भ्यो मन्त्रपतिभ्य·। शाङ्खायनारण्यक ७ १।

नम ऋषिभ्यो मन्त्रकृद्भ्यो मन्त्रपतिभ्यो मा मामृषयो मन्त्रकृतो मन्त्रपतय परादु माहमृषीन् मन्त्रकृतो मन्त्रपतीन् परादाम्। तैत्ति. आ. ४ ११।

यावन्तो वा मन्त्रकृत·। कात्यायन श्रौतसूत्र ३ २ ९।

दक्षिणत उदङ्मुखो मन्त्रकार। मानव गृह्यसूत्र १ ८. १।

श्रद्धया दुहिता तपसो ऽधि जाता स्वसर्षीणां मन्त्रकृता बभूव।

काठक गृ सू ४१. १३।

इत्यादि में मन्त्रकार वा मन्त्रकृत् शब्द का प्रयोग है।

इस के विषय में निवेदन यह है कि—

१ मन्त्र शब्द और कृ दोनों ही अनेकार्थक हैं। मन्त्र का अर्थ सलाह तो सुप्रसिद्ध ही है। जैसे वाल्मीकीय रामायण युद्ध काण्ड सर्ग ४ के श्लोक १०१ १०२ हैं—

तदिहैव निवेशो ऽस्तु, मन्त्र प्रस्तूयतामिति।
सम्प्राप्तो मन्त्रकालो न, सागरस्येव लङ्घने॥

यहां स्पष्टतया मन्त्र शब्द का अर्थ सलाह है। इसी लिये सलाह देने वाले के लिये मन्त्र शब्द का सर्वत्र प्रयोग पाया जाता है। इसी प्रकार कृ धातु का भी केवल अभूत प्रादुर्भाव या बनाना यही एक अर्थ नहीं है। उस का दर्शन अर्थ में भी प्रयोग आता है।

उदाहरणार्थ तैत्तिरीयारण्यक ४. ११ के—

नमऋषिभ्यो मन्त्रकृद्भ्य.।

इस की व्याख्या में भट्ट भास्कर मिश्र ने लिखा है—

अथ नम ऋषिभ्यो मन्त्रकृद्भ्य —मन्त्राणा द्रष्टृभ्य, दर्शनमेव कर्तृत्वम्।

मैसूर संस्करण भा ३ पृ १।

ऐतरेय ब्राह्मण के 'सर्वं ह्यृषिर्मन्त्रकृत' के भाष्य में सायणाचार्य ने लिखा है—

ऋषिर्नीन्द्रियार्थं द्रष्टा मन्त्रकृत् करोति धातुस्तत्र दर्शनार्थ.।

अर्थात यहां करोति इस धातु का प्रयोग दर्शन अर्थ में है।

यावन्तो वा मन्त्रकृत।

इस का श्रौतसूत्र ८ १. १३ के भाष्य में कात्यायन सर्ग ने ठीक लिखा है—

मन्त्रकृतो मन्त्रदृश उच्यन्ते। नहि मन्त्राणा करणं भवति। अनित्यत्व प्रसङ्गात्। तेन दर्शनार्थ कृञ इत्यध्यवसीयते। दृश्यते चानेकार्थता धातूना गत्यर्थानामेवमेतत्सम्भवतीत्यवसायप्रतियत्नप्रत्ययनोपयोगेषु कृञ (अष्टा ८ ३ ७८) इत्यात्मनेपदप्रतिपादने सम्पादीनर्थान् कृञो दर्शयति।

अर्थात 'मन्त्रकृत' यहां मन्त्रद्रष्टा के अर्थ में प्रयुक्त है। मन्त्रों की रचना नहीं होती अन्यथा उन को अनित्य मानना पड़ेगा। कृ धातु के अनेकार्थ हैं।

कृत्व ऋषिर्भवति यत्तौ स्तोमानाम् इत्यौपमन्यव।

इस निरुक्त के पाठ में भी कर्तृ का अर्थ द्रष्टा ही मानना उचित है क्योंकि स्वयं निरुक्तकार यास्काचार्य ने ऋषिर्दर्शनात् २ ११ इस के पश्चात् औपमन्यवाचार्य को—

स्तोमान् ददर्शेत्यौपमन्यव.।

इस रूप में उचित उद्धृत की है जिस से स्पष्ट ज्ञात है कि औपमन्यवाचार्य को ऋषि में कर्तृ और द्रष्टा का एक ही अर्थ है।

elibrary.thearyasamaj.org

मन्त्रकृत् अथवा मन्त्रकार शब्द का प्रयोग 'मन्त्र विनियोजक' के अर्थ में किया जाता है और उस अवस्थ में उस का अर्थ यह होगा कि—

'यज्ञादौ कर्मण्यनेन मन्त्रेणेद कर्म कर्तव्यमित्येव रूपेण यो मन्त्रान् करोति-व्यवस्थापयति स 'मन्त्रकृत्।'

अर्थात् जो यज्ञ के प्रारम्भ में इस प्रकार कार्य करना चाहिये इस रूप में यज्ञादि की व्यवस्था करता है वह मन्त्रकृत् कहलाता है।

'इत ऊर्ध्वान् मन्त्रकृतो ऽध्वर्युर्वृणीते।'

(सत्याषाढ सूत्र २ १. १३०) में भी मन्त्रकृत. शब्द का उपर्युक्त मन्त्र विनियोग को ठीक-ठीक जानने वाले के लिये ही प्रयोग है।

ताण्ड्य महाब्राह्मण के निम्न वचन में भी ऋषियों के लिये मन्त्रकृत् शब्द का प्रयोग है जिस से कइयो को भ्रम हो जाता है किन्तु ध्यान पूर्वक सारे प्रकरण को पढ़ने पर यह स्पष्ट है कि वहा 'मन्त्रकृत्' का अर्थ मन्त्र बनाने वाला नहीं अपितु मन्त्रार्थाध्यापक का है। वह पाठ निम्न है—

'शिशुर्वा अङ्गिरसो मन्त्रकृदासीत् स पितृन् पुत्रका इत्यामन्त्रयत्। त पितरो ऽब्रुवन् अधर्म करोषीति यो न पितृन् सत. पुत्रका इत्यामन्त्रयस इति। सो ऽब्रवीदह वाव व पिता ऽस्मि यो मन्त्रकृदस्मीति। त देवेष्वपृच्छन्त। ते देवा अब्रुवन् एष वाव पिता यो मन्त्रकृदिति॥' ताण्ड्य महाब्राह्मण।

अर्थात् अङ्गिरा नामक विद्वान् का पुत्र बाल्यावस्था में ही 'मन्त्रकृत्' था। उस ने अपने से आयु में वृद्ध महानुभावों को पढाते समय 'हे पुत्रो!' ऐसा सम्बोधन किया। इस पर उन पितरों ने कहा कि तुम अधर्म करते हो जो हम पितरों को 'पुत्रो' ऐसा सम्बोधन करते हो। उस विद्वान् बालक ने कहा कि मै 'मन्त्रकृत्' (मन्त्रार्थाध्यापक) होने के कारण तुम्हारा पिता हू। तब पितरों ने देवों (महाज्ञानियों) से इस विषय में पूछा। उन्होंने भी कहा कि जो 'मन्त्रकृत्' (मन्त्रों के अर्थ बताने वाला) होता है वह सचमुच पिता कहलाता है।

'मन्त्रकृत्' का उपर्युक्त मन्त्रार्थाध्यापक ही अर्थ यहा स्पष्टतया अभिप्रेत है यह मनु-स्मृति के निम्न श्लोकों से भी निस्सन्देह ज्ञात होता है जहा ठीक यही कथा आई है और इस के 'मन्त्रकृत्' के स्थान में 'मन्त्रद' अर्थात् मन्त्रज्ञान को अर्थ सहित देने वाला इस शब्द का प्रयोग किया गया है। वे श्लोक निम्न लिखित हैं—

अध्यापयामास पितृन्, शिशुराङ्गिरस कवि.।
पुत्रका इति होवाच, ज्ञानेन परिगृह्य तान्॥ १०१

ते तमर्थमपृच्छन्त, देवानागतमन्यव' ।
देवाश्चैतान् समेत्योचु, न्याय्य व. शिशुरयत्वान् ॥ १०२
अज्ञो भवति वै बाल, पिता भवति मन्त्रद ।
अज्ञ हि बालमित्याहु, पितेत्येव तु मन्त्रदम् ॥ १५३

मनुस्मृति अ २ ।

कथा सर्वथा ताण्ड्य महाब्राह्मण जैसी ही है अत उस का अर्थ पुन. लिखने की आवश्यकता नहीं । अन्तर केवल मन्त्रकृत् और मन्त्रद शब्दों का है । मनुस्मृति ताण्ड्य महाब्राह्मण की अपेक्षा प्राचीन है यह मानने पर (जैसा कि हमारा विश्वास है) समझना चाहिये कि ताण्ड्य महाब्राह्मणकार ने मनुस्मृति में प्रयुक्त 'मन्त्रद' के स्थान पर ही 'मन्त्रकृत्' शब्द का प्रयोग किया है । यदि किसी का विश्वास हो कि ताण्ड्य महाब्राह्मण मनुस्मृति के वर्तमान रूपोपरि रूप की अपेक्षा प्राचीन है तो यही कहना पड़ेगा कि उस में 'मन्त्रकृत्' के ही पर्याय के रूप में 'मन्त्रद' शब्द का प्रयोग किया गया है । किसी भी अवस्था में 'मन्त्रकृत्' और 'मन्त्रद' शब्दों की समानार्थकता यहां स्पष्ट प्रतीत होती है । कृ धातु के अनेक अर्थ होते हैं यह महाभाष्यकार पतञ्जलि मुनि ने 'भूवादयो धातव' (अष्टा १ ३. १) की व्याख्या में स्पष्ट लिखा है—

यथाकरोतिरयमभूतप्रादुर्भावे दृष्ट. । निर्मलीकरणे चापि दृश्यते 'पृष्ठ कुरु, पादौ कुरु । उन्मृदान इत्यवगम्यते । निक्षेपणे चापि वर्तते—घट कुरु, घट कुरु, स्थापयेति गम्यते ।

यहां कृ का जो स्थापित करना यह अर्थ भी बताया गया है उसी के भाव को ले मन्त्रों का किसी विशेष स्थान में स्वयंस्थापित करना यह अर्थ लेकर मन्त्रविनियोगकृत् आदि के लिये मन्त्रकृत् शब्द का प्रयोग प्रचलित हो गया ऐसा ज्ञात होता है । यही बात जैमिनि-मुनिकृत 'मीमांसा शास्त्र' के 'आदाने करोति शब्द.' (४ २ ३) से भी प्रतीत होती है जिस के भाष्य में शबर स्वामी ने लिखा है—

आदाने करोतिशब्दो भविष्यति । स्वं करोति स्वम् आदत्ते । यथा काष्ठानि करोति, गोमयानि करोति, आदाने करोति शब्दो भवति ।

कृ का अर्थ ग्रहण करने के अर्थ में प्रयोग मीमांसा के इस सूत्र से स्पष्ट है तो 'मन्त्रकृत्' का अर्थ मन्त्रों को विशेष रूप में ग्रहण करने वाला अथवा उन का विनियोग यथास्थान करने वाला यह अर्थ मानने में कोई आपत्ति नहीं हो सकती । इसी लिये सुप्रसिद्ध मीमांसक विद्वान् कुमारिल भट्ट ने 'मन्त्रवार्तिक' में ताण्ड्यमहा ब्राह्मण की पूर्वोद्धृत वाक्यावली को कथा का उल्लेख कर के लिखा है—

मन्त्रकृत् अथवा मन्त्रकार शब्द का प्रयोग 'मन्त्र विनियोजक' के अर्थ में किया जाता है और उस अवस्थ में उस का अर्थ यह होगा कि—

'यज्ञादौ कर्मण्यनेन मन्त्रेणेद कर्म कर्तव्यमित्येव रूपेण यो मन्त्रान् करोति-व्यवस्थापयति स 'मन्त्रकृत्।'

अर्थात् जो यज्ञ के प्रारम्भ में इस प्रकार कार्य करना चाहिये इस रूप में यज्ञादि की व्यवस्था करता है वह मन्त्रकृत् कहलाता है।

'इत ऊर्ध्वान् मन्त्रकृतो ऽध्वर्युर्वृणीते।'

(सत्याषाढ सूत्र २. १. १३०) में भी मन्त्रकृत. शब्द का उपर्युक्त मन्त्र विनियोग को ठीक-ठीक जानने वाले के लिये ही प्रयोग है।

ताण्ड्य महाब्राह्मण के निम्न वचन में भी ऋषियों के लिये मन्त्रकृत् शब्द का प्रयोग है जिस से कइयों को भ्रम हो जाता है किन्तु ध्यान पूर्वक सारे प्रकरण को पढने पर यह स्पष्ट है कि वहा 'मन्त्रकृत्' का अर्थ मन्त्र बनाने वाला नहीं अपितु मन्त्रार्थाध्यापक का है। वह पाठ निम्न है—

'शिशुर्वा अङ्गिरसो मन्त्रकृदासीत् स पितॄन् पुत्रका इत्यामन्त्रयत्। त पितरो ऽब्रुवन् अधर्मं करोषीति यो न पितॄन् सत. पुत्रका इत्यामन्त्रयस इति। सो ऽब्रवीदह वाव व. पिता ऽस्मि यो मन्त्रकृदस्मीति। त देवेष्वपृच्छन्त। ते देवा अब्रुवन् एष वाव पिता यो मन्त्रकृदिति॥' ताण्ड्य महाब्राह्मण।

अर्थात् अङ्गिरा नामक विद्वान् का पुत्र बाल्यावस्था में ही 'मन्त्रकृत्' था। उस ने अपने से आयु में वृद्ध महानुभावों को पढ़ाते समय 'हे पुत्रो!' ऐसा सम्बोधन किया। इस पर उन पितरों ने कहा कि तुम अधर्म करते हो जो हम पितरों को 'पुत्रो' ऐसा सम्बोधन करते हो। उस विद्वान् बालक ने कहा कि मै 'मन्त्रकृत्' (मन्त्रार्थाध्यापक) होने के कारण तुम्हारा पिता हू। तब पितरों ने देवों (महाज्ञानियों) से इस विषय में पूछा। उन्होंने भी कहा कि जो 'मन्त्रकृत्' (मन्त्रों के अर्थ बताने वाला) होता है वह सचमुच पिता कहलाता है।

'मन्त्रकृत्' का उपर्युक्त मन्त्रार्थाध्यापक ही अर्थ यहां स्पष्टतया अभिप्रेत है यह मनु-स्मृति के निम्न श्लोकों से भी निस्सन्देह ज्ञात होता है जहा ठीक यही कथा आई है और इस के 'मन्त्रकृत्' के स्थान में 'मन्त्रद' अर्थात् मन्त्रज्ञान को अर्थ सहित देने वाला इस शब्द का प्रयोग किया गया है। वे श्लोक निम्न लिखित हैं—

अध्यापयामास पितॄन्, शिशुराङ्गिरस. कवि.।
पुत्रका इति होवाच, ज्ञानेन परिगृह्य तान्॥ १०१

ते तमर्थमपृच्छन्त, देवानागतमन्यव' ।
देवाश्चैतान् समेत्योचु., न्याय्य व शिशुरुक्तवान् ॥ १०२
अज्ञो भवति वै बाल., पिता भवति मन्त्रद' ।
अज्ञ हि बालमित्याहु, पितेत्येव तु मन्त्रदम् ॥ १०३

मनुस्मृति अ २ ।

कथा सर्वथा ताण्ड्य महाब्राह्मण जैसी ही है अत इस का अर्थ पुन लिखने की आवश्यकता नहीं । अन्तर केवल मन्त्रकृत् और मन्त्रद शब्दों का है । मनुस्मृति ताण्ड्य महाब्राह्मण की अपेक्षा प्राचीन है यह मानने पर (जैसा कि हमारा विश्वास है) समझना चाहिये कि ताण्ड्य महाब्राह्मणकार ने मनुस्मृति में प्रयुक्त 'मन्त्रद' के स्थान पर ही 'मन्त्रकृत्' शब्द का प्रयोग किया है । यदि किसी का विश्वास हो कि ताण्ड्य महाब्राह्मण मनुस्मृति के वर्तमान श्लोकबद्ध रूप की अपेक्षा प्राचीन है तो यही कहना पड़ेगा कि उस में 'मन्त्रकृत्' के ही पर्याय के रूप में 'मन्त्रद' शब्द का प्रयोग किया गया है । किसी भी अवस्था में 'मन्त्रकृत्' और 'मन्त्रद' शब्दों की समानार्थकता यहां स्पष्ट प्रतीत होती है । कृञ् धातु के अनेक अर्थ होते हैं यह महाभाष्यकार पतञ्जलि मुनि ने 'भूवादयो धातव' (अष्टा १. ३ १) की व्याख्या में स्पष्ट लिखा है—

यथाकरोतिरयमभूतप्रादुर्भावे दृष्ट. । निर्मलीकरणे चापि दृश्यते 'पटं कुरु, पादौ कुरु । उन्मृदान इत्यवगम्यते । निक्षेपणे चापि वर्तते—घटं कुरु, घट कुरु, स्थापयेति गम्यते ।

यहां कृञ् का जो स्थापित करना यह अर्थ भी बताया गया है उसी के भाव को ले मन्त्रों का किसी विशेष स्थान में स्थापन करना यह अर्थ लेकर मन्त्रविनियोगकृत् आदि के लिये मन्त्रकृत् शब्द का प्रयोग प्रचलित हो गया ऐसा प्रतीत होता है । यही बात जैमिनि-मुनिकृत 'मीमांसा शास्त्र' के 'आदाने करोति शब्द' (४. २. ३) से भी प्रतीत होती है जिस के भाष्य में शबर स्वामी ने लिखा है—

आदाने करोतिशब्दो भविष्यति । स्वरं करोति स्वरम् आदत्ते । यथा काष्ठानि करोति, सोमवानि करोति, आदाने करोति शब्दो भवति ।

कृञ् का जब ग्रहण करने के अर्थ में प्रयोग मीमांसा के इस सूत्र से स्पष्ट है तो 'मन्त्र-कृत्' का अर्थ मन्त्रों को विशेष रूप में ग्रहण करने वाला अथवा उन का विनियोग बतलाने वाला यह अर्थ मानने में कोई आपत्ति नहीं हो सकती । इसी लिये सूत्रनिष्ठ मीमांसक विद्वान् कुमारिल भट्ट ने 'मन्त्रवार्तिक' में ताण्ड्यमहा ब्राह्मण की पूर्वोद्धृत वार्तिकस्थ की कथा का उल्लेख कर के लिखा है—

होता है। ऐसे मन्त्रद्रष्टा ऋषियों को नमस्कार हो।

वेद ज्ञानदाता परमेश्वर

मूर तथा अन्य अनेक पाश्चात्य विद्वानों और उन के अनुयायी भारतीय विद्वानों ने अपने ग्रंथों में लिखा है कि स्वयं वेदों में उन को ईश्वर कृत नहीं माना गया। यह वेदों को ईश्वरकृत मानने का सिद्धान्त पीछे से घड़ा गया। किन्तु यह बात सर्वथा असत्य है। वेदों में इस बात के सैकड़ों प्रमाण हैं जिन में उन्हें ईश्वरीय बताया गया है। इन में से कुछ अति स्पष्ट प्रमाणों को उदाहरणार्थ प्रस्तुत करते हुए हम इस अध्याय को समाप्त करते हैं।

१ ऋग्वेद १० ९० पुरुषसूक्त का मन्त्र इस विषय में सुप्रसिद्ध और स्पष्ट है—

तस्माद् यज्ञात् सर्वहुत ऋचः सामानि जज्ञिरे।
छन्दांसि जज्ञिरे तस्माद् यजुस्तस्मादजायत॥

ऋ १० ९०. ७।

अर्थात् उस पूजनीय परमेश्वर से ऋग्वेद, सामवेद, यजुर्वेद और छन्दांसि अर्थात् अथर्ववेद उत्पन्न हुए।

क्यों कि अनेक पाश्चात्य विद्वान् और उन के अनुयायी पुरुषसूक्त को प्रक्षिप्त मानते हैं (यद्यपि इस विचार की निस्सारता को हम आगे सप्रमाण प्रकट करेंगे) हम अन्य अनेक प्रमाणों को यहां उपस्थित करेंगे जिन के विषय में कोई सन्देह हो न हो सके।

२ ऋ २. २३. १ में लिखा है—

देवाश्चित् ते असुर्यं प्रचेतसो बृहस्पते यज्ञियं भागमानशुः।
उतो एव मर्यो ज्योतिषा महो विश्वेषामिज्जनिता ब्राह्मणामसि॥

अर्थात् हे (असुर्यं) प्राणप्रद (बृहस्पते) ज्ञानरूप परमात्मन् (देवा चित्) ज्ञाननिष्ठ विद्वान् ही (ते) तुझ (प्रचेतसः) सर्वज्ञ के (यज्ञियम्) यज्ञयोग्य पवित्र (भागम्) भाग को (आनशुः) प्राप्त करते हैं। (उत एव) जिस प्रकार (मर्यः) मर्त्य (ज्योतिषा) अपनी ज्योति से (महः उषः) बड़ी किरणों को उत्पन्न करता है इस प्रकार तू (विश्वेषाम्) सब (ब्राह्मणाम्) वेदों का (जनिता असि) उत्पन्न करने वाला है।

किस प्रकार भगवान् को सूर्य समान कह कर उसे सब वेदों का उत्पादक बताया गया है यह बात यहां अत्यन्त स्पष्ट है जिस की व्याख्या अनावश्यक है।

elibrary.thearyasamaj.org

इन्द्राय साम गायत विप्राय बृहते बृहत् ।
ब्रह्मकृते विपश्चिते पनस्यवे ।।

सामवेद म. ३८८. १०२५

इस मन्त्र में इन्द्र नाम से परमेश्वर का स्मरण करते हुए उसे बृहत् विप्र सब से बड़ा ज्ञानी (पनस्यवे विपश्चिते) अत्यन्त स्तुति के योग्य विद्वान् और (ब्रह्मकृते) ब्रह्म वा वेद को बनाने वाला कहते हुए उस के गुणगान करने का उपदेश दिया गया है। 'ब्रह्मकृते' इस विशेषण से वेदों को बनाने वाला वह परमेश्वर है यह भाव नितान्त स्पष्ट है इस में अणुमात्र भी सदेह नहीं हो सकता।

ऋग्वेद और सामवेद का निम्न मन्त्र भी परमेश्वर को वेदरूप ज्ञान का प्रदाता बताता है—

होता देवो अमर्त्यः पुरस्तादेति मायया ।
विदथानि प्रचोदयन् ।। ऋ. ३. २७. ।

अर्थात् (होता शान्ति और आनन्द देने वाला (अमर्त्यः देव.) अमर परमेश्वर (मायया) अपनी बुद्धि से (विदथानि) ज्ञानों को (प्रचोदयन्) विशेष रूप से प्रेरित करता हुआ (पुरस्तात् एति) योगी के सन्मुख मानो प्रकट होता है। यहा भी वेद ज्ञान की ईश्वरीयता का भाव अत्यन्त स्पष्ट है।

ऋ ३ ५७. ६ में निम्न मन्त्र है जिस में वेद को परमेश्वर द्वारा प्रदत्त सर्वजनहितकारी ज्ञान बताया गया है।

या ते अग्ने पर्वतस्येव धारा सश्चन्ती पीपयद् देव चित्रा ।
तामस्मभ्यं प्रमतिं जातवेदो वसो रास्व सुमतिं विश्वजन्याम् ।।

इस मन्त्र का अर्थ है कि हे (अग्ने) ज्ञानस्वरूप परमेश्वर ! (देव) हे सुख शान्ति आनन्द के देने वाले ! (या ते पर्वतस्य असश्चन्ती धारा इव) जो तेरी पर्वत की धारा के समान कहीं न अटकती हुई (चित्रा) अद्भुत (धारा) वेदमयी ज्ञान-धारा वा वेदवाणी (धारेति वाङ्नामसु निघण्टु १ १२) (पीपयत्) निरन्तर ज्ञान देकर तृप्त कर रही है (हे वसोजातवेद) सब को बसाने वाले सर्वव्यापक और सर्वज्ञ परमेश्वर—जाते जाते विद्यत इति वा जातानि वेद इति वा निरुक्ते—

(अस्मभ्यम्) हमारे कल्याण के लिये (ताम्) उस (प्रमतिम्) अत्यन्त उत्तम ज्ञान देने वाली (विश्वजन्याम्) सर्व मनुष्यों का कल्याण करने वाली (सुमतिम्) वेदरूपिणी कल्याणमति को (रास्व) प्रदान करो। इस मन्त्र में स्पष्टतया

elibrary.mdvasamaj.org

(उक्थ्यम्) प्रशसनीय (मन्त्रम्) वेद नामक मन्त्र सहिता को (नूनम्) निश्चय से (प्रवदति) भलीभाति कहता अथवा वेद द्वारा उपदेश करता है इस बात को तुम सब जानो। वेदों की ईश्वरीयता में किसी प्रकार का सन्देह न हो जाए अत. मन्त्र में 'ब्रह्मणस्पति नूनं प्रवदति उक्थ्य मन्त्रम् ऐसा अति स्पष्ट शब्दों में बताया गया है। ऋषि दयानन्द जी ने ठीक ही लिखा है कि—

हे मनुष्या ! येनेश्वरेण वेदा उपदिष्टा·, यः सर्वजगदभिव्याप्य स्थितोऽस्ति ···· स एव सर्वैर्मनुष्यैरुपास्योऽस्ति ।

अर्थात् जिस ईश्वर ने वेदों का उपदेश दिया है, जो सारे ससार में व्यापक है उसी की सब मनुष्यों को उपासना करनी चाहिये। अगले मन्त्र में भी वेदों की ईश्वरीयता के साथ सर्वहितकारिता का पुन उपदेश है।

६ तमिद् वोचेमा विदथेषु शभुवं मन्त्रं देवा अनेहसम् ।
इमा च वाचं प्रति हर्यथा नरो विश्वेद् वामा वो श्रुनुवत् ॥

इस मन्त्र में कहा गया है कि हे (देवा) विद्वानो ! हम (तम्) उस (शंभुवम्) शान्ति अथवा कल्याण करने वाले (अनेहसम्) सर्वदोष रहित सर्वदा रक्षण करने योग्य (मन्त्रम्) मननीय मन्त्रसमूह को (विदथेषु) पठन-पाठन विज्ञानादि कर्तव्यों के अवसर पर (वोचेम) उपदेश करते हैं तुम उसी को जानो। हे (नर.) नेताओ ! यदि (इमां वाचम्) इस शम्भु-शान्ति के मूल परमेश्वर द्वारा प्रदत्त वेदरूप वाणी को तुम (प्रतिहर्यथ) भली-भाँति बार-बार जानोगे तो यह वाणी तुम्हें (विश्वा वामा) सब प्रशसनीय गुणों को—वामइति प्रशस्यनामसु निघ ३ ८ प्राप्त करा देगी। इस के भावार्थ में महर्षि दयानन्द ने यथार्थ रूप से लिखा है कि—

विद्वद्भिर्विद्याप्रचाराय सर्वेभ्यो मनुष्येभ्यो नित्य सार्था. साङ्गाः । स— रहस्यसस्वरहस्तक्रिया वेदा उपदेष्टव्या । यदि कश्चित् सुखमिच्छेत् स विद्वत्सगेन वेदविद्या प्राप्नुयात् । नैतया विना कस्यचित् सत्य सुखं भवति । तस्मादध्यापकैरध्येतृभिश्च प्रयत्नेन सकला वेदा ग्राहयितव्या गृहीतव्याश्च ।

वेद मन्त्र के आधार पर वेदों की ईश्वरीयता और उपयोगिता का और क्या उत्तम वर्णन हो सकता है ?

निम्नलिखित दो मन्त्रो का निर्देश भी जिन में स्पष्टतया वेदों को ईश्वरीय ज्ञान तथा वेद वाणी को ईश्वरीय वाणी होने के कारण अत्यधिक लाभदायिनी बताया गया है इस प्रसङ्ग में आवश्यक प्रतीत होता है।

एषा ह्यस्य सूनृता विरप्शी गोमती मही ।
पक्वा शाखा न दाशुषे ॥

इस मन्त्र में मही शब्द से 'महीति वाङ्नामसु पठितम्' निघण्टु १ ११ के अनुसार महती सर्वपूज्या वेद वाणी का ग्रहण है जिस के निम्न विशेषण हैं (सूनृता) प्रिय सत्य-प्रकाशिका अथवा प्रिय और सत्य वचनों को प्रकाशित करने वाली । विरप्शी) महाविद्या-युक्ता विरप्शीति महन्नामसु पठितम् निघण्टु ३. ३—बड़ी भारी विद्याओं से भरपूर (गोमती) उत्तम स्तोताओं से युक्त—गौरिति स्तोतृनामसु निघण्टु ३. १६ अर्थात् जिस को प्रशंसा करने वाले उत्तम ज्ञानी हैं इन विशेषणों से युक्त वेदवाणी के विषय में यहां कहा गया है कि यह वेदवाणी (हि) निश्चय से (अस्य) इस परमेश्वर की दी हुई है जो (दाशुषे पक्वा शाखा न) अध्ययन में अपने को ध्यानपूर्वक समर्पित करने वाले मनुष्य के लिये अध्ययनार्थ स्वाद-दत्तवते मनुष्याय ·· पक्व युक्त वृक्षों की तरह विविध सुखों और विद्याओं के आनन्द को देती है । इस मन्त्र का स्वामी आनन्दतीर्थ (श्री मध्वाचार्य) मन्त्रार्थ मञ्जरी के प्रणेता राघवेन्द्र यति तथा महर्षि दयानन्दादि सभी वेदभाष्यकारों ने इसी आशय का भाष्य किया है । उदाहरणार्थ स्वामी आनन्दतीर्थ जी ने ऋग् भाष्य में लिखा है—

एवमेवास्य वाणी च, वेदेता महती तथा ।
पक्वा शाखेव ददते, वरदात्री विरप्शिन ॥

महर्षि दयानन्द जी ने इसका ऊपर निर्दिष्ट अर्थ करते हुए भाष्यार्थ इन महत्त्वपूर्ण शब्दों में दिया है ।

अत्रोपमालङ्कार.—यथा विविधपुष्पफलयुक्ता आम्रपनसादयो वृक्षा विविध-फलप्रदा सन्ति तथैवेश्वरेण विविधविज्ञानानन्दप्रदा वेदा अनेकसुखभोगप्रदा पृथिव्यादयश्च प्रसिद्धीकृता सन्ति । एतेषां प्रकाशो राज्ञा च विद्वद्भिरेव कर्तुं शक्यते ।

इस का सारांश ऊपर दिया जा चुका है अतः पुनः लिखने की आवश्यकता नहीं । इस से वेदों की ईश्वरीयता अत्यन्त स्पष्टतया सिद्ध होती है इस में सन्देह का अनुभाव भी करना नहीं । ऋ. १ ७२ २ में लिखा मन्त्र आया है—

नि काव्या वेधसः शश्वतस्कर्हस्ते दधानो नर्या पुरूणि ।
अग्निर्भुवद् रयिपती रयीणां सत्रा चक्राणो अमृतानि विश्वा ॥

विस्तारभय से सारे मन्त्र की विस्तृत व्याख्या न करते हुए यहां इतना ही निर्देश पर्याप्त है कि वेदों को इस मन्त्र में विश्व परमेश्वर से प्राप्त तथा सर्व हितकारी बताया गया है ।

श्री सायणाचार्य ने भी इस का अर्थ (शश्वत.) शाश्वतस्य नित्यस्य (वेधसः) विधातुर्ब्रह्मण सम्बन्धीनि (काव्या) काव्यानि मन्त्ररूपाणि अर्थात् नित्य परमेश्वर के मन्त्र-रूप काव्य यही किया है। महर्षि दयानन्द जी ने (वेधस.) सकल विद्याधातुर्विधातु. (शश्वत.) अनादिस्वरूपस्य परमेश्वरस्य सम्बन्धात् प्रकाशितानि (पुरूणि) बहूनि (सत्रा) नित्यानि सत्यार्थप्रतिपादकानि (अमृतानि) मोक्षपर्यन्तार्थप्रापकानि (नर्या) नृभ्यो हितानि।

इस रूप में इस के शब्दों की व्याख्या करते हुए जो सरल और स्पष्ट है इस के भावार्थ में लिखा—

मनुष्या. । अनन्तसत्यविद्येन अनादिना सर्वज्ञेन परमेश्वरेण युष्मद्धिताय स्वविद्यामया अनादयो वेदा. प्रकाशिताः, तान् अधीत्य अध्याप्य च धार्मिका विद्वासो भूत्वा धर्मार्थकाममोक्षान् निर्वर्तयत। पृ. १२६२।

अर्थात् हे मनुष्यो ! अनादि सर्वज्ञ परमेश्वर ने तुम्हारे हित के लिये सत्य अर्थ के प्रकाशक ज्ञानमय अनादि वेद प्रकाशित किये हैं। उन्हें पढ़ और पढ़ा के तुम धर्मात्मा विद्वान् बन कर धर्म, अर्थ काम और मोक्ष को सम्पादित करो।

अब तक हम ने ऋग्वेद, यजुर्वेद और सामवेद के स्पष्ट मन्त्रों से वेदों की ईश्वरीयता सिद्ध की है। अब अथर्ववेद का स्पष्ट प्रमाण प्रस्तुत किया जाता है—

यस्मादृचो अपातक्षन् यजुर्यस्मादपाकशन्। सामानि यस्य लोमान्यथर्वाङ्गि-रसो मुखम् स्कम्भ त ब्रूहि कतम· स्विदेव सः। अथर्व का. १०।७। २०

यहा परमेश्वर को स्कम्भ अथवा सर्वाधार के नाम से स्मरण करते हुए स्पष्ट बताया गया है कि ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद इन को बनाने वाला वही एक परमेश्वर है।

यही बात "यत्र ऋषयः प्रथमजा ऋचः साम यजुर्महीं।"
एकर्षिर्यस्मिन्नार्पितः स्कम्भ त ब्रूहि कतमः स्विदेव स.॥
अथर्व १०।७। १४

स पर्यगाच्छुक्रमकायमव्रणमस्नाविर शुद्धमपापविद्धम्।
कविर्मनीषी परिभू. स्वयम्भूर्याथातथ्यतोऽर्थान् व्यदधाच्छाश्वतीभ्यः समाभ्यः॥
यजु. ४०। ८

तथा अन्य सैकडो मन्त्रों में भी बताई गई है किन्तु ग्रन्थ विस्तार के भय से इतने ही स्पष्ट प्रमाणों का उल्लेख पर्याप्त है जिन से वेदों को ऋषिकृत मानने वालों के विचार का स्पष्ट निराकरण होता है।

क्या वैदिक भाषा भी ईश्वरप्रदत्त है ?

अनेक सज्जन वैदिक ज्ञान को ईश्वरीय मानते हुए भी मन्त्र रचना को ऋषिकृत मानते हैं। उन का ऐसा विश्वास है कि विशेष साधना और तपस्या के द्वारा ऋषियों को जो दिव्य ईश्वरीय ज्ञान प्राप्त हुआ उसे ही उन्होंने मन्त्रबद्ध में रख दिया जिन के संग्रह को अब वेदसंहिता के नाम से कहा जाता है। किन्तु गहराई में जाने पर इस कल्पना के ऊपर अनेक दोष स्पष्ट दिखाई देने लगते हैं।

१ किसी शिक्षक से बिना सिखाये हुए लोगों को स्वर इत्यादि का ठीक मार्ग किस तरह ज्ञात हुआ ?

२. दिव्य ईश्वरीय ज्ञान जो ऋषियों को प्राप्त हुआ वह किस रूप में था ? क्या बिना किसी प्रकार के शब्दों के ज्ञान सम्भव है ?

३. ऋषियों को जो ज्ञान प्राप्त हुआ उस को उन्होंने बिल्कुल शुद्ध रूप में अपनी भाव कल्पनाएं सर्वथा मिलाये बिना रक्खा इस का क्या प्रमाण है ?

४. भाषा की उत्पत्ति क्या केवल मानवीय प्रयत्न से सम्भव है विशेषतः वैदिक भाषा जैसी पूर्ण भाषा को जो सब भाषाओं की जननी है। इस के अतिरिक्त जब हम भाषा विज्ञान के इस प्रसिद्ध सिद्धांत को दृष्टि में रखते हैं कि विचारों और भाषा का नित्य सम्बन्ध है जैसा कि निम्नलिखित प्रसिद्ध विद्वानों के लेखों से भी ज्ञात होता है तब तो हमें स्पष्टतया भाषा को भी मुक्त ईश्वरीय मानना पड़ता है और उस के माने बिना हमारा गुजारा चल ही नहीं सकता।

क हर्डर (Herder) नामक भाषाविद् का कथन है कि—

'Without language, man could never have come to his reason and we might add, to his senses.'

अर्थात् भाषा के बिना मनुष्य कभी ठीक तर्क को प्राप्त न कर सकता।

ख शेलिङ्ग नामक भाषातत्त्वविशारद ने कहा है—

'Without language, it is impossible to conceive philosophical, nay, even any human consciousness.'

Schelling

अर्थात् भाषा के बिना दार्शनिक ही नहीं, किसी प्रकार का भी मानवीय ज्ञान असम्भव है।

ग हीगल नामक सुप्रसिद्ध दार्शनिक ने लिखा है—

'We think in names' Hegel

अर्थात् हम नामों में या शब्दों में सोचते हैं।

elibrary.thearyasamaj.org

घ सर विलियम हैमिल्टन ने लिखा है—

'Words are the fortress of thoughts, unless thought be accompanied at each point of its evolution by a corresponding evolution of language, its further development is arrested.' Sir William Hamilton.

अर्थात् शब्द विचारों के दुर्ग वकिले के समान हैं। जब तक कि विचार अपने विकास के प्रत्येक बिन्दु पर भाषा के विकास से अनुगत न हो तो इस की भाविनी प्रगति रुक जाती है।

ङ वॉन हुम्बोल् नामक जर्मन विद्वान् ने ठीक ही लिखा है कि—

'If we separate intellect and language, such a separation does not exist in reality' Von Humboldt.

अर्थात् यदि हम बुद्धि (वा तज्जन्य विचार) को भाषा से भिन्न कर दें तो इस प्रकार की भिन्नता का वास्तव में कोई अस्तित्व नहीं।

च श्लीर मैकर नामक विद्वान् ने लिखा है कि—

'Thinking and speaking are so entirely one that one can only distinguish them as internal and external, nay as internal, every thought is already a word.'

Schlier macher.

अर्थात् सोचना और बोलना (विचार और भाषा) ये दोनों इतनी पूर्णतया एक हैं कि उन का भेद केवल आतर और बाह्य इस रूप में ही किया जा सकता है। इतना ही नहीं, आतर रूप में प्रत्येक विचार एक शब्द रूप ही है।

छ सुप्रसिद्ध विद्वान् प्रो० मैक्समूलर ने इस सिद्धांत को प्रबल युक्तियों से सिद्ध करते हुए इसे ही सारे भाषा विज्ञान और दर्शनशास्त्र का आधार बता कर यहा तक लिख दिया है कि—

'We think in words' must become the charter of all exact philosophy in future'

The Science of language by Prof Max muller P. 99.

अर्थात् हम शब्दों में विचार करते हैं यह सम्पूर्ण तत्वज्ञान का भविष्य में आधार-भूत तत्व माना जाना चाहिये। इसी प्रसङ्ग में उपर्युक्त विद्वानों के उद्धरण देते हुए प्रो० मैक्समूलर ने लिखा—

'We never meet with articulate sounds except as wedded to determinate ideas nor do we ever I believe, meet with determinate ideas except as embodied forth in articulate sounds. I therefore, declare my conviction as explicitly as possible, that thought in the sense of reasoning is not possible without language'

Science of Language by Prof Maxmuller P 92

अर्थात हमें स्पष्ट शब्दों की उच्चारित ध्वनि के साथ सम्बद्ध सम्पूर्ण विचारों के बिना कभी नहीं होती और नहीं मैं विश्वास करता हूं कि सम्पूर्ण स्पष्ट विचारों की उच्चारित स्पष्ट शब्दों के बिना हो सकती है। इस लिये मैं अपने इस विश्वास को स्पष्ट घोषणा करता हूं कि तर्क या युक्ति इत्यादि के अर्थ में विचार, भाषा के बिना कभी सम्भव नहीं।

हमारे भारतीय आर्यों का सिद्धान्त इस विषय में इतना स्पष्ट है कि उसे देने की विशेष आवश्यकता प्रतीत नहीं होती तथापि इतना लिख देना उचित है कि—

'सिद्धे शब्दार्थसम्बन्धे'। 'औत्पत्तिकस्तु शब्दस्यार्थेन सम्बन्धः'

१. १ ५।

'नित्यस्तुत्वादुपदेशस्यविद्यमानोपलम्भनात्'। १. १. १८।

इत्यादि मीमांसा सूत्रों में इस उपर्युक्त शब्द और अर्थ की नित्यता के सिद्धान्त का अति स्पष्ट प्रतिपादन है जिस का श्रीमद्भगवान तिरोमणि वाल्मिकि ने रघुवंश में—

'वागर्थाविव संपृक्तौ वागर्थप्रतिपत्तये'। सर्ग १ १।

इस उपमा द्वारा निर्देश किया है। सांख्य स्थान में—

'संप्रतिपत्तिर्नित्यतया नित्य शब्दार्थसम्बन्ध इत्यागमिन प्रति जानते'।

योगसूत्र १. २७ के भाष्य में जिन शब्दों द्वारा इसी सिद्धान्त का स्पष्ट प्रतिपादन किया है। अब आर्यों के परम्परागत इस विज्ञान को कि वेदों का स्पष्ट अर्थ ज्ञानदान किये है विश्वास और युक्ति विरुद्ध नहीं माना जा सकता। भाषाओं के तुलनात्मक अनुशीलन में वैदिक भाषा भारतीय ही नहीं, बल्कि अन्य ऐसी में प्रचलित सब भाषाओं की भी साक्षात अथवा परम्परया जननी है यह स्वतन्त्रता सिद्ध किया जा सकता है और प्रस्तुत-अनुसार इस इस पर प्रकाश डालेंगे।

वैदिक भाषा सब भाषाओं की जननी

सबसे पहले हम यहां सुप्रसिद्ध भाषातत्वविशारद कात्याद विद्वानों के शब्दों में विभिन्न उद्धरण देना ही पर्याप्त समझते हैं—

बैरन कुवीर (Baron Cuvier) नामक विद्वान् ने संस्कृत के विषय में प्रकृति-विज्ञान विषयक अपने व्याख्यानों में कहा—

'It (Sanskrit) is the most regular language known and is especially remarkable, as containing the roots of the various languages of Europe and the Greek, Latin, German, of Sclavonic.'

Baron Cuvier–Lectures on the Natural Sciences.

अर्थात् सर्वज्ञात भाषाओं में से संस्कृत सब से अधिक नियमबद्ध है और यह बात विशेषतया उल्लेखनीय है कि यूरप की विविध भाषाओं की जिन में ग्रीक, लैटिन, जर्मन, स्कलैवौनिक इत्यादि सम्मिलित हैं धातुएं संस्कृत में पायी जाती हैं अर्थात् उन का मूल संस्कृत है।

ऐड्लिंग नामक विद्वान् ने संस्कृत साहित्य विषयक अपने ग्रथ में इस विषय पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए स्पष्ट लिखा कि—

'The great number of languages which are said to owe their origin or bear a close affinity to the Sanskrit, is truly astonishing and is another proof of its high antiquity" 'A German writer–Rudiger has asserted it to be the parent of upwards of a hundred languages and dialects among which he enumeraets twelve Indian, seven Median Persic, two Arnautic Albanian, seven Greek, eighteen Latin, fourteen Sclavonian and six Celtic-Gallic The various Vocabularies which we now possess, and the result of laborious and learned investigations render it pretty evident that the Sanskrit ha : not only furnished words for all the languages of Europe, but forms a main feature in almost all those of the East A host of writers have made it the immediate parent of the Greek and Latin and German families of languages'

Adelung in Sanskrit Literature P. 38–40.

अर्थात् संस्कृत से उत्पन्न अथवा संस्कृत के साथ अत्यधिक समानता रखने वाली भाषाओं की संख्या अत्यन्त आश्चर्यजनक है और यह इस भाषा की अत्यन्त प्राचीनता का

प्रमाण है। एक जर्मन विद्वान् लेनक स्टडिगर् ने इसे यूरप और एशिया की सभी से अधिक भाषाओं की जननी बताया है। अब हमारे पास भिन्न भिन्न भाषाओं के जो शब्दकोष विद्यमान हैं और अत्यन्त परिश्रमपूर्ण जो अनुसन्धान विद्वानों ने किया है उस के परिणाम स्वरूप यह स्पष्ट है कि संस्कृत ने न केवल यूरप की सब भाषाओं को शब्दावली प्रदान की है बल्कि एशिया की सब भाषाओं की भी यह आवश्यक अङ्ग के समान है। अनेक विद्वान् सेनक इसे ग्रीक, लैटिन तथा जर्मन परिवार की भाषाओं की जननी के रूप में मानते हैं। इत्यादि।

निष्पक्ष विद्वानों के उपर्युक्त विचार जिन्हें उन्होंने उदाहरण दे कर सिद्ध करने का यत्न किया है महत्त्वपूर्ण हैं।

बाप (Bopp) इत्यादि प्रसिद्ध पाश्चात्य भाषाविदों ने भी—

At one time, Sanskrit was the one language spoken all over the world'

Bopp in Edinburgh Review Vol. 33 P 43

आदि वाक्य लिख कर इसी स्थापना का समर्थन किया है कि किसी समय संस्कृत भाषा सारे संसार में बोली जाती थी। इस लिये वैदिक भाषा पर किसी एक देश विशेष की भाषा होने का आक्षेप नहीं किया जा सकता।

मन्त्र रचना की अद्भुतता भी उस की ईश्वरीयता की स्पष्ट साक्षिता देती है। मनु इत्यादि प्राचीन मुनियों तथा श्री सत्यव्रतार्य (स्वामी आनन्द तीर्थ), ऋषि दयानन्दादि आचार्यों का सिद्धान्त था कि वेद के प्रायः प्रत्येक मन्त्र के आध्यात्मिक, आधिदैविक आधिभौतिक ये तीन अर्थ सम्भव हैं। कहीं स्पष्ट और कहीं अस्पष्टता इस का ज्ञान होता है।

अधियज्ञं यच्च जपेन् आधिदैविकमेव च।
आध्यात्मिकं च सततं, वेदान्ताभिहितं च यत्॥

(मनु ९ ८२) इत्यादि मनुस्मृति के श्लोकों, तथा—

'त्रयो अर्था सर्ववेदेषु।'

(स्वामी आनन्दतीर्थ का ऋग्भाष्य) इत्यादि से इसी बात पर बल दिया गया है।

निरुक्तकार यास्कमुनि ने भी अनेक मन्त्रों के इसी प्रकार दो-दो तीन-तीन अर्थ किये हैं। अग्निसूक्त, इन्द्रसूक्त, रुद्र सूक्त इत्यादि के मन्त्रों में विभिन्न भौतिक अर्थों के साथ साथ आत्मा, परमात्मा इत्यादि मन्त्रों का अभिप्राय दिखाया गया है पर देख कर बड़े-बड़े विद्वानों की बुद्धि भी चकित हुए बिना नहीं रह सकती। इसी लिये सुप्रसिद्ध वैयाकरण मुनि ने कहा है कि—

'बुद्धिपूर्वा वाक्यकृतिर्वेदे।' ६. १. १।

अर्थात् वेदों में वाक्यो की रचना बुद्धिपूर्वक है असङ्गत नहीं। इस विषय में अभी इतना ही लिखना पर्याप्त है।

इस प्रकार इस अध्याय में हम ने Vedic Age तथा तत्सदृश ग्रन्थों में स्वीकृत इस कल्पना का कि ऋषि वेद मन्त्रों के कर्ता थे सप्रमाण निराकरण करते हुए उन्हें मन्त्र-द्रष्टा के रूप में सिद्ध किया है तथा यह भी बताया है कि अनेक ऋषियों के नाम विशेष मन्त्रो वा सूक्तों के प्रतिपाद्य विषयो के विशेष प्रचारक होने के कारण उपनाम के रूप में ही प्रसिद्ध हो गये। इतने पर भी यदि कुछ ऐसे स्थल वेदों में दिखाई दें जहां इस सिद्धात के मानने पर भी समाधान नहीं होता तो यह भी स्मरण रखना चाहिये कि अनेक ऋषियों के नाम कवि निबद्ध प्रवक्ता के रूप में लेने चाहियें विशेषत जहा ऋषि मत्स्य, कपोत, नदी, देवशुनी इत्यादि के रूप में दिये गये हों जिन का मन्त्रद्रष्टृत्व सम्भव नहीं। जैसे पचतन्त्रादि ग्रन्थों में सरलता से सामान्य बुद्धि के व्यक्तियों को भी नीतितत्वो का बोध कराने के लिये विष्णुशर्मादि ने करटक, दमनक, सजीवक वज्रदन्त, दीर्घजीवी आदि शृगाल, सिंह, काकादि पात्र कथनानुसार बना लिये हैं जिन के मुख से उन नीतितत्त्वों का उपदेश कराया गया है यद्यपि सब इस बात को जानते हैं कि शृगाल, सिंहादि इस प्रकार न बातचीत कर सकते हैं और न नीति के तत्त्वों को समझ वा समझा सकते हैं तथापि ग्रथकार ने उन को प्रवक्ता के रूप में विषय प्रतिपादन की सरलता के लिये उपनिबद्ध कर लिया है इसी प्रकार अनुपम कवि भगवान् ने—

'पश्य देवस्य काव्य न ममार न जीर्यति।'

(अथर्व. १० ८ ३२) के अनुसार वेद रूप महाकाव्य में विषय प्रतिपादनार्थ कई स्थलो पर कपोत, मत्स्य, नदी आदि को प्रवक्ता के रूप में ले लिया है। इस प्रकार उन ऋषियो के नाम को भी जो कई मन्त्रो में दिखाई देते हैं सङ्गति लग जाती है यदि अन्य प्रकार से यौगिक अर्थ लेने पर भी उस में कोई कठिनाई प्रतीत होती हो। इस तरह इस वैदिक ऋषियो के विषय पर प्रकाश डाल कर अब हम 'वैदिक एकेश्वरवाद और अनेक देवता' इस विषय पर अगले अध्याय में प्रकाश डालना चाहते हैं।

हमारे मित्र और गुरुकुल काङ्गडी के सुयोग्य स्नातक श्री प० हरिशरण जी सिद्धातालङ्कार ने 'ऋग्वेद के ऋषि' नामक लगभग २०० पृष्ठों की पुस्तक में जिसे प० मनोहर जी विद्यालङ्कार ने सजय प्रेस चूना मण्डी नई देहली से प्रकाशित कराया है ऋग्वेद के समस्त ३४९ ऋषियो का यौगिक अर्थ बताते हुए मन्त्रो के प्रतिपाद्य विषयों के साथ उन का सम्बन्ध दिखाया है जिस से इस विषय की शङ्काओं का प्राय पूर्ण समाधान हो जाता है।

हम समस्त विद्वान् पाठको से उस विद्वत्तापूर्ण पुस्तक के अतिरिक्त श्री पं० शिवशङ्कर जी काव्यतीर्थ कृत 'वैदिक इतिहासार्य निर्णय' श्री प० प्रियरत्न जी आर्ष कृत 'वेदों

में इतिहास नहीं' तथा श्री पं० जयदेव जी विद्यालंकार कृत 'क्या वेदों में इतिहास है' (आर्य साहित्य मण्डल अजमेर द्वारा प्रकाशित) इन पुस्तकों को पढ़ने का अनुरोध करते हैं जिस से इस मन्तव्य की पूर्ण पुष्टि होती है कि ऋषि मन्त्रकर्त्ता नहीं, किन्तु मन्त्रद्रष्टा थे। ऋषि मन्त्रकर्त्ता थे इस अशुद्ध धारणा के कारण ही श्री सायणाचार्य, श्री स्वामी दयानन्द सरस्वती, श्री स्वामी दयानन्द तीर्थ, श्री स्वामी श्रीपाद दामोदर सातवलेकर आदि ने अपने वेदभाष्यों की भूमिकाओं में वर्णित वेदों की नित्यता और अपौरुषेयता के वेदादि सत्यशास्त्रसम्मत सिद्धांत के सर्वथा विरुद्ध ही यत्र तत्र अर्थ किया है। इस का कुछ निर्देश हम पहले कर चुके हैं और कुछ का फिर प्रकरणानुसार आगे करेंगे। इस भ्रम का निवारण अत्यावश्यक है॥

elibrary.thearyasamaj.org

चतुर्थ अध्याय

वैदिक एकेश्वरवाद और अनेक देवता

इस अध्याय में हम वैदिक देवताओं तथा वेदोक्त एकेश्वरपूजा पर प्रकाश डालना चाहते हैं क्योंकि वैदिक धर्म के सम्बन्ध में सब से अधिक भ्रम भारतीय और पाश्चात्य बहुत से लेखकों ने इसी विषय में फैलाया है।

Vedic Age के लेखकों ने इस विषय में निम्नलिखित निष्कर्ष निकाला है जिस में मौलिकता वा नवीनता का लवलेश भी नहीं पर जो पाश्चात्य लेखकों द्वारा प्रकाशित एतद्विषयक विचारों का अनुकरण मात्र है।

History of Sanskrit Literature तथा India What it can teach us by Prof. Maxmullar, History of Ancient Sanskrit Literature Vol I by Winterneize; History of Sanskrit Literature by Prof. Weber, Religion and Philosophy of the Veda by A. B. Keith, the Religion of the Rig Veda by Griswold, The Religion of the Veda by Bloom field, Rig Veda and Vedic Religion by Clayton.

इत्यादि पुस्तकों में वही विचार वैदिक देवता और वैदिकेश्वरवाद के सम्बन्ध में प्रकाशित किये गये हैं जिन को Vedic Age के लेखकों ने निस्सङ्कोच, निष्पक्षपात विवेचन किये विना अपना कर साराश निम्न आशय के शब्दों में प्रकट किया है। हम उन के अपने शब्दों में इस सारांश को उद्धृत कर के उस का विवेचन करेंगे। Vedic Age के लेखक कहते हैं—

'It has been generally held that the Rigvedic Religion is essentially poly-theistic one, taking on a pantheistic colouring only in a few of its latest hymns. Yet a deeply abstract philosophising cops up unexpectedly in some hymns as a reminder of the long Journey made from primitive poly-theim to systematic philosophy, through the stages of Naturalistic poly-theism, mono theistm and Monism'

Vedic Age P. 378.

'The appearance of what Maxmullar calls henotheism

is due to this unconscious urge towards mono-theism imperfectly moulding poly-theistic tendencies and thus presenting an incons stent picture'

'When individual gods are alternately regarded as 'highest' a large number of attributes, personal characteristics and functions become common to all the gods, the merging of all these qualities into one divine figure becomes easy, and thus poly-theistic anthropomorphism evolves into a kind of spiritual mono-theism'

Vedic Age P. 370

Summary—

Some of the significant aspects of Rigvedic mythology may now be summed up thus—

1 The principal phenomena of nature conceived as alive and represented in anthromorphic shape, were the objects of worsh p.

2 The so-called simple primitive side of nature-worship may be supposed to be reflected in the adoration of plants, trees and mountains

3 Whether fetishism is to be read into a reference to an image of Indra and whether the worship of idols or images of gods was known to the Rig Veda, are points on which no certain c nclusions can be reached'

Vedic Age P. 371-

इस सारे उद्धरण का भाव यह है कि यह प्राय माना जिया गया है कि ऋग्वेद का धर्म प्रधानतया प्रकृति में सदृश्यमानारी या अनेकेश्वरवादी है जो कभी कभी और से कुछ लोगों में एकेश्वरवाद का रूप पकड़ लेता है। तो भी अन्यान्य स्थ से कुछ लोगों में गभीर दार्शनिक चर्चा छिड़ जाती है जो उस सारी धारा का स्वरूप बदलती है तो प्रासङ्गिक उपलब्ध एकेश्वरवाद से उपबद्ध सर्वात्मवाद की ओर प्राकृतिक बहुदेववाद, एकेश्वरवाद और सर्वात्मवाद की प्रक्रियों न गलत हल की गई।

जिसे प्रोफेसर मैक्समूलर ने हीनोथीइज्म का नाम दिया था वह एकेश्वरवाद की ओर

इस विना जाने हुए प्रवृत्ति का परिणामस्वरूप है जो बहुदेवतात्मक प्रवृत्तियों को कुछपरिवर्तित सा कर देती है और इस प्रकार एक असम्बद्ध चित्र प्रस्तुत कर देती है।

जब पृथक्-पृथक् देवो को पर्याय रूप से (वारी-वारी) सब से बडा मान लिया जाता है तो बहुत से गुण, वैयक्तिक विशेषताए और कार्य सब देवों के लिये समान हो जाते हैं और इस प्रकार इन सब गुणों का एक देव में समाविष्ट कर लेना सुगम हो जाता है और इस तरह बहुदेवतात्मक पुरुषवत् ईश्वरवाद एक प्रकार के आध्यात्मिक एकेश्वरवाद के रूप में विकसित हो जाता है। वैदिक एज पृ० ३७६।

सारांश—

ऋग्वेदीय देवमाला के मुख्य रूपों का साराश इस प्रकार रखा जा सकता है कि—

१ प्रकृति के मुख्य स्वरूप व कार्य जिन की जीवित जागृत रूप में कल्पना की गई और पुरुषवत् देव के रूप में जिन का प्रतिनिधित्व किया गया वे पूजनीय माने जाते थे।

२ वनस्पतियों, वृक्षो और पर्वतों की पूजा और स्तुति में प्रकृति पूजा का सीधा साधा प्रारम्भिक अ श प्रतिविम्बित प्रतीत होता है।

३ इन्द्र की मूर्ति के निर्देश में तथा अन्य रूपों में देवताओं की प्रतिमाओं वा मूर्तियों की पूजा ऋग्वेद के समय ज्ञात थी या नहीं इस के विषय में किसी निश्चित परिणाम पर नहीं पहुंचा जा सकता। वैदिक एज् प० ३७६।

भाषानुवाद सहित वैदिक एज् से इन लम्बे उद्धरणों को देने के पश्चात् अब हम उन का विवेचन करना चाहते हैं।

वेदो मे विशुद्ध एकेश्वरवाद

वेदों को निष्पक्षपात भाव से पढ़ने पर यह स्पष्ट ज्ञात होता है कि उन में अनेक देवताओ का स्थान स्थान पर निर्देश होने पर भी (जिन के स्वरूप और तात्पर्य पर हम आगे कुछ विस्तार से प्रकाश डालेंगे) देवाधिदेव, सब देवों के अधिष्ठाता के रूप में एक ईश्वर की पूजा का ही विधान पाया जाता है। इन्द्र, मित्र, वरुण, अग्नि, यम, मातरिश्वा, वायु, सूर्य, सविता आदि प्रधानतया उस एक परमेश्वर के ही भिन्न भिन्न गुणों को सूचित करने वाले नाम हैं। इस के लिये निम्नलिखित अति स्पष्ट मन्त्रों का निर्देश यहां पर्याप्त होगा।

ऋग्वेद १ १६४ ४६ में कहा है—

इन्द्रं मित्र वरुणमग्निमाहुरथो दिव्य स सुपर्णो गरुत्मान्।
एकं सद्विप्रा वहुधा वदन्त्यग्निं यमं मातरिश्वानमाहुः॥

इस मन्त्र में स्पष्टतया वताया गया है कि (एक सत) एक सत्स्वरूप (सदा एक

रूप रहने वाले का निर्विकार) परमेश्वर को (मित्रा) सुहृदात्मा सबों सोग (बहुधा वदन्ति) अनेक प्रकारों से– अनेक नामों से पुकारते हैं । उसी को वे अग्नि, यम, मातरिश्वा, इन्द्र मित्र, वरुण, दिव्य, सुपर्ण, गरुत्मान् इत्यादि नामों से याद करते हैं ।

ये नाम परमेश्वर के अनेक गुणों का स्मरण कराते हैं उदाहरणार्थ इन्द्र नाम भगवान् के परमैश्वर्य सम्पन्न होने का, मित्र उसके सब का स्नेही मित्र होने का, वरुण सर्वोत्तम और अतिशयकार निवारण होने का, अग्नि नाम ज्ञानस्वरूप और सब का अग्रणी या नेता होने का, यम सर्व नियामक होने का, मातरिश्वा आकाश व जीवादि में अन्तर्यामिरूप से व्यापक होने का, सुपर्ण सर्व प्रकाशक होने का, सुपर्ण, धीर उत्तम कर्म करने का, गरुत्मान्–महान् सर्व व्यापी आत्मा होने का और दिव्य-अर्थात् अद्भुत दिव्य गुण कर्म स्वभाव सम्पन्न होने का स्मरण कराता है ।

'इन्द्र मित्र वरुणमग्निमाहु.'

इस मन्त्र का अंग्रेजी अनुवाद—

They call Him Indra, God of Supreme Power, Mitra the Friend of all, Varuna, the most Desirable Being, Agni the All Knowing, Divya the Shining One and Garutman the Mighty Soul Thus sages describe the One Being in various ways, calling Him Agni Self refulgent One, Yama the Ordainer of the world and Matarishwan the life energy of the universe Rigveda 1.164.46

यूरोप के एक सुप्रसिद्ध मि० अर्नेस्ट वुड (Ernest Wood) नामक अंग्रेज सज्जन ने An Englishman defends Mother India नामक पुस्तक में इस मन्त्र का अनुवाद देते हुए यह टिप्पणी की थी—

"In the eyes of the Hindus, there is but One Supreme God This was stated long ago in the Rigveda in the following words —

'Ekam Sad Vipra Bahudha Vadanti' which may be translated, 'The Sages name the One Being variously.'"

An Englishman defends Mother India by Ernest Wood P. 1.

यूरोप के सत्यान्वेषी में अपने समय में सबसे अधिक प्रसिद्ध प्रो मैक्समूलर को भी जिन्होंने अपने ग्रन्थों में वेदों को "हि रोजोइएस" Hero Epics (K...

theism का प्रतिपादक बताने का प्रयत्न किया था (जिस की आलोचना हम इस अध्याय में करेंगे,) यह बात अपने अन्तिम ग्रन्थ 'The Six Systems of Philosophy में जो महर्षि दयानन्द कृत 'ऋग्वेदादि भाष्य भूमिका के पढ़ने के पश्चात् लिखा गया था स्वीकार करनी पडी कि वेदों में इन्द्र, मित्र, अग्नि मातरिश्वा, प्रजापति इत्यादि शब्दो द्वारा वस्तुत एक ही ईश्वर का प्रतिपादन किया गया है जो अनन्त और निर्विकार है।

प्रो० मैक्समूलर के अपने शब्द निम्न-लिखित हैं—

Whatever may be the age when the collection of our Riegveda Sanhita was finished, it was before that age, that the conception had been formed that there is but One One Being neither male nor female, a Being raised high above all the conditions and limitations of personality and of human nature and never the less the Being that was really meant by all such names as Indra, Agni, Matrishvan and by the name of Praja Pati-Lord of creatures "

(The Six Systems of Philosophy by Prof Maxmueler)

ऋग्वेद ५.५१ १६ में एकेश्वरवाद का कितने स्पष्ट शब्दों में प्रतिपादन है जहां कहा है—

य एक इत् तमु ष्टुहि कृष्टीनां विचर्षणिः।
पतिर्जज्ञे वृषक्रतु ॥

अर्थात् जो परमेश्वर (एक इत्) एक ही है हे मनुष्य ! (तम् उ स्तुहि) तू उसी की स्तुति कर। वह परमेश्वर (कृष्टीनाम्) सब मनुष्यों का (विचर्षणि) सब कुछ भली भाति देखने वाला सर्वज्ञ है। वही (वृषक्रतु) सुख वर्षक ज्ञान और कर्मवाला (पति जज्ञे) सारे जगत् का स्वामी है।

यहां परमेश्वर के लिये 'एक इत्' अर्थात् वह एक ही है यह कितनी स्पष्टता से बताया गया है इस पर भी वैदिक धर्म को अनेकेश्वरवादी अथवा प्रकृति पूजक कहना कितना पक्षपात अथवा अज्ञान सूचक है—

O man ! Praise Him who is One and One only, being the Almighty and Ommiscient Lord of all beings

Rig 6.51 16

ऋग्वेद ६ २२ १ में एकेश्वरवाद का प्रतिपादन इन स्पष्ट शब्दो में किया गया है।

य एक इद् हव्यश्चर्षणीनामिन्द्रं तं गीर्भिरभ्यर्चा सखायः ।
य पत्यते वृषभो वृष्ण्यावान् सत्य. सत्वा पुरुमाय सह्यान् ॥

अर्थात् (य) जो (इद्र) परमेश्वर (चर्षणीनाम्) सब मनुष्यों का (एक इत्) एक ही (हव्य) पूजनीय है (तम्) उस की (अभि गीर्भि) इन वाणियों से (अभि अर्च) चारों ओर से प्रेम पूर्वक पूजा कर। (य) जो (वृषभ) सुख वर्षक (वृष्ण्यावान्) सर्वशक्तिमान् (सत्य) सत्यस्वरूप (सत्वा पुरुमाय सह्यान् च) अत्यधिक बुद्धिशाली—सर्वज्ञ तथा सब प्रकार के बल से सम्पन्न होने के कारण सब को पराजित करने वाला सारे जगत का स्वामी है। वही परमेश्वर एकमात्र पूजनीय है।

इस प्रकार मन्त्र में परमेश्वर को सर्व व्यापक, सर्वज्ञ, सर्वशक्तिमान् सारे जगत का स्वामी बताते हुए उस की पूजा का विधान किया गया है।

O man ! Glorify that God by your words who is the only One object of worship He is the Almighty True lord of the universe, showerer of joy and bliss.

Rig Veda 6–22–1.

ऋ. ८ १. १ में एकमात्र परमेश्वर की ही पूजा का विधान करते हुए अन्यों की पूजा का स्पष्ट निषेध किया गया है और उसे दुःख का कारण बताया गया है यथा—

मा चिदन्यद् विशंसत सखायो मा रिषण्यत ।
इन्द्रमित् स्तोता वृषणं सचासुते मुहुरुक्था च शंसत ॥

ऋ ८ १ १।

अर्थात् हे (सखाय) मित्रो ! (यज्ञेन मा चित् विशंसत) अन्य किसी की विशेष स्तुति वा पूजा न करो और (मा रिषण्यत) इस प्रकार अन्यों की पूजा कर के दुःख मत उठाओ। (सचा सुते) नित्य कर्मादि में भी (वृषणम्) सुखवर्षक (इन्द्रम् इत्) एक परमेश्वर की ही (स्तोत) स्तुति करो (मुहुः) बार बार (उक्था च शंसत) उसी का वेदमन्त्रादि द्वारा गुणगान करो।

(इन्द्रम् इत् स्तोत) केवल परमेश्वर की ही स्तुति करो। इस से बढ़ कर और स्पष्ट आदेश और क्या हो सकता है ? इस पर भी अन्धश्रद्धालु जन को अनेकेश्वर वादी वा Poly-theistic कहना कितना अन्याय व अत्याचार पूर्ण है ?

ऋ. १० ८३ में एकेश्वरवाद का स्पष्ट प्रतिपादन सभी मन्त्रों में विशेषणों अथवा नामों के साथ में परमेश्वर का स्मरण कराते हुए किया गया है। ३ मन्त्रों के इस सूक्त में १ बार एवं एक ही प्रकार का परमेश्वर के लिए प्रयोग हुआ है (म १, म ३

और म ६ में)।

मन्त्र २ में विश्वकर्मा अर्थात् जगत्कर्ता परमेश्वर के गुणों का निम्न प्रकार वर्णन करते हुए उस के एक ही होने का प्रतिपादन है।

विश्वकर्मा विमना आद् विहाया धाता विधाता परमोत सन्दृक्।
तेषामिष्टानि समिषा मदन्ति यत्रा सप्त ऋषीन् पर एकमाहुः॥

ऋ १० ८२. २।

इस मन्त्र का तात्पर्य यह है कि वह (विश्वकर्मा) जगत्कर्ता परमेश्वर (विमना आत् विहाया) विविध मनों का स्वामी आकाश के तुल्य व्यापक (धाता) ससार का धारण करने वाला (विधाता) विशेष रूप से सूर्य चन्द्र तथा लोक लोकान्तरों का धारण और पोषण करने वाला (परमा) अत्यन्त उत्कृष्ट (उत) और (सदृक) सर्वज्ञ है (यत्रा) जिस परमेश्वर के विषय में विद्वान् (आहु) कहते हैं कि (सप्त ऋषीन् परे) सात इन्द्रियों से परे (एकम्) एक ही है और (यत्र) जिस परमेश्वर के आश्रय मे (तेषाम्) उन इन्द्रियादि के (इष्टानि) अभिलषित समस्त भोग्य पदार्थ (इषा) उस प्रभु की प्रेरक शक्ति से (समदन्ति) भली प्रकार हर्ष के कारण बनते हैं।

यहा ईश्वर के जगत्कर्ता, धर्ता और सर्वज्ञ होने का प्रतिपादन करते हुए उसे इन्द्रियातीत और एक ही बताया गया है यह अति स्पष्ट है जिस में सन्देह का अणुमात्र भी कारण नहीं।

इस सूक्त का म ३ तो इस प्रकरण में अत्यधिक आवश्यक और महत्त्वपूर्ण है जिस में परमेश्वर को एक और देवों के सब नामों को धारण करने वाला बताया गया है। मन्त्र इस प्रकार है—

यो न पिता जनिता यो विधाता धामानि वेद भुवनानि विश्वा।
यो देवाना नामधा एक एव तसप्रश्न भुवना पन्त्यन्या॥

ऋ १०. ८२ ३। यजु. १७ २७। अथर्व. २ १. ३।

अर्थात् (य न पिता) जो परमेश्वर हमारा पालक है (जनिता) उत्पादक है और (य) जो (विधाता) विशेष रूप से हमारा धारण करने वाला और (विश्वा धामानि) सब स्थानों लोकों और (भुवनानि) उत्पन्न पदार्थों को (वेद) जो जानता है। (य देवाना नामधा एक एव) जो सब देवों—इन्द्र मित्र वरुण अग्नि यमादि के नाम को प्रधानतया धारण करने वाला एक ही देव है (तम्) उस (सप्रश्नम्) अच्छी प्रकार से जानने योग्य परमेश्वर की ओर ही (अन्या भुवना) अन्य सब लोक और प्राणी (यन्ति) गति कर रहे हैं।

यहा परमेश्वर को पालक, उत्पादक पिता सर्वज्ञ धारक बनाते हुए स्पष्ट कहा है कि

यह एक ही है जिस के अनेक देवताओं के नाम हैं अर्थात् अग्नि, इन्द्र, मित्र, वरुण, इत्यादि नाम प्रकारान्तर उस एक गुण समुद्र परमेश्वर के ही सौलह्य से सत्यों के हैं। इस से बढ़ कर एकेश्वरवाद का प्रतिपादन और अनेकेश्वरवाद का निराकरण और क्या हो सकता है?

इसी सूक्त के म० ६ में पुनः एकेश्वरवाद का स्पष्ट प्रतिपादन निम्न शब्दों में किया गया है जो अत्यधिक महत्वपूर्ण है—

तमिद् गर्भं प्रथमं दध्र आपो यत्र देवाः समगच्छन्त विश्वे।
अजस्य नाभावध्येकमर्पितं यस्मिन् विश्वानि भुवनानि तस्थुः॥

इस मन्त्र के पूर्वार्ध में प्रकृति और उस के परमाणुओं को सब से पूर्व धारण करने वाला यही एक परमेश्वर है यह कथन कर उत्तरार्ध में बताया है कि इस अज—प्रकृति—सत्त्व या प्रधान की (नाभौ) नाभि में (एकम्) एक अद्वितीय ही (अधि अर्पितम्) ऊपर अधिष्ठाता रूप में विराजमान है (यस्मिन्) जिस के आधार पर (विश्वानि भुवनानि तस्थुः) सब लोक विद्यमान है—जो सारे जगत् का संचालक और व्यवस्थापक है।

ऋ० १०, १२१ के हिरण्य गर्भ सूक्त में एक अद्वया सुखस्वरूप प्रजापति के नाम से भगवान् का स्मरण करते हुए उसी की अष्टाभिनिपूर्वक उपासना का विधान किया गया है। इस दस मन्त्रों के छोटे से सूक्त में चार बार परमेश्वर के लिये 'एक' शब्द का प्रयोग हुआ है और उसे ही देवाधिदेव तथा पूजनीय बताया गया है। उदाहरणार्थ इस सूक्त के प्रथम मन्त्र में कहा है—

हिरण्यगर्भः समवर्तताग्रे भूतस्य जातः पतिरेक आसीत्।
स दाधार पृथिवीं द्यामुतेमां कस्मै देवाय हविषा विधेम॥

ऋ० १०, १२१, १।

अर्थात् जिस के गर्भ में सारी सृष्टि प्रलयकाल में विद्यमान है वही यह 'हिरण्यगर्भ' सर्व परमेश्वर (अग्रे) सृष्ट्युत्पत्ति से पूर्व ही (समवर्तत) भली प्रकार विद्यमान था। वह (भूतस्य) सारे प्राणियों का (एकः पतिः आसीत्) एक ही स्वामी था और है। (स पृथिवीम् उत इमां द्याम् आधार) वह पृथिवी और द्युलोक आदि का धारण करने वाला है ऐसे (कस्मै) सुखस्वरूप (देवाय) सुख प्रदायक परमेश्वर की (हविषा) श्रद्धा भक्ति से (विधेम) हम पूजा करें।

म० २ में बताया गया है कि सब देव उस एक परमेश्वर की ही उपासना करते और उस की आज्ञा का पालन करते हैं।

य आत्मदा बलदा यस्य विश्व उपासते प्रशिषं यस्य देवाः।

म० ३ में उस परमेश्वर को ही सारे संसार का एक स्वामी बताते हुए उस की पूजा, सेवा का विधान किया गया है—

य प्राणतो निमिषतो महित्वैक इद् राजा जगतो बभूव ।
य ईशे अस्य द्विपदश्चतुष्पद· कस्मै देवाय हविषा विधेम ॥

अर्थात् जो परमेश्वर स्थावर जगम सारे ससार का (महित्वा) अपनी महिमा से (एक इत् राजा बभूव) एक ही राजा है। (अस्य द्विपदः चतुष्पद यः ईशे) इन दोपाये और चौपाये सब प्राणियो का जो परमेश्वर स्वामी है उस सुख स्वरूप परमेश्वर की हम सब श्रद्धाभक्तिपूर्वक पूजा करते हैं।

म ७ में उस परमेश्वर को प्रकृति का धारक और सब देवो का एकमात्र प्राणस्वरूप बताते हुए उसी की उपासना का यों विधान किया गया है—

आपो ह यद् बृहतीर्विश्वमायन् गर्भं दधाना जनयन्तीरग्निम् ।
ततो देवाना समवर्ततासुरेकः कस्मै देवाय हविषा विधेम ॥

यहां जिस भाग की ओर हम विशेष रूप से ध्यान आकृष्ट करना चाहते हैं और जिस से अनेकेश्वरवादियों का मत सर्वथा खण्डित होता है वह मन्त्र का उत्तरार्ध है जिस में कहा है कि वह देवानाम्) सब अग्नि सूर्य चन्द्रादि प्रकाशक पदार्थों का और ज्ञान-प्रकाशक विद्वानों का (एक· असु सम् अवर्तत) एक प्राणस्वरूप विद्यमान था और सदा है। उस सुखस्वरूप परमेश्वर की हम श्रद्धा भक्ति पूर्वक विशुद्ध मन से उपासना करें।

इसी सूक्त का अष्टम मन्त्र वेदों को प्रकृति पूजा प्रतिपादक मानने वाले लोगो के लिये अत्यधिक मननीय है जहा भगवान् को प्रकृति का अधिष्ठाता, निरीक्षक और नियामक बताते हुए देवाधिदेव और अतएव एकमात्र पूजनीय कहा गया है।

मन्त्र इस प्रकार है—

यश्चिदापो महिना पर्यपश्यद् दक्ष दधाना जनयन्तीर्यज्ञम् ।
यो देवेष्वधि देव एक आसीत् कस्मै देवाय हविषा विधेम ॥

अर्थात् (य चित्) जो (महिना) अपने महान् सामर्थ्य से (दक्ष दधाना,) बल को धारण करती हुई और (यज्ञ जनयन्ती) ससार रूप महान् यज्ञ को उत्पन्न करती हुई (आप) प्रकृति को (परि अपश्यत्) साक्षी और अधिष्ठाता रूप से भलीभांति देखता है (य) जो (देवेषु अधि एक देव) सब प्रकाशक पदार्थों और ज्ञानियो में सर्वोत्तम एक प्रकाशक तथा आनन्द शान्ति दायक है (कस्मै देवाय हविषा विधेम) उस सुखस्वरूप पर-मेश्वर की हम श्रद्धाभक्ति पूर्वक सेवा करते हैं। इस सूक्त के अन्तिम मन्त्र में प्रजापति के नाम से भगवान् का स्मरण करते हुए स्पष्ट कहा है कि—

प्रजापते न त्वदेतान्यन्यो विश्वा जातानि परि ता बभूव ।
यत्कामास्ते जुहुमस्तन्नो अस्तु वय स्याम पतयो रयीणाम् ॥

वताते हुए उस के एक होने का स्पष्ट शब्दों में प्रतिपादन है यथा—

विश्वतश्चक्षुरुत विश्वतो मुखो विश्वतोबाहुरुत विश्वतस्पात् ।
सं बाहुभ्या धमति स पतत्रैर्द्यावाभूमी जनयन् देव एक. ॥

ऋग्वेद १० ८१. ३ यजुर्वेद १७ १९ अथर्व १३ २ २६ ।

मन्त्र मे परमेश्वर को 'देव एक' इस प्रकार एक देव—सर्व प्रकाशक सर्वानन्द प्रदाता वता कर कहा है कि (विश्वत. चक्षु) उस की आखें मानो चारो ओर हैं, उस के मुख सब ओर हैं, उस के रक्षा साधन (बाहु) सब ओर हैं और उस के गति साधन भी चारों ओर है। ऐसा वह परमेश्वर ज्ञान कर्म रूप बाहुओं (ज्ञानकर्मणी हि लोकबहनाद् बाहू) और (पतत्रै) परमाणुओं से (द्यावा भूमी जनयन्) आकाश और पृथिवी को बनाता है।

अथर्व वेद में परमेश्वर ही एक मात्र पूजनीय है इस विषय को अनेक स्थानों पर स्पष्ट वर्णित किया गया है यथा अथर्व २. २ १ में कहा है—

दिव्यो गन्धर्वो भुवनस्य यस्पतिः, एक एव नमस्यो विक्ष्वीड्यः ।
त त्वा यौमि ब्रह्मणा दिव्य देव नमस्ते अस्तु दिवि ते सधस्थम् ।

अथर्व काण्ड २ सू २ म १ ।

अर्थात् (य) जो (दिव्यः गन्धर्व) दिव्य गुण युक्त, पृथिवी आदि लोक लोकान्तरों को धारण करने वाला (भुवनस्य पति) सारे ससार का पालक है वह (एक एव) एक ही (विक्षु) सब प्रजाओं में (नमस्य·) नमस्कार करने योग्य है। (दिव्य देव) हे दिव्य गुणयुक्त परमेश्वर ! (त त्वा यौमि) मैं अपने को ध्यान द्वारा तेरे साथ जोडता हू। (ते नम· अस्तु) तुझे नमस्कार हो (ते) तेरा (सधस्थम्) स्थान (दिवि) प्रकाशमय अपनी महिमा में है। यहा—

'एक एव नमस्यः विक्ष्वीड्यः ।'

ये शब्द स्वर्णाक्षरो में लिखने योग्य हैं जिन से वैदिक एकेश्वरवाद में अणुमात्र भी सन्देह नहीं हो सकता।

मृडाद् गन्धर्वो भुवनस्य यस्पतिरेक एव नमस्यः सुशेवाः ।

अथर्व २. २. २ ।

इस मन्त्र में भी पूर्व मन्त्रवत् परमेश्वर के एक और पूजनीय तथा उत्तम सुखदायक होने का अति स्पष्ट उपदेश है यथा (गन्धर्व) वेद वाणी का धारण करने वाला (य·) जो (भुवनस्य एक एव नमस्य पति) सारे ससार का एक ही स्वामी और नमस्कार करने योग्य है तथा जो (सुशेवा) उत्तम सुखदायक है वह हमें (मृडात्) सुखी करे। वैदिक

एकेश्वर वाद का यहा कितना स्पष्ट प्रतिपादन है।

इतना ही नही, परमेश्वर एक और एक ही है २, ३, ४, ५, ६, ७, ८, ९, १० परमेश्वर नहीं इस बात को भी अथर्व वेद के निम्न मन्त्रो में अत्यन्त स्पष्ट शब्दो में बता दिया गया है ताकि किसी को इस में अणुमात्र भी सन्देह न हो जाए। वे मन्त्र निम्न लिखित हैं—

न द्वितीयो न तृतीयश्चतुर्थो नाप्युच्यते । १६
न पञ्चमो न षष्ठः सप्तमो नाप्युच्यते ॥ १७
नाष्टमो न नवमो दशमो नाप्युच्यते । १८
स सर्वस्मै वि पश्यति यच्च प्राणति यच्च न ॥ १९

तमिदं निगतं सहः स एष एक एक वृद् एक एव ॥ २१ अथर्व १३. ४

अर्थात् (स.) वह (एषः) यह परमात्मा (एक.) एक है (एक वृत्) एक होकर सब को व्यापने वाला—सर्व व्यापक है (एक. एव) वह एक ही है। (न द्वितीय न तृतीय चतुर्थः न अपि उच्यते न पञ्चमः न षष्ठ सप्तम न अपि उच्यते न अष्टम न नवमः दशमः न अपि उच्यते) उसे दूसरा, तीसरा, चौथा, पांचवा, छठा, सातवां, आठवा, नौवा वा दसवा नहीं कहा जाता। वह एक है और एक ही है। एक होकर वह सर्व व्यापक और प्राणी अप्राणी सब को वह विशेष रूप से पूर्णतया देखने वाला है।

एकेश्वर वाद का इतना प्रबल और स्पष्ट प्रतिपादन होते हुए भी वैदिक धर्म को अनेकेश्वर वादी कहना कितना अज्ञान व पक्षपात सूचक है ?

पर पाश्चात्य विद्वानो में से अनेक अथर्व के इन प्रमाणो को यह कह कर उड़ाने का प्रयत्न करते हैं कि अथव वेद तो वस्तुतः वेद ही नहीं। वह तो पीछे से बनाया और वेदो की श्रेणी मे जबरदस्ती घुसेडा गया। यद्यपि यह मत सर्वथा कल्पित है और इस की निस्सारता को हम सप्रमाण आगे दिखायेंगे तथापि हम पुन ऋग्वेद के कुछ और स्पष्ट प्रमाणों को प्रस्तुत कर के फिर हीनोथीइज्म के नाम से प्रचलित वाद की समालोचना करेंगे।

एक सद् विप्रा बहुधा वदन्त्यग्नि यमं मातरिश्वानमाहु.।

इस ऋ० १ १६४ ४६ के एकेश्वर प्रतिपादक वचन को हम पहले उद्धृत कर ही चुके हैं। उसी के समान वचन ऋ० १०. ११४. ५ में भी है जहा कहा है—

सुपर्णं विप्राः कवयो वचोभिः, एक सन्त बहुधा कल्पयन्ति।

ऋ० १०. ११४ ५

अर्थात् (कवयः) क्रान्त दर्शी तत्वज्ञानी लोग (सुपर्णम्) सुन्दर कर्म करने वाले परमेश्वर को (एक सन्तम्) एक होते हुए भी (वचोभि) अपने वचनों से

अर्थात् हे मनुष्यो ! तुम सब सरल भाव और आत्मिक बल के साथ परमेश्वर की ओर—उस का भजन करने के लिये आवो जो (एक. इत्) एक ही (जनानाम् अतिथि.) मनुष्यों में अतिथि की तरह पूजनीय अथवा अत—सातत्यगमने सर्वव्यापक है। वह सनातन है और नयो के अन्दर भी वह व्यापक रहा है। ज्ञान, कर्म, भक्ति आदि के सब मार्ग उस की ओर जाते हैं। वह निश्चय से एक ही है।

'समेत विश्व ओजसा' का अंग्रेजी अनुवाद—

Come together, ye all with power of spirit, to the Lord of light, who is only One, the Guest of the people. He, the Ancient, desires to come to the new To Him all path ways turn veily He is One.

The Call of the Vedas by

Principal Abinash Chandra Bose Jabalpur M P.

इस से बढ़ कर विशुद्ध एकेश्वरवाद का प्रतिपादन और क्या हो सकता है ? वह परमेश्वर एक है एक ही है . वही सब के लिये अतिथिवत् पूजनीय है।

ऋग्वेद १. ७ ९ का निम्न मन्त्र भी परमेश्वर को सारे ससार का और सब मनुष्यों का एक ही सम्राट् घोषित करता हुआ एकेश्वरवाद का प्रबल समर्थक है—

य एकश्चर्षणीना वसूनामिरज्यति ।
इन्द्रः पञ्च क्षितीनाम् ॥ ऋ. १. ७. ९ ।

अर्थात् (य.) जो (इन्द्र.) परमैश्वर्यसम्पन्न परमात्मा (चर्षणीनाम्—पञ्च-क्षितीनाम्) सब मनुष्यो का जो ब्राह्मण-क्षत्रिय-वैश्य-शूद्र अतिशूद्र इन विभागो में बँटे हुए हैं) और (वसूनाम् इरज्यति) सारे ऐश्वर्यों का स्वामी है उसी की उपासना करो।

ऋग्वेद १. ५४. १४ का निम्न मन्त्र परमेश्वर को एक और अनुपम बताते हुए कितनी स्पष्टता से एकेश्वरवाद का विशुद्ध रूप में प्रतिपादन करता है—

न यस्य द्यावापृथिवी अनुव्यचो न सिन्धवो रजसो अन्तमानशु. ।
नोत स्ववृष्टिं मदे अस्य युध्यत एको अन्यच्चकृषे विश्वमानुषक् ॥
ऋ. १ ५४. १४ ।

अर्थात् (यस्य) जिस परमेश्वर के (द्यावापृथिवी) आकाश और पृथिवी (सिन्धवः) समुद्र और (रजस·) अन्य लोक लोकान्तर (अन्तम् न आनशु.) अन्त नहीं पा सकते (अनुव्यचः) वह सब मे ओतप्रोत है। मेघ, बिजली आदि भी गर्जते या वृष्टि करते हुए उस की महिमा को सूचित करते किन्तु उस का अन्त पाने में असमर्थ हैं ऐसा वह

परमेश्वर (एक) एक ही है उस ने (आनुषक्) सब में व्याप्त हो कर (अन्यत्) अपने से भिन्न इस (विश्वम्) ससार को (चकृषे) बनाया है।

इस से न केवल एकेश्वरवाद का स्पष्ट प्रतिपादन बल्कि अद्वैतवाद वा Pantheism का स्पष्ट निषेध भी सिद्ध होता है जिस पर आगे हम इसी अध्याय में प्रकाश डालेंगे।

ऐसे ही अन्य सैकडों मन्त्र चारो वेदों से वैदिक एकेश्वरवाद के समर्थन में उद्धृत किये जा सकते हैं किन्तु विस्तार भय से इतना ही पर्याप्त है।

कुछ पाश्चात्य विद्वानो द्वारा वैदिक एकेश्वरवाद का स्पष्ट प्रतिपादन

ऐसे वचनों को देख कर अनेक निष्पक्ष पाश्चात्य विद्वानों ने स्पष्टतया अपने ग्रन्थों में स्वीकार किया है कि वेदों में एकेश्वरवाद का ही प्रतिपादन है। ऐसा ही अनेक पारसी मुसलमान विद्वानों ने भी किया है जिन के कुछ उद्धरण देना इस प्रसङ्ग में आवश्यक प्रतीत होता है।

चार्ल्सकोलमैन (Charles Coleman)

चार्ल्स कोल्मैन नामक अंग्रेज विद्वान् ने Mythology of the Hindus नामक अपने ग्रन्थ में लिखा है—

'The Almighty; Infinite, Eternal, Incomprehensible, Self-existent Being, He who sees every thing, though never seen, is Brahma—the One un-known True Being, the Creator, Preserver and Destroyer of the universe. Under such and innumerable other definitions is the Deity acknowledged in the Vedas.'

Charles Coleman in the Mythology of the Hindus

अर्थात् वेदों में ईश्वर को सर्वशक्तिमान्, अनन्त, नित्य, अविज्ञेय, स्वयम्भू, सर्वज्ञ, सर्वद्रष्टा, जगत् का कर्ता, धर्ता और सहर्ता ब्रह्म के रूप में माना गया है।

कौन्ट जान्सजर्ना (Count Biornstierna) का वैदिक ईश्वरवाद विषयक लेख

कौन्ट बियौर्न्सटीर्ना नामक सुप्रसिद्ध पाश्चात्य विद्वान् ने Theogony of the Hindus नाम की अपन पुस्तक में वेद मन्त्रों के उद्धरण दे कर लिखा—

These truly sublime ideas can not fail to convince us that the Vedas recongnise only One God who is Almighty, Infinite, Eternal, Self-existent, the Light and Lord of the

universe.'

Count Bjornstjerna in the Theogony of the Hindus.
P. 53.

अर्थात् इन उद्धरणों में प्रकाशित उच्च भावों से हम निश्चिततया इस परिणाम पर पहुचे बिना नहीं रह सकते कि वेद एकेश्वरवाद का ही प्रतिपादन करते हैं जो ईश्वर सर्वशक्तिमान्, अनन्त, नित्य, स्वयम्भू और जगत् का प्रकाशक तथा स्वामी है।

श्लीगल का लेख

सुप्रसिद्ध जमन विद्वान् श्लीगल (Schlegel) ने अपने 'Wisdom of the Ancient Indians' नामक ग्रन्थ में स्पष्ट लिखा कि—

'It can not be denied that the early Indians possessed a knowledge of the true God. All their writings are replete with sentiments and expressions, noble, Clear, Lovely, Grand, as deeply conceived as in any human language in which men have spoken of their God.'

Schlegel in the Wisdom of the Ancient Indians

अर्थात् इस बात से इन्कार नहीं किया जा सकता कि प्राचीन भारतीयों को सच्चे ईश्वर का ज्ञान प्राप्त था। उन के सारे लेख ईश्वर के विषय में इतने उत्कृष्ट, स्पष्ट, प्रेममय उत्तम और गम्भीरता पूर्ण विचारो और भावनाओं से भरपूर हैं जितनी कि किसी मानवीय भाषा में लोगों ने अपने भावों को प्रकट किया है।

W D. Brown (ब्राऊन) नामक अङ्गरेज विद्वान् के लेख से उद्धरण हम पहले दे चुके हैं जिस में उस ने वैदिक धर्म के विषय में लिखा है कि वह एकेश्वरवादी है।

'It (Vedic Riligion) recognises but One God.'

W. D. Brown in the Superiority of the Vedic Religion

सुप्रसिद्ध पारसी विद्वान् का वैदिक एकेश्वरवाद विषयक लेख

फ़र्दुन दादाचान् B. A. LL. B. D. Th. नामक पारसी विद्वान् ने Philosophy of Zoroastrianism and Comparative Study of Religions नामक उत्तम पुस्तक लिखी है जिस के वेदो के महत्त्व विषयक कुछ उद्धरण हम पहले अ. २ में दे चुके हैं। वैदिक एकेश्वरवाद विषयक उन का लेख अत्यन्त स्पष्ट और महत्त्वपूर्ण होने से यहा उल्लेखनीय है। वे लिखते हैं—

'The Vedas teach nothing but Mono-theism of the purest kind, the belief that this universe manifests the love,

might, wisdom and glory of God Who eternal y evolves and dissolves alternately innumerable systems of worlds, for the benefit, discipline and well-being of jeevatmas, according to the eternal laws of nature (called Rita in the Vedas) and also according to the Law of Karma (as implied in it.)'

Philosophy of Zoroastrianism and comparative Study of Religions' by Furdun Dadachanji B. A LL B D Th The Times of India Press Bombay 1941

अर्थात् वेद सब से अधिक विशुद्ध रूप में एकेश्वरवाद का प्रतिपादन करते हैं अर्थात् इस विश्वास का कि यह जगत् परमेश्वर के प्रेम, शक्ति, बुद्धि और महत्त्व को प्रकट करता है जो परमेश्वर जीवात्माओ के कल्याण और लाभ के लिये शाश्वत प्राकृतिक नियमो के अनुसार (जिन्हें वेद में ऋत के नाम से पुकारा गया है) तथा इसी के अन्तर्गत कर्म नियम के अनुसार अनेक लोक-लोकान्तरो का निर्माण धारण और अन्त में सहार करता है इत्यादि । इस से बढ़ कर वैदिक एकेश्वर वाद का उत्तम समर्थन कहा हो सकता है ?

एक मुसलमान विद्वान् का वैदिक एकेश्वरवाद विषयक महत्वपूर्ण लेख

सरे मुहम्मद यामिन खा Kt C. I E नामक मुसलमान सज्जन ने 'God, Soul and universe in Science and Islam' नाम की एक पुस्तक लिखी जो सन् १९४५ में शेख मुहम्मद अशरफ काश्मीरी ने लाहौर से प्रकाशित कराई । उस के प्रथम अध्याय में वैदिक ईश्वरवाद पर प्रकाश डालते हुए पौराणिक त्रिमूर्ति तथा अवतारवाद से उस की भिन्नता को बडी उत्तमता से प्रतिपादित किया गया है । सर यामिन खां लिखते हैं—

'Originally the conception of God among the Hindus was right when they believed Him to be Unit and Omnipresent, but when they started dividing Him into ditferent shapes according to different functions which they considered He performed, they strayed far from their original conception The result was that many who were heroes in their life time, were gradually turned into incarnations of God and idolatry increased.'

who is, to the mind of the poet supreme and Almighty.

Prof. Maxmuller's Ancient Sanskrit literature
P. 353, 355.

In his writings Maxmuller constantly referred to this and coined the word Henotheism or Kathenotheism to express what he regarded as a 'peculiar character' of the ancient Vedic religion. It denotes that each of several divinities is regarded as supreme and worshipped without reference to the rest, or that the seers held at the belief in individual gods alternately or for the time being regarded as highest the one that was being worshipped and that they therefore treated him as if he were absolutely independent and supreme, alone present to the mind of the worshipper.

The Rigveda and Vedic Religion by A. C. Clayton
P. 59–60.

इस का साराश यह है कि प्रत्येक वैदिक कवि वा ऋषि जब जिस देवता की स्तुति करने लगता है तब उस को ही सर्वोत्कृष्ट बताने और उस के अन्दर सर्वोत्कृष्टता के सब गुणों को समाविष्ट करने का प्रयत्न करता है। वेद के अनेक ऐसे सूक्तो को पाना बहुत सुगम है जिन में प्राय प्रत्येक देवता को सब से ऊचा और पूर्ण बताया गया है। ऋग्वेद के द्वितीय मण्डल के प्रथम सूक्त में अग्नि को सब मनुष्यो का बुद्धिमान् राजा, ससार का स्वामी और शासक, मनुष्यो का पिता, भाई, पुत्र और मित्र कहा गया है और दूसरे देवों की सब शक्तियां और नाम स्पष्टतया उस की मानी गई हैं। इन्द्र को सब से अधिक बलशाली वेदो और ब्राह्मणो मे माना गया है और ऋग्वेद के एक सूक्त की तान यही है कि—

'विश्वस्मादिन्द्र उत्तरः'

सोम के विषय में कहा गया है कि वह महान्, सब का विजेता, ससार का स्वामी है। वह लोगों की आयु को दीर्घ करने का सामर्थ्य रखता है और पृथिवी तथा आकाश का उत्पादक है। वही अग्नि, सूर्य इन्द्र, विष्णु इत्यादि सब का पैदा करने वाला है। उस से अगले ही वरुण देवता के सूक्त में ऋषि की दृष्टि में वरुण ही सब से बडा और सर्वशक्तिमान् है।

इस वाद के लिये जिसे उसने वैदिक धर्म की एक विशेषता समझा प्रो० मैक्समूलर ने हीनोथीइज्म यह नाम घडा इस का तात्पर्य यह है कि अनेक देवो में से प्रत्येक को ही उस समय जब कि उसकी स्तुति की जा रही है कवि सबसे बडा और स्वतत्र, सर्व-शक्तिमान् समझता है। उस स्तुति के समय वही एकमात्र,स्तोता वा भक्त के मन में विद्यमान होता है।

क्या हीनोथीइज्म (उपास्यश्रेष्ठतावाद) वेदो मे पाया जाता है ?

अब हम निष्पक्ष भाव से इस वाद की विवेचना करना चाहते हैं. हमने वैदिक एकेश्वरवाद के समर्थन में अत्यन्त स्पष्ट मन्त्रो का पहले उल्लेख किया है जिन का अन्य कोई अर्थ सम्भव ही नहीं है और जिन के विषय मे कहा गया है कि—

'एक सद् विप्रा बहुधा वदन्त्यग्नि यम मातरिश्वानमाहु.'।

ऋ. १ १६४ ४६।

'सुपर्ण विप्रा. कवयो वचोभिरेक सन्त बहुधा कल्पयन्ति'।

ऋ १० ११४ ५।

'यो देवाना नामध एक एव।'

ऋ. १० ८२. ३। यजु. १७ २७। अथर्व २. १ ३।

न द्वितीयो न तृतीयश्चतुर्थो नाप्युच्यते
स एष. एक एकवृदेक एव।'

'एक एव नमस्यो विक्ष्वीड्यः'। अ २ २. १।

'एक एव नमस्यः सुशेव'। अ. २. २ २।

अर्थात् वह परमात्मा एक ही है। २, ३, ४, ५, ६, ७, ८, ९, १० ईश्वर नहीं वह एक ही है और वह एक ही सब मनुष्यों के लिए पूजनीय है। उस एक को ही ज्ञानी लोग इन्द्र, मित्र, वरुण, अग्नि, मातरिश्वा, यम आदि अनेक नामों से पुकारते हैं, प्रधानतया इन देवो के नामो को धारण करने वाला वह एक ही परमेश्वर है।

ऐसा अवस्था में वेदो को विशुद्ध और स्वाभाविक रूप में एकेश्वरवाद का प्रतिपादक न मान कर हीनोथीइज्म की कल्पना करना केवल पक्षपात सूचक है और वस्तुत ऋषियों को झूठा और खुशामदी टट्टू बताना है। जब वेद-मन्त्रों में अग्नि को सम्बोधन करते हुए ऋग्वेद के २ य मण्डल के प्रथम सूक्त में (जैसे प्रो० मैक्समूलर ने कहा है और अन्यत्र भी) स्पष्ट कहा है कि—

त्वमग्न इन्द्रो वृषभ. सतामसि त्व विष्णुरुरुगायो नमस्य.।
त्व ब्रह्मा रयिविद् ब्रह्मणस्पते त्व विधर्तः सचसे पुरन्ध्या॥

ऋ २ १ ३।

त्वमग्ने राजा वरुणो धृतव्रतस्त्वं मित्रो भवसि दस्म ईड्यः ।
त्वमर्यमा भवसि यस्य सभुज त्वमशो विदथे देवभाजयुः ॥

ऋ. २. १. ४ ।

त्वमग्ने रुद्रो असुरो महो दिवस्त्व शर्धो मारुत पृक्ष ईशिषे ।
त्व वातैररुणैर्यासि शगयस्त्वं पूषा विधतः पासि नु त्मना ॥

ऋ. २. १. ६ ।

त्वमग्ने द्रविणोदा अरकृते त्वं देवः सविता रत्नधा असि ।
त्व भगो नृपते वस्व ईशिषे त्व पायुर्दमे यस्ते ऽ विधत् ॥

ऋ. २. १. ७ ।

अर्थात् तू ही इन्द्र, विष्णु, ब्रह्मा, ब्रह्मणस्पति, वरुण, मित्र, अर्यमा, रुद्र, पूषा, द्रविणोदा, सवितादेव और भग है तो यह क्यो न माना जाए कि ये सब नाम प्रधानतया उस एक अग्निपदवाच्य सर्वज्ञ परमेश्वर के है और ये सब उस के अनेक गुणो को सूचित करते हैं। जैसे कि परिवार में एक ही व्यक्ति को अनेक सम्बन्धों के कारण भिन्न-भिन्न व्यक्ति पिता चचा, दादा, भाई, मामा इत्यादि नामों से पुकारते हैं वैसे ही एक ही परमात्मा के अनन्त गुणो को सूचित करने के लिये ये अनेक नाम प्रयुक्त किये जाते हैं। जब ज्ञान स्वरूप के रूप में उस का स्मरण किया जाता है तो उसे अग्नि कहा जाता है, उस की परमैश्वर्यसम्पन्नता दिखाने के लिये इन्द्र, सर्वव्यापकता दिखाने के लिये विष्णु, वह सब से बडा है यह सूचित करने के लिये ब्रह्मा, ज्ञान का अधिपतित्व दिखाने के लिये ब्रह्मणस्पति, सर्वोत्तमता और पापनिवारकता सूचित कराने के लिये वरुण, सब के साथ प्रेम द्योतित करने के लिये मित्र, न्यायकारित्व को सूचित करने के लिये अर्यमा, दुष्टो को रुलाने वाला और प्राणदायक यह प्रकट करने के लिये असुर रुद्र, समस्त ज्ञानादि धन का देने वाला वह परमेश्वर है यह दिखाने के लिये द्रविणोदा, सर्वोत्पादक और सर्व प्रेरक वह प्रकाशस्वरूप जगदीश्वर है यह सूचित करने के लिये सविता देव और उस की भजनीयता प्रकट करने के लिये भग शब्द का उसी एक परमेश्वर के लिये प्रयोग किया जाता है। वेद मन्त्रो मे जब सोम के विषय में कहा है (जैसे कि प्रो० मैक्समूलर ने स्वयं बताया है) कि—

त्वमिमा ओषधी. सोमविश्वास्त्वमपो अजनयस्त्व गाः ।
त्वमाततन्थोर्वन्तरिक्षं त्वं ज्योतिषा वि तमो ववर्थ ॥

ऋ. १. ९१ २२ तथा साम ।

सोम. पवते जनिता मतीनां, जनिता दिवो जनिता पृथिव्याः ।

tied the god whom he was invoking, rather than an evidence that the poet actually claimed that the god whom he was then reverencing was the superior of all others."

(The Rigveda and Vedic Religion by A C. Clayton published by the Christian Literature Society for India London & Madras 1913)

अर्थात् आधुनिक विद्वान् इस आदत को इतना उल्लेखनीय नहीं समझते जितना प्रो० मैक्समूलर ने समझा था। वे इसे कवियो की अतिशयोक्ति का एक प्रकार समझते हैं जिस से गायक जिस देवता का आवाहन करता था उसे ही बढ़ा चढा कर वर्णन करता था न कि यह इस बात का प्रमाण है (जैसा प्रो० मैक्समूलर ने बताया) कि कवि इस बात का दावा करता था कि वह जिस देव की स्तुति कर रहा था उसे ही वह सर्वोपरि समझता था। इत्यादि—

हम क्लेटन अथवा उस जैसे अन्य विद्वानों के विचार से भी सहमत नहीं है कि कवियों की अतिशयोक्ति के कारण ऐसे वर्णन पाये जाते हैं क्योंकि इन्द्र, मित्र, वरुण, अग्नि, यम, सोम आदि सब एक परमेश्वर के नाम मानने पर (जैसा कि वेदो में "एक सद्विप्रा बहुधा वदन्ति"—"एक सुपर्णं कवयो वचोभिरेक सन्त बहुधा कल्पयन्ति" यो देवानानामधा एक एव" इत्यादि मन्त्रो के द्वारा बार २ बताया गया है) कवि सुलभ अतिशयोक्ति का प्रश्न नहीं रह जाता।

भारतीय सुप्रसिद्ध योगी और विचारक श्रीयुत् अरविन्द और Rigveda Unveiled के लेखक श्री द्विजदास दत्त M A A. R. A C भूतपूर्व प्रिन्सिपल चिट गांग कालेज बगाल ने प्रो० मैक्समूलर आदि द्वारा अभिमत इस हीनोथीइज्म की ऐसी युक्ति युक्त प्रबल समालोचना की है कि हम उसके मुख्याशो को उद्धृत किये बिना नहीं रह सकते।

श्रीयुत अरविन्द द्वारा हीनोथीइज्म की आलोचना—

'Dayananda and the Veda' पर दिसम्बर १९१६ के वैदिक मैगजीन (Vedic Magazine) में लेख लिखते हुए जो पीछे से "Davananda Bankima Tilak" नामक पुस्तक में पुस्तकाकार प्रकाशित हुआ श्री अरविन्द ने लिखा—

"What is the main positive issue in this matter ? An interpretation of Veda must stand or fall by its central conception of the Vedic religion and the amount of support given to it by the intrinsic evidence of the Veda itself.

Here Dayanand's view is quite clear, its foundation inexpugnable The Vedic hymns are chanted to the One Deity under many names, names which are used and even designed to express His qualities and powers. Was this conception of Dayananda's arbitrary conceipt fetched out of his own too ingenuous imagination ?

Not at all; it is the explicit statement of the Veda it self.

One existent 'sages'—not the ignorant, mind you, but the seers, the men of knowledge—speak of in many ways, as Indra, as Yama, as Matarishwan, as Agni

'The Vedic Rishis ought surely to have known some thing about their own religion, more, let us hope than Roth or Maxmuller and this is what they knew.

We are aware haw modern scholars twist away from the evidence. This hymn, they say was a late production. This loftier idea which it expresses with so clear a force, rose up some how in the later Aryan mind or was borrowed by those ignorant fire-worshippers, sun-worshippers, sky-worshippers from their cultured and philosophic-Dravidian enemies. But through out the Veda we have confirmatory hymns and expressions. Agni or Indra or another is expressly hymned as one with all the other gods. Agni contains all other divine powers within himself, the maruts are described as all the gods. One deity is addressed by the names of others as well as his own, or most comm only, he is given as Lord and king of the universe, attributes only appropriate to the Supreme Deity. Ah, but that can not mean, ought not to mean, must not mean the worship of one; let us invent a new word, call it henotheism, and suppose that the Rishis did not really believe

elibrary.thearyasamaj.org

Indra or Agni to be the Supreme Deity, but treated any god or every god as such for the nonce, perhaps that he might feel the more flattered and lend a more gracious ear for so hyper-bolic a compliment! But Why should not the foundation of Vedic thought be natural mono theism? rather than this new fangled monstrosity of heno-theism. Well, because primitive barbarians could not possibly have risen to such high conceptions and if you allow them to have so risen you imperil our theory of the evolutionary stages of the human development and you destroy our whole idea about the sense of the Vedic hymns and their place in the history of mankind Turth must hide herself, common sense disappear from field so that a theory may flourish! I ask on this point and it is the fundamental point, who deals most straight forwardly with the text, Dayananda or the Western Scholars?

Dayananda and the Veda by Shri Aravind P. 17–18.

इस महत्त्वपूर्ण उद्धरण का तात्पर्य यह है कि 'इस विषय में सब से मुख्य विचारणीय चीज़ कौन सी है? वेदों की किसी भी व्याख्या की सफलता वा असफलता इस बात पर आश्रित है कि उस में वेद-प्रतिपादित धर्म की केन्द्रीय भावना क्या है व वेदों द्वारा प्रतिपादित प्रमाण उस भावना की कहां तक पुष्टि करते हैं। यहा पर दयानन्द के विचार अखण्डनीय हैं। उनका आधार दृढ़ एवं स्थिर है। वेदो की ऋचाओं में एक ही परम देव के अनेक नामों द्वारा गीत गाये हैं—जो उस परमदेव के अनेक गुणो व शक्तियों के प्रदर्शन के अभिप्राय से प्रयुक्त किये गये हैं। क्या दयानन्द ने अपनी पाण्डित्यपूर्ण स्वच्छन्द कल्पना से इन का प्रयोग किया? कदापि नहीं, यह तो स्वयं वेदों का स्पष्ट वचन है—

'एक सद् विप्रा बहुधा वदन्त्यग्नि यमं मातरिश्वानमाहुः'।

ऋ. १. १६४. ४६।

अर्थात् उस एक ही परमेश्वर को तत्त्वदर्शी ऋषि—ज्ञानी ऋषि—इन्द्र, अग्नि, यम, मातरिश्वा आदि अनेक नामों से पुकारते हैं। अतः हमें इतनी आशा तो अवश्य करनी चाहिये कि ऋषि, अपने धर्म के विषय में रौथ या मैक्समूलर आदि से अधिक जानते थे

और यह है सत्य जिसे वह जानते थे।

हमें यह पता है कि आधुनिक (पाश्चात्य) विद्वान् इस प्रमाण से कैसी तोड-मरोड कर बचते हैं। उन का कहना है कि इतने उन्नत विचारो वाले मन्त्र उस समय के आर्यों के विचारों में कभी नहीं आ सकते थे, जिन में इतनी दृढता के साथ एकेश्वरवाद का भाव प्रकट किया गया है। यह वाद की रचना है। यह भी सम्भव है कि यह विचार उन अज्ञानी, अग्निपूजक, सूर्यपूजक, आकाशपूजक आर्यों के मन में भी पैदा न हुआ हो अपितु इस विचार को उन्होने अपने सुसभ्य तथा दार्शनिक शत्रु द्राविडो के दर्शन से अपना लिया हो। परन्तु इस विचार के पोषक प्रमाण वेदो के समस्त स्थलों में प्राप्त होते हैं। ऋचाओं में इस प्रकार के अनेक वर्णन प्राप्त होते हैं कि अग्नि अथवा इन्द्र या अन्य देव एक ही महादेव के प्रतीक हैं। अग्नि अपने अन्दर अन्य सब देवो की शक्ति रखता है—मरुत् का सर्वदेवमय वर्णन अनेक स्थानो में उपलब्ध होता है। एक देव जहा अपने नाम द्वारा सम्बोधित होता है—वहा अन्य अनेक नामो द्वारा भी उस का आह्वान होता है। प्राय ऐसा देखा गया है कि एक एक देव को विश्व का पति या राजा मान कर उस की स्तुति आदि की गई है। उस के लिये उन सब विशेषणो का प्रयोग किया गया है जो परमदेव के लिये ही होते हैं। ओह! परन्तु ऐसा नहीं हो सकता। ऐसा अर्थ नहीं होना चाहिये। इस का अर्थ यह बिल्कुल नहीं होना चाहिये कि एक ही ईश्वर की पूजा की जाए। आओ हम इस के लिये एक नया शब्द घड लें और यह कल्पना करें कि वैदिक ऋषि वास्तव में अग्नि इन्द्र आदि को परमदेव नहीं मानते थे। किन्तु वे प्रत्येक देव को उस समय के लिये ही (जब उस की स्तुति की जा रही हो) परम देव मान लेते थे ताकि सम्भवत· वह अपनी खुशामद को पाकर इन अतिशयोक्तिपूर्ण स्तुतियों को ध्यान से सुने। परन्तु वैदिक विचार को स्वाभाविक एकेश्वरवाद क्यो न माना जाए? इस नवकल्पित हीनोथीइज्म के भूत की क्या आवश्यकता है? हा, क्योकि आदिकाल के लोग असभ्य थे और उन में इस प्रकार के विचारों का पैदा होना असम्भव था। यदि हम उन असभ्य लोगो को इतना विकसित मान लें तो विकासवाद का सिद्धान्त नष्ट-भ्रष्ट हो जाता है जिस पर पाश्चात्य विद्वानो ने ससार का अपना क्रमिक विकास घोषित किया है। सत्य को चाहिये कि वह अपने को छिपा ले, सामान्य बुद्धि भी उन के मार्ग से अलग हो जाए जिस से उन के सिद्धान्त ससार मे सफल हो सकें। यहा पर मेरा यह मूल प्रश्न है कि मूलवेद के साथ बिना किसी उलझन के सीधी और साफ तौर पर कौन चल रहा है—दयानन्द वा पाश्चात्य विद्वान्?

सुप्रसिद्ध विचारक और योगी श्री अरविन्द की हीनोथीइज्म की यह युक्तियुक्त आलोचना बहुत ही प्रभावोत्पादिनी है इस में सन्देह नहीं हो सकता।

पार्थिवो न जातो न जनिष्यते ।" अर्थात् न आकाश में और न पृथ्वी में कोई है या होगा जो तेरे समान हो। ऋषि हीनोथीइज्म को मानने वाला अथवा सीधे शब्दों में इन्द्र का एक नीच झूठा खुशामदी है अथवा सच्चा एकेश्वरवादी है जो मुहम्मद के समान ही यह घोषणा करता है कि परमेश्वर एक और अनुपम है ।इसके आगे इस मनघड़न्त वाद की विस्तृत प्रबल समालोचना करते हुये श्रीयुत् द्विज दास दत्त जी ने उन सैकड़ों मन्त्रो का निर्देश करते हुये जिन में स्पष्ट एकेश्वरवाद का प्रतिपादन है लिखा है —

We would ask the reader also to see the following passages scattered broadcast through out all the mandalas of the Rigveda.

1-21-3, 4, 5, 6, 7, 8, 9 ; 2- 3- 8, 2-12-5, 8, 9; 2 13-6; 2-16-1, 2; 2-17-5; 2-35-2, 2-38 9; 2-44 -16, 17; 3-16-2; 3-51-4; 3-53-8, 4-17-5; 4-32-7, 5-32-9; 5-40-5; 5 85-6; 6-18-2; 6-22-1; 6-30-1; 6-36-4; 6-45-2, 6-47-18, 7-23-5; 7-98-6; 8-2-4; 8-13-9, 8-15-3; 8-24-19; 8-30-10; 8-58-2; 8-70-5; 10-5-1; 10-31-7,8; 10-82-3; 8-90-2,3,4; 8-114-4; 10-121-1 2,3,8 Etc .

(Rigveda Unveiled P. 184)

यह ऋग्वेद के एकेश्वर प्रतिपादक मन्त्रों को भिन्न-भिन्न मण्डलो से एकत्रित सूची है जिसको परिश्रमी पाठक देख कर स्वय लाभ उठा सकते हैं। यह सूची इस लिये बनाई गई है कि किसी पाश्चात्य वा दूसरे विद्वान् को यह कहने का साहस न हो कि केवल ऋग्वेद के प्रथम मण्डल के १६४ वें सूक्त के दो एक मन्त्रो में अथवा १०म मण्डल के १२१ वें सूक्त के कुछ मन्त्रों में एकेश्वरवाद की कुछ झलक है जब कि अन्यत्र उस का अभाव है। इस दृष्टि से यह विस्तृत सूची महत्त्वपूर्ण है।

हीनोथीइज्म (सर्वोत्कृष्ट देवतावाद) की इस आलोचना को समाप्त करने से पूर्व एक और बात का भी निर्देश कर देना आवश्यक प्रतीत होता है जिस से हीनोथीइज्म की निस्सारता प्रकट होती है। वह यह कि, The Rigveda and Vedic Religion के लेखक A. C. Clayton ने "The nature of Vedic Gods" विषयक तृतीय अध्याय में वैदिक देवो के विषय में लिखा है -

Inspite of the many allusions to the gods, there is a great lack of clear description of the separate deities. The Vedic gods are not defined. Attributes of one are ascribed to another. Speaking generally, the person

ifications being but slightly developed, lack definiteness of outline and individuality of character The character of each god is made up of only a few essential qualities combined with many others which are common to all the gods, such as brilliance, power, beneficence, wisdom These common attributes tend to obscure those which are distinctive (quoted from macdonel's Sanskrit literature Page 69 .)

साराश यह है कि देवो का बार बार निर्देश होने पर भी उन पृथक् पृथक् देवों के स्पष्ट वर्णनो का अभाव है। वैदिक देवो का स्पष्ट चित्रण कहीं नहीं पाया जाता। एक के गुणों का दूसरे में समावेश हो जाता है। साधारणतया यह कह सकते हैं कि वैदिक देवताओं का चरित्र कुछ विशेष गुणो से मिल कर बना है जो सभी में पाये जाते हैं उदाहरणार्थ प्रकाश, शक्ति, करुणा, दयालुता, बुद्धिमत्ता इत्यादि ये सामान्य गुण उनकी विशेषताओ को ढक देते हैं इत्यादि वास्तविक बात यह है कि जिन्हे सर्वथा पृथक् स्वतन्त्र देवता समझा जा रहा है वे पृथक् पृथक् स्वतन्त्र देव हैं ही नहीं, एक ही परमेश्वर के अनेक गुण तथा शक्ति सूचक नाम हैं इसी लिये इनमें भेदक विशेष चिन्ह दिखाई नहीं देते। यह बात वैदिक एकेश्वरवाद का ही समर्थन और हीनोथीइज्म का खण्डन करने वाली है।

वैदिक देवता

अब तक इस अध्याय में जो कुछ लिखा गया है उस के साथ वैदिक देवो का बहुत कुछ सम्बन्ध है अत उन पर निष्पक्षपात भाव से विचार करना अत्यन्त आवश्यक है। इनके अर्थ और स्वरूप को न समझने से अनेक भ्रान्तिया वेद और वैदिक धर्म के विषय में उत्पन्न हो गई हैं।

"देव" शब्द की निरुक्ति —

देव शब्द दा, द्युत्, दीप् और दिवु इन धातुओ से यास्काचार्य कृत निरुक्त में बनाया गया है।

" देवो दानाद् वा दीपनाद्वा द्योतनाद् वाद्युस्थानो भवतीति वा "

यो देव. सा देवता (निरुक्ति ७. १५)

इसके अनुसार ज्ञान, प्रकाश, शान्ति, आनन्द तथा सुख देने वाली सब वस्तुओं को देव के नाम से कहा जा सकता है। इसी लिये यजु० १४।२० में कहा है कि–

अग्निर्देवता वातो देवता सूर्यो देवता चन्द्रमा देवता वसवो देवता रुद्रा देवतादित्या देवता मरुतो देवता विश्वे देवा देवता बृहस्पतिर्देवतेन्द्रो देवता वरुणो देवता ।

यजु० १४ २०

यहाँ अग्नि, वायु सूर्य, चन्द्र, वसु, रुद्र, आदित्य, इन्द्र, (विद्युत्) इत्यादि को देव के नाम से पुकारा गया है किंतु इसका यह अर्थ नहीं कि इन सब की पूजा करनी चाहियें पूजा के योग्य तो एक सर्वव्यापक, सर्वज्ञ, भगवान् ही है जैसे कि.—

य एक इत् तमु ष्टुहि कृष्टीना विचर्षणि· । पतिर्जज्ञे वृषक्रतु· ॥
ऋ० ६ । ५५ । १६

य एक इद्धव्यश्चर्षणीनामिन्द्र त गोभिरभ्यर्च आभि· ॥ ऋ० ६। २२। १

माचिदन्यद् विशंसत सखायो मा रिषण्यत ।
इन्द्रमित् स्तोता वृषण सचा सुते मुहुरुक्था च शंसत ॥ ऋ० ८। १। १

दिव्यो गन्धर्वो भुवनस्य यस्पतिरेकएव नमस्यो विक्ष्वीड्य. ॥ अथर्व २। २। १

एक एव नमस्य सुशेवा. अथर्व २। २। १

इत्यादि मन्त्रो के प्रमाणों से वैदिक एकेश्वरवाद पर विचार करते हुये दिखाया जा चुका है। देव शब्द का प्रयोग सत्यविद्या का प्रकाश करने वाले सत्यनिष्ठ विद्वानो के लिये भी होता है क्योकि वे ज्ञान का दान करते हैं और वस्तुओ के यथार्थ स्वरूप को दीपित (प्रकाशित) करते हैं। दिवु-क्रीडा विजिगीषा व्यवहारद्युतिस्तुतिमोदमदस्वप्नकातिगतिषु इस धातु से जब देव शब्द बनाया जाता है तो उस का प्रयोग, जीतने की इच्छा रखने वाले व्यक्तियो विशेषत वीर क्षत्रियो, परमेश्वर की स्तुति करने वाले तथा पदार्थो का यथार्थ रूप से वर्णन करने वाले विद्वानो (विशेषत ऋत्विजो) ज्ञान देकर मनुष्यो को आनन्दित करने वाले सच्चे ब्राह्मणो, प्रकाशक सूर्य चन्द्र अग्नि विद्युदादि वस्तुओ और कहीं-कहीं सत्यव्यवहार करने वाले वैश्यों के लिये भी हो जाता है। इस के स्पष्ट प्रमाण वेदो के अतिरिक्त ब्राह्मणग्रन्थो में भी पाये जाते हैं उदाहरणार्थ निम्न ब्राह्मण वचनों को उद्धृत करना इस प्रसग में विषय के स्पष्टीकरणार्थ आवश्यक प्रतीत होता है।

(१) विद्वासो हि देवा ॥ शत. ३ । ७ । ३ । १०

(२) द्वया वै देवा. । अहैव देवा अथ ये ब्राह्मणा
शुश्रुवासो ऽनूचानास्ते मनुष्यदेवा ॥ शत. २ । २ । २ । ६ ॥
शत ४ । ३ । ४४ । ४

(३) अथ हेते मनुष्यदेवा ये ब्राह्मणा शुश्रुवासोऽनूचानास्ते मनुष्यदेवाः ॥
षड्विंशब्राह्मणे १ । १

(४) एते वै देवा अहुतादो यद् ब्राह्मणाः ॥ गोपथ उ. १ । ६

(५) अपहतपाप्मानो देवा शत. २ । १ । ३ ।४

(६) सत्यसहिता वै देवा. ॥ ऐतरेय १ । ६

(७) सत्यमया उ देवाः ॥ कौषतकी ब्रा. २ । ८

(८) युञ्जते मन उत युञ्जते धियो विप्रा विप्रस्य बृहतो विपश्चितः ॥
यजु ११ ।४

इस मन्त्र की व्याख्या करते हुये शतपथ ६ । ३ । १ । १६ में लिखा है, प्रजापतिर्ह वैविप्रो देवा विप्रा । अर्थात् परमात्मा विप्र-सबसे बडा ज्ञानी है और ज्ञानी ब्राह्मण देव कहलाते हैं । देव शब्द के ब्राह्मणोक्त अन्य अर्थ

(९) प्राणा देवा· ॥ शत. ६। ३ । १ ।१५

(१०) तस्मात् प्राणा देवाः ॥ शत ७ । ५ । १ । २१

(११) चक्षुर्देव· ॥ गो. पू. २ । १०

मनो देव. ॥ गो. पू २ । १०

(१२) ऋतवो वै देवा· ॥ शत. ७ । २ । ४ । २६

(१३) वायुर्वै देव ॥ जैमिनीयोप ३ । ४ । ७

इत्यादि वचनों से ज्ञात होता है कि सत्यनिष्ठ विद्वानों को प्रधानतया देव नाम से कहा गया है तथा सूर्य चन्द्र वायु ऋतु इत्यादि भी प्रकाशक और लाभदायक होने से देव कहलाते हैं।

तैंतीस देव

वेदों में और तदनुसार ब्राह्मणों में अनेक स्थानों पर तैंतीस देवों का वर्णन आता है जिस के विषय में यह समझा जाता है कि इन तैंतीस देवो की पूजा का वेदों तथा ब्राह्मण-ग्रन्थों में विधान किया गया है और इसी लिये वैदिक एज् (Vedic Age)' आदि ग्रन्थों में वैदिक धर्म को अनेकेश्वरवादी (Poly-theistic) बताया गया है किन्तु इस विषय में कुछ विवेचन करने से पूर्व तैंतीस देवताओं का ब्राह्मणग्रन्थादि के आधार पर निर्देश करना आवश्यक प्रतीत होता है । उसके पश्चात् हम सप्रमाण इस बात को दिखायेंगे कि इन तैंतीस देवताओं का उस परम देव के साथ जो एकमात्र पूजनीय और देवाधिदेव, देवो का प्राण तथा देवों को अमरत्व प्रदान करने वाला है क्या सम्बन्ध है ।

तैंतीस देव स्कम्भ के अङ्ग समानः—

यस्य त्रयस्त्रिंशद् देवा अङ्गे सर्वे समाहिताः ।
स्कम्भं त ब्रूहि कतम. स्विदेव सः ॥ अ १० । ७ । १३

यस्य त्रयस्त्रिंशद्देवा निधिं रक्षन्ति सर्वदा ।
निधिं तमद्य को वेद य देवा अभिरक्षथ ॥ म. २३

यस्य त्रयस्त्रिंशद् देवा अङ्गे गात्रा विभेजिरे ।
तान् वै त्रयस्त्रिंशद् देवान् एके ब्रह्मविदो विदु. ॥ अ १० । ७ । २७

इत्यादि मन्त्रों में तैंतीस देवताओ का निर्देश करते हुये कहा है कि ये तैंतीस देव जिसके अङ्ग में समाये हुये हैं उस को स्कम्भ (सर्वाधार परमेश्वर) कहो। वही सब से अधिक सुखदाता है। ये तैंतीस देव जिस की निधि की रक्षा करते हैं उस निधि को कौन जानता है? ये देव जिस विराट् शरीर में अङ्ग के समान बने हैं उन तैंतीस देवो को ब्रह्मज्ञानी ही ठीक ठीक जानते हैं अन्य नहीं इत्यादि। ऐसे ही तैंतीस देवो का निर्देश ऋ० १। ४५। २७, ८। २८। १, ऋ ८। ३०। २ यजु. २०।३६ इत्यादि में पाया जाता है।

ब्राह्मण ग्रन्थो मे तैंतीस देवता

ब्राह्मण ग्रन्थों में अनेक स्थलों पर तैंतीस देवों का निर्देश है जिन में से निम्न लिखित विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं—

(१) त्रयस्त्रिशद् देवताः ॥ ताण्ड्य ४। ४। ११

(२) त्रयस्त्रिशद् वै देवताः ॥ कौ ८।६

(३) त्रयस्त्रिशद् वै देवाः प्रजापतिश्चतुस्त्रिंश॰। शत १२। ६।।१ ३७

(४) त्रयस्त्रिशद् देवाः प्रजापतिश्चतुस्त्रिंश.॥ ताण्ड्य १०। १। १६

इस प्रकार के वचनो में तैंतीस देवताओं और चौंतीसवें उनके नियामक तथा स्वामी प्रजापति परमेश्वर का स्पष्ट उल्लेख है। अब इन तैंतीस देवताओ की गणना को सूचित करने वाले कुछ वाक्यों को उद्धृत किया जाता है.—

अष्टौ वसवः। एकादश रुद्राः द्वादशादित्या. इमे एव द्यावापृथिवी त्रयस्त्रिंश्यौ त्रयस्त्रिशद् वै देवाः प्रजापतिश्चतुस्त्रिंश. ॥

शत ४। ५। ७। २

अर्थात् ८ वसु ११ रुद्र १२ आदित्य द्यावापृथ्वी ये तैंतीस और चौंतीसवा प्रजापति-परमेश्वर यही बात अन्य ब्राह्मण ग्रन्थों में थोडे से भेद से पाई जाती है उदाहरणार्थ —

(२) ताण्ड्य महाब्राह्मण ६। २। ५ में कहा है—

देवता वाव त्रयस्त्रिंशोऽष्ट वसव. एकादश रुद्रा द्वादशादित्या. प्रजापतिश्च वषट्कारश्च ॥

(३) ऐतरेय ब्राह्मण २। १८। ३७ तथा ३। २२ में भी ताण्ड्य महाब्राह्मण के समान वचन पाये जाते हैं.—

अष्टौ वसव. एकादश रुद्रा द्वादशादित्या प्रजापतिर्वषट्कारश्च ॥

इन दोनो में प्रजापति की गणना भी तैंतीस देवो में कर दी गई है यद्यपि ऊपर उल्लिखित वेद मन्त्रो में और शतपथ ब्राह्मण के वचनो में प्रज ' इन तैंतीस देवो से पृथक् माना गया है और वही क्रम वेदानुकूल होने से अधिक मान्य है। किन्तु यहा प्रयुक्त प्रजापति शब्द को

अर्थ यदि यज्ञ हो जैसे कि शतपथ के निम्न वचन में तेतीस देवताओ की नाम सहित गणना करते हुए बतलाया गया है तो उस में कोई आक्षेप की बात नहीं रहती। शतपथ ब्राह्मण का १४ अ ५ में इन वसुओं, रुद्रो, आदित्यों की गणना निम्न प्रकार बताई गई है —

त्रयस्त्रिंशत् त्वेव देवा इति कतमे ते त्रयस्त्रिंशत् इत्यष्टौ वसव एकादश रुद्रा, द्वादशादित्या त एकत्रिंशत् इन्द्रश्चैव प्रजापतिश्च त्रयस्त्रिंशाविति। कतमे वसव इति। अग्निश्च पृथिवी च वायुश्चान्तरिक्षं च आदित्यश्च चन्द्रमाश्च नक्षत्राणि चैते वसव. एतेषु हीद सर्वं वसु हितम्- एते हीद सर्वं वासयन्ते तद् यदिद सर्वं वासयन्ते तस्माद् वसव इति। कतमे रुद्रा इति। दशेमे पुरुषे प्राणा आत्मैकादशस्ते यदास्मान्मर्त्याच्छरीरादुत्क्रामन्ति अथ रोदयन्ति तद् यद् रोदयन्ति तस्माद् रुद्रा इति॥ कतम आदित्या इति। द्वादशमासा सवत्सरस्य एत आदित्या, एते हीद सर्वम् आददाना यन्ति तद् यदिद सर्वमाददाना यन्ति तस्मादादित्या इति। कतम इन्द्र। कतम प्रजापतिरिति स्तनयित्नुरेवेन्द्रः यज्ञ. प्रजापतिरिति॥

इसके अनुसार ८ वसु निम्नलिखित हैं —

अग्नि, पृथ्वी, वायु, अन्तरिक्ष, आकाश, सूर्य, चन्द्रमा, नक्षत्र, जगत् के बसाने के कारण इनको वसु कहते हैं।११ रुद्रों से तात्पर्य १० प्राण और ११ वें आत्मा से है क्यों कि ये शरीर से निकलते हुए प्राणियों को रुलाते हैं। १२ आदित्यो से तात्पर्य वर्ष के १२ मासो से है क्योकि ये हमारी आयु को मानो प्रति दिन ले जा रहे हैं। इस प्रकार ये ८ + ११ + १२ = ३१ हुए ३२ वा इन्द्र अर्थात् बिजली और ३३ वा प्रजापति अथवा यज्ञ ये ३३ देव हैं। जैसे हम पहले लिख चुके हैं इन तैंतीस देवों को मानने का यह तात्पर्य कदापि न समझना च हिये कि ये सब पूजनीय हैं। नहीं, पूजनीय तो वह एक मात्र परमेश्वर ही है जैसे कि इसी अध्याय में हम पहले स्पष्ट वेद मन्त्रो के आधार पर बता चुके हैं। इस प्रकार अग्नि, सूर्य, चन्द्र आदि को देव वा देवता के नाम से पुकार लेने से वैदिक धर्म अनेकेश्वरवादी वा Polytheistic नहीं कहला सकता है। Poly-theistic का अर्थ सुप्रसिद्ध Pears' Encyclopedia आदि के अनुसार Poly-theism– The Doctrine of more than One God अर्थात् एक से अधिक ईश्वर में विश्वास है जो वैदिक धर्म के सर्वथा विरुद्ध है। देवों का अधिदेव और प्राणस्वरूप वह एक परम देव ही है इसके लिये निम्न मन्त्रो का उल्लेख पर्याप्त होगा (१) ऋ २। २६। ३ में ब्रह्मणस्पति अर्थात् ज्ञान के स्वामी के नाम से भगवान् को स्मरण करते हुये उसे "देवो का पिता" इस रूप में पुकारा गया है।

स इज्जनेन स विशा स जन्मना स पुत्रैर्वाज भरते धना नृभि । देवाना यः पितरमाविवासति श्रद्धामना हविषा ब्रह्मणस्पतिम् ॥ ऋ २. २६ ३ ।

अर्थात् जो श्रद्धा से देवो के पिता वा पालक उस ज्ञान के स्वामी परमेश्वर की उपासना करता है उसका जन्म सफल हो जाता है । उसको उत्तम सन्तान, धनैश्वर्यादि की प्राप्ति होती है ।

(२) ऋ १ ३१ १ में परमेश्वर को सम्बोधन करते हुए कहा है कि—

देवो देवानामभव शिव सखा ॥

अर्थात् तू सर्वानन्द-प्रदाता, सर्वप्रकाशक, परमेश्वर सत्यनिष्ठ विद्वानो का कल्याण-कारी मित्र है ।

मन्त्र का अंग्रेजी में अनुवाद --

O God ! thou art the giver of peace and bliss to the wise and their benevolent friend.

(३) ऋ १ ६४ १३ मे परमेश्वर को सम्बोधित करते हुए कहा है—

देवो देवानामसि मित्रो अद्भुतो वसुर्वसूनामसि चारुरध्वरे ॥

अर्थात् हे परमेश्वर ! तू ही सत्यनिष्ठ विद्वानो का अद्भुत मित्र है । तू ही पृथिवी, अग्नि, सूर्य, चन्द्रादि वसुओ का वसु अथवा आधार है ।

O God, thou art wonderful friend of wise men and thou art giver of shelter to all, shining in sacrifices.

(४) ऋ ४ ३ ७ में परमेश्वर को देवो का आत्मा और सब प्रजाओं का जनिता अथवा उत्पादक कहा ह । यथा—

आत्मा देवाना जनिता प्रजानाम् ॥

यहा 'आत्मा देवानाम्' यह विशेषण महत्त्वपूर्ण है जिससे ज्ञात होता है कि देवो को शक्ति प्रदान करने वाला वह परमेश्वर ही है ।

O God, thou art the spirit pervading the enlightened persons and Father of all beings.

(५) यही बात अथर्व ७ ११ १ में भी निम्न शब्दो द्वारा प्रकट की गई है—

आत्मा देवानामुत मानुषाणाम् ॥

अर्थात् वह परमेश्वर सब सूर्य-चन्द्रादि देवो और मनुष्यो का अन्तर्यामी आत्मा है ।

(६) ऋ १० १६८. ४ में इसी बात को कितने स्पष्ट शब्दो में बताया गया है—

आत्मा देवाना भुवनस्य गर्भो यथावशं चरति देव एष. ॥

ऋ. १०. १६८ ४ ।

elibrary.thearyasamaj.org

को वै प्रजापति गोपथ उ० ६ ३) को "देवानाम् असु" अर्थात् सब देवों का प्राणस्वरूप—जीवनाधार कहा गया है।

(११) इसी सूक्त के सप्तम मन्त्र में (जिस को अर्थ-सहित एकेश्वरवाद के प्रकरण में पहले उद्धृत किया जा चुका है) उसी सुखस्वरूप प्रजापति परमेश्वर के विषय में कहा है कि—

यो देवेष्वधि देव एक आसीत् कस्मै देवाय हविषा विधेम ॥

ऋ. १० १२१. ७।

अर्थात् जो सूर्य, चन्द्र, अग्नि, विद्युत् आदि सब देवों—प्रकाशमान पदार्थों और विद्वानों का एक अधिष्ठाता देव है उस का हम श्रद्धाभक्ति-पूर्वक स्मरण करते हैं।

(१२) ऋ. १ ५०. ६ भी इस विषय में उल्लेखनीय है जहा परमेश्वर को सर्व-प्रकाशक उत्तम ज्योति के रूप में बताते हुए "देवत्रा देवम्" अर्थात् सब देवों में बडा देव—सब प्रकाशको का प्रकाशक बताया गया है। यथा—

उद् वय तमसस्परि स्वः पश्यन्त उत्तरम्।
देव देवत्रा सूर्यमगन्म ज्योतिरुत्तमम् ॥

ऋ १ ५० १०।

यहा तीन नित्य पदार्थों का स्पष्ट निर्देश है जिन्हें क्रमश. उत्, उत्तर और उत्तम कहा गया है। वे, प्रकृति जिसे जड होने के कारण तमस् के नाम से स्मरण किया गया है, आत्मा और परमात्मा, ये हैं। परमात्मा को ज्योति और देवो में उत्तम देव कहा गया है। यह बात अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। ऐसे ही मन्त्रो के भाव को ले कर श्वेताश्वतरोपनिषत् में कहा है—

तमीश्वराणा परम महेश्वरम्, त देवताना परम च दैवतम्।
पति पतीना परम पुरस्ताद् विदाम देवं भुवनेशमीड्यम्॥ श्वेता. ६ ७।

इस प्रकार देवाधिदेव के वैदिक भाव का ही उपनिषदो में समर्थन किया गया है।

(१३) दो और मन्त्रो का निर्देश कर देना देवो की स्थिति को स्पष्ट करने और उन का परमेश्वर के साथ सम्बन्ध सूचित करने के लिये आवश्यक प्रतीत होता है। उन में से प्रथम ऋग्वेद का निम्न मन्त्र है—

ऋचो अक्षरे परमे व्योमन् यस्मिन् देवा अधि विश्वे निषेदु।
यस्तं न वेद किमृचा करिष्यति य इत् तद् विदुस्त इमे समासते ॥

ऋ १. १६४. ३६।

यहा ध्यान देने योग्य जो मुख्य बात इस प्रसङ्ग में है वह यह है कि (विश्वे देवा) सब सूर्य, चन्द्र, अग्नि, विद्युदादि प्रकाशक पदार्थ और सत्यनिष्ठ विद्वान् (यस्मिन् अक्षरे

परमे वि+ओमन अधि निषेदु) जिस अविनाशी परम रक्षक परमात्मा में स्थित हैं, जो उस को नहीं जानता वह केवल वेद पढ़ कर भी क्या करेगा और जो उस परमेश्वर को जानते हैं वही शान्त हो कर बैठते हैं। यहा सब देवो को एक परमात्मा पर आश्रित बताया है यह बात वैदिक एकेश्वरवाद की दृष्टि से अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है।

(१४) दूसरे जिस मन्त्र का हम इस प्रकरण में उल्लेख करना आवश्यक समझते हैं वह अथर्ववेद का निम्न मन्त्र स्कम्भ सूक्त का है जिस में सब देवो को उस स्कम्भ (सर्वाधार परमेश्वर) के आश्रित बताया गया है। मन्त्र इस प्रकार है—

महद् यक्ष भुवनस्य मध्ये तपसि क्रान्त सलिलस्य पृष्ठे।
तस्मिन् श्रयन्ते य उ के च देवा वृक्षस्य स्कन्ध परित इव शाखा ॥

अथर्व १० ७ ३८।

यहा सारे ससार के मध्य में व्याप्त, तप अथवा ज्ञान में (यस्य ज्ञानमय तप) सब से बढ़े हुए, सलिल अथवा प्रकृति की पीठ पर अधिष्ठाता और नियामक के रूप में विद्यमान ब्रह्म को महद् यक्ष अथवा सब से बड़ा पूजनीय बता कर कहा है कि 'य उ के च देवा' जो कोई भी देव हैं वे सब (तस्मिन् श्रयन्ते) उसी एक परम पूजनीय देव के आश्रित हैं। वे इस प्रकार रहते हैं जैसे वृक्ष के स्कन्ध पर चारो ओर शाखाए होती हैं। इस सुन्दर उपमा में सब देवों का आश्रय और पूजनीय वह एक परमेश्वर ही है। यह भलीभाति प्रकट किया गया है।

इस प्रकार इन अनेक देवो का आश्रयभूत अथवा आधार वह एक परमात्मा है अत वैदिक धर्म को Poly-theism अथवा अनेकेश्वरवाद का प्रतिपादक कहना सर्वथा अशुद्ध है। पूजा के योग्य वही एक परमदेव है जैसे कि वेदों में—

'एक एव नमस्यो विक्ष्वीड्यः, एक एव नमस्य सुशेवा'

इत्यादि द्वारा बताया गया है। जिस के आधार पर शतपथ ब्राह्मण में यहा तक कह दिया गया है कि—

"स यो ऽन्या देवतामुपास्ते यथा पशुरेव स देवानाम्।"

अर्थात् जो उस एक परमदेव परमेश्वर को छोड कर अन्य किसी देवता की उपासना करता है वह विद्वानों के मध्य में पशुओं के समान है। इस से बढ़ कर अनेकेश्वरवाद का निराकरण और क्या हो सकता है ?

ऐसी अवस्था में देवाधिदेव, देवो के अधिष्ठाता और प्राणस्वरूप परमेश्वर-विषयक विचार इतने स्पष्ट रूप में वेदों में होते हुए पाश्चात्य विद्वानो का यह लिखना जैसे कि A C Clayton (ए सी क्लैटन्) ने The Rigveda and Vedic Religion में लिखा है कि—

(२) यजुर्वेद ३२ १० में परमेश्वर के विषय में कहा है कि—

स नो बन्धुर्जनिता स विधाता धामानि वेद भुवनानि विश्वा ।
यत्र देवा अमृतमानशानास्तृतीये धामन्नध्यैरयन्त ।।

यजु ३२ १० ।

अर्थात् (स) वह परमेश्वर (न बन्धु) हमारा बन्धु है । (जनिता) उत्पादक पिता है (स विधाता) वही विशेष रूप से ससार का धारण करने वाला और न्यायकारी है । (विश्वा) सब (धामानि) नाम, स्थान, जन्म और (भुवनानि) लोकों को (वेद) जानता है । (अमृतम् आनशाना देवा) अमरता व मुक्ति के आनन्द का अनुभव करने वाले ज्ञानी (यत्र) जिस (तृतीये धामन्) प्रकृति और जीव से भिन्न तीसरे नित्य और सब के धारक परमेश्वर मे (अधि ऐरयन्त) स्वतन्त्रतापूर्वक विचरण करते हैं । इस मन्त्र में जहां मुक्ति-अवस्था में भी जीवों की परमात्मा से पृथक्ता का निर्देश है वहां यह भी स्पष्ट बताया गया है कि मुक्त जीव भी उस परम देव के आश्रय से ही रहते हैं ।

(३) अथर्व० २ १ ५ में भी इस तत्त्व का निम्न मन्त्र द्वारा बडी उत्तमता से उपदेश है—

परि विश्वा भुवनान्यायमृतस्य तन्तु वितत दृशे कम् ।
यत्र देवा अमृतमानशाना. समाने योनावध्यैरयन्त ।।

अथर्व २ १ ५ ।

अर्थात् मैंने (ऋतस्य) सत्य के (वितनम्) विस्तृत (क तन्तु) सुखमय तन्तु को (दृशे) देखने के लिए (विश्वा भुवनानि परिआयम्) सब भुवनों का निरीक्षण किया (यत्र समाने योनौ) जिस समान मूलस्थान रूप परमेश्वर में (अमृतम् आनशाना. देवा) मुक्ति-सुख का अनुभव करते हुए ज्ञानी (अध्यैरयन्त) पहुचते हैं वही एक उपासनीय परम देव है ।

(४) अथर्व० ४ ११ ६ में भी इसी तत्त्व को निम्न मन्त्र द्वारा बताया गया है—

येन देवा स्वरारुहुर्हित्वा शरीरममृतस्य नाभिम् ।।

अथर्व ४. ११ ६

अर्थात् सत्यनिष्ठ विद्वान् जिस परमेश्वर की कृपा से शरीर त्याग करने के पश्चात अमृत के केन्द्र को प्राप्त करते हैं वही एक उपासनीय परम देव है ।

(५) ऋ १ ११५ १ में परमेश्वर को सब देवों का बल बताया गया है—

चित्र देवानामुदगादनीक चक्षुर्मित्रस्य वरुणस्याग्नेः ।
आप्रा द्यावापृथिवी अन्तरिक्ष सूर्य आत्मा जगतस्तस्थुषश्च ।।

अर्थात् सूर्य, चन्द्र और अग्नि इत्यादि का प्रकाशक (देवानाम् अनीकम्) सब देवो का बल परमेश्वर मेरे हृदय में प्रकाशित हुआ है। वही पृथिवी, अन्तरिक्ष, आकाश सब में परिपूर्ण और सब का पालन करने वाला है। वह स्थावर, जगम अथवा चर-अचर सारे जगत् का अन्तरात्मा सर्वप्रकाशक परमेश्वर है। यह स्पष्ट है कि यहाँ इस भौतिक सूर्य का वर्णन नहीं जैसे कि प्रो० मैक्डोनल ने Hymns from the Rigveda मे इस का अशुद्ध अनुवाद निम्न शब्दों में दिया है—

The god's refulgent countenance has risen,
The eye of Mitra, Varuna and Agni He has pervaded air, the earth and heaven. The soul of all that moves and stands is Surya.

—Hymns from the Rigveda, by Macdonell, P. 29.

मित्र का अर्थ सूर्य सुप्रसिद्ध है। स्वय डा० मैक्डोनल ने उपर्युक्त पुस्तक में मित्र के विषय में टिप्पणी करते हुए लिखा है कि—

The Vedic evidence thus indicates that mitra is a solar deity. P. 23

अर्थात् वैदिक साक्ष्य से सूचित होता है कि मित्र सूर्य-लोक से सम्बद्ध देवता है। इस मन्त्र में सूर्य को उस का प्रकाशक कहा गया है। अत. यह स्पष्ट है कि यहा भौतिक सूर्य से तात्पर्य नहीं, सूर्यों के सूर्य उत्तम ज्योति परमदेव से तात्पर्य है। वेदों की तरह ब्राह्मणग्रन्थों में भी यह वर्णन अनेक स्थानो पर पाया जाता है कि देव पहले मर्त्य अथवा मरणशील थे, और ब्रह्म-प्राप्ति से ही उन्होंने अमरता प्राप्त की। उदाहरणार्थ—

मर्त्या ह वा अग्रे देवा आसुः।
यदैव ते ब्रह्मणापुरथामृता आसुः॥

शत ११ २ ३. ६।

इस में स्पष्ट बताया गया है कि देव पहले मर्त्य अथवा मरणशील थे। जब उन को ब्रह्म की प्राप्ति हो गई तब वे अमर हो गये। तैत्तिरीय सहिता २ ३. २ १ में भी यही बात कही गई है कि—

देवा वै मृत्योरबिभयुस्ते प्रजापतिमुपाधावन्।

अर्थात् देव पहले मृत्यु से भयभीत होते थे। वे प्रजापति परमेश्वर की शरण में गये तब वे अमर बन गये।

देवता-वाचक शब्दो के अनेकार्थ

देव शब्द दा दाने और दिवु—क्रीडा विजिगीषा व्यवहार द्युतिस्तुति मोदमदस्वप्नकान्ति-

देव

१.	स्वप्रकाश. प्रकाशकरो वा प्रकाशमानः परमेश्वरः	ऋग्०	१ १ ५।
२.	दिव्यगुणसम्पन्नो विद्वान्	,,	१. ६८ १।
	दिव्यसुखदाता	,,	१. ७३. ३।
३	दिव्यप्रकाशः	,,	१ १२४. १।
४	देदीप्यमानः सूर्य.	,,	५ १ २।
५	सर्वव्यवहार-साधक.	,,	१. ३५. १०।
	सत्यन्याय कामयमानः	,,	१. १२९. ११।
	जिगीषु·	,,	१. १८८. १।
	विजयप्रदाता	,,	४. ३०. २४।
६	जीवः	यजुः०	२८ १९।
७.	सभ्यः	,,	२८ ४३।
८	रक्षकः	,,	३७. १८।
९.	कमनीयः	ऋग्०	१ १२७ १।
१०	संगमनीय.	,,	१७. ९१।

देवौ

१.	देवौ—शुभगुणान् कामयमानौ मातापितरौ		
२.	,, —दिव्यस्वरूपौ प्राणापानौ	यजुः०	३४. ५५।

देवा

१.	अध्यापकोपदेशका विद्वासः	यजुः०	२०. १४।
२	दिव्यात्मानो योगिनः	,,	१७. ७३।
३	व्यवहरमाणाः	,,	८. १८।
४.	वेदशास्त्रविदः सेनापतयः	,,	१० १८।
५.	दिव्या गुणा.—पृथिव्यादयो लोकाः	ऋग्०	१. १०५ ५।
६.	अग्न्यादयः	,,	१. २२. १६।
७	चन्द्रादयो दिव्याः पदार्था इव विद्वास.	,,	४. ९. ८।
८.	धनुर्वेदविदो विद्वांसः	यजु·०	७. २४।

elibrary.thearyasamaj.org

९	दिव्यगुणा ऋत्विज	यजु०	१७. ५२।
१०	दिव्या प्राणाः	,,	१२. २।
११	दिव्या विद्या	ऋग्०	३. ४ ११।
१२	विद्यादिशुभगुणाना दातार	,,	७ ३५ १२।
१३	चक्षुरादीनीन्द्रियाणि	,,	४० ४।
१४	विद्वास सभासद मोदका.	,,	२९ २०।
१५	न्यायाधीशा, सर्वविद्याविदः, सर्वेभ्य सुखप्रदातार, आयुर्वेदविद	,,	१० १।

सायणाचार्य, उब्बट, महीधर आदि कृत देव-शब्दार्थ

मध्यकालीन वेदभाष्यकार श्री सायणाचार्य, उब्बट, महीधर आदि यद्यपि देवो को स्वर्गलोकवासी मानते और उसी के अनुसार प्राय व्याख्या करते रहे हैं और वे महर्षि दयानन्द के समान इस शब्द की व्यापकता को नहीं समझ सके तथापि कई स्थानों पर उन्होंने भी इस देव शब्द के स्तोता, यजमान आदि परक अर्थ किये हैं। उदाहरणार्थ—

(१) त पत्नीभिरनुगच्छेम देवा पुत्रैर्भ्रातृभिरुत वा हिरण्य ।
नाक गृभ्णाना सुकृतस्य लोके तृतीये पृष्ठे अधिरोचने दिव· ॥

यजु० १५ ५०।

इस मन्त्र का भाष्य करते हुए काण्व-सहिता-भाष्य (पृ० १०४, वेंकटेश्वर प्रेस बम्बई मुद्रित) में सायणाचार्य ने लिखा है—

हे (देवा) 'ऋत्विज' सर्वे वय पत्न्यादिभि सर्वैर्मनुष्यै उत वा सर्वसाधन-द्रव्यै· सहिता तम् अग्निम् अनुगता सन्त फल प्राप्स्याम इत्याशय.।

यहा 'देवा' का अर्थ 'ऋत्विज' ऐसा ही किया गया है। उब्बट और महीधर ने भी शुक्ल यजुर्वेद के भाष्य में ऐसा ही इस का अर्थ किया है।

(२) दैव्याय धर्त्रे जोष्ट्रे देवश्री श्रीमना शतपया·।
परिगृह्य देवा यज्ञमायन् देवा देवेभ्यो अध्वर्यन्तो अस्थु ॥

यजु० १७ ५६।

इस मन्त्र का काण्व-सहिता-भाष्य में अर्थ करते हुए श्री सायणाचार्य ने 'देवा' का अर्थ दो स्थानो पर 'ऋत्विग् यजमाना' अर्थात् ऋत्विक् और यजमान किया है।

काण्व-सहिता-भाष्यम् पृ० १५३।

arsh.vedavyasamai.org

(३) एदमगन्म देवयजन पृथिव्या यत्र देवासो अजुषन्त विश्वे ।
ऋक्सामाभ्याꣳसन्तरन्तो यजुर्भी रायस्पोषेण समिषा मदेम ।।

यज० ४ १ ।

इस के काण्व-संहिता-भाष्य पृ० २९ में सायणाचार्य ने लिखा है—

अस्मिन् मन्त्रे देवशब्देन षोडश ऋत्विजो ब्राह्मणा विवक्षिता इत्येतदपि तित्तिरिरेव दर्शयति विश्वे ह्येतद् देवा जोपयन्ते ब्राह्मणा इति ।

अर्थात् देवों से तात्पर्य यहां १६ ऋत्विग् ब्राह्मणों से है ।

(४) यज्ञेन यज्ञमयजन्त देवास्तानि धर्माणि प्रथमान्यासन् ।।

ऋग्० १ १६४ ५० के भाष्य में भट्ट भास्कर ने लिखा है (देवा) 'ऋत्विज.' अर्थात् देवों का अर्थ यहां ऋत्विक् है ।

(५) स्कन्द स्वामी ने उपर्युक्त मन्त्र का अर्थ करते हुए अपने निरुक्त-भाष्य में कहा है—

(देवा) दातारो हविषा यजमाना इति

अर्थात् हवियों के देने वाले यजमान । ऐसे ही अन्य मध्यकालीन आचार्यों ने कहीं-कहीं देव शब्द के दूसरे अर्थ किये हैं किन्तु महर्षि दयानन्द के समान वैदिक शब्दों की गम्भीरता और व्यापकता को अन्य कोई आचार्य नहीं पा सके ।

देवता का अर्थ—प्रतिपाद्य विषय

यह बात भी यहां उल्लेखनीय है कि देवता का अर्थ 'मन्त्र का प्रतिपाद्य' विषय भी होता है—

यत्काम ऋषिर्यस्या देवतायामार्थपत्यम्
इच्छन् स्तुतिं प्रयुंक्ते तद्दैवतꣳ स मन्त्रो भवति ।।

निरुक्त अ० ७ १ ।

अर्थात् जिस कामना से कि मैं अमुक विषय का उपदेश करूं, ऋषि—मन्त्रद्रष्टा परमेश्वर ने जिस-जिस वस्तु का गुण-वर्णन किया है ताकि लोग उस का ठीक-ठीक प्रयोग कर के उस पर स्वामित्व वा बुद्धि द्वारा अधिकार प्राप्त कर सकें उसे उस मन्त्र का देवता कहते हैं । यही बात "या तेनोच्यते सा देवता" इन शब्दों द्वारा 'सर्वानुक्रमणी आदि में कही गई है । जिस का तात्पर्य स्पष्ट है कि मन्त्रों में प्रतिपाद्य विषय को देवता कहते हैं । देवता के इस अर्थ तथा "अचेतनान्यपि चेतनवत् स्तूयन्ते" अर्थात् अचेतन वस्तुओं नदी-पर्वत-पत्थर इत्यादि का भी काव्य-दृष्टि से चेतनवत् वर्णन वेदों में पाया जाता है इस को न समझ कर प्रो० मैक्समूलर तथा प्राय. सब पाश्चात्य विद्वानों और उन्हीं के अनुयायी अनेक भारतीय विद्वानों ने भी यह जो बात लिखी है कि श्रद्धा, अनुमति, अरमति, सूनृता, असुनीति, निर्ऋति,

(१) मर्ता अमर्त्यस्य ते भूरि नाम मनामहे। विप्रासो जातवेदसः ॥

ऋग्० ८. ११. ५।

अमर्त्यस्य—अमर, जातवेदसः—सर्वव्यापक और सर्वज्ञ ये विशेषण भौतिक अग्नि पर चरितार्थ नहीं होते किन्तु परमेश्वर पर सुगमता से हो जाते हैं।

(२) विप्रं विप्रासोऽवसे देव मर्तास ऊतये। अग्नि गीर्भिर्हवामहे ॥

ऋग्० ८ ११ ६।

यहा भी 'विप्रम्' और 'देवम्' ये विशेषण 'अग्निम्' के साथ लगे हुए हैं जो ईश्वर-परक ही हैं।

पुरुत्रा हि सदृङ्ङसि विशो विश्वा अनु प्रभुः। समत्सु त्वा हवामहे ॥

यहा भी अग्नि के लिये 'विश्वा विश प्रभुः' अर्थात् सारी प्रजाओं का स्वामी यह तथा 'सदृङ्' सर्वद्रष्टा अथवा सब को समान दृष्टि से देखने वाला ये विशेषण परमेश्वर-सूचक स्पष्ट हैं। इसी प्रकार ऋ. २ ७. ७ का निम्न मन्त्र स्पष्टतया अग्नि से परमेश्वर के ग्रहण का सूचक है:—

(४) अन्तर्ह्यग्न ईयसे विद्वान् जन्मोभया कवे। दूतो जन्येव मित्र्य. ॥

अर्थात् हे अग्ने (कवे) क्रान्तदर्शिन् सर्वज्ञ परमेश्वर! तू (उभया जन्म विद्वान्) मनुष्यों के पूर्व और अपर वर्तमान सब जन्मों को जानने वाला है, (मित्र्यः) सब का मित्र है (जन्येव दूत.) मनुष्यो के हितकारी के समान सत्य के सन्देश का (वेद द्वारा) सर्वत्र पहुचाने वाला है और (अन्तः ईयसे) सब के अन्दर विद्यमान है। यहा अग्नि से परमेश्वर के ग्रहण के प्रमाण उस के विद्वान्, कवि, जन्य आदि विशेषण हैं। सायणाचार्य ने भी (कवे) का अर्थ मेधाविन् और (विद्वान्) का अर्थ 'जानन्' ऐसा किया है किन्तु भौतिक अग्नि के साथ उसकी सगति नहीं जुडती।

(५) अग्ने नय सुपथा राये अस्मान् विश्वानि देव वयुनानि विद्वान्।
युयोध्यस्मज्जुहुराणमेनो भूयिष्ठां ते नम उक्तिं विधेम ॥

इस मन्त्र में 'अग्नि' के लिये 'विश्वानि वयुनानि विद्वान्' अर्थात् सब कर्मों को जानने वाला यह विशेषण आया है जो सर्वज्ञ परमेश्वर पर तो स्पष्टतया घट सकता है किन्तु भौतिक अग्नि पर नहीं। यह बात अत्यन्त स्पष्ट है जिसके विस्तार में जाने की आवश्यकता नही।

अग्नि के आधिभौतिक अर्थ— ब्राह्मणादि

अग्नि शब्द का आध्यात्मिक मुख्य अर्थ परमेश्वर, और दूसरा अर्थ 'अग्निनाग्नि समिध्यते कविर्गृहपतिर्युवा। ऋग्० १. १२. ६, साम० (८४८), इत्यादि में जीवात्मा है।

धिभौतिक वा सामाजिक दृष्टि से अग्नि शब्द का प्रयोग वेदो के अनेक मन्त्रों में ज्ञानी ग्रणी नेता के लिये हुआ है इसके अनेक प्रमाण उपलब्ध होते हैं जिन में से निम्नलिखित ४ प्रमाणों का उल्लेख ही पर्याप्त है।

ग्नर्ऋषिः पवमानः पाञ्चजन्य· पुरोहित·। तमीमहे महागयम् ॥ऋग्० ९ ६६ २०

इस मन्त्र में ऋषि, पवमान, पाञ्चजन्य, पुरोहित तथा महागय इन विशेषणो से ष्ट है कि यहा अग्नि शब्द भौतिक अग्नि अथवा मुख्यतया परमेश्वर वाचक नहीं, नु ज्ञानी ब्राह्मण अग्रणी वा नेता का वाचक है। तब मन्त्र का अर्थ होगा कि (अग्नि) न के समान अज्ञानान्धकार को दूर करने वाला ब्राह्मण (ऋषि) तत्त्वदर्शी वमान·) सब को पवित्र करने वाला (पाञ्चजन्य) पञ्चजन अर्थात् ब्राह्मण, क्षत्रिय, य, शूद्र, निषाद। चत्वारो वर्णा निषादपञ्चमा.—इति निरुक्ते ३ ८)।

इन सब प्रकार के मनुष्यो का हित करने वाला (पुरोहित.) सत्योपदेष्टा अग्रणी नेता है ऐसे (महागयम्) बडे भारी विद्यादि ऐश्वर्यसम्पन्न ब्राह्मण को हम सब ईमहे) चाहते हैं अथवा उस से सत्योपदेश करने की प्रार्थना करते हैं।

(२) दूसरा मन्त्र जो अत्यन्त स्पष्ट होने के कारण इस प्रकरण मे उल्लेखनीय है वह ग्० ३ १ १७ का पूर्वार्ध है जहा अग्नि को सम्बोधन करते हुए कहा गया है—

आ देवानामभव· केतुरग्ने मन्द्रो विश्वानि काव्यानि विद्वान् ॥

अर्थात् हे (अग्ने) ज्ञानी ब्राह्मण, तू (मनु) आनन्ददायक स्वभाव वाला और विश्वानि) सब (काव्यानि) वेद रूप काव्यो को (विद्वान्) जानने वाला होकर त्वानाम्) अन्य विद्वानों का (केतु.) झण्डे के समान नायक (अभव) हुआ है। ा न तो भौतिक अग्नि का ग्रहण हो सकता है जिस के लिये 'विश्वानि काव्यानि विद्वान्' शब्दों का प्रयोग नितान्त मूर्खतापूर्ण होगा और न मुख्यतया परमात्मा का, किन्तु ब्राह्मण ा का ग्रहण करने पर ही अर्थ सुसगत हो जाता है।

(३) ऋग्० ३ ६ ५ का निम्न मन्त्र भी अग्नि के ज्ञानी नेता इस अर्थ का स्पष्ट ाक है—

व्रता ते अग्ने महतो महानि तव क्रत्वा रोदसी आततन्थ।
त्व दूतो अभवो जायमान त्वं नेता वृषभ चर्षणीनाम् ॥

इस का अर्थ स्पष्ट है कि हे (अग्ने) ज्ञानी ब्राह्मण (महत ते) बडे ज्ञानादि णयुक्त तेरे (महानि व्रता) बड़े भारी कार्य हैं तू (तव क्रत्वा) अपने कर्म से रोदसी आततन्थ) दोनों लोकों में विस्तृत हो रहा है—तेरे यश का सर्वत्र विस्तार हो ा है (जायमान) प्रसिद्ध होता हुआ तू (दूत. अभवः) दूतके समान उत्तम ज्ञान का न्देश ले जाने वाला' बनता है और हे (वृषभ) सुखों की वर्षा करने वाले श्रेष्ठ ब्राह्मण (चर्षणीनाम्) मनुष्यों का (नेता) नायक है।

elibrary.thearyasamaj.org

यहा भी अग्नि के विषय में जो वर्णन है वह ज्ञानी ब्राह्मण नेता पर अच्छी तरह सगत होता है भौतिक अग्नि आदि पर नहीं।

(४) ऋग्० ३ ११ १ का निम्न मन्त्र भी इस विषय में स्पष्ट होने के कारण उल्लेखनीय है—

अग्निर्होता पुरोहितोऽध्वरस्य विचर्षणिः।
स वेद यज्ञमानुषक् ॥

इस में अग्नि के विषय में कहा गया है कि वह (१) (होता) हवनादि करने वाला है (२) वह पुरोहित अथवा हिताहित का उपदेश करने वाला है। (३) वह अहिंसात्मक शुभ कार्य का विशेष रूप से द्रष्टा अथवा प्रकाशक (अध्वरस्य विचर्षणि·) है। वह (यज्ञम् आनुषक् वेद) यज्ञ को अच्छी प्रकार से जानता है। ये विशेषण भौतिक अग्नि पर सर्वथा चरितार्थ नहीं होते। परमेश्वर पर भी वे भलीभाति लागू नहीं होते किन्तु ज्ञानी ब्राह्मण नेता अर्थ लेने पर उन की पूर्ण सगति लग जाती है, इस में सन्देह नहीं।

(५) ऋग्० ८ ४४ २१ में निम्न मन्त्र अग्नि के विषय में आया है—

अग्निः शुचिव्रततमः शुचिर्विप्रः शुचिः कवि.।
अग्नो रोचत आहुतः ॥

यहा अग्नि के विशेषण के रूप मे शुचिव्रततम, विप्र., कविः इन शब्दो का प्रयोग है जिन का अर्थ क्रमश (क) पवित्र व्रत धारण करने वालों में श्रेष्ठ (ख) ज्ञान द्वारा सब को विशेष रूप से भर देने वाला वा पालन करने वाला ब्राह्मण और (ग) कवि —क्रान्तदर्शी तत्त्वदर्शी उपदेशक यह है। इन विशेषणों से विना किसी सकोच के कहा जा सकता है कि इस प्रकार के मन्त्रो में अग्नि शब्द निस्सन्देह सच्चे ब्राह्मण नेता के लिये प्रयुक्त है न कि भौतिक अग्नि अथवा परमात्मा के लिये।

(६) ऋग्० १ १४६ ५ का अग्नि विषयक—

अय स होता यो द्विजन्मा विश्वा दधे वार्याणि श्रवस्या।
मर्तो यो अस्मै सुतुको ददाश ॥

यह मन्त्र भी अग्नि के ज्ञानी ब्राह्मण परक होने का अति स्पष्ट निर्देश, होता और द्विजन्मा शब्द के प्रयोग द्वारा करता है। मन्त्र में कहा गया है कि जो कोई (मर्तः) मनुष्य (सुतुक) उत्तम सन्तान वाला हो कर (अस्मै ददाश) इस के प्रति अपने को समर्पित कर देता है वह उस के लिये (विश्वा श्रवस्या वार्याणि दधे) सब कीर्तिवर्धक वरणीय–श्रेष्ठ ज्ञान भक्ति सदाचारादि गुणो को धारण करता वा पुष्ट करता है। इसी प्रकार अग्नि शब्द के अन्य अनेक अर्थ हैं जिन का विस्तारभय से यहा उल्लेख नहीं किया जा सकता।

इन्द्र शब्द के अनेकार्थ

अग्नि की तरह इन्द्र शब्द के भी अनेक अर्थ हैं इस में सन्देह नहीं। इदि–परमैश्वर्ये, ृ धातु से यह शब्द बनता है अत उस का मुख्यार्थ परमेश्वर है।

(क) य एकश्चर्षणीनां वसूनामिरज्यति।
इन्द्रः पच क्षितीनाम् ॥ ऋग्० १ ७ ९।
य एक इद् विदयते वसु मर्ताय दाशुषे।
ईशानो अप्रतिष्कुत इन्द्रो अङ्ग ॥ ऋग्०. १. ८४ ७।
मा चिदन्यद् विशसत सखायो मा रिषण्यत।
इन्द्रमित् स्तोता वृषण सचा सुते मुहुरुक्था च शसत ॥
ऋग्० ८ १ १।
इन्द्रो दिव इन्द्र ईशे पृथिव्या इन्द्रो अपामिन्द्र इत् पर्वतानाम्।
इन्द्रो वृधामिन्द्र इन्मेधिराणामिन्द्रः क्षेमे योगे हव्य इन्द्रः ॥
ऋग्० १० ८९ १०।

इत्यादि मन्त्रों में इन्द्र शब्द स्पष्टतया परमेश्वरवाचक है इस में सन्देह का अणुमात्र ी कारण नहीं।

इन्द्र मित्र वरुणमग्निमाहुरथो दिव्यः स सुपर्णो गरुत्मान्।
एक सद् विप्रा बहुधा वदन्त्यग्नि यम मातरिश्वानमाहुः ॥
ऋग्० १. १६४ ४६।

इत्यादि पूर्वोद्धृत मन्त्रों में इन्द्र को ईश्वरपरक ही बताया गया है। इन ऊपर के त्रों में उस इन्द्र के विषय में कहा है कि वह इन्द्र (परमेश्वर) ही समस्त मनुष्यों के श्वर्य का स्वामी है।

(ख) जो आत्मसमर्पण करने वाले भक्त को अकेला ही सब ऐश्वर्य देता है वह सब । स्वामी है जिस की गति को कोई रोक नहीं सकता।

(ग) हे मित्रो ! अन्य किसी की स्तुति मत करो और इस प्रकार दुःख मत उठाओ। ज्ञों में मिल कर उस सुख-शान्ति-वर्षक परमेश्वर की ही बार-बार स्तुति करो।

(घ) इन्द्र (परमेश्वर) ही आकाश, पृथिवी, जल, पर्वत, वृद्धिशील बुद्धिमान् मनुष्य न सब का स्वामी है। योगक्षेम के लिये इन्द्र (परमेश्वर) (इत्) ही सदा स्मरण करने ोग्य है। इत्यादि।

इन मन्त्रों में इन्द्र शब्द परमेश्वरवाचक है इस में सन्देह को अवकाश ही नहीं। ारे जगत् का कर्ता सुखवर्षक सब का स्वामी पूजनीय वह एक परमेश्वर ही उपासनीय ऐसा मन्त्रों में बताया गया है।

elibrary.thearyasamaj.org

इन्द्र क्रतु न आभर पिता पुत्रेभ्यो यथा ।
शिक्षा णो अस्मिन् पुरुहूत यामनि जीवा ज्योतिरशीमहि ॥

ऋग्० ७ ३२ ६, साम० पू ३ २. ७, अथर्व० २० ७६ १ ।

इस मन्त्र में इन्द्र के नाम से परमेश्वर को स्मरण करते हुए प्रार्थना की गई है कि हे परमेश्वर तू (न क्रतुम् आभर) हमें ज्ञान दे (पिता पुत्रेभ्य. यथा) जैसे पिता पुत्र को देता है। हे (पुरुहूत) बहुत से भक्तों द्वारा पुकारे गये प्रभो (अस्मिन् यामनि) इस मन को वश में करने के विषय में (न शिक्ष) तू हमें शिक्षा दे। हम (जीवा) जीव (ज्योति अशीमहि) ज्ञान-ज्योति को प्राप्त करें। यहा पौराणिक भाष्यकार श्री सायणाचार्य ने भी इन्द्र का अर्थ परमात्मा ही किया है और वह प्रकरणानुकूल होने के कारण बिल्कुल ठीक है। (देखो साम० पू ३. २ ७ का सायण-भाष्य (इन्द्र) परमात्मन् 'त्व कर्म स्वविषय वा ज्ञानम् अस्मभ्य प्रयच्छ' ॥)

इन्द्र का जीवात्मपरक अर्थ

इस प्रकार जहा इन्द्र शब्द का प्रयोग वेदो के अनेक मन्त्रों में परमेश्वर के अर्थ में आया है वहां दूसरे बहुत से मन्त्रो में जीव के अर्थ में भी इन्द्र शब्द का प्रयोग हुआ है।

उदाहरणार्थ निम्न मन्त्रों को देखिये—

अहमिन्द्रो न परा जिग्य इद्धन न मृत्यवे अवतस्थे कदाचन।
सोममिन्मा सुन्वन्तो याचता वसु न मे पूरव· सख्ये रिषायन ॥

ऋग्० १० ४८ ५ ।

इस मन्त्र में आत्मा की यह अपने विषय में उक्ति है कि मैं (इन्द्रः) आत्मा (धनम् न इत् पराजिग्ये) अपने ज्ञान व शक्तिरूप धन का कभी परित्याग न करूगा। मैं (मृत्यवे कदाचन न अवतस्थे) मृत्यु के अधीन कभी न होऊगा—कभी न मरूंगा। (सोम सुन्वन्त इत् वसु याचत) तुम लोग ज्ञानमय भक्तिभाव का सम्पादन करते हुए ही मुझ से ऐश्वर्य मागो (पूरव) हे मनुष्यो ! (मे सख्ये न रिषायन) मेरी मित्रता में तुम कभी दुःख न उठाओ।

आत्मा की अद्भुत शक्ति और अमरता का इस मन्त्र मे प्रतिपादन है अत यहां इन्द्र शब्द जीवात्मवाचक है इस में सन्देह नहीं।

अभीदमेक एको अस्मि निषाडभि द्वा किमु त्रय. करन्ति ।
खले न पर्षान् प्रति हन्मि भूरि कि मा निन्दन्ति शत्रवोऽनिन्द्राः ॥

ऋग्० १०. ४८. ७ ।

इस मन्त्र में भी आत्मा के मुख से कहलाया गया है कि मैं एक (कामवासना-रूप

शत्रु) का मुकाबला कर सकता हू (अभि द्वा) काम क्रोध इन दो का भी मैं मुकाबला कर सकता हू (किम् उ त्रय करन्ति) काम क्रोध लोभ ये तीन भी मेरा क्या मुकाबला कर सकते हैं ? मैं खलिहान में भूसे की तरह सब शत्रुओ को पीस डालूगा । शक्ति रूप ऐश्वर्य-रहित शत्रु मेरी क्या निन्दा करते हैं ? मैं ऐसी निन्दा से कभी प्रभावित न होऊगा ।

यहा भी इन्द्र के जीवात्मवाचक होने में कोई सन्देह नहीं हो सकता । जीवात्मा के इन्द्र होने के कारण ही आख नाक कान इत्यादि अवयव इन्द्रिया कहलाती हैं । अन्य भी अनेक मन्त्रों में इन्द्र शब्द जीवात्मवाचक है । विस्तारभय से केवल १ और अति स्पष्ट मन्त्र का उल्लेख करना पर्याप्त होगा—

प्रेह्यभीहि धृष्णुहि न ते वज्रो नियसते ।
इन्द्र नृम्ण हि ते शवो हनो वृत्र जया अपोऽर्चन्ननु स्वराज्यम् ॥

ऋग्० १. ८०. ३ ।

यहा आत्मा को सम्बोधन करते हुए कहा गया है कि हे (इन्द्र) ज्ञानाद्यैश्वर्ययुक्त जीवात्मन् ! तू आगे बढ़, अपनी शक्ति को काम मे ला । तेरे वज्र को कोई रोक नहीं सकता । तेरा बल सब को झुकाने वाला है । तू अपने वज्र का पापनाश के लिये प्रयोग कर और सत्य की धाराओं पर विजय प्राप्त कर । तू अपने स्वराज्य की भली-भाति रक्षा कर । यहां एक ओर तो इन्द्र शब्द जीवात्मा के लिये है और साथ ही वह शक्तिशाली राजा के लिये भी है, यह स्पष्ट है ।

राजवाचक इन्द्र शब्द

इन्द्र शब्द का प्रयोग वेदों के अनेक सूक्तो में राजा वा राष्ट्रपति के लिये आता है इस में भी कोई सन्देह नहीं । उदाहरणार्थ ऋग्० १० १५२ के निम्न मन्त्रों को देखिये–

स्वस्तिदा विशस्पतिर्वृत्रहा वि मृधो वशी ।
वृषेन्द्रः पुर एतु न. सोमपा अभयकर ॥ २
वि न इन्द्र मृधो जहि नीचा यच्छ पृतन्यत ।
यो अस्मा अभिदासत्यधर गमया तम· ॥ ४

ऋग्० १० १५२ २,४ ।

इन तथा सूक्त के अन्य मन्त्रों में राजा वा राष्ट्रपति के अर्थ में इन्द्र शब्द का प्रयोग इतना स्पष्ट है कि उस के लिये प्रमाण देने की कोई आवश्यकता नहीं प्रतीत होती । मन्त्रों में इन्द्र के लिये कहा है कि वह (स्वस्तिदा) कल्याण देने वाला (विशस्पति) प्रजा की रक्षा करने वाला (वृत्रहा) पाप वा पापियों का नाश करने वाला (वशी) सब को अपने वश में रखने वाला (वृषा) सुख की वर्षा करने वाला (अभयकर) निर्भयता का संचार करने वाला (न पुर एतु) हमारे सन्मुख आए । हे (इन्द्र) राष्ट्रपते हमारे

elibrary.thearyasamaj.org

हिंसकों का नाश कर दो, जो सेना लेकर हमारे ऊपर आक्रमण करते हैं उन को नीचे गिरा दो। जो हमें दास बनाना चाहते हैं उन को अन्धकार में (जेल मे) डाल दो।

त्रातारमिन्द्रमवितारमिन्द्र हवे हवे सुहव शूरमिन्द्रम्।
ह्वयामि शक्रं पुरुहूतमिन्द्र स्वस्ति नो मघवा धात्विन्द्रः॥

यजुः० २०. ५०।

इस मन्त्र में इन्द्र शब्द परमेश्वर वाचक होने के अतिरिक्त राष्ट्रपति व वीर राजा पर भी पूर्णतया चरितार्थ होता है।

रक्षक, प्रेम करने वाले, सुगमता से पुकारे जाने योग्य शक्तिशाली इन्द्र (राष्ट्रपति) को मैं पुकारता हू वह परमैश्वर्य-सम्पन्न हम सब का कल्याण करे। ऐसे ही—

महो महानि पनयन्त्यस्येन्द्रस्य कर्म सुकृता पुरूणि।
वृजनेन वृजिनान् स पिपेष मायाभिर्दस्यूरभि भूत्योजा.॥

अथर्व० २० ११ ६।

इत्यादि मन्त्रों में जिस इन्द्र की स्तुति की गई है कि वह अपनी शक्ति से पापियों को पीस डालता है और अपनी बुद्धि से सब दुष्टों का नाश कर देता है। उस के मुख्यतया राष्ट्रपति-परक होने में कोई सन्देह का कारण नहीं।

रुद्र के अनेकार्थ

इसी प्रकार सोम रुद्र इत्यादि देवताओ के विषय में भी प्रमाणपूर्वक यह दिखाया जा सकता है कि इन के आध्यात्मिक, आधिभौतिक, आधिदैविक दृष्टि से अनेक अर्थ हैं। सोम के विषय में हम पहले दिखा चुके हैं कि उस का प्रयोग वेदों में परमेश्वर, ज्ञानमय भक्तिभाव और सौम्य-स्वभाव शान्त भक्तो के लिये किया गया है। रुद्र के अनेक अर्थों का यहा अति सक्षेप से निर्देश देकर हम आगे चलेंगे। महर्षि दयानन्द ने अपने वेदभाष्य में रुद्र शब्द के ७ अर्थ दिये हैं। यथा—

१. रोदयति दुष्टान् दण्ड-प्रदानेनेति न्यायकारी परमेश्वर.—दुष्टो को दण्ड देकर रुलाने वाला न्यायकारी परमेश्वर।
२ रोदयति शत्रून् इति रुद्रो महावीर —शत्रुओ को रुलाने वाला महावीर।
३. रोदयति दुष्टान् इति रुद्रो न्यायाधीश.—दुष्टों को दण्ड देकर रुलाने वाला न्यायाधीश।
४. रोदयति धनिकान् इति रुद्रश्चौर —धनियो को रुलाने वाला चोर।
५ रुत्-ज्ञानं राति-ददातीति रुद्र.-उपदेशकः—अर्थात् ज्ञान देने वाला उपदेशक।
६ रुद्-दुःखं द्रावयतीति रुद्रो वैद्य.—दुःख को दूर करने वाला वैद्य।

७ रुद्-रोग राति-ददातीति रुद्रो रोगोत्पादक कृमि'—अर्थात् रोगोत्पादक कृमि।

वैदिक देवताओ के आध्यात्मिक, आधिभौतिक, आधिदैविक दृष्टि से अनेक अर्थ होते है इस बात को समझना वेद के सब विद्यार्थियों के लिये अत्यन्त आवश्यक है। महर्षि दयानन्द की इस बात को न समझ कर The Religion of the Rigveda के लेखक डा० ग्रिस्वोल्ड (Dr. Griswold) तथा अन्य कुछ विद्वानों ने महर्षि के वेदभाष्य और उन के द्वारा प्रतिपादित वेदों में एकेश्वरवाद की आलोचना की है। डा० ग्रिसवोल्ड ने लिखा है—

"Taking his clue from the late passages in Rigveda 1 164. 46 and 10 114. 5, priests and poets with words make into many, the bird (The Sun) that is but one, the founder of the Arya Samaj held that all the gods mentioned in the Rigveda are simply variant names for one god. This process of reduction from multiplicity to unity would have been easier if there had been no dual gods or group gods mentioned in the Rigveda. It has already been remarked that the tendency of Rigvedic poly-theism was towards unity of some sort, either mono-theistic or pantheistic. Swami Dayananda was not a pantheist In reading into the Rigveda a mono-theistic doctrine as opposed to pantheism, he virtually declared that instead of issuing in pantheism or at most in an un-stable mono-theism Vedism ought to have issued in a clear-cut and definite mono-theism. The mono-theistic interpretation of the Rigveda involved on the part of Swami Dayanand much wild and un-scientific exegesis. In this, however, we may be thankful that as between theism and Pantheism, Swami Dayanand took side of theism"

The Religion of the Rigveda,
—by Griswold P 109–110.

अर्थात् ऋग्वेद के १ १६४ ४६ (एकं सद्विप्रा बहुधा वदन्ति) और १० ११४. ५ (एक सुवर्ण कवयो वचोभिरेक सन्त बहुधा कल्पयन्ति) से संकेत पा कर आर्यसमाज के प्रवर्तक स्वामी दयानन्द ने यह विचार प्रकट किया कि ऋग्वेद में प्रतिपादित सभी देव एक

ही देव के अनेक नाम हैं। यह अनेकता से एकता की ओर परिवर्तन की प्रक्रिया सुगम हो जाती यदि दो वा अनेक देवों का ऋग्वेद में वर्णन न होता। यह पहले ही कहा जा चुका है कि ऋग्वेदीय अनेकेश्वरवाद की प्रवृत्ति किसी एक प्रकार की एकता की ओर थी चाहे यह अद्वैतवाद के रूप में हो अथवा एकेश्वरवाद के रूप में। स्वामी दयानन्द अद्वैतवादी न थे। स्वामी दयानन्द ने क्रियात्मक रूप से इस बात को बताने का यत्न किया कि वैदिकवाद अद्वैतवाद में परिणत होने के स्थान में बिलकुल स्पष्ट और निश्चित एकेश्वरवाद के रूप में परिणत हुआ। वेदो की एकेश्वरवाद-परक व्याख्या करने के लिये स्वामी दयानन्द को बहुत ही अवैज्ञानिक और जगली सी कल्पना करनी पडी। किन्तु इस बात के लिये हमे कृतज्ञ होना चाहिये कि स्वामी दयानन्द ने अद्वैतवाद और एकेश्वरवाद में से एकेश्वरवाद को ही चुना।

इस अध्याय में पहले जो अति स्पष्ट प्रमाण दिये जा चुके हैं उन से निस्सन्देह यह ज्ञात होता है कि वेदो में विशुद्ध एकेश्वरवाद का प्रतिपादन है और स्वामी दयानन्द ने ऐसा करने में कोई जगली सी अथवा अवैज्ञानिक कल्पना नहीं की। द्वन्द्व अथवा सामूहिक देवताओ के विषय में जो बात डा ग्रिसवोल्ड ने स्वामी दयानन्द के भाष्य की अनुचित समालोचना करते हुए लिखी उस का भी पूर्णतया समाधान सुगमता से हो सकता है। उदाहरणार्थ अग्नीषोमौ, इन्द्राग्नी, अश्विनौ के अनेक अर्थों का हम यहा सक्षेप से निर्देश करते हैं। अग्नीषोमौ के निम्न अर्थ हैं—

१	अध्यापकसुपरीक्षकौ	ऋग्०	१. ९३. २।
२.	अग्निजलविद्ये	,,	१. १०।
३	तेज शान्तिगुणौ	,,	६. ९।
४	अग्निचन्द्रलोकौ	,,	२ १०५।
५	शीतोष्णकारकौ जलाग्नी	,,	१ २५. ५।
६	वायुविद्युतौ	,,	१. ९२ ४।
७	प्रसिद्धौ वाय्वग्नी		
८	तेजश्चन्द्राविव विज्ञान-सौम्यगुणावध्यापक-परीक्षकौ		

इस प्रकार जब 'अग्नीषोमौ' के इतने अर्थ हैं तो द्विवचन का प्रयोग आने से एकेश्वरवाद में बाधा मान लेना लेखकों के अल्पज्ञान को ही सूचित करता है अन्य कुछ नहीं।

अग्नीषोमौ के ऐसे ही अर्थ ऐतरेय, शतपथादि ब्राह्मणो में किये गये हैं। यथा—

प्राणापानौ—अग्नीषोमौ	ऐत०	१. ८।
चक्षुषी—अग्नीषोमौ	,,	
यच्छुष्कं तदाग्नेयं यदार्द्रं तत् सौम्यम्	शत०	१ ६. ३ २३।

सूर्य एवाग्नेयः, चन्द्रमाः सौम्य अहरेवाग्नेयम्, रात्रि सौम्या शत० १ ६ ३. २४ इत्यादि

अब हम इन्द्राग्नी के अनेक अर्थों का निर्देश कर के आगे बढ़ेंगे। इस के अनेकार्थों में से निम्न का निर्देश करना ही पर्याप्त है—

१.	विद्युदग्नी—बिजली और अग्नि	यजु.०	३३. ४९,
२	सूर्याग्नी इव प्रकाशमानौ सभापति-सभासदौ	,,	७. ३१।
३	मातापितरौ	,,	१२ ५४।
४	वायु-वह्नी इव वर्तमानौ राज-प्रजाजनौ	ऋग्०	६. ५९ २।
५.	उपदेश्योपदेष्टारौ	,,	१ १०९ ८।
६	अध्यापकोपदेशकौ		

ब्राह्मण ग्रन्थादि में भी इन अनेक अर्थों का निर्देश पाया जाता है, उदाहरणार्थ निम्न वाक्यों को देख सकते हैं—

प्राणोदानौ वा इन्द्राग्नी	शत० २ ५ २ ८।
ब्रह्मक्षत्रे वा इन्द्राग्नी	कौषीतकी १२ ८।
प्राणापानौ वा एतौ देवाना यदिन्द्राग्नी	तैत्ति० १ ६ ४ ३।

अश्विनौ के अनेकार्थ

'अश्विनौ' के आध्यात्मिक, आधिभौतिक, आधिदैविक दृष्टि से अनेक अर्थ होते हैं, जिन में से निम्नलिखित निर्देश ही पर्याप्त हैं—

१	द्यावापृथिवी	यजु·	२१. ३२।
२.	प्राणापानौ	,,	२१. ६०।
३.	वायुविद्युतौ	,,	२१. ५८।
४.	वायुजले		ऋग्० १. ४४. ८।
५	वायुसूर्याविव वर्तमानौ धर्मन्यायप्रकाशकौ		
६.	सूर्यचन्द्रवत् प्रकाशमानौ	,,	७ ११।
७	सूर्यवायुसदृक्कर्मकारिणौ सभासेनेशौ		ऋग्० १ ४७ ३।
८	विद्यादाता ग्रहीतारावध्वर्यू		,, १. ३४. ४।
९	सुशिक्षितौ स्त्रीपुरुषौ	,,	३८. १२।
१०.	अध्यापकोपदेशकौ		ऋग्० ५. ७८. ३।

elibrary.thearyasamaj.org

११.	प्रकाशगुणावध्वर्यू	ऋग्०	१. २२. ३
१२	यजमानर्त्विजौ	ऋग्०	५ ७८. २

इन अर्थों के लिये ब्राह्मण-ग्रन्थों के—

इमे ह वै द्यावापृथिवी प्रत्यक्षमश्विनाविमे होदꣳसर्वमश्नुवाताम्

	शत०	४. १. ५ १६
अश्विनावध्वर्यू	"	ऐ० १ १८
श्रोत्रे अश्विनौ	"	१२ ६ १ १३
नासिके अश्विनौ	"	१२ ६ १ १४
तत् कावश्विनौ, द्यावापृथिव्यौ इत्येके अहोरात्रौ इत्येके सूर्याचन्द्रमसौ इत्येके	निरुक्ते	१२. १. १

इत्यादि प्रमाण हैं।

'अश्विनौ' का अध्यापकोपदेशकौ यह महर्षि दयानन्द न अनेक स्थानों पर अर्थ किया है। इसे कई लोग महर्षि की मनघडन्त कल्पना समझते हैं किन्तु वस्तुत ऐसा नहीं है। वेदों और ब्राह्मणग्रन्थों में इस अर्थ के लिये स्पष्ट प्रमाण और निर्देश पाये जाते हैं। उदाहरणार्थ यजु० ३. १४ मे अश्विनौ के लिये अध्वर्यू शब्द का विशेषण रूप मे प्रयोग है—

'अश्विनावध्वर्यू सादयतामिह त्वा'

ऐतरेय ब्राह्मण १. १८ शत० १. १. २. १७ गोपथ उ. २. ६ तैत्ति० ३. २. २. १ मे 'अश्विनावध्वर्यू' यह वाक्य पाया जाता है। अध्वर्यु शब्द की निरुक्ति श्री यास्काचार्य ने निरुक्त नैगमकाण्ड १. १३ में अध्वर युनक्ति, अध्वरस्य नेता अध्वर कामयत इति वा और अध्वर को अध्वर इति यज्ञ नाम ध्वरतिर्हिंसाकर्मा तत्प्रतिषेध, इस रूप में की है।

इन व्युत्पत्तियो के अनुसार हिंसारहित शुभ कार्यों को अध्वर कहते हैं और ऐसे अध्वरो की व्यवस्था करने वाले, उन के नेता या उन की कामना करने वालो को अध्वर्यु कहते हैं। ब्रह्मयज्ञ, देवयज्ञादि पाच महायज्ञो की अध्वरो में गणना सर्वसम्मत है। ब्रह्मयज्ञ से तात्पर्य सन्ध्या और अध्ययन, अध्यापन से है। अध्यापन ब्रह्मयज्ञ (मनु० ३. ७०) स्वाध्यायो वै ब्रह्मयज्ञ. शत० ११ ५. ६ २ इत्यादि से यह सर्वथा स्पष्ट है ऐसे यज्ञ के सयोजक और नेता सिवाय अध्यापक उपदेशको के और कौन हो सकते हैं इस लिये महर्षि दयानन्द का 'अश्विनौ' का 'अध्यापकोपदेशकौ' यह अर्थ करना सर्वथा उचित ही है। ऋग्० १. १२० के २ य और ३ य मन्त्र जिन में अश्विनो के लिये विद्वासो यह विशेषण है और उन से ज्ञानोपदेश की प्रार्थना की गई है अश्विनो के 'अध्यापकोपदेशकौ' इस अर्थ की पुष्टि करते हैं। यथा—

विद्वासाविद् दुर. पृच्छेदविद्वान् इत्थाऽपरो विचेता. ।
ता विद्वासा हवामहे ता नो विद्वासा मन्म वोचेतमद्य ।।

यहा कहा है कि विचेता. अविद्वान्—ज्ञान रहित अविद्वान् विद्वान् अश्वियो से सत्यभाव से जिज्ञासु बन कर प्रश्न करता है। हे विद्वान् अश्वियो ! आप विद्वानों को हम निमन्त्रित करते हैं आप हमें (अद्य) आज (मन्म) ज्ञान का (वोचेतम्) उपदेश वा प्रवचन करें। इस प्रकार अश्वियों के अध्यापकोपदेशक—परक होने में अणुमात्र भी सन्देह नहीं रहता।

अश्विनौ का अर्थ श्री यास्काचार्य ने निरुक्त में 'यद् व्यश्नुवाते सर्वम्' यह व्युत्पत्ति दे कर द्यावापृथिव्यौ, सूर्याचन्द्रमसौ, अहोरात्रौ इत्यादि किया है। विवाह-सस्कार में वर के मुख से वधू को सम्बोधन करते हुए कहा जाता है कि "द्यौरह पृथिवी त्व तावेव विवहावहै सहरेतो दधावहै।" मैं द्युलोक अथवा आकाश के समान हू और तुम पृथिवी के समान हो। हम दोनों विवाह करके सन्तानोत्पत्ति करें इत्यादि। पुरुष को सूर्य और स्त्री को चन्द्र के समान, पुरुष को दिन और स्त्री को रात्रि-सुख ददातीति रात्रि इस अर्थ को ले कर रात्रि के समान शास्त्रों में बताया गया है। इस प्रकार अश्विनौ से महर्षि दयानन्द कृत 'विद्वांसौ स्त्रीपुरुषौ' इस अर्थ की स्पष्ट पुष्टि होती है।

'मरुत' शब्द के अनेकार्थ

जहां तक बहुवचनान्त देवों का सम्बन्ध है उन में 'मरुत' की प्रधानता है अत उन के सम्बन्ध में कुछ विचार करना यहा आवश्यक प्रतीत होता है। 'मरुत' ईश्वरवाचक शब्द नहीं है। उस की 'मरुतो मितराविणो वा मितरोचिनो वा महद् द्रवन्तीति वा' इस प्रकार निरुक्त अ० ११ २ में अनेक व्युत्पत्तिया की गई हैं और निघण्टु २ १८ में मरुत इति ऋत्विङ्नामसु तथा निघण्टु १ २ में हिरण्य वा सुवर्ण के नामों में 'मरुत' का पाठ है।

ताण्ड्य महाब्राह्मण १४ १२ ६ में कहा है 'मरुतो रश्मय.' अर्थात् किरणो को मरुत कहते हैं। ऐत० ६ ३० के 'आपो वा मरुत' के अनुसार जल को भी मरुत कहते हैं।

निघण्टु ५ ५ में 'मरुत' का पाठ 'पदनामसु' है अत गमनागमन क्रिया के प्राप्त कराने वाले वायुओं (जिन्हें अग्रेजी में Monsoons के नाम से कहा जाता है) का 'मरुत' से ग्रहण है। महर्षि दयानन्द ने 'मरुत' के निम्न अर्थ अपने वेदभाष्य के अनेक स्थानों में किये हैं—

(१) वायव —मरुत इति पदनामसु निघ० ५. ५ ।
अनेन गमनागमन-क्रियाप्रापका वायवो गृह्यन्ते ऋग्० १. १५. ३ ।

	वायव इव ज्ञानयोगेन शीघ्रं गन्तारो मनुष्या·	ऋग्०	१. ८५. ६ ।
२.	सेनाध्यक्षादयः	,,	१. ३७. १२ ।
	वायुवच्छीघ्रगमनकारिणो जना	,,	१. ३८. ३ ।
	वायुवद् बलिष्ठाः	,,	१. १७२. २ ।
३.	सभाध्यक्षादयः	,,	१. ८६. ७ ।
४	उत्तमा मनुष्याः	,,	६. ६६. ८ ।
	सभ्यमनुष्याः	अथर्व०	१. ४१. ५४ ।
	धर्मप्राप्ता मनुष्याः	ऋग्०	१. ३१. १ ।
	पुरुषार्थिनो मनुष्याः	,,	५. ५४. १४ ।
	योगाभ्यासिनो व्यवहारसाधका वा जनाः	,,	१. ३८. ११ ।
	वायुविद्यावेत्तारः	,,	१. १६६. ५ ।
	शिल्पिनो मनुष्याः	,,	५. ६३. ५ ।
	परीक्षका विपश्चित.	,,	१. ८६. २ ।
५	ऋत्विजः	,,	३. ४६ ।
	विद्यावन्त ऋत्विजोऽध्यापकाः	,,	१ १०१. १ ।
६.	प्राणादयः	,,	१. ५२ ६ ।
	प्राण इव प्रियाचरणाः	,,	५. ५५. ४ ।
	प्राणा इव प्रिया विद्वासः	,,	१. ८६. १ ।
	प्राणा इव नेतार.	,,	७. ५६. १ ।
७	हिरण्यानि रूपाणि वा	यजु०	८. ३१ ।
८	विद्वांसोऽतिथयः	,,	३. ४४ ।

कई विद्वान् इस बात को स्वीकार नहीं करते कि 'मरुत.' मनुष्यवाचक है और इसे महर्षि दयानन्द की अपनी कल्पना समझते हैं किन्तु स्वय वेदों में मरुतों के लिये नरः, मर्याः, मानुषास इत्यादि का स्पष्ट प्रयोग अनेक स्थानों पर पाया जाता है, उदाहरणार्थ ऋग्० १. ३६. ३, ८ २०. १०, १. ६४. १०, १०. ८६ ८, ५ ५२ ५ में नर· शब्द का प्रयोग मरुतों के लिये पाया जाता है।

ते म आहुर्य आययुरुपद्युभिर्विभिर्मदे ।
नरः मर्या अरेपस· इमान् पश्यन्निति स्तुहि ॥

library.thearyasamaj.org

इस मन्त्र में जो 'मरुतो देवता' वाला है मरुतो के लिये मनुष्यवाचक 'नर' और मर्याः' इन शब्दों का प्रयोग है।

ऋग्० ७ ५९ १० में मरुतो को 'गृहमेधास' वा गृहस्थ कहा है।

गृहमेधास आगत मरुनो मापभूतन।
युष्माकमूती सुदानवः॥

अथर्व० ७ ७७ ३ में मरुतो के लिये 'मानुषास' शब्द का प्रयोग पाया जाता है, यथा—

सवत्सरीणा मरुत स्वर्का उरुक्षयाः सगणा मानुषास'।
ते अस्मत् पाशान् प्र मुञ्चन्त्वेनसः सांतपना मत्सरा मादयिष्णवः॥

ऋग्० ५ ५३ ३, ५ ५९ ६, ५ ६१ ४, ७ ५६ १, १० ७७ २, इत्यादि में मरुतों के लिये 'मर्या' का प्रयोग है जिस का अर्थ मरणशील मनुष्य सुप्रसिद्ध है। इस प्रकार मरुतों का श्रेष्ठ मनुष्य वाचक होना स्पष्ट है। श्री सायणाचार्य ने भी अपने ऋग्वेद भाष्य में किसी-किसी स्थान पर 'मनुष्यरूपा वा मरुत' ऐसा लिखा है। कनखल सुरतगिरि-बगलामठवासी महामण्डलेश्वर श्री स्वामी महेश्वरानन्द जी गिरि ने अथर्ववेद सहितोपनिच्छनकम् पृ० २९८ में—

ते अज्येष्ठासो अकनिष्ठास उद्भिदोऽमध्यमासो महसा वि वावृधु।
सुजातासो जनुषा पृश्निमातरो दिवो मर्या आ नो अच्छा जिगातन॥

ऋग्० ५ ५९. ६।

की व्याख्या में मरुतों का श्रेष्ठ मनुष्य परक अर्थ करते हुए लिखा है कि—

पृश्निमातर—भारतमातृभक्ताः अज्येष्ठास-अकनिष्ठास—परस्परं ज्येष्ठ-कनिष्ठभाव—उत्तमाधमभावरहिताः—सर्वप्रकारैः समाः समानवैदिकधर्मा' समानसद्भावाः मर्या'—मनुष्या सन्ति। पृ० २९८।

इस तरह मरुतों का श्रेष्ठमनुष्यवाचकत्व स्वय वेदमन्त्रों के प्रमाणो से स्पष्ट है अतः इस से एकेश्वरवाद में बाधा मानना सर्वथा असङ्गत है।

चतुर्वेदभाष्यकार सायणाचार्य ने भी अनेक स्थानों पर 'मरुत' की उत्तम पुरुष-परक व्याख्या की है। उदाहरणार्थ ऋग् ८. ८९ में निम्न दो मन्त्र आते हैं—

बृहदिन्द्राय गायत मरुतो वृत्रहन्तमम्।
येन ज्योतिरजयन् ऋतावृधो देव देवाय जागृवि॥

म० १।

प्र व इन्द्राय बृहते मरुतो ब्रह्मार्चत ।
वृत्रं हनति वृत्रहा शतक्रतुर्वज्रेण शतपर्वणा ।।

म० ३ ।

इन की व्याख्या में श्री सायणाचार्य ने 'मरुत' का अर्थ—

हे मरुतः रु शब्दे मित रुवन्तीति मरुतः हे मितभाषिणः स्तोतारः म० १

हे (मरुत.) मितराविण स्तोतार. (बृहते) महते (व) स्तुत्यस्तोतृत्व-लक्षणेन सम्बन्धेन युष्मदीयाय इन्द्राय (ब्रह्म) सामलक्षण स्तोत्र (प्रार्चत) प्रोच्चारयत (तिलक सस्थान स० पृ० ८९९) म० २

इस रूप मे किया है । मित भाषण करने वाले स्तोता या भक्त पुरुष । उन को सम्बोधन करते हुए मन्त्रो मे कहा गया है कि तुम्हारे लिये स्तुति करने योग्य जो महान् परमेश्वर है उस की तुम मन्त्रो से स्तुति करो । यही दोनो मन्त्र सामवेद के ऐन्द्र पर्व अ० ३ ख० ३ मे भी आये हैं । प्र व इन्द्राय बृहते की मन्त्रसख्या २५७ और बृहदिन्द्राय गायत की २५८ है । इन दोनो स्थानो पर भी श्री सायणाचार्य ने ऋग्वेद-भाष्य के समान ही मितभाषिण. स्तोतार तथा मितराविणः स्तोतारः अर्थात् मित-भाषी स्तोता वा भक्त ऐसा ही अर्थ किया है जिस का आधार स्पष्टतया निरुक्त की 'मितराविण' इस व्युत्पत्ति पर है ।

(सायणाचार्यकत सामवेदभाष्य श्री जीवानन्द विद्यासागर द्वारा सम्पादित सन् १८९२ कलकत्ता पृ० १३५)

सायणाचार्य से बहुत पूर्व के सामवेद-भाष्यकार नारायण-पुत्र माधव ने भी (जिस का काल षष्ठ शताब्दी माना जाता है) इन दोनो मन्त्रों के भाष्य मे 'मरुत.' पद को मनुष्यपरक व्याख्या की है यथा 'प्र व इन्द्राय बृहते' के भाष्य में हे (मरुत) मदीया ऋत्विज ।

बृहदिन्द्राय गायत मरुतो वृत्रहन्तमम्, के भाष्य में भरत स्वामी ने 'मरुत.' का अर्थ 'मरुतः—स्तोतार' महत् रुवन्तीति मरुतः' इस व्युत्पत्ति को देकर किया है ।

देखो 'सामवेदसहिता-माधवभरत-स्वामिभाष्यसहिता डा० फुन्नन्राजसम्पादिता एंड्यार् १९४१ पृ०१८९-१९० ।

यजु.० २०. ३० में भी 'बृहदिन्द्राय गायत मरुतो वृत्रहन्तमम्, यह मन्त्र आया है । उस के भाष्य मे उव्वट और महीधर दोनों भाष्यकारो ने मरुतः का ऋत्विक्परक अर्थ किया है, यथा—

उव्वट ने लिखा है हे (मरुत) 'ऋत्विजो वा मरुत.' ।

महीधर ने लिखा है हे (मरुत.) ऋत्विज', देखो 'शुक्ल-यजुर्वेद-सहिता उव्वट-

महीधर-भाष्य-सवलिता निर्णयसागर पृ० ३६० ,३६१ ।

प्रो० मैक्समूलर और मरुत

यद्यपि प्रो० मैक्समूलर ने Vedic Hymns में 'मरुत' विषयक सूक्तों का अनुवाद करते हुए उन का अर्थ Storm Gods किया है तथापि उन्हें उन के लिये प्रयुक्त 'नर' इत्यादि शब्दों को देख कर कई जगह मनुष्यपरक अर्थ करने को विवश होना पड़ा है। उदाहरणार्थ—

परा ह यत् स्थिरं ह थ नरो वर्तयथा गुरु ।

ऋग्० १. ३६ ३ का अर्थ प्रो० मैक्समूलर ने इन शब्दों में किया है—

When ye over throw what is firm, 'O ye men'

Vedic Hymns P 97.

अर्थात् हे मनुष्यो ! तुम जब दृढ़ को भी हिला देते हो इत्यादि—

शूरा इवेद् युयुधो न जग्मयः श्रवस्यवो न पृतनासु येतिरे ।
भयन्ते विश्वा भुवना मरुद्भ्यो राजान इव त्वेषसन्दृशो नरः ॥

ऋग्० १. ८५ ८ ।

इस के अर्थ में प्रो० मैक्समूलर ने लिखा है —

All beings are afraid of the Maruts. They are men terrible to behold like Kings. Vedic Hymns P. 127

अर्थात् सब प्राणी मरुतो से डरते हैं। वे राजाओं की तरह देखने में भयङ्कर-तेजस्वी हैं। यहा मरुतों का मनुष्यपरक अथ स्पष्ट है। मूल में 'नर.' का मरुतों के लिये प्रयोग है जिस का प्रो० मैक्समूलर का 'men' यह अर्थ करना सर्वथा उचित ही है।

यस्य वा यूय प्रति वाजिनो नर आहव्या वीतये गथ ।
अभिषु द्युम्नैरुत वाजसातिभि. सुम्ना वो धूतयो नशत् ॥

ऋग्० ८. २०. १६ ।

इस का अर्थ करते हुए प्रो० मैक्समूलर ने लिखा है—

He Oh men, whose libations ye went to enjoy, that mighty one, o shakers, will obtain your favours with brilliant riches. etc. Vedic Hymns P. 40.

यहां भी मरुतो के लिये मन्त्र में 'नर' का प्रयोग है अतः प्रो० मैक्समूलर को अपने पक्षपातपूर्ण विचारानुसार शीर्षकरूप में मरुत. To the Maruts (Storm Gods) लिखते हुए भी नीचे नर का अर्थ 'Oh men' करने को विवश होना पड़ा है।

ऐसे ही अन्य अनेक उदाहरण हैं जिन का विस्तारभय से उल्लेख अनावश्यक है ।

elibrary.thearyasamaj.org

विस्तारभय से अभी देवताविषयक इतने निर्देश ही पर्याप्त हैं। इतने लेख से यह स्पष्ट है कि वेद में यद्यपि अनेक देवताओं का वर्णन है और आध्यात्मिक, आधिभौतिक, आधिदैविक दृष्टि से उन के अनेक अर्थ हैं तथापि वेदों के अनुसार उपास्य देव सर्वव्यापक, सर्वज्ञ, सर्वशक्तिमान् एक परमेश्वर ही है और अनेक देवों का प्रतिपादन विशुद्ध एकेश्वरवाद में बाधक नहीं, जैसा कि भ्रान्तिवश प्रायः समझ लिया जाता है।

वेद अद्वैतवाद के प्रतिपादक नहीं

इस प्रसङ्ग में इस बात का स्पष्टीकरण भी आवश्यक है कि वेदों में एकेश्वरवाद का प्रतिपादन है अद्वैतवाद का नहीं। इस विषय में निम्नलिखित मन्त्र अतिस्पष्ट होने के कारण यहां उल्लेखनीय हैं।

(१) द्वा सुपर्णा सयुजा सखाया समानं वृक्ष परिषस्वजाते।
तयोरन्यः पिप्पल स्वाद्वत्यनश्नन्नन्यो अभि चाकशीति॥

ऋग्० १ १६४ २०।

इस मन्त्र में बताया गया है कि जीवात्मा और परमात्मारूप दो पक्षी हैं जो दोनों चेतन होने से परस्पर सखा (मित्र) हैं और (सयुजा) साथी हैं। वे दोनों नित्य और अनादि होने से समान प्रकृति रूपी वृक्ष पर मानो स्थित हैं। उन में से एक कर्मफल का भोग करता है और (अन्यः) दूसरा—परमेश्वर (अनश्नन्) कर्मफल का भोग न करता हुआ (अभिचाकशीति) सर्वज्ञ होने से द्रष्टा बन कर देखता रहता है।

यहां जीवेश्वर-भेद इतनी स्पष्टतया वर्णित है कि लाख यत्न करने पर भी उस का अपलाप नहीं किया जा सकता।

उपनिषदों में अनेक स्थानों पर वेदमन्त्रों की व्याख्या है, अथवा वैदिक भावों को दूसरे स्पष्ट शब्दों में प्रकट किया गया है। इस मन्त्र की व्याख्या निम्नलिखित मुण्डकोपनिषत् के ३ १ २ के वचन में की गई है—

समाने वृक्षे पुरुषो निमग्नोऽनीशया शोचति मुह्यमानः।
जुष्टं यदा पश्यत्यन्यमीशमस्य महिमानमिति वीतशोकः॥

मु० उ० ३ १ २।

अर्थात् पुरुष (जीवात्मा) नित्य और अनादि होने से समान प्रकृति रूपी वृक्ष में निमग्न (फंसा) हुआ अपने स्वामित्व को खो कर शोक मोह ग्रस्त हो जाता है। किन्तु जब वह (जुष्टम्) प्रेमयुक्त सेवनीय (अन्यम्) अपने से भिन्न (ईशम्) स्वामी परमेश्वर को (पश्यति) देखता है और (अस्य महिमानम्) इस अपने स्वामी की महिमा का सर्वत्र दर्शन करता है तो (इति) इस प्रकार वह वीतशोक अर्थात् शोक रहित हो जाता है।

इस उपनिषत् के वचन को ध्यान में रखते हुए और साथ ही उपर्युक्त मन्त्र के प्रकरण को देखते हुए यह निस्सन्देह कहा जा सकता है कि 'द्वा सुपर्णा' से तात्पर्य जीवात्मा, परमात्मा का है न कि बुद्धि और जीव का।

(२) दूसरा मन्त्र जिस का निर्देश करना यहा हमें अत्यावश्यक प्रतीत होता है जो ऋग्वेद १० ८२ ६ अथवा यजु० १७. ३१ का है जिस में कहा है—

न त विदाथ य इमा जजानान्यद् युष्माकमन्तर बभूव।
नीहारेण प्रावृता जल्प्या चासुतृप उक्थशासश्चरन्ति॥

इस में मनुष्यों को सम्बोधन करते हुए कहा गया है कि हे मनुष्यो! तुम (तम्) उस परमेश्वर को (न विदाथ) नहीं जानते हो (य) जो (इमा जजान) इन सब वस्तुओं और लोकों का बनाने वाला है (अन्यत्) वह ब्रह्म तुम से भिन्न किन्तु (युष्माकम् अन्तर बभूव) तुम्हारे अन्दर विद्यमान है। अज्ञान रूप कुहरे से तुम आवृत हो, व्यर्थ बातचीत वा बकवास में समय नष्ट करने वाले, केवल अपने प्राणों को तृप्त करने वाले स्वार्थी तथा वेद वा ईश्वर का केवल नाम लेने वाले किन्तु तदनुसार काम न करने वाले हो इस लिये तुम उस परमेश्वर को नहीं जानते। यहा भी जीवेश्वर-भेद का अति स्पष्ट शब्दो में प्रतिपादन है। ब्रह्म सब जीवो के अन्दर विद्यमान है किन्तु है वह उन से (अन्यत्) भिन्न। इसी बात को शतपथब्राह्मण में निम्न शब्दों द्वारा अन्तर्यामिप्रकरण में कहा गया है—

य आत्मान तिष्ठन्नात्मनोऽन्तरो यमात्मा न वेद यस्यात्मा शरीरम्।
य आत्मनि तिष्ठन्नन्तरो यमयत्येष त आत्माऽन्तर्याम्यमृतः॥

शत० १४ ६ ७, अच्युताश्रम सस्करण २ य खण्ड पृ० १४।

अर्थात् जो आत्मा के अन्दर स्थित होता हुआ भी आत्मा से पृथक् है। जिस को अज्ञानी आत्मा नहीं जानता, आत्मा जिस के शरीर के समान है, आत्मा के अन्दर स्थिर होकर जो आत्मा का नियमन करता है वह तेरा अन्तर्यामी आत्मा परमेश्वर है। इस से बढ़ कर जीवेश्वर-भेद अथवा द्वैत का प्रतिपादन और क्या हो सकता है?

(३) तीसरा मन्त्र जिसका हम इस प्रसङ्ग में अत्यन्त स्पष्ट होने के कारण उल्लेख करना चाहते हैं वह निम्न है—

युञ्जते मन उत युञ्जते धियो विप्रा विप्रस्य बृहतो विपश्चितः।
वि होत्रा दधे वयुनाविदेक इन्महो देवस्य सवितु परिष्टुतिः॥

यजु० ११. ४।

अर्थात् (विपश्चितः विप्राः) ज्ञानी, सुख से सब को विशेष रूप से भरपूर कर देने वाले विद्वान् अपनेमन और बुद्धि को (बृहतः विपश्चितः) सब से महान ज्ञानी परमेश्वर

के अन्दर (युञ्जते) जोड देते हैं। वह (एक इत्) अकेला ही (वयुनावित्) सब कर्मों का जानने वाला सर्वज्ञ हो कर (होत्रा विदधे) सब पदार्थों को विशेष रूप से धारण करता है उस (सवितु. देवस्य) सर्वोत्पादक परमेश्वर की (महीं परिष्टुति) बडी भारी स्तुति या महिमा है।

यहा भी जीवेश्वर-भेद स्पष्टतया प्रतिपादित है। एक बृहत् विपश्चित्—बडा सर्वज्ञ परमेश्वर है जिस से भिन्न ज्ञानी लोग उसके साथ अपने मन और बुद्धि का योग करते है ताकि उन्हें भी ज्ञान की प्राप्ति हो जाए। वह सर्वज्ञ देव एक है जब कि अल्पज्ञ जीव अनेक हैं।

(४) निम्न मन्त्र भी जीवेश्वर-भेद का प्रार्थना रूप में अत्युत्तम निर्देश करता है—

इन्द्र क्रतुं न आभर पिता पुत्रेभ्यो यथा।
शिक्षा णो अस्मिन् पुरुहूत यामनि जीवा ज्योतिरशीमहि ॥

ऋग्० ७ ३२. २६। साम० पू० ३. २ ७। अथर्व० २० ७६ १।

अर्थात् हे (इन्द्र) परमेश्वर (न. क्रतु भर) हमें ज्ञान दे (यथा पिता पुत्रेभ्य) जिस प्रकार पिता पुत्रो को ज्ञान देता है। हे (पुरुहूत) बहुत से भक्तो द्वारा पुकारे गये परमेश्वर (अस्मिन्) इस मन को रोकने के कार्य अथवा धर्ममार्ग में (न शिक्षा) हमें शिक्षा दे। हम (जीवा) जीव (ज्योति अशीमहि) ज्योति प्राप्त करें।

यहा यह स्पष्ट है कि वह पिता एक है जो परमेश्वर है और हम पुत्र अनेक हैं। वह सर्वज्ञ है हम अल्पज्ञ हैं अत उसी से हम ज्ञान की प्रार्थना करते हैं। हम जीव अनेक हैं और हमें ज्योति की आवश्यकता है, अत. उस ज्योतिर्मय से हम ज्योति के लिये प्रार्थना करते हैं। इतने स्पष्ट शब्दो मे जीवेश्वर-भेद का प्रतिपादन होने पर भी यह कहना कि वेद अद्वैतवाद का प्रतिपादन करते हैं कितना अशुद्ध है ?

(५) पचम मन्त्र जिस का इस प्रसङ्ग में हम अत्यन्त स्पष्ट होने के कारण उल्लेख करना चाहते हैं, निम्नलिखित है—

इमे त इन्द्र ते वय पुरुष्टुत ये त्वारभ्य चरामसि प्रभूवसो।
नहि त्वदन्यो गिर्वणो गिर सघत् क्षोणीरिव प्रति नो हर्य तद् वचः ॥

ऋग्० १. ५७ ४। साम० ३७३। अथर्व २०. १५. ४।

अर्थात् हे (पुरुष्टुत) बहुत से भक्तों द्वारा स्तुति किये गये (इन्द्र) परमेश्वर (इमे वयम्) ये हम (ते) तेरे हैं (ते) तेरे ही हैं (ये) जो (त्वारभ्य चरामसि) तेरा नाम ले कर जगत् में विचरण करते हैं। हे (प्रभूवसो) अनन्तैश्वर्यसम्पन्न प्रभो ! (त्वत् अन्य) तेरे से अतिरिक्त कोई (नः गिरः) हमारी वाणियों को (न सघत्) नहीं सुनता तू हमारी वाणियो को पक्षियो की तरह अपनी ओर आकृष्ट कर।

प्र घान्वस्य महतो महानि, सत्या सत्यस्य करणानि वोचम् ।।

ऋग्० २. १५ १ ।

अर्थात् (अस्य महत. सत्यस्य) इस महान् सत्यस्वरूप परमेश्वर के (करणानि) कार्य भी (महानि घ सत्या) महान् और सत्य हैं यह मैं (प्र अनुवोचम्) प्रकृष्टता से-स्पष्टतया वेदों के अनुसार कथन करता हू ।

ऋग्० ४. १७ ६ में इसी बात को स्पष्टतया बताया गया है कि—

सत्रा सोमा अभवन्नस्य विश्वे सत्रा मदासो बृहतो मदिष्ठाः ।।

अर्थात् (अस्य) इस परमेश्वर के (विश्वे सोमा·) सब उत्पादित पदार्थ (सत्रा अभवन्) सत्य हैं-वास्तविक हैं, सत्रा इति सत्यनाम निघ० ३ १० (अस्य बृहत.) इस महान् जगदीश्वर के (मदास.) आनन्द (मदिष्ठा) अत्यन्त अधिक मस्त बनाने वाले हैं। ऋग्० १० ५५ ६ में भी कहा है कि—

यच्चिकेत सत्यमित् तन्न मोघ वसु स्पार्हमुत जेतोत दाता ।।

अर्थात् वह परमेश्वर (यत्) जिस पदार्थसमूह वा जगत् को (चिकेत) सम्पूर्णतया जानता है वह (सत्यम् इत्) सत्य ही है (न मोघम्) व्यर्थ वा असत्य नहीं है। वह परमात्मा (स्पार्हम् वसु) वाञ्छनीय उत्तम ऐश्वर्य को (जेता उत दाता) जीतने और देने वाला है। इस प्रकार यह स्पष्ट है कि जगत् को मिथ्या वा असत्य मानने का सिद्धान्त सवथा वेदविरुद्ध हैं।

यजुर्वेद ४० ८ में जगत् की यथार्थता का स्पष्ट निर्देश किया गया है कि—

कविर्मनीषी परिभू स्वयम्भूर्याथातथ्यतोऽर्थान् व्यदधाच्छाश्वतीभ्य· समाभ्यः ।

अर्थात् उस सर्वज्ञ मन के साक्षी, सर्वव्यापक, स्वयसिद्ध भगवान् ने (शाश्वतीभ्यः) नित्य जीवरूप प्रजाओं के लिये (याथातथ्यत.) यथार्थ वा सत्य रूप से (अर्थान् व्यदधात्) पदार्थों को बनाया और वेदों के द्वारा उन का यथार्थ उपदेश किया।

यह जगत् न केवल सत्य किन्तु परमेश्वर से पृथक् है इस बात को अनेक वेद-मन्त्रो में बताया गया है। उदाहरणार्थ, ऋग्० १ ४ १४ में कहा है—

न यस्य द्यावापृथिवी अनुव्यचो न सिन्धवो रजसो अन्तमानशुः ।
नोत स्ववृष्टि मदे अस्य युध्यत एको अन्यच्चकृषे विश्वमानुषक् ।।

इस मन्त्र में यह बताते हुए कि परमेश्वर की महिमा का कोई पार नहीं पा सकता, पृथिवी, आकाश, समुद्र और लोक-लोकान्तर उस की महिमा के एक अश को ही हमारे सम्मुख प्रकट करते हैं। अन्तिम चरण में कहा है कि वह परमेश्वर (एक·) एक ही है

और वह अपने से (अन्यत्) भिन्न इस (विश्वम्) जगत् को (चक्रुषे) बनाता है पर (आनुषक्) सर्वव्यापक होने से इस जगत् में वह सदा विद्यमान रहता है। कोई पदार्थ ऐसा नहीं जहां वह न हो। इस प्रकार जगत् की परमेश्वर से पृथक् सत्ता का मन्त्र में स्पष्ट प्रतिपादन है। इसी प्रकार ऋग्० १. १५१. १ तथा सामवेद म० १७५८ (उत्तरार्चिक अ० १९ ख० ५ म० ४) में निम्न मन्त्र आया है जिस में जगत् को ब्रह्म से पृथक् तथा उस भगवान् को जगत्कर्ता कहा गया है। मन्त्रखण्ड इस प्रकार है—

प्रासावीद् देवः सविता जगत् पृथक् ॥

अर्थात् उस सविता—सर्वोत्पादक परमेश्वर ने (पृथक् जगत्) संसार को जो उस से भिन्न है (प्रासावीत्) बनाया है।

यहां भी जगत् को स्पष्टतया परमेश्वर से पृथक् बताया गया है अतः—

"ब्रह्म सत्य जगन्मिथ्या"

इस नवीन-वेदान्त-सम्मत सिद्धान्त को वेदानुकूल नहीं कह सकते यह स्पष्ट है।

(१३) यजुर्वेद अ० ४०. १७ का उत्तरार्ध भी जीवेश्वर-भेद के लिये उल्लेखनीय है। जिस में कहा है—

ओ३म् क्रतो स्मर क्लिबे स्मर कृत स्मर ॥

अर्थात् हे (क्रतो) कर्मशील जीव तू (ओ३म् स्मर) ओ३म् पदवाच्य सर्वरक्षक परमेश्वर का सदा स्मरण कर (क्लिबे स्मर) अपनी निर्बलता को दूर करने और बल की प्राप्ति के लिये उस सर्वशक्तिमान् को याद कर और साथ ही (कृत स्मर) अपने किये हुए कामों को याद कर जिस से आत्मनिरीक्षण करते हुए तू उन्नत होता जाय।

यहां भी परमेश्वर और जीव का सम्बन्ध उपास्य-उपासक का बताया गया है।

(१४) ऋग्० ८ ३२. ७ और साम० २३० (पूर्वार्चिक अ० २ ख० १२ म० ८) में निम्न मन्त्र है जो जीवेश्वर-भेद का स्पष्ट द्योतक है—

वयं घा ते अपि स्मसि स्तोतार इन्द्र गिर्वणः ।
त्वं नो जिन्व सोमपाः ॥

अर्थात् हे (गिर्वणः इन्द्र) वाणी द्वारा सेवनीय परमेश्वर (वयम्) हम (स्तोतारः) स्तुति करने वाले भक्त (अपि) भी (ते स्मसि) तेरे ही हैं। (सोमपाः) हमारे भक्तिरस का प्रेम से पान करने वाला (त्वम्) तू (नः) हमें (जिन्व) तृप्त कर। यहां प्रभु को स्वामी और आधार तथा जीवों को उस का सेवक और तदाश्रित बताया गया है।

ऐसे ही सैकड़ों जीवेश्वर-प्रकृति-भेद सूचक मन्त्रों को उद्धृत किया जा सकता है किन्तु विस्तारभय से ऐसा करना सम्भव नहीं।

elibrary.dharmayatanmaj.org

(१५) तथापि अथर्ववेद के निम्नलिखित मन्त्र को उद्धृत किये बिना हम नहीं रह सकते, जिस में ब्रह्म, जीव और प्रकृति की पृथक् सत्ता का काव्यमय भाषा में प्रतिपादन है। मन्त्र निम्नलिखित है—

बालादेकमणीयस्कम्, उतैक नेव दृश्यते।
ततः परिष्वजीयसी देवता सा मम प्रिया॥

अथर्व० १० ८ २५।

अर्थात् तीन अनादि पदार्थ हैं उन में से (एकम्) एक जीव (बालात् अणीयस्कम्) बाल से भी सूक्ष्म है (उत) और (एकम्) प्रकृति-रूप नित्य पदार्थ (न इव दृश्यते) अव्यक्त वा सूक्ष्म होने से नहीं दिखाई देता। इन दोनों को भी अन्तर्यामिरूप से (परिष्वजीयसी) मानो आलिङ्गन करने वाली जो (देवता) देवता है (सा मम प्रिया) वही परमेश्वर रूप देवता मुझे सब से अधिक प्रिय है। इस प्रकार ब्रह्म जीव प्रकृति का स्पष्ट निर्देश इस मन्त्र में पाया जाता है।

क्या नासदीय सूक्त अद्वैतवाद का समर्थक है ?

अद्वैतवाद के समर्थक विद्वान् यह कहते हैं कि ऋग्वेद के अन्तिम मण्डल के सूक्तों विशेषतः नासदीय सूक्त (ऋग्० १० १२९) में अद्वैतवाद का प्रतिपादन है। प्रो० मैक्समूलर ने Six Systems of Philosophy में इस सूक्त का निर्देश करते हुए लिखा है—

Mono-theism and Monism—All these tendencies worked to-gether in one direction and made some of the Vedic poets see more or less distinctly that the idea of God if once clearly perceived, included the ideas of being One and without an equal. They thus arrived at the conviction that above the great multitude of gods, there must be one Supreme Personality and after a time they declared that there was behind all the gods that One (Tad Ekam) of which the gods were but various names.

—Indian Philosophy by Prof. Max Muller Vol I, P. 39

इस का सारांश यह है कि इन सब प्रवृत्तियों ने मिल कर एक दिशा में कार्य किया और कई वैदिक ऋषियों को इस बात का स्पष्टतया अनुभव कराया कि ईश्वर-विषयक विचार यदि स्पष्ट हो जाए तो उस में उस के एक और अनुपम होने का भाव समाविष्ट होता है। इस लिये वे इस परिणाम पर पहुचे कि अनेक देवों के ऊपर एक देवाधिदेव है

और कुछ समय के पश्चात् उन्होंने इस बात की घोषणा की कि सब देवों के पीछे एक सत् है जिसे 'तदेकम्' कहा गया है और सब देव उस एक ब्रह्म के ही भिन्न-भिन्न नाम हैं।

इस के लिये प्रो० मैक्समूलर ने ऋग्० १ १६४. ४६ के एक सविप्रा बहुधा वदन्त्यग्नि यम मातरिश्वानमाहु को उद्धृत करते हुए उस का अनुवाद निम्न शब्दो में दिया है—

The sages call that One in many ways; they call it Agni, Yama, Matarishvan

अर्थात् ज्ञानी उस एक को अनेक प्रकारो से पुकारते हैं। उसे ही वे अग्नि, यम, मातरिश्वा आदि नामो से याद करते हैं। इस के पश्चात् नासदीय सूक्त के मन्त्र २ के 'आनीदवात स्वधया तदेक तस्माद्धान्यन्न पर किंचनास' इस भाग को उद्धृत कर के उस का That One breathed breathlessly by itself, other than it, there nothing since has been.

प्रो० मैक्समूलर ने टिप्पणी की—

The former thought led by itself to a mono-theistic religion, the latter, as we shall see, to a monistic philosophy. —Indian Philosophy, Vol 1, P 40

अर्थात् पूर्वनिर्दिष्ट विचार से एकेश्वरवादी धर्म का सूत्रपात हुआ और नासदीय-सूक्त में दिये विचार से जैसे कि हम देखेंगे अद्वैतवाद का जन्म हुआ। 'Vedic Age' में भी Religion and Philosophy शीर्षक के १८ वें अध्याय में इसी विचार को प्रकट किया गया है कि—

It has been generally held that the Rigvedic religion is essentially a poly-theistic one, taking on a pantheistic colouring only in a few of its latest hymns.

—Vedic Age, P 378

अर्थात् प्राय. यह माना जाता है कि ऋग्वेदीय धर्म अनेकेश्वरवादी है जो पिछले कुछ सूक्तो में अद्वैतवाद का रङ्ग पकड लेता है।

अन्य भी अनेक विद्वानो का ऐसा ही विचार है, अत. सक्षेप से इस पर कुछ प्रकाश डालना आवश्यक प्रतीत होता है। नासदीय सूक्त (ऋग्वेद १० १२६) के सब मन्त्रो को ध्यानपूर्वक कई बार पढने पर हम तो इसी परिणाम पर पहुंचे हैं कि इस में अद्वैतवाद का प्रतिपादन नहीं प्रत्युत ब्रह्म, अनेक कर्मफल-भोक्ता जीव और स्वधा के नाम से प्रकृति की सत्ता का स्पष्ट निर्देश किया गया है। उदाहरणार्थ म० २ में ब्रह्म का निर्देश तो 'आनीदवात स्वधया तदेक तस्माद्धान्यन्न पर किंचनास।'

अर्थात् स्वधा शब्द वाच्या जिसे अविद्या आदि नामो से भी पुकारा जाता है वह परमेश्वरीय शक्ति जगत् का उपादान कारण है और वह नीचे है जिस के आश्रय से वह स्वधा (प्रकृति) प्रयत्न करती है वह शक्ति और प्रयत्न का आधार, परमात्मा ही सर्वोत्कृष्ट है वह सदा निर्विकार होने से परमार्थ सत्य है ।

इस प्रकार ब्रह्म, जीव और प्रकृति की सत्ता का इस नासदीय सूक्त में स्पष्ट निर्देश होने से इसे अद्वैतवाद प्रतिपादक समझना भूल है । इस भूल का एक मुख्य कारण- -

'तस्माद्धान्यन्न पर किंचनास' (म० २) के अर्थ को ठीक न समझना है । इस में जो 'परः' शब्द आया है उस का अर्थ पर अथवा दूसरा समझ लिया जाता है और तब यह अर्थ कर दिया जाता है कि उस ब्रह्म के अतिरिक्त और कुछ न था । प्रो० मैक्समूलर ने भी 'Other than it there nothing since has been' ऐसा ही अर्थ कर दिया है कि उस एक ब्रह्म के अतिरिक्त और कुछ नहीं था और न है जो अशुद्ध है । यहा पर शब्द नहीं किन्तु परस् (सकारान्त) शब्द है जो परस्तात् वा उत्कृष्ट का वाचक होता है । इस लिये उस का अर्थ यह होगा कि (तस्मात्) उस ब्रह्म से (पर) उत्कृष्ट (अन्यत्) और (ह) निश्चय से (किंचन न आस) कुछ भी न था । सायणाचार्य ने यहा 'तस्मात् खलु पूर्वोक्तान्मायासहिनाद् ब्रह्मण (अन्यत् किंचन) किमपि वस्तु भूतभौतिकात्मकजगत् (न आस) न बभूव (पर) परस्तात् सृष्टे ऊर्ध्वं वर्तमानम् इव जगत् तदानीं न बभूवेत्यर्थ ।

इस प्रकार अर्थ किया है अर्थात् सृष्टि के बनने के पश्चात् बना यह जगत् तब न था । श्री स्वा० महेश्वरानन्द जी मण्डलेश्वर ने इस अर्थ को उद्धत कर के फिर लिखा है अथवा (पर.) उत्कृष्टम्—(नास) नैवासीत् उस से उत्कृष्ट कुछ न था ।

यही वास्तविक अर्थ है जिस का तात्पर्य स्पष्ट है कि परमात्मा से उत्कृष्ट कुछ भी न था और न है, इस से स्वधापदवाच्य प्रकृति और 'रेतोधा' पदवाच्य जीवात्माओं की सत्ता का निषेध नहीं होता, इस पर भी श्री स्वामी महेश्वरानन्द जी ने अद्वैतवाद के आग्रह में जो यह लिख दिया है कि—

तस्मादुत्कृष्ट निकृष्ट च किमपि ब्रह्मव्यतिरिक्त तदा नासीदिति ।

पृ० २४५ ।

अर्थात् ब्रह्म के अतिरिक्त उत्कृष्ट और निकृष्ट कुछ भी तब न था वह अमान्य है क्योंकि सूक्त के मन्त्रों में ब्रह्म के अतिरिक्त प्रकृति और जीवात्माओ की सत्ता का अतिस्पष्ट निर्देश उन की अपनी व्याख्यानुसार भी है यद्यपि उन्होंने 'आनीदवात स्वधयातवेकम्' की व्याख्या में स्वधा (प्रकृति) सहित ब्रह्म को बता कर भी फिर आगे लिख दिया है कि—

एव स्वधासाहित्योक्तिरपि व्यवहारतो न परमार्थत ।

अर्थात् स्वधा वा प्रकृति ब्रह्म की सत्ता का मन्त्र में जो प्रतिपादन है वह व्यवहार दशा में है वास्तविक नहीं। हम उन की इस निराधार कल्पना को नहीं मान सकते क्योंकि यह मन्त्रोक्त तात्पर्य के सर्वथा विरुद्ध है। निषेध परमात्मा के समान वा उत्कृष्ट का है। जैसे कि—

न किरिन्द्र त्वदुत्तरो न ज्यायो अस्ति वृत्रहन्।
न वयेव यथा त्वम्॥

ऋग्० अ० ३. ६ १६।

न त्वावा अन्य दिव्यो न पार्थिवो न जातो न जनिष्यते।

ऋग्० अ० ५ ३. २१।

न ते विष्णो जायमानो न जातो देव महिम्नः परमन्तमाप।
उदस्तभ्ना नाकमृष्व बृहन्त दाधर्थ पृथिवीमभितोमयूखैः॥

ऋग्० ५. ६. २४।

इत्यादि मन्त्रों में बताया गया है कि (१) हे परमेश्वर! तेरे से उत्कृष्ट और महान् कोई नहीं, तेरे समान भी कोई नहीं। (२) हे परमेश्वर! (त्वावान्) तेरे जैसा (अन्य.) और कोई (न दिव्य. न पार्थिव) दिव्य और पार्थिव प्राणी न है न होगा।

इस प्रकार के निषेध से यह नहीं सिद्ध होता कि ब्रह्म के अतिरिक्त कुछ नहीं किन्तु उस के समान वा उस से उत्कृष्ट कोई नहीं। ब्रह्म की अनुपमता का इस से प्रतिपादन होता है अद्वैतवाद का नहीं। उस की अपेक्षा ज्ञान, शक्ति, परिमाण में हीन मान कर तो आत्माओं की ओर से अनेक प्रार्थनाएं वेदों में पाई जाती हैं। उदाहरणार्थ ऋग्वेद ७ १०० ५ तथा साम० म० १६२६ में कहा है—

त त्वा गृणामि तवसमतव्यान् क्षयन्तमस्य रजसः पराके।

अर्थात् मैं (अतव्यान) अल्प (तवस त्वा गृणामि) महान् तेरी स्तुति करता हूं जो (अस्य रजसः पराके क्षयन्तम्) इस लोक के परे भी सर्वत्र स्थित है।

अभीषतस्तदाभरेन्द्र ज्यायः कनीयसः।
पुरुवसुर्हि मघवन्त्सनादसि भरे भरे च हव्यः॥

ऋग्० ७. ३२. २४। साम० म० ३०६।

अर्थात् हे (इन्द्र) परमेश्वर (ज्यायः) बड़ा तू (कनीयस. अभीषतः आभर) छोटे और तेरी शरण में आये हमें सब ओर से ज्ञान तथा शान्ति प्राप्त करा दे (मघवन्) ज्ञान धन सम्पन्न तू (पुरुवसु) बहुत ऐश्वर्य वाला (हि) निश्चय से (सनात् असि) सनातन-नित्य है (भरे भरे च) प्रत्येक यज्ञ और संग्राम में तू ही (हव्य) पूजनीय और पुकारने योग्य है।

इस प्रकार इन मन्त्रों में परमेश्वर को बडा (तवस इति महन्नाम निघ ३ ३) और अपने को अतव्यान्–छोटा, परमेश्वर को (ज्याय.) बडा और जीवात्माओ को (कनीयसः) छोटा बता कर स्पष्ट जीवेश्वर भेद प्रतिपादित किया गया है जिस से इन्कार करना वेदों से नितान्त अनभिज्ञता सूचित करना है। इस प्रकार विवेचन से यह स्पष्ट है कि नासदीय सूक्त (ऋग्० १०. १२९) तथा अन्य वेद मन्त्रों से अद्वैतवाद सिद्ध नहीं होता किन्तु ब्रह्म, जीवात्मा और प्रकृति इन तीन अनादि पदार्थों की सत्ता ही सिद्ध होती है। विस्तारभय से इस प्रकरण और अध्याय को यहीं समाप्त किया जाता है। इस अध्याय में वैदिक देवताओ के स्वरूप पर प्रकाश डालते हुए मध्यकालीन पौराणिक भाष्यकार, पाश्चात्य विद्वान् और उन के अनुयायी भारतीय विद्वानो की भ्रान्तियो का सप्रमाण निराकरण और वैदिक एकेश्वरवाद का प्रतिपादन किया गया है।

elibrary.thearyasamaj.org

वैदिक यज्ञ विषयक भ्रान्ति निवारण

यज्ञ वैदिक धर्म का एक अत्यावश्यक तत्व है इस में कोई सन्देह नहीं। वेदो में यज्ञो का महत्त्व अनेक स्थलो पर अत्यन्त स्पष्ट शब्दो में बताया गया है, यहा तक कि यज्ञो के द्वारा ही भगवान् की पूजा और मोक्ष प्राप्ति का विधान किया गया ह।

यज्ञेन यज्ञमयजन्त देवास्तानि धर्माणि प्रथमान्यासन्।
ते ह नाकं महिमान. सचन्त यत्र पूर्वे साध्या सन्ति देवा ॥

ऋग्० १० ९० १६।

अर्थात् सत्यनिष्ठ विद्वान् लोग यज्ञो के द्वारा ही पूजनीय परमेश्वर की पूजा करते हैं। यज्ञों में सब श्रेष्ठ धर्मो का समावेश होता है। वे यज्ञो के द्वारा भगवान् की पूजा करने वाले महापुरुष दुःखरहित मोक्ष को प्राप्त करते हैं, जहा सब ज्ञानी लोग निवास करते हैं इत्यादि मन्त्र इस विषय में उल्लेखनीय हैं। यहा यह समझ लेना आवश्यक है कि यज्ञ शब्द जिस यज धातु से बनता है उस के देव पूजा—सङ्गति करण और दान ये तीन अर्थ धातु पाठ में वर्णित हैं जिन में हमारे सब कर्तव्यो का समावेश हो जाता है इसी लिये ऊपर उद्धृत मन्त्र के प्रथम चरण में 'यज्ञेन' इस एक वचन का प्रयोग कर के भी 'तानि धर्माणि-प्रथमान्यासन्' इस रूप में बहुवचन का आगे प्रयोग किया गया है। मनुष्य के प्रधानतया तीन प्रकार के कर्तव्य होते हैं (१) अपने से बड़ो के प्रति (२) अपने लगभग समानो के प्रति और ३) अपने से हीनो के प्रति। देवपूजा, सगतिकरण और दान इन के द्वारा तीनो कर्तव्यों का स्पष्ट निर्देश मिलता है इसी लिये 'यज्ञो वै श्रेष्ठतम कर्म' (शतपथ १ ७ ३ ५) 'यज्ञो हि श्रेष्ठतम कर्म' (तैत्तिरीय सहिता ३. २ १. ४) इत्यादि वाक्य पुरातन साहित्य में पाये जाते हैं जिन में यज्ञ को श्रेष्ठतम कर्म बताया गया है। यज्ञ न करने वालों की कितनी दुर्गति होती है, किस प्रकार वे गिरते चले जाते हैं इस बात को ऋग्वेद १० ४४ ६ अथर्व० २०. ९४. ६ में निम्न मन्त्र द्वारा बताया गया है—

न ये शेकुर्यज्ञिया नावमारुहम् ईर्मैव ते न्यविशन्त केपय.।

अर्थात् (ये) जो (यज्ञिया नावम् आरुहम् न शेकु·) यज्ञमयी नौका पर चढ़ने में समर्थ नहीं होते (ते) वे (केपय) कुत्सित, अपवित्र आचरण वाले हो कर (ईर्मा एव) यहीं इस लोक में (न्यविशन्त) नीचे-नीचे गिरते जाते हैं।

यह बड़े दुःख की बात है कि जिस यज्ञ की इतनी महिमा वेदो में बताई गई है और जिस को परमेश्वर की पूजा और प्राप्ति का साधन बताया गया है, उस के विषय मे इतने

अशुद्ध विचार मध्यकालीन आचार्यों, पाश्चात्य विद्वानों और उन के अनुयायी भारतीय विद्वानो ने प्रकट किये हैं कि उन्हें पढ़ कर कोई भी विचारशील लज्जित हुए विना नहीं रह सकता। वैदिक यज्ञों में भेडों, बकरियों, घोडो, बैलो, गौओं की बलि का विधान है ऐसा इन विद्वानों ने अपने ग्रन्थों में अनेक स्थानो पर लिखा है। हम जिस Vedic Age नामक पुस्तक की विवेचना पिछले पृष्ठो में करते रहे हैं उस में भी इस विषय में बडी भ्रान्त धारणाए पाई जाती हैं। आप्री सूक्तो के विषय में विचार करते हुए इस के लेखक कहते हैं—

Scarcely less debased than the Dana Stutis are the Apri hymns, manufactured artificially for employment in animal sacrifices There is no reason to doubt that these hymns were actually used at the animal sacrifices as tradition maintains The Vedic Age, P. 348.

अर्थात् आप्री सूक्त भी दान स्तुतियो के समान ही अत्यन्त निकृष्ट हैं जिन्हें कृत्रिम रूप में पशु यज्ञों में उपयोगार्थ घडा गया। इस में सन्देह का कोई कारण नहीं कि इन सूक्तों का प्रयोग पशुहिंसात्मक यज्ञो में किया जाता था जैसे कि परम्परागत विश्वास है।

एक अन्य स्थान पर इस के लेखक यज्ञ के विषय में लिखते हैं—

We need not discuss here at langth the problem of the original theory of the sacrifice–whether the magic art of perpetuating the life of the herbs and of vegatation, and even of man, was the essence of the sacrifice, and whether the gift theory was original or secondary We may only note that when the Kaushik Sutra (XIII, 1–6) prescribes a magic rite in which portions of the bodies of some animals and human beings such as a lion, a tiger, a Kshatriya and a Brahmacharin are to be eaten to acquire certain qualities, not totemism but the conception of sacramental communion is hinted at —Vedic Age, P. 501

इस विषय में अधिक विस्तृत विवेचन के लिये तो बडे ग्रन्थ की आवश्यकता है किन्तु निम्न निर्देश ऐसी भ्रान्तियों को दूर करने में सहायक होंगे।

(१) सब वेदों में यज्ञ के पर्याय अथवा कहीं २ विशेषण के रूप में अध्वर शब्दों

का प्रयोग सैकड़ों स्थानों पर पाया जाता है जिस की व्युत्पत्ति करते हुए निरुक्तकार श्री यास्काचार्य ने लिखा है —

अध्वर इति यज्ञनाम—ध्वरतिर्हिंसाकर्मा तत्प्रतिषेध निरुक्ते २ ७

अर्थात् अध्वर यह यज्ञ का नाम है जिस का अर्थ हिंसा रहित कर्म है। चारों वेदों में अध्वर के प्रयोग के हजारों उदाहरण हैं जिन में से निम्नलिखित कुछ का निर्देश यहां पर्याप्त है।

ऋग्वेद के निम्न लिखित कुछ मन्त्र यहां देखिये

(१) अग्ने ये यज्ञमध्वरं विश्वतः परि भूरसि।
स इद् देवेषु गच्छति॥ ऋग्० १. १. ४।

इस मन्त्र में स्पष्ट कहा गया है कि हे ज्ञानस्वरूप परमेश्वर। तू हिंसा रहित यज्ञों में ही व्याप्त होता है और ऐसे ही यज्ञों को सत्यनिष्ठ विद्वान् लोग सदा स्वीकार करते हैं।

(२) ऋग्० १. १. ८ में मन्त्र आता है—

राजन्तमध्वराणां गोपामृतस्य दीदिविम्। वर्धमानं स्वे दमे॥

यहां भी परमेश्वर को अध्वरों अर्थात् हिंसारहित सब कर्मों में राजमान वा विराजमान बताया गया है जिस से पशुहिंसात्मक कर्मों का निषेध होता है।

ऋग्० १ १४ २१ में मन्त्र आया है—

(३) त्वं होता मनुर्हितोऽग्ने यज्ञेषु सीदसि। सेमं नो अध्वरं यज॥

यहां भी यज्ञ के लिये अध्वर शब्द का प्रयोग किया गया है और होता से प्रार्थना की गई है कि तुम हमारे इस हिंसारहित यज्ञ को कराओ।

(४) ऋग्० १. १२८ ८ में मन्त्र आया है—

स सुक्रतुः पुरोहितो दमे दमेऽग्निर्यज्ञस्याध्वरस्य चेतति क्रत्वा यज्ञस्य चेतति।

यहां भी यह बताया गया है कि परमेश्वर और वेदवित् पुरोहित हिंसा रहित यज्ञ का ही मनुष्यों को सदा उपदेश देते हैं।

(५) इसी प्रकार ऋग्० १ १९. १।

प्रतित्यं चारुमध्वरं गोपीथाय प्रहूयसे। मरुद्भिरग्न आगहि॥ में ज्ञानस्वरूप परमेश्वर और पुरोहित को अग्नि के नाम से सम्बोधित करते हुए कहा है कि चारु-सुन्दर हिंसारहित इस यज्ञादि शुभ कर्म में पापादि से रक्षा के लिये हम तुम्हें पुकारते हैं। तुम विद्वान् ऋत्विजो अथवा प्राणशक्तियो के साथ यहां आओ (परमेश्वर पक्ष में हृदय देश में)

मरुत इति ऋत्विङ् नामसु निघ. ३ १८ प्राणा वै मरुतः ऐत० ३. १९—

इसी प्रकार ऋग्वेद के निम्न मन्त्रों में स्पष्टतया अध्वर के नाम से यज्ञ का प्रतिपादन है जो यज्ञ में हिंसा प्रतिषेध को सूचित करता है।

(६) ३ २० १ में यज्ञ के लिये अध्वर अर्थात् हिंसा रहित इस विशेषण का प्रयोग करते हुए कहा है कि देव ऐसे हिंसा रहित यज्ञ की ही सदा कामना करते हैं।

मन्त्र का उत्तरार्द्ध इस प्रकार है --

सुज्योतिषो न. शृण्वन्तु देवा, सजोषसो अध्वरं वावशानाः ।।

ऋग्० ५. २० १।

अर्थात् उत्तम ज्ञान की ज्योति से सम्पन्न प्रेम युक्त, अहिंसात्मक यज्ञों को ही सदा चाहने वाले देव-सत्यनिष्ठ विद्वान् हमारी प्रार्थना को सुनें।

(७) ऋग्० ३ २४ २ में कहा है.--

अग्न इला समिध्यसे वीतिहोत्रो अमर्त्य । जुषस्व सू नो अध्वरम् ।।

यहा अध्वर अर्थात् हिंसारहित कर्म इस का यज्ञ के लिये प्रयोग करते हुए ज्ञान स्वरूप परमेश्वर को उसे प्रेमपूर्वक स्वीकार करने की प्रार्थना की गई है।

(८) ऋग० ४ २ १० में यज्ञ को अध्वर के नाम से पुकारते हुए कहा है

यस्य त्वमग्ने अध्वर जुजोषो देवो मर्तस्य सुधित रराणः ।
प्रीतेदसद्धोत्रा सा यविष्ठासाम यस्य विधतो वृधासः ।।

अर्थात् हे ज्ञानस्वरूप परमेश्वर ! जिस के हिंसा रहित यज्ञ को तुम प्रेमपूर्वक स्वीकार कर लेते हो उस की वाणी बड़ी प्रेममयी और शक्तिशालिनी बन जाती है। ऐसे ही सच्चे उपासकों की सङ्गति में रह कर हम वृद्धि को प्राप्त हों।

इसी प्रकार ऋग्० के निम्न तथा अन्य स्थलों में 'अध्वर' का प्रयोग है १ २६ १, १ ४४ १३, १ ७४ १, ४, १ ९३ १२, १ १०१ ८, १ १३५ ३, १ १५१ ३ ७, २ २ ५, ३ १७ ५, ३ २० १, ३ २० ५; ३ ५४ १२, ४ ९ ६, ४ १५ २, ४ ३७ १, ५ ४ ८, ५ २६ ३, ५ २८ ६, ५ ४४ ५, ६ २ ३, १० ६ १५ ७, ६ १६ २, ७ ३ १, ७ ४ १६, ८ ३ ५, ७, ८ २७ १, ८ ३५, २३, ८ ४६, १८, ८ ५० ५, १०, ८ ६० २, ८ ६६ १; ८. ७१ १२, ८ ९३ २३, ९ ६७ १, ८ ७२ ५, ८ ८२ ३, ८ ९८ ३, ८ १०२. ६, ८, १० ८ ३, ८ ११ ४, ८. १७. ७, ८ २१ ६, ८ ३० १५, ४० १० ७७ ८; १० २२ ७ इत्यादि।

यजुर्वेद मे यज्ञार्थ अध्वरादि शब्द

यजुर्वेद में भी निम्न तथा अन्य अनेक मन्त्रों में यज्ञ के लिये अध्वर शब्द के प्रयोग के अतिरिक्त निम्न प्रकार के उपदेश आये हैं जो पशवादिहिंसा का स्पष्ट निषेध करते हैं —

दृते दृꣳह मा मित्रस्य मा चक्षुषा सर्वाणि भूतानि समीक्षन्ता मित्रस्याहं चक्षुषा सर्वाणि भूतानि समीक्षे मित्रस्य चक्षुषा समीक्षामहे ॥

यजु॰ ३६ १८ ।

अर्थात् हे अज्ञानान्धकार नाशक प्रभो ! मुझे सब प्राणी मित्र की दृष्टि से देखें, मैं सब प्राणियो को (केवल मनुष्यों को नहीं) मित्र की प्रेममय दृष्टि से देखू , हम सब आपस में मित्र की दृष्टि से देखें ।

यजु १. १ में यज्ञ को श्रेष्ठतम कर्म के नाम से पुकारते हुए उपदेश है कि पशून् पाहि । पशुओ की रक्षा कर । यजु ६ ११ में पति पत्नी के लिये उपदेश है कि 'पशूंस्त्रायेथाम्' पशुओं की रक्षा करो । यजुः १४ ८ में उपदेश है —

द्विपादव चतुष्पात् पाहि ।

हे मनुष्य ! तू दो पैर वाले मनुष्यादि की रक्षा कर और चार पैर वाले पशुओं की की भी सदा रक्षा कर ।

इसी प्रकार पशुरक्षाप्रतिपादक और पशुहिंसा निषेधक—

गा मा हिंसीरदिति विराजम् ॥ यजु १३. ४३ ।
इम मा हिंसीद्विपाद पशुम् ॥ यजु १३. ४७ ।
इम मा हिंसीरेक शफ पशु कनिक्रद वाजिन वाजिनेषु ॥ यजु० १३. ४८ ।
इममूर्णायुं वरुणस्य नाभि त्वच पशूना द्विपदा चतुष्पदाम् ।
त्वष्टु. प्रजाना परम जनित्रमग्ने मा हिंसी. परमे व्योमन् ॥

यजु. १३. ५० ।

इत्यादि सैकडो मन्त्र पाये जाते हैं जिन में गाय, घोडा, भेड, आदि पशुओं की हिंसा का स्पष्ट निषेध है । अध्वर शब्द का यज्ञ के पर्याय या विशेषण रूप में प्रयोग निम्न लिखित तथा अन्य मन्त्रो में है जिनकी सख्या ४३ से कम नहीं ।

१ भद्रो नो अग्निराहुतो भद्रा राति. सुभग भद्रो अध्वर· ।
भद्रा उत प्रशस्तयः ॥

यजु० १५. ३८ ।

२ वीतिहोत्रं त्वा कवे द्युमन्तं समिधीमहि ।
अग्ने बृहन्तमध्वरे ॥

यजुः० २. ४ ।

३. उप प्रयन्तो अध्वरं मन्त्र वोचेमाग्नये ।
आरे अस्मे च शृण्वते ।।

यजु.० ३. ११ ।

४. हविष्मतीरिमा आपो हविष्मा२ऽआ विवासति ।
हविष्मान् देवो अध्वरो हविष्मा२अस्तु सूर्य: ।।

यजु० ६ २३ ।

५. हृदे त्वा मनसे त्वा दिवे त्वा सूर्याय त्वा ।
ऊर्ध्वमिममध्वरं दिवि देवेषु होत्रा यच्छ ।।

यजु० ६. २५ ।

६. मन्मानि धीभिरुत यज्ञमृन्धन् देवत्रा च कृणुह्यध्वरं न: ।।

यजु.० २९. २६ ।

सामवेद में अध्वर शब्द

सामवेद में भी यज्ञ के लिये अध्वर शब्द का प्रयोग निम्न तथा अन्य सैकडों मन्त्रों में पाया जाता है ।

म० १६. प्रतित्यं चारुमध्वरं गोपीथाय प्रहूयसे । मरुद्भिरग्न आगहि ।।

यहा यज्ञ को अध्वर अथवा हिंसारहित शुभ कर्म के नाम पुकारते हुए उसे ही चारु अर्थात् उत्तम व सुन्दर बताया गया है और उसी के लिये विद्वानों को निमन्त्रित किया गया है ।

म० २१. अग्निं वो वृधन्तमध्वराणां पुरूतमम् । अच्छा नप्त्रे सहस्वते ।।

यहा अग्नि परमेश्वर और ज्ञानी विद्वान् अग्रणी-नेता को अध्वरों अर्थात् हिंसा-रहित यज्ञों को ही बढ़ाने और उन्हें प्रोत्साहित करने वाला कहा गया है ।

म० ३२. कविमग्निमुपस्तुहि सत्यधर्माणमध्वरे । देवममीवचातनम् ।।

यहां भी यज्ञ को अध्वर अर्थात् हिंसारहित शुभ कर्म के नाम से पुकारते हुए उस में सत्य धर्म (शाश्वत नित्य नियम) वाले सर्वरोगनाशक ज्ञानस्वरूप परमेश्वर की स्तुति का उपदेश दिया गया है ।

इन के अतिरिक्त निम्न मन्त्र जो यज्ञादि में पशुहिंसा का स्पष्ट निषेधक है इस प्रसङ्ग में विशेष उल्लेखनीय है ।

न कि देवा इनीमसि न क्यायोपयामसि । मन्त्रश्रुत्यं चरामसि ।।

(साम० पू० २. ४. २) ।

इस की व्याख्या में भाष्यकार सायणाचार्य ने भी लिखा है कि हे देवाः ! युष्मद्-

विषये किमपि न हिंस्म. श्रुतौ विधिवाक्यप्रतिपाद्य यद् युष्मद् विषये कर्म तत् आचराम । (सामसंहिता भाष्यम् कलकत्ता सं० पृ० ६५) विवरणकार सुप्रसिद्ध विद्वान् सत्यव्रत सामश्रमी ने अपने विवरण में इस पर ठीक ही लिखा है कि प्राणिवध कर्म पशवादियागं न कुर्म । अर्थात् हम प्राणिहिंसात्मक पशवादियाग नहीं करते । मीञ् हिंसायाम् का प्रयोग है अत अर्थ स्पष्ट है कि हम हिंसात्मक कार्य नहीं करते न लोगों को किसी प्रकार का प्रलोभन दे कर कोई बुरा कार्य कराते हैं किन्तु वेदों के उपदेश के अनुसार ही हम आचरण करते हैं । अध्वर शब्द का प्रयोग निम्न तथा अन्य सैकडो मन्त्रो में है जिन से यज्ञादि में पशुहिंसा का निषेध होता है इस में सन्देह नहीं ।

१. भद्रो नो अग्निराहुतो भद्रा रातिः सुभग भद्रो अध्वर. ।
भद्रा उत प्रशस्तयः ॥ पू० २. २. ५ ।

२. त्वमग्ने गृहपतिस्त्व होता नो अध्वरे ।
त्व पोता विश्ववार प्रचेता यक्षि यासि च वार्यम् ॥ पू० २. २. ६ ।

३ त होतारमध्वरस्य प्रचेतसंवह्नि देवा अकृण्वत ।
दधाति रत्नं विधते सुवीर्यम् अग्निर्जनाय दाशुषे ॥ उ० ७. ३. २ ।

४. स नो मन्द्राभिरध्वरे जिह्वाभिर्यजा महः ।
आ देवान् वक्षि यक्षि च ॥ उ० ६. ३. ४. २ ।

५. वाजी वाजेषु धीयतेऽध्वरेषु प्रणीयते ।
विप्रो यज्ञस्य साधन ॥ उ० ६. ३. ५. २ ।

श्री सत्यव्रत सामश्रमी का उक्त विवरण

सामवेद के भाष्यकार नारायण पुत्र माधव के भाष्य के अनुसार भी है जो इन शब्दों में है ।

न कि देवा इनीमसि । नेति प्रतिषेधः । इनीमसि । मिनातेर्हिंसार्थकस्य मकारलोपः । तेनैतदुक्त भवति । हे देवाः न इनीमसि । प्राणिवध्यनकर्म । पशवादियागं न कुर्म इत्यर्थः । न क्षयोपयामसि योपयतिर्विमोहनकर्मा । स इह निखननार्थे द्रष्टव्यः । मन्त्रश्रुत्य मन्त्रश्रवणीय जपाख्यं चरामसि । जपं कुर्वन्तश्चराम । प्राणिवध न कुर्मः । जपमेव कुर्म इत्यर्थः ।

(सामवेद संहिता डा० कुन्नन्राजसम्पादिता नायणभरतस्वामिभाष्यसंहिता अड्यार मद्रास पृ० १३७. १३८)

प० सत्यव्रत जी सामश्रमी ने प्राय. इस भाष्य के ही शब्दों का अपने विवरण में

लिखित तथा अन्य पुष्ट प्रमाणों और सामान्य बुद्धि द्वारा हिंसा अर्थ का ग्रहण सर्वथा असङ्गत प्रतीत होता है।

पुरुषमेध, पुरुषयज्ञ और नृयज्ञ ये तीनों शब्द पर्यायवाचक हैं और मनुस्मृति में नृयज्ञ की व्याख्या "नृयज्ञोऽतिथिपूजनम्" (मनु० ३. ७०) इस प्रकार की गई है जिस का अर्थ यह है कि नृयज्ञ वा नृमेध से मनुष्यों की यज्ञ में बलि देने का तात्पर्य नहीं बल्कि उत्तम विद्वानों विशेषत अतिथियों की पूजा का उस में भाव है। मेध्-धातु के सङ्गमनार्थ को लेने से मनुष्यों को उत्तम कार्यों के लिये सङ्घटित करना, उन में प्रेम और ऐक्य को बढाना भी नृमेध का तात्पर्य है। साम० उत्तरार्चिक अ० १४२ आ हरय ससृज्रिरेऽरुणीरघिर्वाहविः। यत्राभिसनवामहे ॥ इस के नृमेध पुरुमेध ऋषि हैं। 'अष्टम प्रपाठक के पंचि लोक तनयम्' इस मन्त्र का ऋषि नृमेध है। उस का अर्थ मनुष्यों की यज्ञों में बलि चढाने वाला नहीं अपितु मनुष्यों में सङ्गतिकरण वा मेल-मिलाप को बढ़ाने वाला है, यह स्पष्ट है। गोमेध के विषय में हम विस्तार से आगे प्रकाश डालेंगे।

अजमेध, अश्वमेध इत्यादि के भी वास्तविक अर्थ अन्य हैं इस बात का ब्राह्मणग्रन्थों तथा महाभारतादि में स्पष्ट निर्देश किया गया है उदाहरणार्थ —

शतपथ० १३. १. ६ में कहा है "राष्ट्रं वा अश्वमेध। वीर्यं वा अश्व'॥ अर्थात् अश्व शब्द वीर्यवाचक भी है, अत देशवासियों के वीर्य वा बल की वृद्धि करना और राष्ट्र का अच्छी प्रकार सचालन करना यह अश्वमेध का तात्पर्य है।

अज एक धान्य विशेष वाचक शब्द है जिस को यज्ञ में डाला जाता है ऐसा महाभारत में स्पष्ट बताया गया है।

अजैर्यज्ञेषु यष्टव्यम्, इति वै वैदिको श्रुतिः।
अजसंज्ञानि बीजानि, छागान्नो हन्तुमर्हथ॥
नैष धर्मः सतां देवा, यत्र वध्येत वै पशुः॥

शान्तिपर्व अ० ३३७।

अर्थात् वैदिक साहित्य में जब यह कहा जाता है कि अजों से यज्ञों में हवन करना चाहिये तो वहां तात्पर्य अज नामक बीजों से है, बकरों का वध करना तुम्हें उचित नहीं। पशुओं की हिंसा करना अच्छे आदमियों का धर्म नहीं। इसी बात को सुप्रसिद्ध नीतिशास्त्रकार विष्णु शर्मा ने भी पचतन्त्र में कहा है—

एतेऽपि ये याज्ञिका यज्ञकर्मणि पशून् व्यापादयन्ति ते मूर्खा, परमार्थं श्रुतेर्न जानन्ति। तत्र किलैतदुक्तम् अजैर्यज्ञेषु यष्टव्यमिति अजास्तावद् व्रीहयः. साप्तवार्षिका. कथ्यन्ते न पुनः पशुविशेषाः। उक्तं च "वृक्षान् छित्वा

पशून् हत्वा कृत्वा रुधिरकर्दमम् । यद्येव गम्यते स्वर्गं, नरकं केन गम्यते ॥

काकोलूकीयम् ।

अर्थात् ये भी जो याज्ञिक, यज्ञ कर्म में पशुओं की हिंसा करते हैं वे मूर्ख हैं । वे वेद के वास्तविक अर्थ को नहीं जानते । वहां यह जो कहा है कि 'अजैर्यज्ञेषु यष्टव्यम्' यहां अजों से व्रीहि या पुराने धान्य विशेष का ग्रहण करना चाहिये न कि बकरों का ।

यदि पशुओं की हिंसा कर के और उन के रुधिर की धारा बहा कर स्वर्ग में जा सकते हैं तो नरक में जाने का मार्ग कौन सा है ? अर्थात् पशुहिंसात्मक यज्ञों से स्वर्ग नहीं, नरक ही मिलता है । यहां यह बात उल्लेखनीय है कि जैनियों के 'स्याद्वादमजरी' नामक ग्रन्थ में भी 'अज' का यज्ञ प्रकरण में धान्यादि परक ही अर्थ माना गया है यथा—

तथा हि किल वेदे 'अजैर्यष्टव्यम्' इत्यादि वाक्येषु मिथ्यादृशोऽजशब्द पशुवाचकं व्याचक्षते । सम्यग्दृशस्तु जन्माप्रायोग्यं त्रिवार्षिक यवव्रीह्यादि, पञ्चवार्षिक तिलमसूरादि सप्तवार्षिकं कड्कुसर्षपादि धान्यपर्यायतया पर्यवसाययन्ति । श्लोक २३ की व्याख्या पृ० १०७–१०८ ।

अर्थात् 'वैसे ही वेद के 'अजों से यज्ञ करना चाहिये' इत्यादि वाक्यों में अज्ञानी अज़ शब्द को पशुवाचक कहते हैं । सम्यग्दृश् वा ज्ञानी जन्म के अयोग्य तीन वर्ष के जौ व्रीहि आदि, पाच वर्ष के तिलमसूर आदि, सात वर्ष के कड्कुसर्षप आदि धान्य के पर्याय के रूप में उन्हें मानते हैं । स्याद्वाद मजरी पृ० १७५ ।

(३) महाभारत में इस बात का अनेक स्थानों पर स्पष्ट उल्लेख है कि वेदों में मास, शराब, पशुमांस की बलि अथवा उस का खाना इत्यादि का कोई विधान नहीं । इन पशुहिंसात्मक यज्ञादि को जो मनु के भी सिद्धान्त विरुद्ध हैं धूर्त, नास्तिक, लोभी, अव्यवस्थितचित्त, सशयात्मक मनोवृत्ति वाले लोगों ने धन की इच्छा से वेद के वास्तविक अभिप्राय को न समझ कर प्रारम्भ किया है । यह वस्तुत. अधर्म और पाप है । धर्म वा पुण्य नहीं । निम्नलिखित श्लोक इस विषय में अत्यन्त स्पष्ट है—

सुरा मत्स्याः पशोर्मासम्, आसवं कृशरौदनम् ।
धूर्तैः प्रवर्तितं यज्ञे, नैतद्वेदेषु विद्यते ॥
अव्यवस्थितमर्यादैः, विमूढैर्नास्तिकैर्नरैः ।
सशयात्मभिरव्यक्तैर्हिंसा समनुवर्णिता ॥
सर्वकर्मस्वहिंसां हि, धर्मात्मा मनुरब्रवीत् ।
कामकाराद् विहिंसन्ति, बहिर्वेद्या पशून् नराः ॥

अर्थात् धूर्त लोग कहीं ग्रन्थों में प्रक्षेप कर देते हैं, कहीं कुछ वाक्यों को छिपा देते हैं, कहीं प्रमादवश बदल देते हैं और कहीं जान बूझ कर वे परिवर्तन कर देते हैं। इस प्रकार जो ग्रन्थ नष्ट नहीं भी हुए वे भी व्याकुल हो गये हैं, अर्थात् उन में बहुत गडबड हो गई है।

इस लिये कौशिक सूत्र १३, १–६ में से जो उद्धरण Vedic Age के लेखकों ने दिया है कि—

सिंहे व्याघ्रे यशोहविरिति स्नातकोसिंहव्याघ्रवस्तकृष्णवृषभराजा नाभिलोमानि ।४। दशाना शान्तवृक्षाणा शकलानि ।५। एतयो· प्रातरग्नि गिरावरगराटेषु दिवस्पृथिव्या इति सप्त मर्माणि स्थालीपाके पृक्तान्य-श्नाति ।६।

अर्थात् सिंह, व्याघ्र, क्षत्रिय, ब्रह्मचारी, बैल राजा आदि के शरीर के कुछ भागों को मिला कर उस को एक विशेष प्रकार की शक्ति प्राप्त करने के लिये खाया जाए इत्यादि हम उस को वेद विरुद्ध होने से अप्रामाणिक मानते हैं। ऐसे अन्धविश्वास सूचक वेदविरुद्ध वचन चाहे जिस किसी ग्रन्थ में अब दिखाई दें उन्हें अमान्य समझना चाहिये। महाभारत के उपर्युक्त प्रबल साक्ष्य के अनुसार ऐसे सब वचन धूर्त, नास्तिक, मूर्ख, धनलोलुप लोगों द्वारा कल्पित हैं अत उन की कोई प्रामाणिकता नहीं। महाभारत अश्वमेध पर्व के निम्न श्लोक भी अति स्पष्ट और प्रबल होने के कारण इस प्रसङ्ग में उल्लेखनीय हैं। हम सर्वत्र यह देखते हैं कि साक्षात्कृतधर्मा ऋषिलोग पशुहिंसात्मक यज्ञों का सदा प्रबल विरोध करते रहे हैं, उदाहरणार्थ अश्वमेधपर्व अ० ९१ के निम्न श्लोक देखिये—

ततो दीनान् पशून् दृष्ट्वा, ऋषयस्ते तपोधना. ।
ऊचु शक्रं समागम्य, नाय यज्ञविधि शुभ. ।।
अपरिज्ञानमेतत्ते, महान्त धर्ममिच्छत ।
नहि यज्ञे पशुगणाः, विधिदृष्टाः पुरन्दर ।।
धर्मोपघातकस्त्वेष, समारम्भस्तव प्रभो ।
नायं धर्मकृतो यज्ञो न हिंसा धर्म उच्यते ।।
आगमेनैव ते यज्ञ, कुर्वन्तु यदि चेच्छसि ।
विधिदृष्टेन यज्ञेन, धर्मस्तेषु महान् भवेत् ।।

अश्वमेधपर्व अ० ९१।

अर्थात् तपोधन ऋषियों ने दीन पशुओं को देख कर कहा कि यह यज्ञ की विधि अच्छी नहीं। धर्म की इच्छा करने वाले तुम्हारा यह बड़ा अज्ञान है। यज्ञों में पशुओं की

हिंसा का कहीं विधान नहीं, यह तुम्हारा धर्म का नाश करने वाला काम है। तुम यदि चाहते हो तो वेदादि-सत्यशास्त्रों के विधान के अनुसार यज्ञ करो तभी महान् धर्म होगा।

ऋषि लोगों का लक्षण ही 'साक्षात्कृतधर्माण ऋषय। अथवा ऋषयो मन्त्र द्रष्टार' यह निरुक्तादि में दिया है अर्थात् जो वेद मन्त्रों के यथार्थ तत्त्व को समझने वाले और धर्म का साक्षात् करने वाले हों यह है। ऐसे ऋषि जब यज्ञादि में पशुहिंसा को अज्ञान-मूलक, धर्मनाशक, वेदादिशास्त्रविरुद्ध और पाप बता रहे हैं तो उस के ऐसा होने में क्या सन्देह हो सकता है? अन्यत्र भी महाभारत शान्तिपर्व में कहा है—

ध्रुव प्राणिवधो यज्ञे, नास्ति यज्ञस्त्वहिंसक'।
ततोऽहिंसात्मक कार्य', सदा यज्ञो युधिष्ठिर॥
यूप छित्वा पशून् हत्वा, कृत्वा रुधिरकर्दमम्।
यद्येवं गम्यते स्वर्ग, नरक केन गम्यते॥

अर्थात् निश्चय से यज्ञ में पशुहिंसा विहित नहीं है। यज्ञ तो अहिंसात्मक ही होता है और उस को अहिंसात्मक रूप में ही सदा करना चाहिये। पशुओं को मार कर और उन का रुधिर बहा कर यदि स्वर्ग जा सकते हैं तो नरक में जाने का क्या उपाय है? (पचतन्त्र के काफोलूकीय, सरस्वती प्रेस मुरादाबाद पृ० २६६ में यह श्लोक उद्धृत किया गया है।

'यूपं छित्वा पशून् हत्वा'

इस श्लोक के अत्यधिक महत्त्वपूर्ण के कारण यह सूचित करना आवश्यक है कि इस का अनेक विद्वानों ने अनेक ग्रन्थों में उल्लेख किया है। श्री विष्णुशर्मा ने पचतन्त्र काफोलूकीय पृ०२६६ में इस को उद्धृत किया है यह ऊपर दिखाया जा चुका है। स्याद्वाद मंजरी में श्री मल्लिषेण ने इस का उल्लेख किया है। श्री विजय राजेन्द्र सूरीश्वर कृत 'अभिधान राजेन्द्र' के भाग ७ पृ० १२२६ में इस का उल्लेख इन शब्दों में किया गया है—

तथा च पठन्ति पारमर्षा.—
यूप छित्वा पशून् हत्वा, कृत्वा रुधिरकर्दमम्।
यद्येव गम्यते स्वर्ग, नरके केन गम्यते॥

(अभिधान राजेन्द्र भाग ७ पृ० १२२६)

अर्थात् परमर्षि के अनुयायी 'यूप छित्वा पशून् हत्वा' इस श्लोक का पाठ करते हैं जिस में यज्ञों में पशुहिंसा को स्वर्ग नहीं बल्कि नरक का द्वार बताया गया है।

परमर्षि शब्द की व्याख्या करते हुए संस्कृत के सुप्रसिद्ध विश्वकोष वाचस्पत्यबृहद्-भिधान' के पृ० ४२३७ में लिखा है—

परमर्षि —वेदव्यासादिषु ऋषिषु ।

अर्थात् परमर्षि शब्द का प्रयोग वेद व्यास आदि कुछ महर्षियों के लिये होता है ।

श्री राधाकान्त देव रचित 'शब्दकल्पद्रुम के तृतीय काण्ड पृ० ५० में परमर्षि की व्याख्या करते हुए लिखा है —

'वेदव्यासो हि परमर्षि यथा महाभारते १. १ १७ द्वैपायनेन यत्प्रोक्तं, पुराण परमर्षिणा ।।

वेदव्यास जी के अतिरिक्त भी कुछ महर्षियों का परमर्षि शब्द से ग्रहण होगा किन्तु इस से मुख्यतया वेद व्यास जी का ग्रहण होता है इस में सन्देह ही नहीं अत श्री विजयेन्द्र सूरीश्वर के लेखानुसार भी यह श्लोक महाभारत का ही प्रतीत होता है यद्यपि उस के ठीक २ प्रतीक का हमें ज्ञान नहीं हो सका ।

हमारे मान्य वेदोपाध्याय, वेदों के सुप्रसिद्ध विद्वान् श्री प० विश्वनाथ जी विद्यामार्तण्ड वर्तमान सम्पादक 'वैदिक अनुसन्धान' देहली ने भी अपने अत्युत्तम ग्रन्थ 'वैदिक पशुयज्ञ मीमांसा' में इसे महाभारत शान्ति पर्व के ही नाम से प० १०५ पर उद्धृत किया है । जगद्विख्यात विद्वान् और सौभाग्यवश भारत के महामान्य उपराष्ट्रपति श्री डा० राधाकृष्ण जी ने भी गुरुकुल काङ्गड़ी विश्वविद्यालय के सन् १९५५ के अपने महत्त्वपूर्ण दीक्षान्त अभिभाषण में 'यूप छित्वा पशून् हत्वा, इस सम्पूर्ण श्लोक को उद्धत किया था । यदि किन्हीं विद्वान् को इस का ठीक २ प्रतीक ज्ञात हो तो अवश्य लेखक को सूचित करने की कृपा करें । स्याद्वाद मजरी में व्यास जी के नाम से जो श्लोक दिये हैं उन में से निम्नलिखित विशेष उल्लेखनीय है यद्यपि खेद है कि उस का प्रतीक वहां उद्धृत नहीं किया गया ।

प्राणिघातात्तु यो धर्मम्, ईहते मूढमानस· ।
स वाञ्छति सुधावृष्टि, कृष्णाहिमुखकोटरात् ।।

(स्याद्वादमजरी पृ० ८०)

अर्थात जो मूर्ख प्राणिहिंसा से धर्म की इच्छा करता है वह काले सर्प के मुख से अमृत की वर्षा की आशा करता है ।

अश्वमेध यज्ञ अहिंसात्मक

अश्वमेध के विषय में प्राय. यह विचार प्रचलित है और यही VedicAge के लेखको ने भी प्रकट किया है कि इस में अश्व की बलि दी जाती थी किन्तु महाभारत शान्ति पर्व अध्याय ३ ३३६ में वसु महाराज के अश्वमेध का जो वर्णन पाया जाता है और जिस में उस समय के सब सुप्रसिद्ध बडे २ ऋषियो तथा विद्वानों ने भाग लिया था यह स्पष्ट है कि अश्वमेध में अश्व की हिंसा न की जाती थी । वहा निम्न वर्णन इस सम्बन्ध में पाया जाता है.—

तस्य यज्ञो महानासीदश्वमेधो महात्मन. ।
बृहस्पतिरुपाध्याय', तत्र होता बभूव ह ॥
प्रजापतिसुताश्चात्र, सदस्याश्चाभवस्त्रय: ॥३४॥

ऋषिर्मेधातिथिश्चैव, ताण्ड्यश्चैव महानृषि. ।
ऋषि. शान्तिर्महाभाग , तथा वेदशिराश्च य. ।
ऋषिश्रेष्ठश्च कपिल , शालिहोत्रपिता च य ।
आद्य: कठस्तित्तिरिश्च, वैशम्पायनपूर्वज. ।
कण्वोऽथ देवहोत्रश्च, एते षोडश कीर्तिता ॥६॥

सभूता सवसभारा., तस्मिन् राजन् महाक्रतौ ।
न तत्र पशुघातोऽभूत् सराजंवस्थितोऽभवत् ।

अहिंस्र. शुचिरक्षुद्र , निराशी' कर्मसंस्तुत ॥११॥

अर्थात् वसु राजा का अश्वमेध नामक यज्ञ अत्यन्त महत्वपूर्ण था। बृहस्पति उपाध्याय उस मे होता था। प्रजापति के तीन पुत्र तथा अन्य अनेक सुप्रसिद्ध ऋषियों के अतिरिक्त ऋषियो में श्रेष्ठ कपिल, कठ, तैत्तिरि, कण्वादि उस के ऋत्विक् थे। वह सर्वथा हिंसा रहित (अहिंस्) पवित्र, महान् यज्ञ था जिस में पशुओ का घात सर्वथा न किया गया था। (न तत्र पशुघातोऽभूत्) जो लोग अश्वमेध का अर्थ घोडे की बलि देना समझते हैं उन्हें आखें खोल कर इस अहिंसात्मक महान् यज्ञ का वर्णन पढना चाहिये। इस के होताओं में आचार्य बृहस्पति, ऋषि श्रेष्ठ कपिल तथा कठसंहिता, तैत्तिरीयसंहिता, काण्वसंहितादि के प्रवक्ता ऋषि थे जिन्होंने पूर्ण अहिंसात्मक रीति से इस महान् यज्ञ को करवाया। इस बात का उल्लेख करने की इस लिये आवश्यकता पडी है कि वर्तमान काल में प्रचलित तैत्तिरीय संहितादि में भी कई स्थानो पर यज्ञो में पशुहिंसा का प्रतिपादन प्रतीत होता है उसे पीछे की मिलावट वा प्रक्षेप मानने के अतिरिक्त और कोई चारा नहीं।

यज्ञो मे पशुओ की प्रदर्शनी

यहा यह बात भी उल्लेखनीय है कि मेघ धातु का संगमन रूप जो अर्थ है उस का समर्थन महाभारतादि के यज्ञ विषयक अनेक प्रकरणों से होता है। उदाहरणार्थ महाभारत अश्वमेधपर्व अ० ८५ मे निम्न वर्णन पाया जाता है—

स्थलजा जलजा ये च, पशव. केचन प्रभो ।
सर्वानेव समानीतान्, अपश्यस्तत्रते नृपा ॥३२॥

गाश्चैव महिषीश्चैव, तत्र वृद्धस्त्रियोऽपिच ।
औदकानि च सत्वानि, श्वापदानि वयासि च ॥३३॥
पर्वतानूपजातानि, स्वेदजान्युद्भिजानि च ।
जरायुजाण्डजातानि, भूतानि ददृशुश्च ते ॥३४॥
एव प्रमुदितं सर्वं, पशुगोधनधान्यत ।
यज्ञवाट नृपा दृष्ट्वा, पर विस्मयमागता ॥३५॥

महाभारत अश्वमेध पर्व अ० ८५ ।

अर्थात् यज्ञ मण्डप में जितने भी स्थल और जल के पशु हैं उन सब को लोगों ने लाया हुआ देखा । वहा अनेक प्रकार की गौए थीं, भैंसें थीं, वद्धस्त्रिया थीं, जलचर जन्तु और पक्षी थे । पर्वत और अनूप के स्वेदज, उद्भिज, जरायुज और अण्डज जन्तु वहा एकत्रित किये गये थे । इस प्रकार पशु, गौ, धन और धान्य से भरपूर और आनन्दित यज्ञमण्डप को देख कर राजा आश्चर्य को प्राप्त हुए । इस से गोमेध, नरमेध, अश्वमेध, अविमेधादि का प्रदर्शनी का रूप सर्वथा स्पष्टतया सिद्ध होता है ।

आलम्भ, सञ्ज्ञपन तथा अवदान शब्दो का अनर्थ

यज्ञों में पशुहिंसा की निन्दनीय प्रथा जहां स्वार्थ और लोभ के कारण प्रवृत्त हुई वहा प्राचीन ग्रन्थों में प्रयुक्त आलम्भ, सञ्ज्ञपन तथा अवदानादि शब्दो के अर्थ को न समझने के कारण भी ऐसा हुआ यह अध्ययन करने से स्पष्ट प्रतीत होता है ।

प्रजापतये पुरुषान् हस्तिन आलभते, वाचे प्लुषींश्चक्षुषे मशकान्, श्रोत्राय-भृङ्गान् । यजु.० अ० २४ । अग्निषोमीय पशुमालभेत ।

इत्यादि वाक्यो को प्राय यज्ञों में पशुहिंसा के पक्षपाती उद्धृत कर देते हैं किन्तु ऐसा करना अज्ञान मूलक है । आङ्पूर्वक लभ् धातु से आलम्भ शब्द बनता है, उस का अर्थ अच्छी प्रकार से प्राप्त करना, स्पर्श करना वा देना यही होता है । वधार्थक धातुओं में निघण्टु वा धातुपाठादि में आलभ् का कहीं प्रयोग नहीं । इस विषय में निम्न प्रमाण अत्यधिक स्पष्ट हैं जिन में किसी को अणुमात्र भी सन्देह नहीं हो सकता ।

(१) मनुस्मृति अ० २ में ब्रह्मचारियों के कर्तव्य प्रकरण में निम्न श्लोक आता है—

वर्जयेन्मधुमास च, माल्य गन्ध रसान् स्त्रिय ।
स्त्रीणा च प्रेक्षणालम्भम् उपघात परस्य च ॥

यहां स्त्रियों को देखने और आलम्भ का निषेध है । आलम्भ का हिंसा के अर्थ में प्रयोग यहा सङ्गत नहीं प्रतीत होता क्यों कि स्त्रियों की हिंसा का निषेध सर्वथा अनावश्यक है । उस का स्पर्श अर्थ लेना ही सङ्गत है और टीकाकारो ने उस का यही अर्थ लिया है ।

aibrary.thearyasamaj.org

(२) पारस्कर गृह्यसूत्र के उपनयन प्रकरण में निम्न वाक्य पाया जाता है—

अथास्य (ब्रह्मचारिण.) दक्षिणासम् अधिहृदयम् आलभते।

(पारस्कर गृह्यसूत्र २ य काण्ड २ य कण्डिका स० १६) अर्थात् आचार्य ब्रह्मचारी के हृदय का स्पर्श करता है। हरिहर गदाधर, आदि भाष्यकारों ने आलभते का अर्थ 'स्पृशति' (छूता है) यही किया है।

(३) पारस्कर गृह्यसूत्र के विवाह-प्रकरण में यह वाक्य पाया जाता है—

वरो वध्वा दक्षिणासम् अधि हृदयम् आलभते ॥ (पारस्कर गृह्यसूत्र १ ८ ८)

अर्थात् वर वधू के दक्षिण कन्धे के ऊपर हाथ ले जा कर उस के हृदय का स्पर्श करता है।

यहा भी जयराम, हरिहरादि भाष्यकारो ने आलभते का अर्थ 'स्पृशति' (स्पर्श करता है) यही किया है।

(४) इसी प्रकार पारस्कर गृह्यसूत्र के जातकर्म प्रकरण मे यह वाक्य पाया जाता है।

कुमार जात पुरान्यैरालम्भात् सर्पिर्मधुनी हिरण्ययेन प्राशयेत्।

अर्थात् बालक के उत्पन्न होने पर और किसी के स्पर्श से पूर्व उसे स्वर्णशलाका से घृत और मधु चटावे। यहा भी 'आलम्भ' का स्पर्श यह अर्थ अत्यन्त स्पष्ट है जिस में किसी को सन्देह नहीं हो सकता। मीमासा दर्शन के २. ३ १७ की टीका मे सुबोधिनी टीकाकार ने लिखा है कि—

वत्सस्य समीप आनयनार्थम् आलम्भः स्पर्शो भवतीति।

यहा आलम्भ का अर्थ स्पर्श किया गया है। इस लिये—

प्रजापतये पुरुषान् हस्तिन आलभते वाचे प्लुषीश्चक्षुषे मशकान् श्रोत्राय भृङ्गान्।

इत्यादि मन्त्रो तथा अग्निषोमीय पशुमाआलभेत आदि ब्राह्मण वाक्यो में आलभते का स्पर्श अथवा प्राप्ति यही अर्थ लेना चाहिये न कि मारने का उस अवस्था मे 'प्रजापतये पुरुषान् हस्तिन आलभते' का अर्थ यह होगा कि प्रजापति राजा की सेवा के लिये वीर पुरुषों और हाथियों को (आलभते) प्राप्त करे (चक्षुषे मशकान्) आख के लिये छोटे २ मच्छरों से देखे। जिस प्रकार चक्षु के रूप को देख कर वे मुग्ध होते हैं ऐसे उत्तम रूपों पर चक्षुओं को लगावे। (श्रोत्राय भृङ्गाः) श्रवणेन्द्रिय के सुख के लिये (भृङ्गा) भौरों को प्राप्त करे, उन के सुन्दर झकार श्रवण करे। प्रजापति राजा के लिये वीर पुरुषो और हाथियो को मारे यह अर्थ कितना असङ्गत है।

वसन्ताय कपिञ्जलानालभते ग्रीष्माय कलविङ्कान् वर्षाभ्यस्तित्तिरीन्शरदे-वर्तिका हेमन्ताय ककरान् शिशिराय विकिकरान् ॥ यजु० २४. २० ।

इस मे वसन्त, ग्रीष्म वर्षादि विशेष ऋतुओ के साथ कपिंजल, कलविङ्क, तित्तिरि (तीतर) इत्यादि पक्षियों का सम्बन्ध बताते हुए यह उपदेश किया गया है कि पक्षिविद्या के अध्ययन और अनुशीलन के लिये उन ऋतुओं में उन पक्षियो को प्राप्त कर के उन का अच्छी प्रकार निरीक्षण किया जाए । यहा उन २ ऋतुओं के लिये पक्षिविशेषो को मारने का अर्थ करना नितान्त असगत है ।

सञ्जपन शब्द का अर्थ

सञ्जपन शब्द का प्रयोग भी ब्राह्मण ग्रन्थो और श्रौत सूत्रो में अनेक स्थानों पर हुआ है जिस का अर्थ तत्काल मारने का समझ लिया जाता है । पर यह बात भी अज्ञानमूलक है ।

अथर्ववेद के निम्नलिखित मन्त्रों में सञ्जपनम् अथवा सञ्जपयामि आदि का प्रयोग है । जिस का अर्थ ज्ञान देना, दिलाना तथा मेल कराना है यह प्रकरण से स्पष्ट है—

स व: पृच्यन्ता तन्व स मनासि सम् व्रता ।
स वो ऽय ब्रह्मणस्पतिः भग स वो अजीगमत् ॥
सञ्जपन वो मनसो ऽथो सञ्जपन हृद· ।
अथो भगस्य यच्छान्त तेन सञ्जपयामि व. ॥
(अथर्व० ६ १० ९४-९५)

अर्थात् हे मनुष्यो ! तुम्हारे शरीर मिले हुए हों मिल कर व्यायामादि करो, तुम्हारे मन मिले हुए हों, तुम्हारे व्रत एक जैसे हों । ज्ञान का स्वामी भगवान् तुम्हें सदा मिला कर रक्खे । तुम्हारे मन का ज्ञानपूर्वक अच्छी प्रकार मेल हो, तुम्हारे हृदयों का ज्ञानपूर्वक अच्छी प्रकार मेल हो । धर्म, ज्ञान वैराग्य वा अनासक्ति आदि का जो परिश्रम है उस से मैं तुम्हें अच्छी प्रकार ज्ञानयुक्त कर के मिलाता हू ।

इसी प्रकार शतपथ का० १ अ० ४ में एक आख्यायिका है जिस में ये शब्द आये हैं—

(मनस) श्रेयसी अस्मि, यद् वै त्व वेत्थाह तद् विज्ञपयाम्यह सञ्जपयामीति ।

अर्थात् मैं वाणी तुझ मन से अधिक अच्छी हू, तू जो कुछ मन में चिन्तन करता है मैं उसे प्रकट करती हू, मैं उसे अच्छी प्रकार से दूसरों को जतलाती हू (सञ्जपयामि) 'एष वा स्वर्गो लोको यत्र पशु सञ्जपयन्ति' इत्यादि वाक्यों का इस लिये यही अर्थ है कि जहा अज्ञानी पशु समान बालक को उत्तम ज्ञानी बनाया जाता है वही स्वर्गलोक कहाता है । विस्तारभय से अभी इतने ही निर्देश पर्याप्त हैं ।

elibrary.thearyasamaj.org

Vedic Age P. 378 (वैदिक एज् पृ० ३७८) में लिखा है कि Animal sacrifices are indicated by the Apri-Suktas and the horse-sacrifice (Ashva Medha) was undoubtedly performed.

अर्थात् आप्री सूक्तों से पशुयाग सूचित होते हैं, और इस में तो सन्देह ही नहीं है कि अश्वमेध किया जाता था। वस्तुतः निष्पक्षपात भाव से ध्यानपूर्वक समस्त आप्री सूक्तों का अध्ययन करने पर हम निश्चय से कह सकते हैं कि उन में पशुहिंसा की कहीं गन्ध भी नहीं है। अनेक वार यज्ञ के लिये अध्वर शब्द का जो अहिंसासूचक है वहां प्रयोग पाया जाता है। आप्री सूक्तों में पशुहिंसा का समर्थन करने वाले कोई मन्त्र नहीं हैं। यदि अज्ञान व भ्रम से जैसे कि महाभारत के—

अव्यवस्थित मर्यादैर्विमूढैर्नास्तिकैर्नरैः ।
सशयात्मभिरव्यक्तैर्हिंसा समनुवर्णिता ॥

इत्यादि श्लोकों को उद्धृत कर के दिखाया जा चुका है, पशुहिंसात्मक यज्ञ प्रवृत्त होने पर उन सूक्तों का विनियोग वहां कर दिया गया तो इस से यह सिद्ध नहीं होता कि उन मन्त्रों में पशुहिंसा का विधान है, विनियोग तो मध्यकाल में और अब भी बड़े अशुद्ध रूप में प्रचलित है जिस का मन्त्रार्थ से कोई सम्बन्ध ही नहीं। उदाहरणार्थ 'श नो देवीरभिष्टये' इस ईश्वर और आधिदैविक दृष्टि से जल परक मन्त्र का केवल 'शंनः' इन शब्दों के आने से शनैश्चर की पूजा में, उद्बुध्यस्वाग्ने का बुध की पूजा में 'गणानां त्वा गणपतिं हवामहे' इस जगत्पति परमेश्वर परक मन्त्र का कल्पित गणेश की मूर्ति की पूजा में विनियोग कर दिया जाता है, पर सब निष्पक्षपात विद्वान् जानते हैं कि यह सब सर्वथा कपोल कल्पित है, जिस का मन्त्रार्थ से कोई सम्बन्ध नहीं। इसी प्रकार यह कहना कि अश्वमेध अश्व की हिंसा के अर्थ में निःसन्देह प्रचलित थे सर्वथा अशुद्ध है। अश्वमेधः, राष्ट्रं वा अश्वमेधः। शत० १३ १ ६ वीर्यं वा अश्वः इत्यादि अर्थ में राष्ट्र सचालन तथा राष्ट्र की शक्ति को बढ़ाने के कार्य रूप में अवश्य प्रचलित थे पर अश्व पशु की हिंसा वाले यज्ञों के वैदिक काल में प्रचलित होने का कोई प्रमाण नहीं। जो मन्त्र अश्वमेध में बोले जाते हैं ऋग्० १ १६२ अथवा यजुर्वेद अ० २५ इत्यादि इन में अश्व विद्या और राष्ट्र के सचालन का उपदेश है न कि अश्व को आहुति देने का। ऋग्० १. १६२. १७ और यजु० २५ ४० में अध्वर शब्द का प्रयोग है—

यत्ते मादे महसा शूकृतस्य पाठर्प्या वा कशया वा तुतोद ।
स्रुचेव ता हविषो अध्वरेषु सर्वा ता ते ब्रह्मणा सूदयामि ॥

अध्वर का अर्थ अध्वर इति यज्ञ नाम ध्वरतिर्हिंसा कर्मा तत्प्रतिषेध नि० १ ७ के अनुसार हिंसा रहित यज्ञ है फिर अश्व की हिंसा का विधान यहां कैसे हो सकता है? अश्व को

सुगव्य नो वाजी स्वश्व्य पुस. पुत्रां उत विश्वापुष रयिम्।
अनागास्त्वं नो अदितिः कृणोतु क्षत्र नो अश्वो वनता हविष्मान्॥

ऋग्० १ १६२ २२। यजु २५ ४५।

सर्वशक्तिमान् परमेश्वर हमें अच्छी गौए, अच्छे घोडे, वीर सन्तान तथा सब को पुष्ट करने वाले धन को प्रदान करे। अखण्डित वेदवाणी हमें (अनागास्त्व कृणोतु) निरपराध बनाए और (हविष्मान्) प्रशस्तानि हवींषि-सुखदानानि यस्मिन् स.—सुखदायक अश्व (न.) हमारे (क्षत्रम्) शक्तिशाली राष्ट्र का (वनताम्) सेवन करे—हमारे राष्ट्र में सुखदायक उत्तम अश्व हों।

यह प्रार्थना उत्तम सुशिक्षित अश्वादि के सम्बन्ध में ही उपयक्त है न कि अश्वादि उपकारक पशुओं की हिंसा का अपराध वा पाप कर के।

इस सूक्त में कुछ ऐसे मन्त्र अवश्य हैं जिन के सायणाचार्य, उव्वट, महीधरादि भारतीय और मैक्समूलर, ग्रिफिथ, विल्सन आदि पाश्चात्य विद्वानों ने अश्वहिंसा परक अर्थ किये हैं पर यह उन की भ्रान्ति ही है मन्त्रों में न केवल हिंसा का विधान नहीं बल्कि हिंसा करने वालों और मांस खाने वालों को दण्ड देने का विधान है उदाहरणार्थ—

ये वाजिन परिपश्यन्ति पक्व य ईमाहु सुरभिर्निर्हरेति।
ये चार्वतो मांसभिक्षामुपासत उतो तेषानभिगूर्तिर्न इन्वतु॥

यजु २५ ३५।

इस के भावार्थ में महर्षि दयानन्द ने लिखा है—

"येऽश्वादिश्रेष्ठाना पशूनां माससमत्तुमिच्छेयुस्ते राजादिभि. श्रेष्ठैर्निरोद्धव्या"

अर्थात् जो घोडे आदि उत्तम पशुओं का मांस खाना चाहे उन को राजादि श्रेष्ठ पुरुषों को रोकना चाहिये।

"यन्नीक्षण मास्पचन्या उखाया:।" यजु० २५ ६।

इस मन्त्र के भावार्थ में भी महर्षि ने लिखा है—

'ये केचिदश्वादीनाम् उपकारिणा पशूना शुभाना पक्षिणा च मासाहार कुर्युस्तेभ्यो दण्डो यथापराध दातव्य एव॥

अर्थात् यदि कोई घोडे आदि उपकारी पशुओं और उत्तम पक्षियों का मांस खावें तो उन को यथापराध अवश्य दण्ड देना चाहिये।

अ० २५ म० ३७ 'मात्वाग्निध्वन्यीद् धूमगन्धि' इस का भावार्थ इस प्रकार है—

हे मनुष्या: ! यथा विद्वासो मासाहारिणो निवार्याश्वादीना वृद्धि रक्षा च कुर्वन्ति तथा यूयमपि कुरुत।

अर्थात् हे मनुष्यो ! जैसे विद्वान् मांसाहारियों को निवृत्त कर घोडे आदि पशुओं की वृद्धि और रक्षा करते हैं वैसे तुम भी करो।

इस लिये भारतीय अथवा पाश्चात्य जिन किन्हीं विद्वानो ने इन मन्त्रों का पशुहिंसा-परक अर्थ समझ लिया है उन के विषय में महाभारत का यही श्लोक याद आता है कि —

लुब्धैर्विवृत्तपरैर्ब्रह्मन्, नास्तिकैः सप्रवर्तितम्।
वेदवादानविज्ञाय, सत्याभासमिवानृतम्॥

अर्थात् वेद के वास्तविक अर्थ को न जान कर इन लोगों ने ऊपर से सत्य प्रतीत होने वाले किन्तु वस्तुतः असत्य अर्थ को प्रकाशित किया है अतः महाभारत में उन के लिये लोभी, नास्तिक जैसे कठोर शब्दो का प्रयोग किया गया है। ऐसे लोगो की बात कैसे मान्य हो सकती है ?

ये वाजिन परिपश्यन्ति पक्व य ईमाहुः सुरभिर्निर्हरेति।
य चार्वतो मांसभिक्षामुपासत उतो तेषामभिगूर्तिर्न इन्वतु॥

इस मन्त्र के अनेक अतिशिक्षाप्रद अर्थ हैं यथा (ये) (अर्वतः) अश्वस्य (मांस-भिक्षाम्) मासयाचनाम् उपासते ये (अश्वम्) (ईम्) प्राप्त हन्तव्यम् (आहु) तान् (निर्हर) दूरे प्रक्षिप। ये (वाजिनम्) वेगवन्तम् अश्वम् (पक्वम्) परिपक्वस्वभावम् (परिपश्यन्ति) सर्वतोऽन्वीक्षन्ते उतो अपि (तेषाम्) (सुरभि) सुगन्ध (अभिगूर्ति) अभ्युद्यमः (नः) अस्मान् (इन्वतु) प्राप्नोतु।

अर्थात् जो घोड़े के मांस को मांगते हैं और जो घोडे को मारने योग्य कहते हैं उन को निरन्तर हरो वा दूर पहुचाओ। जो घोडों को पका वा सिखा के सब ओर से देखते हैं उन का अच्छा सुगन्ध और सब ओर से उद्यम हम लोगों को प्राप्त हो। उन के अच्छे काम हम को प्राप्त हों।

कहा यह पशुहिंसा और मांस का निषेधक महर्षि दयानन्द कृत अर्थ और कहा सायणाचार्य तथा उन के अनुयायी पाश्चात्य व भारतीय विद्वानों का भ्रष्ट और असगत अर्थ कि जो घोडे को अग्नि में पका हुआ देखते हैं और जो कहते हैं कि इस मरे हुए घोडे की बडी अच्छी गन्ध आ रही है तथा जो घोडे के मास की भिक्षा मागते हैं उन का उत्तम हर्ष प्राप्त हो। यह अर्थ सर्वथा असङ्गत और सामान्य बुद्धि तथा वेद की भावना के विरुद्ध होने से अमान्य है। इस मन्त्र का ब्रह्मचारी और शूरवीर परक अर्थ भी होता है जो निम्न प्रकार है—

जो विद्वान् (वाजिनम्) ज्ञानवान् बलवान् ब्रह्मचारी को (परिपश्यन्ति) भलीभांति देखते हैं और जो इस को लक्ष्य कर के (पक्वम्) ज्ञानादि वृष्टया परिपक्व कहते हैं और (सुरभि) उत्तम आचार की सुगन्ध से युक्त पुरुष (निर्हर) हम से भिक्षा ले (इति)

इन नाव से (ये) जो गृहस्थजन (अर्वतः) ज्ञानवान् पुरुष के अर्व-गतौ गतेस्त्रयोऽर्था ज्ञान गमन प्राप्तिश्च (मासनिक्षाम्) मन को प्रिय लगने वाले पदार्थों की भिक्षा को—मानन वा मानस वा मनोऽस्मिन् सीदतीति मासम्- निरुक्ते ४. १. ३ प्रतीक्षा करते हैं उन हितैषी पुरुषों का (अभिगूर्ति.) उद्यम प्रयत्न हमें सफल हो कर प्राप्त हो।

शूरवीर पुरुष परक अर्थ—जो (वाजिनम्) बलवान् पुरुष को वाजइति बलनाम (निघण्टौ २ ९) देखते हैं और उस को परिपक्व—शस्त्र कौशल में सुअभ्यस्त पका हुआ बतलाते हैं (सुरभि) सुरक्षित हो कर पर राष्ट्र की लक्ष्मी को ले आ।

इस प्रकार जो (अर्वत मासनिक्षाम् उपासते) गतिशील बलवान् पुरुष के शरीर की याचना की प्रतीक्षा करते हैं उन का राष्ट्र के प्रति किया श्रम हमें प्राप्त हो अर्थात् राजा राष्ट्र में बलवान् पुरुषों को परिपक्व करे और फिर उन के शरीरों को युद्धादि कार्यों के लिये लगावे।

यत् ते गात्रादग्निना पच्यमानादभि शूल निहतस्यावधावति।
मा तद्भूम्यामाश्रिषन्मा तृणेषु देवेभ्यस्तदुशद्भ्यो रातमस्तु॥

यजु० २५ ३४।

इस मन्त्र का सायणाचार्य, उव्वट, महीधरादि ने बडा अनर्थ किया है। उन के अनुसार इस का अर्थ यह है कि हे अश्व ! अग्नि से पकाये, मरे हुए तेरे अवयवों से जो मास रस उठता है वह भूमि वा तृण पर न गिरे, वह चाहते हुए देवों को प्राप्त होवे। वस्तुत यह पूर्वोक्त मन्त्रों की भावना और अध्वर के अहिंसात्मक अर्थ के विपरीत होने के कारण अमान्य है। इस का वास्तविक अर्थ यह है कि हे मनुष्य ! (निहतस्य ते) निश्चयेन कृतश्रमस्यतव हन्-हिंसागत्योरिति अत्र गत्यर्थो ग्राह्य· (अग्निना) अन्त करणरूपतेजसा (पच्यमानात्) (गात्रात्) यत् (शूलम्) शुशीघ्र लाति—बोध गृह्णाति येन तद्पच पृषोदरादित्वात् साधु। (अभ्यवधावति) गच्छति तत् (भूम्याम्) (मा श्रिषत्) (तृणेषु) (मा श्रिषत्) किन्तु तच्च (उशद्भ्य) कामयमानेभ्यः (देवेभ्य.) विद्वद्भ्य· (रातम्) दत्तम् अस्तु।

भावार्थ.—हे मनुष्याः यानि ज्वरादिपीडितान्यङ्गानि भवेयुस्तानि वैद्येभ्यो नीरोगाणि कार्याणि तेभ्यौषध दीयेत तद्रोगिभ्यो हितकर भवति॥

अर्थात् हे मनुष्यो ! जो ज्वर आदि से पीडित अङ्ग हों उन को वैद्यजनों से नीरोग कराना चाहिये क्योंकि उन वैद्यजनों के द्वारा जो औषध दिया जाता है वह रोगीजन के लिये हितकारी होता है तथा मनुष्य को स्वयं वचनों का उच्चारण न करना चाहिये किन्तु विद्वानों के प्रति उत्तम वचनों का ही तदा प्रयोग करना चाहिये।

Library.theAryasamaj.org

अश्व की हिंसा का तो इस मा हिंसीरेकशफ पशु कनिक्रद वाजिन वाजिनेषु ॥

यजु १३. ४७।

इत्यादि मन्त्रों द्वारा स्पष्ट निषेध है जिस की व्याख्या करते हुए शतपथकार ने लिखा है कि—

इमं मा हिंसीरेकशफं पशुमित्येकशफोवा एष पशुर्यदश्वस्त मा हिंसीरिति।

शत० पृ० ६६८।

अर्थात् एक शफ पशु से तात्पर्य अश्व का है उस की हिंसा न कर। इस सूक्त में भी पशुहिंसा का बार बार निषेध है।

अच्छिद्रा गात्रा वयुना कृणोत। यजु २५ ४१।

अश्व शिक्षक इस अश्व के गात्रों को (वयुना) ज्ञानपूर्वक अच्छिद्र वा दोषरहित कर दे (परुष्परनुघुष्या विशस्त) प्रत्येक मर्म स्थल में अनुकूलता से घोषणा कर के जो दोष हैं उन का निवारण कर दे।

मा त्वा तपत् प्रिय आत्मापियन्तं मा स्वधितिस्तन्व आतिष्ठिपत्ते।
मा ते गृध्नुरविशस्तातिहाय छिद्रा गात्राण्यसिना मिथू क.॥

यजु० २५ ४३।

इस मन्त्र में भी यही उपदेश है कि—

सर्वैर्मनुष्यै· स्व स्व आत्मा शोके न निपातनीय., कस्याप्युपरि वज्रो न निपातनीय., कस्याप्युपकारो न विच्छेदनीयश्च ॥

अर्थात् सब मनुष्यों को चाहिये कि अपने आत्मा को शोक में न डालें, किसी के भी ऊपर वज्र न छोड़ें और किसी के किये हुए उपकार को नष्ट वा विस्मृत न किया करें। इस प्रकार 'मा स्वधितिस्तन्व आतिष्ठिपत् ते' शब्दों द्वारा पशुहिंसा परक अर्थ करना सर्वथा अनुचित है। पौराणिकों तथा वाममार्गी लोगों ने अज्ञानवश यह कल्पना की कि जिन पशुओं की यज्ञों में बलि दी जाती है वे स्वर्ग को जाते हैं और यजमान भी ऐसे यज्ञ कराने से स्वर्ग को जाता है। किन्तु यह युक्ति तथा सामान्य बुद्धिविरुद्ध अन्ध विश्वास के अतिरिक्त और कुछ नहीं। इसी का उपहास करते हुए चार्वाक मत प्रवर्तक ने कहा था कि—

पशुश्चेन्निहित स्वर्गं, ज्योतिष्टोमे गमिष्यति।
स्वपिता यजमानेन, तत्र कस्मान्न हिंस्यते ॥

सर्वदर्शन सग्रह—चार्वाक दर्शन।

अर्थात् यदि ज्योतिष्टोम यज्ञ में मारा हुआ पशु स्वर्ग को जा सकता है तो यजमान अपने पिता को मार कर क्यों न सीधा स्वर्ग को भेज देता ?

elibrary.thearyasamaj.org

जाता है। वस्तुतः उनका ऐसा लिखना सर्वथा अशुद्ध है। गौओं को वेदों में सर्वत्र अघ्न्या और अदिति के नाम से पुकारा गया है जिसका अर्थ ही अहन्तव्या और अखण्डनीया अर्थात् जिसकी कभी किसी अवस्था में भी हिंसा न करनी चाहिये यह है ऋग्वेद तथा अन्य सभी वेदों में गौ के लिये अघ्न्या शब्द का बार २ प्रयोग किया गया है जिनमें से उदाहरणार्थ निम्न मन्त्रों को हम यहां उद्धृत करते हैं।

(१) सूयवसाद् भगवती हि भूया अथो वय भगवन्तः स्याम।
अद्धि तृणमघ्न्ये विश्वदानीं पिब शुद्धमुदकमाचरन्ती॥

ऋग्० १ १६४ ४०।

यहां गौ को 'अघ्न्या' इस नाम से सम्बोधन करते हुए जिसका अर्थ स्पष्टतया इसके अतिरिक्त कुछ नहीं कि जिसको कभी न मारना चाहिये कहा है कि तू तृण तथा शुद्ध जल का सेवन करके सदा स्वस्थ रह। हम भी तेरे उत्तम सात्त्विक दूध का सेवन करते हुए धर्म, ज्ञान ऐश्वर्य युक्त हों।

(२) हिंकृण्वती वसुमती वसूनां वत्समिच्छन्ती मनसाभ्यागात्।
दुहामश्विभ्यां पयो अघ्न्येयं सा वर्धता महते सौभगाय॥

ऋग्० १. १६४ २७।

यहां भी गौ के लिये अघ्न्या शब्द का प्रयोग है और उसे आरोग्यादि सौभाग्य का कारण बताया गया है।

(३) अस्य श्रेष्ठा सुभगस्य सन्दृग् देवस्य चित्रतमा मर्त्येषु।
शुचि घृत न तप्तमघ्न्यायाः स्पार्हा देवस्य महनेव धेनोः॥

ऋग्० ४ १ ६।

इस मन्त्र में भी गौ को अघ्न्या के नाम से पुकारते हुए परमेश्वर के दर्शन को उनके पवित्र, तपाये हुए घी के साथ उपमा दी गई है साथ ही उस को स्पृहणीय (चाहने योग्य) शक्ति और बुद्धिवर्धक दुग्धधारा के समान प्रभु दर्शन को बताया गया है। ऋग्० ५ ८३ ८ में कहा है कि—

(४) घृतेन द्यावापृथिवी व्युन्धि सुप्रपाण भवत्वघ्न्याया।

ऋग्० ५ ८३ ८।

अर्थात् कभी न मारने योग्य गौ के जल पीने आदि की उत्तम व्यवस्था होनी चाहिये और उसके शुद्ध घृत से पृथिवी और आकाश को भर देना चाहिये। गौ घृत से ही हवन की सूचना भी इस मन्त्र से मिलती है।

(५) एषस्य कारर्जरते सूयतेरग्रे धुवान उषसा सुमन्मा।
इषां तं वर्धदघ्न्या पयोभिर्यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः॥

ऋग्० ७ ६८ ६।

ये ऋग्वेद के १० मन्त्र हमने उदाहरण के रूप में उद्धृत किये हैं जिन में गौ को अघ्न्या के नाम से पुकारते हुए सर्वथा अहन्तव्या वा न मारने योग्य बताया गया है। ऐसे ही अन्य सैकड़ों मन्त्र हैं जिन सब को ग्रन्थ विस्तार के भय से उद्धृत करना यहां सम्भव नहीं। गोघातकों को राज्य से निकाल देने और उन का सर्वस्व हरण तक करने का आदेश अनेक मन्त्रों में है। उदाहरणार्थ ऋग्० १०. ८७ १० तथा अथर्व० ८. ३. १६ में कहा है—

विषं गा वा यातुधाना भरन्तामा वृश्चन्तामदितये दुरेवाः।
परेणैनान् देवः सविता ददातु परा भागमोषधीना जयन्ताम् ॥

अर्थात् यदि (यातुधाना.) प्रजापीडक लोग (गवाम्) गौ आदि पशुओं को (विषम् भरन्ताम्) विष दें और उन को मार डालें और यदि (दुरेवा.) दुष्ट आचरण के लोग (अदितये) गाय को (आवृश्चन्ताम्) काटें तब (सविता देव.) सब का प्रेरक राजा (एनान्) इन को (परा ददात्) राज्य से बाहर निकाल दे या इन का सर्वस्व हर ले और वे (ओषधीनाम्) अन्न और ओषधियों के भाग को (न पराजयन्ताम्) न पा सकें।

अघ्न्या शब्द के प्रयोग के अतिरिक्त ऋग्वेद के ८. १०१. १५ के निम्न मन्त्र में गौ की हत्या का निषेध स्पष्ट आदेशरूप में विद्यमान है—

माता रुद्राणां दुहिता वसूना स्वसादित्यानाममृतस्य नाभिः।
प्र नु वोच चिकितुषे जनाय मा गामनागामदितिं वधिष्ट ॥

अर्थात् रुद्र ब्रह्मचारियों की माता, वसु ब्रह्मचारियों के लिये दुहिता के समान प्रिय, आदित्य ब्रह्मचारियों के लिये बहिन के समान स्नेहशील दुग्धरूप अमृत के केन्द्र इस (अनागाम्) निर्दोष (अदितिम्) अखण्डनीया (गाम्) गौ को (मा वधिष्ट) कभी मत मार ऐसा मैं (चिकितुषे जनाय) प्रत्येक विचारशील मनुष्य के लिये (प्रवोचम्) उपदेश करता हूं।

'अथर्वसंहितोपनिषच्छतकम्' के लेखक श्री स्वा० महेश्वरानन्द जी ने 'माताद्रुणाम्' इस मन्त्र की व्याख्या में रुद्राणाम्—क्षत्रियाणाम्, वसूनाम्—वैश्यानाम्, आदित्यानाम्—ब्राह्मणानाम् ऐसा अर्थ किया है। पृ० ३६२।

यजुर्वेद में गोवधनिषेध विषयक स्पष्ट उपदेश

ऋग्वेद के समान यजुर्वेद में भी गौ के महत्त्व को सूचित करने वाले और उस की हिंसा का न केवल निषेध करने वाले बल्कि उसकी हत्या करने वाले के लिये प्राणदण्ड तक का विधान करने वाले अनेक मन्त्र हैं। उदाहरणार्थ यजुर्वेद १३. ४६ में निम्न आदेश है—

इमं साहस्रं शतधारमुत्सं व्यच्यमानं सरिरस्य मध्ये।
घृतं दुहानामदितिं जनायाग्ने मा हिंसीः परमे व्योमन् ॥

हे (अग्ने) दया को प्राप्त हुए परोपकारी राजन् ! तू (जनाय) मनुष्यादि प्राणी के लिये (इमम्) इस (साहस्रम्) असख्य सुखो का साधन (शतधारम्) असख्य दूध की धाराओं के निमित्त (व्यचयमानम्) अनेक प्रकार से पालन के योग्य (उत्सम्) कुंए के समान रक्षा करने वाले वीर्यसेवक बैल के समान (घृतम्) घी को (दुहानाम्) पूर्ण करती हुई (अदितिम्) कभी न मारने योग्य गौ को (मा हिंसी·) मत मार। राजा के लिये इस आदेश का तात्पर्य यह है कि वह राज्य में विधि वा कानून द्वारा गोवध (गौओं, बैलों, भैंसों तथा बछड़ों आदि का वध) बन्द करा दे। यदि कोई इस आदेश का उल्लङ्घन करे तो उस के लिये यजु० ३० १८ में विधान है—

अन्तकाय गोघातकम् ॥

अर्थात् जो गोहत्या करने वाला हो उसे मृत्युदण्ड दिया जाए। इस से बढ़ कर गोहत्या को महापाप और महान् अपराध सिद्ध करने वाला अन्य आदेश क्या हो सकता है ?

अथर्ववेद के गोवध निषेध विषयक आदेश

अथर्ववेद में भी अन्य वेदों के समान गोवधनिषेधक तथा गोरक्षाप्रतिपादक अनेक स्पष्ट मन्त्र पाये जाते हैं। अघ्न्या शब्द का भी गौ के लिये बहुत स्थानों पर प्रयोग है। उदाहरणार्थ अथर्व० ३. ३० १ में कहा है—

सहृदय सामनस्यमविद्वेष कृणोमि व.।
अन्यो अन्यमभिहर्यत वत्स जातमिवाघ्न्या ॥

इस मन्त्र में भगवान् की ओर से उपदेश है कि मैं तुम्हारे हृदय और मन को मिलाता और द्वेष भाव को दूर करता हू। तुम आपस में ऐसा प्रेम करो और एक दूसरे की ऐसी कामना करो जैसे गौ नवजात बछड़े के साथ प्रेम करती है। यहां गौ के लिये अघ्न्या शब्द का प्रयोग है जिस का अर्थ अहन्तव्या—कभी न मारने योग्य है।

ऋग्वेद के समान ही गौओं की महिमा का वर्णन करते हुए अथर्ववेद में भी कहा गया है—

यूय गावो मेदयथा कृश चिदश्रीर चित् कृणुथा सुप्रतीकम्।
भद्र गृह कृणुथ भद्रवाचो बृहद् वो वय उच्यते सभासु ॥

अथर्व० ४ २१ ६।

अर्थात् तुम दुर्बल व्यक्ति को भी अपने अमृत समान दुग्ध द्वारा बलवान् बनाती हो, तुम्हारी वाणी बडी उत्तम है जिस से तुम घर को कल्याणमय बना देती हो। तुम्हारी महिमा का बडी-बडी सभाओं में गान किया जाता है।

जिन गौओं की इतनी महिमा हो, जिन के इतने उपकार हों क्या उन की हत्या का वेदों में कभी आदेश हो सकता है ? अघ्न्या शब्द ही इस का उत्तर दे रहा है तथापि इस

elibrary.freearyasamaj.org

विषय को और अधिक स्पष्ट करने के लिए कहा गया है—

प्रजावतीः सूयवसे रुशन्ती शुद्धा अपः सुप्रपाणे पिबन्ती ।
मा वः स्तेन ईशत माघशसः परि वो रुद्रस्य हेतिर्वृणक्तु ॥

अथर्व० ८ २ १. ७।

अर्थात् हे गौओ ! तुम प्रजाओं से सम्पन्न हो उत्तम घास वाले चरागाहों में विचरो, सुखपूर्वक जिन से जल पिया जा सके ऐसे जलाशयों में से शुद्ध जल को पियो। चोर और घातक तुम्हारा स्वामी न बने, क्रूर पुरुष का शस्त्र भी तुम्हारे ऊपर न गिरे।

इस प्रकार गोवध का सर्वथा निषेध कर दिया गया है तथापि जो दुष्ट ऐसा महापाप करें उन को क्या दण्ड दिया जाए इस का विधान १. १. ६४ में इन स्पष्ट शब्दों में किया गया है—

यदि नो गां हंसि यद्यश्वं यदि पूरुषम् ।
तं त्वा सीसेन विध्यामो यथा नोऽसो अवीरहा ॥

अथर्व० १. १ ६४।

अर्थात् हे दुष्ट ! यदि तू हमारे गाय, घोड़े आदि पशुओं या पुरुषों की हत्या करेगा तो हम तुझे सीसे की गोली से उड़ा देंगे।

यहां भी ऋग्वेद और यजुर्वेद के मन्त्रों की तरह (जिन्हें पहले उद्धृत किया जा चुका है) गोघातक के लिए प्राणदण्ड का विधान किया गया है।

वेदों के इतने स्पष्ट आदेश गोपालन और गोवध निषेध विषयक होते हुए यह कल्पना भी करना नितान्त असङ्गत है कि वैदिक आर्य यज्ञों में गोवध किया करते थे। यदि कोई राक्षस (जिन्हें वेदों में यातुधान या हिंसक के नाम से पुकारते हुए अत्यन्त निन्दनीय बताया गया है। ऐसा पाप करते होंगे—जैसे कि प्रत्येक समय में अच्छे बुरे व्यक्ति अधिक या कम मात्रा में होते हैं) तो उन के इस कार्य को किसी प्रकार भी शिष्टानुमोदित नहीं माना जा सकता। ऐसों के लिये तो वेद मृत्युदण्ड का ही विधान करते हैं जैसे कि ऊपर सप्रमाण दिखाया जा चुका है। इसी लिये महाभारत शान्तिपर्व अ० २६२ में ठीक ही कहा है कि—

अघ्न्याइति गवां नाम, कः एता हन्तुमर्हति ।
महच्चकाराकुशल, वृषं गां वालभेत्तु यः ॥ ४६

अर्थात् गौओं का नाम ही अघ्न्या है इन को कौन मार सकता है ? जो गाय और बैल को मारता है वह महापाप या अनर्थ कारक कार्य करता है।

महात्मा गौतम बुद्ध की साक्षिता

यज्ञों में पशुहिंसा के प्रबल विरोधी महात्मा गौतम बुद्ध ने भी ब्राह्मण धम्मिक सुत्त में वैदिक और प्राचीन आर्यों के विषय में कहा है कि वे चावल, घी आदि मांग कर उन से यज्ञ करते थे और उन में पशुहिंसा न करते थे। उन की गौओं के विषय में जो श्रेष्ठ भावना थी उस का निर्देश करते हुए महात्मा बुद्ध ने कहा कि—

यथा माता पिता भ्राता, अञ्छे वापि च ञातका।
गावो नो परमामित्ता, यासु जायति ओसधा॥ १३
अन्नदा बलदा चेता, वण्णदा सुखदा तथा।
एतमत्थवस ञात्वा, नास्सु गावो हनिंसु ते॥

अर्थात् जैसे माता-पिता, भाई और दूसरे बन्धु हैं वैसे ही गौवें परम मित्र हैं जिन से दवा पैदा होती हैं। यही अन्न, बल, वर्ण (रूप) तथा सुख देने वाली हैं इस बात को जान कर वे गौ को नहीं मारते थे।

(ब्राह्मण धम्मिक सुत्त—अनुवादक धर्मरक्षित। प्रकाशक—अकितमा आर्य सधाराम सारनाथ बनारस)।

किस प्रकार लोभवश कुछ ब्राह्मणों ने वेद को तोड-मरोड कर उस के अनुरूप झूठे मन्त्र घडे इत्यादि वर्णन ब्राह्मण धम्मिय सुत्त में विस्तार से आया है जिस के उल्लेख की यहां विशेष आवश्यकता नहीं प्रतीत होती। श्री धर्मरक्षित जी ने उपर्युक्त अनुवाद की भूमिका में ठीक ही लिखा है कि—

"यह सर्वसिद्ध है कि प्राचीन वैदिक ग्रन्थ हिंसा मूलक न थे। मूल वैदिक-धर्म बुद्ध-सिद्धान्त के प्रतिकूल न था। भगवान् बुद्ध ने गोहिंसा के प्रति स्पष्ट शब्दों में कहा था—

एवमेसो अनुधम्मो पोराणो विञ्ञू गरहितो।

अर्थात् यह गोहिंसा इस प्रकार पुराने विद्वानों द्वारा निन्दित नीचकर्म है इत्यादि।

वैदिक एज् के लेखको का परस्पर विरोध और भ्रम

'वैदिक एज्' के लेखकों ने इस विषय में अनेक परस्पर विरुद्ध तथा कपोलकल्पित बातें लिख दी हैं। हम उन के ग्रन्थ से उद्धरण दे कर उस का सप्रमाण निराकरण करेंगे। वे अपनी पुस्तक के प० ३९३ पर लिखते हैं—

"The cow receives the epithet Aghnya (अघ्न्या)—not to be killed in the Rigveda, and is otherwise a very valued possession. It is difficult to reconcile this with the eating of beef, but we may get some explanation if we

remember the following—

(i) It was the flesh of the ox rather than of the cow that was eaten. A distinction was definitely made (Vedic Age P 393).

(ii) The flesh of the cow (if at all) was eaten at the sacrifices only and it is well-known that one sacrifices one's dearest possession to please the gods.

(iii) Even in the Rigveda, only vashas (वशा—barren cows) were sacrificed For example, Agni is called in VIII. 43. 11 as वशान्न The expression अतिथिनीर्गा· (cows fit for guests in X 68. 3) implies the same distinction. —Vedic Age P. 393.

अर्थात् ऋग्वेद में गौ के लिये अघ्न्या शब्द का प्रयोग है जिस का अर्थ है न मारने योग्य और यह एक बहुमूल्य सम्पत्ति मानी गई है। इसका गोमांस भक्षण के साथ समन्वय करना कठिन है किन्तु यदि निम्न बातों को हम ध्यान में रखें तो कुछ व्याख्या हो सकती है।

(१) बैल का मांस खाया जाता था गाय का नहीं।

इस का पूर्वोद्धृत 'The guests are entertained with the flesh of the cows killed on the occasion of marriage'

Vedic Age P 389.

अर्थात् वैदिक युग में विवाह के अवसर पर अतिथियों को तत्काल मारी गई गौओं के मांस से तृप्त किया जाता था विरोध स्पष्ट है।

(२) यदि गाय का मांस खाया भी जाता था (if at all) तो यह केवल यज्ञों के अवसर पर ही क्योंकि यह सर्व विदित है कि देवों को प्रसन्न करने के लिये अपनी प्रियतम वस्तु का भी मनुष्य परित्याग कर देते हैं।

आलोचना—यह बात भी सर्वथा अशुद्ध है क्योंकि यज्ञों को सारे वैदिक साहित्य में अध्वर के नाम से पुकारा गया है जैसे कि इस अध्याय में अनेक प्रमाण देकर दिखाया गया है। यज्ञ जैसे पवित्र कार्य में गोमांस भक्षण की कल्पना करना भी नितान्त असङ्गत है। मांस खाने से तो यज्ञ और व्रत का भङ्ग हो जाता है तथा उसका प्रभाव सर्वथा नष्ट हो जाता है जैसा कि निम्नलिखित ब्राह्मण ग्रन्थों के वचनों से भी स्पष्ट है—

कात्यायन.—अघ्न्या विमुच्यध्वमितीति वलीवर्दान् विमृजेत् ।

(सायणाचार्य कृत काण्वसंहिता भाष्य) ।

कात्यायन श्रौत सूत्र में भी अघ्न्या का अर्थ अहन्तव्य वलीवर्द (बैल) लेकर इस ऊपर उद्धृत मन्त्र का वृषोत्सर्ग में विनियोग किया है । उसी के प्रमाण से सायणाचार्य ने अर्थ किया है जो स्पष्ट है ।

अथर्ववेद काण्ड ९ सूक्त ४ में निम्न मन्त्र आता है जिस में बैल के लिये अघ्न्य शब्द का प्रयोग अति स्पष्ट है—

शृङ्गाभ्यां रक्ष अपत्यवर्तिं हन्ति चक्षुषा ।
शृणोति भद्रं कर्णाभ्या गवा यः पतिरघ्न्यः ॥

अथर्व० ९ ४ १७ ।

अर्थात् गौओं का (अघ्न्य) अहिंसनीय पति बैल सींगों से राक्षसों अर्थात् विघ्नों को, आंखों से जीविका के अभाव को नष्ट करता है और कानों से कल्याण की बात सुनता है ।

भाव—बैल सींगों से अपनी रक्षा स्वयं करता है परन्तु मानव समाज को भी उस की रक्षा में भाग लेना चाहिये । यद्यपि वह चारा देख लेता और पेट भर लेता है परन्तु हमें भी उसके भोजन की योजना रखनी चाहिये । उसे मीठी और प्यारी बातें सुनने का अभ्यास कराना चाहिये । उस के सींग भी उस की रक्षा के साधन ही रहने चाहियें । किसी अन्य के लिये ये हानिकारक न हों ऐसा अभ्यास हम उसे करा सकते हैं ।

इसी सूक्त के १९ वें मन्त्र में भी 'अघ्न्यानाम्' यह षष्ठी बहुवचनान्त प्रयोग है जो अघ्न्य और अघ्न्या दोनों से बनता है और वस्तुतः दोनों के लिये उपयुक्त है, यथा—

ब्राह्मणेभ्य ऋषभं दत्वा वरीय. कृणुते मनः ।
पुष्टिं सो अघ्न्यानां स्वे गोष्ठेव पश्यते ॥

अर्थात् ब्राह्मणों को ऋषभ (बैल) का दान कर के यह दाता अपने को स्वार्थ त्याग द्वारा श्रेष्ठ बनाता है । वह अपनी गोशाला में बैलों और गौओं की पुष्टि देखता है । यहां यह बात भी ध्यान देने योग्य है कि ऋषभ के दान का इस तथा अन्य मन्त्रों में विधान है न कि उस की हत्या का । २० वें मन्त्र में भी—

गावः सन्तु प्रजा. सन्त्वथो अस्तु तनूबलम् ।
तत्सर्वमनुमन्यन्तां देवा ऋषभदायिने ॥

यही बताया गया है कि जो सत्पात्र में वृषभ का दान करता है उस की गौएं सन्तानादि उत्तम रहती हैं तथा उसे शारीरिक बल आदि की भी विद्वानों के आदेशानुसार

कार्य करने से प्राप्ति होती है। उक्षा, ऋषभादि शब्दों पर कुछ विशेष विचार हम आगे करेंगे।

(३) तीसरी बात जो वैदिक एज् के लेखको ने इस गोमासादि भक्षण के प्रसङ्ग में लिखी है वह यह है कि ऋग्वेद में भी केवल वशाओ अर्थात् वन्ध्या गौओं की बलि देने का विधान है उदाहरणार्थ ऋग्० ८ ४३ ११ में अग्नि को वशान्न के नाम से पुकारा गया है। अतिथिनीर्गा —अर्थात् अतिथियों के योग्य गौए यह प्रयोग ऋग्वेद १०. ६८ ३ में पाया जाता है।

समीक्षा—लेखक का कहना कि ऋग्वेद में वशा के नाम से वन्ध्या गौओं को अग्नि में आहुति देने का विधान है यह भी सर्वथा अशुद्ध है। जिस मन्त्र का निर्देश उन्होंने इस प्रसङ्ग में किया है उस के अर्थ को समझने में उन से भयङ्कर भूल हो गई है। वह मन्त्र यह है—

उक्षान्नाय वशान्नाय, सोमपृष्ठाय वेधसे।
स्तोमैर्विधेमाग्नये ॥ ऋग्० ८. ४३. ११।

इस मन्त्र के आध्यात्मिक और आधिभौतिक दृष्टि से अनेक अर्थ हैं। अग्नि नाम से जब परमेश्वर का ग्रहण किया जाये जैसे कि 'ब्रह्माग्नि.' (शत० १ ३ ३ १९ , इत्यादि में सूचित किया गया है तो उस का अर्थ यह होता है कि उक्षेति महन्नाम निघ. ३. ३ महान् सूर्यादि भी जिस के प्रलयकाल में अन्न वा भोज्य के समान हो जाते हैं और 'इय (पृथिवी) वै वशापृश्नि. (शत० १. ८. ३. १५) इय (पृथिवी) वै वशा पृश्निः (शत० ५ १ ३ के अनुसार वशा—पृथिवी यह भी जिस के अन्न के समान भोज्य है ऐसे (वेधसे) सर्वज्ञ (अग्नये) परमेश्वर को (स्तोमैः नमसा विधेम) नमस्कार पूर्वक स्तुतियो से सेवा करते हैं।

आधिभौतिक अग्नि परक अर्थ लेने में उक्षा और वशा के अर्थो पर विचार करना आवश्यक है। इन शब्दों के अर्थ प्रायः बैल और वन्ध्या गौ ये समझ लिये जाते हैं पर वस्तुत. ऐसा नहीं है। यज्ञ प्रकरण में उक्षा और वशा दोनो शब्दों के ओषधिपरक अर्थ का ही ग्रहण करना चाहिये जिन्हें अग्नि में डाला जाता है। उक्षा शब्द का अर्थ वाचस्पत्य बृहदभिधान में सोम भी दिया है ऐसे ही श्री शिवराम आप्टे की Sanskrit English Dictionary पृ० २५४ में उस का अर्थ सोम और ऋषभौषधि भी दिया है।

सुप्रसिद्ध भाष्यकार सायणाचार्य ने भी अनेक स्थानों पर उक्षा का सोमपरक अर्थ किया है। उदाहरणार्थ ऋग्० १ १६४. ४३ के—

उक्षाणं पृश्निमपचन्त धीरास्तानि धर्माणि प्रथमान्यासन् ॥

इस मन्त्र के भाष्य में उन्होंने लिखा है—

(उक्षाणम्) फलस्य सेक्तारम् (पृश्निम्) शुक्लवर्णम् प्राश्नुते तेन फलमिति वा स्वयं प्राश्नुत इति वा पृश्निर्वल्लीरूप सोम त (धीराः) विविधप्रेरणाकुशला ऋत्विजः (अवचन्त) अत्र धात्वर्थानादरेण तिङ् प्रत्यय. करोत्यर्थ. स च क्रिया सामान्यवचन. अग्नौ-वित्यादिनिघण्टेण सम्पादितवन्तः। (तानि) तत्सम्पादनानि (पर्वाणि) अनुष्ठानानि (प्रथमानि) प्रतमानि-प्रकृष्टानि फलपर्यवसायीनि (आसन्) सम्पादितान्यभवन् पद् या सोम उक्षाणवत् पूर्वत देवाः शकुनापचन् यज्ञार्थेतद्भवो धूमो मेघ आसीत् तदुच्यते। तत्परत्वेन वा मन्त्रो व्याख्येयो विचक्षणै ।

—वैदिक सशोधन सस्था पूना स० भाग १ पृ० १००८—९ ।

यहां उक्षा का सोम परक अर्थ अत्यन्त स्पष्ट है । उक्षा के पचन से तात्पर्य यहां सोम के पाक अथवा उस की आहुति से है यह बात भी ध्यान देने योग्य है ।

मोनियर विलियम्स कृत सुप्रसिद्ध Sanskrit English Dictionary के पृ० १७२ में उक्षा का अर्थ देते हुए लिखा है—

उक्षन् Ukshan—Name of Soma (as sprinkling or scattering small drops) name of the maruts—of the sun and Agni—one of the eight chief medicaments Rishabha.

—Sanskrit English Dictionary by Monior Williams P. 172.

इन के अनुसार उक्षा के अर्थ सोम, सूर्य, ऋषभक नामक ओषधि के हैं । ऋषभक और जीवक का भावप्रकाश में इस प्रकार वर्णन आया है—

जीवकर्षभकौ ज्ञेयौ, हिमाद्रिशिखरोद्भवौ ।
रसोनकन्दवत्कन्दौ, निस्सारौ सूक्ष्मपत्रकौ ॥

भावप्रकाशे ।

इस ऋषभक नामक ओषधि का वर्णन—

हिरण्यशृङ्ग ऋषभः शातवारो अय मणि. ।
दुर्णाम्नः सर्वारसृड्वाऽवरक्षास्यक्रमीत् ॥ अथर्व १९ ३६. ५ ।

अर्थात यह सुवर्ण के समान चमकते हुए शृङ्गों वाला ऋषभ महौषध पुरे नाम वाले क्षय के सब दूषक रोगों को हिंसा कर के रोग कृमियों को नष्ट करता है ।

यानि भद्राणि बीजान्यृषभा जनयन्ति च ।
तैस्त्वं पुत्रं विन्दस्व सा प्रसूर्धेनुका भव ॥

अथर्व० का० ३ २३. ४ ।

इत्यादि प्रमाणों से ऋषभ का वीर्यवर्धक ओषध होना सिद्ध है ।

अग्नि को जब उक्षान्न कहा जाता है तो उन का अर्थ यह है कि अग्नि में सोम

अथवा ऋषभ नामक महौषध डाले जाते हैं जो सब के लिये आरोग्यदायक होते हैं। वशा शब्द के भी अनेक अर्थ होते हैं यथा—

वशा हि सत्या वरुणस्य राज्ञः अथर्व १. १०. १ ।

यहां वशा का अर्थ ईश्वरीय नियम वा नियामक शक्ति है।

इय वै पृथिवी वशा पृश्निः ।। शत० १. ८ ३. १५ ।

आदि के अनुसार उस का अर्थ पृथिवी भी है।

वशायाः पुत्रमायन्ति ।। अथर्व २०. १०३ १५ ।

के अनुसार सन्तान को वश में रखने वाली उत्तम स्त्री के लिये भी वशा का प्रयोग होता है। इस प्रकार अनेक अर्थ होने पर भी यज्ञप्रकरण में वशा एक ओषधि वाचक है जिसे मेदा के नाम से भी कहा जाता है। मेदा महौषधि के निम्न लिखित नाम वैद्यक निघण्टु में दिये हैं मेदा धीरा, मणिच्छिद्रा, मधुरा जीवनी, रसा, मेदोद्भवा, श्रेष्ठा, विभावरी, वशा, शल्यपर्णिका, मेदसारा, स्नेहवती, मेदिनी, स्निग्धा, द्रवा, साध्वी, मेदोवती, पुष्पवन्तिका, पल्यपर्णी, छिद्रबहुला, भव्या, जीवनिका, अध्वरा, स्वल्पपर्णी इत्यादि। इस के गुण निघण्टु चूडामणि में इस प्रकार बताये गये हैं—

मेदा तु मधुरा शीता, पित्तदाहार्तिकासनुत् ।
राजयक्ष्मज्वरहरा, वातदोषकरी च सा ।।

अर्थात् यह मेदा (जिस का नाम वशा भी है) मधुर, शीत, पित्त, दाह, पीडा, खांसी आदि को दूर करने वाली, क्षय रोग का नाश करने वाली है।

वशान्नाय से तात्पर्य इस वशा वा मेदा नामक महौषधि को अग्नि का अन्न बनाने का है ताकि वह रोगनाशक बन सके। सोमपृष्ठाय—इस विशेषण से भी यही अभिप्राय है कि सोम ओषधि जिसकी पीठ पर मानो सवार है और जो विशेष रूप से धारण करने वाली है धृषाञ्—धारण—पोषणयो.—

ऐसी रोगनाशक अग्नि के गुणों का हम वर्णन करते और उस का उपयोग करके लाभ उठाते हैं।

त्वं नो असि भारताग्ने वशाभिरुक्षभिः ।
अष्टापदीभिराहुतः ।। ऋग्० २. ७. ५ ।

इत्यादि मन्त्रों का भी वास्तविक अर्थ यही है कि हे सब के भरण पोषण करने वाले अग्ने ! तेरे अन्दर हम वशा अर्थात् मेदा नामक महौषधि के पत्ते, उक्षा अर्थात् ऋषभक के खण्ड तथा अष्टापदी अर्थात् धतूरे के पत्रादि को डालते हैं। इस अष्टापदी या धतूरे के गुण निम्न प्रकार वैद्यक ग्रन्थों में लिखे हैं।

धतूरो मदवर्णाग्निवातकृज्ज्वरकुष्ठनुत् ।
कषायो मधुरस्तिक्तो यूकालिक्षाविनाशनः ।
उष्णो गुरुर्व्रणश्लेष्मकण्डूकृमिविषापहः ॥

अर्थात् यह ज्वर और कोढ़ को नाश करने वाला, जूओं और लीखों को दूर करने वाला व्रण, कफ, कण्डू (खुजली) कृमि तथा विषनाशक है। इस लिये इसे हवन की अग्नि में डाला जाता है।

इस सत्यार्थ को न समझ कर जो मन्त्र का अनर्थ किया गया कि अग्नि में बैलों, बन्ध्या गौओं और गर्भिणी गौओं तक की आहुति दी जाए यह अत्यन्त उपहासास्पद और निन्दनीय है।

यस्मिन्नश्वास ऋषभास उक्षणो वशा मेषा अवसृष्टास आहुताः ।
कीलालपे सोमपृष्ठाय वेधसे हृदा मतिं जनय चारुमग्नये ॥

ऋग्० १०. ९१. १४।

इस मन्त्र में भी अश्व, ऋषभ, उक्षा, वशा मेष ये सब शब्द ओषधिवाचक हैं जिन्हें अग्नि में डालना चाहिये।

यहां अश्व शब्द अश्वगन्धा नामक महौषधि और मेष शब्द मेषपर्णी नामक महौषधि का वाचक है। अश्वगन्धा हयाह्वया ऐसा भाव प्रकाश में और तुरगी, वनजा, वाजिनी हयी। राज नि०

अश्वगन्धानिलश्लेष्मश्वित्रशोथक्षयापहा ।
बल्या रसायनी तिक्ता, कषायोष्णातिशुक्ला ।

ऐसे भावप्रकाश में उस के गुण बतायें गये हैं। यह कफ श्वेत कुष्ठ, सोजन, क्षय आदि को दूर करने वाली, वीर्य बढ़ाने वाली रसायन है अतः उसको अग्नि में डालने का विधान है।

मेष नाम यज्ञप्रकरण में मेषपर्णी का है भेड का नहीं जिसे एडक के नाम से भी कहा जाता है और जिसकी गणना शतपथ ब्राह्मण का १२. ४ में अत्यन्त अपवित्र पशुओं में की है जिनके असावधानी से यज्ञभूमि में आने पर भी प्रायश्चित्त का विधान है।

अथो ह पशवोऽमेध्याः दुर्वराहः, एडकः श्वा———का तत्र प्रायश्चित्तिः ।

ऐसी भेड को अग्नि में आहुति का विधान आधिभौतिक दृष्टि से कैसे हो सकता है ? अतः मन्त्र का सत्यार्थ यह है कि हे मनुष्यो ! (यस्मिन्) जिस अग्नि में (उक्षणः) सेचन समर्थ अर्थात् पुष्टिकारक—उक्ष—सेचने उक्षा —उक्षतेर्वृद्धिकर्मण —(ऋषभासः) ऋषभ महौषधि के पत्रादि (उत) और (वशाः) मेषपर्णी के पत्र (आहुता अव सृष्टासः) आहुत किये गये हैं ऐसी (कीलालपे) जल को पीने वाली (सोमपृष्ठाय) सोम ओषधि

यहां गर्भिणी के लिये जब मांसाहार का सर्वथा निषेध करते हुए उस को गणना गर्भोपघातकों में की गई है तो यह कैसे सम्भव हो सकता है कि वेदज्ञ उत्तम सात्विक सन्तान की प्राप्ति के लिये उस के सेवन का विधान हो। इस के पूर्व के सन्दर्भ में शोरोदन, दध्योदन, उदौदन आदि का विधान पाया जाता है अतः विचारशील विद्वानों का यह मत सर्वथा सुसङ्गत प्रतीत होता है कि यहां शुद्ध पाठ 'माषौदनम्' अर्थात् माष से मिले चावल यह होना चाहिये न कि 'मांसौदनम्'।

माष का ही गर्भिणी के प्रकरण में अन्य भी अनेक स्थानों पर वैद्यक ग्रन्थों में विधान है, यथा—

ततोऽपराह्णे पुमान् मासं ब्रह्मचारी सर्पिः स्निग्ध. सर्पि क्षीरान्या शाल्यौदनं भुक्त्वा मास ब्रह्मचारिणीं तैलस्निग्धा तैलमाषोत्तराहारा नारीमुपेयाद् रात्रौ। सुश्रुत शारीराध्याय २।

अर्थात् पति दूध और घी के साथ चावल खा कर तेल से स्निग्ध शरीर वाली तेल और माष का भोजन जिस ने किया है ऐसी अपनी पत्नी के पास रात्रि में जाए। यहां पत्नी के लिये विशेष रूप से माष की दाल के सेवन का विधान स्पष्ट है। एक अन्य स्थल पर भी लिखा है—

मधुरौषधसंस्कृतान्यां घृतक्षीरान्या पुरुष, स्त्रिय तु तैलमाषान्याम्।

अर्थात् पुरुष को उत्तम सन्तति की प्राप्ति के लिये मधुर ओषधियों से संस्कृत (पक्व) घी और दूध का सेवन करावे और स्त्री को तेल और माष का।

इत्यादि वचनों से यह स्पष्ट है कि यहां शुद्ध पाठ 'माषौदनम्' यही है। किसी मांस लोलुप ने इसे मांसौदनम् लिख दिया और फिर धीरे-धीरे यही प्रचलित हो गया।

इस पर भी यदि किसी का आग्रह हो कि 'मांसौदनम्' को ही शुद्ध पाठ माना जाए तो भी मांस शब्द की व्युत्पत्ति के आधार पर जो निरुक्त में दी गई है उस का गूदा तथा मन को प्रिय लगने वाला कोई भी उत्तम मन भावना पदार्थ यह अर्थ लिया जा सकता है। मांस की निरुक्ति निरुक्त ४. १. ३ में—

मासं माननं वा मानसं वा मनोऽस्मिन् सीदतीति वा।

इस प्रकार दो हैं जिस का अर्थ कोई भी मननशक्ति, बुद्धिवर्धक और मन को अच्छी लगने वाली वस्तु है इस लिये खीर, रबड़ी, खोया, फल गूदा आदि के लिये इस का प्रयोग होता है। चरक संहिता चिकित्सा अ० १० के शब्द मांसान्यपारिकेल—खोनि च मज्जांजन मल्लिका विट्—तथा बृहन्निघण्टु के—

आम्रस्यानुफले भवन्ति युगपन्मासास्थिमज्जादय, लक्ष्यन्ते न पृथक्-पृथक् स्फुटतया, पुष्टास्तएव स्फुटाः।

इत्यादि में आम के गूदे के लिये मांस तथा गुठली के लिये अस्थि शब्द का प्रयोग है। खर्जूर के नर्म खाने योग्य भाग के लिये 'खर्जूर मांस' इस शब्द का प्रयोग चरक संहिता के वचन में विशेष द्रष्टव्य है। इस लिये मांस शब्द का ही प्रयोग देख कर उसे पशुमांस-वाचक समझ लेना बड़ी भूल है।

शतपथ ब्राह्मण ११ ७ में 'एतद् ह वै परमम् अन्नाद्य यन्मांसम्' यह कहकर स्पष्टतया परमान्न (यही शब्द दक्षिण भारत में सर्वत्र खीर के लिये प्रचलित है) अथवा खीर के लिये मांस का प्रयोग किया गया है।

'परमान्न तुपायसम्' अमरकोष का० २ श्लो० २४ पायसं परमान्नके—हैमचन्द्र., पायसस्तु क्लीबपुंसो, श्रीवासपरमान्नयो.॥ मेदिनी परमान्नम्—खीर, दूध में पकाये हुए चावल। संस्कृत शब्दार्थ कौस्तुभ पृ० ४७२।

इन प्रमाणों से परमान्न का खीर अर्थ स्पष्ट है और यज्ञ की परिभाषा में इस खीर के लिये मांस शब्द का स्वादु, मनभावन होने के कारण प्रयोग है।

यदा पिष्टानि अथ लोमानि भवन्ति।
यदाप उन्नयति अथ त्वग् भवति॥
यदा सयौत्यथ मास भवति।

तथा गोपथ के उ० प्र० ४. ६ के पशवो वै धानाः।

दधिमधु घृतमापो धाना भवन्ति एतद् वै पशूनां रूपम्॥

तैत्ति० संहिता २. ३. २. ८ पृ० ११६।

इत्यादि वाक्यों से भी ज्ञात होता है कि गूंधे हुए आटे के लिये मांस तथा धान और दधि घृत मधु और धान के लिये पशु आदि शब्दों का प्रयोग भी प्राचीन ग्रन्थों में कहीं २ पाया जाता है जिन्हें देख कर पशु मांस के भ्रम में न पड़ना चाहिये।

यज्ञ प्रकरण में सुप्रसिद्ध औषध गुग्गुलु के लिये जिसको अथर्ववेद के—

न त यक्ष्मा अरुन्धते न त शपथो अश्नुते।
यत्रौषधस्य गुग्गुलोः सुरभिर्गन्धो अश्नुते॥ अथर्व० १९. ३८।

इस मन्त्र में राजयक्ष्मा जैसे भयङ्कर रोग के कीटाणुओं का भी नाशक कहा है मांस शब्द का प्रयोग होता है यथा—

यन्मांसमुपभृतं तद् गुग्गुलु॥ तैत्तिरीय संहिता ६. २. ८ पृ० ३८५।

अर्थात् यज्ञ सम्बन्धी सामग्री में गुग्गुलु को ही मांस कहते हैं। इस लिये—

एतद्वा उ स्वादीयो यदधिगवं क्षीरं वा मांसं वा तदेव नाश्नीयात्।

इस वाक्य से बिना सोचे समझे यह कह देना कि यहां अतिथि से पूर्व गृहस्थ दम्पती

के लिये केवल गाय के दूध और मांस के खाने का निषेध है अशुद्ध है। यहां निषेध गाय के दूध और क्षीर जैसे स्वादिष्ठ पदार्थों के सेवन का है जिसे ऊपर उद्धृत 'मनोऽस्मिन् सोदतीति' वा इत्यादि व्युत्पत्ति के अनुसार मांस का नाम दिया गया है।

एतद् वा उस्वादीयो यदधिगव क्षीर वा मांसं वा तदेव नाश्नीयात्।

इस का एक और अर्थ भी है जिसका हम निर्देश करना चाहते हैं यह वा का इव अर्थवाउपमा अर्थ लेकर निकलता है जिसके लिये अनेक प्रमाण अव्ययार्थ तथा कोषों में उपलब्ध होते हैं उदाहरणार्थ 'अव्ययार्थ' में वा के अर्थ निम्न पाये जाते हैं।

वा—'उपमानिश्चयार्थं विकल्पेषु' यहां वा का प्रथम अर्थ उपमा दिया है और उनका निम्न लिखित उदाहरण प्रस्तुत किया है 'सिंहो वा क्रुद्धो भवति' अर्थात् यह सिंह की तरह क्रुद्ध होता है। (अव्ययार्थ-स्वामी दयानन्द सरस्वती कृत व्याख्या सहित वैदिक यन्त्रालय अजमेर पृ० १८)

पं० शिवदत्त शर्मा दाधीच कृत व्याख्या सहित 'अव्ययार्थ भाग'

(वेंकटेश्वर यन्त्रालय बम्बई में सन् १९४६ में प्रकाशित)

में वा के अर्थ इस प्रकार दिये हैं।

वा समुच्चय एवार्थ उपमानविकल्पयोः ॥

यहां भी वा के समुच्चय और विकल्प के अतिरिक्त उपमान अर्थ देकर उसका उदाहरण 'मणीवोष्ट्रस्य लम्बेते प्रियौ वत्सतरौ मम' यह दिया है।

शाश्वत कृत कोष में (नारायणनाथ जी कुलकर्णी द्वारा सम्पादित पूना सन् १९३०) अव्ययों का अर्थ देते हुए 'वा' का अर्थ वा विकल्पोमानयो ऐसा पृ० ६९ श्लोक ७९९ में में बतलाया गया है। यहां भी विकल्प के अतिरिक्त उपमान अर्थ स्पष्ट है।

इस लिये एतद्वा उ स्वादीयो यदधिगव क्षीर 'वा' का अर्थ यह होगा कि गाय के दूध की तरह जो वस्तु सात्विक, पुष्टिवर्धक हो वही निश्चय से स्वादु और सेवन करने योग्य है यहां वा का निश्चय अर्थ लेना चाहिये 'मांसं वा तदेव न अश्नीयात्' मांस की तरह हिंसा जन्य जो वस्तु हो उस को ही मनुष्य कभी न खाए। 'वा' के इस अथवा तरह इस अर्थ को ग्रहण करने पर जिस के लिये हम ने ऊपर अनेक स्पष्ट प्रमाण दिये हैं इस अर्थ को सङ्गति लग जाती है यदि मांस शब्द का प्रचलित मांस परक अर्थ ही माना जाए।

उक्षणो हि मे पञ्चदश साकं पचन्ति विंशतिम्।
उताहमद्मिपीव इदुभे कुक्षी पृणन्ति मे विश्वस्मादिन्द्र उत्तरः॥

ऋग्० १०. ८६. १७।

इस मन्त्र का 'वैदिक एज्' में भी इन्द्र को साढ़े विशेषतः बैल के मांस को खाने वाला

दिखाने के लिये निर्देश किया गया है। अन्य भी बहुत से लोग इस से भ्रम में पड जाते हैं किन्तु वस्तुतः ऐसा नहीं है। इस मन्त्र के ज्योतिष परक, आध्यात्मिक और भौतिक अनेक अर्थ हैं जिन में से तीन का हम यहां उल्लेख करते हैं। इस सारे सूक्त की ज्योतिष परक सुन्दर व्याख्या हो जाती है। उस अवस्था में इस मन्त्र का अर्थ निम्न लिखित होगा—

उत्तर ध्रुव रूप इन्द्र वृषाकपि रूप सूर्य की पत्नी रेवती तारा (वृषाकपायिरेवति) को कहता है मेरे लिये ही—मेरे खगोल रूप उदर को भरने के लिये ही पन्द्रह साथ बीस अर्थात् ३५ उक्षाओं—तेरे वीर्य सेचक ग्रह उपग्रहो को प्राकृतिक नियम सम्पन्न करते हैं वा व्यक्त करते हैं (उत अहम् अधि) उन्हें मैं खगोल में ग्रहण करता हू (अत्ता चराचर ग्रहणात् वेदान्त १. २. ९ प्रमाण से) अतः (पीवः) प्रवृद्ध हो गया हू (मे उभा कुक्षी इत् पृणन्ति) मेरी दोनों कोखें दोनों गोलार्ध पार्श्व ग्रह उपग्रहों से पूर्ण करते हैं। यहां उक्षा शब्द ग्रहों के लिये है जैसे कि 'अमी ये पचोक्षणो मध्ये तस्थुर्महो दिव' (ऋग्० १ १०५ १०) में मङ्गल बुध आदि ग्रहों के लिये स्पष्ट है। ये रेवती तारे के ३५ उक्षा सूर्यचन्द्रादि ग्रह उपग्रह हैं जिन में ९ ग्रह और २६ उपग्रह हैं। पाश्चात्य ज्योतिषियों की पद्धति से भी ३५ ग्रह उपग्रह होते हैं। उन की पद्धति में सूर्य, पृथिवी, मङ्गल से शनि, यूरेनस, नेप्चून ये ९ ग्रह और उपग्रह पृथिवी का १, मङ्गल के २ बृहस्पति के ९ शनि के ९ यूरेनस के ४ नेप्चून का १। —वैदिक ज्योतिष—पं० प्रियरत्न जी आर्ष कृत पृ० ४१. ४२।

हमारे मान्य उपाध्याय, वेदों के सुप्रसिद्ध विद्वान् श्री प० विश्वनाथ जी विद्यामार्तण्ड ने इस 'उक्षणो हि मे पचदश वाले ऋग्० १०. ८६ के सम्बन्ध में निम्नलिखित अत्यन्त महत्वपूर्ण ज्योतिष परक निर्देश देने की कृपा की है। वे लिखते हैं—ऋग्, १० ८६. १–२३ मन्त्र ज्योतिष सम्बन्धी हैं। इन में वृषाकपि, मृग, श्वा वराहयु, उक्षा, वृषभ, धन्व, कृन्तत्र, उदलचोगृहम्, पर्शुः—इत्यादि शब्द राशिचक्र के भिन्न-भिन्न भागों का वर्णन करते हैं। वर्षा-काल का वर्णन है। सूर्य जब वृष राशि में हो कर वर्षा करता है तब का यह वर्णन है। वृष राशि को ही उक्षा कहा है। वृष राशि के मुख्यतारे १५ हैं, शेष मिला कर २० के लगभग हैं। जब सूर्य वृष राशि में तपता है यही मानो इन उक्षाओं का परिपचन है, परि-पाक है। जब सूर्य वृष राशि में होता है तब वृष के तारे दृष्टिगोचर नहीं होते। यही मानो उन का भक्षण सा है। यह सब अलङ्कार है।"

हम इन महत्त्वपूर्ण निर्देशों के लिये उन को धन्यवाद देते हुए उन्हें विद्वान् विचारकों के सन्मुख प्रस्तुत करते हैं।

आध्यात्मिक दृष्टि से इस का अर्थ निम्न प्रकार है—

(मे) मेरे लिये विद्वान् लोग (उक्षणः) वीर्य सेचन या सुख वर्षण में समर्थ प्राणों को (पचदश) १५ और (विंशतिम्) २० या उन में प्रविष्ट आत्मा को (साकम्) एक साथ (पचन्ति) परिपक्व करते हैं, तपस्या द्वारा उन को वृद्ध करते हैं (उत) और

(अहम्) मैं (अग्नि) उन का भोग करता हूं, उन को स्वीकार करता हूं, (पीव इत्) और मैं प्रति बलवान् रहता हूं ये (मे) मेरे (उभा कुक्षी) दोनों कोखों को (पृणन्ति) पूर्ण करते हैं। इसी प्रकार (इन्द्र) परमेश्वर (विश्वस्मात् उत्तर.) सब से उत्कृष्ट है। (पचदश) ५ ज्ञानेन्द्रिय ५ कर्मेन्द्रिय तथा प्राण, अपान, व्यान, उदान और समान ये ५ प्राण मिल कर १५ हुए। उन के भीतर प्रविष्ट हो कर रहने वाला आत्मा विंशति है। भौतिक दृष्टि से उक्त का अर्थ सोम वा ऋषभक ओषधि पहले सप्रमाण बताया जा चुका है। अत. मन्त्र का अर्थ यह होगा कि—

ऋत्विक् वा वैद्य मुझ इन्द्र-राजा के लिये (उक्षण) सोम के (पचदश) १५ पत्तों को (पचन्ति) पकाते हैं और उस के द्वारा (विंशतिम्) ५ ज्ञानेन्द्रिय, ५ कर्मेन्द्रिय १० प्राण इन सब को (साकं पचन्ति) मिल कर परिपुष्ट करते हैं।

मैं उन्हें (अग्नि) खाता हूं और खा कर (पीव इत्) पुष्ट ही होता हूं। मेरी दोनों कोखें सोम रस से पूर्ण हो जाती हैं।

सोमरस वा ऋषभक ओषधि के १५ पत्तों का विधि पूर्वक सेवन मनुष्य को बलवान् बनाता है ऐसा मन्त्र में भौतिक दृष्टि से उपदेश किया गया है। बैल के मांस का अर्थ लेना सर्वथा अनुचित है क्यों कि उस को वेद में अघ्न्य (अहन्तव्य—न मारने योग्य) कहा है और शतपथब्राह्मण में भी—

स धेन्वै चानडुहश्च नाश्नीयात्, धेन्वनडुहौ वा इदं सर्वं बिभृत. ·····
तस्माद् धेन्वनडुहोर्नाश्नीयात्। —शतपथ ३. १ २ २१।

इत्यादि वाक्यों में स्पष्ट आदेश है कि गाय और बैल का मांस कभी न खाना चाहिये क्यों कि गाय और बैल इस पृथिवी को धारण करने वाले हैं। ऐसी अवस्था में 'नक्षयामि त्वह्यदि प्रासलंभवति' शतपथ के इस वाक्य को प्रक्षिप्त मानना पड़ेगा। हमारे मान्य प्रतिभाशाली उपाध्याय श्री प०युद्धदेव जी विद्यामार्तण्ड इन वाक्यों का अन्य ही अर्थ करते हैं। उन का इस विषय में निम्न विचार है जिसे हम पाठकों के लाभार्थ उद्धृत करते हैं। वे लिखते हैं—

स धेन्वै चानडुहश्च नाश्नीयात् ····· तदुहोवाच याज्ञवल्क्यो ऽ हमन्यै-वाहमंसलं चेद् भवति ॥

इस का शब्दार्थ इस प्रकार है—वह (यजमान) गाय का और बैल का न खाए ·· इस पर याज्ञवल्क्य बोले मैं तो खाऊंगा यदि वह बलवर्धक होगा।

यहां ध्यान देने की बात यह है कि इस सारे सन्दर्भ में मांस का शब्द कहीं नहीं, तो मांस का शब्द कहां से आ टपका ?

अब यदि अध्याहार द्वारा मास शब्द लाना ही है तो इस पर एक बडा प्रश्न यह उपस्थित होता है कि मास के रूप में तो गाय बैल एक से हैं इस में स्त्रीलिङ्ग पुल्लिङ्ग का भेद क्या ?

अब यदि थोडी देर के लिये मान भी लिया जाए कि गोमास के स्वाद के विशेषज्ञ गाय और बैल के मास में कोई भेद कर सकते हैं तो भी 'गव्य मास नाश्नीयात्' कहने से काम चल सकता था। यह 'धेन्वै अनड्वहश्च' गाय का और बैल का दोनो अलग क्यो कहे गये ?

इस से स्पष्ट पता लगता है कि इस वाक्य के समझने में भयकर भूल हुई है। इस वाक्य के समझने के लिये पहले इस का प्रसङ्ग देखना होगा। यह सोम याग में पढा हुआ वाक्य है। उपवास के प्रसङ्ग में शतपथ के आरम्भ में ही कहा गया है कि उपवास का सम्बन्ध खाने न खाने से कुछ नहीं। उपवास का अर्थ तो हाजरी देना है। सो यज्ञ में जब कोई देवताओं की सेवा में हाजिर हो उन के उप अर्थात् समीप बस रहा हो उस समय उन को खिलाये बिना खाना अर्थात् यज्ञ समाप्ति से पहले खाना देवों का अपमान है। इस पर प्रश्न उठा कि यदि बिलकुल भूखा रहेगा तो यज्ञ कैसे करेगा ? सो कुछ खाना तो अवश्य चाहिये सो जो खाया भी न खाये के बराबर हो अर्थात् जिस की हवि ग्रहण नहीं करते वह पदार्थ अर्थात् कोई जगली फल वा कन्द खा ले जिस से यज्ञ भी होता रहे और देवों का अपमान भी न हो।

यही बात यहा दोहराई गई कि गाय का अर्थात् दूध के बने पदार्थ मक्खन, मलाई, दही आदि न खावे तथा बैल का अर्थात खेती से उत्पन्न पदार्थ न खाए। इस पर याज्ञवल्क्य बोले कि सोमयाग लम्बा यज्ञ है इस लिये यदि दुर्बलता अनुभव हो तो कोई पुष्टिकारक पदार्थ जो भारी न हो थोडा सा खा लेने में कोई हर्ज नहीं। जहा वाक्य में मास की गन्ध भी नहीं वहा मास का शब्द घुसेडना, फिर स्त्रीलिङ्ग पुल्लिङ्ग गाय बैल दोनो के पृथक् ग्रहण का कोई तात्पर्य न हो वह अर्थ कैसे ठीक हो सकता है ? बलिहारी है इस बुद्धि की। भला हम रोज बोलचाल में यही व्यवहार देखते हैं, जब कोई लडकी की ससुराल मे जावे और उस घर के लोग शिष्टाचार वश आग्रह करने लगें कि भोजन खा लीजिये तो उस समय प्राय. यह कहा जाता है कि भाई ! बेटी का खाने का धर्म नहीं, हम बेटी का नहीं खाते। तो क्या वहां यह अर्थ लिया जायगा कि हम बेटी का मास नहीं खाते ? इस प्रसङ्ग में ऐतरेय ब्राह्मण का एक प्रकरण और लीजिये—

सर्वाभिर्वा एष देवताभिरालब्धो भवति यो दीक्षितो भवति तस्मादाहुर्न दीक्षितस्याश्नीयादिति। स यदग्नीषोमावमुञ्चत गृभीतानिति वपायै

यजति सर्वाभ्य एव तद् देवताभ्यो यजमान प्रमुञ्चति तस्मादाहुरशितव्य वपाया हुतायां यजमानो हि स तर्हि भवति ॥

—ऐतरेय ६ पञ्च ६ अध्याय ।

जो सोमयाग में दीक्षित होता है वह अपने आप को सम्पूर्ण देवताओं के समर्पण कर देता है । इस लिये दीक्षित का न खाए । सो जब वह प्रजापोनावमुन्नयत गृभीतानिति । इस याज्या द्वारा वपाहोम अर्थात् विद्यविद्यालय में शारीरिक व्यायाम द्वारा सारी चर्बी शरीर को सुडौल बनाने तथा मस्तिष्क के निर्माण में लगे, व्यर्थ शरीर में मोटापन उत्पन्न न करे इस का पूर्ण प्रबन्ध कर लेता है तब वह सब देवताओं के बन्धन से मुक्त हो जाता है, उन की सेवा से कृतकृत्य हो जाता है, उस के पश्चात् उन की दशा साधारण यजमान की हो जाती है । इस लिये वपाहोम के पश्चात् दीक्षित के घर का भी खा लेना चाहिये । यहां शङ्का है 'दीक्षितस्य नाश्नीयात् । इस प्रकार मांस का अभ्याहार क्यों नहीं किया गया ? यहां तो ये हजरत लिखते हैं कि 'दीक्षितस्य गृहे नाश्नीयात्' तो यह क्या विचित्र लीला है । घेरंड घनदुरुच के सम्बन्ध में तो मांस आ गया और दीक्षित के सम्बन्ध में गुड़ । इसी को देख कर महाभारत में कहा है कि—

धूर्तैः प्रवर्तितं चक्रम् ॥

(किस की सेना में भरती होगे ? कृष्ण की या कंस की ? श्री प० युधिष्ठिर जी विद्यालङ्कार विद्यामार्तण्ड रचित और प्रभाकाश्रम कार्यालय, डा० जानी, जिला मेरठ द्वारा प्रकाशित । पृ० २७ २६) ।

विस्तारभय से हम इस प्रकरण को यहीं समाप्त करते हैं, पर ऐसा करने से पूर्व एक और बात पर प्रकाश डालना आवश्यक प्रतीत होता है ।

'वैदिक एज' के पृ० ३६३ के गोमांसनिषेध वा गोवधादि विषयक जिन वाक्यों की हम ने पिछले पृष्ठों में सप्रमाण पर्याप्त विस्तार से आलोचना की है उन के अन्त में यह आक्षेप भी किया है 'The expression प्रतिपिनीर्या ।

(cows fit for guests in X 85. 3) implies the same distinction.

अर्थात् ऋग्वेद १० ८५. ३ में प्रयुक्त 'प्रतिपिनीर्या' से अर्थात् अतिथियों के लिये गोए, इस से भी उन भेद की सूचना मिलती है । यहां लेखक का अभिप्राय स्पष्ट नहीं हुआ । सम्भव है वह कहना चाहते हैं कि ऋ० १०. ८५ ३ के—

नाघ्न्यायाऽतिथिनीरिरिरा स्याः सुपर्णी अमृतस्य पत्वा ।
बृहस्पतिः पर्वतेभ्यो विभूर्या गा ऊर्वे यजमानाय रिरिच्यः ॥

इस मन्त्र में 'अतिथिनीर्गा.' ऐसा शब्द प्रयुक्त हुआ है जिस का अर्थ अतिथियों के लिये उपयुक्त गौए यह है। इस से उन का तात्पर्य यह प्रतीत होता है कि प्रतिष्ठित अतिथि के आने पर गौ को मार कर उस के मास से उसे तृप्त किया जाता था। इसी लिये अतिथि के लिये 'दाशगोघ्नौ सम्प्रदाने' इस अष्टाध्यायी के सूत्र के अनुसार गोघ्न शब्द का प्रयोग होता था। विवाह के अवसर पर अतिथियो के लिये गौ को मार कर उस का मास खिलाया जाता था यह वैदिक एज् के पृ० ३८९ में लिखा है। 'वैदिक एज्' के भूमिका लेखक और भारतीय विद्याभवन के अध्यक्ष श्री कन्हैयालाल मुन्शी जी के 'लोपामुद्रा' में प्रकाशित विचार के अनुसार उस समय 'अतिथिग्व' यह सन्मानसूचक उपाधि थी जिस का अर्थ उन्होंने अतिथियों को गोमांस परोसने वाला यह किया है।

इस पर प्रकाश डालना और गोघ्न, अतिथिग्व और 'अतिथिनीर्गा' विषयक इस भ्रम को दूर करना यहा आवश्यक प्रतीत होता है। 'अतिथिनी' जो गा के विशेषण रूप ऋग्० १० ८६ ३ में प्रयुक्त हुआ है उस का अर्थ श्री सायणाचार्यादि भाष्यकारो ने भी 'अत-सातत्यगमने' इस धात्वर्थ को ले कर 'सतत गच्छन्ती' अर्थात् लगातार गति करने वाली ऐसा किया है। 'गा.' का अर्थ भी वहा गौओ के अतिरिक्त जलो का किया है 'साधु नयनाविगुणयुक्ता गा —अप ।' किन्तु यदि 'अतिथिनी' में सीधा अतिथि शब्द भी माना जाए तो भी अर्थ स्पष्ट है कि ऐसी गौए जो 'अतिथिभ्यो नीयन्ते' अतिथियों के पास दानार्थ लाई जाए—उन्हें दान की जाए। इस में मारने का भाव निकालना 'अघ्न्या' 'अदिति' इत्यादि अहिंसनीय अर्थसूचक शब्दों के होते हुए सर्वथा असङ्गत है।

अतिथिग्व का अर्थ तो स्पष्टतया 'अतिथीन् प्रति सेवार्थं गच्छन्' अर्थात् सेवा के लिये अतिथियों के पास जाने वाले का है। यही श्री सायणाचार्य तथा महर्षि दयानन्दादि समस्त भाष्यकारों ने किया है। अतिथिग्व का 'अतिथियों को गोमास परोसने वाला' यह अर्थ सर्वथा कपोल कल्पित है। अतिथिग्व से तात्पर्य अतिथि सेवक मात्र का है 'गोमांस परोसने वाला' यह अर्थ न जाने श्री कन्हैयालाल जी मुन्शी ने कैसे लिख दिया जिस के लिये न उन्हों ने कोई प्रमाण दिया है और न दिया जा सकता है। श्री कन्हैयालाल जी मुन्शी जैसे सस्कृत और भारतीय सस्कृति के एक मान्य विशिष्ट प्रेमी का कपोल कल्पित अर्थ बना कर लोगों के मन में एक भ्रम उत्पन्न कर देना नितान्त अनुचित है। मोनियर विलियम्स कृत सुप्रसिद्ध Sanskrit English, Dictionary में भी अतिथिग्व का अर्थ 'To whom guests should go' (P. 14) अर्थात् जिस के पास अतिथि प्रेम वश जाए ऐसा किया है। श्री ब्लूमफील्ड ने भी उस का अर्थ Presenting cows to guests' अर्थात् अतिथियों को गौए भेंट करने वाला ही किया है।

अब गोघ्न शब्द को लीजिये। प्रथम तो गोघ्न इस शब्द का अतिथि के अर्थ में

प्रयोग वेदों में पाया ही नहीं जाता। जहां गोघ्न शब्द पाया भी जाता है वहां गोघ्न से सदा दूर रहने अथवा उसे दूर रखने का आदेश है यथा—

'आरे ते गोघ्नमुत पूरुषघ्नम्।' ऋ० १. ११४ १०।

अर्थात् जो गोघ्न—गौ की हत्या करने वाला नीच पुरुष है वह तुम से (आरे) दूर रहे। पुरुष की हत्या करने वाला भी तुम से दूर रहे। दूसरा जब अतिथि के लिये इस 'गोघ्न' शब्द का प्रयोग प्राचीन ग्रन्थ में कहीं पाया जाए तो उस का अर्थ यह है कि जिस के लिये गौ प्राप्त कराई जाए या दी जाए तथा जिस के लिये सदा उत्तम, प्रिय मधुर वाणी का प्रयोग किया जाए। गोघ्न में जिस हन् धातु का प्रयोग है उस के दो अर्थ धातु पाठ में दिये हैं 'हन्'—हिंसागत्योः। अर्थात् हिंसा और गति। 'गोघ्न' में उस का गति अथवा ज्ञान, गमन, प्राप्तिविषयक अर्थ है मुख्यभाव यहां प्राप्ति का है अर्थात् जिसे उत्तम गौ प्राप्त कराई जाये। गतेस्त्रयोऽर्था—ज्ञान गमन प्राप्तिश्चेति। अथर्व वेद ६. १०१ १। में पति को उपदेश है कि—

"यथाङ्ग वर्धता शेपस्तेन योषितमिज्जहि।"

अर्थात् तू वीर्य-सम्पन्न हो कर अपनी स्त्री के ही पास जा। यहां जहि शब्द का अर्थ सायणाचार्यादि सभी भाष्यकारों ने 'गच्छ' अर्थात् जा यही किया है क्यों कि स्त्री को मार डालने का अर्थ कोई मूर्ख भी नहीं ले सकता। शतपथ १ ८. १. २ १ में आता है—

यजमानो वै सुन्वयुः स हि देवान् जिजीषति स हि देवान् जिघांसति।

यहां भी स्पष्टतया जिघांसति में हन्—गत्यर्थक है न कि वधार्थक अन्यथा यह अर्थ निकलेगा कि यजमान देवों को मारना चाहता है जब कि प्रकरणानुसार उस का वास्तव अर्थ यही है कि वह देवों को प्राप्त करना चाहता है अतः सायणाचार्य का उस की व्याख्या में 'प्राप्तुमिच्छति' यह लिखना ठीक ही है। ऐसे ही अन्य अनेक उदाहरण दिये जा सकते हैं। अतः गोघ्न का अर्थ यह है कि गौ. - हन्यते प्राप्यते यस्मै जिस के लिये गौ प्राप्त कराई जाती या दी जाती है। गौ का अर्थ वाणी भी वैदिक तथा लौकिक संस्कृत में सुप्रसिद्ध है। निघण्टु नामक वैदिक कोष १. ११ में गौ शब्द वाणी के लिये दिया हुआ है। अमरकोष में भी यह वाणी के पर्याय शब्दों में से है जिस का प्रयोग चक्रवर्ती कुल के कविकुल शिरोमणि कालिदास ने—

"इत्यर्घ्यपात्रानुमितव्ययस्य, रघोरुदारामपि
गां निशाम्य।" (रघुवंश सर्ग ५)

इत्यादि वचनों में किया है। उन सभी में गोघ्न का अर्थ इस अर्थ में अतिथि किया

जायेगा कि उस के लिये प्रिय मधुर वाणी प्राप्त कराई जाती है—मधुर प्रिय शब्दों का व्यवहार किया जाता है।

अत अतिथिनी, अतिथिग्व, गोघ्न आदि शब्दों को देख कर विचारशील विद्वानों को भ्रम में नहीं पड जाना चाहिये।

'वशा' शब्द पर कुछ विशेष विचार

वैदिक एज् के पृ० ३९३ के जिन वाक्यों की हम आलोचना कर रहे हैं उन में वशा का अर्थ वन्ध्या गाय किया गया है और यह भाव प्रकट किया गया कि उस की बलि चढ़ाई जाती थी पर यह अर्थ और विचार भी सर्वथा अशुद्ध है। वशा एक बडा विस्तृत शब्द है जिस के पृथिवी, परमात्मा की सारे ससार को वश में करने वाली शक्ति, आत्मा की इन्द्रिय मन बुद्धि, इत्यादि को वश में करने वाली अद्भुत शक्ति आदि कितने ही अर्थ हैं परन्तु उस का वन्ध्या परक अर्थ करना और अथर्व १० १० में उस की बलि चढ़ाने का विधान है ऐसा मानना सर्वथा असङ्गत है। हम ने उस सूक्त का आद्यो-पान्त ध्यानपूर्वक पाठ किया किन्तु उस के वन्ध्या गौ इस अर्थ तथा उस की यज्ञ में बलि का समर्थक कोई प्रमाण हमें उपलब्ध नहीं हुआ प्रत्युत उस के विरुद्ध अनेक प्रमाण मिले। प्रथम तो गौ यह अर्थ लेने पर मन्त्रार्थ सगति होती नहीं क्यो कि वशा के विषय में इस सूक्त में कहा है—

यया द्यौर्यया पृथिवी ययापो गुपिता इमाः।
वशां सहस्रधारां ब्रह्मणाच्छा वदामसि॥

अ० १०. १० ४।

अर्थात् हम उस सहस्र धारा (हजारों को धारण करने वाली) वशा का वेदमन्त्रों द्वारा अच्छी प्रकार उपदेश करते हैं जिस ने इस आकाश, पृथिवी और समस्त जलों को अच्छी प्रकार रक्षित किया हुआ है।

वन्ध्या गौ के विषय में ऐसा वर्णन नितान्त असङ्गत है। उसे तो सहस्रधारा किसी प्रकार भी नहीं कहा जा सकता। दूसरी दूध देने वाली गौ को भी इस रूप में कहना सभव नहीं। यह परमात्मा की जगत् को वश में रखने वाली शक्ति का स्पष्ट वर्णन है जिस के कारण—

अहोरात्राणि विदधद् विश्वस्य मिषतो वशी।

ऋ० १० १९०. २।

में परमेश्वर की वशी कहा गया है और जिसे उपनिषदों में—

एको वशी सर्वभूतान्तरात्मा। कठ० ५. १२।

इस रूप में स्मरण किया गया है। यदि गौ परक अर्थ कथचित् माना भी जाये तो

में कहा है कि वे शमिता और पक्ता हे पृथिवी ! तेरी रक्षा करेंगे उन से तू भयभीत न हो ।

मध्यकाल के याज्ञिकों तथा भाष्यकारों ने शमिता और पक्ता शब्द का मारने वाले और पशुमास पकाने वाले यह अर्थ कर के महान् अनर्थ किया ।

अत इन सूक्तो को वन्ध्या गौ की बलि देने में विनियुक्त करना तथा वैसा ही इन का अर्थ करना जैसे कि "वैदिक एज्" के लेखकों ने समझ लिया है नितान्त असङ्गत है । गोमेध का अर्थ तो महर्षि गार्ग्यायणकृत प्रणववाद के अनुसार 'गोमेधस्तावच्छब्दमेध इत्यवगम्यते गा वाणीं मेधया सयोजनमिति तदर्थात् । शब्दशास्त्रज्ञानमात्रस्य सर्वेभ्य· प्रदानमेव गोमेधो यज्ञ ।। "(प्रणववादे—ब्रह्मवादिन् प्रेस मद्रास, सन् १९१५ प्रकरण ३ तरङ्ग ६) ।

अर्थात् वाणी का मेधा से सयुक्त करना अथवा बुद्धि-पूर्वक सोच-विचार कर शुद्ध शब्दों का प्रयोग करना, अन्यो को भी शब्द-शास्त्र (व्याकरण) की शिक्षा देना यह है । गौ के वाणी अर्थ को ले कर उपर्युक्त अर्थ किया गया है ।

गौ के पृथिवी परक अर्थ को ले कर उस के दो अर्थ होते हैं एक तो पारसियों के गोमेज के समान (जो स्पष्टतया गोमेध का ही विकृत रूप है) पृथिवी पर उत्तम कृषि करना और दूसरा ताण्ड्य महा ब्राह्मण १९ १३ के अनुसार—

'अयैष गोसवः स्वाराज्यो यज्ञ. ।'

अर्थात् अन्दर और बाहर का सच्चा स्वराज्य ही गोमेध वा गोसव के नाम से कहा जाता है । इन्द्रिय वाणी, इत्यादि सब को आत्मा की अधीनता में रखना और उन्हें पवित्र बनाना यह आन्तरिक स्वराज्य और पृथिवी को उत्तम रीति से अपने ही राष्ट्र के लोगों द्वारा उत्तम रूप से प्रजाहितार्थ शासित कराना बाह्य स्वराज्य है जिसे गोमेध वा गोसव का भी नाम दिया गया है ।

मान्य श्री सम्पूर्णानन्द जी का यज्ञ-विषयक एक महत्त्वपूर्ण लेख

उत्तर प्रदेश के सुयोग्य विद्वान् (मुख्य मन्त्री) श्री सम्पूर्णानन्द जी ने ऋग्वेदीय पुरुष सूक्त की श्रुति प्रभाटीका में यज्ञो में पशुबलि के विषय में एक इतना महत्त्वपूर्ण लेख लिखा है कि उसे उद्धृत करना इस प्रकरण में हमें अत्यावश्यक प्रतीत होता है । वे लिखते हैं—

'बिना बलि के यज्ञ पूरा नहीं होता । बकरे भैंस को काट देना वास्तविक बलिदान नहीं है । ऐसा कर्म हिंसात्मक है और वेद की स्पष्ट आज्ञा के विरुद्ध है कि 'मा हिंस्यात् सर्वा भूतानि'—किसी प्राणी की हिंसा न करे । ऐसे कर्म से अवश्य पातक लगता है । जो प्राणी अभी अनुद्बुद्ध है, जो काम, क्रोध का पुतला ही रहा है, उस को शास्त्र में पशु कहते हैं । इसीलिये परमात्मा का एक नाम पशुपति भी है । जब तक मनुष्य पशु है तब तक उस का

वश में अधिकार नहीं है। उन की सारी क्रियाएं तामस और क्षुद्र स्वार्थ से प्रेरित होती। जो सन्मार्ग पर चलना चाहता है उन को इन दुर्बलताओं को दबाना होगा। इसी को पशु का आलभन, बलिदान कहते हैं, जैसे बड़े यज्ञ का अनुष्ठान होगा वैसी ही बलि देनी होगी उतने ही बड़े पशु का आलभन करना होगा। योगी को सदा के लिये हिंसा, असत्य, परिग्रह, स्तेय और मैथुन की प्रवृत्तियों को कुचल डालना पड़ता है। जब वह समाधि के अन्यान से अस्मिता—मैं पन के भाव को जीत लेने में समर्थ होता है तब तन्त्र की भाषा में कहा जाता है कि उस ने महिष का आलभन किया, भैंसे की बलि दी।

सच्ची पशुबलि

जो योगी नहीं है वरन् लोक कल्याणकारी किसी दूसरे काम में लगता है, उसे भी अपने पशुपन को यथाशक्य मारना पड़ता है। प्रत्येक विद्याध्ययनी, प्रत्येक लोक सेवक, प्रत्येक उपासक का ऐसा अनुभव है। अहंता और ममता की दीवार हम को दूसरों के साथ तन्मयता प्राप्त करने से रोकती है। उस को गिराना ही सच्ची बलि है। इस बलि से अपनी भीतर सोई हुई शक्तियां जाग पड़ती हैं।

हिंसात्मक बलिकर्म वास्तविक बलिकर्म की विडम्बना
अतः निषिद्ध

यह आत्मबलि, अपने सर्वप्रिय अपनेपन की बलि, सब के लिये सम्भव नहीं है। इस अपनेपन के मिट जाने पर अपना छोटा 'स्व' विश्व 'स्व' में लीन हो जाता है परन्तु सामान्य जीव इस के लिए तैयार नहीं है। ' ' साधारण मनुष्य सुख चाहता है, शक्ति चाहता है, परन्तु उन का पूरा मूल्य नहीं देना चाहता। काम करना चाहता है परन्तु निष्काम साधना, यज्ञ दृष्टि, नहीं उत्पन्न कर सकता। यह सरल उपाय ढूंढता है। इसी आत्मवंचना के प्रभाव से श्रद्धा और तप का स्थान धन को दिया जाता है और वे सब पद्धतियां निकलती हैं जिन में स्वयं व्रत लेने की जगह यह काम पैसा देकर दूसरों से कराया जाता है, दक्षिणा या दान के रूप में अपने अन्यायोपार्जित सम्पत्ति का एक क्षुद्र अंश दे कर देवगण को आत्मसात् होने का प्रयत्न किया जाता है और एक या अनेक निरीह पशु, कभी कभी मनुष्य तक काटे जाते हैं। यह मान लिया जाता है कि मन्त्र के प्रभाव से बलिपशु में अपना प्रवेश करेंगे और उस के मरने पर वह शक्ति मंत्र यजमान को प्राप्त होगा। जितने बड़े और जितने अधिक जीवों की हत्या की जाए उतना ही अधिक पुण्य होगा, यह प्रथा अधिक बलिविधान की विडम्बना है और चाहे श्रद्धा के साथ चाहे जितना धन व्यय किया जाए, पातक हत्या के पाप से बच नहीं सकता। जो मनुष्य अपनी स्वादलिप्सा की तृप्ति के लिये हत्या करता है और घर के बच्चे इस काम को कि वे अंडे कैसे पाते हैं अधिक करता है वह

अपने अपराध की गुरुता को बढाता है।

—ऋग्वेदीय पुरुष सूक्त की श्रुति प्रभा टीका श्री सम्पूर्णानन्द जी कृत पृ० ४२ से ४५।

स्वामी महादेवानन्द जी और गोहत्यादि

श्री स्वामी महादेवानन्द जी गिरि सन्यासाश्रम हरद्वार ने कलकत्ता विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित 'Vedic Culture' नामक अपने ग्रन्थ में एक अध्याय 'Slaughter of Cows in Vedic Age' अथवा वैदिक युग में गोहत्या विषयक दिया है जो महत्त्वपूर्ण है। उस में से निम्न कुछ उद्धरणों का देना वैदिक यज्ञ विषयक इस अध्याय की समाप्ति से पूर्व हमें उपयोगी प्रतीत होता है। स्वामी महादेवानन्द जी लिखते हैं—

Slaughter of cows in the Vedic Age—a misconception 'In the Rigveda it has been clearly stated that cows are not to be killed. In the following mantras the term अघ्न्या (not to be killed) is used Vide 1. 37 5, 1 164. 27; 1. 164 40; 4. 1 6, 5 83 8; 7 68. 8; 7. 69 8; 7. 102 19; 9 1 9; 9. 80 2; 9. 93. 3; 10. 46 3, 10. 60 11; 10 87. 16, and 10. 102 7.

Yaska while recording the names (equivalents) of गो cow has first posted the word अघ्न्या Aghnya—not to be killed Vide 11 44. 33 अघ्न्या अहन्तव्या भवति In the Zendavesta also the cow is to be venerated and not to be killed. In the Vedas also the cow is specially venerated. Rik 4 58. 10. गो देवता (Go–is the Devata of the Sukta) That the flesh of the cow is forbidden as food is quite clear from Rik 10 87. 16 which states—

यः पौरुषेयेण क्रविषा समङ्क्ते यो अश्व्येन पशुना यातुधानः।
यो अघ्न्याया भरति क्षीरमग्ने तेषां शीर्षाणि हरसापि वृश्च॥

1. e The monster, that partakes of the flesh of human beings or the meat of animals like the horse or who steals (robs) the milk of the unkillable cow, is beheaded by Agni." —Vedic Culture by Swami Maha Devananda Giri P. 132.

Some observe in the text एतद् यथा राज्ञे वा ब्राह्मणाय वामहोक्ष महाज वा पचेत्, a hint to the prevalence of a custom of slaying

an ox or a goat and cooking the meat there of But it must be clearly understood that the term महोक्ष (Mahoksha) used in this text does not refer to an ox. In Rik 8. 13. 11 there occurs the word (उक्षान्नाय) which means edibles mixed with Soma juice. Later on from the राजनिघण्टु text ऋषभौषधि वर्कट शृङ्गी it is found that kings and Brahmins were offered on their arrival the juice of the Soma plant or some other herbal decoctions to control the bile, just as tea is served in modern times to all guests. In Kashmir and Tibet this custom of offering tea has been in use from ancient times. It might also be a direction to bathe the guest in water warmed with many odorous and invigorating ingredients (सर्वौषधि) The word महाज (Mahaja) also does not indicate a big goat but fine rice from the Sali variety of paddy. In the Shanti Parva of the Maha Bharat there is a text.

अजैर्यज्ञेषु यष्टव्यमिति वा वैदिकीश्रुतिः ।
अजसञ्ज्ञानि बीजानि, छागान् नो हन्तुमर्हथ ॥

It means that sacrifices should be performed with the aja. But aja according to this Vedic injunction never means the goats but cereals like wheat, Brihi etc.

Vedic Culture P. 138. 139.

The word yajna is synonymised as अध्वर cf यज्ञमध्वरम् ध्वर stands for Hinsa (Killing, Violence) so अध्वर is non-violence and therefore no slaughter can be part of the true sacrifice. P. 111.

इन उद्धरणों का सारांश यह है कि ऋग्वेद में यह स्पष्टतया आदेश है कि गौ की हत्या कभी न करनी चाहिये। गौ के लिये ऋग्० १. ३७. ५; १. १६६. २७, १. १६४. ४०; ८. १. ६ इत्यादि में अघ्न्या शब्द का प्रयोग है जिस का अर्थ यास्काचार्य ने निरुक्त में अहन्तव्या अर्थात् कभी न मारने योग्य यह किया है। ऋग्० १० ८७. १६ के—

यः पौरुषेयेण क्रविषा समङ्क्ते ·· यो अघ्न्यायाभरति क्षीरमग्ने ।

इस मन्त्र से गोमास के खाने का निषेध अति स्पष्ट है, यहा तक कि गोमासादि भक्षक के यहा सिर तक काटने का आदेश है यदि वह समझाने बुझाने पर भी न माने। एतद् राज्ञे वा ब्राह्मणाय वा महोक्ष महाज वा पचेत् इत्यादि ब्राह्मण वाक्यो में महोक्ष से राजनिघण्टु के अनुसार ऋषभ ओषधि, कर्कट शृङ्गी आदि का ग्रहण है। ऋग्वेद ८ ४३ ११ में उक्षान्न शब्द का प्रयोग है जिस का अर्थ भोजन के साथ उक्षापद वाच्य सोम के मिलाने का है। राजाओं तथा प्रतिष्ठित ब्राह्मणादि को अतिथि रूप से आने पर पित्तादि शान्ति के लिये सोमरस का पान कराया जाता था जैसे कि आजकल चाय आदि पिलाई जाती है। सोम, ऋषभक आदि ओषधियो के रस से मिश्रित जल से स्नान कराने का भी ऐसे वाक्यों में निर्देश है। उस से तात्पर्य यहा बकरे से नहीं किन्तु 'अजसज्ञानि बीजानि छागान्नो हन्तुमर्हथ' इत्यादि महाभारत के वचनानुसार विशेष प्रकार के बीज और चावलों का है। यज्ञ का पर्यायवाची अध्वर शब्द है जिस का अर्थ ही हिंसा रहित कर्म है। अत: हिंसा सच्चे यज्ञ का भाग नहीं हो सकती यह स्पष्ट है।

डा० राधा कुमुद मुकर्जी और वैदिक यज्ञ

भारत के सुप्रसिद्ध ऐतिहासिक, लखनऊ विश्वविद्यालय के उपकुलपति डा० राधाकुमुद मुकर्जी ने अपनी Education in Ancient India नामक पुस्तक में लिखा है कि—

Vedic sacrifices—

'Vedic Religion did not countenance bloody sacrificing of animals by violence As the chhandogya upanishad (111 6) puts it 'न वै देवा अश्नन्ति न पिबन्ति, एतदेवामृत दृष्ट्वा तृप्यन्ति।'

'The gods who do not eat or drink, should not be offered meat tainted with violence.

'Thus sacrifice at a yajna meant self-sacrifice'

The yajnas were evolved as modes of invocation of the Infinite and possessed of profound spiritual significance and educational value as aids to self realisation.'

—Education in Ancient India by Dr. Radha Kumud Mukerjee M A Ph. D P 11.

अर्थात् वैदिक धर्म पशुहिंसात्मक यज्ञो का समर्थन नहीं करता। जैसे कि छान्दोग्य उपनिषत् ३ ६ के 'न वै देवा अश्नन्ति न पिबन्ति एतदेवामृत दृष्ट्वा तृप्यन्ति इत्यादि शब्दो से भी सूचित होता है। यज्ञ का अर्थ स्वार्थ त्याग होता था। यज्ञों का अनन्त परमेश्वर की

जब इस बात का कोई प्रमाण आप को मिला ही नहीं कि वे हारप्पा और मोहन्-जेडारो के नगर निर्माता द्राविड भाषा भाषी थे और ऐसा करना आप के अपने लेखानुसार सभव ही नहीं, जब तक वहा पाई गई मुहरों में प्रयुक्त लिपि का ज्ञान न हो जाए तो फिर आप क्यों एक कोरी आनुमानिक कल्पना का बार-बार उल्लेख करते हैं। ऐसी कोरी कल्पनाओं वा सम्भावनाओं से पुस्तक को भर देने से सिवाय भ्रम फैलाने के क्या लाभ हो सकता है ?

(४) ऋग्वेद के निर्माणकला के विषय में आप अपनी पुस्तक के पृ० १९४ में स्वीकार करते हैं कि—

The age of the Rigveda is not known with even an approximate degree of certainty" —Vedic Age P. 194

अर्थात् ऋग्वेद के काल के विषय में किसी निश्चय की लगभग मात्रा के साथ भी ज्ञान नहीं है।

ऐसी अवस्था में आप का लगभग १००० ई० पू० ऋग्वेद निर्माण काल बताना कितना अशुद्ध, अनुचित और भ्रमजनक है ?

(५) ऋग्वेद के ही क्यों, वैदिक काल के अन्य भी किसी ग्रन्थ के विषय काल में निश्चिततया कुछ नहीं कहा जा सकता इस बात को आप पृ० २२५ पर स्वीकार करते हैं—

"Not a single work of the Vedic period can be accurately dated." Vedic Age P. 225.

किन्तु फिर पाश्चात्य लेखकों का अनुसरण करते हुए आप उन का समय ३००० वर्ष के अन्दर-अन्दर निश्चित करने का यत्न करते हैं जो सर्वथा अशुद्ध है जैसे कि हम अगले अध्याय में दिखाएगे।

(६) केशिन नामक एक वर्ग के लोगों का पृ० २५९ में उल्लेख करते हुए लिखा है—

They were probably a branch of the Panchalas.

(७) वैदिक एज् के पृ० २६० में लिखा है—

There are various other minor tribes mentioned in Vedic texts, but we know very little of them."

—Vedic Age P 260.

अर्थात् वेद मन्त्रों में अन्य भी अनेक छोटी-छोटी जातियों का वर्णन पाया जाता है किन्तु हम उन के विषय में बहुत कम जानते हैं।

हमारी टिप्पणी—वास्तविक बात यह है कि जिन को आप ने Index of Vedic names and Subjects आदि पाश्चात्य विद्वानों के कथनानुसार जातिवाचक

नाम समझ लिया है वे वस्तुत. जातिवाचक नाम है ही नहीं वे सामान्यवाचक पद है पूरव, तुर्वश, यदव, नहुष ये शब्द वैदिक कोष निघण्टु इत्यादि में मनुष्य नामों में आये है उन को आप का वर्ग विशेष या व्यक्ति विशेष वाचक मान लेना ही अशुद्ध है जैसे कि हम अध्याय ३ में लिखा चुके हैं। वेदों में अनित्य ऐतिहासिक नामपदों है ही नहीं। इस बात को आप स्वय पृ० २२५ में ऋग्वेद के विषय में स्वीकार कर चुके हैं कि—

Naturally it (The Rigveda) is poor in historical data
Vedic Age P. 225

अर्थात् ऋग्वेद स्वाभाविकतया ऐतिहासिक सामग्री में बहुत गरीब है।

हमारा कथन यह है कि अनादिनिधना नित्य वाणी होने के कारण इस में अनित्य इतिहास सम्भव ही नहीं अत. आप का तथा अन्य ऐतिहासिक विद्वानों का इस घोर अन्य वेदों में से ऐतिहासिक घटनाओं के निकालने का यत्न ही व्यर्थ है।

(८) पृ० २६० पर पौण्ड्रों के विषय में लिखा है कि—

The pundras are probably the ancestors of the puros, an aboriginal caste in Bengal. —Vedic Age P. 260.

(९) उसी पृ० २६० पर शबरों के विषय में लिखा है—

"The sabaras are probably ancestors of the Savarlu or Savras of the Vizagpatam hills, the Savars of the Gwalior territory and the sovages of the frontiors of Orissa."
—Vedic Age P. 260

(१०) पृ० २६१ पर आर्यों के तथाकथित आदिवासियों पर आक्रमण का वेदों में बार-बार निर्देश है ऐसी कल्पना करते हुए (जिस का हम आर्य और अनार्य विषयक अध्याय में विवेचन करेंगे) लिखा है—

"The Rigveda repeatedly refers to the attacks on the aborigines. They are called Krishna twach (black skin) metaphorically. Kuyavach (evil speaking) a demon slain by Indra, probably personifies the barbarian opponents."
—Vedic Age P. 261.

हम इस कोरी कल्पना की निस्सारता आर्य-अनार्य विषयक अध्याय में सप्रमाण दिखाएंगे।

(११) वैदिक एज के पृ० २७० पर एक ऐसी निराधार कल्पना की गई है जिस को देख कर सब निष्पक्ष पाठकों को अत्यन्त आश्चर्य और खेद होगा। वहां लिखा है—

"The flood in Mesopotamia is generally held to have

occurred about 3100 B C The flood in India probably occurred at the same time, and the date 3102 B C. supposed to be beginning of the Kali era, may therefore commemorate this event." —Vedic Age P 270.

अर्थात् मेसोपोटेमिया में जो जलप्लावन आया उस का समय अब साधारणतया ३१०० ईस्वी पूर्व माना जाता है। सम्भवत. भारत में भी जलप्लावन उसी समय आया और ३१०२ ई० पू० जो कलियुग के प्रारम्भ की तिथि मानी जाती है इसी घटना की स्मृति में हो।

हम इसे एक निराधार कल्पना के अतिरिक्त क्या कहें ? जलप्लावन का कलियुग के प्रारम्भ के साथ कोई सम्बन्ध भारतीय परम्परा के अनुसार नहीं है। उस का सम्बन्ध शतपथ ब्राह्मण तथा महाभारतादि में दी हुई कथा के अनुसार वैवस्वत मनु से है ऐसी अवस्था में बिना किसी प्रमाण के एक घटना को दूसरी के साथ जोड देना और एक तरह से वैवस्वत मनु के समय को ही ३००० वर्षों के लगभग बताना सर्वथा अनर्गल कल्पना है जिस का प्रतिवाद करना हम अपना कर्तव्य समझते हैं। हम इस विषय में वैदिक काल पर प्रकाश डालते हुए अधिक विवेचन करेंगे कि क्यो महाभारत का काल ३१०० ई० पू० माना जाए। उस का जलप्लावन के साथ कोई सम्बन्ध नहीं।

(१२) पृ० २७२ में एक ही परिच्छेद में २, ३ सम्भावनाओ और अज्ञता का निर्देश देखिये। वहां लिखा है—

"The location of the Nabhagas aescended from Nabhaga is un-certain. They probably reigned in the midlands of the Gangetic Doaba, and included Rathitara from whom came the Rathitaras who were Kshatriyan Brahmanas. The Nabhaga dynesty played practically no part in traditional history and probably disappeared under the early Aila conquests From Dhrishta came the Dharshtak Kshatriyas who probably ruled over vahika in the in the Punjab Nothing farther is known about them."

Vedic Age P 272.

(१३) पृ० २७५ पर वैदिक एज् में लिखा है—

"Kuvalashva is said to have marched against an Aswa, Rakshasa or Daitya named Dhundhu near a shallow sand-

filled sea in the Rajputana desert in order to rescue a sage named uttanka. He destroyrd the subterranean quarters of the Asura and put an end to his fiery home. This legend probably suggests that Kuvalashva subjugated the Asura and aboriginals to the West and in the southern parts of Rajputana and spread Aryan culture in those lands"

—Vedic Age P 257.

(१४) वैदिक एज् के पृ० २७६ पर लिखा है—

'The Bhargavas, Vasishthas and probably Angirasis appear to have been the earliest Brahmana families"

—Vedic Age P. 276.

अर्थात् भार्गव, वसिष्ठ और सम्भवत आङ्गिरस प्राचीनतम ब्राह्मण कुल हुए हैं। यदि लेखक के सम्भावित मतानुसार आङ्गिरस सब से प्राचीन ब्राह्मण कुलों में से हैं तो फिर अथर्वाङ्गिरस वा अथर्ववेद को नवीन वेद सिद्ध करने का दुस्साहस उन्होंने क्यों किया? उन की एतद्विषयक कल्पना की मीमांसा हम प्रकरणानुसार आगे करेंगे। जब इन को साधारण ऐतिहासिक घटनाओं के विषय में भी कुछ निश्चय नहीं तो वैदिक काल के विषय में नितान्त अशुद्ध और समस्त आर्षपरम्पराविरुद्ध अनेक बातें लिख कर युवक युवतियों में भ्रम फैलाने का यत्न इन्होंने क्यों किया?

(१५) वैदिक एज् के पृ० २७८ पर नागों के विषय में लिखा है कि सम्भवत ये आदिवासी व अनन्य लोग थे।

"This shows the extension of the Aryan culture towards the river Narmada and the land of the Nagas who were probably aborigines or primitive peoples."

Vedic Age P 278.

(१६) वैदिक एज् के पृ० २७६ पर द्रुह्युओं के विषय में लिखा है—

"After a time being over-populated the Druhyus crossed the borders of India and founded many principalities in the Mlecchа territories in the north, and probably carried the Aryan culture beyond the frontiers of India"

Vedic Age P. 279

(१७) वैदिक एज् के पृ० २८१ पर परशुराम के विषय में लिखा है—

It appears that on the strength of the matrimonial

alliances of the Bhargavas with the ruling families of Kanyakabja and Ayodhya and also of growing discontent due to the devastating raids and consequent un-popularity of the Haihayas, Rama organised a confederacy of various Kingdoms including Vishali, Videha, Kashi, Kanyakubja and Ayodhya which fought the Haihayas on various battle fields. These are probably referred to by the annihilation of the Kshatriyas twenty-one times.

—Vedic Age P. 281.

(१८) अर्जुन के पुत्रों के विषय में वैदिक एज् के पृ० २८३ पर लिखा है—

"Arjuna had many sons of whom the chief was Jayadhvaja who reigned in Avanti Surasena, another son, appears to have been assosiated with mathura, while Sura, the third son probably was counected with Surashtra."

—Vedic Age P. 283.

सुरा को सुराष्ट्र के साथ जोडना उपहासास्पद है।

(१९) पृ० २८४ पर विदिशा के विषय में सन्देहात्मक भाषा में लिखा है कि वह शायद हैहयो के आधीन थी।

"Vaishali and Vidisha also were attacked by the Haihayas and Vidisha probably was under Haihaya occupation"

—Vedic Age P. 284.

(२०) कुशिक के पुत्र गाधी के विषय में वैदिक एज् के पृ० २८४ में फिर एक कल्पना निम्नलिखित सन्देहसूचक वाक्य में की गई है—

"Kushika's son from Paurukutsi, Purukutsa's descendant in about the sixth degree, was Gadhi. Gadhi is described as an incarnation of Indra, which probably means that he had an alternative title such as Indra or one of his synonyms" —Vedic Age. P. 285.

(२१) विश्वमित्र के पश्चात् कौन राजा बना इस बात को वैदिक एज् के लेखक निश्चय से नहीं जानते अत. अष्टक के विषय में वे सन्देह सूचक भाषा में पृ० २८५ पर लिखते हैं—

आवश्यक समझा और न प्रकाश डाला। केवल एक वाक्य में इस मत को एक पक्षीय दिखा कर वे आगे चल पड़े हैं। पृ० २९२ पर उन्होंने लिखा है—

"According to some accounts, Bharata gave his name to our country which was hence-forth called Bharata-varsha" —Vedic Age P 292

इसी प्रकार हजारो की सख्या में उद्धरण वैदिक एज् से दिये जा सकते हैं जिन से ज्ञात होता है कि यह ग्रन्थ अत्यन्त सन्दिग्ध और सन्देह जनक है जिस में पग-पग पर लेखकों की अनिश्चयात्मकता सूचित होती है। यदि वेद और प्राचीन आर्ष साहित्य के विषय में भी वे यह स्वीकार कर लेते कि हमें इन विषयों में कोई निश्चयात्मक ज्ञान नहीं है और जो कुछ हमारा अध्ययन है वह अधिकतया पाश्चात्य विद्वानों के किये हुए अनुवादों और उन के लिखे ग्रन्थों के आधार पर है (जैसे कि स्पष्ट प्रतीत होता है) तो हमें इतना दु ख न होता, किन्तु अन्य साधारण ऐतिहासिक तथ्यो के विषय में पग-पग पर सशयात्मक भाषा में लिखते और प्राय प्रत्येक पृष्ठ पर Probably और Perhaps की भरमार करते हुए भी जब वे वेदादि के विषय में निश्चय पूर्वक सर्वथा अशुद्ध बातें लिखने का साहस करते हैं तब हमें अवश्य दु:ख होता है और उन की भ्रान्तियों का निराकरण करना हमारा कर्तव्य हो जाता है ॥

elibrary.thearyasamaj.org

सप्तम अध्याय

वेदों की प्राचीनता

वेदोत्पत्ति काल विषयक अटकलपच्चू परस्पर विरुद्ध कल्पनाएं

हम ने इस पुस्तक के प्रथम और द्वितीय अध्याय में इस बात को दिखाने का यत्न किया था कि प्राचीन परम्परागत विश्वास के अनुसार वेद ईश्वरीय ज्ञान है और उन का प्रकाश सृष्टि के प्रारम्भ में मनुष्यमात्र के कल्याणार्थ अग्नि, वायु, आदित्य और अङ्गिरा इन ४ ऋषियों के द्वारा किया गया। बिना किसी शिक्षक या माता पिता आदि से शिक्षा पाए कोई ज्ञान नहीं प्राप्त कर सकता यह सब को अनुभव सिद्ध बात है। प्राचीनकाल के अनेक परीक्षणों का हम पिछले अध्यायों में निर्देश कर चुके हैं। लखनऊ के गान्धी स्मारक औषधालय में पाले जाते हुए भेड़िया बालक राम् का ताजा उदाहरण भी इस विषय में भुलाने योग्य नहीं है। उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री कन्हैयालाल जी मुन्शी का उस बालक के विषय में जो गवेषणापूर्ण विस्तृत लेख ३० जून १९५४ के नवभारत टाइम्स तथा अन्य पत्रों में निकला है उस से अनेक तथ्यों का पता लगता है जो सृष्टि के प्रारम्भ में ईश्वरीय ज्ञान की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हैं। उन्होंने इसी सम्भावना को पुष्ट किया है कि कोई भेड़िया इस बालक को छोटी आयु में उठा कर ले गया और उसी ने इस का पालन किया। इस लेख के समय (जुलाई सन् १९५४) में इस बालक राम् की आयु लगभग १० वर्ष की है किन्तु यह मनुष्य के बालक की तरह न खड़ा हो सकता है न चल सकता है। यह भेड़ियों की तरह चलता है, उन्हीं की तरह कच्चा मांस ही अब तक (लखनऊ गान्धी हस्पताल में प्रविष्ट किये जाने के समय तक) खाता रहा है और यह मनुष्य की भाषा न समझ सकता और न बोल सकता है। अब सभ्य मनुष्यों के सम्पर्क में आ कर उन में बहुत धीरे-धीरे परिवर्तन आ रहा है। यह कच्चे मांस के अतिरिक्त अन्य भोजन भी कुछ-कुछ ग्रहण करने लगा है, अब यह प्राय बिस्तरे पर लेटा रहता है और मनुष्यों के सम्पर्क या उन की वाणी से पूर्ववत् उद्विग्न नहीं होता। अभी उन ने मनुष्य बोली में बोलना प्रारम्भ नहीं किया पर अपना नाम सुनने पर जिस प्रकार यह प्रसन्नता प्रकट करता है उस से आशा होती है कि यह धीरे-धीरे कुछ बोलना भी सीख जाएगा। अधिक विस्तार में न जाकर हम यह दिखाना चाहते हैं कि जब तक मनुष्य को कोई सिखाने वाला न हो तब तक वह स्वयं सीख नहीं सकता और यह इस भेड़िया बालक (Wolf-boy इसी नाम से अब राम् प्रसिद्ध है) की तरह पशु तुल्य ही रहता है। इस लिये आर्यों का यह विश्वास कि सृष्टि के प्रारम्भ में यदि मनुष्य को ईश्वर की ओर से ज्ञान न मिलता तो वह पशुसमान ही

रहता और इस लिये परमपिता मङ्गलमय भगवान् ने मनुष्यमात्र के कल्याणार्थ वेद द्वारा ज्ञान दिया सर्वथा युक्तियुक्त और तर्क सङ्गत है। इसे कोई भी अन्धविश्वास कहने का साहस नहीं कर सकता। अतः आर्यों के परम्परागत युक्तियुक्त विश्वासानुसार वेदों का काल वही है जो सृष्टि का। सृष्टि के काल का निश्चय यदि किसी प्रकार किया जा सके तो वही वेदों का भी काल मानना सर्वथा उचित होगा। पर ऐसा करने से पूर्व हम पाश्चात्य और कुछ भारतीय विद्वानो ने वेदों का निर्माणकाल निश्चित करने का जो सर्वथा असफल यत्न किया है उसका विग्दर्शन कराना चाहते हैं जिस से यह ज्ञात हो सके कि उन में परस्पर कितना मतभेद है और सिवाय अटकलपच्चू कल्पनाओ के उस में कोई सार नहीं और अन्त में प्रायः सभी विद्वानों को यह स्वीकार करना पडा है कि हम इस विषय में कुछ नहीं जानते।

प्रो० मैक्समूलर का मत

वेदकाल निर्णय का यत्न करने वाले पाश्चात्य विद्वानों में जर्मनी के प्रो० मैक्समूलर का (जो ओक्सफोर्ड में बस गये थे) नाम प्रथम पक्ति में रखा जाता है। प्रो० मैक्समूलर ने अपनी History of Ancient Sanskrit Literature (प्राचीन सस्कृत साहित्य का इतिहास) नामक पुस्तक में जो सन् १८५९ में प्रकाशित हुई इस विषय में निम्नलिखित विचारसरणी को अपनाया।

"Budhism is nothing else than a re-action against Brahmanism, and it pre-supposes the existence of the entire Veda i. e. of the literature embodied in the hymns, the Brahmans, Aranyakas and the Upanishads. The whole of this literature must have therefore been pre-Brddhistic i. e. it must have arisen before 500 B. C. The Vedanga and the Sutra literature could be approximately simultaneous with the origin and the expansion of Buddhism in its initial stages. These Sutra works, whose origin might be attributed to the period from 600 to 200 B. C. The Sutra works are however so constructed that they of necessity presuppose the Brahman literature. The Brahmanas however, of which there are older and new ones, containing as they do, long lists of preceptors who handed down more ancient Brahmanas could not possibly be compressed within less than two hundred years. We must therefore regard the period

800 to 600 B. C. as that required for the growth of these prose works. The Brahmanas however, pre-suppose further in their turn, the Vedic Samhitas. At least two hundred years were now necessary in order that all these collections of songs and prayers could be put to-gether; therefore the period circa 1000 to 800 B C. could be regarded as the period in which these collections were formed. Before the formation of these collections, however, which were already regarded as holy sacrificial songs and authoritative prayer-books, there must have preceded a time in which the hymns and the songs contained in them should have arisen as popular or religious compositions. This period must lie before 1000 B. C. Two hundred years may be assigned for the growth of this poetry and thus we may arrive at 1200 to 1000 B. C. as the initial period of the Vedic poetry."

इस लेख का साराश यह है कि बौद्धमत ब्राह्मण धर्म के विरुद्ध एक प्रतिक्रिया के अतिरिक्त और कुछ नहीं इस लिये उस से पूर्व सम्पूर्ण वैदिक साहित्य जिस में संहिता, ब्राह्मण, आरण्यक और उपनिषत् सब का समावेश है की सत्ता स्पष्ट है। यह सारा साहित्य बौद्धकाल अर्थात् ५०० ई० पू० से पूर्व अवश्य विद्यमान होना चाहिये। सूत्र ग्रन्थों का निर्माण ६०० से २०० ई० पू० के अन्दर हुआ। सूत्र ग्रन्थों से ब्राह्मण ग्रन्थों की सत्ता स्पष्ट-तया सूचित होती है। ब्राह्मणग्रन्थ जिन में पुराने और नये अनेक ग्रन्थों का समावेश है और जिन में पुराने अनेक ब्राह्मणकार शिक्षकों की लम्बी सूची पाई जाती है २०० से कम वर्षों में नहीं बन सकते थे। इस लिये ८०० से ६०० ई० पू० का समय हम ब्राह्मणग्रन्थों के निर्माण का कल्पित कर सकते हैं। ब्राह्मणग्रन्थों में मन्त्र संहिताओं के अस्तित्व का स्पष्ट निर्देश है अतः कम से कम २०० वर्ष का समय इन प्रार्थनागीत संग्रहों को संहिता बनने में लगा होगा। इस लिये १००० से ८०० ई० पू० का यह समय माना जा सकता है जब इन संहिताओं का निर्माण हुआ। इन संहिताओं के निर्माण से पूर्व जिन्हें पवित्र, यज्ञ विषयक गीतों और प्रामाणिक प्रार्थना पुस्तकों का रूप प्राप्त हो चुका था एक ऐसा समय माना जाना चाहिये जिस में उन को लोकप्रिय धार्मिक गीत के रूप में स्वीकार किया जाए। यह समय १००० ई० पू० होना चाहिये। २०० वर्ष इस कविता के विकास में लगे होंगे अतः

मन्त्रकाल, ब्राह्मणकाल, सूत्रकाल आदि को २०० वर्षों का समय देने हुए कुल ने कम समय निकलता है। स्वयम् उस ने Physical Religion में सन् १८९० में घोषित किया कि वैदिक सूक्त १०००, १५००, २०००, २५०० या ३००० ई० पू० कब बने यह संसार में कोई शक्ति भी निर्धारित नहीं कर सकती। ऐसी अवस्था में उस की एक कल्पना को वैज्ञानिक रीति से निर्धारित मान लेना कितनी भारी अशुद्धि है।

प्रो० मैक्समूलर की इस कल्पना के विषय में जर्मनी के सुप्रसिद्ध विद्वान् विन्टरनीज ने Geschikte der indischen Literatur नामक जर्मन पुस्तक में जिस के वेदकाल-विषयक अध्याय का अनुवाद श्री उद्गीकर ने 'The Age of the Vedas' इस नाम से अंग्रेजी में प्रकाशित किया स्पष्ट लिखा—

"It is now evident that the presumption of exactly two hundred years for the various literary epochs in the development of the Veda is purely arbitrary. And Max-Muller himself would not properly say anything more than that one must at the least presuppose some such period and that our Rigveda Samhita had indeed been completed at least about 1000 B. C. He has always understood his date of 1200 to 1000 B. C. only as the terminus ad quem and in his lectures on Physical Religion that appeared in 1890, he has distinctively said that 'we could not hope to be able to lay down any terminus a quo. Whether the Vedic hymns were composed in 1000, or 1500, or 2000, or 3000 years B. C. no power on earth could ever fix."

It is how ever remarkable how persistent is the force of suggestion even in scholarship. This purely hypothetical and in itself entirely arbitrary chronological fixing of the Vedic epochs by Max Muller, attained in course of years the respect and the character of a scientifically proved fact, no new arguments or substantial proofs were added there. All used to say—and W. D. Whitney in his book 'Oriental and Linguistic Studies' First Series (1872) P. 78 has indeed reproved this habit—that Maxmuller had proved the period 1200 to 1000 B. C. as the date of the Rigveda. Only with

timidity, could some scholars like L. Von Schroeder go back to 1500 or at most to 2000 years B. C."

अर्थात् यह स्पष्ट है कि वैदिक विकास के भिन्न-भिन्न ग्रन्थों के लिये २०० वर्ष का समय निर्धारित कर देना सर्वथा युक्ति हीन और कपोल कल्पित है। स्वयं मैक्समूलर उचित-रूपेण इस से अधिक कुछ नहीं कहेंगे कि कम से कम इतने समय की कल्पना तो करनी ही चाहिये और कि हमारी ऋग्वेद संहिता लगभग १००० ई० पू० तक सम्पूर्ण हो चुकी थी। उस ने १२००–१००० ई० पू० की इस तिथि को कम से कम सीमा के रूप में माना है और Physical Religion पर अपने व्याख्यानों में जो सन् १८९० में प्रकाशित हुए उस ने अत्यन्त स्पष्ट शब्दों में घोषित कर दिया है कि हम कोई अन्तिम सीमा निर्धारण कर सकने की आशा नहीं रख सकते। वैदिक सूक्त १००० ई० पू० में बनाये गये या १५०० ई० पू० में, २००० ई० पू० में या ३००० ई० पू० में, संसार में कोई शक्ति नहीं जो इस को निश्चित कर सके। किन्तु यह बात उल्लेखनीय है कि विद्वत्ता के क्षेत्र में भी किसी निर्देश वा सुझाव की शक्ति कितनी हठीली होती है। यह केवल कल्पित और स्वयं सम्पूर्णतया स्वच्छन्द वा युक्तिहीन वैदिक काल के निर्धारित करने विषयक मैक्समूलर का वाद समय बीतने पर वैज्ञानिक रीति से सिद्ध किये गये तथ्य के स्वरूप और सन्मान को प्राप्त करने लग गया जब कि इस में न कोई नई युक्तियां जोड़ी गईं और न किन्हीं सन्तोषजनक ठोस प्रमाणों की वृद्धि की गई। सब यही कहा करते थे (और ह्विटनी ने अपनी ओरियन्टल ऐन्ड लिंग्विस्टिक् स्टडीज़ नामक सन् १८७२ में प्रकाशित पुस्तक में इस पर विद्वानों की भर्त्सना भी की कि मैक्समूलर ने १२००–१००० ई० पू० के समय को ऋग्वेद का काल निश्चित कर दिया है। केवल भय के साथ फ़ौन श्रोडर जैसे कुछ विद्वानों ने वैदिक काल को १५०० ई० पू० या अधिक से अधिक २००० ई० पू० तक ले जाने का यत्न किया।

इतना लिखने के पश्चात् कुछ अन्य विद्वानों के विचार देकर जिन में से वीबर ने History of Sanskrit Literature में वेद काल निर्धारण विषयक यत्न के विषय में घोषणा की थी कि—

"Any such attempt (of defining the Vedic antiquity) is absolutely fruitless." P. 7.

अर्थात् ऐसा यत्न सर्वथा व्यर्थ है। डा० विन्टर्नीज़ ने लिखा—

"In reality, nothing more has been known than that the Vedic period extends from an altogether un-defined past

---

"The Age of the Veda" translated by N. B. Utgikar Poona P. 4.

to the fifth century before Christ. Neither the figures 1200 to 500, nor 1500 to 500, nor 2000 to 500, which are often to be met with in the popular account about the age of the Vedic literature have any justification. The only date justifiable is X to 500 B. C. And as the result of the investigation of the last ten years it could be said that it is probable that in place of 500 B. C will have to be substituted the date 800 B C.... We must however, guard against giving any definite figures, where such a possibility is, by the nature of the case, excluded."

—The Age of the Veda by Winternitz P. 10–11.

अर्थात् वस्तुतः इस से अधिक और कुछ नहीं कहा गया कि वैदिक साहित्य का विस्तार मुख्य सर्वथा अनिश्चित भूतकाल से ५०० ई० पू० तक है। १२०० ई० पू० से ५००, या १५०० ई० पू० से ५०० ई० पू०, अथवा २००० से ५०० ई० पू० जो कि वैदिक साहित्य के विषय में लोकप्रिय वर्णनों में पाये जाते हैं सर्वथा न्याय संगत व प्रामाणिक नहीं हैं। यदि कोई न्याय संगत वा तर्कनीय तिथि हो सकती है तो यह है सर्वथा अनिश्चित भूत से ५०० ई० पू० तक। विद्वान् ८ वर्षों के अनुसन्धान के परिणामस्वरूप ५०० ई० पू० के स्थान में भी हमें ८०० ई० पू० रखना पड़ेगा। किन्तु हमें कोई निश्चित शब्द कहने में सावधान रहना चाहिये कि यह विषय ही ऐसा है जिस में कोई निश्चित तिथि देने का सम्भावना ही नहीं।

डा० मौरिस ब्लूमफील्ड नामक पाश्चात्य विद्वान् ने (जो Vedic Concordance नामक कोष के सङ्कलन के कारण ही अब प्रसिद्ध है) अपने विषय में यह लिखा हुए कि—

"I am for my part, and I think I voice many others now much more inclined to listen to an early date, say 2000 B. C. for the beginnings of Vedic literary production, and to a much earlier date for the beginnings of the institution, and religious concepts which the Vedas have derived from those pre-historic times which exist there. As we look forward into the records that remain and as they grow we must not be beguiled by that kind of contemporaneity which

merely salves the conscience into thinking that there is better proof for any later date, such as 1500, 1200 or 1000 B. C rather than the earlier date of 2000 B. C. "Once more frankly" we do not know"

—Bloomfield's Religion of the Vedas, P. 191.

इस सन्दर्भ का भावार्थ यह है कि मैं स्वय तथा मैं समझता हू कि मैं अनेक अन्य विद्वानो का प्रतिनिधित्व करता हू यह कहने में कि हम वैदिक काल के विषय में पूर्व की कोई तिथि मानने में उदाहरणार्थ २००० ई० पू० अधिक झुकाव रखते हैं। ... कुछ भी हो हमें इस प्रकार की अनुदारता के धोखे में नहीं आ ना चाहिये जो अपनी आत्मा को केवल सन्तुष्ट कर लेती है कि १५००, १२०० या १००० ई० पू० को मानने के लिये अपेक्षा २००० ई० पू० के अधिक अच्छे प्रमाण हैं।

इतना लिखने के पश्चात् भी डा० ब्लूमफील्ड उपसहार में कहते हैं—एक वार फिर, यदि स्पष्टवादिता से कहना हो तो हम कहेगे कि हम नहीं जानते।

डा० ब्लूमफील्ड के इन शब्दों को उद्धृत करते हुए 'The Rigveda and Vedic Religion के लेखक मि. क्लैटन कहते हैं—

From what has already been said, it will be evident that no dates can be assigned to the origin of the hymns that make up the Vedas Indeed it is necessary to go further and to say that there is not sufficent evidence to show with any precision when the hymns of the four Vedas were collected together and the Vedas themselves as we have them, formed. —The Rigveda and Vedic Religion by A C. Clayton P 45.

साराश यह कि जो कुछ ऊपर लिखा जा चुका है उस से स्पष्ट है कि वैदिक सूक्तो के उद्भव के विषय में कोई तिथि निर्धारित नहीं की जा सकती। वस्तुत इस से भी आगे जाने और यह स्पष्ट कह देने की आवश्यकता है कि किसी भी निश्चय के साथ यह दिखाने के लिये हमारे पास पर्याप्त साक्षी नहीं है कि चारों वेदों के सूक्तों का सग्रह कब हुआ और ये सहिताए कब बनीं। अन्य भी अनेक पाश्चात्य विद्वानो ने इसी प्रकार के विचार प्रकट किये हैं यद्यपि कइयों ने प्रो० मैक्समूलर के ही वचनों को प्रामाणिक मान कर स्वतन्त्र अनुसन्धान करना अनावश्यक समझा।

वैदिक ग्रन्थ के लेखकों पर दुर्भे अत्यन्त आश्चर्य होता है कि एक ओर तो ये ऐसा ब्लूमफील्ड के अनुसार स्वीकार करते हैं कि—

"The age of the Rigveda is not known with even an approximate degree of certainty." —Vedic Age P. 225

"Not a single work of the Vedic period can be accurately dated" —Vedic Age P. 225.

अर्थात् ऋग्वेद के काल का कुछ भी निश्चय की मात्रा के साथ ज्ञान नहीं। वैदिक काल के किसी भी ग्रन्थ की ठीक तौर पर तिथि निर्धारित नहीं की जा सकती और दूसरी ओर ऋग्वेद का निर्माणकाल ये १००० ई० पू० के लगभग निर्धारित करते हैं। वैदिक कोष के पृ० २०८ पर The Aryan Problem (आर्य समस्या) इस शीर्षक अन्तर्गत अध्याय में लिखा है—

"From a purely linguistic point of view the Rigveda in its present form can not be dated much earlier than 1000 B. C. The language of the Rigveda is certainly no more different from that of the Avestan Gathas than is old English from old High German and therefore they must be assigned to approximately the same age..... Thus from general linguistic considerations, we get for the Rigvedic language, as known to us, an approximate date of 1000 B. C Although the culture represented by it must be considerably older, it can hardly be pushed back considerably before 1500 B. C." —Vedic Age P. 201

"On linguistic grounds, the language of the Rigveda the oldest Veda, may be said to be about 1000 B. C. But its contents may be—and are certainly in the oldest parts of much more ancient date and its latest parts, resembling Atharvanic charms, are as surely of much later origin."

—Vedic Age P. 227.

इन उद्धरणों का भाव यह है कि निश्चय मात्रा में भाषाविज्ञान से ऋग्वेद का समय रूप में १००० ई० पू० से अधिक पुराना नहीं माना जा सकता। ऋग्वेद की भाषा अवेस्ता की गाथाओं से पुरानी अवश्य है, पुरानी उस प्रकार की अवस्था में कदापि नहीं है, जिस

क्रमों का यह ही रचना काल है। इस समय ब्राह्मण संहिता पुराणों का कई भी और उन का अर्थ भी ठीक-ठीक समझ में न आता था। आनाम नगर्न यह समय का लोगों का ईसा से तन् से १५०० वर्ष पूर्व से ले कर ५०० वर्ष पर्यन्त है। इस को कुछ पूर्वकाल कहा है। सूत्रग्रन्थ और ६ दर्शन इस समय में ही बने।

—ओरायन् का नारायणाय-वेदकाल निर्णय-पृ०-१ हारनाथ साहित्य भूषण कृत अजमेर।

तिलक जी ने जिस आधार पर उपर्युक्त परिणाम निकाले उन को सविस्तर आगे हम आगे करेंगे किन्तु यहां उन के उपर्युक्त Orion (मृगशीर्ष) ग्रन्थ से ही यह उद्धरण देना आवश्यक प्रतीत होता है। ग्रन्थ के प्रारम्भ में ही उन्होंने लिखा—

वेदकाल का निश्चय करना सम्भव है कि नहीं इस प्रश्न के विषय में बहुत से प्राचीन या नवीन पुरुषों की बुद्धि आज तक चल विचल हो रही है। यद्यपि इन में इस विषय में लिखों का लेखन किया है किन्तु इस काल निर्णय के प्रश्न का सांगोपांग विचार कर के अन्तिम परिणाम निकाल लिया यह नहीं कहा जा सकता। तथापि इस विवेचन के योग से आर्य लोगों की अत्यन्त प्राचीन सभ्यता के समय पर थोड़ा बहुत प्रकाश अवश्य पड़ेगा ऐसी आशा की जाती है। परन्तु इस काल का निश्चय करना विद्वानों के हाथ में है।

Orion का अनुवाद पृ० २।

इसी पुस्तक के अन्तिम भाग में भी उन्हों ने लिखा—

इस प्रकार जो समय हम ने दिये हैं वे बिल्कुल ठीक हैं ऐसा नहीं समझना चाहिये। पृ० ६।

"Though I have ventured to write on the subject, I can not claim to have finally solved this important problem in all its bearings" —Orion P. 2

वेदों के रचनादि विषयक प्राचीन विज्ञान के विषय में उन्हों ने इसी ग्रन्थ के अन्तिम भाग में लिखा—

ऊपर दिखलाया जा चुका है कि वैदिक काल में विशेष उन्नति का समय ईसा सन् से पूर्व ४००० वर्ष के लगभग था। और यह भी सम्भव है कि वह अधिक दूर के और भी प्राचीन हो, क्यों कि ऐसा कहने के लिये भी कोई बहुत प्रमाण है।

वेदों का स्वतन्त्र प्रचार कैसा था कैसा कर कर रहता था इस में कुछ कह कर आना नहीं परन्तु इस का तात्पर्य कुछ अवश्य यहां इस ही रहस्य है। प्राचीन काल में वेद आ कर है। यह देख कर जैमिनि आदि आये। अनुमानतः से वेद आदु के प्रारम्भ से अर्थात् जो वेद आना के प्रारम्भ काल से आये, उन में है और जो क्या के आदि से ऐसा उन्नत है। इस

मृगशीर्ष नक्षत्र पर जब वसन्त सम्पात था एवं उस से पूर्व जहां तक जा सकते हैं प्राचीन से प्राचीन अति प्राचीन सम्पात प्रदक्षिणा में जो मृगशीर्ष नक्षत्र पर वसन्त सम्पात था उसे वर्षों न वेदों का काल माना जाए ? केवल नामत्व के विचार से ही क्या केवल ४००० ई० पू० वेद काल इस वसन्त सम्पात में मृगशीर्ष नक्षत्र के कारण माना जाए और इस प्रकार प्राचीन परम्परागत सिद्धान्त की सर्वथा अवहेलना की जाए ?

कुछ अधिक तक हर्ष की बात है कि स्वयं लोकमान्य तिलक ने Orion के उपरान्त लिखे अपने Arctic Home in the Vedas इस नाम के ग्रन्थ में वेदकाल ४० हजार के लगभग बताया और इस प्रकार अपने पूर्व ग्रन्थ की बातों का स्वयं खण्डन कर दिया। तथापि इतने से वेदों को अपौरुषेय मानने वालों को कभी सन्तोष नहीं हो सकता। अतः उन के इस मत की आलोचना सप्रमाण की जायेगी।

लोकमान्य तिलक जी के मत को इस प्रकार सप्रमाण आलोचना से पूर्व एक ओर भारतीय ज्योतिषी श्री दीनानाथ जी शास्त्री चुलेट का नाम निर्देश कर देना अनुचित न होगा जिन्होंने 'वेद काल निर्णय' नामक ग्रन्थ लिखा है और उन्होंने ज्योतिष के प्रमाणों का अनुशीलन कर के यह लिखा है कि वेद आज से ३ लाख वर्ष पुराना है।

—आर्यों का आदि देश—श्री सम्पूर्णानन्द जी कृत पृ० २२३ में उद्धृत।

श्री दीनानाथ शास्त्री चुनेट की पुस्तक में यह लिखा गया है कि अयन सम्पात गत नक्षत्रों पर वामगति से भ्रमता हुआ २५८०० वर्षों में फिर उसी नक्षत्र पर आ जाता है यह सर्व ज्योतिषिसम्मत सिद्धान्त है। इस के अनुसार गणना करने पर आता होता है कि शत्यायन श्रौत सूत्र के भाष्यकार कर्काचार्य के समय वसन्त सम्पात मूल नक्षत्र के समय आश्विन मास में हुआ करता था इस से उन का समय आज से लगभग १८ हजार वर्ष पूर्व सिद्ध होता है। इसी ज्योतिष शास्त्र की गणना के अनुसार पारस्कर गृह्यसूत्र का समय 'मार्गशीर्ष्यां पौर्णमास्यामाग्रहायणी कर्म' इत्यादि सूत्रों की रचना में स्पष्ट हुए वसन्त सम्पात मूल नक्षत्र के तारे पर होने के कारण आज से १६ हजार वर्ष पूर्व का लगभग सिद्ध होता है। (पृ० ६३) वेदाङ्ग ज्योतिष का समय धनिष्ठा नक्षत्र से सिलन के आरम्भ पर वसन्त सम्पात होने के कारण आज से लगभग २८६५० वर्ष पूर्व और यज्ञ का समय कम से कम ३ लाख वर्ष है।

महाभारत तथा रामायण में साङ्गोपाङ्ग वेद वर्णन

महाभारत में न केवल चारों वेदों का अनेक स्थानों पर वर्णन है किन्तु उन के अङ्गों और उपाङ्गों का भी स्पष्ट उल्लेख है।

(१) उपाख्यानों में समाधि में श्री कृष्ण के विषय में नारदजी कहते हैं कि—

वेदवेदाङ्गविज्ञानं, बल चाप्यधिकं तथा ।
नृणा लोके हि कोऽन्योऽस्ति, विशिष्टः केशवादृते ।।

सभापर्व ३८. १६ ।

अर्थात् श्री कृष्ण को वेदों और वेदाङ्गो का पूर्ण ज्ञान है और साथ ही इन में अत्यधिक बल है इस लिये इन से बढकर इस समय ससार में और किस को माना जाए ? यहा श्री कृष्ण के न केवल वेदो किन्तु वेदाङ्गो के भी पूर्णतया जानने का स्पष्ट उल्लेख है ।

(२) आदिपर्व अ० ३८६ में निम्नलिखित श्लोक इस विषय मे द्रष्टव्य है—

यो विद्याच्चतुरो वेदान्, साङ्गोपनिषदो द्विजः ।
न चाख्यानमिदं विद्याद् नैव स स्याद्विचक्षणः ।।

अर्थात् जो अङ्गों और उपनिषदो सहित चारो वेदो को जाने किन्तु इस आख्यान (महाभारत) को न जाने वह चतुर पण्डित नहीं माना जा सकता ।

यहा न केवल चारो वेदो किन्तु साथ ही उन के अङ्गो और उपनिषदो का भी स्पष्ट उल्लेख है जिस से स्पष्ट है कि महाभारत के समय न केवल चारों वेद विद्यमान थे प्रत्युत उन के अनेक अङ्ग और उपनिषदें भी विद्यमान थीं ।

(३) महाभारत वनपर्व अ० ४५ ८ में निम्न श्लोक पाया जाता है—

साङ्गोपनिषदान् वेदाश्चतुराख्यानपञ्चमान् ।।

यहा चार वेदो के अङ्गों और उपनिषदो सहित महाभारत के समय विद्यमान होने का स्पष्ट उल्लेख है इस से इन्कार नहीं किया जा सकता ।

(४) महाभारत आदि पर्व २८६. २५८–२५९ में निम्न श्लोक आये हैं—

एकतश्चतुरो वेदान्, भारतं चैतदेकत. ।
पुरा किल सुरैः सर्वैः, समेत्य तुलया धृतम् ।।
चतुर्भ्यः सरहस्येभ्यो वेदेभ्यो ह्यधिकं यदा ।
तदा प्रभृति लोकेऽस्मिन्, महाभारतमुच्यते ।।

यहा भी रहस्यो सहित चारो वेदों का स्पष्ट उल्लेख है ।

(५) महाभारत लोकपाल सभाख्यान सभापर्व ११. ३२ में चारो वेदो और सर्व-शास्त्रो का स्पष्ट उल्लेख निम्न श्लोक में आया है—

ऋग्वेदः सामवेदश्च, यजुर्वेदश्च पाण्डव ।
अथर्ववेदश्च तथा, सर्वशास्त्राणि चैवहि ।।

elibrary.thearyasamaj.org

अनादिनिधना नित्या ईश्वरीय वाक् कहने का दुस्साहस कौन कर सकता ? अतः यह तो निस्सन्दिग्ध ज्ञात होता है कि महाभारत के समय चारो वेद अपने अङ्गों उपाङ्गों, रहस्यों अर्थात् उपनिषदों और शास्त्रों सहित विद्यमान थे। ऐसी अवस्था में वैदिक एज् में वेद निर्माणकाल को १००० ई० पू० के लगभग कहना और ऐसे संशयात्मक वाक्यों का स्थान-स्थान पर प्रयोग करना कि—

"If we remember that the Rigveda did not probably receive its final shape long before the end of the so-called Dvapara age, its testimony is decidedly fatal to the geographical views assumed in the Puranas."

—Vedic Age P. 312.

कितना अशुद्ध और भ्रामक है ?

महाभारतकाल

वैदिक एज् के पृष्ठ ३०० (Historical traditions Section 8) पर The Bharat War (महाभारत) युद्ध का शीर्षक देकर कोष्ठक में उस का समय (1400 B. C) अर्थात् ईस्वी सन् से १४०० वर्ष पूर्व लिखा है। ऐसा ही कई अन्य स्थानों पर भी लिखा है किन्तु अन्य हजारों विषयों की तरह (जिन में Probably की वैदिक एज् के प्रायः प्रत्येक पृष्ठ में भरमार है इस विषय में भी वैदिक एज् के विद्वान् लेखक स्वयं सन्देह में हैं। वैदिक एज् के पृ० ३०४ में वे लिखते हैं—

"Though the Mahabharata in its present form, is a late production, the kernel of the story takes us back to the period between 1400 and 1000 B. C. when, as noted above, the battle was probably fought." —Vedic Age P 304.

यहा उन्होंने लिखा है कि महाभारत की कथा हमें उस काल तक ले जाती है जो १४०० और १००० ई० पू० के बीच में है जब सम्भवत. महाभारत का युद्ध हुआ था। किन्तु वस्तुतः अत्यन्त प्रबल प्रमाणों द्वारा सिद्ध किया जा सकता है कि महाभारत युद्ध १४०० और १००० ई० पू० के मध्य में नहीं अपितु ३१०० ई० पू० के लगभग हुआ था। इस के निम्नलिखित प्रमाण अतिप्रबल होने के कारण प्रसङ्गवश यहां लिखे जाते हैं—

(१) चालुक्य कुल के महाराज पुलिकेशी द्वितीय का एक शिला लेख दक्षिण के एक जैन मन्दिर में मिला है। उस में लिखा है—

त्रिंशत्सु त्रिसहस्रेषु, भारतादाहवादितः।
सप्ताब्दशतयुक्तेषु, शतेष्वब्देषु पञ्चसु ॥३३

पञ्चाशत्तु कलौ काले, षट्तु पञ्चशतासु च ।
समास्तु समतीतासु, शकानामपि भूभुजाम् ॥३४

—ऐपिग्राफिका इंडिका भाग ६ पृ० ७ में उद्धृत ।

इन श्लोकों का अर्थ यह है कि भारत युद्ध से ३०३५ वर्ष बीत जाने पर जब कि कलि में शकों के ५५६ वर्ष बीत गये थे। इस से यह स्पष्ट ज्ञात होता है कि शक सं० ५५६ अथवा सन् ६३४ में भारत के दक्षिण के विद्वान् भारत युद्ध का ईसा से लगभग ३१०० वर्ष पूर्व मानते थे ।

(२) वराहमिहिर ने बृहत्संहिता में लिखा है—

आसन् मघासु मुनय, शासति पृथिवीं युधिष्ठिरे नृपतौ ।
षट्द्विकपञ्चद्वियुतः शककालस्तस्य राजश्च ॥

बृहत्संहिता १३ ३ ।

इस श्लोक का अर्थ इस प्रकार किया जाता है कि महाराज युधिष्ठिर के राज्यकाल में सप्तर्षि मघा नक्षत्र में थे तथा युधिष्ठिर से २५२६ वर्ष जोड़ने से शककाल का आरम्भ होता है ।

अलबरूनी ने इस विषय में लिखा है—

ब्रह्मगुप्तादि के अनुसार सन् १०३१ तक कलियुग के ४१३२ वर्ष बीत गये हैं और सन् १०३१ तक भारत युद्ध के ३०३६ वर्ष बीते हैं ।

इस से निश्चित होता है कि अलबरूनी के काल के विचारों के अनुसार भारतयुद्ध ईसा से लगभग ३०८८ वर्ष पहले हुआ था ।

अन्य अनेक विद्वान् इस श्लोक में आये शक कालस्यास्य राजश्च' का अर्थ शालिवाहन, शकसिंह या गौतमबुद्ध का काल करते हैं न कि शालिवाहन का जो ईसा के जन्म से ७८ वर्ष पश्चात् प्रारम्भ हुआ जब कि प्रायः यूरोपियन विद्वानों ने भी स्वीकार किया है कि गर्ग संहिता ईसा के जन्म से कम से कम १५० वर्ष पूर्व विद्यमान थी ।

—देखो भारतवर्ष का इतिहास, आचार्य रामदेव जी कृत, प्रथम संस्करण पृ० ३८८ ।

श्री गौतमबुद्ध का जन्म ईसवी सन् से लगभग ५२३ पूर्व हुआ और वे ८० वर्ष की आयु में ४४३ ई० पू० हुए थे । शालिवाहन का संवत् उन की आयु के ८० वें वर्ष में आरम्भ हुआ था अर्थात् ईसा के जन्म से ४३८ वर्ष पूर्व ।

गर्ग संहिता के अनुसार शालिवाहन संवत् के संवत्सर तक	३०३५
गौतम के संवत् प्रारम्भ से ईसा जन्म तक	४३८
ईसा के जन्म से अब तक	१९४७
	५४२०

(३) उक्त गणना इस कारण भी ठीक है कि सन् १८९९ ई० में सभी प्रसिद्ध भारतीय ज्योतिषियों ने महाभारत युद्ध के समय वा कलिकाल के आरम्भ की गणना की थी और सब ने एकमत से कहा था कि उस वर्ष महाभारत युद्ध को हुए ५००० वर्ष व्यतीत हो रहे थे। —भारतवर्ष का इतिहास पृ० ३१९।

भारत में प्रचलित पंचाङ्गों के अनुसार वर्तमान कल्यब्द ५०५४ है अत. ज्ञात होता है कि महाभारत १ कल्यब्द में ही आरम्भ हुआ था। महाभारत गदापर्व में भीम और दुर्योधन के पश्चात् श्री कृष्ण ने क्रुद्ध बलराम को समझाते हुए कहा था—

'प्राप्त कलियुगं विद्धि'

इस से ज्ञात होता है कि कलियुग के प्रारम्भ में ही युद्ध हुआ था।

(४) अकबर बादशाह के समय में जब कि पण्डितो की प्रतिष्ठा बादशाह के दरबार में होने लग गई थी उस समय सस्कृत के बडे-बड़े विद्वानों द्वारा व ज्योतिष के सिद्धान्तों से अनुसन्धान कर के अकबर बादशाह के प्रधान मन्त्री ने जो कुछ लिखा है उस से पता लगता है कि कलियुग के लगते ही पहला राजा युधिष्ठिर हुआ था। विक्रम के सवतारम्भ के पूर्व युधिष्ठिर को हुए ३०४४ वर्ष व्यतीत हो चुके थे।

—देखो कलकत्ते की १८६७ ई० की छपी आईने अकबरी पृ० २६९।

इस प्रमाणानुसार भी वर्तमान वि० २०१४ में कलियुग के आरम्भ हुए हुए ३०४४ +२०१४=५०५८ वर्ष होते हैं।

(५) प० माधवाचार्य ज्योतिषी ने सवत् १८१६ में बनाये अपने ग्रन्थ 'राजावली' में लिखा है कि 'कलियुग के आरम्भ से विक्रम के सवत् तक ३०४४ वर्ष होते हैं।

—हरिश्चन्द्रिका पत्रिका, अङ्क अगस्त, सन् १८७४ पृ० ८७–८८।

उक्त प्रमाणानुसार भी अब कलियुग प्रारम्भ वा महाभारत युद्ध को ३०४४+ २०१४=५०५८ वर्ष होते हैं।

(६) कौन् जार्न्स्टजर्ना नामक यूरोपियन विद्वान् बताते हैं कि—

कलियुग का समयारम्भ लिखते हुए आर्य ज्योतिषियों ने बतलाया है कि उस समय प्राय सब ग्रह एक सीध में आ गये थे। बेली नामक ज्योतिषी की गणनानुसार ज्ञात होता है कि वह समय ईसा के जन्म से ३१०२ वर्ष पूर्व २० फ़रवरी को २ बज के २७ मि० ३० से० पर आरम्भ हुआ था। उक्त प्रमाणानुसार वर्तमान सवत् २०१४ में कलियुग के प्रारम्भ हुए ३१०२+१९५७=५०५९ वर्ष हो चुके हैं।

(७) मैगस्थनीज नामक सुप्रसिद्ध यात्री के निम्न लेख से भी जो चन्द्रगुप्त के समय भारत में आया था महाभारत युद्ध के काल पर प्रकाश पडता है। उस का लेख अग्रेजी अनुवाद में इस प्रकार है—

From the time of Dionysos to Sandrukottis the Indians counted 153 kings and a period of 6042 years But among these republic was thrice established The Indians also tell us that Dionysos was earlier than Heracles by 15 generations. —Crindle's Ancient India P. 201

This Heracles is held in special honor by the Soursent Indian tribe who possesses two large cities, Mothora and Cleisobra. —Ancient India P. 201

यहां यह स्पष्ट है कि Heracles से अभिप्राय हरिकृष्ण या हृषीकेश (श्री कृष्ण) का है जिन की शौर सेन वंश में अत्यधिक प्रतिष्ठा होनी स्वाभाविक ही थी। मथुरा उन का एक एक बड़ा नगर था। दूसरा विकृत नाम स्पष्ट नहीं। Sondrakottas से तात्पर्य चन्द्रगुप्त का है। इस के अनुसार हरिकृष्ण से चन्द्रगुप्त तक १३८ राजा हुए। प्रत्येक का शासन समय २० वर्ष के लगभग भी माना जाए तो १३८ राजाओं का शासनकाल १३८ × २०=२७६० वर्ष होता है। महाराज चन्द्रगुप्त ईसा के जन्म से ३१२ वर्ष पूर्व विद्यमान थे अतः श्री कृष्ण का समय ईसा के जन्म से प्रायः २७६०+३१२=३०७२ होता है अर्थात् श्री कृष्ण को हुए अब लगभग ३०७२+१९५७=५०२९ वर्ष होते हैं।

अन्य भी अनेक प्रमाण इस विषय में प्रस्तुत किये जा सकते हैं किन्तु विस्तार-भय से इतनों का उल्लेख ही पर्याप्त है।

रामायण में वेद वेदाङ्गों का उल्लेख

महाभारत में साङ्गोपाङ्ग वेदों का उल्लेख दिखाने और उन के काल पर प्रकाश डालने के पश्चात् अब हम रामायण में वेद वेदाङ्गों का उल्लेख पाया जाता है इस पर विचार करना चाहते हैं। रामायण की कथा महाभारत से बहुत पूर्व की है इस में तो अणुमात्र भी सन्देह नहीं हो सकता। महाभारत वनपर्व २७३ ६ में उल्लेख आया है—

शृणु राजन् यथा वृत्तम्, इतिहासं पुरातनम्।
सभार्येण यथा प्राप्तं, दुःखं रामेण भारत॥

अर्थात् हे भरत कुलोत्पन्न राजन्! पत्नी सीता सहित राम ने कैसा दुःख पाया, इस पुराने इतिहास को सुनो।

श्री राम त्रेता युग में हुए और महाभारत द्वापर के अन्त में हुआ। कलियुग के प्रारम्भ में महाभारत युद्ध हुआ। अब देखना चाहिये कि रामायण में कहीं वेदों और उन के अङ्गों का निर्देश है या नहीं। हो, तो उन को सात सौ वर्ष प्राचीनता सिद्ध होगी इस में सन्देह नहीं।

(१) बाल्मीकि रामायण बालकाण्ड १. १४ में श्री रामचन्द्र जी के विषय में लिखा है—

वेदवेदाङ्गतत्त्वज्ञो धनुर्वेदे च निष्ठितः ॥

अर्थात् श्री राम जी वेदों और वेदाङ्गों के तत्त्वों को भलीभाति जानने वाले और उपवेद—धनुर्वेद में अच्छी प्रकार निपुण थे।

इस प्रकार रामायण के समय न केवल वेदो की सत्ता का प्रमाण मिलता है बल्कि यह भी स्पष्ट प्रमाणित होता है कि उस समय वेदाङ्ग और धनुर्वेदादि उपवेद भी बन चुके थे जिन का श्री रामादि ने श्रद्धापूर्वक अध्ययन किया था।

(२) बाल्मीकि रामायण अयोध्या काण्ड १ २० में श्री रामचन्द्र जी के विषय में लिखा है—

सर्वविद्याव्रतस्नातः, यथावत्साङ्गवेदवित्।
इष्वस्त्रे च पितुः श्रेष्ठो बभूव भरताग्रज. ॥

अर्थात् श्री रामचन्द्र जी सारी विद्याओ और व्रतो में स्नातक थे तथा अङ्ग सहित वेदो को यथावत् जानने वाले थे। वे धनुर्विद्यादि में अपने पिता जी से आगे बढ़ गये थे।

यहा भी "यथावत् साङ्गवेदवित्" ये शब्द अत्यन्त महत्त्वपूर्ण हैं जिन से अङ्गों सहित वेदों की सत्ता रामायण के काल में स्पष्टतया ज्ञात होती है।

(३) इस प्रसङ्ग में बाल्मीकि रामायण किष्किन्धा काण्ड ३. २८–२९ के निम्न श्लोक भी उल्लेखनीय हैं जिन में श्री हनुमान् जी के व्याकरणादि अङ्गों सहित वेदों के अध्ययन का स्पष्ट उल्लेख है। वे दो श्लोक निम्नलिखित हैं जिन का श्री राम जी ने हनुमान् की विद्वत्ता से प्रभावित होकर उच्चारण किया है। श्री राम जी लक्ष्मण से कहते हैं।

नानृग्वेदविनीतस्य, नायजुर्वेदधारिणः।
नासामवेदविदुषः, शक्यमेव विभाषितुम् ॥
नूनं व्याकरण कृत्स्नम्, अनेन बहुधा श्रुतम्।
बहु व्याहरतानेन, न किञ्चिदपशब्दितम् ॥

—किष्किन्धा काण्ड ३. २८–२९।

अर्थात् जिस ने ऋग्वेद का अध्ययन नहीं किया, जिस ने यजुर्वेद को अच्छी प्रकार अपने अन्दर धारण नहीं किया या याद नहीं कर रक्खा, जो सामवेद का विद्वान् न हो वह ऐसा शुद्ध भाषण नहीं कर सकता।

निश्चय से इस ने सम्पूर्ण व्याकरणशास्त्र का अनेक वार श्रवण किया हुआ है

elibrary.vedicsamaj.org

करने के लिये होगी और इस लिये मनु का भी समय ३१०० ई० पू० के लगभग है। उन के अपने शब्दो का उल्लेख हम पिछले अध्याय में कर चुके हैं कि—

The flood in Mesopotamia is generally held to have occurred about 3100 B C. The flood in India probably also occurred at the same time, and the date 3102 B C. supposed to be the beginning of the Kali era, may, therefore, commemorates this event. —Vedic India P. 270.

यह सब लेखकों की मन घडन्त कल्पना को छोड कर कुछ नहीं। मैसोपोटेमिया के जलप्लावन के समय को भारत के जलप्लावन का समय मानने के लिये इन के पास कोई प्रमाण नहीं। ३१०० ई० पू० जो इन के अपने लेखानुसार भी कलियुग के प्रारम्भ की तिथि है उसे सत्ययुग के वैवस्वत मनु का समय मान लेना नितान्त असङ्गत और निराधार है। इसी असङ्गत मन घडन्त कल्पना का विस्तार करते हुए आप आगे लिखते हैं कि—

'Yayati' who is fifth in descent from Manu and figures also in the Rigveda, thus flourished (18×5)=90 years after Manu or in (3100—90=3010 B. C.) . . . . Rama flourished 65 generations after Manu, i. e. 3100—65×18=1930 B C. or roughly in 1950 B. C. These dates will, of course, have to be lowered by 400 years if the Bharat war is placed in 1000 B C. —Vedic Age P 270

अर्थात् ययाति का नाम जो मनु की पांचवी पीढ़ी में है ऋग्वेद में भी आया है वह मनु के ९० वर्ष पश्चात् अर्थात् ३०१० ई० पू में हुआ। श्री राम मनु की ६५ पीढ़ी पीछे हुए अत· उन का समय १९३० ई० पू० है। इन तिथियों को ४०० वर्ष और कम करना पडेगा यदि महाभारत युद्ध को १००० ई० पू० में रखा जाए।

ये सब अटकलपच्चू कल्पनाए चल रही हैं। लेखकों को न महाभारत युद्ध और न किसी अन्य विषय में कुछ भी निश्चयात्मक ज्ञान है। कभी उसे १४०० ई० पू० बताते हैं कभी १००० ई० पू०। बस ऋग्वेद १ ३५ ७ में मनुष्वदग्ने अङ्गिरस्वदङ्गिरो ययातिवत् सदनेपूर्ववच्छुचे ॥

यहा ययातिवत्, देख लिया तो झट कह दिया कि यह मनु की पाचवीं पीढ़ी में उत्पन्न ययातिराजा का वर्णन है जिस के लिये न केवल कोई प्रमाण नहीं बल्कि जो निरुक्त मीमांसादि शास्त्रसम्मत सिद्धान्त "परन्तु श्रुतिसामान्यम्।" 'सर्वाणि नामान्याख्यातजानि' इति नैरुक्त समयः इत्यादि के कि वेदों में व्यक्तिवाचक नाम नहीं हैं केवल सामान्यगुण सूचक

है। सब शब्द यौगिक हैं अतः उन का यौगिक अर्थ ही ग्रहण करना चाहिए यह व्याकरण और निरुक्तादि का सिद्धान्त है इस के सर्वथा विरुद्ध है। ययाति शब्द यत्ना प्रयत्न धातु से औणादिक इन् प्रत्यय करने पर बना है जिस का अर्थ प्रयत्नशील है। ऐसा ही महर्षि उवटाचार्य ने ऋग्. १ ३१. १७ के भाष्य में लिखा है—

यथा प्रयत्नवन्तः पुरुषा कर्माणि प्राप्नुवन्ति प्रापयन्ति च तद्वत्।

अत्र यतोप्रयत्ने इत्यस्मादौणादिक इन् प्रत्ययः।

स च बाहुलकाण्णित् ननवच्च।

अतः उन का इतना ही अर्थ हुआ है कि जैसे प्रयत्नशील पुरुष होते हैं वैसे ही अग्नि अर्थात् अग्रणी नेता को करना चाहिये अथवा मनु-मननशील अङ्गिरस्तनु-तेजस्वी पुरुषों की तरह। इस को ययाति की पाचवीं पीढ़ी में उत्पन्न राजा ययाति पर लगा देना कि कहाँ तक उचित अनुचित है? मनु ने तो अपने धर्मशास्त्र में वेदों की इतनी स्तुति की है और उन्हें नित्य बताया है—

विभर्ति सर्वभूतानि, वेदशास्त्रं सनातनम्।
तस्मादेतत् परं मन्ये, यज्जन्तोरस्य साधनम्॥

मनुस्मृति अ० १२ ९९।

अर्थात् सनातन वेद शास्त्र सब प्राणियों को ज्ञान देकर धारण करने वाला है। यह मनुष्य की सर्वाङ्गीण उन्नति का साधन है अतः मैं उसे परम मानता हूं। अन्य स्थान में भी उसे सनातन वा नित्य बताया कि—

अग्निवायुरविभ्यस्तु, त्रयं ब्रह्म सनातनम्।
दुदोह यज्ञसिद्ध्यर्थम्, ऋग्यजुःसामलक्षणम्॥

मनुस्मृति अ० १. २३।

परमात्मा ने सनातन (नित्य) वेद को अग्नि, वायु, आदित्य नामक ऋषियों के द्वारा यज्ञ या शुभ कार्यों की सिद्धि के लिये प्रकट किया। इत्यादि

और आप कहते हैं कि मनु की ८ वीं पीढ़ी में उत्पन्न ययाति का नाम भी ऋग्वेद में आया है। क्या मोक्षमूलर पुरुकुत्सोप वेदम (ऋग्० १० १०३) इत्यादि मन्त्रों में नाम का कारण देख कर आप कहेंगे कि ११ वीं शताब्दी में उत्पन्न मुरलिधर नामक कवि का नाम इन मन्त्रों में होने से वेद ११ वीं शताब्दी में बनाये गये हैं अतः किसी उपन्यासकार को ऐसे ही ययाति इत्यादि शब्दों को देख कर ऐसी कल्पना कर लेना कि मनु की पाचवीं पीढ़ी में उत्पन्न ययाति के विषय में यह कहा गया है सर्वथा असङ्गत है। Lecture on the 'Historical Treatment' अर्थात् ऐतिहासिक व्यवहार नाम

absurd it might seem, the results of geological investigations, undoubtedly lend some strength to it.

—Rigvedic India by Dr A. C. Das M. A. Ph. D., P. 12

इस का सारांश यह है कि ऋग्वेद का प्रबन्ध इतना पुराना माना जाना चाहिये जितना कि आदि युग जिस का काल यदि कई करोड़ वर्ष नहीं तो कम से कम कई लाख वर्ष है। यह विचार प्रारम्भ में असंभव प्रतिध्वनित तो प्रतीत होता है किन्तु फिर भी हमें यह मानना चाहिये कि आर्य लोग वेदों को अपौरुषेय और सारी सृष्टि के आदि में ईश्वर द्वारा प्रवृत्त ज्ञान मानते हैं जिन को ऋषियों ने अपनी भाषा द्वारा समय-समय पर प्रकट किया। सब आधुनिकों को छोड़ देने पर इस का तात्पर्य यह निकलता है कि ऋग्वेद अनादिकाल से विद्यमान है। आर्यों का यह विश्वास चाहे कुछ अत्युक्ति का प्रतीत हो किन्तु भूगर्भविद्या की खोजों से उन को पर्याप्त प्रबल पुष्टि मिल रही है।

मूर्य सिद्धान्त, मनुस्मृति इत्यादि के अनुसार ४३२० ० सामान्य वर्षों की चतुर्युगी ७१ बार बीतने पर एक मन्वन्तर होता है। इस प्रकार के १४ मन्वन्तरों की सृष्टि की आयु होती है। प्रत्येक मन्वन्तर के अन्त में १ सत्य युग के वर्षों के बराबर की सन्धि होती है जो जल प्रलय के रूप में होती है और १४ मन्वन्तरों के पहले भी अर्थात् सृष्टि के प्रारम्भ में भी १ सत्य युग के वर्षों के बराबर समय की सन्धि होती है। इस प्रकार सन्धि सहित १४ मन्वन्तरा (पूरी सृष्टि की आयु) का महायोग ४३२०००००० अथवा चार अरब बत्तीस करोड़ वर्ष होता है जिस का ऋग्वेद के १० ८ सू० २ मन्त्र ८—

शत ते युत हायनानद्दे युगे त्रीणि चत्वारि कृष्म.।

में स्पष्ट निर्देश किया गया है। इस में कहा गया है कि हे अग्ने अर्थात् ७० ४ बार में पूरा २, ३, ४ अर्थात् छक्का हो जाएँ और वि में के विषय में ४३२०००००० (चार अरब बत्तीस करोड़) वर्षों का पृथिवी का समय मनुष्यों के लिये दिया गया है।

इस में से ६ मन्वन्तर व्यतीत हो चुके हैं ७ वें मन्वन्तर में २७ चतुर्युगी हो चुकी हैं २८ वीं चतुर्युगी के सत्ययुग त्रेता और द्वापर के वर्षों का —

१७२८०००, १२९६०००, ८६४००० और कलियुग के ५०१७ वर्ष अर्थात् कुल १९७२९४९०२५ वर्ष व्यतीत हो चुके हैं। प्राय सौर चन्द्रादि के प्रारम्भ में—

ओं तत् सत् श्री ब्रह्मणो द्वितीयपरार्द्धे श्वेतवाराहकल्पे वैवस्वतमन्वन्तरे अष्टाविंशतितमे कलियुगे कलिप्रथमचरणे आर्यावर्तान्तर्गतब्रह्मावर्तैकदेशे [illegible] संवत्सरायनर्तुमासे [illegible] दे कार्ये सदा करिष्यामि।

इस रूप में जो संकल्प पढ़ा है उस में भी उक्त गणना को स्पष्ट प्रकट किया है।

वैज्ञानिको द्वारा इस की पुष्टि

पृथिवी की आयु को पता लगाने के लिये वैज्ञानिकों ने अनेक साधन और उपाय काम में लाये हैं जिन में से एक मुख्य साधन रेडियोऐक्टिविटी द्वारा इस का पता लगाना है। यह पता लगाया गया है कि चट्टानों में यूरेनियम (Uranium) और थोरियम् (Thoreum) तत्त्व थोडी-थोडी मात्रा में विद्यमान हैं। ये दोनों रेडियो ऐक्टिव अतएव अस्थिर हैं। यूरेनियम की किसी मात्रा में ४५०००००००० वर्षों में और थोरियम की किसी मात्रा में १६५०००००००० वर्षों में उस के भार का आधा रह जाता है। यदि हमें विदित हो जाए कि इस विधि से चट्टान में निर्मित सीसे का परिणाम कितना है तो हम उस की रचनाकाल की अवधि की गणना कर सकते हैं और यही उस चट्टान के ठोस होने की आयु होगी। इसी उपाय से पता लगाया गया है कि फिनलेंड में कारेलिया की चट्टानें १८५०००००० (१ अरब ८५ करोड) वर्ष और डकोटा की ब्लैकहिल नामक चट्टानें १४६०००००० (१ अरब छियालीस करोड) वर्ष पुरानी अनुमित की गई हैं। इसी आधार पर पृथिवी की आयु के विषय में जो अनुमान किया गया है उसे हम 'Science Past and Present' by Sherwood Taylor Ph. D., M. A. B Sc. London की पुस्तक से उद्धृत करते हैं। वे लिखते हैं—

Some good evidence that the real age of the earth is two or three thousand million years has been supplied by the study of the proportions of Uranium and an isotope of lead (into which it slowly changes) in the various rocks

P. 235.

The weight of scientific evidence is against an infinitely extended past, but the past which we formerly reckoned as Six thousand years, cannot be shorter than 1800 Million and may be far longer.

—Science Past and Present
by Sherwood Taylor P 237

इन उद्धरणों का तात्पर्य यह है कि भूमि की आयु २ या ३ लाख है इस विषय में यूरेनियम के अनुपातों के अनुशीलन से अच्छी साक्षी प्राप्त हुई है।

वैज्ञानिक साक्षी असीम भूत के विस्तार के विरुद्ध है किन्तु जो भूत पहले ६ हज़ार के लगभग माना जाता था वह १ अरब ८० करोड से कम नहीं हो सकता किन्तु इस से पर्याप्त अधिक हो सकता है। आर्यों के मन्तव्यानुसार पृथिवी की आयु १९७२९४०५७ है जो

कर के ईसाइयों के मन्तव्यानुसार पृथिवी की आयु लगभग ६००० वर्ष मानते हुए 'वैदिक एज्' के विद्वान् लेखकों ने भी उसी अवधि के अन्दर सारे प्राचीन इतिहास को बन्द करने का प्रयत्न किया है जो नितान्त अनुचित है। पृथिवी पर मनुष्योत्पत्तिकाल ही वेदों का आविर्भाव काल है जैसे कि पहले अनेक युक्तियो और प्रमाणो द्वारा सिद्ध किया जा चुका है।

श्री मैटर्लिक और वेदो की अति प्राचीनता

इस अध्याय की समाप्ति से पूर्व नोबल पुरस्कार विजेता श्री मैटर्लिङ्क के वेदों की अति प्राचीनता विषयक महत्त्वपूर्ण लेख से एक अश उद्धृत करना हमें अत्यावश्यक प्रतीत होता है। वे लिखते हैं—

'As for the sources of the primary source, it is almost impossible to re-discover them. Here we have only the assertions of the occultist tradition, which seem, here and there, to be confirmed by historical discoveries. This tradition attributes to the vast reservoir of the wisdom that some where took shape simultaneously with the origin of man . . . , to more spiritual, entities, to beings less entangled in matter. —Great Secret by Materlink Prologue, P. 6.

इस का साराश यह है कि आदि स्रोत को फिर से खोज लेना असभवप्राय है। यहां हमें अध्यात्मवाविपरम्परा के कथन मिलते हैं जिन की कहीं-कहीं ऐतिहासिक अनुसन्धानों से भी पुष्टि होती है। इस परम्परा के अनुसार ज्ञान के विशाल भण्डार का आविर्भाव मनुष्य की उत्पत्ति के साथ अधिक आध्यात्मिक और प्रकृति में अनासक्त व्यक्तियों पर हुआ॥

इसी प्रसङ्ग में श्री मैटर्लिक ने यह भी लिखा है कि प्रसिद्ध जर्मन पुरातत्त्ववेत्ता हालेड् (Halled) की गणना के अनुसार प्राचीन भारतीय शास्त्र (वेद) कम से कम ७० लाख वर्ष पुराने हैं। —देखो ग्रेट् सीक्रेट् भूमिका पृ० १२।

आर्य और अनार्य

आर्य, दस्यु, दास, द्राविड विवेचन

इस अध्याय में हम आर्य, अनार्य, दस्यु, दास, द्राविड इन के विषय में विवेचन करना चाहते हैं क्योंकि पाश्चात्य विद्वानों द्वारा लिखे ग्रन्थों में तो यह बात प्रायः सुनने पढ़ने को आती है कि आर्य लोग बाहर (बहुत सम्भवतः मध्यएशिया) से आये थे और उन्हों ने भारत के मूल निवासी काले रंग के लोगों पर जो द्राविड थे और जिन्हें आर्यों ने दास और दस्युओं का नाम दिया, अनेक प्रकार के अत्याचार किये। वैदिक ग्रन्थों में भी इसी का अधिकतर समर्थन किया गया है और निम्न प्रकार के शब्दों का प्रयोग किया गया है—

"The Aryan invaders or immigrants found in India two groups of people, one of which they named the Dasas and Dasyus, and the other Nishadas."

—Vedic Age P. 156

अर्थात् आर्य आक्रान्ताओं ने भारत में दो प्रकार के वर्गों को पाया। एक वर्ग को उन्हों ने दास और दस्यु का नाम दिया और दूसरे को निषादों का।

यह बड़े दुःख की बात है कि वैदिक ग्रन्थों के अष्टम अध्याय के परिशिष्ट में बेंगलूर महाराजा कालेज के प्रो० श्री रङ्गाचार्य का एक लेख प्रकाशित किया गया है जिसमें उन्हों ने भारत को ही आर्यों का आदिदेश सिद्ध करने के लिये अनेक प्रबल प्रमाण दिये हैं। (देखो वैदिक ग्रन्थ पृ० २१८ से २३०)।

किन्तु वैदिक ग्रन्थों के अधिकतर भाग में द्राविड़ सभ्यता और संस्कृति और सभ्यता की अपेक्षा उच्च तथा परिष्कृत विचारों की प्रवृत्ति दृष्टिगोचर होती है। आर्यों और दस्युओं अथवा द्राविड़ों के आर्यों से पृथक् एक जाति (R ce) होने का भाव भी बहुत स्थानों पर पाया जाता है जिन को हम ठीक नहीं समझते।

आर्य कौन होते हैं ? क्या आर्य कोई जाति है ?

सब से प्रथम हम इस बात का विवेचन करना आवश्यक समझते हैं कि आर्य शब्द का क्या अर्थ है ? क्या आर्य कहीं से बाहर से आये थे और दस्यु या द्राविड़ कोई पृथक् पृथक् जातियां हैं ?

आर्य शब्द का अर्थ

ऋग्० १०. ५२. १ में आर्यों के विषय में कहा गया है कि—

आर्य कहा जाता है। इस प्रकार आर्य शब्द के अन्दर अनेक उत्तम गुणों का समावेश होता है। इन गुणों को धारण करने वाला जो कोई भी हो, वह जिस किसी देश, वंश या कुल में उत्पन्न हुआ हो और जैसे भी काले गोरे या नेत्रादि रंग का हो वह आर्य कहलाएगा। महर्षि पेङ्गल ने निम्न ८ गुणों से युक्त को आर्य कहा है—

ज्ञानी तुष्टश्च दान्तश्च, सत्यवादी जितेन्द्रियः।
दाता दयालुर्नम्रश्च स्यादार्यो ह्यष्टभिर्गुणैः॥

अर्थात् जो ज्ञानी हो, सदा सन्तुष्ट रहने वाला हो, मन को वश में रखने वाला, सत्यवादी, जितेन्द्रिय, दानी, दयालु और नम्र हो वह आर्य कहलाता है।

निरुक्त में आर्य शब्द का अर्थ महामुनि यास्क ने 'आर्य' ईश्वर पुत्र, इस प्रकार से दिया है। अय शब्द का अर्थ स्वामी, परमेश्वर होता है। अय. स्वामिनिवेदयति। जो इस सब जगत् के स्वामी परमेश्वर के सच्चे पुत्र अर्थात् उस की आज्ञाओं का पालन करने वाले हों वे आर्य कहलाते हैं। इसी लिये वेदों, उपनिषदों, रामायण, महाभारत, गीता इत्यादि सब प्राचीन ग्रन्थों में सज्जनों के लिये प्राय और दुर्जनों के लिये अनार्य या म्लेच्छ शब्द का प्रयोग पाया जाता है। श्री राम के उत्तम गुणों का वर्णन करते हुए बाल्मीकि रामायण में नारद मुनि ने कहा है—

आर्यः सर्वसमश्चार्यः, सोमवत् प्रियदर्शनः।

—बालकाण्ड १. १६।

अर्थात् श्री राम आर्य-धर्मात्मा, सदाचारी, सब को समान दृष्टि से देखने वाले और चन्द्र की तरह प्रिय दर्शन वाले थे।

श्रीमद्भगवद्गीता में श्री कृष्ण ने जब देखा कि वीर अर्जुन अपने क्षात्र धर्म के आदेश से च्युत हो कर मोह में फंस रहा है तो उस को सम्बोधन करते हुए उन्होंने कहा—

कुतस्त्वा कश्मलमिदं, विषमे समुपस्थितम्।
अनार्यजुष्टमस्वर्ग्यम्, अकीर्तिकरमर्जुन॥

—गीता २. २।

अर्थात् हे अर्जुन, यह अनार्यों व दुर्जनों द्वारा सेवित, नरक में ले जाने वाला, अपयश करने वाला पाप इस कठिन समय में तुझे कैसे प्राप्त हो गया?

वेदकर्ता ने अन्य श्री राम को अरण्य जाते समय वनवासी तापसों से आर्य शब्द से सम्बोधित किया। यथा—

गते मयि गते रामे, वन मातृनिषेवे।
हन्तानार्ये नमानार्ये, सकामा भव मैथिलि॥

—अयोध्याकाण्ड ३१. ४।

स्वय वाल्मीकि ने भी कैकेयी के लिए इस अनार्योचित बुरी माग के लिये—

तदप्रियमनार्याया वचन दारुणोपमम् ।
श्रुत्वा गतव्यथो राम', कैकेयो वाक्यमब्रवीत् ।।

—अयोध्या काण्ड १९ १९ में अनार्या शब्द का प्रयोग किया है।

महात्मा बुद्ध और आर्य

महात्मा गौतम बुद्ध ने भी सज्जनो के लिये सर्वत्र आर्य शब्द का प्रयोग करते हुए उस का लक्षण किया कि—

न तेन अरियो होति येन पाणानि हिंसति ।
अहिंसा सब पाणान, अरियोति पवुच्चति ।। धम्मपद २७० ।

अर्थात् प्राणियों का हनन करने से कोई आर्य नहीं होता, सभी प्राणियो की अहिंसा से मनुष्य को आर्य–श्रेष्ठ, धर्मात्मा वा सदाचारी कहा जाता है।

पारसियों और जैन मतावलम्बियों में भी आर्य शब्द का श्रेष्ठ पुरुषों के लिये प्रयोग किया गया है। जैनों के तत्त्वार्थसूत्र अ० ३ में 'आर्या म्लेच्छाश्च' इत्यादि सूत्र पाये जाते हैं जिन में श्रेष्ठ पुरुषो को आर्य के नाम से स्मरण किया गया है। जैनों में साध्विया अभी तक आर्या वा आरजा कहलाती हैं। श्री रतनचन्द्र जैन कृत अर्ध मागधी कोष के भाग २ पृ० ८२ में अरिय वा आर्य का अर्थ पवित्र, विशुद्ध, श्रेष्ठ, पापरहित और High in Civilisation दिया है।

ज़िन्दावस्ता मे आर्य शब्द

पारसियों के मान्य धर्मग्रन्थ ज़िन्दअवस्ता में श्रेष्ठ पुरुषो के लिये आर्य शब्द का सैकडों वार प्रयोग पाया जाता है, उदाहरणार्थ ज़िन्दावस्ता के भाग सिरोजह १–२५ में लिखा है कि आर्यों की प्रतिष्ठा में जिन्हें मज़दा (परमेश्वर) ने बनाया। सिरोज़ह २ ९ में लिखा है 'हम आर्यों के सम्मानार्थ हवन करते हैं जिन्हे मज़दा ने बनाया।

अस्तब यश्त का १८ वां अध्याय आर्यों की वीरता से भरा हुआ है, उस के प्रारम्भिक श्लोक का अनुवाद इस प्रकार है 'अहुर मज़दा ने स्पितामा ज़रदुश्त से कहा 'मैंने आर्यों को भोजन, पशुसमूह, धन, प्रतिष्ठा, ज्ञान भण्डार और द्रव्यराशि से सम्पन्न किया है जिस से वे अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति कर सकें। —Zend Avesta Part 11, P 283.

इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए सुप्रसिद्ध जगद्विख्यात योगी श्री अरविन्द जी ने 'आर्य' शब्द के अर्थ और महत्त्व के विषय में अपने त्रैमासिक पत्र 'Arya' के प्रथम अङ्क में सन् १९१४ मे जो लिखा था आज कल के सुशिक्षित वर्ग का ध्यान हम उस की

षाणि आर्याणि अकरो.) धर्म कार्यों में विघ्न डालने वाले तथा उन का नाश करने व दासों को भी आर्य अर्थात् श्रेष्ठ, धर्मात्मा, सदाचारी धर्म कर्म परायण कर देते हो। सायणाचार्य का भाष्य भी इसी भाव का समर्थक है जो निम्न प्रकार है—

हे इन्द्र शत्रूणा तारणाय महतीम् (अमृध्राम्) अहिंसिताम् (सयतीम्) सगच्छ मानाम् (स्वस्तिम्) क्षेमलक्षणा सम्पदम् अस्मभ्यम् आ भर। हे वज्रवन्निन्द्र ! यया स्वस (दासानि) कर्महीनानि मनुष्यजातानि (आर्याणि) कर्मयुक्तानि अकरोः। (नाहुषाणि मनुष्यसम्बन्धीनि नहुषइति मनुष्यनामैतत् निघ० (वृत्रा) वृत्राणि शत्रून् (सुतुका) शोभ हिंसोपेतानि अकरो । —तिलक सस्थान स० भाग ३ पृ० ६१

यहां जो बात विशेष उल्लेखनीय है वह यह कि सायणाचार्य के अनुसार भी इ का कार्य उत्तम कर्महीन मनुष्यों को श्रेष्ठ कर्मकारी आर्य बनाना है जिस से स्पष्ट है कि आर्य वस्तु का अन्तर कर्मो के कारण है जाति के नहीं।

वेदों का उपदेश पतितों को उन्नत करने, पापियों में भी धर्म भावना को जाग कर के नवजीवन का सचार करने और सारे विश्व को आर्य (श्रेष्ठ सदाचारी) बनाने का जैसे कि निम्नलिखित ३ मन्त्रों से स्पष्टतया सूचित होता है—

उत देवा अवहितं देवा उन्नयथा पुनः।
उतागश्चक्रुषं देवा देवाजी वयथा पुनः ॥

ऋग्० १० १३७ १

इन्द्र वर्धन्तो अप्तुरः कृण्वन्तो विश्वमार्यम्।
अपघ्नन्तो अराव्णः ॥ ऋग्० ९. ६३. ५

अप त्य वृजिनं रिपुं स्तेनमग्ने दुराध्यम्।
दविष्ठमस्य सत्पते कृधी सुगम् ॥ सामवेद म० १०५

अर्थात् (देवा) हे सत्यनिष्ठ विद्वानो सत्यसहिता वै देवा सत्यमया उ देवा विद्वाग हि देवा. (शत० ३. ७ ३ १०) तुम (अवहितम्) नीचे गिरे हुए पतित पुरुष (उन्नयथ) ऊपर उठाओ। हे देवो (उत) और (आग चक्रुषम्) अपराध व पाप कर वाले को भी उस पाप से मुक्त कर के (पुन जीवयथ) फिर नवजीवन का उस में सच करो। देवों (सत्य निष्ठ ज्ञानियों) के स्वभाव का इस में वर्णन माना जाए कि तुम पति का उद्धार करते और पापियों को भी पाप से मुक्त कर के उन में नवजीवन का सचार कर हो तो भी उस के भाव में कोई अन्तर नहीं पडता।

इन्द्रं वर्धन्तो अप्तुरः—यह मन्त्र इस वृष्टि से अत्यधिक महत्त्वपूर्ण है इसी लि आर्यों ने अपने लिये इसे आदर्श वाक्य (Motto) बना लिया है तुम- (इन्द्र वर्धन्त.

आनंदरूप अथवा आत्मिक शक्ति को बढ़ाते हुए (अनुष्वर) कर्मयोग में पुरुषार्थ प्रमाद रहित हो कर (अराव्णः अपघ्नन्त) अदान भाव-कृपणता आदि का नाश करते हुए (विश्वम् आर्यम् कृण्वन्तः) सारे संसार को श्रेष्ठ धर्मात्मा सदाचारी बनाते हुए जगत् में विचरण करो।

इस वैदिक आदेश के अनुसार अनार्यों, दासों और म्लेच्छों को भी आर्य बनाने का प्रयत्न करना आर्यों का कर्तव्य है। इसी लिये 'विजानीह्यार्यान् ये च दस्यवः' को 'आर्याभिविनय' में व्याख्या करते हुए महर्षि दयानन्द ने लिखा है कि ये (दस्युव्रह्म, चोर, विद्याप्तापनो, विषयलम्पटादि दुष्ट पुरुष) भी शिक्षायुक्त हो के शिष्ट हो अथवा आर्यों के आधीन होकर रहें और जो इतने नीच हो चुके हो कि उन का सुधार ही असम्भव हो तो जो समाज और राष्ट्र के विघातक हो उन का प्राणान्त ही हो जाए या कर दिया जाए जिस से समाज की उन्नति में बाधा न पड़े।

तृतीय मन्त्र में इस बात को अधिक स्पष्ट किया गया है जिस का मन्त्र है—

(सत्पते) हे श्रेष्ठों के रक्षक (त्वम्) उस (मृधिम्) पापी (तनम्) और (दुराध्यम्) दुष्ट बुद्धि वाले (रिपुम्) इस लिये सज्जनों के शत्रु को (अप दविष्टम् अस्य) हम से बहुत दूर रख अथवा उस दुष्ट-दुर्भावनाओं को भी (सुगम् कृधि) उत्तम मार्ग पर चलने वाला बना दे। इन आदेशों और प्रार्थनाओं के अनुसार आर्य लोग अनार्यों को भी आर्य बनाने का यत्न करते थे, किन्तु जो अत्यधिक दुष्ट, समाज विनाशक होते थे उन का नाश करना वे समाज रक्षार्थ अपना कर्तव्य समझते थे। दुष्टों के नाश में अन्य किसी बात का वे विचार न करते थे। आर्य बनाए हो कर भी जो दुष्ट, समाज नाशक कार्यों में प्रवृत्त होते थे उन का भी नाश करना अधिक अच्छा कर्तव्य समझते थे यदि वे कुछ आत्म प्रचार द्वारा उन को सन्मार्ग में प्रवृत्त करने में सफल न होते थे यह उन निर्मित मन्त्रों से स्पष्ट ज्ञात होता है। ऋग्० ६ ३३ ३ में निम्न मन्त्र आता है—

त्व ता इन्द्रोभया अमित्रान् दासा चार्याणा च शूर।
वधोवंचन्त्र सुधितेभिरत्केरा पृतन्यन्तं पतयन्तं नुदस्व॥

इस में इन्द्र अथवा शूरवीर सेनापति का सम्बोधन करते हुए कहा गया है कि हे (शूरा नृषाह) सेना मनुष्यों में श्रेष्ठ! तुम दोनों प्रकार के शत्रुओं को अर्थात् (दास, आर्य) अच्छे कार्यों में बाधा डालने वाले तो अनार्य अथवा आर्यत्व से हीन हो कर भी जो कुकर्मों में लिप्त हो गये हो उन दुष्ट नाश कर दो। इस से स्पष्ट है कि अनार्य जाति विशेष के प्रति द्वेष का भाव सूचित नहीं करता कि वे समाज रक्षार्थ उन दुष्टों के नाश का ही भाव प्रोत्साहित करता है।

ऋग्० ७. ८३. १ में इन्द्रावरुणौ (राजा और उस के प्रधान मन्त्री को सम्बोधन) करते हुए कहा गया है कि--

युवा नरा पश्यमानास आप्य प्राच्य गव्यन्त पृथुपर्शवो ययु ।
दासा च वृत्रा हतमायाणि च सुदासमिन्द्रावरुणावसावतम् ॥

यहा वृत्र-दास अर्थात् स्वभाव से अच्छे कार्यो में बाधा डालने वाले पुरुषों के नाश का जहा वर्णन है वहां आर्य वशज होकर ऐसे बुरे कार्य करने वालो के भी वध का स्पष्ट निर्देश है जिस से न्यायपूर्ण समदृष्टि ही सूचित होती है किसी वर्ग विशेष व जाति विशेष के प्रति घृणा वा विद्वेष का भाव नहीं। ऋग्० १०. १०२. ३ का निम्न मन्त्र भी इसी बात को स्पष्टतया प्रमाणित करता है--

अन्तर्यच्छ जिघासतो वज्रमिन्द्राभिदासतः ।
दासस्य वा मघवन्नार्यस्य वा सनुतर्यवया वधम् ॥

अर्थात् हे (इन्द्र) शूरवीर सेनापते (अभिदासतः) हमें दास बनाने की इच्छा करने वाले और हमारे यज्ञादि शुभ कामो में बाधा डालने वाले का तुम नाश करो चाहे वह स्वभावत दास-दस्यु दुष्ट हो और चाहे आर्य वशज होकर दुष्टों की सगति से दुष्ट स्वभाव वाला बन गया हो। इस प्रकार भी दस्युओं के एक जाति विशेष होने और आर्यो की उन से घृणा का भाव वेदो द्वारा समर्थित नहीं होता। वेदों के अनुसार तो जिस प्रकार के दस्यु को मारने का विधान है उस का लक्षण पहले 'अकर्मा दस्युरभि नो अमन्तुरन्यव्रतो अमानुष. ॥ इस ऋग्० १० २२ ८ को उद्धृत कर के बताया जा चुका है। ऋग्० ८ ७० ११ का निम्न मन्त्र भी उसी बात को बताता है--

अन्यव्रततममानुषमयज्वानमदेवयुम् ।
अव स्व. सखा दुधुवीत पर्वत. सुध्नाय दस्यु पर्वतः ॥

यहा दस्यु के विशेषण (अन्यव्रतम्) सत्य अहिंसा परोपकारादि से भिन्न असत्य, हिंसा, स्वार्थ साधनादि सकल्प रखने वाला, (अमानुषम्) मानवता की सहानुभूति, प्रेम, दयादि भावनाओं से रहित (अयज्वानम्) यज्ञ की त्याग, परोपकारादि भावनाओं से शून्य (अदेवयुम्) दिव्य गुणों तथा सत्यनिष्ठ विद्वानों की कामना न करने वाला, ये आर्य हैं जिन से किसी जाति विशेष वा वर्ग विशेष के प्रति न घृणा सूचित होती है न विद्वेष। ऋग्० ७. ६ ३ का निम्न मन्त्र भी ऐसे ही दुष्ट लोगों के लिये दस्यु शब्द का प्रयोग करते हुए उन के अग्नि (ज्ञानी नेता द्वारा) विनाश का वर्णन करता है न्यक्रतून् ग्रथिनो मृध्रवाचः पणींरश्रद्धान्। महाभारत में ठीक ही कहा है कि ये दस्यु सभी वर्णों और आश्रमों में हो सकते हैं।

दृश्यन्ते मानवे लोके, सर्व वर्णेषु दस्यवः ।
लिङ्गान्तरे वर्तमाना आश्रमेषु चतुर्ष्वपि ॥

शान्ति पर्व अ० ६८ श्लो० ३२ ।

अतः दस्युओं, दासों अथवा पत्नियों को आर्यों से भिन्न जाति का अथवा भारत का मूल निवासी समझना और यह कहना कि वेदों में उन के प्रति द्वेष के भाव रखने का उपदेश है सर्वथा अशुद्ध है। उन के लिए कुछ थोड़े से स्थानों पर यदि अभिशस्तिवत् आदि शब्दों का प्रयोग हो भी तो प्रकरण देखने से स्पष्ट है कि वह आलङ्कारिक भाषा में है जैसे उसी मन्त्र में—

ऋचा शोचन्त सं दहन्तो अव्रतान् ।
त्वचमसिक्नीं भूमना दिवस्परि ॥ ऋग्० ६. ७३ ४ ।

अव्रतों को ही मेघ की उपमा से काला कहा गया है। ऋ० ७. ६ ३ में मन्त्र का शेष भाग निम्न है—

अवृधा अयज्वान् ।
प्र प्र तान् दस्यूरग्निर्विवाय पूर्वश्चकारापरा अयज्यून् ॥

अर्थात् जो पति (पणव्यवहारे) व्यापारादि करने वाले केवल स्वार्थी हैं (पणि) कुटिलता की गांठ पैदा करने वाले हैं, (अव्रतून्) जो शुभ कर्मों को करने का संकल्प नहीं रखते (मृधवाचः) जो वाणी को विकृत करने वाले हैं, (अश्रद्धान्) जो श्रद्धा का सत्य धारण करने का भाव नहीं रखते (अवृधान्) इस लिये आत्मिक विद्वत्ता में नहीं, वा नहीं जो वृद्धि को नहीं प्राप्त होते (अयज्वन्) जो यज्ञ नहीं करते हैं को (पणि) अपनी सेना वहां दूर खदेड़ देता है। उन को वह जीते जिता देता है।

गाथा उस्त्रियों में ऋग्वेद ने जो कहा है उस का अंग्रेजी अनुवादक इस प्रकार है—

That I will ask thee, tell me it right thou knowest, O [illegible] who is the religious man and who the impious, [illegible] I wish to inquire? with whom of the [illegible] and with whom the bright one? Is it not right to [illegible] the impious man who attacks [illegible]

यहां दुष्ट दुराचारी पुरुषों को स्पष्टता कहने [illegible] अथवा कभी को न करने और फिर करते रह दिया गया है। पुनः ही प्रकाश पर न जाने से [illegible] थोड़े से स्थानों पर गुप्त प्रयोग को देख कर [illegible] समझना चाहिये [illegible] और दस्यु [illegible] इस का [illegible] उन से पृथक् करने [illegible] आर्यों और

दस्युओं का यह भेद गुण कर्म स्वभाव पर आश्रित था न कि जातीय भेद (Racial difference) पर। दस्यु भी अपने गुण कर्म स्वभाव में परिवर्तन कर के आर्य बन सकते थे और आर्य वशोत्पन्न यहा तक कि पुलस्य जैसे ब्रह्मर्षि के कुल में उत्पन्न होकर भी रावण समान दुराचारी दस्यु या राक्षस कहलाते थे।

Vedic Age के लेखको ने पृ० ३५१ के Reference में इस प्रकार के परिवर्तन के एक उदाहरण को स्वीकार किया है। यद्यपि हम उन के ऐतिहासिक पक्ष को ठीक नहीं समझते और बल्बूथ को सज्ञावाचक नहीं मानते तथापि उन की टिप्पणी को इस प्रसङ्ग में उद्धृत करना उचित समझते हैं। वे लिखते हैं—

At least one Dasa chief how ever, name Balbuth had adopted Aryan culture and even patronised Brahman singers. —P 351.

अर्थात् कम से कम एक दास सरदार ने जिस का नाम बल्बूथ था आर्य सस्कृति को अपना लिया था और वह ब्राह्मण गायको व ऋषियों को सरक्षण देने लग गया था। इसी विषय में वैदिक एज् के लेखकों की एक और टिप्पणी उद्धृत करने योग्य है।

It is significant that as a rule, Indra himself has been made to combat the Dasa princes on his own initiative and not in course of rendering merely routine assistane to Aryan chiefs. For it shows that even in the heydays of Rigvedic culture there was no longer a living memory of the first encounters with the aboriginal races

—Vedic Age P. 347.

अर्थात् यह बात महत्त्वपूर्ण है कि एक नियम के रूप में इन्द्र दस्युओं वा दासों के सरदारो से युद्ध स्वय करता है न कि आर्य मुखियाओ की सहायता के प्रयत्न में। इस से स्पष्ट प्रतीत होता है कि वैदिक सस्कृति की पराकाष्ठा के दिनों में भी भारत के मूल-निवासियो से प्रथम सघर्षों वा युद्धों की स्मृति आर्यों को बनी हुई न थी।

महर्षि दयानन्द का लेख

वास्तविक बात यह है कि ऐसे कोई जातीय युद्ध आर्यों और दस्युओ व दासों के बीच हुए ही न थे। आर्य कहीं बाहर से आये ही न थे किन्तु वही इस देश के मूल निवासी थे। वे तिब्बत से यहीं आकर बस गये थे जैसे कि महर्षि दयानन्द ने सत्यार्थ प्रकाश में लिखा है कि (प्रश्न) प्रथम इस देश (आर्यावर्त) का नाम क्या था और इस में कौन बसते थे ? (उत्तर) इस के पूर्व इस देश का नाम कोई भी न था और न कोई आर्यों के

पूर्व इस देश में बसने वे क्योंकि आर्य लोग सृष्टि की आदि में कुछ स्थान से पश्चात् सृष्टि से पूर्व इसी देश में आकर बसे थे।

(प्रश्न) कोई कहते हैं कि यह लोग ईरान से आये इसी से इन लोगों का नाम आर्य हुआ है। इस के पूर्व यहां अनार्य लोग बसते थे कि जिन को असुर और राक्षस कहते थे। आर्य लोग अपने को देवता बताते थे और उन का राज्य स्थापन हुआ उन का नाम देवासुर संग्राम कथाओं में ठहराया।

(उत्तर) यह सर्वथा झूठ है क्योंकि—

विजानीह्यार्यान् ये च दस्यवो बर्हिष्मते रन्धया शासदव्रतान्।

ऋग्० १. ५१ ८।

उत शूद्रे उतार्ये अथर्व० १९ ६२।

यह लिख चुके हैं कि आर्य नाम धार्मिक, विद्वान् आप्त पुरुषों का और दस्यु विपरीत जनों का नाम दस्यु अर्थात् डाकू, दुष्ट अधार्मिक और अविद्वान है। अब यह क्या करता है तो दूसरे विदेशियों के कपोल कल्पित को बुद्धिमान लोग क्या नहीं मान सकते।

—सत्यार्थप्रकाश सम्० ८। सार्वदेशिक प्रकाशन, देहली संस्करण १ पृ० २८८।

योगी श्री अरविन्द का महत्त्वपूर्ण लेख

इस विषय में पाश्चात्य विद्वानों की सम्मति उद्धृत करने से पूर्व हम यहां अभिनव योगी श्री अरविन्द जी के 'वेदरहस्य' प्रथम भाग (आचार्य अभयदेव जी द्वारा प्रकाशित) के 'अन्धकार के पुत्र' अ० २५ और 'दस्युओं पर विजय' अ० २६ में से कुछ उद्धरण देना अधिक सम्बन्धित है जिन से इस विवादास्पद विषय पर बहुत अच्छा प्रकाश पड़ता है और आर्य, दस्युकर्म आदि शब्दों का भी स्पष्टीकरण होता है। श्री अरविन्द जी ने अपने वेद भाष्य की आध्यात्मिक दृष्टिकोण व्याख्या करते हुए लिखा—

एक बार नहीं अनेक बार हम यह देख चुके हैं कि यह संभव ही नहीं है कि अङ्गिरसों, दस्यु और असुरों की कथाओं में हम पणियों की गुफा से गौओं का छिपना करने का यह अर्थ लगायें कि यह आर्य पाणि वाला कोई पुराना विवाद है जिसमें आर्य होने और राजनैतिक व सामाजिक संघर्ष का वर्णन है। यह तो उस संघर्ष से बहुत ऊंचे के प्रयासों और अन्धकार की शक्तियों के बीच में होता है। [illegible] पणियों को इस रूप में लेना चाहिये कि वे एक प्रकार पुरा की शक्तियां हैं। अब हमें उन प्रश्नों से पूछना करने चाहिये, वे ये हैं जो वृत्रि का या सोमरस को रोकने वाले अहि, नमुचि, वृत्र, शंबर, वलि गौओं व घोड़ों को रोकने का तथा इन्द्र के पराक्रम का वर्णन करते हैं और इन गौओं को छुड़ाने (मुक्त) के लिये जाते हैं, वे ये हैं जो इन्द्र का वज्र

इतना तो पूर्णतया निश्चित है कि ऋग्वेद में कम से कम जिस युद्ध और विजय का वर्णन हुआ है वह कोई भौतिक युद्ध और लूटमार नहीं है बल्कि एक आध्यात्मिक सघर्ष और आध्यात्मिक विजय है। —वेद रहस्य पृ० ३०८ ३०९।

इन दस्युओ के सामान्य स्वरूप को बतलाने वाले मूल सूत्र के तौर पर हम ऋग्वेद ५ १४ ४ को ले सकते हैं।

अग्निर्जातो अरोचत घनन् दस्यून् ज्योतिषा तमः।
अविन्दद् गा अप· स्व ॥ ऋग्० ५ १४. ४।

अग्नि पैदा हो कर चमका, ज्योति से दस्युओ को, अन्धकार को हनन करता हुआ, उस ने गौओं को, जलों को स्व. को पा लिया। ··क्योंकि सारी लडाई प्रकाश और अन्धकार के बीच, सत्य और अनृत के बीच, दिव्य माया और अदिव्य माया के बीच है इस लिये सभी दस्यु यहा एक समान अन्धकार से अभिन्न रूप मान लिये गए हैं और यह अग्नि के पैदा होने और चमकने लगने पर होता है कि ज्योति उत्पन्न हो जाती है जिस के कि द्वारा वह दस्युओ का और अन्धकार का हनन करता है। ऐतिहासिक व्याख्या से यहा बिल्कुल भी काम न चलेगा। —पृ० ३१०

मेरी सम्मति में सत्य के प्रकाश का, आर्य ज्योति का चमकीलापन ही आर्य वर्ण है अर्थात् उन आर्यो का वर्ण जो 'ज्योतिरग्रा' (ज्ञान ज्योति से प्रकाशित हैं) अज्ञान की रात्रि का कालापन पणियों का रङ्ग है दासवर्ण, इस प्रकार प्राय. वर्ण का अर्थ होगा स्वभाव अथवा वे सब जो उस विशेष स्वभाव वाले हैं क्योंकि रङ्ग स्वभाव का द्योतक है और यह बात कि यह विचार प्राचीन आर्यो के अन्दर एक प्रचलित विचार था मुझे इससे इसकी पुष्ट होती प्रतीत होती है कि बाद के काल में भिन्न-भिन्न रङ्ग सफेद, लाल, पीला और काला चार वर्णो में भेद करने के लिये व्यवहृत हुए हैं। —पृ० ३११।

इस लिये यह स्पष्ट है कि ये 'पणि' दस्यु अनृत और अज्ञान की कुटिल शक्तिया हैं जो अपने मिथ्या ज्ञान को, अपने मिथ्या बल, सकल्प और कर्मो को देवों तथा आर्यों के सच्चे ज्ञान, सच्चे बल, सच्चे सकल्प और कर्मों के विरोध में लगाती हैं। प्रकाश की विजय से अभिप्राय है इस मिथ्या ज्ञान या दानवीय ज्ञान पर सत्य के दिव्य ज्ञान की विजय। —पृ० ३१७

प्रिन्सिपल श्री निवासआयगार का लेख

प्रिन्सिपल पी० टी० श्री निवास आयङ्गार एक सुप्रसिद्ध दाक्षिणात्य विद्वान् हुए हैं उन्होंने 'Dravidian Studies' नामक पुस्तक लिखी है। उस में उन्होंने आर्यो और दस्युओं के भेद को जातीय भेद न मान कर गुण कर्म स्वभाव पर आश्रित भेद ही माना है। उन्होंने लिखा है—

The Aryas and Dasyus or Dasyus are referred to as indicating different races .... The words refer not to race but to cult .... The Dasyus are without rites, strikers, non-sacrificers, without prayers, without rites, haters of prayers. Thus the difference between Aryas and Dasyu was not one of race, but of cult.

अर्थात् आर्यों और दस्युओं का जो वेदादि में निर्देश है वह पृथक्पृथक् जातियों के भेद को सूचित नहीं करता किन्तु भिन्न क्रियाकलाप और मनुष्य की संस्कृति का सूचित करता है। दस्यु अयज्वा (यज्ञ न करने वाले) अकर्मा (श्रेष्ठ कर्म न करने वाले) अव्रत न करने वाले, वेद रहित (अमन्त्रा) प्रार्थना के द्वेषी (अब्रह्मद्विष) इस प्रकार इन आर्यों और दस्युओं का भेद जातियों का भेद न हो कर सांस्कृतिक भेद है। दक्षिण भारत के इस सुशिक्षित विद्वान् का यह लेख अत्यधिक महत्त्वपूर्ण है।

श्री रामचन्द्र दीक्षितर् नामक विद्वान् का मत

मद्रास युनिवर्सिटी के श्री वी० आर्० रामचन्द्र दीक्षितार् एम० ए० नामक शिक्षा-प्राप्त विद्वान् ने २६, ३० नव० १६४० में मद्रास विश्वविद्यालय में दिये महत्त्वपूर्ण व्याख्यानों को ऐडयार लाइब्रेरी ने सन् १६४० में Origin and Spread of the Tamils इस पुस्तक के रूप में प्रकाशित किया है। इस विद्वान् ने अपने इस व्याख्यान में आर्यों दस्युओं वा द्राविडों के जातीय भेद का प्रबल खण्डन करते हुए कहा है

The fact is that the Dasyus were not non-Aryan. The theory that the Dasyus-Dravidians inhabited the Punjab and the Ganges Valley at the time of the so-called Aryan invasion of India, and over come by the latter, they fled to South India and adopted it as their home can not stand. To say that all India was a wild country once, and that it was civilised by the invading Dravidians first and later by the invading Aryans next, can not carry conviction with us.

P. T.

In the same way we have to look upon the theory of Dravidian race. If the Aryan race theory is untenable, the theory of the Dravidian race is a greater myth. The word Dravida is the name of the product of a part of South

Indian languages—Tamil, Malayalam Kanarese and Telugu.

—Origin and Spread of the Tamils

by V. R. Rama Chandra Dikshitar M A. P. 14.

सचाई यह है कि दस्यु (जातीय भेद की दृष्टि से) अनार्य न थे। यह वाद कि दस्यु द्राविड लोग पजाब और गङ्गा की घाटी में रहते थे जब आर्यों ने भारत पर आक्रमण किया और आर्यो से पराजित हो कर वे दक्षिण भारत में भाग गये और उसी को उन्होंने अपना घर बना लिया प्रामाणिक नहीं है। यह कहना कि सारा भारत एक जगली प्रदेश था और इस को पहले आक्रान्ता द्राविडों और फिर आक्रान्ता आर्यों ने सभ्य बनाया यह भी विश्वसनीय नहीं।

आर्य जाति की तरह द्राविड जाति के वाद को भी हमें देखना चाहिये। यदि 'आर्य जाति' का वाद कल्पित है तो द्राविड जाति का वाद उस से भी अधिक कल्पित है। द्राविड यह शब्द तामिल, मलयालम, कन्नड और तिलगू इस दक्षिण भारतीय भाषा वर्ग के बोलने वालों का नाम है।

कुछ पाश्चात्य विद्वानो की साक्षिया

म्यूरः—पाश्चात्य विद्वानों में से जिन्होंने आर्यदस्यु-द्राविड आदि के विषय में बहुत सा सग्रह किया और बहुत कुछ लिखा है म्यूर महोदय का नाम सुप्रसिद्ध है। उन्होंने Original Sanskrit Texts Vol II P. 387 में स्पष्ट लिखा है—

I have gone over the names of Dasyus or Asuras mentioned in the Rigveda with the view of discovering whether any of them could be regarded as of non-Aryan or indigenous origin, but I have not observed that appear to be of this character.

—Original Sanskrit Texts Vol. II P 387.

अर्थात् मैंने ऋग्वेद में आये हुए दस्युओं अथवा असुरों के नाम पर इस दृष्टि से विचार किया था कि क्या उन में से किसी को अनार्यों या मूलनिवासियों की उत्पत्ति क समझा जा सकता है किन्तु मुझ को कोई नाम ऐसा नहीं मिला।

प्रो० मैक्समूलर की सम्मति

सुप्रसिद्ध पाश्चात्य विद्वान् प्रो० मैक्समूलर ने दस्यु के विषय में लिखा है कि—

Dasyu simply means enemy, for instance when Indra is praised because he destroyed the Dasyu and protected the Aryan colour.

अर्थात् दस्यु का अर्थ केवल शत्रु है जैसे कि उस प्रसंग में है जहां इन्द्र की इस लिये प्रशंसा की है कि उन ने दस्यु का नाश कर आर्य वर्ण की रक्षा की। एक अन्य स्थान पर यातुधान और राक्षस के विषय में प्रो० मैक्समूलर ने लिखा—

They (the epithets) are too general to allow any ethnological inference of any ethnological conclusion.

अर्थात् उक्त दोनों शब्द (राक्षस और यातुधान) बहुत साधारण हैं और उन से कोई मनुष्य जातीय भेद सम्बन्धी परिणाम नहीं निकल सकता।

आर्य जाति या Aryan Race का वाद भी अधिकतर प्रो० मैक्समूलर का पैदा किया हुआ है किन्तु अपने जीवन के अन्तिम वर्षों में सन् १८८८ में उन ने लिखा—

I have declared again and again that if I say Aryas, I mean neither blood nor bones, nor hair nor skull. I mean simply those who speak an Aryan language..... To me an ethnologist who speaks of Aryan race, Aryan blood, Aryan eyes and hair, is as great a sinner as a linguist who speaks of a dolichocephalic dictionary or a brachycephalic grammar. —Biographies of words and the Home of the Aryans London 1888 P 120

इन वाक्यों द्वारा प्रो० मैक्समूलर ने आर्यजाति को पृथक् जाति के रूप में मानने का खण्डन किया और कहा जो ऐसा कहता है वह पाप करता है। आर्यों का असली घर तात्पर्य आर्य भाषाओं के बोलने वालों से बताया।

प्रो० रौथ

सुप्रसिद्ध संस्कृत कोष के प्रणेता में निर्णेता प्रो० रौथ ने लिखा कि—

It is but seldom, if at all, that the explanation of [illegible] referring to the Non-Aryans, the barbarians is [illegible]

अर्थात् यदि ऐसे स्थल हैं तो वे बहुत ही कम हैं जहां दस्यु का अर्थ अनार्य अथवा असुर किया जा सके।

नेलसन साहब की सम्मति

नेलसन नामक विद्वान् ने Short View of the [illegible] North West Provinces and Oudh नाम की पुस्तक में लिखा है—

There is no division of the people as the Aryan conquerors of India and the aborigineees of the country, that division is modern and that there is essential unity of the Indian races The great majority of the Brahmins are not of lighter complexion or of finer or better red features than any other caste or distinct in race and blood from the scavangers who swept the roads. —Brief View of the Caste system of the North West Provinces and Oudh by Nesfield P 27.

अर्थात् भारतीयों में आर्य विजेता और मूल निवासी जैसा कोई विभाग नहीं है। ये विभाग बिल्कुल आधुनिक हैं। यहा तो समस्त भारतीय जातियो में एकता है। ब्राह्मणों की बहु सख्या रङ्ग रूप में अन्य जातियो की अपेक्षा अधिक अच्छी अथवा सुन्दर हो अथवा सडकों पर झाड़ू देने वालों मेहतरों से जाति और रुधिर की दृष्टि में सर्वथा भिन्न हो ऐसा प्रतीत नहीं होता। इसी प्रकार अन्य अनेक पाश्चात्य विद्वानों के प्रमाण नहीं दिये जा सकते हैं जो आर्यो और अनार्यो में जातीय भेद का खण्डन करते हैं।

मनुस्मृति मे द्राविडादि विषयक वर्णन

मनुस्मृति के वर्तमान सस्करण में इस बात का उल्लेख मिलता है कि आन्ध्र चौन्ड्र, द्रविड काम्बोज, यवन, खश चीन आदि क्षत्रिय कुलोत्पन्न होने पर भी शनै. २ ब्राह्मणों के सम्पर्क में न रहने तथा वैदिक क्रियाओं के लोप से वृषलता वा नीचता को प्राप्त हो गए।

शनकैस्तु क्रियालोपादिमा क्षत्रियजातयः।
वृषलत्व गता लोके, ब्राह्मणादर्शनेन च॥
पौण्ड्रकाश्चौड्द्रविडाः, काम्बोजा यवनाः शकाः।
पारदा पह्लवाश्चीनाः, किराता दरदा खशाः॥

—मनुस्मृति अ० १० ४३—४४।

कुल्लूक भाष्य में इन में से प्रथम का अर्थ लिखा है इमा वक्ष्यमाणाः क्षत्रियजातयः (क्रियालोपात्) उपनयनादिक्रियालोपेन ब्राह्मणाना च याजनाध्यापनप्रायश्चित्ताद्यर्थं दर्शनाभावेन शनैः शनैर्लोके शूद्रता प्राप्ता.॥

इस से भी आर्यों का और द्राविडादि का भेद जातीय भेद नहीं केवल सास्कृतिक भेद सूचित होता है जिस को वेद प्रचार तथा शिक्षा प्रसारादि से दूर किया जा सकता है।

elibrary.thearyasamaj.org

किया है। प्रो राइस् डैविड् का मत उद्धृत करते हुए 'The Ancient Dravidians' के लेखक श्रीशेष ऐयङ्गार् एम० ए० ने लिखा है—

Prof. Rhys Davids in his Buddhist India commenting on the evolution of the Aryan languages of India maintains that the Vedic Sanskrit is largely mixed up with primitive Dravidian —Buddhist India P 156.

The Ancent Dravidians by T. R Shesha Iyangar M. A. P 43

अर्थात् प्रो० राइस् डैविड्स का आर्य भाषाओं के विकास पर टिप्पणी करते हुए यह कथन है कि वैदिक सस्कृत में मूल द्राविड भाषा का बहुत मिश्रण है।

हम इस प्रकार के विचारों को नितान्त अशुद्ध और अमङ्गत समझते हैं। बंगाली, गुजराती, मराठी, पजाबी, पाली तथा अन्य आर्यभाषाओं में सस्कृत के शब्द इतनी अधिकता से पाये जाते हैं कि हमें इस बात को सिद्ध करने का प्रयत्न करना भी समय नष्ट करना प्रतीत होता है कि इन की माता सस्कृत भाषा है। द्राविड भाषाओं में से किसी को—तामिल को भी—उन का मूल बतलाना सर्वथा असत्य है। हम ने अपनी 'हमारी राष्ट्र भाषा और लिपि' नामक पुस्तक में जो सार्वदेशिक सभा कार्यालय बलिदान भवन देहली से प्राप्त हो सकती है बगाली, मराठी, गुजराती, पजाबी, मारवाडी, उडिया, आसामी आदि भाषाओं के उदाहरण सस्कृत को उन की जननी सिद्ध करने के लिये दिये हैं जो देखना चाहें उसे देख सकते हैं किन्तु यहा हमें इस बात को दिखाने की आवश्यकता प्रतीत नहीं होती। पर क्योंकि हमें दक्षिण भारत में लगभग २० वर्ष रहने और वहां की भाषाए सीखने का अवसर प्राप्त हुआ है अतः हम इस विषय को उदाहरण सहित दिखाना चाहते हैं कि दक्षिण की इन भाषाओं का सस्कृत से कहा तक सम्बन्ध है।

कन्नड और सस्कृत

सबसे पहले मैं कन्नड वा कर्णाटक भाषा को लेता हू जिस को पढ़ने लिखने और बोलने का कर्णाटक प्रान्त के विभिन्न भागों में रहते हुए मैंने विशेषरूप से अभ्यास किया और जिस में 'वेद सन्देश' नामक मासिक पत्र का अनेक वर्षों तक सम्पादन किया था। इस भाषा की एक पुस्तक इस पुस्तक को लिखते हुए मेरे सन्मुख है। इस में से मैं एक उद्धरण देना पर्याप्त समझता हू। यह पुस्तक उत्तरादि मठ के स्वामी श्री सत्यध्यान तीर्थ कृत है जिस का नाम अद्वैतमत विचार है। इस में लिखा है—

ई जगत्तिनल्लि सर्वदा सुखवे नमगागलि दुःखवु स्वल्पवादरू बेडेन्दु सर्वरिन्दलू

ಪ್ರಾರ್ಥಯಮಾನವಾದ ಸುಖವು ಜೀವನ ಸ್ವರೂಪವಾಗಿದ್ದೂ ಅದರಲ್ಲಿ ಪ್ರಕೃತಿಸಿದ್ಧವಾದ ಮಲ (ಆವರಣ) ದುಃಖದಲ್ಲಿ ಅನುಭವದ ಬಗ್ಗೆ ಜೀವ ಜೀವನು ಜನ್ಮದಲ್ಲಿ ಅನೇಕ ಜನ್ಮಾಪಾದಕ ಕರ್ಮಗಳನ್ನು ಮಾಡುತ್ತಾ ಆ ಕರ್ಮ ಫಲಿಸಿದ ಜನ್ಮಾದಿಸಂಬಂಧವಾದ ಕಾಲದಲ್ಲಿ ನಾನಾವಿಧ ದುಃಖವನ್ನು ಅನುಭವಿಸುವ ಜೀವನ ದುಃಖನಿವೃತ್ತಿಗೋಸ್ಕರ ಶ್ರವಣ, ಮನನ, ನಿದಿಧ್ಯಾಸನಾದಿ ಸಾಧನಗಳನ್ನು ಉಪದೇಶಿಸುವ ವೇದಗಳ ಉಪದೇಶವನ್ನು ಸಾರವಾಗಿ ಭಗವದ್ದರ್ಶನ ಬುದ್ಧಿಯಿಂದ ಸದಾಚಾರ ಫಲವನ್ನು ಮಾಡಿ ಅಂತಃಕರಣಶುದ್ಧಿಯನ್ನು ಹೊಂದಿ ಪರಮಾತ್ಮನ ಗುಣಗಳನ್ನು ಶ್ರವಣಮಾಡಿ ಆ ವಿಷಯದಲ್ಲಿ ಮನನ ಧ್ಯಾನಾದಿಗಳ ವಿವಾದಮೂಲಕ ವಸ್ತು ಸಂದೇಹದ ನಿವೃತ್ತಿಯಾಗುವದರ ಸಲುವಾಗಿ 'ಮೀಮಾಂಸಾ' ಶಾಸ್ತ್ರೋಕ್ತಪ್ರಕಾರ ವಿಚಾರದಿಂದ ತತ್ವ ನಿಶ್ಚಯ ಮಾಡಿಕೊಳ್ಳು ಮಾತ್ರ ಪರಮಾತ್ಮನ ಶಾಸ್ತ್ರೋಕ್ತ ಗುಣಗಳ ಧ್ಯಾನವನ್ನು ಮಾಡಿ ಮತನ ಸಾಧನೋಪಾಸನ್ನು ಹೊಂದಿ ಸಂತೃಪ್ತಿಯ ತನ್ನವರಲ್ಲಿಯೂ ಪೂರ್ವ ಸ್ನೇಹದ ಮನೆಕುಪಾನ್ನು ಹೆಚ್ಚಾಗಿಸಿ ಬೆಳೆದು ಪ್ರತಿಬಂಧಕವಾದ ಪೂರ್ವ ಕರ್ಮಿಮಿಯಾಗದಿರುವ ಪರಮಾತ್ಮನ ಮಾಹಾತ್ಮ್ಯ ಜ್ಞಾನ ಪೂರ್ವಕವಾದ ಸ್ವೋತ್ಕರ್ಷವಾದ ಭಕ್ತಿಯನ್ನು ಮಾಡಿ ಆ ಪರಮಾತ್ಮನ ಪ್ರಸಾದವನ್ನು ಪಡೆಕೊಂಡು ಆ ಪ್ರಸಾದದಿಂದ ಆವರಣವಾದ ಬಂಧನಿವೃತ್ತಿಯಾದ ಮೇಲೆ ವೈಕುಂಠಾದಿಸ್ಥಾನಗಳಲ್ಲಿ ಭಗವದ್ಗುಣಗಳನ್ನು ಗಾನಮಾಡುತ್ತಾ ಪರಮಾತ್ಮನ ದರ್ಶನಸುಖವನ್ನು ಪೊಂದುತ್ತಾ ಪರಮಾತ್ಮನ ದಾಸನಾಗಿ ಸೇವೆಮಾಡುತ್ತಾ ನಾನಾವಿಧಾಹಾರವಿಹಾರಗಳನ್ನು ಮಾಡುತ್ತಾ ಜೀವನು ಅನಂತ ಸುಖವನ್ನನುಭವಿಸಿ ತಪ್ತನಾಗುತ್ತಾನೆ

तिलगू और सस्कृत

अब मैं तिलगू के साथ सस्कृत का कोई सम्बन्ध है या नहीं यह सप्रमाण दिखाना चाहता हू। तिलगू (आन्ध्र भाषा) के निम्नलिखित दो पद्यों को देखिये—

सदा शिव शिखाग्रमध्ये प्रणव मूल ज्योति
हृदयपुण्डरीकममलं, नित्य पर ज्योति।
अगुष्ठमात्र परमपुरुष दिव्यपरं ज्योति
शृङ्गमध्ये शुशुमार नित्यपरं ज्योति॥
वासना क्षयादि त्रिगुणातीत नीलं ज्योति
सासिरारु जलज्ज्योति साम्ब शिव स्वरूपा।
मात्रिकाक्षराग्ररामतारकाग्नितेजसे
नित्य मङ्गलाङ्गमूल प्रणव मन्त्र स्वरूपिणे॥

—दरबार राग श्री षडक्षरी दीक्षित प्रणीत।

इस पद्यों का अनुवाद विस्तारभय से देना अनावश्यक है किन्तु इतना निर्देश कर देना पर्याप्त है कि इन छोटे से पद्यों में सदा शिव, शिखाग्रमध्ये, प्रणवमूल, ज्योति, हृदयपुण्डरीकम्, अमलम्, नित्य परम् ज्योति, अगुष्ठ मात्र परम पुरुष, शृङ्ग, वासना, क्षय, आदि, त्रिगुणातीत, नीलम् मात्रिकाक्षर, तारक, अग्नि तेजसे, नित्य मङ्गल अङ्ग, प्रणव मन्त्रस्वरूपिणे इत्यादि शुद्ध सस्कृत के शब्द हैं। आन्ध्र भाषा के महाभारत तथा अन्य ग्रन्थों में कम से कम ७५ प्रतिशतक सस्कृत के शब्द हैं यह कहने में कुछ भी अत्युक्ति नहीं।

एक दूसरा पद देखिये जो सस्कृत के एक सुप्रसिद्ध श्लोक का तिलगू में अनुवाद है—

दानमु भोगमु नाशमु हूनिकतो मुडुगतल् भुवि धनमुनकम्। दानमु भोगमु निरुगने दीननि धनमुनक गति तृतीयमे पोसगुन॥

यह भर्तृहरि के जिस श्लोक का अनुवाद है वह निम्न है। उस के साथ इस का मेल सस्कृत से तिलगू के सम्बन्ध को दिखाने के लिये पर्याप्त है।

दान भोगो नाशः, तिस्रो गतयो भवन्ति वित्तस्य।
यो न ददाति न भुंक्ते, तस्य तृतीया गतिर्भवति॥

इस पद्य में दान, भोग, नाश, धन, भुवि, गति, तृतीय ये सब शब्द शुद्ध सस्कृत के हैं यह लिखने की आवश्यकता नहीं।

इस पुस्तक को लिखते समय मेरे हाथ में तेलुगु स्वय शिक्षक नामक दक्षिण भारत

ह्रस्व ही प्रचार अथवा व्यवहार में प्रचलित पुस्तकों के उन वर्णों के देख कर ये लिखे गये थे। इसी का पाठकों के चक्षुरोन्मीलनार्थ यहां प्रदर्शित करता हूं।

प्रतिदिनम् भोजनम् अन्नम् (भात) नाक (नासिका) रसना-जीभ (जिह्वा-जबान) आकाशम्, स्वर्गम्, खोपड़ी (खप्पर) गरम (गर्म) आंख (आंखा) मूर्ख (मूढ) आत्मनम् (आत्मा) लिखूंगा (लिखु-उत्तम) व्यवसायिन् (व्यवसायी) बाह्मणा (ब्राह्मण-ब्राह्मण) लिखूं (लिखत) अग्नि (अग्नि) भार्या (भार्या) सोनारि (सोनारि-औरत) सुभ्रम् (सुभ्रम् नाम) स्वामिन्, भर्त्ता (भर्त्ता) देशम् (देश) पुस्तकम्, कीजिये (किजि-कीजे) पक्षम्, ताम्रम्, आत्मम्, समिन्मुद् (समर्थ) अधिकम् (अधिकम्) सोम्यमना (सौम्यमनस्क) ग्रामम् मुच्चम्, पक्षम्, तमुद्रम्, नेत्रम्, जलम्, वपुष्, गुरुम्, वस्तुम्, चरित्रम्, दिन, मास, रत्नम् (रत्न) नाम्नुम् (नामक) नायिका (नायिका) जननि (जननी) कर्म, वस्त्रम् (वस्त्र) सूर्य्य (सूर्य) नक्षत्रम्, रात्रि, पाठशाल, पक्षि, उत्तम्, वस्तु मस्तिष्कम्, भानु (भास, प्रकाश) पक्षम्, प्रकाशम्, महात्मम् (महात्मा) आशुद्धम् (अशुद्धम्—मिथ्या) कुक्कुर (कुक्कुर—कुत्ता) काक्षि (काक) पढ़ेंगे पढ़ेंगी—बं०) सिन्धु, समुद्रम् (समुद्र दुरुह) चीरा (चीरम्—साड़ी) मुष्ठी (मुष्ठी—मोठ) मेघर नवलम्—मेघ गगन (मेघा गगन) धान्यम् (धान्यम्—धान) फलाहारम् (फलाहार)—

कलसा फलम् (नारङ्गी) द्राक्षाफलम् (द्राक्षाफलम्—अङ्गूर) शरिस्थाद् (शरिर फलम्—अनार, कच् (काच) इत्यादि जिस भाषा में इतने अधिक संस्कृत के तत्सम शब्द विद्यमान हैं उसके विषय में कहना कि प्राकृत भाषा होने के कारण यह संस्कृत से सर्वथा स्वतन्त्र किसी प्रकार है। उत्तर भारत के विद्वानों पण्डित लोग भी क्योंकि इस प्राकृत भाषा से प्राय अनभिज्ञ से हैं पर इस तरह असत्य बात पर उन्हें ने बहुत से विश्वास कर लिये हैं कि प्राकृत भाषा का संस्कृत से कोई सम्बन्ध नहीं।

मलयालम और संस्कृत

मलयालम भाषा में संस्कृत के शब्द कन्नड़ और तेलुगु से भी अधिक हैं। मलयालम भाषा में अनेक काव्य ग्रन्थों को सुनने का मुझे अवसर मिला है। रामायण और महाभारत आदि ग्रन्थों को वाचन करते हुए अवसर प्राप्त हुआ। उन में संस्कृत शब्दों की अधिकता देख कर बड़ा दुख होता था और मन में यह आता था कि मलयालम भाषा को कहना चाहिये कि इस प्रसिद्ध भारत की भाषाओं का संस्कृत से कोई सम्बन्ध नहीं। इस कथन के समर्थन में निम्नलिखित मलयालम भाषा के वाक्य ही पर्याप्त हैं—

नीलकण्ठ माताराय नमिये ५ मिनु सर्वविघ्नाल के संसारसम्भ प्रसीदन्तु
शिवम् विघ्नाचल मध्येदेवम् कालु प्रणम ताम् इन्धे सुविघ्न उण्टायि।

गगपारोलुकुन्न नाहिले शरिविकित्र मंगलम् कायकुम् कल्पपादप मुण्टायून्न नमस्ते गततर्ष । नमस्ते दुराधर्ष नमस्ते सुमहात्मन् । नमस्ते जगद्गुरो ।।

इस छोटे से पद्य में गीत, भूमि, मति, कर्मयोगी, प्रसव, हिमवद्, विन्ध्याचल, मध्य-देश, शम, शील, सिंह, मगलम्, गतवर्ष, दुराधर्ष, सुमहात्मन्, नमस्ते, जगद्गुरु आदि बहुत से शुद्ध सस्कृत के शब्द विद्यमान हैं तद्भव शब्दो की तो गणना ही क्या की जाए ? भारतीय लोक सभा (पार्लियामेंट) के तब उपाध्यक्ष सुप्रसिद्ध दाक्षिात्य विद्वान् श्रीयुत अनन्तशयनम् आयंगार् ने ११ दिसम्बर १९५३ को देहली विश्वविद्यालय में सस्कृत परिषत् का उद्घाटन करते हुए ठीक ही कहा था कि—

The Sanskrit was the fountain head of all Indian languages. All Indian languages were offshoots of Sanskrit. Bengali and Talugu had about 75 percent Sanskrit words, while Malayalam had about 90 percent The only change was that the Sanskrit words had been absorbed with slight changes here and there.

—Shri Anant Shayanam Iyangar's Speech as reported in the Hindustan Times New Delhi. 13 12 1953

अर्थात् सस्कृत सब भारतीय भाषाओं का स्रोत है । सब भारतीय भाषाए सस्कृत की पुत्रियां हैं । बगाली और तिलुगू में लगभग ७५ प्रतिशतक सस्कृत के शब्द हैं, जब कि मलयालम में ९० प्रतिशतक सस्कृत शब्द पाये जाते हैं । परिवर्तन इतना ही है कि कहीं २ संस्कृत शब्दों को कुछ अन्तर के साथ इन भाषाओ में ले लिया गया है । मेरी उपस्थिति में १ मई १९५४ को देहली पब्लिक लाइब्रेरी में इन्द्रप्रस्थीय सस्कृत परिषत् के उत्सव में भाषण देते हुए श्री अनन्त शयनम् आयंगार् ने कहा कि तिलगु में ७५ प्रतिशतक कन्नड में ८० प्रतिशतक मलयालम में ९० प्रतिशतक और तामिल में ५० प्रतिशतक सस्कृत के शब्द हैं ।

श्री अनन्त शयनम् आयगार् जैसे एक सुप्रसिद्ध निष्पक्षपात विद्वान् का एतद्विषयक साक्ष्य अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है ।

तामिल भाषा और सस्कृत

अन्य द्राविड भाषाओ का सस्कृत से सम्बन्ध दिखाने के पश्चात् अब मैं तामिल के साथ सस्कृत के सम्बन्ध को दिखाना चाहता हू । प्रायः यह कहा जाता है कि तामिल के साथ सस्कत का किसी प्रकार का सम्बन्ध नहीं है किन्तु यह बात भी सर्वथा अशुद्ध है । श्रीयुत अनन्तशयनम् आयङ्गार् के उपर्युक्त देहली विश्वविद्यालय की संस्कृत परिषत् में दिये भाषण में तो यह स्पष्ट कहा ही गया है कि सस्कृत सब भारतीय भाषाओं का (जिन

तामिल की पुस्तको मे

श्री राम मिथुलिम नगर चेङ्गू शिव धनुषै अति शीघ्र वडैयु जनकपुत्रि सीता देव्यै विवाह मुदिन्वदू प्रजैकल दम्पतिकुलै अति सन्तोष तुडन अङ्गि हार शैनदत् ॥

इस के समान वाक्य पाये जाते हैं जिन में नगर, शिवधनुष, अतिशीघ्र, जनक पुत्रि, विवाह, प्रजा, दम्पति, अति सन्तोष, इत्यादि अनेक शुद्ध सस्कृत के शब्द हैं। इस पुस्तक को लिखते समय दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा मद्रास द्वारा प्रकाशित और श्री एस्० महालिङ्गम् बी० ए० द्वारा लिखित 'तमिल स्वय शिक्षक' नामक पुस्तक मेरे हाथ में है। उस में से निम्नलिखित कुछ शब्दों को पाठकों के अवलोकनार्थ यहां अङ्कित करता हू।

तामिल	सस्कृत	हिन्दी
वार्ते	वार्ता	बात
ग्रामम्	ग्रामः	गाव
पट्टणम्	पत्तनम्	शहर
शुद्दमान	शुद्धम्	शुद्ध
जलम्	जलम्	जल
दूरम्	दूरम्	दूर
पुस्तकम्	पुस्तकम्	पुस्तक
अविहम्	अधिकम्	अधिक
पशु	पशु	पशु
मात्रम्	मात्रम्	केवल
आम् आम्	आम् आम्	हां
शीग्रम्	शीघ्रम्	शीघ्र
कै	करः	हाथ
पात्तिरम्	पात्रम्	पात्र
पलम्	फलम्	फल
पाडम्	पाठः	पाठ
मनिदन्	मनुजः	मनुष्य
मइ	मसि·	स्याही
शत्तिरम्	सत्रम्	धर्मशाला

elibrary.thearyasamaj.org

Ointment	उन्मथम्	उत्सव
Old	निजम्	नित्य
Old-fashioned	सावन्दिरम्	नाय-लाय
Omen	फोनम्	क्रोध
On	पन्दु	गेंद
Once	वर्षम्	वर्ष
One	कूट्टम्	जोड़
Opinion	समाचारम्	समाचार
Opposite	जनगल	लोग
Or	अरे	आधा
Orange	कवे	कथा
Ordeal	अनेह्	कई
Ordinary	गडियारम्	घड़ी
Other	इदम्	भूमि या स्थान
Ought	पो	आ
Out	आगे	उत्पन्न
Outside	पुदि	पूर्व
Oven	परीक्षे	परीक्षा
Over	मारवत्तिल्	पूर्व में
Overcoat	अन्नरोपम्	भुगतान
Overtake	रत्तम्	मंदिर
Overturn	अन्नरोपचारम्	अन्यथा
Owe	विलरम्	भुगतान
Overcoat	करणोपम्	आय
Oxen	अत्तिरे	अंश
Oxygen	कोत्तिहे	कार्बन
Oyster	माहेनि	ऑक्सीजन
Ozone	मानम्	मांस

पगुनि	फाल्गुनः	फाल्गुन
माशि	माघः	माघ
वुदन्	बुधवारः	बुधवार
शनि किषमे	शनिवारः	शनिवार
शक्करै	शर्करा	शक्कर
सीतापलम्	सीताफलम्	शरीफ़ा
दिराक्षै	द्राक्षा	किशमिश
मुत्तु	मुक्ता	मोती
नीलम्	नीलमणिः	पन्ना
गंदहम्	गधकम्	गन्धक
पित्तलै	पित्तलम्	पीतल
पादरसम्	पारदः	पारा
नच्चन्	तक्षा	बढई
वैद्यन्	वैद्यः	वैद्य
हृदयम्	हृदयम्	हृदय
नहम्	नखम्	नख
मीन्	मीनः	मछली

ग्रन्थ विस्तारभय से अभी इतने ही उदाहरण इस बात की असत्यता सिद्ध करने के लिये पर्याप्त हैं कि समस्त द्राविड़ भाषाओं विशेषतः तामिल का सस्कृत से कोई सम्बन्ध नहीं। तामिल में भी कम से कम ५० प्रतिशतक सस्कृत के शब्द विद्यमान हैं ऐसा श्री अनन्त शयनम् आयङ्गार् तथा अन्य तामिल और सस्कृत दोनों के विद्वानों का मत है। तामिल के दो भजन लिख कर द्राविड भाषाओं के संस्कृत के साथ सम्बन्ध के इस प्रकरण को मैं शीघ्र समाप्त करना चाहता हू। वे भजन निम्न लिखित हैं—

ओकार सत्य ज्योति शुद्ध ब्रह्मे नमः।
ओ तत्सत् ओम् एन्रादि वेद उण्मै ओदुम् पोरुल् ॥
वानुम् पुवियुम् कानुम् कडलुम वालु यिर्गल् याविलुम्।
ताने तानाय् तलैक्कुम् सच्चिदानन्द मय ज्ञान पोरुल् ॥

library.thearyasamaj.org

पगुनि	फाल्गुनः	फाल्गुन
माशि	माघः	माघ
वुदन्	बुधवारः	बुधवार
शनि किषमे	शनिवारः	शनिवार
शक्करै	शर्करा	शक्कर
सीतापलम्	सीताफलम्	शरीफ़ा
दिराक्षै	द्राक्षा	किशमिश
मुत्तु	मुक्ता	मोती
नीलम्	नीलमणिः	पन्ना
गंदहम्	गधकम्	गन्धक
पित्तलै	पित्तलम्	पीतल
पादरसम्	पारदः	पारा
नच्चन्	तक्षा	बढई
वैद्यन्	वैद्यः	वैद्य
हृदयम्	हृदयम्	हृदय
नहम्	नखम्	नख
मीन्	मीनः	मछली

ग्रन्थ विस्तारभय से अभी इतने ही उदाहरण इस बात की असत्यता सिद्ध करने के लिये पर्याप्त हैं कि समस्त द्राविड़ भाषाओं विशेषतः तामिल का सस्कृत से कोई सम्बन्ध नहीं। तामिल में भी कम से कम ५० प्रतिशतक सस्कृत के शब्द विद्यमान हैं ऐसा श्री अनन्त शयनम् आयङ्गार् तथा अन्य तामिल और सस्कृत दोनों के विद्वानों का मत है। तामिल के दो भजन लिख कर द्राविड भाषाओं के संस्कृत के साथ सम्बन्ध के इस प्रकरण को मैं शीघ्र समाप्त करना चाहता हू। वे भजन निम्न लिखित हैं—

ओकार सत्य ज्योति शुद्ध ब्रह्मे नमः।
ओ तत्सत् ओम् एन्रादि वेद उण्मै ओदुम् पोरुल् ॥
वानुम् पुवियुम् कानुम् कडलुम वालु यिर्गल् याविलुम्।
ताने तानाय् तलैक्कुम् सच्चिदानन्द मय ज्ञान पोरुल् ॥

library.thearyasamaj.org

परिणाम निकालें। इस कोष में अर्थ अंग्रेजी में दिये हैं पर सुगमता के लिये मैं उन का हिन्दी अर्थ दे दूंगा।

तामिल शब्द	तामिल कोष के अनुसार मूल सस्कृत शब्द	हिन्दी अर्थ
अक्कतम्	अक्षतम्	अक्षत वा भुना हुआ धान्य
अक्कत योनि	अक्षतयोनि	अक्षत योनि कुमारी
अक्कम्	अक्षः	अक्ष (एक कल्पित स्थिर रेखा जो पृथिवी के भीतरी केन्द्र से होती हुई उसके आर-पार दोनो ध्रुवो पर निकलती है)
अक्कम्	अर्घः	मूल्य
अक्करम्	अक्षरम्	आकाश
अक्करम्	अक्षरम्	मुक्ति
अक्कानि	अक्षाणि	इन्द्रियां अथवा भौतिक शरीर
अक्कितारै	अक्षितारा	आंखो का तारा
अक्कियाति	अख्यातिः	अविद्या
अक्कियानी	अज्ञानी	अज्ञानी
अक्किर चन्मन्	अग्रजन्मा	बडा भाई, ब्राह्मण
अक्किरमि	अक्रमम्	क्रम वा मर्यादा रहित बुरा कार्य व शरारत करना
अक्किनि	अग्निः	अग्नि
अक्किनि चन्मन्	अग्निजन्मा	स्कन्द
अक्किनि चित्	अग्निचित्	नियमित रूप से अग्नि होत्र करने वाला ब्राह्मण
अक्किनि तिरयम्	अग्नित्रयम्	यज्ञ की ३ अग्नियां—गार्हपत्य, आहवनीय तथा दक्षिणाग्नि
अक्किनि नीर	अग्नि नीरम्	नत्रिकाम्ल

elibrary.thearyasamaj.org

परिणाम निकालें। इस कोष में अर्थ अंग्रेजी में दिये हैं पर सुगमता के लिये मैं उन का हिन्दी अर्थ दे दूंगा।

तामिल शब्द	तामिल कोष के अनुसार मूल सस्कृत शब्द	हिन्दी अर्थ
अक्कतम्	अक्षतम्	अक्षत वा भुना हुआ धान्य
अक्कत योनि	अक्षतयोनि	अक्षत योनि कुमारी
अक्कम्	अक्षः	अक्ष (एक कल्पित स्थिर रेखा जो पृथिवी के भीतरी केन्द्र से होती हुई उसके आर-पार दोनो ध्रुवो पर निकलती है)
अक्कम्	अर्घः	मूल्य
अक्करम्	अक्षरम्	आकाश
अक्करम्	अक्षरम्	मुक्ति
अक्कानि	अक्षाणि	इन्द्रियां अथवा भौतिक शरीर
अक्कितारै	अक्षितारा	आंखो का तारा
अक्कियाति	अख्यातिः	अविद्या
अक्कियानी	अज्ञानी	अज्ञानी
अक्किर चन्मन्	अग्रजन्मा	बडा भाई, ब्राह्मण
अक्किरमि	अक्रमम्	क्रम वा मर्यादा रहित बुरा कार्य व शरारत करना
अक्किनि	अग्निः	अग्नि
अक्किनि चन्मन्	अग्निजन्मा	स्कन्द
अक्किनि चित्	अग्निचित्	नियमित रूप से अग्नि होत्र करने वाला ब्राह्मण
अक्किनि तिरयम्	अग्नित्रयम्	यज्ञ की ३ अग्नियां—गार्हपत्य, आहवनीय तथा दक्षिणाग्नि
अक्किनि नीर	अग्नि नीरम्	नत्रिकाम्ल

elibrary.thearyasamaj.org

भी च का प्रयोग होता है। इस अन्तर को यदि हटा दिया जाए तो अन्त के अनुस्वार में जैसे कि अक्कम, अक्करम्, अक्किनि तिरयम् (अग्नि त्रयम्) इत्यादि में संस्कृत से अद्भुत समानता है यद्यपि संस्कृत में जो शब्द पुल्लिङ्ग में प्रयुक्त होते हैं अक्ष, अर्घ आदि वे भी प्राय तामिल (और मलयालम में भी) नपुसक लिङ्ग में प्रयुक्त होते हैं जैसे कि अनेक शब्दों में पाठकों ने देखा होगा। तामिल व्याकरण का मूल ऐन्द्र नामक सस्कृत व्याकरण है इस पर कुछ प्रकाश डालने से पूर्व कुछ अन्य उदाहरण दिखाना आवश्यक समझता हू जिस से यह ज्ञात होगा कि तामिल साहित्य में कितने सुन्दर संस्कृत शब्द थोड़े अपभ्रष्ट रूप में और कई शुद्ध रूप में भी विद्यमान हैं जहा उपर्युक्त लिपि दोष का प्रभाव नहीं पडा। शुद्ध सस्कृत शब्दों के कई उदाहरण पहले दिखाये जा चुके हैं दो चार और दिखाने पर्याप्त होंगे। परमेश्वर के लिये तामिल साहित्य में कहीं-कहीं अकायम् शब्द का प्रयोग है जैसे कि इस तामिल कोष में बताया गया है और उस का अर्थ शरीर रहित परमेश्वर दिया है। परमेश्वर के लिये अकारी शब्द का भी कहीं-कहीं प्रयोग पाया जाता है क्योंकि वह स्वार्थपूर्ण क्रिया से रहित होने के कारण कर्ता होते हुए भी अकारी है। तामिल कोष में इस का अर्थ परमेश्वर दिया है। अकारणम् यह शब्द स० अकारणम् के ठीक समान है जिसका अर्थ तामिल कोष में Accident अथवा आकस्मिक दुर्घटना दिया है ठीक सस्कृत के समान अकारुण्यम् शब्द का निर्दयता के अर्थ में प्रयोग है। थोडे से नाममात्र भेद के साथ जो संस्कृत के सुन्दर शब्द तामिल साहित्य में विद्यमान हैं उन में से निम्नलिखित कुछ शब्दों का निर्देश इस प्रकरण में विशेष रूप से महत्त्वपूर्ण और मनोरंजक होगा।

तामिल में प्रचलित	सस्कृत मूल	अर्थ
अकटना कटन सामरत्तियम्	अघटना घटनसामर्थ्यम्	असम्भव सी घटना को भी संभव करनें की शक्ति
अकण्टाकार ज्ञानम्	अखण्डाकार ज्ञानम्	सर्वज्ञता
अकण्टाकार विरुत्ति	अखण्डाकार वृत्तिः	आध्यात्मिक अभीप्सा
अकत कारन्	अगदकारः—वैद्य	नीरोग कर देने वाला वैद्य
अकम्	अघम्	पाप—आसक्ति, घृणादि
अकम् पिरमम्	अहं परम्	अहङ्कार व अभिमान
अकर्मकर्तरिप्पिरयोगम्	अकर्मकर्तरि प्रयोगः	व्याकरण में धातु का अकर्मक प्रयोग
अकिलप्पिरकासन्	अखिल प्रकाशः	जिस का प्रकाश सब जगह फैला हुआ हो—सुप्रसिद्ध

भी च का प्रयोग होता है। इस अन्तर को यदि हटा दिया जाए तो अन्त के अनुस्वार में जैसे कि अक्कम, अक्करम्, अक्किनि तिरयम् (अग्नि त्रयम्) इत्यादि में संस्कृत से अद्भुत समानता है यद्यपि संस्कृत में जो शब्द पुल्लिङ्ग में प्रयुक्त होते हैं अक्ष, अर्घ आदि वे भी प्राय तामिल (और मलयालम में भी) नपुसक लिङ्ग में प्रयुक्त होते हैं जैसे कि अनेक शब्दों में पाठकों ने देखा होगा। तामिल व्याकरण का मूल ऐन्द्र नामक सस्कृत व्याकरण है इस पर कुछ प्रकाश डालने से पूर्व कुछ अन्य उदाहरण दिखाना आवश्यक समझता हू जिस से यह ज्ञात होगा कि तामिल साहित्य में कितने सुन्दर संस्कृत शब्द थोड़े अपभ्रष्ट रूप में और कई शुद्ध रूप में भी विद्यमान हैं जहा उपर्युक्त लिपि दोष का प्रभाव नहीं पडा। शुद्ध सस्कृत शब्दों के कई उदाहरण पहले दिखाये जा चुके हैं दो चार और दिखाने पर्याप्त होंगे। परमेश्वर के लिये तामिल साहित्य में कहीं-कहीं अकायम् शब्द का प्रयोग है जैसे कि इस तामिल कोष में बताया गया है और उस का अर्थ शरीर रहित परमेश्वर दिया है। परमेश्वर के लिये अकारी शब्द का भी कहीं-कहीं प्रयोग पाया जाता है क्योंकि वह स्वार्थपूर्ण क्रिया से रहित होने के कारण कर्ता होते हुए भी अकारी है। तामिल कोष में इस का अर्थ परमेश्वर दिया है। अकारणम् यह शब्द स० अकारणम् के ठीक समान है जिसका अर्थ तामिल कोष में Accident अथवा आकस्मिक दुर्घटना दिया है ठीक सस्कृत के समान अकारुण्यम् शब्द का निर्दयता के अर्थ में प्रयोग है। थोडे से नाममात्र भेद के साथ जो संस्कृत के सुन्दर शब्द तामिल साहित्य में विद्यमान हैं उन में से निम्नलिखित कुछ शब्दों का निर्देश इस प्रकरण में विशेष रूप से महत्त्वपूर्ण और मनोरंजक होगा।

तामिल में प्रचलित	सस्कृत मूल	अर्थ
अकटना कटन सामरत्तियम्	अघटना घटनसामर्थ्यम्	असम्भव सी घटना को भी संभव करनें की शक्ति
अकण्टाकार ज्ञानम्	अखण्डाकार ज्ञानम्	सर्वज्ञता
अकण्टाकार विरुत्ति	अखण्डाकार वृत्तिः	आध्यात्मिक अभीप्सा
अकत कारन्	अगदकारः—वैद्य	नीरोग कर देने वाला वैद्य
अकम्	अघम्	पाप—आसक्ति, घृणादि
अकम् पिरमम्	अहं परम्	अहङ्कार व अभिमान
अकर्मकर्तरिप्पिरयोगम्	अकर्मकर्तरि प्रयोगः	व्याकरण में धातु का अकर्मक प्रयोग
अकिलप्पिरकासन्	अखिल प्रकाशः	जिस का प्रकाश सब जगह फैला हुआ हो—सुप्रसिद्ध

elibrary.kreeyasansthan.org

अर्थात् 'तोल्काप्यम् नामक तामिल व्याकरण का लेखक तोल्काप्पियनार् वेदों, धर्मशास्त्रों, कामसूत्र, अलङ्कार साहित्य, नाट्यशास्त्र के मूलस्रोत, प्रातिशाख्यों तथा संस्कृत साहित्य के व्याकरण, निरुक्तादि ग्रन्थो से भलीभांति परिचित और इन में निपुण था।

ऐसी अवस्था में यह स्पष्टतया सिद्ध किया जा सकता है कि केवल कुछ शब्दो में मेल के कारण ही नहीं किन्तु व्याकरण, ध्वनि, रूप रचना और वाक्य रचनादि की दृष्टि से भी सस्कृत के साथ तामिल तथा दक्षिण की अन्य भाषाओं का विशेष सम्बन्ध है।

अन्य दाक्षिणात्य वैय्याकरणो का मत

१२ वीं शताब्दी के कन्नड भाषा के व्याकरण प्रणेता नाग वर्मा ने तामिल, तेलुगु और कन्नड को सस्कृत माता की पुत्री बताया। १३ वीं शताब्दी के तेलुगु भाषा के व्याकरण प्रणेता केतन ने लिखा है कि सस्कृत सब भाषाओं की माता है। १४ वीं शताब्दी के लीला तिलक नामक मलयालम व्याकरण के सस्कृत में रचयिता ने लिखा—

"इह तावत् सस्कृतमनादि, अन्यदादिमत्; तस्य सस्कृतात् प्रभवः स्यात्, तत्र प्रकृतित्वेन स्थित सस्कृतं क्वचिदूहविषयो भवति, क्वचिदत्यन्ततिरोभावादूहो न शक्यते, तत्र रूढत्वमुच्यते अन्यत्र संस्कृतभवत्वम्॥"

लीलातिलकम् पृ० १३।

अर्थात् स कृत अनादि है और सब भाषाएं आदिवाली हैं इस लिये उन की सस्कृत से उत्पत्ति है। कहीं वह दूसरी भाषा का शब्द स्पष्ट सस्कृत से निकला प्रतीत होता है और कहीं उस के मूल पर ऊह अथवा विचार करने की आवश्यकता हो जाती है। जहा ऐसा ऊह करना कठिन हो वहां उसे रूढ़ मानना चाहिये और स्थानों पर सस्कृत से उद्भूत। इस के बहुत से उदाहरण लीलातिलक कार ने दिये हैं।

'Heritage of India' Series में प्रकाशित 'A History of Telugu Literature' नामक तेलुगु साहित्य के इतिहास के लेखको ने भी स्पष्ट स्वीकार किया है कि—

'An analysis of Telugu as it has been for centuries confirms the traditional view that Telugu is derived from Sanskrit' P. 16.

अर्थात् तेलुगु भाषा (जैसे कि गत अनेक शताब्दियों से प्रचलित रही रही है) के विश्लेषण से इस परम्परागत विचार की पुष्टि होती है कि तेलुगु सस्कृत से निकली है।

डा० नारायण राव ने 'History of the Telugu Language' (तेलुगु भाषा का इतिहास) नामक अपने वृहद् ग्रन्थ में भी यही विचार प्रकट किया है कि—

अर्थात् तोल्काप्यम् नामक तामिल व्याकरण का लेखक तोल्काप्पियनार् वेदों, धर्मशास्त्रों, कामसूत्र, अलङ्कार साहित्य, नाट्यशास्त्र के मूलस्रोत, प्रातिशाख्यों तथा संस्कृत साहित्य के व्याकरण, निरुक्तादि ग्रन्थो से भलीभांति परिचित और इन में निपुण था।

ऐसी अवस्था में यह स्पष्टतया सिद्ध किया जा सकता है कि केवल कुछ शब्दो में मेल के कारण ही नहीं किन्तु व्याकरण, ध्वनि, रूप रचना और वाक्य रचनादि की दृष्टि से भी सस्कृत के साथ तामिल तथा दक्षिण की अन्य भाषाओं का विशेष सम्बन्ध है।

अन्य दाक्षिणात्य वैय्याकरणो का मत

१२ वीं शताब्दी के कन्नड भाषा के व्याकरण प्रणेता नाग वर्मा ने तामिल, तेलुगु और कन्नड को सस्कृत माता की पुत्री बताया। १३ वीं शताब्दी के तेलुगु भाषा के व्याकरण प्रणेता केतन ने लिखा है कि सस्कृत सब भाषाओं की माता है। १४ वीं शताब्दी के लीला तिलक नामक मलयालम व्याकरण के सस्कृत में रचयिता ने लिखा—

"इह तावत् सस्कृतमनादि, अन्यदादिमत्; तस्य सस्कृतात् प्रभवः स्यात्, तत्र प्रकृतित्वेन स्थित सस्कृतं क्वचिदूहविषयो भवति, क्वचिदत्यन्ततिरोभावादूहो न शक्यते, तत्र रूढत्वमुच्यते अन्यत्र संस्कृतभवत्वम्॥"

लीलातिलकम् पृ० १३।

अर्थात् स कृत अनादि है और सब भाषाएं आदिवाली हैं इस लिये उन की सस्कृत से उत्पत्ति है। कहीं वह दूसरी भाषा का शब्द स्पष्ट सस्कृत से निकला प्रतीत होता है और कहीं उस के मूल पर ऊह अथवा विचार करने की आवश्यकता हो जाती है। जहा ऐसा ऊह करना कठिन हो वहां उसे रूढ़ मानना चाहिये और स्थानों पर सस्कृत से उद्भूत। इस के बहुत से उदाहरण लीलातिलक कार ने दिये हैं।

'Heritage of India' Series में प्रकाशित 'A History of Telugu Literature' नामक तेलुगु साहित्य के इतिहास के लेखको ने भी स्पष्ट स्वीकार किया है कि—

'An analysis of Telugu as it has been for centuries confirms the traditional view that Telugu is derived from Sanskrit' P. 16.

अर्थात् तेलुगु भाषा (जैसे कि गत अनेक शताब्दियों से प्रचलित रही रही है) के विश्लेषण से इस परम्परागत विचार की पुष्टि होती है कि तेलुगु सस्कृत से निकली है।

डा० नारायण राव ने 'History of the Telugu Language' (तेलुगु भाषा का इतिहास) नामक अपने वृहद् ग्रन्थ में भी यही विचार प्रकट किया है कि—

का स्मरण आये विना नहीं रह सकता। हमारा विश्वास है कि लेखक ने इन ग्रन्थो को अवश्य पढा या सुना होगा तथा उन की इन ग्रन्थों और ऋषि पुनियो में वडी श्रद्धा रही होगी। बहुत स्थानो पर त्रिक्कुरल में वेदादि के उपदेशो का स्पष्ट अनुवाद प्रतीत होता है। उदाहरणार्थ निम्न वाक्यो को देखिये।

(१) तप की महिमा वताते हुए तिरुवल्लुवार कहते हैं—

देखो जिन लोगो ने तप कर के शक्ति और सिद्धि प्राप्त कर ली है वे मृत्यु को जीतने में भी सफल हो सकते हैं। —तामिल वेद पृ० ३६।

यह स्पष्टतया 'ब्रह्मचर्येण तपसा देवा मृत्युमपाघ्नत' (अथर्व० ६. १८) इस वेद मन्त्र का अनुवाद है जिस में कहा गया है कि ब्रह्मचर्य और तप से विद्वान् लोग मृत्यु पर भी विजय प्राप्त कर लेते हैं।

(२) त्याग के विषय में तामिल वेद में लिखा है—

त्याग से अनेकों प्रकार के सुख उत्पन्न होते हैं, इस लिये अगर तुम उन्हे अधिक समय तक भोगना चाहो तो शीघ्र त्याग करो। —तामिल वेद पृ० ४८।

यह "तेन त्यक्तेन भुजीथा." यजु० ४० १ का अनुवाद है।

(३) शिक्षा के विषय में तामिल वेद में लिखा है—

प्राप्त करने योग्य जो ज्ञान है उसे सम्पूर्ण रूप से प्राप्त करना चाहिये और उसे प्राप्त करने के पश्चात् उस के अनुसार व्यवहार करना चाहिये।" —तामिल वेद पृ० ५६।

यह मन्त्र "मन्त्रश्रुत्यं चरामसि" (सामवेद म १७६) अथवा "मय्येवास्तु मयि श्रुतम्" (अथर्व० १. १. २) का भावानुवाद है जिन में वेद ज्ञान को प्राप्त कर के उस के अनुसार आचरण करने और उसे इस प्रकार अपने अन्दर धारण करने का उपदेश दिया गया है।

(४) सत्य की महिमा वर्णन करते हुए तामिल वेद में लिखा है—

मैंने इस ससार में बहुत सी चीजे देखी हैं मगर मैंने जो चीजें देखी हैं उन में सत्य से बढ़ कर उच्च और कोई चीज नहीं। —तामिल वेद पृ० ४३।

यह स्पष्टतया "नास्ति सत्यात्परो धर्मः" अर्थात् सत्य से बडा कोई धर्म नहीं इस का अनुवाद मात्र है। शान्तिपर्व १६२ १२४।

(५) सत्य के विषय में यह वचन कि सच्चाई क्या है? जिस से दूसरों को किसी तरह का जरा भी नुकसान न पहुचे उस बात को बोलना ही सच्चाई है।

—तामिल वेद पृ० ४१।

महाभारत वनपर्व २०८ ४ के "यद् भूतहितमत्यन्त तत्सत्यमिति धारणा।" अथवा योगदर्शन २ ३० के व्यास भाष्य के 'तस्मात् परीक्ष्य सर्वभूतहित सत्य ब्रूयात्' का स्मरण कराता है और उन्हीं का अनुवाद प्रतीत होता है जिन में कहा है कि जिस से सब प्राणियो

library.thearyasamaj.org

का स्मरण आये विना नहीं रह सकता। हमारा विश्वास है कि लेखक ने इन ग्रन्थो को अवश्य पढा या सुना होगा तथा उन की इन ग्रन्थों और ऋषि पुनियो में वडी श्रद्धा रही होगी। बहुत स्थानो पर त्रिक्कुरल में वेदादि के उपदेशो का स्पष्ट अनुवाद प्रतीत होता है। उदाहरणार्थ निम्न वाक्यो को देखिये।

(१) तप की महिमा वताते हुए तिरुवल्लुवार कहते हैं—

देखो जिन लोगो ने तप कर के शक्ति और सिद्धि प्राप्त कर ली है वे मृत्यु को जीतने में भी सफल हो सकते हैं। —तामिल वेद पृ० ३६।

यह स्पष्टतया 'ब्रह्मचर्येण तपसा देवा मृत्युमपाघ्नत' (अथर्व० ६. १८) इस वेद मन्त्र का अनुवाद है जिस में कहा गया है कि ब्रह्मचर्य और तप से विद्वान् लोग मृत्यु पर भी विजय प्राप्त कर लेते हैं।

(२) त्याग के विषय में तामिल वेद में लिखा है—

त्याग से अनेकों प्रकार के सुख उत्पन्न होते हैं, इस लिये अगर तुम उन्हे अधिक समय तक भोगना चाहो तो शीघ्र त्याग करो। —तामिल वेद पृ० ४८।

यह "तेन त्यक्तेन भुजीथा." यजु० ४० १ का अनुवाद है।

(३) शिक्षा के विषय में तामिल वेद में लिखा है—

प्राप्त करने योग्य जो ज्ञान है उसे सम्पूर्ण रूप से प्राप्त करना चाहिये और उसे प्राप्त करने के पश्चात् उस के अनुसार व्यवहार करना चाहिये।" —तामिल वेद पृ० ५६।

यह मन्त्र "मन्त्रश्रुत्यं चरामसि" (सामवेद म १७६) अथवा "मय्येवास्तु मयि श्रुतम्" (अथर्व० १. १. २) का भावानुवाद है जिन में वेद ज्ञान को प्राप्त कर के उस के अनुसार आचरण करने और उसे इस प्रकार अपने अन्दर धारण करने का उपदेश दिया गया है।

(४) सत्य की महिमा वर्णन करते हुए तामिल वेद में लिखा है—

मैंने इस ससार में बहुत सी चीजे देखी हैं मगर मैंने जो चीजें देखी हैं उन में सत्य से बढ़ कर उच्च और कोई चीज नहीं। —तामिल वेद पृ० ४३।

यह स्पष्टतया "नास्ति सत्यात्परो धर्मः" अर्थात् सत्य से बडा कोई धर्म नहीं इस का अनुवाद मात्र है। शान्तिपर्व १६२ १२४।

(५) सत्य के विषय में यह वचन कि सच्चाई क्या है? जिस से दूसरों को किसी तरह का जरा भी नुकसान न पहुचे उस बात को बोलना ही सच्चाई है।

—तामिल वेद पृ० ४१।

महाभारत वनपर्व २०८ ४ के "यद् भूतहितमत्यन्त तत्सत्यमिति धारणा।" अथवा योगदर्शन २ ३० के व्यास भाष्य के 'तस्मात् परीक्ष्य सर्वभूतहित सत्य ब्रूयात्' का स्मरण कराता है और उन्हीं का अनुवाद प्रतीत होता है जिन में कहा है कि जिस से सब प्राणियो

library.thearyasamaj.org

जो मनुष्य अपनी इन्द्रियों को उसी तरह अपने में खेंच कर रखता है जिस तरह कछुआ अपने हाथ पाव को खींच कर भीतर छिपा लेता है, उस ने अपने समस्त आगामी जन्मों के लिये खजाना जमा कर रखा है। —तामिल वेद पृ० २०।

यह उपमा स्पष्टतया भगवद्गीता के 'यदा सहरते चाय कूर्मोऽङ्गानीव सर्वश । इन्द्रियाणीन्द्रियार्थेभ्य., तस्य प्रज्ञाप्रतिष्ठिता ॥ —गीता २ ५८

इस श्लोक से ली हुई है जिस में स्थितप्रज्ञ का लक्षण करते हुए कहा है कि जब मनुष्य अपनी इन्द्रियो को बाह्य विषयों से ऐसे अन्दर की ओर खेंच लेता है जैसे कि कछुआ अपने अङ्गो को, तब उस की बुद्धि स्थिर होती है।

(११) श्री तिरुवल्लुवार् की यह उक्ति कि—

घमण्ड में चूर हो कर जिन्होने तुम्हे हानि पहुचाई है उन्हे अपनी भलमनसाहत से विजय कर लो, विदुर नीति तथा महाभारत के 'अक्रोधेन जयेत्क्रोधम्, असाधु साधुना जयेत् । जयेत्कदर्यं दानेन, जयेत्सत्येन चानृतम् ॥ उद्योगपर्व ७१ ५६ तथा न पापे प्रतिपाप. स्यात्, साधुरेव सदा भवेत् ॥ वनपर्व २०६. ४४।

इत्यादि से ली हुई प्रतीत होती है। जिन का अभिप्राय यह है कि क्रोध को अक्रोध से, दुर्जन को सज्जनता से, कृपण को दान से और असत्य को सत्य से जीतना चाहिये। पापी के प्रति भी पापी नहीं बनना चाहिये प्रत्युत सदा साधु ही बने रहना चाहिये।

(१२) निरामिष भोजन के विषय में श्री तिरुवल्लुवार् के निम्न प्रकार के उपदेश अत्युत्तम हैं जिन में उन्होंने कहा है—

१ भला उस के दिल में तरस कैसे आएगा जो अपना मास बढ़ाने को खातिर दूसरो का मांस खाता है ?

२. फिजूल खर्च करने वाले के पास जैसे धन नहीं ठहरता ठीक इसी तरह मास खाने वाले के हृदय में दया नहीं रहती।

३. जीवो की हत्या करना निस्सन्देह क्रूरता है, मगर उन का मांस खाना तो एक दम पाप है।

४. अगर दुनिया खाने के लिये मास की कामना न करे तो उसे बेचने वाला कोई आदमी ही न रहेगा।

५. अगर मनुष्य दूसरे प्राणियों की पीडा और यन्त्रणा को एक बार समझ सके, तो फिर वह कभी मास खाने की इच्छा न करे।

६ जानदारो को मारने और खाने से परहेज करना सैकडो यज्ञो में बलि अथवा आहुति देने से बढ़ कर है।

७ देखो ! जो पुरुष हिंसा नहीं करता और मांस खाने से परहेज करता है, सारा ससार हाथ जोड कर उस का सन्मान करता है। —तामिल वेद पृ० ३७–३८।

महाभारत, गीता तथा योगदर्शनादि से लिये गये हैं। उन के लिये मौलिकता का दावा करना संस्कृत साहित्य से अपनी नितान्त अनभिज्ञता प्रकट करना है।

वह पुरुष धन्य है, जिस ने गम्भीरता पूर्वक स्वाध्याय किया है और सत्य को पा लिया है। —तामिल वेद पृ० ५०।

इत्यादि वाक्यों में निर्दिष्ट स्वाध्याय से वेदादि का स्वाध्याय अभीष्ट प्रतीत होता है 'वेद भी अगर विस्मृत हो जाए तो फिर याद कर लिये जा सकते हैं, मगर सदाचार से यदि एक वार भी मनुष्य स्खलित हो गया तो सदा के लिये अपने स्थान से भ्रष्ट हो जाता है। —तामिल वेद पृ० २२।

इत्यादि वाक्यों में भी वेदों को स्मरण करना उत्तम माना गया है। ऋषि महर्षियों के प्रति 'त्रिक्कुरल' के लेखक की अगाध श्रद्धा निम्न प्रकार के अनेक वचनों द्वारा प्रकट होती है—

यदि आत्मिक शक्ति से परिपूर्ण ऋषिगण तुम पर क्रुद्ध हैं तो विविध प्रकार के आनन्दोच्छ्वास से उल्लसित तुम्हारा जीवन और समस्त ऐश्वर्य से पूर्ण तुम्हारा धन कहा होगा? तामिल वेद पृ० १५।

वह महान् देश है जो फसल की पैदावार में कभी नहीं चूकता और जो ऋषि मुनियों तथा धार्मिक धनिकों का निवास स्थान हो। —तामिल वेद पृ० ९६।

इस प्रकार यह स्पष्ट है कि द्राविडों के परम मान्य (जिन्हें वे महर्षि तक की उच्च पदवी से सन्मानित करते हैं) श्री तिरुवल्लुवार् आर्यधर्म, आर्य साहित्य और आर्य संस्कृति से अत्यधिक प्रभावित थे। यह सर्वसम्मत है कि इन का प्रभाव दक्षिण भारत के साहित्य पर बहुत अधिक पडा।

द्राविड सभ्यता की देन

वैदिक एज् के लेखकों ने द्राविड सभ्यता को श्रेष्ठ बताने और आर्य सभ्यता को हीन दिखाने का प्रयत्न स्थान-स्थान पर किया प्रतीत होता है। पृ० १५४ पर लिखा है—

These Dravidian-speaking mediterranean people in India were responsible for cities and a city culture—for a real civilisation, in the true sense of the word including international trade." —Vedic Age P. 154.

ये द्राविड भाषा भाषी थे जो नगरों और नागरिक संस्कृति के लिये अथवा सच्चे अर्थों में सभ्यता के लिये उत्तरदाता थे। पर यह बात उन के द्राविड़ सभ्यता के प्रति पक्षपात को छोड कर और कुछ सूचित नहीं करती। प्रथम तो यह बात सर्वथा सन्दिग्ध है कि हारप्पा और माहनजोदारो की सभ्यता द्राविडों से ही प्रधानतया प्रभावित थी क्योंकि

महाभारत, गीता तथा योगदर्शनादि से लिये गये हैं। उन के लिये मौलिकता का दावा करना संस्कृत साहित्य से अपनी नितान्त अनभिज्ञता प्रकट करना है।

वह पुरुष धन्य है, जिस ने गम्भीरता पूर्वक स्वाध्याय किया है और सत्य को पा लिया है। —तामिल वेद पृ० ५०।

इत्यादि वाक्यों में निर्दिष्ट स्वाध्याय से वेदादि का स्वाध्याय अभीष्ट प्रतीत होता है 'वेद भी अगर विस्मृत हो जाए तो फिर याद कर लिये जा सकते हैं, मगर सदाचार से यदि एक बार भी मनुष्य स्खलित हो गया तो सदा के लिये अपने स्थान से भ्रष्ट हो जाता है। —तामिल वेद पृ० २२।

इत्यादि वाक्यों में भी वेदों को स्मरण करना उत्तम माना गया है। ऋषि महर्षियों के प्रति 'त्रिक्कुरल' के लेखक की अगाध श्रद्धा निम्न प्रकार के अनेक वचनों द्वारा प्रकट होती है—

यदि आत्मिक शक्ति से परिपूर्ण ऋषिगण तुम पर क्रुद्ध हैं तो विविध प्रकार के आनन्दोच्छ्वास से उल्लसित तुम्हारा जीवन और समस्त ऐश्वर्य से पूर्ण तुम्हारा धन कहा होगा? तामिल वेद पृ० १५।

वह महान् देश है जो फसल की पैदावार में कभी नहीं चूकता और जो ऋषि मुनियों तथा धार्मिक धनिकों का निवास स्थान हो। —तामिल वेद पृ० ९६।

इस प्रकार यह स्पष्ट है कि द्राविडों के परम मान्य (जिन्हें वे महर्षि तक की उच्च पदवी से सन्मानित करते हैं) श्री तिरुवल्लुवार् आर्यधर्म, आर्य साहित्य और आर्य संस्कृति से अत्यधिक प्रभावित थे। यह सर्वसम्मत है कि इन का प्रभाव दक्षिण भारत के साहित्य पर बहुत अधिक पडा।

द्राविड सभ्यता की देन

वैदिक एज् के लेखकों ने द्राविड सभ्यता को श्रेष्ठ बताने और आर्य सभ्यता को हीन दिखाने का प्रयत्न स्थान-स्थान पर किया प्रतीत होता है। पृ० १५४ पर लिखा है—

These Dravidian-speaking mediterranean people in India were responsible for cities and a city culture—for a real civilisation, in the true sense of the word including international trade." —Vedic Age P. 154.

ये द्राविड भाषा भाषी थे जो नगरों और नागरिक संस्कृति के लिये अथवा सच्चे अर्थों में सभ्यता के लिये उत्तरदाता थे। पर यह बात उन के द्राविड़ सभ्यता के प्रति पक्षपात को छोड कर और कुछ सूचित नहीं करती। प्रथम तो यह बात सर्वथा सन्दिग्ध है कि हारप्पा और माहनजोदारो की सभ्यता द्राविडों से ही प्रधानतया प्रभावित थी क्योंकि

अयोध्या नाम नगरी, तत्रासील्लोकविश्रुता ।
मनुना मानवेन्द्रेण, या पुरी निर्मिता स्वयम् ॥
राजमार्गेण महता, सुविभक्तेन शोभिता ।
मुक्त पुष्पावकीर्णेन, जलसिक्तेन नित्यशः ॥
गृहगाढामविच्छिन्ना, समभूमौ निवेशिताम् ।
कपाटतोरणवतीं, सुविभक्तान्तरापणाम् ॥
उच्चाट्टालध्वजवतीं, शतघ्नीशतसकुलाम् ।
प्रासादै रत्न विकृतैं, पर्वतैरिव शोभिताम् ॥
उद्यानाम्रवणोपेतां, महतीं सालमेखलाम् ।
सर्वरत्नसमाकीर्णां, विमानगृहशोभिताम् ॥
चित्रामष्टापदाकारां, वरनारीगणैर्युताम् ।
दुर्गगम्भीरपरिखा, दुर्गामन्यैर्दुरासदाम् ॥
सर्वयन्त्रायुधवतीम्, उषितां सर्वशिल्पिभिः ।
वाजि वारण सपूर्णां, गोभिरुष्ट्रै खरैस्तथा ॥
सामन्तराजसघैश्च, बलिकर्मभिरावृताम् ।
नानादेशनिवासैश्च, वणिग्भिरुपशोभिताम् ॥
सूतमागधसबाधां, श्रीमतीमतुलप्रभाम् ।
वधूनाटकसघैश्च, संयुक्ता सर्वतः पुरीम् ॥
तां तु राजा दशरथो महाराष्ट्रविवर्धनः ।
पुरीमावासयामास, दिवि देवपतिर्यथा ॥

—बा० रामायण १. ६ ।

अर्थात् अयोध्या नाम की जगद्विख्यात नगरी थी जिस को स्वय महाराज मनु ने बनवाया था । उस में बडे चौडे २ राजमार्ग बने हुए थे जिन पर प्रतिदिन छिडकाव होता था । रत्नों से जटिल पर्वतों की तरह महलों से वह नगरी शोभित थी । सब जगह तोरण-ध्वजादि लगे हुए थे । वहां बाजार आदि उत्तमता से बने हुए थे । सैकडों तोपें वहा थीं । आमों के बडे २ बाग चारों ओर थे और साल के वृक्ष बडी सख्या में लगे हुए थे । विमान गृहों से वह शोभित थी किले के चारों ओर खाई खुदी हुई थी और इस प्रकार शत्रु उस पर सुगमता से आक्रमण न कर सकते थे । सब प्रकार के यन्त्र और अस्त्रशस्त्र वहा रखे हुए थे और सब प्रकार के शिल्पी उस में निवास करते थे । हाथी, घोड़े, गौ, ऊट, गधे

अयोध्या नाम नगरी, तत्रासील्लोकविश्रुता ।
मनुना मानवेन्द्रेण, या पुरी निर्मिता स्वयम् ॥
राजमार्गेण महता, सुविभक्तेन शोभिता ।
मुक्त पुष्पावकीर्णेन, जलसिक्तेन नित्यशः ॥
गृहगाढामविच्छिन्ना, समभूमौ निवेशिताम् ।
कपाटतोरणवतीं, सुविभक्तान्तरापणाम् ॥
उच्चाट्टालध्वजवतीं, शतघ्नीशतसकुलाम् ।
प्रासादै रत्न विकृतैं, पर्वतैरिव शोभिताम् ॥
उद्यानाम्रवणोपेतां, महतीं सालमेखलाम् ।
सर्वरत्नसमाकीर्णां, विमानगृहशोभिताम् ॥
चित्रामष्टापदाकारां, वरनारीगणैर्युताम् ।
दुर्गगम्भीरपरिखा, दुर्गामन्यैर्दुरासदाम् ॥
सर्वयन्त्रायुधवतीम्, उषितां सर्वशिल्पिभिः ।
वाजि वारण सपूर्णां, गोभिरुष्ट्रै खरैस्तथा ॥
सामन्तराजसघैश्च, बलिकर्मभिरावृताम् ।
नानादेशनिवासैश्च, वणिग्भिरुपशोभिताम् ॥
सूतमागधसबाधां, श्रीमतीमतुलप्रभाम् ।
वधूनाटकसघैश्च, संयुक्ता सर्वतः पुरीम् ॥
तां तु राजा दशरथो महाराष्ट्रविवर्धनः ।
पुरीमावासयामास, दिवि देवपतिर्यथा ॥

—बा० रामायण १. ६ ।

अर्थात् अयोध्या नाम की जगद्विख्यात नगरी थी जिस को स्वय महाराज मनु ने बनवाया था । उस में बडे चौडे २ राजमार्ग बने हुए थे जिन पर प्रतिदिन छिडकाव होता था । रत्नों से जटिल पर्वतों की तरह महलों से वह नगरी शोभित थी । सब जगह तोरण-ध्वजादि लगे हुए थे । वहां बाजार आदि उत्तमता से बने हुए थे । सैकडों तोपें वहा थीं । आमों के बडे २ बाग चारों ओर थे और साल के वृक्ष बडी सख्या में लगे हुए थे । विमान गृहों से वह शोभित थी किले के चारों ओर खाई खुदी हुई थी और इस प्रकार शत्रु उस पर सुगमता से आक्रमण न कर सकते थे । सब प्रकार के यन्त्र और अस्त्रशस्त्र वहा रखे हुए थे और सब प्रकार के शिल्पी उस में निवास करते थे । हाथी, घोड़े, गौ, ऊट, गधे

था। कहीं दुष्ट और व्यभिचारी परस्त्रीसङ्ग करने वाले पुरुष का चिन्ह तक वहां दिखाई न देता था। इस प्रकार वह अयोध्या का नगर और सारा राष्ट्र अत्यन्त शान्ति से युक्त था।

महाभारत में इन्द्रप्रस्थादि का जो आश्चर्यजनक वर्णन पाया जाता है उस का ग्रन्थ-विस्तार भय से यहा उल्लेख नहीं किया जा सकता। किन्तु इतना लिखना पर्याप्त है कि इस प्रकार के वर्णनों से वैदिक एज् के लेखको की इस कथन की अयथार्थता सिद्ध होती है कि नगर निर्माण विद्या और नागरिक सभ्यता द्राविड भाषा भाषियों की देन है। इन द्राविड लोगो के विषय में कहा जाता है कि ये समुद्रों की यात्रा जहाजों के द्वारा करते हुए अन्य देशों से व्यापार करते थे। यह अच्छी बात है किन्तु जहाजों में केवल द्राविड लोग यात्रा और व्यापार करते थे इस का कोई प्रमाण नहीं। वेदों में जहाजो का वर्णन—

अनारम्भणे तदवीरयेथामनास्थाने अग्रभणे समुद्रे।
यदश्विना ऊहथुर्भुज्युमस्त शतारित्रा नावमास्तस्थिवासम्॥
ऋग्० ८ ८ ५।

सुत्रामाणं पृथिवीं द्यामनेहसं सुशर्माणमदितिं सुप्रणीतिम्।
दैवीं नाव स्वरित्रामनागसमस्रवन्तीमारुहेमा स्वस्तये॥
ऋग्० १० ६३. १०।

इत्यादि अनेक मन्त्रों में है। सो चप्पू वाली नौ छोटी नौका नहीं हो सकती। गहरे समुद्र में चलने वाली नौ जहाज ही हो सकता है। वेद के आदेशानुसार आर्य लोग भी जहाजों में समुद्र की यात्रा और व्यापार किया करते थे जैसे कि सुप्रसिद्ध ऐतिहासिक डा० राधा कुमुद मुखर्जी ने Shipping in Ancient India नामक पुस्तक में सप्रमाण बताया है। अतः इसे द्राविडों की ही मौलिक देन कहना एक भूल है।

जहां तक धर्म और समाज के क्षेत्र में द्राविडो की देन का प्रश्न है स्वय द्राविड लेखकों के उदाहरण रूपेण Origin and Spread of the Tamils के लेखक श्री रामचन्द्र दीक्षितार् और The Ancient Dravidians के लेखक श्री टी० आर्० शेष आयगार् एम० ए० के अनुसार ये निम्नलिखित हैं—

(१) माता के रूप में देवी की पूजा (The worship of the mother goddess) काली, भद्रकाली, भगवती, अम्मां, दुर्गा इत्यादि के रूप में जो पूजा प्रचलित है वह द्राविडों ने चलाई। वह पूजा मांसमद्यमीनादि के द्वारा तन्त्रग्रन्थों में बताई गई जैसे कि कुलार्णव तन्त्र में लिखा है—

मद्यमांसविहीनेन, न कुर्यात्पूजन शिवे।
न तुष्यामि वरारोहे, भगलिङ्गामृतं विना॥

था। कहीं दुष्ट और व्यभिचारी परस्त्रीसङ्ग करने वाले पुरुष का चिन्ह तक वहां दिखाई न देता था। इस प्रकार वह अयोध्या का नगर और सारा राष्ट्र अत्यन्त शान्ति से युक्त था।

महाभारत में इन्द्रप्रस्थादि का जो आश्चर्यजनक वर्णन पाया जाता है उस का ग्रन्थ-विस्तार भय से यहा उल्लेख नहीं किया जा सकता। किन्तु इतना लिखना पर्याप्त है कि इस प्रकार के वर्णनों से वैदिक एज् के लेखको की इस कथन की अयथार्थता सिद्ध होती है कि नगर निर्माण विद्या और नागरिक सभ्यता द्राविड भाषा भाषियों की देन है। इन द्राविड लोगो के विषय में कहा जाता है कि ये समुद्रों की यात्रा जहाजों के द्वारा करते हुए अन्य देशों से व्यापार करते थे। यह अच्छी बात है किन्तु जहाजों में केवल द्राविड लोग यात्रा और व्यापार करते थे इस का कोई प्रमाण नहीं। वेदों में जहाजो का वर्णन—

अनारम्भणे तदवीरयेथामनास्थाने अग्रभणे समुद्रे।
यदश्विना ऊहथुर्भुज्युमस्त शतारित्रा नावमास्तस्थिवासम्॥
ऋग्० ८ ८ ५।

सुत्रामाणं पृथिवीं द्यामनेहसं सुशर्माणमदितिं सुप्रणीतिम्।
दैवीं नाव स्वरित्रामनागसमस्रवन्तीमारुहेमा स्वस्तये॥
ऋग्० १० ६३. १०।

इत्यादि अनेक मन्त्रों में है। सो चप्पू वाली नौ छोटी नौका नहीं हो सकती। गहरे समुद्र में चलने वाली नौ जहाज ही हो सकता है। वेद के आदेशानुसार आर्य लोग भी जहाजों में समुद्र की यात्रा और व्यापार किया करते थे जैसे कि सुप्रसिद्ध ऐतिहासिक डा० राधा कुमुद मुखर्जी ने Shipping in Ancient India नामक पुस्तक में सप्रमाण बताया है। अतः इसे द्राविडों की ही मौलिक देन कहना एक भूल है।

जहां तक धर्म और समाज के क्षेत्र में द्राविडो की देन का प्रश्न है स्वय द्राविड लेखकों के उदाहरण रूपेण Origin and Spread of the Tamils के लेखक श्री रामचन्द्र दीक्षितार् और The Ancient Dravidians के लेखक श्री टी० आर्० शेष आयगार् एम० ए० के अनुसार ये निम्नलिखित हैं—

(१) माता के रूप में देवी की पूजा (The worship of the mother goddess) काली, भद्रकाली, भगवती, अम्मां, दुर्गा इत्यादि के रूप में जो पूजा प्रचलित है वह द्राविडों ने चलाई। वह पूजा मांसमद्यमीनादि के द्वारा तन्त्रग्रन्थों में बताई गई जैसे कि कुलार्णव तन्त्र में लिखा है—

मद्यमांसविहीनेन, न कुर्यात्पूजन शिवे।
न तुष्यामि वरारोहे, भगलिङ्गामृतं विना॥

अपि गुर्ऋत नः' अर्थात् लिङ्ग की पूजा करने वाले कामी व्यसनी पुरुष हमारे यज्ञों में कभी न आए। ऋग्० ७. २१ ५ शिश्न देवा —अन्नह्मचर्या· निरु० ४. ३. १९।

(३) द्राविडों की तीसरी देन वृषभ और नागपूजा की है। मोहनजोदारो में भी लिङ्गपूजा और उस के साथ वृषभ और नाग (बैल और साप) की पूजा प्रचलित होने के प्रमाण पाये गये हैं। इन दोनो पर भी क्या गर्व किया जा सकता है ? ये सब अज्ञान सूचक बातें हैं जिन से किसी व्यक्ति, समाज वा राष्ट्र का भला नहीं हो सकता यद्यपि श्री रामचन्द्र दीक्षितार् ने बडे गर्व के साथ लिखा है कि—

We in South India still worship snakes in the shape of Nagakkal Though it is popular in South India, it is still more popular in Malabar It is connected with the fertility cult. There is still the belief that a barren woman becomes big with a child if she offers proper prayers to the Snake Lord —Origin and Spread of the Tamils P. 47.

अर्थात् हम दक्षिण भारत में नागक्काल (नाग देवता) के रूप में सर्प की पूजा करते हैं। यद्यपि सारे दक्षिण भारत में यह नाग पूजा लोक प्रिय है। मालाबार में तो यह विशेषतया लोकप्रिय है। इस का सन्तानोत्पत्ति से सम्बन्ध माना जाता है। अब तक भी यह विश्वास प्रचलित है कि एक वन्ध्या स्त्री सन्तानवती हो जाती है यदि वह नाग देवता की पूजा करती है।

ऐसे अन्धविश्वास और इस प्रकार की नागादिपूजा को हम तो अत्यन्त हानिकारक तथा अज्ञान सूचक समझते हैं। इस पर क्या कोई गर्व कर सकता है ?

(४) द्राविडो की चतुर्थ देन चन्द्र की पूजा है।

The authors of the early Tamil culture worshipped the moon. —Origin and Spread of the Tamils P. 48.

यह भी अज्ञानसूचक प्रथा है और कुछ नहीं। देवदासी की कुत्सित प्रथा भी द्राविडों की देन है। इसी प्रकार देवी देवताओ को बाल भेंट करने की प्रथा है। प्राय. लेखको ने बताया है कि द्राविडों के सम्पर्क से ये सब प्रथाए बैबोलोन, सुमेरिया, ग्रीस तथा अन्य देशों में भी प्रचलित हुई किन्तु हमें इन में कोई ऐसी बात प्रतीत नहीं होती जिसे वस्तुत. उच्च सभ्यता और ज्ञान की उन्नति का द्योतक माना जाए। ये तो अज्ञान युग की हानिकारक प्रथाएं थीं। वे यदि अन्य देशो में प्रचलित भी हुई तो इन पर क्या हर्ष प्रकट किया जा सकता है ?

हा, एक बात है जिस पर वस्तुतः गर्व किया जा सकता था यदि वह सचमुच ठीक

अपि गुर्ऋत नः' अर्थात् लिङ्ग की पूजा करने वाले कामी व्यसनी पुरुष हमारे यज्ञों में कभी न आए। ऋग्० ७. २१ ५ शिश्न देवा —अन्नह्मचर्या· निरु० ४. ३. १९।

(३) द्राविडों की तीसरी देन वृषभ और नागपूजा की है। मोहनजोदारो में भी लिङ्गपूजा और उस के साथ वृषभ और नाग (बैल और साप) की पूजा प्रचलित होने के प्रमाण पाये गये हैं। इन दोनो पर भी क्या गर्व किया जा सकता है ? ये सब अज्ञान सूचक बातें हैं जिन से किसी व्यक्ति, समाज वा राष्ट्र का भला नहीं हो सकता यद्यपि श्री रामचन्द्र दीक्षितार् ने बडे गर्व के साथ लिखा है कि—

We in South India still worship snakes in the shape of Nagakkal Though it is popular in South India, it is still more popular in Malabar It is connected with the fertility cult. There is still the belief that a barren woman becomes big with a child if she offers proper prayers to the Snake Lord —Origin and Spread of the Tamils P. 47.

अर्थात् हम दक्षिण भारत में नागक्काल (नाग देवता) के रूप में सर्प की पूजा करते हैं। यद्यपि सारे दक्षिण भारत में यह नाग पूजा लोक प्रिय है। मालाबार में तो यह विशेषतया लोकप्रिय है। इस का सन्तानोत्पत्ति से सम्बन्ध माना जाता है। अब तक भी यह विश्वास प्रचलित है कि एक वन्ध्या स्त्री सन्तानवती हो जाती है यदि वह नाग देवता की पूजा करती है।

ऐसे अन्धविश्वास और इस प्रकार की नागादिपूजा को हम तो अत्यन्त हानिकारक तथा अज्ञान सूचक समझते हैं। इस पर क्या कोई गर्व कर सकता है ?

(४) द्राविडो की चतुर्थ देन चन्द्र की पूजा है।

The authors of the early Tamil culture worshipped the moon. —Origin and Spread of the Tamils P. 48.

यह भी अज्ञानसूचक प्रथा है और कुछ नहीं। देवदासी की कुत्सित प्रथा भी द्राविडों की देन है। इसी प्रकार देवी देवताओ को बाल भेंट करने की प्रथा है। प्राय. लेखको ने बताया है कि द्राविडों के सम्पर्क से ये सब प्रथाए बैबोलोन, सुमेरिया, ग्रीस तथा अन्य देशों में भी प्रचलित हुई किन्तु हमें इन में कोई ऐसी बात प्रतीत नहीं होती जिसे वस्तुत. उच्च सभ्यता और ज्ञान की उन्नति का द्योतक माना जाए। ये तो अज्ञान युग की हानिकारक प्रथाएं थीं। वे यदि अन्य देशो में प्रचलित भी हुई तो इन पर क्या हर्ष प्रकट किया जा सकता है ?

हा, एक बात है जिस पर वस्तुतः गर्व किया जा सकता था यदि वह सचमुच ठीक

task of the Indian reformer will be half accomplished is with a true instinct that the great religious movem of India in our day reject the authority of Medi Hinduism and appeal back to the Veda

—The Indian Empire by Sir William Ha 1882 Edi

अर्थात् कट्टरपन्थी हिन्दू दुर्भाग्यवश मध्यकालीन अच्छी बुरी सब प्रथाओं के वेद के प्रमाण का दावा करने का स्वभाव रखते हैं। वास्तविक तथ्य यह है कि ये कालीन प्रथाए जो आधुनिक हिन्दू धर्म का आधारभूत हैं अनार्यों के अन्धकार और आ ज्योति का सयुक्त परिणाम हैं। शक, नाग और तथाकथित आदिनिवासियो ने मानव के प्रति अपनी उपेक्षा और उदासीनता, बहु पतित्व की प्रथा और भय तथा रुधिर की आदि के कारण हिन्दू विधिविधान, हिन्दू धर्म को भयङ्कर बनाना और महिलाओं की को निकृष्ट बनाना, इन पर अपनी गहरी छाप छोडी है। पाश्चात्य विद्वानों के अनुसन सिद्ध कर दिया है कि हिन्दू धर्म के सब से बुरे रूप—सती प्रथा का वेदों में कोई नहीं। जब इस बात को समझ लिया जाएगा कि हिन्दू धर्म के अन्य काले रूप भी वेद आश्रित नहीं अपितु वे आर्य सभ्यता और अनार्य बर्बरता के मध्य एक समझौते का फ हैं, तब सुधारको का आधा काम पूर्ण हो जाएगा। यह एक सच्ची अन्त. प्रतिभा के स कि भारत के महत्त्वपूर्ण आधुनिक आन्दोलन मध्यकालीन हिन्दू धर्म की प्रामाणिकत अस्वीकृत करते हुए वेद के नाम पर अपील करते हैं। यह लिखने की आवश्यकता नहं सर विलियम हन्टर का सकेत मुख्यतया वेदो पर आश्रित आयसमाज के आन्दोल ओर है।

task of the Indian reformer will be half accomplished is with a true instinct that the great religious movem of India in our day reject the authority of Medi Hinduism and appeal back to the Veda

—The Indian Empire by Sir William Ha 1882 Edi

अर्थात् कट्टरपन्थी हिन्दू दुर्भाग्यवश मध्यकालीन अच्छी बुरी सब प्रथाओं के वेद के प्रमाण का दावा करने का स्वभाव रखते हैं। वास्तविक तथ्य यह है कि ये कालीन प्रथाएं जो आधुनिक हिन्दू धर्म का आधारभूत हैं अनार्यों के अन्धकार और आ ज्योति का सयुक्त परिणाम हैं। शक, नाग और तथाकथित आदिनिवासियो ने मानव के प्रति अपनी उपेक्षा और उदासीनता, बहु पतित्व की प्रथा और भय तथा रुधिर की आदि के कारण हिन्दू विधिविधान, हिन्दू धर्म को भयङ्कर बनाना और महिलाओं की को निकृष्ट बनाना, इन पर अपनी गहरी छाप छोडी है। पाश्चात्य विद्वानों के अनुसन्ध सिद्ध कर दिया है कि हिन्दू धर्म के सब से बुरे रूप—सती प्रथा का वेदों में कोई नहीं। जब इस बात को समझ लिया जाएगा कि हिन्दू धर्म के अन्य काले रूप भी वेदं आश्रित नहीं अपितु वे आर्य सभ्यता और अनार्य बर्बरता के मध्य एक समझौते का फ हैं, तब सुधारको का आधा काम पूर्ण हो जाएगा। यह एक सच्ची अन्त. प्रतिभा के स कि भारत के महत्त्वपूर्ण आधुनिक आन्दोलन मध्यकालीन हिन्दू धर्म की प्रामाणिकत अस्वीकृत करते हुए वेद के नाम पर अपील करते हैं। यह लिखने की आवश्यकता नहं सर विलियम हन्टर का सकेत मुख्यतया वेदो पर आश्रित आर्यसमाज के आन्दोल ओर है।

That the tenth Mandala is later in origin than the first nine is however, perfectly certain from the evidence of the language. —Vedic Age P. 229.

अर्थात् दशम मण्डल पीछे बना पहले ९ मण्डलो की अपेक्षा यह बात भाषा की साक्षी से पूर्णतया निश्चित है।

इस के उदाहरण के रूप में जो बातें 'वैदिक एज्' में पृ० ३३९ पर दिखाई गई हैं वे अधिकतर कल्पित हैं। एक ही ग्रन्थकार अपने ग्रन्थ में कई प्रकार की भाषा का प्रयोग कर देता है। कहीं भाषा सरल होती है कहीं उस की अपेक्षा कठिन। वेद तो सभी प्रकार के मनुष्यों के लाभार्थ हैं। उन में कहीं तो 'विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्र तन्न आसुव॥' जैसे अतिसरलार्थक मन्त्र हैं और कहीं ऐसे कठिन कि बडे-बडे बुद्धिमानों को भी उन का वास्तविक अर्थ जानने के लिये मस्तिष्क की पूर्ण शक्ति का प्रयोग करना पडे। ऐसा कोई नियम नहीं कि अमुक प्रकार के शब्द वहा अवश्य आने चाहियें और यदि वे शब्द न आयें तो उसे नवीन समझ लेना चाहिये। वैदिक एज् के लेखक कहते हैं कि दशम मण्डल में लोक, मोघ, विसर्ग, गुप् इत्यादि कई नये शब्द आते हैं जो सिवाय प्रक्षिप्त भागो और बालखिल्य सूक्तो के ऋग्वेद के अन्य भागों में नहीं पाये जाते। जहा वे पाये जाते हैं उन्हें आप अपनी कल्पना से पहले ही प्रक्षिप्त मान लेते हैं जिस के लिये कोई प्रमाण आप के पास नहीं। बालखिल्य सूक्तों पर हम इसी अध्याय में आगे विचार कर के दरशाएगे कि उन्हें प्रक्षिप्त मानने का कोई कारण नहीं।

लोक शब्द ऋग्वेद के अन्य मण्डलो मे

वस्तुत: लोक. यह शब्द दशम मण्डल के अतिरिक्त निम्न स्थानों पर आया है—

ऋग्वेद १ ९३ ६, २ ३० ६, ३. २ ९, ४. १७ १७, ५ ४ ११; ६. २३. ३, ७, ६ ४७ ८, ६ ७३ २, ७ २०. २, ७. ३३ ५, ७ ६० ९, ७ ८४ २, ७ ९९ ४, ८ १०० १२; ९ ९२. ६, 'लोकाः' यह बहुवचनान्त शब्द ऋग्० ९ ११३ ९ 'लोके' यह सप्तमी एक वचन का प्रयोग ऋग्० ३ २९ ८, ५ १. ६; ९ ११३ ७२; इतने स्थलों पर दशम मण्डल के १०. ८५ २४ के अतिरिक्त आये हैं। इन भागों को वैदिक एज् वाले भी प्रक्षिप्त नहीं मानते फिर आश्चर्य है ऐसी अयथार्थ, तथ्य विरुद्ध बात उन्हो ने कैसे लिख दी!

मोघ शब्द अन्य मण्डलो मे

मोघम् का प्रयोग ऋग्वेद के दशम मण्डल के अतिरिक्त सप्तम मण्डल के निम्न मन्त्रों में पाया जाता है यदि—

वाहमनृतदेव आस मोघ वा देवा अप्यूहे अग्ने। ऋग्० ७ १०४. १४।

That the tenth Mandala is later in origin than the first nine is however, perfectly certain from the evidence of the language. —Vedic Age P. 229.

अर्थात् दशम मण्डल पीछे बना पहले ९ मण्डलो की अपेक्षा यह बात भाषा की साक्षी से पूर्णतया निश्चित है।

इस के उदाहरण के रूप में जो बातें 'वैदिक एज्' में पृ० ३३९ पर दिखाई गई हैं वे अधिकतर कल्पित हैं। एक ही ग्रन्थकार अपने ग्रन्थ में कई प्रकार की भाषा का प्रयोग कर देता है। कहीं भाषा सरल होती है कहीं उस की अपेक्षा कठिन। वेद तो सभी प्रकार के मनुष्यों के लाभार्थ हैं। उन में कहीं तो 'विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्र तन्न आसुव॥' जैसे अतिसरलार्थक मन्त्र हैं और कहीं ऐसे कठिन कि बडे-बडे बुद्धिमानों को भी उन का वास्तविक अर्थ जानने के लिये मस्तिष्क की पूर्ण शक्ति का प्रयोग करना पडे। ऐसा कोई नियम नहीं कि अमुक प्रकार के शब्द वहा अवश्य आने चाहियें और यदि वे शब्द न आयें तो उसे नवीन समझ लेना चाहिये। वैदिक एज् के लेखक कहते हैं कि दशम मण्डल में लोक, मोघ, विसर्ग, गुप् इत्यादि कई नये शब्द आते हैं जो सिवाय प्रक्षिप्त भागो और बालखिल्य सूक्तो के ऋग्वेद के अन्य भागों में नहीं पाये जाते। जहा वे पाये जाते हैं उन्हें आप अपनी कल्पना से पहले ही प्रक्षिप्त मान लेते हैं जिस के लिये कोई प्रमाण आप के पास नहीं। बालखिल्य सूक्तों पर हम इसी अध्याय में आगे विचार कर के दरशाएगे कि उन्हें प्रक्षिप्त मानने का कोई कारण नहीं।

लोक शब्द ऋग्वेद के अन्य मण्डलो मे

वस्तुत' लोक. यह शब्द दशम मण्डल के अतिरिक्त निम्न स्थानों पर आया है—

ऋग्वेद १ ९३ ६, २ ३० ६, ३. २ ९, ४. १७ १७, ५ ४ ११; ६. २३. ३, ७, ६ ४७ ८, ६ ७३ २, ७ २०. २, ७. ३३ ५, ७ ६० ९, ७ ८४ २, ७ ९९ ४, ८ १०० १२; ९ ९२. ६, 'लोकाः' यह बहुवचनान्त शब्द ऋग्० ९ ११३ ९ 'लोके' यह सप्तमी एक वचन का प्रयोग ऋग्० ३ २९ ८, ५ १. ६; ९ ११३ ७२; इतने स्थलों पर दशम मण्डल के १०. ८५ २४ के अतिरिक्त आये हैं। इन भागों को वैदिक एज् वाले भी प्रक्षिप्त नहीं मानते फिर आश्चर्य है ऐसी अयथार्थ, तथ्य विरुद्ध बात उन्हो ने कैसे लिख दी!

मोघ शब्द अन्य मण्डलो मे

मोघम् का प्रयोग ऋग्वेद के दशम मण्डल के अतिरिक्त सप्तम मण्डल के निम्न मन्त्रों में पाया जाता है यदि—

वाहमनृतदेव आस मोघ वा देवा अप्यूहे अग्ने। ऋग्० ७ १०४. १४।

हमारा कोई अधिकार नहीं और यह हमारा मूर्खता पूर्ण दुस्साहस है कि हम कहें कि अमुक २ शब्द पहले मण्डलो में क्यों नहीं आये और इस स्थान वा अमुक मण्डल में क्यों आये हैं ? विषय भेद से भी भिन्न-भिन्न प्रकार के शब्दों का प्रयोग किया जाता है इस बात को साधारण लेखक भी जानते हैं।

एक ही लेखक अपने ग्रन्थो में विषय भेद के कारण भिन्न प्रकार और शैली की भाषा का प्रयोग करता है इस के कुछ स्पष्ट उदाहरण नीचे लिखे जाते हैं।

१ पाणिनि के अष्टाध्यायी सूत्रो की भाषा उस के 'जाम्बवती विजय महाकाव्य' की भाषा से भिन्न है।

२ जैमिनीय मीमासा सूत्रों की भाषा का जैमिनीय ब्राह्मण की भाषा से अत्यधिक अन्तर है।

३ शौनक के ऋक् प्रातिशाख्य से शौनकप्रोक्त ऐतरेय आरण्यक के पचम आरण्यक की भाषा भिन्न प्रकार की है।

४. कात्यायन श्रौत सूत्र से कात्यायन स्मृति की भाषा सर्वथा भिन्न है।

ऐसे ही अन्य अनेक उदाहरण दिये जा सकते हैं। वर्तमान काल के सुप्रसिद्ध लेखकों का ही उदाहरण लेना हो तो कहा जा सकता है कि श्री अरविन्द जी के Life Divine की क्लिष्ट भाषा और शैली से The Yoga and its object वा Bases of Yoga आदि की सरल भाषा और शैली में आकाश पाताल का अन्तर है।

पूत्सु, गिर्वणः, विचर्षणि. वीती जैसे प्रयोग इस दशम मण्डल में नहीं पाये जाते जब कि पहले मण्डलों में वे साधारण हैं। तो क्या हुआ ? क्या एक ही प्रकार के शब्दों का सर्वत्र प्रयोग आवश्यक है ? विचर्षणि के स्थान पर यदि प्रचेता या विश्ववेदा· जैसे शब्दों का प्रयोग दशम मण्डल में पाया जाए तो इस से क्या अन्तर पडता है ? विचर्षणि·—यह शब्द पचम और सप्तम मण्डल में भी नहीं तो क्या इस से वे अर्वाचीन सिद्ध हो जाते हैं ? ऐसे ही इन लेखकों की दशम मण्डल की भाषा अन्य मण्डलों से पृथक् होने की कल्पना है जिस में हमें कोई सार प्रतीत नहीं होता। वस्तुत· यह सारी बात ही मैक्डोनल इत्यादि पाश्चात्य लेखकों के ग्रन्थो से ली गई है जिन्हें हिरण्य गर्भ सूक्त, नासदीय सूक्त, श्रद्धासूक्त, मन्युसूक्तादि देख कर आश्चर्य हुआ कि जगली लोग ऐसे आध्यात्मिक दार्शनिक और मनोवैज्ञानिक विषयों पर कैसे विचार प्रकट कर सके अतः यह सब पीछे की उपज होनी चाहिये। भाषा भेद का तो एक बहाना बनाया गया जिस के विषय में सुप्रसिद्ध भारतीय विद्वान् श्री प० सत्यव्रत जो सामश्रमी ने 'त्रयीपरिचय' नामक अपने विद्वत्तापूर्ण ग्रन्थ में ठीक ही लिखा कि—

हमारा कोई अधिकार नहीं और यह हमारा मूर्खता पूर्ण दुस्साहस है कि हम कहें कि अमुक २ शब्द पहले मण्डलो में क्यों नहीं आये और इस स्थान वा अमुक मण्डल में क्यों आये हैं ? विषय भेद से भी भिन्न-भिन्न प्रकार के शब्दों का प्रयोग किया जाता है इस बात को साधारण लेखक भी जानते हैं।

एक ही लेखक अपने ग्रन्थो में विषय भेद के कारण भिन्न प्रकार और शैली की भाषा का प्रयोग करता है इस के कुछ स्पष्ट उदाहरण नीचे लिखे जाते हैं।

१ पाणिनि के अष्टाध्यायी सूत्रो की भाषा उस के 'जाम्बवती विजय महाकाव्य' की भाषा से भिन्न है।

२ जैमिनीय मीमासा सूत्रों की भाषा का जैमिनीय ब्राह्मण की भाषा से अत्यधिक अन्तर है।

३ शौनक के ऋक् प्रातिशाख्य से शौनकप्रोक्त ऐतरेय आरण्यक के पचम आरण्यक की भाषा भिन्न प्रकार की है।

४. कात्यायन श्रौत सूत्र से कात्यायन स्मृति की भाषा सर्वथा भिन्न है।

ऐसे ही अन्य अनेक उदाहरण दिये जा सकते हैं। वर्तमान काल के सुप्रसिद्ध लेखकों का ही उदाहरण लेना हो तो कहा जा सकता है कि श्री अरविन्द जी के Life Divine की क्लिष्ट भाषा और शैली से The Yoga and its object वा Bases of Yoga आदि की सरल भाषा और शैली में आकाश पाताल का अन्तर है।

पूत्सु, गिर्वणः, विचर्षणि. वीती जैसे प्रयोग इस दशम मण्डल में नहीं पाये जाते जब कि पहले मण्डलों में वे साधारण हैं। तो क्या हुआ ? क्या एक ही प्रकार के शब्दों का सर्वत्र प्रयोग आवश्यक है ? विचर्षणि के स्थान पर यदि प्रचेता या विश्ववेदा· जैसे शब्दों का प्रयोग दशम मण्डल में पाया जाए तो इस से क्या अन्तर पडता है ? विचर्षणि·—यह शब्द पचम और सप्तम मण्डल में भी नहीं तो क्या इस से वे अर्वाचीन सिद्ध हो जाते हैं ? ऐसे ही इन लेखकों की दशम मण्डल की भाषा अन्य मण्डलों से पृथक् होने की कल्पना है जिस में हमें कोई सार प्रतीत नहीं होता। वस्तुत· यह सारी बात ही मैक्डोनल इत्यादि पाश्चात्य लेखकों के ग्रन्थो से ली गई है जिन्हें हिरण्य गर्भ सूक्त, नासदीय सूक्त, श्रद्धासूक्त, मन्युसूक्तादि देख कर आश्चर्य हुआ कि जगली लोग ऐसे आध्यात्मिक दार्शनिक और मनोवैज्ञानिक विषयों पर कैसे विचार प्रकट कर सके अतः यह सब पीछे की उपज होनी चाहिये। भाषा भेद का तो एक बहाना बनाया गया जिस के विषय में सुप्रसिद्ध भारतीय विद्वान् श्री प० सत्यव्रत जो सामश्रमी ने 'त्रयीपरिचय' नामक अपने विद्वत्तापूर्ण ग्रन्थ में ठीक ही लिखा कि—

अर्थात् यह हिरण्यगर्भ सूक्त उन सूक्तों में से है जिन पर यूरोपियन व्याख्याकारों ने सदा ही नवीन होने का सन्देह किया है।

प्रजापते न त्वदेतान्यन्यो विश्वा जातानि परि ता बभूव।

इस मन्त्र पर टिप्पणी करते हुये प्रो० मैक्समूलर ने ईसाई मतजन्य पक्षपात के कारण लिखा कि—

"The last verse is to my mind the most suspicious of all."

अर्थात् मेरे विचार में यह अन्तिम मन्त्र तो अत्यन्त सन्दिग्ध है।

वास्तव में देखा जाए तो अग्नि, मित्र, वरुण, इन्द्र इत्यादि नामों से मुख्यतया परमेश्वर का ही ऋग्वेद के प्रथम नौ मण्डलों में भी ग्रहण है और प्रथम मण्डल में ही यह कहा गया है कि—

इन्द्रं मित्र वरुणमग्निमाहुरथो दिव्यः स सुपर्णो गरुत्मान्।
एकं सद्विप्रा बहुधा वदन्त्यग्नि यम मातरिश्वानमाहुः॥

ऋ० १ १६४ ४६।

अर्थात् विद्वान् उस एक ही परमेश्वर को इन्द्र, मित्र, वरुण, अग्नि, यम, मातरिश्वा आदि अनेक नामों से पुकारते हैं। ऋग्वेद के द्वितीय मण्डल में—

त्वमग्न इन्द्रो वृषभः सतामसि त्व विष्णुरुरुगायो नमस्यः।
त्वं ब्रह्मा रयिविद् ब्रह्मणस्पते त्व विधर्त. सचसे पुरन्ध्या॥

ऋ० २. १. ३।

त्वमग्ने राजा वरुणो घृतव्रतस्त्वं मित्रो भवसि दस्म ईड्यः।
त्वमर्यमा सत्पतिर्यस्य संभुजं त्वमंशो विदथे देवभाजयुः॥

ऋ० २ १. ४।

इत्यादि मन्त्रों के द्वारा एक परमेश्वर को ही अग्नि, इन्द्र, विष्णु, ब्रह्मा, वरुण, मित्र, अर्यमा आदि नामों से पुकारते हुए एकेश्वरवाद का प्रबल समर्थन किया गया है जो किसी प्रकार भी दशममण्डल से कम नहीं है।

तृतीय मण्डल में भी इन्द्र नाम से परमेश्वर को स्मरण करते हुए जो—

त्व हि ष्मा च्यावयन्नच्युतान्येको वृत्रा चरसि जिघ्नमानः।
तव द्यावापृथिवी पर्वतासोऽनु व्रताय निर्मितेव तस्थुः॥

ऋ० ३. ३०. ४।

अत: दशम मण्डल के नवीन मानने में पाश्चात्य लेखकों के पक्षपात के अतिरिक्त और कोई वास्तविक कारण नहीं। भाषा भेद की भी एक कोरी कल्पना मात्र है जिस में कोई सार नहीं जैसे कि यहा दिखाया गया है। इस विषय में एक बात और उल्लेखनीय है कि एक ओर तो डा० मैक्डोनल आदि ने भाषा भेदादि के कल्पित आधार पर दशम मण्डल को पीछे की रचना बताने का प्रयत्न किया वहा दूसरी ओर लिखा कि—

Never the less the supplements collected in it (Tenth Mandal) appear for the most Part to be older than the additions which occur in the earlier books.

—The History of Sanskrit Literature by Macdonel P. 44.

अर्थात् तो भी इस दशममण्डल के सूक्त अधिकतर उन मिलावटों से प्राचीन प्रतीत होते हैं जो अन्य मण्डलो में की गई है।

अन्य मण्डलो में मिलावट है वा नहीं यह दूसरा प्रश्न है जिस पर हम आगे प्रकाश डालेंगे पर इससे उन की अपनी वह भाषा भेदादि के आधार पर दशम मण्डल के नवीन होने की कल्पना स्वय कट जाती है इस में सन्देह नहीं। यहां यह बात भी उल्लेखनीय है कि दशम मण्डल के बहुत से ऋषि अति प्राचीन है उदाहरणार्थ—

वैन्य पृथु	१०. १४८।
अदिति दाक्षायणी	१०. ७२।
प्रजापति परमेष्ठी	१० १२९। नासदीय सूक्त का ऋषि
विवस्वान्	१०. १३।
यम वैवस्वत	१० १४।
यमी वैवस्वती	१०. १५४।
यम-यमी	१० १०।
नाभा नेदिष्ठ	१०. ६१–६२।
शर्यात	१०. ९२।
बुध	१०. १०१।
पुरूरवा	१०. ९१।
शची पौलोमी	१०. १५९।
त्रिशिराः	१०. ८९।
बृहस्पति आङ्गिरस	१०. ७१। ज्ञान सूक्त

elibrary.thearyasamaj.org

अत: दशम मण्डल के नवीन मानने में पाश्चात्य लेखकों के पक्षपात के अतिरिक्त और कोई वास्तविक कारण नहीं। भाषा भेद की भी एक कोरी कल्पना मात्र है जिस में कोई सार नहीं जैसे कि यहा दिखाया गया है। इस विषय में एक बात और उल्लेखनीय है कि एक ओर तो डा० मैक्डोनल आदि ने भाषा भेदादि के कल्पित आधार पर दशम मण्डल को पीछे की रचना बताने का प्रयत्न किया वहा दूसरी ओर लिखा कि—

Never the less the supplements collected in it (Tenth Mandal) appear for the most Part to be older than the additions which occur in the earlier books.

—The History of Sanskrit Literature by Macdonel P. 44.

अर्थात् तो भी इस दशममण्डल के सूक्त अधिकतर उन मिलावटों से प्राचीन प्रतीत होते हैं जो अन्य मण्डलो में की गई है।

अन्य मण्डलो में मिलावट है वा नहीं यह दूसरा प्रश्न है जिस पर हम आगे प्रकाश डालेंगे पर इससे उन की अपनी वह भाषा भेदादि के आधार पर दशम मण्डल के नवीन होने की कल्पना स्वय कट जाती है इस में सन्देह नहीं। यहां यह बात भी उल्लेखनीय है कि दशम मण्डल के बहुत से ऋषि अति प्राचीन है उदाहरणार्थ—

वैन्य पृथु	१०. १४८।
अदिति दाक्षायणी	१०. ७२।
प्रजापति परमेष्ठी	१० १२९। नासदीय सूक्त का ऋषि
विवस्वान्	१०. १३।
यम वैवस्वत	१० १४।
यमी वैवस्वती	१०. १५४।
यम-यमी	१० १०।
नाभा नेदिष्ठ	१०. ६१–६२।
शर्यात	१०. ९२।
बुध	१०. १०१।
पुरूरवा	१०. ९१।
शची पौलोमी	१०. १५९।
त्रिशिराः	१०. ८९।
बृहस्पति आङ्गिरस	१०. ७१। ज्ञान सूक्त

elibrary.thearyasamaj.org

विद्वानों और उन के अनुयायी भारतीय विद्वानों का जिन में 'वैदिक एज्' के लेखक भी सम्मिलित हैं यह विचार है कि ये बालखिल्य सूक्त पीछे से अष्टममण्डल में किसी ने मिला दिये। इतना ही नहीं वे तो दो परस्पर विरुद्ध सी बातें इस अष्टम मण्डल के सम्बन्ध में लिख गये हैं। वैदिक एज् के पृ० २२९ पर अष्टम मण्डल की अन्य मण्डलों से कुछ विशेषता लिख कर वे कहते हैं—

This peculiarity of the eighth Mandala, does suggest—but by no means proves, that the eighth Mandala was subjoined at a later date to the kernal coustituted by the family Mandalas. But there is positive reason to believe that there was a time when the eighth Mandala was actually considered to be the last in the Samhita, for why else should the Valakhilya hymns be thrust into the eighth Mandala and not added after the tenth. —Vedic Age P. 229

अर्थात् अष्टम मण्डल की इस विशेषता से ऐसा सकेत मिलता है—किन्तु सर्वथा सिद्ध नहीं होता—कि अष्टम मण्डल को पीछे से परिवारों के साथ सम्बन्ध रखने वाले मण्डलों (द्वितीय से सप्तम तक) के साथ जोड दिया गया। किन्तु यह मानने का स्पष्ट कारण है कि एक समय ऐसा था जब कि अष्टम मण्डल को ऋग्वेद सहिता में अन्तिम समझा जाता था। यदि ऐसा न होता तो बालखिल्य सूक्तों को अष्टम मण्डल में ही क्यों घुसेडा गया क्यो न दशम मण्डल के अन्त में उन्हें जोडा गया ? विचार करने पर यह सारी युक्ति परम्परा ही असङ्गत प्रतीत होती है। प्रथम तो लेखक स्वयं मानते हैं कि इस से एक निर्देश मात्र मिलता है पर सर्वथा सिद्ध नहीं होता कि अष्टम मण्डल सहिता में पीछे जोडा गया फिर ऐसी अनिश्चित सी बात को क्यों एक तथ्य के रूप में लिखा जाए ? यह कहना कि निश्चित रूप से किसी समय अष्टम मण्डल पर ही ऋग्वेद सहिता की समाप्ति समझी जाती थी यह एक तो अष्टममण्डल के प्रक्षिप्त होने की बात को काट देता है और बालखिल्य सूक्तो के प्रक्षिप्त होने की बात को भी जो स्वय साध्य है सिद्ध मान कर चलता है जो सर्वथा असमीचीन है जैसे कि अभी हम सप्रमाण दिखाएगे। बालखिल्य सूक्तों के प्रक्षिप्त होने में यह युक्ति दी जाती है कि ऐतरेय ब्राह्मण २८ ८ में लिखा है 'वज्रेण बालखिल्या-भिर्वाचः कूटेन' इस की व्याख्या में श्री सायणाचार्य ने लिखा है—

बालखिल्यनामकाः केचन महर्षय तेषां सम्बन्धीन्यष्टौ सूक्तानि विद्यन्ते तानि बालखिल्यनामके ग्रन्थे समाम्नायन्ते ॥

अर्थात् बालखिल्य नामक कोई महर्षि थे। उनके ८ सूक्त बालखिल्य नामक ग्रन्थ में

विद्वानों और उन के अनुयायी भारतीय विद्वानों का जिन में 'वैदिक एज्' के लेखक भी सम्मिलित हैं यह विचार है कि ये बालखिल्य सूक्त पीछे से अष्टममण्डल में किसी ने मिला दिये। इतना ही नहीं वे तो दो परस्पर विरुद्ध सी बातें इस अष्टम मण्डल के सम्बन्ध में लिख गये हैं। वैदिक एज् के पृ० २२९ पर अष्टम मण्डल की अन्य मण्डलों से कुछ विशेषता लिख कर वे कहते हैं—

This peculiarity of the eighth Mandala, does suggest—but by no means proves, that the eighth Mandala was subjoined at a later date to the kernal coustituted by the family Mandalas. But there is positive reason to believe that there was a time when the eighth Mandala was actually considered to be the last in the Samhita, for why else should the Valakhilya hymns be thrust into the eighth Mandala and not added after the tenth. —Vedic Age P. 229

अर्थात् अष्टम मण्डल की इस विशेषता से ऐसा सकेत मिलता है—किन्तु सर्वथा सिद्ध नहीं होता—कि अष्टम मण्डल को पीछे से परिवारों के साथ सम्बन्ध रखने वाले मण्डलों (द्वितीय से सप्तम तक) के साथ जोड दिया गया। किन्तु यह मानने का स्पष्ट कारण है कि एक समय ऐसा था जब कि अष्टम मण्डल को ऋग्वेद सहिता में अन्तिम समझा जाता था। यदि ऐसा न होता तो बालखिल्य सूक्तों को अष्टम मण्डल में ही क्यों घुसेडा गया क्यो न दशम मण्डल के अन्त में उन्हें जोडा गया ? विचार करने पर यह सारी युक्ति परम्परा ही असङ्गत प्रतीत होती है। प्रथम तो लेखक स्वयं मानते हैं कि इस से एक निर्देश मात्र मिलता है पर सर्वथा सिद्ध नहीं होता कि अष्टम मण्डल सहिता में पीछे जोडा गया फिर ऐसी अनिश्चित सी बात को क्यों एक तथ्य के रूप में लिखा जाए ? यह कहना कि निश्चित रूप से किसी समय अष्टम मण्डल पर ही ऋग्वेद सहिता की समाप्ति समझी जाती थी यह एक तो अष्टममण्डल के प्रक्षिप्त होने की बात को काट देता है और बालखिल्य सूक्तो के प्रक्षिप्त होने की बात को भी जो स्वय साध्य है सिद्ध मान कर चलता है जो सर्वथा असमीचीन है जैसे कि अभी हम सप्रमाण दिखाएगे। बालखिल्य सूक्तों के प्रक्षिप्त होने में यह युक्ति दी जाती है कि ऐतरेय ब्राह्मण २८ ८ में लिखा है 'वज्रेण बालखिल्या-भिर्वाचः कूटेन' इस की व्याख्या में श्री सायणाचार्य ने लिखा है—

बालखिल्यनामकाः केचन महर्षय तेषां सम्बन्धीन्यष्टौ सूक्तानि विद्यन्ते तानि बालखिल्यनामके ग्रन्थे समाम्नायन्ते ॥

अर्थात् बालखिल्य नामक कोई महर्षि थे। उनके ८ सूक्त बालखिल्य नामक ग्रन्थ में

प्रक्षिप्तता सिद्ध नहीं हो सकती किन्तु सरलता के कारण अधिक प्रसिद्धता वा लोकप्रियता ही सिद्ध होती है।

यहां यह बात भी उल्लेखनीय है कि—ऐतरेय ब्राह्मण के जिस वचन के आधार पर कुछ विद्वान् (जिन में पाश्चात्यों के अतिरिक्त स्वा० हरिप्रसाद जी, प० रघुनन्दन शर्मादि भी हैं) बालखिल्य सूक्तों को प्रक्षिप्त मानते हैं वह स्वय ऐतरेय ब्राह्मण के विद्वानों के विचारानुसार प्रक्षिप्त माने जाने वाले अध्याय में हैं जैसे कि—Encyclopedia Britanica के Ancient Sanskrit Literature विषयक लेख में सिद्ध किया गया है। ऐसी अवस्था में एक स्वय ही सन्दिग्ध और प्रक्षिप्त वाक्य द्वारा कुछ सूक्तों की प्रक्षिप्तता सिद्ध नहीं की जा सकती। ये सूक्त ऋग्वेद सहिता के अन्दर प्रारम्भ से हैं चाहे किसी २ शाखा में वे न पाये जाते हों। शाखाओं में तो ऐसा भेद विद्यमान ही है क्योंकि उन का संकलन विशेष उद्देश्यों से किया गया। इन की भाषा और भाव ऋग्वेद के अन्य सूक्तों वा भागों के ही समान हैं। इन में कोई भेद नहीं प्रतीत होता। प्रो० मैक्समूलर ने जो ऋग्वेद का शुद्ध सस्करण यूरोप में निकाला था उस में भी ये सूक्त विद्यमान हैं।

जर्मनी के सुप्रसिद्ध विद्वान् डा० विन्टर्नीज़ ने इन सूक्तों की प्राचीनता के विषय में अपने भारतीय साहित्य के इतिहास विषयक पुस्तक में लिखा था कि—

The word khila means 'supplement' and this name in itself indicates that they are texts which were collected and added to the Sanhita only after the latter had already been conducted. This does not exclude the possibility that some of these khilas are of no less antiquity than the hymns of the Rigveda Samhita, but for some reason unknown to us were not included in the collection.

A History of Indian Literature by Dr. Winternitz
P. 59–60

है सोभरि वह ज्ञानी उपासक कहलाता है जो ज्ञान, शक्ति शान्ति आदि से अपने को अच्छी तरह से भरपूर कर लेता है सुष्ठु भरणकर्ता=सोभरि. उस के लिये काण्व· का भी प्रयोग हुआ है क्योंकि वह मेधा बुद्धि सम्पन्न पिता का सच्चा पुत्र होता है। कण्व इति मेधावि नाम निघ० ३ १५।

ऐसे मेधावी विद्वान् के सच्चे पुत्र वा शिष्य सोभरि द्वारा ईश्वर के दानो का वर्णन मन्त्र में इस रूप में किया गया है कि—

अदान्मे पौरुकुत्स्यः पञ्चाशत वधूनाम्।
त्रसदस्युर्महिष्ठो अर्य. सत्पति.॥

ऋग्० ८ १९ ३६.

अर्थात् उस (पौरुकुत्स्यः) पुरव वहव कुत्सा पापदु खनिवारकबलरूपवज्रा यस्य कुत्स इति वज्रनाम निघ० २ २० पुरु कुत्स एव पौरुकुत्स्य. स्वार्थेष्यञ् जिस के पास पाप और दु ख के निवारक बल रूपी अनेक वज्र हैं ऐसे (महिष्ठ.) सब से बड़े दानी (सत्पति) सज्जनो के पालक और (त्रसदस्यु.–दुष्ट नियन्ता दुष्टो के नियन्ता (अर्य·) ससार के स्वामी परमेश्वर ने अर्य.-स्वामि वैश्ययो ॥ अष्टाध्यायी अ० सू० ३–१–१०३ (मे) मेरे लिये (वधूनाम्) वहन्ति प्रापयन्ति सुखमिति वध्व तासाम् सुख को प्राप्त कराने वाली शक्तियों तथा पदार्थों की (पचाशतम्) ५० सख्या को (अदात्) दिया है अथवा देता है 'छन्दसि लुङ् लङ् लिट" अष्टा० ३–४–६ के अनुसार सामान्यकाल में यह प्रयोग है। वे ५० सुख-दायिनी शक्तिया वा पदार्थ निम्नलिखित हैं—

१० इन्द्रिय १० प्राण मन बुद्धि चित्त अहङ्कार ये चार अन्त. करण विद्यास्वभाव शरीर और बल ये ४ इस प्रकार २८ हुए जिन की उपर्युक्त प्रकार से गणना महर्षि दयानन्द ने 'अष्टाविंशानि शिवानि शग्मानि सहयोग भजन्तु मे क्षेम प्रपद्ये योग च योग प्रपद्ये क्षेम च। नमो ऽहोरात्राभ्यामस्तु। इस अथर्व का० १९ के मन्त्र की व्याख्या में ऋग्वेदादि भाष्य-भूमिका के उपासना प्रकरण में की है। ४ वेद और चार धर्म अर्थ काम मोक्ष ये पुरुषार्थ मिला कर ३६ हो गये। शम, दम, उपरति, तितिक्षा, श्रद्धा और समाधान इस सुप्रसिद्ध षट्क सम्पत्ति को मिलाने से ३६+६=४२ सख्या हो गई। निम्न ८ सिद्धियों को मिलाने से जिन की गणना 'ऊहादिभि. सिद्धि.' इस सांख्य सूत्र की व्याख्या में की गई है यह ५० की सख्या पूरी हो जाती है।

ऊहः शब्दो ऽध्ययन, दुःख विघातास्त्रय· सुहृत्प्राप्तिः।
दान च सिद्धयोऽष्टौ, सिद्धेः पूर्वोऽकुशस्त्रिविधः॥

—वाचस्पत्यबृहदभिधान–तारानाथ तर्क वाचस्पति कृत पृ० ५२९६ में उद्धृत।

अर्थात् ऊह—पूर्व जन्म के अभ्यास और प्रबल सस्कारो के कारण इस जन्म में विशेष उपदेशादि के बिना भी तत्व का बोध हो जाना, किसी अन्य के उपदेश से ज्ञान हो जाना, वेदादि के अध्ययन से सिद्धि, आध्यात्मिक, आधिदैविक, आधिभौतिक दु खो की निवृत्ति, तत्वज्ञानी मित्रों की प्राप्ति और दान इन ८ सिद्धियो की प्राप्ति परमेश्वर की कृपा से ही सच्चे उपासक को होती है जिस के लिए वह परमेश्वर का बार-बार धन्यवाद करता है जैसे कि इस सूक्त के—

तव क्रत्वा सनेय तव रातिभिरग्ने तव प्रशस्तिभि· ।
त्वामिदाहु· प्रमतिं वसो ममाग्न हर्षस्व दातवे ॥

ऋग्० ८ १९ २९ ।

प्रसो अग्ने तवोतिभि· सुवीराभिस्तरति वाजभर्मभि· ।
यस्य त्व सख्यमावर. ॥ ऋग्० ८ १९. ३० ।

इत्यादि मन्त्रों में स्पष्ट निर्देश किया गया है कि ज्ञानस्वरूप परमेश्वर के (रातिभि.) दानो से ही मनुष्य सुख को प्राप्त करता है । वह जिसकी मित्रता को प्राप्त करता है वही पुरुष ससार में वृद्धि और उन्नति को प्राप्त होता है यह स्पष्ट है कि मन्त्र ३२ में प्रयुक्त त्रासदस्यव और मन्त्र ३६ में प्रयुक्त महिष्ठ, अर्य·, सत्पतिः इत्यादि विशेषणयुक्त त्रसदस्यु· परमात्मा ही है कोई राज विशेष नहीं है तथा 'सोभरि ' सोभरय इत्यादि पदों से उत्तम विद्यादि को अपने में अच्छी प्रकार धारण करने वाले ज्ञानी उपासको का ग्रहण है जिन को भगवान् की कृपा से सुखदायक ५ ज्ञानेन्द्रिय, ५ कर्मेन्द्रिय, प्राण अपान व्यान उदान समान, देवदत्त, कूर्म, कृकल नाग धनजय ये १० प्राण, मन बुद्धि चित्त अहङ्कार, विद्या स्वभाव शरीर, बल, ४ वेद, ८ पुरुषार्थ शमादि षट्क सम्पत्ति ऊह शब्द अध्ययन त्रिविध दु खनाशादि ८ सिद्धिया ये ५० वधूए अर्थात् वहन्ति प्रापयन्ति सुखम् इति । देखो उणादि कोष १ ८३ वहेर्धश्च वहति सुखानि प्रापयतीति वधू· प्राप्त होती हैं । ५० वधुओं से तात्पर्य १० इन्द्रियो की शक्ति को पचगुणित करने का भी लिया जा सकता है । इस में ५० स्त्रियों के साथ वृद्ध सोभरि नामक ऋषि के विवाह की कहीं कोई चर्चा नहीं जैसे कि श्री सायणाचार्यादि तथा पाश्चात्य लेखको ने भ्रम से समझ लिया । वेदो में जब समा-तपन्त्यभित सपत्नीरिव पर्शव । ऋग्० १०. १०. ५ ८ । तथा उभे घुरौ पब्दिरापिब्दमानोऽन्तर्योनेव चरति द्विजानि. । ऋग्० १० १० १ ११ के द्वारा सपत्नीत्व और द्विभार्यत्व की इतनी निन्दा है और उसे दु ख जनक बताया गया है तो ५० स्त्रियो से विवाह का प्रतिपादन हो ही कैसे सकता है ?

क्या अथर्व वेद जादूटोनो का वेद है ?

वैसे तो सारे ही वेदों के विषय में वैदिक एज् में बहुत से अशुद्ध विचार प्रकट किए गए हैं जिन की समालोचना हम ने गत पृष्ठों में की है किन्तु अथर्व वेद के विषय में तो उन्होंने बहुत ही अशुद्ध, भ्रान्तिपूर्ण बातें लिखीं और इसे जादू टोनों का वेद बताया है। यह बात यद्यपि प्राय सभी पाश्चात्य विद्वानो और उन के अनुयायी भारतीय विद्वानो ने लिखी है तथापि यह सर्वथा अशुद्ध है। अथर्व वेद के अन्दर ब्रह्मविद्या के प्रतिपादक अनेक सूक्त विद्यमान हैं। योग विद्या का भी इस के अनेक सूक्तो में प्रतिपादन है। इस लिए अथर्व वेद का एक नाम ही ब्रह्म वेद है जिस के लिए अनेक प्रमाण प्राचीन ग्रन्थों में उपलब्ध होते हैं उदाहरणार्थ गोपथ ब्राह्मण २. १६ में लिखा है—

चत्वारो वा इमे वेदा ऋग्वेदो यजुर्वेदः सामवेदो ब्रह्मवेदः ॥

यहां अथर्व वेद के लिए ब्रह्म वेद आया है—अथर्व वेद १५ ६ ८ में स्वय अपने लिए—

तम् ऋचः सामानि यजूषि ब्रह्म चानुव्यचलन्।

इत्यादि मन्त्रो द्वारा ब्रह्मवेद शब्द का प्रयोग है। इस से भी ज्ञात होता है कि केवल ब्रह्मा का मुख्य वेद होने से इसे ब्रह्मवेद नहीं कहते जैसे कि कई विद्वानों का विचार है किन्तु ब्रह्मविद्या का प्रतिपादक होने से इसे ब्रह्मवेद कहते हैं। अथर्व काण्ड २ में—

दिव्यो गन्धर्वो भुवनस्य यस्पतिरेक एव नमस्यो विक्ष्वीड्य·।
तं त्वा यौमि ब्रह्मणा दिव्य देव नमस्ते अस्तु दिवि ते सधस्थम् ॥

अ० २ २ १।

वरुण सूक्त ४ १६ अथर्व १० २ केन सूक्त १०. ७ स्कम्भ सूक्त १० ८

ब्रह्म सूक्त तस्मै ज्येष्ठाय ब्रह्मणे नमः।

इत्यादि ११ ७ उच्छिष्ट सूक्त इत्यादि में ब्रह्मविद्या का अत्युत्तम प्रतिपादन है इस से कोई निष्पक्षपात व्यक्ति इन्कार नहीं कर सकता। इस बात को ब्लूमफील्ड ने भी स्वीकार किया है और लिखा है—

The Atharvan is a sacred text in more than one respect, aside from the material which it shares with the Rig and yajur Vedas, many of its hymns and practices are benevolent (bheshaj) and are in general well-regarded, though even these, as we shall see, do not altogether escape the blight of comtempt. Many hymns of the Athaivaveda are

elibrary.thearyasamaj.org

thesosophic in character; On whatsoever ground they found shelter in the Atharvan collection, they can not have been otherwise than highly esteemed. The class of charms designed to establish harmony in family and village life and reconciliation of enemies (the so-called Sammanasyani) and the royal ceremonies (Raj Karmani) are obviously auspicious in their nature. Even the sorceries of the Atharvans necessarily show a double face, they are useful to one self, harmful to others

—Hymns of the Atharva Veda Translated by M Bloomfield Introduction P. XXIX

इस सन्दर्भ का भाव यह है कि अथर्ववेद एक पवित्र ग्रन्थ है अनेक दृष्टियों से। ऋग्वेद और यजुर्वेद के समान जो मन्त्र इस के अन्दर हैं उन के अतिरिक्त इस की बहुत सी क्रियाएं और सूक्त लाभ कारक (भेषज) हैं और इन के विषय में लोग आदर का भाव रखते हैं। इस वेद के बहुत से सूक्त ब्रह्मविद्या के साथ सम्बन्ध रखने वाले हैं।

परिवार, ग्रामीण जीवन और सामनस्य तथा राज कर्म विषयक जादू अपनी प्रकृति में मंगल स्वरूप हैं। इस की कृत्या अभिचारादि क्रियाएं भी दोनों प्रकार की हैं; वे करने वाले के लिये तो लाभदायक और दूसरों के लिये हानिप्रद हैं।

हम आगे दिखाएंगे कि अथर्ववेद उस प्रकार के जादू टोनों का वेद नहीं है जैसा इस को भूल से प्राय. सभी पाश्चात्य और उन के अनुयायी भारतीय विद्वानों ने समझ रखा है। ब्रह्मविद्या, आत्मविद्या और योग से सम्बन्ध रखने वाले सूक्त इस के अन्दर बहुत बड़ी संख्या में हैं। अथर्वा शब्द का अर्थ 'थर्वतिश्चरतिकर्मा तत्प्रतिषेध' है अर्थात् चंचलता का निषेध व दूसरे शब्दों में चित्तवृत्तिनिरोध व स्थितप्रज्ञता की अवस्था और उस के साधनों का प्रतिपादन होने से इसे अथर्ववेद कहते हैं।

इस वेद में चिकित्सा के सूक्त भी बहुत सारे हैं इस लिये अथर्व० ११. ६ १८ में 'ऋचः सामानि भेषजा यजूंषि' के द्वारा इस के लिये 'भेषजा' का प्रयोग है। गोपथ पूर्वार्ध ३ ४ में 'यैऽथर्वाणस्तद् भेषजं यद् भेषज तदमृत तद् ब्रह्म' ऐसा वाक्य आया है जिस से स्पष्ट होता है कि शारीरिक मानसिक और आत्मिक सब प्रकार के रोगों की निवृत्ति के उपायों का प्रतिपादन इस के अन्दर है।

ताण्ड्य महाब्राह्मण १२ ६ १० में अथर्ववेद के सूक्तों के विषय में लिखा है—

"भेषज वा आथर्वणानि।"

अर्थात् अथर्ववेद के सूक्त अधिकतर चिकित्सा से सम्बन्ध रखने वाले हैं। यह चिकित्सा शारीरिक, मानसिक, आत्मिक सभी प्रकार के रोगो की है।

ताण्ड्य महाब्राह्मण १६ १० १० में भी यही बात और स्पष्ट रूप से कही गई है—

भेषज वै देवानामथर्वाणः (अथर्वणा ऋषिणा दृष्टा मन्त्रा) भैषज्यायैवारिष्टचै।

अर्थात् अथर्वा ऋषि द्वारा दृष्ट ये अथर्ववेद के मन्त्र देवो के लिये भेषजो–औषधों के प्रतिपादक हैं जिन से आरोग्य की प्राप्ति हो सकती है।

शारीरिक रोग चिकित्सा होने के कारण आयुर्वेद का मूल इस वेद को बताया गया है—

इह खल्वायुर्वेदो नाम यदुपाङ्गमथर्ववेदस्य (सुश्रुत सूत्रस्थान अ० १०)

इसी प्रकार चरक सूत्रस्थान अ० ३० २० में भी कहा है—

वेदो ह्याथर्वणः · · · चिकित्सा प्राह ॥

अथर्ववेद चिकित्सा के विषय का प्रतिपादक है।

वस्तुत वे आयुर्वेदिक और वैज्ञानिक तथा मनोवैज्ञानिक प्रयोग अथर्ववेद में प्रतिपादित हैं जिन को भ्रम से जादू टोने समझ लिया जाता है।

अथर्ववेद में जिस प्रकार की मन्त्रविद्या है उस के ५ विभाग कर सकते हैं।

१. प्रथम सकल्प वा आवेश।
२ ·अभिमर्श और मार्जन (Mesmerism)
३. आवेश (Hypnotism)
४. मणिबन्धन।
५ कृत्या और अभिचार।

इन में से सकल्प वा आवेश के विषय में अधिक लिखने की आवश्यकता नहीं।

पाप को हटाने के सकल्प—

परोपेहि मनस्पाप किमशस्तानि शससि। (अथर्व० ६ ४५ १)

सफलता प्राप्ति के संकल्प—

कृत मे दक्षिणेहस्ते जयो मे हस्त आहितः। (अ० ७. ५८ ८)

रोग दूर करने के सकल्प—

अपेहि मनसस्पतेऽपक्राम परश्चर। (अ० २० ९६ २४)

हस्तिबल को अपने अन्दर धारण करने का सकल्प—

हस्तिवर्चस प्रथता बृहद् यशो अदित्यायत् तन्व· सबभूव। (अ० ३. २२ १)

इत्यादि मन्त्रो में स्पष्ट रूप से पाया जाता है। यह सकल्प शक्ति का विषय मनोविज्ञान के साथ सम्बन्ध रखता है इस मे जादूटोने की कोई बात नहीं यह स्पष्ट ही है।

(२) अभिमर्श—यह शरीर मे सनसनाहट उत्पन्न करने वाले स्पर्श का नाम है। अभिमर्श से अनक रोग तथा मानसिक द्वेष दूर किए जा सकते हैं। पाश्चात्य विद्वान इस अभिमर्श विद्या को मैस्मरिज्म (Mesmerism) के नाम से कहते हैं। अभिमर्श विद्या के मूल मन्त्र निम्नलिखित हैं—

अय मे हस्तोभगवान्, अय मे भगवत्तर.।
अय मे विश्वभेषजोऽय शिवाभिमर्शन.॥
हस्ताभ्या दशशाखाभ्या जिह्वा वाचः पुरोगवी।
अनामयित्नुभ्या हस्ताभ्या ताभ्या त्वाभिमृशाम्यसि॥

अथर्व ४. १३ ६ ७।

अर्थात् यह मेरा हाथ भाग्यवान्, यशस्वी है, यह मेरा अत्यधिक भाग्यवान् वा यशस्वी है। (अय मे विश्वभेषज.) यह मरा हाथ समस्त रोगो को शान्त करने वाला औषध रूप है। (अय शिवाभिमर्शन.) यह सुख शान्ति के स्पर्श वाला है।

दसो अगुलियों सहित हाथो से तथा आरोग्य कारक इन हाथों से (त्वा अभिमृशामसि) हे प्यारे रोगिन्! हम तेरा स्पर्श करते है तथा शुद्ध प्रबल वाणी द्वारा तुझे नीरोग होने का आदेश देते हैं।

यह अनुभव सिद्ध बात है कि जब प्रेमयुक्त पवित्र भावना के साथ इस प्रकार रोगी के शरीर के अवयवो का स्पर्श किया जाता है और उस के अन्दर भी यह भावना भरी जाती है कि उस का रोग और कष्ट क्रमश दूर होता जा रहा है तो उस का प्रभाव रोगी पर भी अवश्य पड़ता है और वह अपने रोग तथा तज्जन्य कष्ट में कमी अनुभव करता है।

इसी हस्ताभिमर्श के साथ सम्बन्ध रखने वाली वस्तु मार्जन वा पुरश्चरण है जो जल, वस्त्र वा कूर्च (बाल विशेषतः चवरी गौ की पूछ के बाल इत्यादि) के साथ किया जाता है। इस का भी सम्बन्ध मनोविज्ञान, आयुर्वेद तथा जीवन विद्या के साथ है। इसे भी जादूटोना समझ लेना भूल है।

आदेश विद्या सवशीकरण का भी अथर्ववेद के अनेक मन्त्रों में प्रतिपादन है। आदेश से प्राय सभी रोगो मे लाभ होता है किन्तु मानसिक और मस्तिष्क सम्बन्धी रोगों में

तो विशेष लाभ होता है। किसी पात्र पर प्रभाव डालने के लिए पहले उस के मन को अपनी ओर खींचना चाहिए जिसे—

यद् वो मन: परागत यद् बद्धमिह वेव वा।
तद् व आवर्तयामसि मयि वो रमता मनः॥

अथर्व ७ १३ ४।

इत्यादि मन्त्रो की भावना के द्वारा किया जाता है जिन में कहा है कि तुम्हारा जो मन इधर-उधर गया हुआ है उस को मैं अपनी ओर खींचता हू। वह मन मेरे में ही रमण करे।

अह गृभ्णामि मनसा मनासि मम चित्तमनु चित्तेभिरेत।
मम वशेषु हृदयानि व कृणोमि मम यातमनुवर्त्मान एत॥

अथर्व ३ ८ ६।

इस में रोगियो को सम्बोधन करते हुए प्रयोजक आदेश देता हू कि मैं तुम्हारे मनो और चित्तों को अपने मन और चित्त के साथ मिला देता हू। तुम्हारे हृदयो को मैं अपने वश में कर लेता हू जिस से तुम मेरे अनुगामी बन कर रहो। इस प्रकार आदेश के द्वारा रोगी को अपना अनुगामी बना कर प्रयोजक उन को ईर्ष्या, उन्माद आदि को दूर करने का प्रयत्न करता और प्राय उस में सफलता प्राप्त करता है। आत्मविश्वास के साथ वह रोगी को सम्बोधित करते हुए कहता है कि—

अग्निष्टे निशमयतु यदि ते मन उद्यतम्।
कृणोमि विद्वान् भेषजं यथानुन्मदितोऽससि॥

अथर्व ६ १११ २।

अर्थात् हे प्यारे रोगिन्! यदि तेरा मन उच्चाट हो गया या अव्यवस्थित हो गया हो तो अग्नि उसे शान्त कर दे और मैं विद्वान् ऐसे साधन तेरे लिए प्रस्तुत करूंगा जिस से तू उन्माद रहित हो जाए। अग्नि जला कर उस में कर्पूर चन्दन, तुलसी बीज आदि डाल कर हवन करने से उन्माद रोगी को लाभ होता है ऐसा मन्त्र में बताया गया है। यक्ष्म ज्वर वा क्षय रोग को दूर करने के लिए भी वेदों में आदेश निम्न मन्त्रों द्वारा बताया गया है—

मा बिभेर्न मरिष्यसि जरदष्टि कृणोमि त्वा।
निरवोचमह यक्ष्मम् अगेभ्योअङ्गज्वरं तव॥

मणतिशब्दयतीति मणि. वाग्मी नेता ।

मनु—ज्ञाने, (दिवादि.) मन-स्तम्भे, मनु-अवबोधने (तनादि) इन तीन धातुओं से भी मणि शब्द बन सकता है जिस का अर्थ यह होगा जो ज्ञानवान् हो, जो शत्रुओं और रोगो का स्तम्भन (रोकथाम) करे, जो दूसरो को ज्ञान करावे वा बुद्धि दे ।

इस अर्थ में भी विद्वान् ज्ञानी नेता मणि वा नरमणि कहे जा सकते हैं किन्तु साथ ही रोगों का स्तम्भन करने वाले औषधादि के लिये भी मणि शब्द का प्रयोग किया जा सकता है । उपरिनिर्दिष्ट सूक्तों को ध्यान पूर्वक पढ़ने से ज्ञात होता है कि उन में इन दोनो अर्थों में मणि शब्द का प्रयोग पाया जाता है । जब ऐसे ज्ञानी वा वीर नेताओ के लिये मणि शब्द का प्रयोग होता है तो उन के बन्धन का अर्थ उन्हे किसी पद पर बाँध देना वा नियुक्त करना होता है । उदाहरणार्थ स्राक्त्य मणि के सम्बन्ध में यह मन्त्र अ० ८ ५ में आया है—

स्राक्त्येन मणिना ऋषिणेव मनीषिणा ।
अजैषं सर्वाः पृतना विमृधो हन्ति रक्षस. ।।

अर्थात् इस स्राक्त्य मणि के द्वारा जो ऋषि वा तत्त्वदर्शी के समान बुद्धिमान् है मैं सारी सेनाओ पर विजय प्राप्त कर लेता और सब हिंसक राक्षसों का नाश कर देता हूं । यहा जो स्राक्त्य शब्द आया है उस का अर्थ अ० २ ११ १ को देखने से स्पष्ट हो जाता है जहा वीर को सम्बोधन करते हुए कहा है—

स्रक्त्योऽसि प्रतिसरोऽसि प्रत्यभिचरणोऽसि ।

अर्थात् तू (स्रक्त्योऽसि) गतिशील है (प्रतिसरोऽसि) शत्रुओ का मुकाबला करने में तू समर्थ है (प्रति चरणोऽसि) तू अपने विरुद्ध प्रतिद्वन्द्वी को लक्ष्य कर के उन पर आक्रमण करने में समर्थ है । उसी के लिये यह आदेश है कि—

प्रति तम् अभिचर योऽस्मान् द्वेष्टि य च वय द्विष्म ।

अर्थात् जो हमारे साथ द्वेष करता है और इस लिये हम जिस के साथ द्वेष करते हैं उस पर तू आक्रमण कर ।

ऐसे प्रगतिशील वीर शिरोमणि के लिये मुख्यतया स्राक्त्यमणि शब्द का प्रयोग इस सूक्त में है ।

ऐसे ही अन्य अनेक सूक्तों में नरमणि वा वीर शिरोमणि के लिये मणि शब्द का प्रयोग है किन्तु उस के अतिरिक्त जहा उपर्युक्त अर्थ लेने पर सगति न लगे वहा निम्न अर्थों का ग्रहण करना उचित है जिन का आयुर्वेद के ग्रन्थो में भी वेदो के आधार पर प्रतिपादन है । विस्तारभय से यहां प्रत्येक अर्थ के लिये प्रमाण देना सभव नही प्रतीत

होता। जिन्हें विस्तार से सप्रमाण इस विषय का अध्ययन करना हो उन्हें श्री प० प्रियरत्न जी आर्ष (वर्तमान स्वा० ब्रह्ममुनि जी परिव्राजक) कृत अथर्व वेदीय चिकित्सा शास्त्र (सार्वदेशिक सभा देहली द्वारा प्रकाशित) और वैदिक मन्त्र विद्या (गुरुकुल कागडी द्वारा प्रकाशित) इन दो ग्रन्थों को अवश्य पढना चाहिये

१ आजन मणि—से तात्पर्य अजन वा सुरमे की बनी गुटिका वा गोली आदि का है जिस का यथोचित प्रयोग करने से अनेक रोग दूर होते हैं। अथर्व० ४ ६ ३ में स्पष्ट कहा है कि—

अथो असि जीवभोजनम् अथो हरितभेषजम् ॥

अर्थात् यह आजनमणि जीवधारियों को पुष्टि दे कर धारण करने वाली और हरित रोग (पाण्डुवा कामला) की औषधि है।

यहा भेषजम् शब्द के प्रयोग से स्पष्ट है कि यह आयुर्वेद विज्ञान से सम्बन्ध रखने वाला विषय है न कि जादू टोना।

२ शङ्ख मणि—इस के विषय में अ० ४ १० ३ में कहा है कि—

शङ्खो नो विश्वभेषज कृशन पात्वहस ॥

अर्थात् यह मोती वाला शङ्ख अनेक रोगों को दूर करने वाला है वह हमें (अंहस) रोग तथा पाप जन्य दु ख से बचाए। अह, शब्द का अर्थ प्राय पाप ही समझा जाता है किन्तु उणादि कोष ४ २१३ अमेर्हुक् च ॥ के अनुसार उस की निम्न व्युत्पत्ति है।

अमन्ति प्राप्नुवन्ति दु ख येन तत् अह ॥

जिस से दु.ख की प्राप्ति हो अत रोग के लिये भी अह. का प्रयोग हो सकता है जैसे कि इस सूक्त में २ वार हुआ है।

३ जङ्गिड मणि—२ ४ तथा १६ ३४–३५ में जङ्गिडमणि शब्द सोम के लिये मुख्य-तया प्रयुक्त हुआ है। जङ्गिडो नामक कश्चिदोषधिविशेष. स चोत्तर देशे प्रसिद्ध ' ऐसा चतुर्वेद भाष्यकार सायणाचार्य ने अथर्व० १६ ३४ १ के भाष्य मे लिखा है। अथर्ववेद बृहत्सर्वानुक्रमणी मे अ० २ ४ पर लिखा है—

दीर्घायुत्वाय इति चान्द्रमसम् उत जङ्गिडदेवताकम्।

अथर्व बृहत्सर्वानुक्रमणी में १६ ३४ पर लिखा है—

जङ्गिडोऽसि जङ्गिड इति द्वे प्रथमं दशक द्वितीय पञ्चकमङ्गिर उभे मन्त्रोक्तदेवत्ये उत वानस्पत्ये।

इसी प्रकार काण्ड १६ सू० ३४ में जङ्गिड को वनस्पति और औषधि के नाम से पुकारा गया है।

उग्र इत् ते वनस्पत इन्द्र ओज्मानमादधौ ।
अमीवा· सर्वाश्चातयन् जहि रक्षास्योषधे ।।

चन्द्र और सोम पर्यायवाची हैं। चन्द्र वाचक सब नाम सोम ओषधि के भी हैं। चन्द्रमा सोमलता भवे (वैद्यकशब्दसिन्धु)।

अंशुमान् मुजवाश्चैव, चन्द्रमा रजतप्रभ· । · · ·
एते सोमाः समाख्याता·, वेदोक्तैर्नामभिः शुभै· ।।

सुश्रुत चिकित्सा स्थान २६ ३–६।

इत्यादि प्रमाणों से यह बात अत्यन्त स्पष्ट होती है। अत· जङ्गिड सोम ओषधि का नाम है यह स्पष्टतया ज्ञात होता है। १६ वें काण्ड के ३४–३५ सूक्तों में—

आशरीक विशरीक बलास पृष्टचामयम् ।
तक्मान विश्वशारदमरसां जङ्गिड़स्करत् ।।

१६ ३४ १०।

इत्यादि मन्त्रों द्वारा सोमरसरूप जङ्गिड को विष दोषनाशक, कृत्रिम विष क्रियाओं का नाशक, शरीर के अङ्ग-अङ्ग में होने वाले रोग, कफरोग, पार्श्वपीडा, ज्वर, शरीर की शिथिलता, हृदयरोग, नेत्ररोग तथा अन्य कठिन रोगों का नाशक और स्वास्थ्य तथा आयुष्य-वर्धक कहा है। जैसे पूर्वोद्धृत मन्त्र ६ में उस के लिये बनस्पति और 'ओषधि' का प्रयोग आया है १६. ३५. १ और ५ में उस के लिये भेषज और विश्वभेषज शब्द का प्रयोग है जिस से यह स्पष्ट है कि वह एक अत्युत्तम औषध है।

इन्द्रस्य नाम गृह्णन्त ऋषयो जङ्गिड यदुः ।
देवा य चक्रुर्भेषजमग्रे विष्कन्धदूषणम् ।। १
य ऋषणवो देवकृता य उतो ववृतेऽन्यः ।
सर्वास्तान् विश्वभेषजोऽरसां जङ्गिडस्करत् ।। ५

ऐसी अवस्था में इस के सेवन का आयुर्वेद वा वैद्यक विद्या से सम्बन्ध है। इस में जादू टोने आदि की कोई बात नहीं। आश्चर्य है कि विद्वान् ओषधि, वनस्पति, भेषज, विश्वभेषज इत्यादि शब्दों का स्पष्ट प्रयोग देखते हुए भी जङ्गिडादि को जादू टोने से सम्बद्ध कैसे मान लेते हैं।

पर्णमणि—सोम

अथर्व० ३ ५ में पर्णमणि का वर्णन है। शतपथ० ६ ५ १. १ के अनुसार पर्ण सोम का नाम है। "सोमो वै पर्ण"

इसी सूक्त के मन्त्र ४ में कहा भी है—

सोमस्य पर्ण. सह उग्रमागन्निन्द्रेण दत्तो वरुणेन शिष्टः ।
त प्रियासं बहुरोचमानो दीर्घायुत्वाय शतशारदाय ॥

यहा सोम के साथ पर्णमणि का सम्बन्ध अति स्पष्ट है। जङ्गिड मणि सोम की रस क्रिया गुटिका (गोली) है और पर्णमणि केवल पत्तो के रूप मे है।

ओजो देवानां पय ओषधीना वर्चसा मा जिन्वत्वप्रयुच्छन् ।

इस म० १ में ओषधियो के पय अथवा रस का निर्देश भी है। इस प्रकार यह पर्णमणि सोम के पत्तों के रूप में सेवित किया हुआ आयुष्यवर्धक तथा रोगनाशक होता है।

पर्णोऽसि तनूपानः सयोनिर्वीरो वीरेण मया ।
संवत्सरस्य तेजसा तेन बध्नामि त्वामणे ॥

म० ८ इस में सोमरूप पर्णमणि को तनूपान —शरीर की रक्षा करने वाला और वीर्यवर्धक कहा है।

एष वै सवत्सरो य एष तपति । शत० १४ १ १. १७ ।

के अनुसार संवत्सर सूर्य है उस के तेज के निमित्त पर्णमणि (सोम) के सेवन करने का यहा विधान है।

मयि क्षत्र पर्णमणे मयि धारयाद् रयिम् ।
अहं राष्ट्रस्याभीवर्गे निजो भूयासमुत्तम. ॥ २

इत्यादि मन्त्रों से यही ज्ञात होता है कि पर्णमणि अर्थात् सोम के सेवन करने से क्षात्रबल और ज्ञानादि ऐश्वर्य की वृद्धि होती तथा मनुष्य प्रभावशाली बनता है। ऐसा ही वैद्यक ग्रन्थों में बताया गया है।

सुश्रुत चिकित्सा स्थान २६ १६–२४ में यहा तक लिखा है कि—

ओषधीना पतिं सोमम्, उपयुज्य विचक्षण. ।
दशवर्षसहस्राणि, नवा धारयते तनुम् ॥
नाग्निर्न तोयं न विष, न शस्त्र नास्त्रमेव च ।
तस्यालमायु क्षपणे, समर्थाश्च भवन्ति हि ।
साङ्गोपाङ्गाश्च निखिलान्, वेदान् विन्दति तत्वत ॥

अर्थात् जो ओषधियो के पति इस सोम का सेवन करता है वह बडा दीर्घायु होता है। अग्नि, जल, विष, शस्त्र अस्त्र का उस पर ऐसा प्रभाव नहीं होता जो उस की आयु को नष्ट करने वाला हो, साङ्गोपाङ्ग वेदो के तत्त्व को वह समझने में समर्थ होता है इत्यादि ।

elibrary.thearyasamaj.org

शतवार मणि विवेचन---(ऋषभक ओषधि)

अथर्व १९ ३६ में शतवारमणि का वर्णन है। म० १ में कहा है---

शतवारो अनीनशद् यक्ष्मान् रक्षासि तेजसा ।
आरोहन् वर्चसा सह मणिर्दुर्णामचातनः ॥

अर्थात् यह शतवार मणि अपने तेज से अनेक रोगों और (रक्षासि) रक्षितव्य-मस्मादिति रक्ष जिन से अपनी रक्षा करनी चाहिये ऐसे रोगकृमियों को नष्ट करता है। यह मनुष्य को तेजस्वी बनाता है। म० ३ में कहा है कि---

ये यक्ष्मासो अर्भका महान्तो ये च शब्दिन ।
सर्वान् दुर्णामहा मणि शतवारो अनीनशत् ॥

अर्थात् जो (अर्भका यक्ष्मास.) छोटे रोग हैं और जो (महान्त.) बडे और (शब्दिन) शब्द करने वाले प्रलापादि युक्त रोग है उन सब को यह शतवार मणि नष्ट कर देता है। इस शतवार के आयुर्वेद के ग्रन्थों में दिये नाम का निर्देश भी इसी सूक्त के पंचम मन्त्र में है।

हिरण्यशृङ्ग ऋषभ. शातवारो अय मणिः ।
दुर्णाम्नः सर्वास्तूडढ्वाऽव रक्षास्यक्रमीत् ॥

यहा ऋषभ शब्द का प्रयोग इसी शातवार ओषधि के लिये हुआ है जिस को मनु-स्तम्भे रोगस्तम्भक वा रोग निवारक होने के कारण मणि नाम से भी पुकारा गया है। इस 'ऋषभ' का विशेषण हिरण्यशृङ्ग.' दिया हुआ है जिस का अर्थ सुनहरे अग्रभाग वाला है। 'शृङ्गाभ्या रक्षो नुदते' म० २ में भी उस के शृङ्गो का निर्देश है। ऐसी ओषधि का नाम आयुर्वेद के ग्रन्थो में ऋषभ है। राजनिघण्टु में उस के पर्यायवाची शब्द---

ऋषभो गोपतिर्धीरो विषाणी दुर्धरो वृष ।
ककुद्मान् पुगवो वोढा, शृङ्गी धुर्यश्च भूपतिः ॥

विषाणी, शृङ्गी इत्यादि बताये गये हैं। भावप्रकाश निघण्टु में उस का वर्णन करते हुए उसे बैल के सींगों के आकार वाला कहा है।

जीवकर्षभौ ज्ञेयौ, हिमाद्रिशिखरोद्भवौ ।
रसोनकन्दवत् कन्दौ, निस्सारौ सूक्ष्मपत्रकौ ।
जोवकः कूर्चिकाकारः, ऋषभो वृषशृङ्गवत् ॥

यह ऋषभक ओषधि आजकल दुर्लभ कही जाती है किन्तु यह सर्वथा अप्राप्य नहीं। आज कल जिसे साधारणतया सालम मिश्री कहते हैं वह ऋषभक है ऐसा दोनों के गुण, आकारादि की तुलना करने पर ज्ञात होता है।

इस सूक्त में ऋषभक रूप शतवार मणि को क्षय जैसे कठिन रोग, रक्त आदि भक्षक कृमि, गर्भ सम्बन्धी गुह्यरोग, ज्वर, पुरानी व्याधियो को नष्ट करने वाला और पुत्रोत्पादन शक्ति देने वाला बताया गया है। यही गुण वैद्यक ग्रन्थो में ऋषभक ओषधि के भी बताये गये हैं जैसे कि निघण्टु रत्न में लिखा है—

ऋषभको मधु· शीतो गर्भसन्तानकारक· ।
शुक्रधातुकफाना च, कारको वलदायक ।
वृष्य पुष्टिकरः प्रोक्त·, पित्तरक्तातिसारजित् ।
रक्तरुक् कृशता वात—ज्वर दाहक्षयापह ।।

यहा वेद की शतवारमणि के समान ही ऋषभक को गर्भ और सन्तान कारक, बल-वीर्य वर्धक, रक्त विकार, ज्वर, दाह, क्षयादि का नाशक कहा गया है। इस तथा अन्य सूक्तो में जो रक्षासि वा राक्षस, गन्धर्व, अप्सरा शब्द आये हैं उन से तात्पर्य भूत, प्रेत, चुडैल आदि का नहीं किन्तु रोगोत्पादक कृमि इत्यादि का है इस विषय को समझ लेने की आवश्यकता है। 'रक्षासि' वा राक्षसो के विषय में कौषीतकी ब्राह्मण १० ४ में लिखा है—

"असृग्भाजानि ह वै रक्षासि ।"

अर्थात् रुधिर पीने वाले कृमि रक्षासि वा राक्षस कहलाते हैं। शत० १० ५ २. २० के अनुसार—

"गन्ध इत्यप्सरस उपासते ।"

अर्थात् गन्ध वाले स्थानों मे रहने वाले सूक्ष्म जन्तुओ को अप्सरा कहते हैं। ये सूक्ष्म जन्तु गुलाब आदि सुगन्धित फूलों के अन्दर भी रहते हैं और फूल तोडते ही तुरन्त नाक से मिला कर सूघने से नाक के अन्दर घुस कर मस्तिष्क में रोग उत्पन्न कर देते हैं।

गन्धर्व कृमि

रूपमिति गन्धर्वा उपासते (शत० १० ५. २. २०)

के अनुसार रूप का सेवन करने वाले अथवा रूप पर गिरने वाले कृमियों को गन्धर्व कहते हैं।

पिशाच कृमि

शब्द कल्पद्रुम में पिशाच की व्युत्पत्ति करते हुए बताया गया है कि—

पिशितं मासम् अश्नातीति पिशाचः ।

वाचस्पत्य बृहदभिधान में 'पिशाच' की निरुक्ति करते हुए लिखा है—

पिशितं मांसम् आचामतीति पिशाचः ।।

इन व्युत्पत्तियो के अनुसार मास को खाने वाले वा मास को चाटने वाले कृमियो को भी पिशाच कहते हैं। अथर्व वेद ५ २९ ५ के—

यदस्य हृत विहृत यत्पराभृतम् आत्मनो जग्ध यतमत् पिशाचै. ।
तदग्ने विद्वान् पुनराभरा त्व शरीरे मासमसुमेरयामः ॥

इस मन्त्र द्वारा पिशाचो के मास भक्षक वा मास को चाटने वाले सूक्ष्म जन्तु वाले इस अर्थ की सर्वथा पुष्टि होती है क्यों कि इस में कहा गया है कि इस मनुष्य का जो मास पिशाचो ने चाट लिया, उखाड लिया, शरीर से अलग कर दिया और खा लिया उसे शरीर में अग्नि फिर भर दे—उस घाव को पूरा कर दे।

इस प्रकार ये राक्षस अप्सरा गन्धर्व पिशाचादि रोगोत्पावक सूक्ष्म जन्तु वा कृमि हैं जिन का ऋषभक ओषधि वा शातवार मणि नाश कर के मनुष्य को स्वस्थ बनाती है यह स्पष्ट है। यह कोई जादू टोने से सम्बन्ध रखने वाली बात नहीं।

वरण मणि

अथर्व १० ३ में वरण मणि का वर्णन है। इस सूक्त के तृतीय मन्त्र में वरण मणि को "विश्वभेषज." अर्थात् समस्त रोग निवारक औषध कहा है—

अय मणिर्वरणो विश्वभेषज. ।

म० ८ में—

ततो नो वारयिष्यतेऽय देवो वनस्पतिः ॥

इसे रोग निवारक वनस्पति कहा है। म० ११ में—

अय मे वरण उरसि राजा देवो वनस्पतिः ।
स मे शत्रून् वि बाधताम् इन्द्रो दस्यूनिवासुरान् ॥

इन शब्दो द्वारा वरण को वनस्पति के नाम से सम्बोधित करते हुए उसे छाती में अभ्रक के समान कवच बना कर धारण करने का निर्देश है। यह हृदय रोग को दूर करने वाला है। म० ५ में वरण के लिये वनस्पति शब्द का प्रयोग करते हुए उसे रोग नाशक बताया है। यथा—

वरणो वारयाता अय देवो वनस्पति. ।
यक्ष्मो यो अस्मिन्नाविष्टस्तमु देवा अधारयन् ॥

यह सब वर्णन देखने से स्पष्ट है कि वरण नामक एक वनस्पति है जिसे लोक भाषा में वरना कहते हैं। आयुर्वेदिक ग्रन्थों में इस का नाम वरुण और वरण है जैसे कि भावप्रकाश निघण्टु में कहा है—

elibrary.thearyasamaj.org

वरुणो वरण. सेतु, तिक्तशाकः कुमारक ॥

निघण्टु रत्न मे उस के गुणों का वर्णन निम्न शब्दों में किया गया है—

वरुण· · कृमीन्, रक्तदोष, शीर्षवात मूत्राघात च हृद्रुजम् ।
हृद् रोग नाशयत्येव ॥

अर्थात् यह वरण या वरुण कृमि, रुधिर विकार सिर के वात, मूत्र दोष, हृदय सम्बन्धी रोग इन सब का नाश करता है। रोगस्तम्भक होने के कारण ही इसे मणि के नाम से पुकारा गया है जैसे कि मन-स्तम्भे के आधार पर पहले बताया गया है।

इस का प्रयोग नव पल्लवों का रस, वस्त्रो पर उस रस का कुछ आलेप, औषधिरूप में गोली बना कर सेवन इत्यादि रूप में बड़ा लाभकारी है। इस में भी जादू टोने की कोई बात नहीं।

रोग निवारण करने वाले इस वनस्पति के समान अज्ञान, भयादि का निवारण करने वाले नरमणियों को भी वरण मणि के नाम से कह सकते हैं।

दर्भमणि (अभ्रक)

अथर्व० १६ २८ २६ ३० ३२ में दर्भमणि का वर्णन आया है। ३२ १ में स्पष्ट लिखा है कि—

दर्भो य उग्र ओषधिः ।

अर्थात् दर्भ एक उग्र ओषधि है। ३२. ३ में दर्भ के लिये विधि ते तूलमोषधे के द्वारा ओषधि शब्द का प्रयोग हुआ है। ३२ १० में इसे ओषधि में श्रेष्ठ और रक्षक कहा है।

सपत्नहा शतकाण्डः सहस्वान् ओषधीनां प्रथमः सं बभूव ।
स नोऽयं दर्भ. परिपातु विश्वत. ॥

इस प्रकार इस का ओषधि रूप होना स्पष्ट है। यह दर्भ शब्द यहा घास या कुशा का वाचक नहीं यह भी स्पष्ट है। यह दृदभिन्या भ (उणादिकोष ३ १५१) से सिद्ध होता है और रोगों तथा शत्रुओ को छिन्न-भिन्न करने वाली किसी वज्र रूप वस्तु के लिये प्रयुक्त है। राजनिघण्टु व० २३ में दर्भ को वज्र का वाचक बताया ही है 'दर्भे च कुशिके वज्रम्' अभ्रक को भी वज्र के नाम से कहते हैं।

नीलाभ्र दर्दुरो नाग·, पिनाको वज्र इत्यपि ॥

—राज निघण्टु व० १३।

इस लिये दर्भ शब्द इन सूक्तों में अधिकतर अभ्रक का वाचक है जिस के गुण आयुर्वेद में इन सूक्तों में वर्णित गुणों के साथ अद्भुत साम्य रखते हैं।

(क) अ० १६ १८. १ में दर्भ के विषय में लिखा है 'इमं बध्नामि ते मणि दीर्घायुत्वाय

तेजसे' भावप्रकाश निघण्टु में भी अभ्रक को 'अभ्रं कषाय मधुर प्रशीतम्, आयु कर धातुविवर्धन च' इत्यादि द्वारा आयुर्वर्धक बताया गया है।

(ख) अ० १६. ३३ ४ में दर्भ के विषय में लिखा है 'बध्नामि जरसे स्वस्तये।'

भावप्रकाश निघण्टु में अभ्रक के विषय में इसी प्रकार लिखा है कि 'द्रढयति वपु' अर्थात् अभ्रक शरीर को दृढ़ बनाता है।

(ग) १६ ३२ १ में दर्भ के विषय में कहा है 'सहस्रपर्ण उत्तिर' सहस्रो पत्तों वाला। यही बात शालिग्राम निघण्टु में अभ्रक के विषय में लिखी है कि—

अभ्रक · · · अब्द व्योमघनं शुभ्र, बहुपत्र घनाह्वयम् ॥

बहुपत्र शब्द सहस्रपर्ण का ही अनुवाद है।

(घ) अ० १६ ३२ ७ में कहा है—

दर्भेण देवजातेन दिविष्टम्भेन शश्वदित्।

यहा इसे द्युलोक में स्तम्भित अर्थात् लटका हुआ कहा गया है। यही बात भावप्रकाश निघण्टु के अभ्रक विषयक वर्णन में है कि—

गगनात् स्खलित यस्माद्, गगन च ततो मतम् ॥

ऐसे ही अन्य अनेक विषयों में समानता है जिस से स्पष्टतया ज्ञात होता है कि वैदिक-दभ्र शब्द भौतिक दृष्टि से आयुर्वेदोक्त अभ्रक का वाचक है जिस के कवचरूप में धारण करने, जहाजो में कांच के स्थान पर इसे लगाने तथा स्वय वज्र रूप होने से अस्त्र शस्त्रो के मसाले में पडने से यह सग्रामादि में विशेष रूप से उपयोगी हो सकता है। भावप्रकाश निघण्टु में दर्दुर जाति के अभ्रक के विषय में लिखा है कि—

दर्दुरं त्वग्निनिक्षिप्तं, कुरुते दर्दुरध्वनिम्।
गोलकान् बहुश· कृत्वा, स स्यान्मृत्युप्रदायक ॥

अर्थात् यह दर्दुर जाति का अभ्रक अग्नि में डालने से गडगडाहट की ध्वनि पैदा करता है और बहुत से गोले बना कर मृत्यु का कारण बन सकता है।

ऐसी अवस्था में इस अभ्रक को सग्रामों में विशेष उपयोगी बताना तथा उस के बने कवचों को धारण करना सर्वथा उचित ही है।

इसी प्रकार अ० १६ ३१ में वर्णित औदुम्बरमणि गूलर समूह वाचक, फालमणि—कृषिवाचक तथा अस्तृतमणि व्याघ्रनख जडित शस्त्र व्याघ्रनखादि वाचक हैं ऐसा विवेचन करने से ज्ञात होता है किन्तु ग्रन्थविस्तारभय से हम मणि बन्धन के इस प्रकरण को यहीं समाप्त करना उचित समझते हैं।

जिन मणियों के धारण का भी वर्णन है वह शरीर रक्षा और आरोग्य की दृष्टि से है जैसे कि सुश्रुत सूत्रस्थान अ० ४६ सुवर्णादि वर्ग में कहा है—

मुक्ताविद्रुमवज्रेन्द्रवैडूर्यस्फटिकादय. ।
चक्षुष्या मणय· शीता लेखना विषसूदना· ।
पवित्रा धारणीयाश्च, पापलक्ष्मीमलापहा· ।।

अर्थात् मोती, मूगा, हीरा, वैदूर्य, स्फटिक आदि मणियो को इस लिये धारण करना चाहिये कि वे नेत्र शक्तिवर्धक, शीतल, मन में पवित्रता लाने वाली, अशोभा को हटाने वाली, शोभा को बढ़ाने वाली और विष को दूर करने वाली हैं। इस प्रकार इन में भी जादू टोने जैसी अन्धविश्वास मूलक कोई बात नहीं यह स्पष्ट है।

कृत्या और अभिचार

कृत्या शब्द कृञ्–हिंसायाम् इस धातु से बना हुआ है जिस का अर्थ ऐसी हिंसक क्रिया से है जो शत्रु वा शत्रु सेना के घात के लिये प्रयुक्त की जाती है।

अभिचार से तात्पर्य उस प्रयोग से है जो शत्रु के शरीर में प्रविष्ट होकर उसे रोगग्रस्त कर मार डालने तक में समर्थ हो। शब्दकल्पद्रुम में अभिचार का ऐसा ही अर्थ 'अभिचार – आभिमुख्येन शत्रुवधार्थं चार. कार्यकरणम्' इन शब्दो द्वारा दिया गया है अर्थात् शत्रुओं के वध के लिये कार्य करना वह चाहे आक्रमण के रूप में हो अथवा अन्य प्रकार से। कृत्या और अभिचार का सम्बन्ध युद्ध विद्या के साथ है इस लिये उन का उचित ज्ञान क्षत्रियों को होना ही चाहिये। कौटिल्य अर्थशास्त्र में पुरोहितों के विषय में लिखा है कि—

पुरोहितपुरुषा. कृत्याभिचारं ब्रूयु· ।

अर्थात् पुरोहित, राजा और राजपुरुषों को कृत्या और अभिचार के विषय में सब आवश्यक बातें समझा देवें। अथर्व० ८ ५. ५ के आधार पर ही कौटिल्य आचार्य ने यह बात लिखी प्रतीत होती है जहा कहा है कि—

'ते मे देवाः पुरोहिता· प्रतीची. कृत्या. प्रतिसरैरजन्तु ।।

अर्थात् पुरोहित विद्वान् शत्रुओं द्वारा प्रयुक्त हिंसक क्रियाओं का प्रतीकार करें। बहुत सी ओषधियो और मणियों का उपभोग इन कृत्याओ के निवारणार्थ बताया गया है। उदाहरणार्थ अ० १९ ३४. ४ में जङ्गिडमणि वा सोम के विषय में कहा है—

कृत्यादूषण एवायमथो अरातिदूषण ।
अथो सहस्वान् जङ्गिड. प्र ण आयूषि तारिषत् ।।
कृत्यादूषिरयं मणिरथो अरातिदूषि ।
अथो सहस्वान् जङ्गिडः प्र ण आयूषि तारिषत् ।।

अर्थात् यह सोम, कृत्या वा हिंसक क्रिया का नाश करने वाला और आयुष्यवर्धक है। अथर्ववेद ८ ७ १० में भी कृत्याओं के नाश के लिये ओषधियो का वर्णन है—

उन्मुञ्चन्तीर्वि वरुणा उग्रा या विषदूषणीः ।
अथो वलासनाशनी. कृत्या दूषणीश्च यास्ता इहायन्त्वोषधीः ।।

यहा विषनाशक ओषधियों को कृत्या नाशनी कहा गया है जिस से ज्ञात होता है कि शत्रुसेना का घात करने के लिये अग्नि ज्वालाओं में किन्हीं विषैले वानस्पत्य और खनिज पदार्थों के प्रयोग का नाम कृत्या है।

अमा कृत्वा पाप्मानं यस्तेनान्य जिघासति ।
अश्मानस्तस्यां दग्धाया बहुला· फट् करिक्रति ।।

अथर्व० ४. १८. ३ ।

इस मन्त्र से ज्ञात होता है कि जो हिंसा रूप प्रयोग को गुप्त स्थान में तैयार कर के उस हिंसाकारी प्रयोग से अन्य का घात करना चाहता है उस जली हुई कृत्या में बहुत प्रकार के मनशिल पोटाश आदि पत्थर फट् ऐसा शब्द बार-बार या अत्यन्त करते हैं।

या. कृत्या आङ्गिरसीर्याः कृत्या आसुरीर्या.
कृत्या स्वय कृता या उ चान्योभिरावृता· ।।

अथर्व० ८ ५. ६ ।

इत्यादि मन्त्रों के अनुसार ये कृत्याए दो प्रकार की बतलाई गई हैं एक आङ्गिरसी —स्फोटक पदार्थों वाली जो गिर कर मकानो को तोड फोड देने वाली हैं और दूसरी विषमय वस्तुओं से बनी मनुष्यो का घात करने वाली आसुरी।

अनयाहमोषध्या सर्वा. कृत्या अदूदुषम् ।
यां क्षेत्रे चक्रुर्या गोषु या वा ते पुरुषेषु ।।

अथर्व ४. १८ ५ ।

इस मन्त्र में कहा गया है कि क्षेत्रों में, गौओं में या पुरुषों में जो कृत्या (हिंसक क्रिया) प्रयुक्त की गई हो इस ओषधि के द्वारा उस का मैं प्रतीकार करता हू।

यहाँ किसी जादू टोने वा टोटके की बात नहीं किन्तु उत्तम जङ्गिडादि ओषधियों के द्वारा विष के प्रभाव को नष्ट करने का विधान है।

यत् ते पितृभ्यो ददतो यज्ञे वा नाम जगृहु· ।
सदेश्यात्सर्वस्मात् पापादिमा मुञ्चन्तु त्वौषधीः ।।

अथर्व० १० १ ११ ।

देवैनसात् पित्र्यान्नाम ग्रहात् सदेश्यादभिनिष्कृतात् ।
मुञ्चन्तु त्वा वीरुधो वीर्येण ब्रह्मण ऋग्भिः पयस ऋषीणाम् ।।

अथर्व० १० १. २२ ।

महासुगन्धमगद यं प्रवक्ष्यामि त भिषक् ।
पानालेपननस्येषु, विदधीताञ्जनेषु च ।
विरेचनानि तीक्ष्णानि, कुर्यात्प्रच्छर्दनानि च ॥

अति सुगन्धित शीतल इन ओषधियो का पान करवाने, लेप करने और नस्य (नसवार) तथा अजन के साथ ग्रहण कराने का वैद्य उपाय करे और विरेचन (दस्त) तथा प्रच्छर्दन (वमन वा क़ै) के द्वारा विषमय पदार्थो को बाहर निकलवा दे ।

ये दोनों क्रियाए वा उन के प्रतीकार वैद्यक विद्या से सम्बन्ध रखते हैं उन का कल्पित तान्त्रिक जादू टोनों से कोई सम्बन्ध नहीं । इस प्रकार के निष्पक्षपात विवेचन से हम इस परिणाम पर पहुचे विना नहीं रह सकते कि अथर्ववेद में ओषधियों, सकल्प, मार्जन, आदेश, मणिबन्धन कृत्या अभिचार के प्रतीकारादि का जो वर्णन है वह सर्वथा वैज्ञानिक अथवा मनोवैज्ञानिक है । उसे जादू टोनो वा Charms, Amulets or Sorcery का वेद बतलाना जैसे कि वैदिक एज के लेखकों ने ब्लूमफील्ड, ह्विटनी आदि पाश्चात्य विद्वानों का अविवेकपूर्ण अनुसरण करते हुए किया है सर्वथा अशुद्ध है ।

श्री ब्लूमफील्ड की भयङ्कर भूले

ब्लूमफील्ड की अथर्ववेद विषयक जिस पुस्तक को "वैदिक एज्" के लेखकों ने अत्यन्त प्रामाणिक माना है उस में स्वयम् इस विषय में भयङ्कर अशुद्धिया हैं और सर्वत्र Charm शब्द का सर्वथा अनावश्यक रूप में प्रयोग कर के वैदिक शिक्षाओं के महत्त्व को कम करने का प्रयत्न किया गया है ।

उदाहरणार्थ Hymns of the Atharva Veda by Bloomfield में सब से पहले अथर्ववेद ५ २२ का अनुवाद देते हुए शीर्षक Charm against Takman (fever) and related diseases दिया है यद्यपि यहा ब्लूमफील्ड के अपने अनुवाद के द्वारा भी ज्वरादि की चिकित्सा ओषधियों से है । ब्लूमफील्ड का अनुवाद इस प्रकार है—

The Takman that is spotted, covered with spots, like reddish sediment, him thou (O plant) of un-remitting potency, drive away down below.

ऐसे ही १ २२ में जहा पाण्डुरोग की चिकित्सा का वर्णन है ब्लूमफील्ड उस का शीर्षक देते हैं—

Charm against jaundice and related diseases —P 7.

अर्थात् पाण्डुरोग तथा तत्सदृश रोगों के विरुद्ध जादू ।

६ १०५ में जो कास वा खासी की चिकित्सा का वर्णन है ब्लूमफील्ड उस का पक्षपात वश शीर्षक देते हैं।

Charm against cough —P. 8

अर्थात् खासी के विरुद्ध जादू।

इसे ही अ० २. ८ का अनुवाद देते हुए ब्लूमफील्ड उस का शीर्षक देते हैं—

Charm against hereditary disease

जब कि उस सूक्त में आनुवंशिक रोगों की चिकित्सा का स्पष्ट वर्णन है। स्वयं ब्लूमफील्ड के अनुवाद से ही यह बात स्पष्ट है। म० ३ का उन का अनुवाद देखिये।

With the straw of thy brown barley, endowed with white stalks, with the blossom of the sesame—may the plant, destructive of Kshetriya (hereditary disease) shine the Kshetriya away.

अ० ४. १७ का देवता अपामार्गो वनस्पति है। इस में अपामार्ग नामक ओषधि के गुणों का वर्णन है और प्रथम, द्वितीय और अष्टम मन्त्र में भेषज और ओषधि शब्द का अपामार्ग के साथ प्रयोग है।

ईशाना त्वा भेषजानामुज्जेष आ रभामहे।
चक्रे सहस्रवीर्या सर्वस्या ओषधे त्वा॥ म० १।

इस का अनुवाद ब्लूमफील्ड ने इस प्रकार किया है—

We take hold, O Victorious one of thee, the mistress of remedies. I have made thee a thing of thousandfold strength for every one, O plant.

सत्यजित शपथयावनीं सहमानां पुनः सराम्।
सर्वा समह्व ओषधीरितो नः पारयादिति॥ म० २।

इस का ब्लूमफील्ड कृत अनुवाद निम्नलिखित है—

Her, the un-failingly victorious one, that wards off curses, that is powerful and defensive, (her and) all the plants have I assembled, intending that she shall save us from this trouble

अपामार्ग ओषधीना सर्वासामेक इद् वशी।
तेन ते मृज्म आस्थितमथ त्वमगदश्चर॥ म० ६।

elibrary.vedicsociety.org

इस का मि० ब्लूमफील्ड कृत अनुवाद निम्न है--

The apamarga is sole ruler over all plants with it do we wipe mishap from thee; do thou then live exempt from disease

इस प्रकार ओषधि नाम और उस के गुणों का वर्णन होने पर भी मि० ब्लूमफील्ड इस का शीर्षक रखते हैं।

Charm with the apamarga plant, against sorcery, demons and enemies.

अर्थात् अपामार्ग ओषधि के द्वारा भूत-प्रेत, राक्षसों और शत्रुओं के विरुद्ध जादू। ऐसा प्रतीत होता है कि मि० ब्लूमफील्ड के मस्तिष्क पर अथर्ववेद के जादू का वेद होने का भूत ऐसा सवार है कि स्पष्टतया ओषधि का नाम और गुण वर्णन होने पर भी जैसे कि निम्न मन्त्रो द्वारा इस तथा अन्य सूक्तों में है उन को सर्वत्र जादू ही दिखाई देता है। म० ६ में इस अपामार्ग ओषधि द्वारा निम्न रोगादि की चिकित्सा बताई गई है--

क्षुधामारं तृष्णामारमगोतामनपत्यताम्।
अपामार्ग त्वया वयं सर्वं तदपमृज्महे॥

श्री ब्लूमफील्ड ने इस का अनुवाद इस प्रकार किया है--

Death from hunger and death from thirst, poverty in cattle, and failure of off-spring, all that, O apasmarga, do we wipe out with thee.

इस मन्त्र में (क्षुधामारम्) क्षुधा को मारने वाले रोग--अग्निमान्द्य (तृष्णामारम्) तृष्णा वा प्यास को मारने वाले रोग--वमन ग्लानि रोग को (अगोताम्) वन्ध्यात्व को सन्तान उत्पन्न करने वाली स्त्री को 'सा प्रसूर्धेनुकाभव' अ० ३ २३ ४ में गौ कहा गया है अत अगोता से यहां वन्ध्यात्व वा बाझपन का तात्पर्य है न कि Poverty in cattle का जैसे श्री ब्लूमफील्ड ने बताया है, (अनपत्यताम्) सन्तान स्तम्भन रोग इन सब को अपामार्ग ओषधि द्वारा दूर कर सकते हैं ऐसा बताया गया है। यही बात वैद्यक के ग्रन्थो में इस अपामार्ग ओषधि के विषय में कही है--

अपामार्गःसरस्तीक्ष्णो दीपनस्तिक्तक. कटुः।
पाचनो रोचनश्छर्दिकफमेदोऽनिलापहा॥
निहन्ति हृद्रुजाध्मार्शः--कण्ड शूलोदरापची॥

--भावप्रकाश निघण्टु।

गृहीत्वा शुभनक्षत्रे, त्वपामार्गस्य मूलकम् ।
गृहीत्वा लक्षणामूलम्, एकवर्णगवा पय. ।
पीत्वा सा लभते गर्भं, दीर्घजीवी सुतो भवेत् ।।

—दत्तात्रेय तन्त्र ।

इन वचनों में श्वेत अपामार्ग को आध्मा (अफारा) उदर रोग, वमन का दूर करने वाला, रोचन, पाचन, और अग्निदीपन कहा है । वन्ध्यात्व को भी दूर करने वाला इसे कहा गया है । ऐसी अवस्था में इस ओषधि के प्रयोग को जादू (Charm) का नाम देना कितना भ्रान्ति जनक है ?

अथर्व० ८ ८ में राज्याभिषेकादिका बडा ही उत्तम वर्णन है । म० ४ में राजा को सम्बोधित करते हुए कहा है कि 'विशस्त्वा सर्वा वाञ्छन्तु' सारी प्रजाएं तुझे चाहें । श्री ब्लूमफील्ड ने भी जिस का अनुवाद "All the clans shall wish for thee" इस प्रकार किया है तो भी इस का शीर्षक Charms pertaining to Royalty (राजकर्माणि) अर्थात् राज्य विषयक जादू रख दिया है जो कितना अशुद्ध है । अथर्व० ३ ४ में राजा के चुनाव का अत्युत्तम प्रतिपादन है जिस से अच्छा प्रजातन्त्र के आदर्श का वर्णन मिलना असम्भव है । इस में कहा गया है कि—

त्वा विशो वृणतां राज्याय त्वामिमाः प्रदिशः पञ्चदेवीः ।
वर्ष्मन् राष्ट्रस्य ककुदि श्रयस्व ततो न उग्रो विभजा वसूनि ।। म० २

जिस का अनुवाद श्री ब्लूमफील्ड Thee the clans, thee these regions shall choose for empire ! Root thyself up on the height, the pinnacle of royalty, then do thou, mighty, distribute goods among us ऐसा करते हैं ।

म० ६ में कहा है कि—

इन्द्रेन्द्र मनुष्या परेहि सह्याज्ञास्था वरुणैः सविदान ।

इस का अनुवाद श्री ब्लूमफील्ड ने O Indra, come thou to the tribes of men, for thou hast agreed, concordant with the Varunas (as it the electors) इन शब्दों में किया है । वरुणों का अर्थ चुनाव करने वालों electors का ही है यद्यपि ब्लूमफील्ड ने व्यर्थ ही As if का प्रयोग कर दिया है ।

यह सब होने पर भी श्री ब्लूमफील्ड Charms pertaining to Royalty अर्थात् राजकर्म विषयक जादू यह शीर्षक दे कर इस के महत्त्व को नष्ट करने का प्रयत्न करते हैं ।

अथर्व० ३ ३० पारिवारिक और सामाजिक कर्तव्यों का प्रतिपादन करने वाला सूक्त है जिस के कुछ मन्त्रों को हम श्री ब्लूमफील्ड के अनुवाद सहित उद्धृत करते हैं। पाठक देखेंगे कि उस मे पारिवारिक प्रेम और कर्तव्यों का कितना सुन्दर चित्रण है।

सहृदय सामनस्यमविद्वेष कृणोमि वः।
अन्यो अन्यमभिहर्यत वत्सं जातमिवाघ्न्या ॥१॥

श्री ब्लूमफील्ड कृत अनुवाद—

Unity of heart and Unity of mind, freedom from hatred, do I procure for you. Do ye take delight in one another, as a cow in her new born calf

अनुव्रतः पितुः पुत्रो मात्रा भवतु समनाः।
जाया पत्ये मधुमतीं वाचं वदतु शन्तिवाम् ॥

श्री ब्लूमफील्ड कृत अनुवाद—

The son shall be devoted to his father, be of the same mind with his mother; the wife shall speak honied, sweet words to her husband.

मा भ्राता भ्रातर द्विक्षन्मा स्वसारमुत स्वसा।
सम्यञ्चः सव्रता भूत्वा वाच वदत भद्रया ॥३॥

The brother shall not hate the brother, and the sister not the sister! Harmonious, devoted to the same purpose, speak ye words in Kindly spirit

ज्यायस्वन्तश्चित्तिनो मा वियौष्ट सराधयन्तःसधुराश्चरन्तः।
अन्यो अन्यस्मै वल्गु वदन्त एत, सध्रीचीनान् वः समनसस्कृणोमि ॥५॥

श्री ब्लूमफील्ड कृत अनुवाद—

Following your leader, of the same mind, do ye not hold yourselves apart! Do ye come here, co-operating, going along the same wagon-pole, speaking agreeably to one another! I render you of the same aim, of the same mind

Hymns of the Atharva Veda
by M Bloomfield P 134

elibrary.thearyasamaj.org

इस उत्तम सूक्त के सारे महत्त्व को जिस में सहृदयता, सामनस्य, अद्वेष, परस्पर प्रेम और सहयोग, मधुर भाषण इत्यादि का अत्युत्तम उपदेश है श्री ब्लूमफील्ड 'Charm to secure harmony' अर्थात् 'सामनस्य स्थापित करने का जादू' यह शीर्षक देकर नष्ट कर डालते हैं।

ब्रह्म शब्द का अशुद्ध अर्थ—जादू

इस के चतुर्थ मन्त्र में ब्रह्म शब्द का प्रयोग हुआ है जिस का अर्थ परमेश्वर के अतिरिक्त ज्ञान होता है। मन्त्र में यह कहा गया है कि मैं तुम्हें ऐसा ज्ञान देता हूं जिसे पाकर देव (सत्यनिष्ठ विद्वान् लोग) परस्पर विरोध नहीं करते और न आपस में द्वेष रखते हैं। जो सब पुरुषों को परस्पर मिलाने वाला है। पर इस ब्रह्म शब्द का अर्थ श्री ब्लूमफील्ड Charm वा जादू कर के सारी उत्तम शिक्षाओं पर चौका फेर देते हैं। वे इस मन्त्र का अर्थ इस प्रकार करते हैं—

That Charm which causes the gods not to disagree, and not to hate one another, that do we prepare in your house, as a means of agreement for your folk.

यहां Charm के स्थान पर Knowledge होना चाहिये था और Gods के स्थान पर Wise men शेष अनुवाद ठीक है।

तत् कृण्यो ब्रह्म वो गृहे संज्ञान पुरुषेभ्यः ॥

सामनस्य देवता

अथर्व० ६. ६४ का देवता वा प्रतिपाद्य विषय भी सामनस्य है। हम उस के ३ मन्त्रों को श्री ब्लूमफील्ड के अनुवाद सहित उद्धृत करते हैं। उस से भी ज्ञात हो जाएगा कि सूक्त में सामाजिक उन्नति के कितने उत्तम तत्त्वों का प्रतिपादन है।

सं जानीध्वं सं पृच्यध्वं सं वो मनांसि जानताम्।
देवा भागं यथा पूर्वे संजानाना उपासते ॥ म० १ ॥

समानो मन्त्रः समितिः समानी समानं व्रतं सह चित्तमेषाम्।
समानेन वो हविषा जुहोमि समानं चेतो अभिसविशध्वम् ॥ म०२॥

समानी व आकूतिः समाना हृदयानि वः।
समानमस्तु वो मनो यथा वः सुसहासति ॥ म० ३ ॥

इन मन्त्रों का श्री ब्लूमफील्ड कृत अनुवाद निम्नलिखित है—

1. Do ye agree, unite yourselves, may your minds be in harmony just as the gods of old in harmony sat down to their share!

तात्पर्य यह है कि जब श्री ब्लूमफील्ड अभी किसी भी अथर्ववेद के अनुवाद को अन्तिम वा प्रामाणिक नहीं समझते और मानते हैं कि वेद के वास्तविक अर्थों को समझने में कठिन समस्याए हैं जिन का समाधान करने का अभी समय ही नहीं आया तो उन के अपने अत्यन्त त्रुटिपूर्ण, पक्षपातयुक्त अशुद्ध अनुवाद को प्रामाणिक मान कर वैदिक शिक्षाओं की समालोचना करने वाले वैदिक एज् आदि के लेखकों की क्या गति होगी। उन्हों ने वे सब अशुद्धिया तो की ही हैं जिन को ब्लूमफील्ड आदि ने किया था किन्तु वे अपनी भ्रान्त कल्पनाओ में अपने गौराङ्ग गुरुओं से भी दस कदम आगे बढ गये हैं। उन की असङ्गत भ्रान्तिमूलक टिप्पणियो और आलोचनाओं का नमूना देखिये।

Medicinal Charms या ओषध सम्बन्धी जादू का शीर्षक दे कर वे लिखते हैं--

Quite a number of medicinal charms are included in the Atharva Veda The chief malady that was sought to be treated magically is the Takman. From the symptoms described, it is almost certain that it was nothing but Malarial fever. The plant Kushtha is mentioned as potent in fighting Takman, but whether as medicine or as amulet is not quite clear. —Vedic Age. P. 4. 5.

अर्थात् अथर्ववेद में बहुत से ओषधिविषयक जादू वर्णित हैं। तक्मा (जिस के वर्णन से यह स्पष्ट है कि वह मलेरिया ज्वर के अतिरिक्त और कुछ नहीं) की चिकित्सा का विशेष वर्णन है। कुष्ठ नामक वनस्पति को तक्मा वा ज्वर नाशक बताया गया है पर यह स्पष्ट नहीं कि ओषधि के रूप में या जादू के रूप मे धारित कवच की शकल में उसे ज्वरनाशक माना गया है।

समीक्षा

यह लेख बडा भ्रमजनक है। अथर्ववेद में ज्वर ही नहीं, मूत्ररोग, नपुसकत्व, क्षयरोग, वन्ध्यात्व, कुष्ठ इत्यादि सैंकडों रोगों की नाशिका अपामार्ग, कुष्ठ, असिक्नी, पृश्निपर्णी, सोम, दर्भ आदि ओषधियों का वर्णन है। कुष्ठ के द्वारा ज्वर की चिकित्सा का जो अथर्व० ५ ४ और १९ ३९ में वर्णन है वह ओषधि के रूप में ही उस के सेवन से है न कि जादू टोने के रूप में यह बात उन दोनों सूक्तों के मन्त्रो से (यदि श्री ब्लूमफील्ड का कई स्थानों पर अशुद्ध अनुवाद भी मान लिया जाए) सर्वथा स्पष्ट है। न जाने वैदिक एज् के विद्वान् लेखकों को इस में क्यों सन्देह हो गया। उदाहरणार्थ उन सूक्तो के निम्न २, ३ मन्त्रों को उद्धृत करना पर्याप्त है।

यो गिरिष्वजायथा वीरुधां वलवत्तमः ।
कुष्ठेहि तक्मनाशन तक्मानं नाशयन्नितः ॥

अथर्व० ५ ४ १ ।

श्री ब्लूमफील्ड कृत अनुवाद—

Thou that art born upon the mountains; as the most potent of plants, come hither O kushtha, destroyer of the Takman to drive out from here the Takman (fever).

यहा स्पष्ट ही कुष्ठ को 'वीरुधा वलवत्तम ' अर्थात् ओषधियों में अतीव प्रभावशालिनी ओषधि कहा है जिस का अनुवाद श्री ब्लूमफील्ड ने The most potent of plants किया है । अथर्व० ५ ४ १० में कहा है—

शीर्षामयमुपहत्यामक्ष्योस्तन्वो रपः ।
कुष्ठस्तत् सर्वं निष्करद् दैवं समह वृष्ण्यम् ॥

श्री ब्लूमफील्ड कृत अंग्रेजी अनुवाद निम्न है—

Pain in the head, affliction in the eyes and ailment of the body, all that shall the Kushtha-heal—a divinely powerful remedy.

यहां भी सिर दर्द, आंखो के रोग, शरीर में पीड़ा इत्यादि की चिकित्सा कुष्ठ ओषधि के द्वारा वताई गई है । श्री ब्लूमफील्ड का अनुवाद—A powerful remedy ही सन्देह निवारणार्थ पर्याप्त था फिर भी वैदिक एज् के विद्वान् लेखकों को सन्देह वना हो रहा यह आश्चर्य की वात है । हमारे इस कथन में वस्तुत. कोई अत्युक्ति नहीं कि वैदिकएज् एक सन्दिग्ध और सन्देह जनक पुस्तक है । अथर्व० १९ ३९ में कुष्ठ के लिये ५ वार 'विश्वभेषज' इस शब्द का प्रयोग है जिस का अनुवाद श्री ब्लूमफील्ड ने Universal remedy किया है ।

इस सूक्त के म० ४ में कहा है—

उत्तमो अस्योषधीनामनड्वान् जगतामिव ।
व्याघ्रः श्वपदामिव नाद्यायं पुरुषो रिषत् यस्मै परिव्रवीमि त्वा सायं प्रातरथो दिवा ॥

श्री ब्लूमफील्ड ने इस का अनुवाद यो किया है—

Thou art the most superior of the plants, as a steer among cattle, as the tiger among beasts of prey. Verily no

harm shall suffer this person here, for whom I bespeak thee morn and even, aye the entire day.

—Hymns of the Atharva Veda by M. Bloomfield P. 6.

यहा कुष्ठ के विषय में लिखा है 'उत्तमो असि ओषधीनाम्' अर्थात् तू ओषधियो में से उत्तम है। यह भी कहा गया है कि प्रात., सायम् और दिन में तेरा सेवन करने से रोगी रोग से पीडित नहीं होता और स्वस्थ हो जाता है।

इस प्रकार कुछ ओषधियों के सेवन से ज्वरादि की चिकित्सा की बात सर्वथा स्पष्ट है! जादू या कवच के रूप में धारण का कहीं सूक्तों में नामोनिशान तक नहीं।

एक भ्रान्तिमूलक समालोचना

इस प्रसङ्ग में 'वैदिक एज्' के पृ० ४१५ में जो एक अत्यन्त भ्रमोत्पादक टिप्पणी दी गई है उस की समालोचना करना आवश्यक प्रतीत होता है। वहां लिखा है—

It is interesting to note that in one hymn (5 22) takman has been asked to seize the Shudra and the Dasi or to go away to Mujavants or to the Valhikas further beyond, and the last verse, the author says quite Maliciously that he is sending Takman to the Gandharis, Angas and Magadhas like one sending a treasure to a person

—Vedic Age P 815

अर्थात् यह बात बडी मनोरजक है कि अथर्व० ५ २२ में तक्मा (मलेरिया ज्वर) को कहा गया है कि वह शूद्रा या दासी को पकड ले या मूजवान् पर्वत अथवा दूरस्थ वाल्हीक देश को चला जाए। अन्तिम मन्त्र में लेखक अशुभ इच्छा वा शत्रुता के साथ कहता है कि वह तक्मा (ज्वर) को गान्धार, अङ्ग और मगध को ऐसे भेज रहा है जैसे कोई खजाने को किसी पुरुष के पास भेज रहा हो।

समीक्षा

जिन मन्त्रों के अर्थ को ठीक न समझ कर वैदिक एज्' के लेखक ने यह टिप्पणी दी है वे मन्त्र निम्न हैं—

तक्मन् व्याल विगद, व्यङ्ग भूरि यावय।
दासीं निष्टक्वरीमिच्छ, ता वज्रेण समर्पय॥

अथर्व० ५ २२ ६.

तक्मन् मूजवतो गच्छ, बल्हिकान् वा परस्तराम् ।
शूद्रामिच्छ प्रफर्व्यं, तां तक्मन् वीवधूनुहि ॥ ७
गन्धारिभ्यो मूजवद्भ्योऽङ्गेभ्यो मगधेभ्यः ।
प्रैष्यन् जनमिवशेवधि, तक्मानं परिदद्मसि ॥

इन मन्त्रों में प्रयुक्त दासी, शूद्रा, गन्धारी, मूजवान् अङ्ग और मगध शब्दों के अर्थ समझने में भूल हुई है जिस को दूर करना आवश्यक है।

दासी नामी एक ओषधि—काक जङ्घा

यहां मन्त्र में प्रयुक्त दासी शब्द काकजङ्घा नाम्नी ओषधि का वाचक है जैसे कि राजनिघण्टु में उस के पर्यायवाची शब्द देते हुए लिखा है—

काकजघा ध्वाङ्क्षजघा, काकपादा तु लोमशा ।
पारावतपदी दासी, नदीकान्ता प्रचोवला ।
काकजघा च तिक्तोष्णा रक्तपित्तज्वरापहा ॥

—राज निघण्टु ।

यहां काक जङ्घा के नामों में दासी शब्द आया है और उसे रक्तपित्त और ज्वर को दूर करने वाला कहा गया है। दासी शब्द के इस अर्थ को न समझ कर लोक प्रचलित अर्थ लेने से कितना अनर्थ हो गया ?

शूद्रा नाम्नी ओषधि

जैसे दासी शब्द ओषधि वाचक है वैसे शूद्रा शब्द भी यहां प्रियगु लता के लिये आया है। वैद्यक शब्द सिन्धु में प्रियगुलता के लिये वैदिक शूद्रासमान शूद्रार्ता शब्द का प्रयोग पाया जाता है यथा "शूद्रार्ता प्रियगुलतायाम् (वैद्यक शब्द सिन्धु श० च०) यह प्रियगु ज्वरनाशक भी है जैसे कि भावप्रकाश निघण्टु में लिखा है—

प्रियगु शीतला तिक्ता, तुवरानिलपित्तहा ।
रक्तातिसारदौर्गन्ध्य स्वेददाहज्वरापहा ॥

—भावप्रकाश निघण्टु

यहां प्रियगुलता को स्पष्टतया ज्वर का नाश करने वाली कहा है। इस प्रकार शूद्रा और दासी इन शब्दों के अर्थ समझ लेने पर मन्त्रों का अर्थ यह होगा कि—

तक्मन् व्याल विगद .... समर्पय ॥

(व्याल) सर्प विष की भांति समस्त शरीर में फैल कर निस्साहस करने वाले (विगद) विशेष रोग ! (व्यङ्ग) किसी विशेष अङ्ग से सम्बन्ध न रख कर समस्त शरीर

में होने वाले (तक्मन्) हे ज्वर ! तू (भूरि यवय) अत्यन्त दूर हो जा (निष्टक्वरीं दासीम् इच्छ) खिली हुई—खिले फूलो वाली काकजङ्घा ओषधि को चाह (ताम्) उस के प्रति (वज्रेण समर्पय) ज्ञान से (वज–गतौ) अपना समर्पण कर ।

मन्त्र का निर्देश स्पष्ट है कि खिले फूलों वाली काकजङ्घा ओषधि के सेवन से ज्वर दूर होता है ।

तक्मन् मूजवतः · वीवधूनुहि ।।

(तक्मन्) हे ज्वर ! तू (मूजवत) मूज वाले देशो में (वा) तथा (वह्लिकान्) आच्छादित स्थानों में (परस्तरा गच्छ) अत्यन्त तिरस्कृत होकर जाने योग्य है, अर्थात् ऐसे स्थानों पर ज्वर फैलता है जो घास वाले हो तथा वायु और प्रकाश से रहित होने के कारण बन्द से हो। (तक्मन्) हे ज्वर ! तू (प्रफर्व्यं शूद्राम्) फूली हुई प्रियगु ओषधि को (इच्छ) चाह (ताम्) उस को (वीव धूनुहि) अतीव कम्पित कर उस पर अपनी वेग शक्ति को समाप्त कर ।

यहा भी मन्त्र का स्पष्ट निर्देश है कि अधिक घास वाले और वायु तथा प्रकाश रहित प्रच्छादित से स्थानों में ज्वर का प्रकोप अधिक होता है जो प्रियगुलता के सेवन से दूर हो सकता है ।

वह्लिक शब्द का अर्थ

वह्लिक शब्द का अर्थ वेदों में इतिहास भूगोल मानने वाले वह्लिक नाम का देश-विशेष समझते हैं । कई तो इस से—

पञ्चानां सिन्धुषष्ठानामन्तर ये समाश्रिताः ।
वह्लीका नाम ते देशा. न तत्र दिवस वसेत् ।।

इत्यादि वचनो के अनुसार पजाव का ग्रहण करते हैं किन्तु इस से न अर्थ की संगति लगती है और न वेद का भाव समझ में आता है । जो ऐतिहासिक प्राय मानते हैं कि वैदिक ऋषियो ने अधिकतर पजाब में वेद मन्त्रों की रचना की उन के लिये तो ऐसा मानना कि ज्वर को पजाव में फैल जाने का शाप दिया गया है नितान्त असङ्गत है । वस्तुत· नित्य वेदों में ऐसे देश विशेष की कल्पना करना ही सर्वथा अशुद्ध है जैसे कि पहले हम "परन्तु-श्रुति सामान्यमात्रम्" (मीमासा) वाचा विरूप नित्यया (ऋग्० ८ ७५ ६) इत्यादि प्रमाणों द्वारा बता चुके हैं । अत वह्लिक शब्द का यौगिक अर्थ ही लेना चाहिये जो यह है कि वह्ल—(भ्वा०) परिभाषण हिंसाच्छादनेषु से वह्लिक शब्द बनता है। वह्ल के इन तीन अर्थों में से आच्छादन परक अर्थ का ऊपर निर्देश किया जा चुका है जो यह है कि आच्छादित

प्रवेश—प्रकाश तथा वायु रहित बन्द से स्थान। इसका हिंसा परक अर्थ भी लिया जा सकता है कि जहां पशुहिंसा के कारण गन्दगी फैलती हो वहा भी ज्वरादि का प्रकोप होता है। वयोरभेद. के अनुसार वह्लिक और वह्लिक को एक सा माना गया है।

वल्ह—प्राधान्ये ऐसी भी एक भ्वादि गण की धातु है उस से वह्लिक शब्द की सिद्धि करनी हो तो अपवित्रता या अन्धकारादि का जहा प्राधान्य हो ऐसा अर्थ लिया जा सकता है। इस प्रकार वैदिक शब्दो के ठीक अर्थ समझ लेने पर इस आक्षेप के लिये कोई स्थान नहीं रहता कि वैदिक ऋषि ने दुर्भावना के साथ ज्वर को शूद्रा वा दासी को पकडने का आदेश दिया है।

गन्धारि, अङ्ग और मगध शब्दो के अर्थ

गन्धारि शब्द गन्धपलाशी या कर्चूर नामक ओषधि का वाचक है। वैद्यक शब्द सिन्धु में लिखा है—

गन्धारि· गन्धपलाश्याम् ॥

भावप्रकाश निघण्टु मे लिखा है—

शरी पलाशी षड्ग्रन्था, सुव्रता गन्धमूलिका।
गन्धारिका गन्धवपुर्वध्· पृथुपलाशिका ॥

—भावप्रकाश निघण्टु

निघण्टु रत्नाकर मे गन्ध पलाशी के पर्याय कर्चूर को ज्वरनाशक बताया गया है। यथा—

समुगन्ध कर्चूरस्तीक्ष्णो दाही कटु· स्मृत ।
. . कास श्वासज्वरापह. ॥

इस लिये गन्धपलाशी वा कर्चूर नामक ओषधि का ग्रहण करना सर्वथा उचित है। मूजवान् या मु जवान् सोमवाचक है। यह बात 'सोमस्येव मोजवतस्य भक्ष.' (ऋग्० १० ३४ १) इस वचन में भी निर्दिष्ट है तथापि वैद्यकशब्दसिन्धु का 'मु जवान् सोमे' यह वचन सर्वथा स्पष्ट होने के कारण उल्लेखनीय ह।

यहा अङ्ग शब्द किसी देशविशेष का वाचक नहीं जैसे कि ऐतिहासिकों की कल्पना है किन्तु बोल नामक ओषधि का वाचक है जिस के लिये 'वैद्यक शब्दसिन्धु' का 'अङ्ग बोले' यह वचन प्रमाण है। निघण्टु रत्नाकर में बोल के गुणो का निरूपण करते हुए उसे ज्वर नाशक बताया है। यथा—

रक्तबोलः कटुस्तिक्त, तुवरोष्णश्च पाचनः।
प्रदराश्मरी मेहघ्नो योनिशूलज्वरप्रणुत् ॥

यहा मगध शब्द पिप्पली ओषधि का वाचक है न कि देश विशेष का जैसे कि
की कल्पना है। मगध शब्द पुल्लिङ्ग है पर मगधा स्त्रीलिङ्ग में है जिस के पर्याय कैयदेव निघण्टु में इस प्रकार दिये हैं—

पिप्पली मागधी शौण्डी, वैदेही चपला कणा।
कृष्णोपकल्या मगधा, श्यामाह्वा तीक्ष्णतण्डुला॥

यहां पिप्पली को मागधी का पर्यायवाची बताया गया है जिस के लिये भावप्रकाश निघण्टु में स्पष्ट कहा है कि—

पिप्पली रेचनी हन्ति, श्वास कासोदर ज्वरान्।

अर्थात् पिप्पली दस्तावर है और वह दमा, खासी तथा ज्वर को दूर करने वाली है। मन्त्र का तात्पर्य यह हुआ कि—

(गन्धारिभ्य:) गन्ध पलाशी अर्थात् कचूर ओषधि के लिये (मूजवद्भ्य) सोम ओषधि के लिये (अङ्गेभ्य) बोल ओषधि के लिये (मगधेभ्य:) पिप्पली ओषधि के लिये (तक्मानम्) ज्वर को (परिदद्मसि) सुपुर्द करते हैं। (प्रेष्य जनमिव शेवधिम्) रक्षक भृत्यजन के लिये जैसे रक्षा योग्य कोष को सुपुर्द करते हैं।

भावार्थ यह हुआ कि कचूर, सोम, बोल और पिप्पली नामक ओषधियों के सेवने से ज्वर को दूर किया जा सकता है। इस लिये ज्वर को मानो उन के सुपुर्द किया जाता है कि वे इस को अपने वश में कर लें।

इस प्रकार गन्धारि, मूजवान् अङ्ग, मगध इत्यादि शब्दो के ठीक अर्थ समझने पर मन्त्र में कोई असङ्गत बात नहीं रहती और यह ज्ञान प्राप्त होता है कि इन ओषधियों के सेवन से ज्वर की चिकित्सा हो सकती है। ऐसा वैज्ञानिक तथा आयुर्वेदिक अर्थ न ले क समस्त अङ्ग, मगध, वल्हिक गन्धारि देशनिवासियों तथा मूजवान् पर्वत पर ज्वर का प्रकोप हो जाए ऐसा शाप देना कितना असङ्गत है?

श्री ब्लूमफल्ड की अशुद्धियो का दुहराना

हम ने पिछले पृष्ठों में श्री ब्लूमफील्ड की जिन अशुद्धियों का निर्देश किया है 'वैदिक एज्' में उन्हे ही बार बार दुहराया गया है। उदाहरणार्थ अथर्व० ३ ३० के सामनस्य सूक्त का अनुवाद देते हुए (जिस के प्रारम्भ के दो मन्त्र उदाहरणार्थ प्रस्तुत किये जाते हैं)—

Like in heart, of like intent non-hostile, do I make you; One another you should love, as the cow loves her new-born calf May the son do the father's will and be of one

mind with the mother, May wife to husband honeyed words and peaceful always speak

वे लिखते हैं—

Of the same type but much more elevated in tone, is the oft-quoted and justly celebrated charm for securing concord. —Vedic Age. P. 420

यह श्री ब्लूमफील्ड के Charm to secure harmony का अनुसरणमात्र है इस में सन्देह नहीं। यहा जादू का नामोनिशान कहीं नहीं। ये सांमनस्य विषयक उत्तम शिक्षायें हैं अत Teachings to secure harmony ऐसा शीर्षक देना उचित था।

श्री ब्लूमफील्ड की अशुद्धियों का निर्देश करते हुए हम ने अथर्व ७ १२ के सभा, समिति आदि विषयक राजनैतिक आदेशों का कुछ अश अनुवाद सहित दिया था। वही भूल 'वैदिक एज्' के लेखकों ने भी पृ० ४११ पर की है।

वे लिखते हैं—

A number of hymns of the Atharva Veda are on the bordering of magic and politics. —P. 411.

अर्थात् अथर्व वेद के कुछ सूक्त जादू और राजनीति की मध्य रेखा पर हैं। वस्तुत वे विशुद्ध राजनीति का उपदेश करने वाले हैं उन में जादू की कल्पना सर्वथा असत्य है। 'वैदिक एज्' में इन सूक्त के प्रथम दो मन्त्रो का निम्न अनुवाद दिया गया है—

1. May the assembly and the council protect me, the two daughters of Prajapati in agreement. May he whom I meet seek to help me. May I speak pleasantly at the meeting O fathers.
2. Of those seated here together, I take away splendour and discernment. Of this whole gathering O Indra, make me the possessor of fortune.

—Vedic Age, P 412.

इस अनुवाद को ठीक मानने पर भी स्पष्ट है कि यहा विशुद्ध राजनैतिक आदेशों का उपदेश है। इस में जादू टोने की कोई बात ही नहीं, फिर जनता में भ्रम उत्पन्न करने के लिए यह क्यो लिखा जाय कि ऐसे सूक्त जादू और राजनीति की मध्य रेखा पर हैं। यह भी ब्लूमफील्ड का अनुसरणमात्र है जिसने लगभग ऐसा ही अनुवाद दे कर शीर्षक

'Charm to procure influnce in the assembly' अर्थात् लोक सभा में प्रभाव प्राप्त करने का जादू यह रख छोडा।

अभिचार विषयक असत्य कल्पना

अथर्व वेदोक्त अभिचार के विषय में हम इस अध्याय में प्रकाश डाल चुके हैं पर उन के सम्बन्ध में भी 'वैदिक एज्' में बडा अशुद्ध विचार प्रकट किया गया है।

वे लिखते हैं—

Least savoury of the magic charms of the Atharva Veda are those of witch craft and the like which constitute the Argirasa part of Samhita The purpose of some is defensive, but the majority of them are offensive in purpose and directed against human enemies

Low and primitive morality speaks in these hymns.

—Vedic Age. P. 413.

यहा यह जो बात कही गई है कि अभिचारो में से अधिकतर आक्रमणात्मक हैं न कि रक्षात्मक यह वस्तुतः असत्य है। इन में एक नीच और जगली आचार का परिचय मिलता है यह भी सर्वथा अशुद्ध है। इन का सम्बन्ध तो युद्ध विद्या और देश रक्षा के साथ है इन में हीन आचार की कल्पना को समझना भ्रम मूलक है।

वैदिक ब्राह्मणो पर स्वार्थान्धता का आरोप

'वैदिक एज्' के लेखकों ने यह अशुद्ध कल्पना कर के कि अथर्व वेद के ब्राह्मण पुरोहित अपने से हीन, निर्धन और अशिक्षित ग्रामीणो के साथ सम्पर्क में आते थे और उन के जङ्गली अन्धविश्वासों से लाभ उठा कर अपना स्वार्थ सिद्ध करते थे, उन पर एक अत्यन्त भयङ्कर आरोप लगाया है जिस की हम उपेक्षा नहीं कर सकते विशेषत क्यो कि उन्हों ने कुछ वेद मन्त्रों का भी अशुद्ध अर्थ समझ कर इस प्रकरण में उल्लेख किया है। हम उन के कुछ वाक्यो का उल्लेख कर के उन की समालोचना करेंगे।

वे लिखते हैं—

Here in the Atharva Veda the Brahman priest is addressing his social inferiors from whom he need not turn off the shady side of his Character. Thus in the hymn on the Brahman's wife (Brahma jaya) the priest has demanded a remarkable privilege for his class.

—AV V. 17.8

ब्राह्मण एव पतिर्न राजन्यो न वैश्यः।
तत् सूर्यः प्रब्रवन्नेति पञ्चभ्यो मानवेभ्य· ॥

ब्रह्मजाया शब्द का अर्थ

ब्रह्मजाया शब्द के अर्थ को समझने में श्री ब्लूमफील्ड, ह्विटनी और उन का अनुसरण करने वाले 'वैदिक एज्' के लेखकों ने भूल की है इसी लिये उन की उपर्युल्लिखित टिप्पणी भी भ्रान्तिमूलक है। जाया शब्द उणादि कोष ४. १११ जनेर्यक् इस सूत्र के अनुसार जन् धातु से बनता है जिस का अर्थ जनन वा उत्पन्न करना है। इस लिये जाया का अर्थ यहा जनयति-उत्पादयति सुखानीति जाया विद्या ऐसा है। ब्रह्मजाया का अर्थ ब्रह्मविद्या वा वेद विद्या है।

उत यत् पतयो दशस्त्रियाःपूर्वे अब्राह्मणा में स्त्री का अर्थ उणादि कोष ४. १६६ के स्त्यायतेर्ड्रट् इस सूत्र के अनुसार स्त्यै-शब्द सघातयो· इस धात्वर्थ के आधार पर करना चाहिये। यहा साधारण लौकिक स्त्री से तात्पर्य नहीं किन्तु उपदेश देने वाली और ज्ञान का संघात वा भण्डार रूप वेदविद्या से है। स्तृञ् आच्छादने (क्रयादि गण) इस धातु से भी स्त्री शब्द बनता है। इस प्रकार उस का अर्थ ज्ञान से आच्छादित करने वाली वेदविद्या होगा जैसे कि छन्दासि इस शब्द का अर्थ होता है।

यदेभिराच्छादयंस्तच्छन्दसां छन्दस्त्वम्।
छन्दांसि–छादनात् (निरुक्त ७. १२)

इत्यादि से यही बात ज्ञात होती है। इस लिये स्त्री का अर्थ यहा वेदविद्या है और उस के विषय में कहा है कि सच्चा ब्राह्मण––स्वार्थरहित सारी विद्याओं का जानने वाला जिसे ब्रह्मा चेद् हस्तमग्रहीत् में ब्रह्मा के नाम से भी पुकारा गया है।

ब्रह्मा परिवृढ़ः सर्वतः वृह वृद्धौ ब्रह्मा सर्वविद्यः।
––निरुक्त ११ ७।

तपस्वी पुरुष ही उस वेद विद्या वा ब्रह्मविद्या का सच्चा स्वामी होता है। यदि वस भी अब्राह्मण हों जिन्होंने परमेश्वर और वेद के स्वरूप को नहीं समझा तथा जो नि.स्वार्थ, शुद्ध, सदाचारी, तपस्वी नहीं तो वे वेदविद्या तथा ब्रह्मविद्या के पति–सच्चे रक्षक नहीं बन सकते, क्योंकि वेद विद्या का रहस्य केवल तपस्वी ब्राह्मण ऋषि के आगे ही खुल सकता है।

न ह्येषु प्रत्यक्षमस्त्यनृषेर तपसो वा। ––निरुक्ते अ० १।

जो ऋषि और तपस्वी नहीं उसे वेदमन्त्रों का प्रत्यक्ष वा साक्षात् यथार्थ ज्ञान नहीं हो सकता। ऐसा ऋषि और तपस्वी ही ब्राह्मण कहाता है चाहे उस का जन्म किसी भी

कुल में क्यों न हो। इस में जात्यभिमानादि की कोई बात नहीं न कोई स्वार्थान्धता की बात है।

ब्राह्मण एव पतिर्न राजन्यो न वैश्यः।

ऐसा सच्चा सात्विक ब्राह्मण ही जिस के लक्षण—

सत्य दानमथाद्रोह आनृशस्य त्रपा घृणा।
तपश्च दृश्यते यत्र स ब्राह्मणइति स्मृतः॥

—म० भा० शान्तिपर्व अ० १८९।

शमो दमस्तपः शौचं क्षान्तिरार्जवमेव च।
ज्ञान विज्ञानमास्तिक्य ब्रह्मकर्म स्वभावजम्॥

—गीता १८।

इत्यादि रूप में शास्त्रों में किये गये हैं वही ब्राह्मण वेदविद्या वा ब्रह्मविद्या का सच्चा पति वा रक्षक बन सकता है, राजस तामस गुणयुक्त स्वार्थ सम्पन्न क्षत्रिय वैश्य नहीं।

मानो सूर्य वा ज्ञानप्रकाशक परमेश्वर स्वयं सब मनुष्यों के लिये यह घोषणा कर रहा है। यहां ब्रह्मजाया और ब्राह्मण शब्दों के अर्थ न समझने के कारण ही यह भ्रान्ति हुई है। अथर्व ५. १८–१९ का निर्देश करते हुए 'वैदिक एज्' के लेखकों ने जो यह टिप्पणी की कि—

Not only the Brahman's wife, but also his property was sought to be protected by a similar appeal to people's superstition

अर्थात् ब्राह्मण की स्त्री की ही नहीं, उस की सम्पत्ति की भी लोगों के अन्धविश्वास को अपील कर के रक्षा का प्रयत्न किया गया था, वह सब भ्रान्तिमूलक है। अथर्व० ५. १८–१९ को निष्पक्षपात भाव से पढ़ने पर उस में ऐसे किसी आरोप के लिये अवकाश नहीं रहता। उस में सम्पत्ति का कहीं नाम वा निर्देश तक नहीं। ब्राह्मण की गौ से तात्पर्य उस की वाणी से है। उस को रोकने का यत्न करना नितान्त अनुचित और हानिकारक होता है। ब्राह्मण शब्द के वास्तविक अर्थ को यदि 'वैदिक एज्' के लेखक समझ लेते तो उन्हें ऐसी समालोचना करने का साहस न होता। यहां ब्राह्मण जात्यभिमानी भोजनभट्टों से तात्पर्य नहीं, किन्तु उन सच्चे ब्रह्मज्ञानी ईश्वरभक्तों से है जिन का निर्देश इन दोनों सूक्तों में इन शब्दों द्वारा किया गया है कि—

न ब्राह्मणो हिंसितव्योऽग्निः प्रियतनोरिव।
सोमो ह्यस्यदायाद इन्द्रो अस्याभिशस्तिपाः॥ म० ६।

अर्थात् सच्चे ब्राह्मण की हिंसा कभी न करनी चाहिये, वह राष्ट्र में शरीर की अग्नि के समान है। शान्ति का स्रोत भगवान् मानो इस का सम्बन्धी है और वह परमेश्वर इस का (अभिशस्तिपाः) हिंसा से रक्षक है। सच्चे ब्राह्मणों को कोमल व निर्बल समझ कर जो (देवपीयु) विद्वानों का हिंसक (धन काम) धन की कामना से अज्ञान पूर्वक कार्य करता है उस का नाश होता है। ब्राह्मण के विषय में लिखा है कि वह 'देवबन्धु' होता है अर्थात् दिव्य गुणो को अपने अन्दर धारण कर के उन का सच्चा हितकारी मित्र होता है। ऐसे सच्चे ब्राह्मणो का तिरस्कार करने वालों का कभी कल्याण नहीं हो सकता।

यो ब्राह्मण देवबन्धुं हिनस्ति न स पितृयाणमप्येति लोकम्।

अ० ५ १८ १३।

म० १४ में ब्राह्मणों अर्थात् इन तपस्वी, स्वार्थरहित ब्रह्मज्ञानियों के लिये (ब्रह्म अधीते तद् वेद वा तद्धीतेतद्वेद—ब्राह्मणः) 'वेधसः' इस शब्द का प्रयोग आया है जिस को निघण्टु ३. १५ में मेधाविनामों में पढ़ा गया है। इस से स्पष्ट है कि जिन ब्राह्मणों के मान करने और उन की सत्यमयी गौ (वाणी) को न बन्द करने का इन सूक्तो में वर्णन है वे किसी विशेष जाति वा जन्मसिद्ध वर्ग से सम्बन्ध रखने वाले नही बल्कि वेधस.–विशेष रूप से मनुष्य मात्र को धारण करने वाले मेधा बुद्धि सम्पन्न तपस्वी महानुभाव हैं जिन की यह भावना होती है कि—

अग्निर्वै नः पदवायः सोमो दायाद उच्यते।
हन्ताभिशस्तेरिन्द्रस्तथा तद् वेधसो विदुः॥ म० १४

अर्थात् (अग्नि.) ज्ञान स्वरूप परमेश्वर (वै) निश्चय से (न) हमारा (पदवाय.) आगे ले जाने वाला पथप्रदर्शक है [पद–प्राप्तव्यस्थान वाययति-गमयतीति पदवायः] (सोम) शान्ति का स्रोत जगदीश्वर (दायाद. उच्यते) हमारा सम्बन्धी कहा जाता है। (इन्द्रः अभिशस्तिहा हन्ता) परमैश्वर्य सम्पन्न वह प्रभु हमारी हिंसा से रक्षा करने वाला है (तत् तथा वेधसः विदु.) सचमुच इसी तरह मेधावी ब्राह्मण जानते और अनुभव करते हैं। ऐसे सच्चे तपस्वी मेधावी ब्रह्मवेत्ताओं पर स्वार्थान्धता का दोष लगाना 'वैदिक एज्' के लेखकों के लिये कितना अनुचित था! ऐसे सच्चे ब्राह्मणों का अपने को बलवान् समझ कर अपमान करने वाला और उन की गौ—ओजस्विनी जनहितकारिणी कल्याणी वाणी को स्वार्थवश बन्द करने वाला राजा जहां होता है वह राष्ट्र नष्ट हो जाता है, इस में क्या सन्देह हो सकता है?

उग्रो राजा मन्यमानो ब्राह्मण यो जिघत्सति।
परातत् सिच्यते राष्ट्र ब्राह्मणो यत्र जीयते॥

—अ० ५ १६. ६।

तद् वै राष्ट्रमाल्रवति नावं भिन्नामिवोदकम् ।
ब्रह्माणं यत्रहिंसन्ति तद् राष्ट्र हन्तिदुच्छुनाः ॥

नौका के टूटने पर जल जैसे वह निकलता है, ऐसे ही वह राष्ट्र नष्ट भ्रष्ट हो जाता है। जिस में गुणों से महान् सर्व विद्या सम्पन्न तपस्वी मेधावी पुरुष की लोग हिंसा करते हैं, दुर्गति उस राष्ट्र का नाश कर देती है। ब्रह्मा शब्द का यहा प्रयोग इसी लिये किया गया है कि भ्रम से कोई वर्ग विशेष न समझ ले। ब्रह्मा का अर्थ निरुक्तकार यास्काचार्य ने निरुक्त के प्रथम अध्याय के ७म खण्ड में इस प्रकार किया है—

ब्रह्मा—सर्वविद्य', सर्वं वेदितुमर्हति, ब्रह्मा परिवृढः श्रुतत', ब्रह्मा परिवृढ सर्वत' । निरुक्त १ ७ ।

अर्थात् ब्रह्मा उसे कहते हैं जो सर्व विद्या सम्पन्न हो, जो तीक्ष्ण मेधा बुद्धि के कारण सब कुछ जान सके और जो शास्त्रश्रवण के कारण सब ओर बढ़ा हुआ हो। ऐसे सर्व विद्या सम्पन्न मेधावियों का अपमान करने वाला राष्ट्र नष्ट भ्रष्ट हो जाता है, इस में सन्देह ही क्या है ? इस को स्वार्थपरायण ब्राह्मणत्वाभिमानियों की उचित बतलाना नितान्त असङ्गत है। वस्तुत. यहां भी 'वैदिक एज्' के लेखकों ने कोई नई बात नहीं लिखी। श्री ब्लूमफील्ड के निम्न वाक्यों में प्रकट किये भाव का ही ब्राह्मण शब्द के अर्थ का बिना विचार किये प्रकरण और अनुसरण कर लिया है। श्री ब्लूमफील्ड ने Hymns of the Atharva Veda के पृ० ४३० पर लिखा है—

The object of the two hymns V. 18 and 19 is clearly to present in the most drastic language the danger which arises from the oppression of Brahmans and usurpation of their property.

हमें वैदिक एज् के विद्वान् लेखकों पर आश्चर्य और खेद होता है कि बिना सोचे समझे पाश्चात्य अनुवादकों के अनुवादों और लेखों को ही प्रामाणिक मान कर कितनी अप्रिय, कटु और असत्य आलोचना वे वेदों की शिक्षाओं की कर बैठे हैं। उदाहरणार्थ उन के ये शब्द कितने कटु और असत्य हैं कि—

The Brahmana's supposed privileges have thus been shamelessly asserted in the Atharva Veda, of his obligation there is hardly mention..... To the Brahmanas of the Atharva Veda it was evidently more important to be dear

to the bestowerer of Dakshina than to be dear to the gods.
—Vedic Age P. 409.

इन वाक्यों में वे कहते हैं कि अथर्ववेद में निर्लज्जतापूर्वक ब्राह्मणों के कल्पित अधिकारो का प्रतिपादन है, उन के कर्तव्य का कठिनाई से कहीं वर्णन है। अथर्ववेद के ब्राह्मण दक्षिणा देने वालो के प्रिय बनने को देवों के प्रिय बनने की अपेक्षा अधिक महत्त्व देते हैं इत्यादि। हम ने ऊपर सप्रमाण जो लिखा है उस से उन की इस स्थापना की असत्यता अत्यन्त स्पष्ट हो जाएगी। ब्राह्मण, ब्रह्मा, वेधा., देवबन्धु इत्यादि शब्द ही उन की अयथार्थता सिद्ध करने को पर्याप्त हैं। आशा है निष्पक्षपात भाव से इन विषयो का पुनः अनुशीलम कर के सत्य को ग्रहण और प्रकट करने में वे संकोच न करेंगे।

मास मद्य द्यूत सेवन वेद विरुद्ध

अन्त में एक और भ्रम को जिस को 'वैदिक एज्' के लेखकों ने स्थान-स्थान पर फैलाया है दूर कर के हम इस अध्याय को, ग्रन्थ विस्तारभय से, समाप्त करना चाहते हैं। इस विषय पर यज्ञ के प्रकरण में भी हम प्रकाश डाल चुके हैं, तथापि भ्रम निवारणार्थ कुछ और स्पष्टीकरण आवश्यक प्रतीत होता है।

'वैदिक एज्' के पृ० ४५७ पर मास, मद्य और द्यूत के सेवन के विषय में निम्न वाक्य पाये जाते हैं।

Dice was another amusement. The number of dice, the method of dice-playing and the names of the throws are all described in detail in the various text of this (Yajur Vedic) period. A ritual game of dice is played at the Agnyadhey and tne Rajasuya ceremonies. So ganbling is probably sought to be restricted by elevating racing and dicing to the rank of religious ceremonies.

FOOD AND DRINK

Meat-eating seems to be fairly common, as in the Rigvedic age The Shatapath Brahmana prescribes the killing of a great ox or goat in honour of a guest. Generally meat was eaten on the occasion of some ceremony or other, but such ceremonies were perfomed almost every day. Its use is forbidden during the observance of a vow. It appears that the killing of cows gradually came into disfavour. The

normal meat diet consisted of the flesh of the sheep, the goat and the ox, the usual sacrificial victims. What man ate, he offered to the gods. —Vedic Age P 457

Sura, an intoxicating spirituous, liquor already known in the Rigvedic age is often mentioned. Though tolerated as an ordinary drink (the drink of the people in the Sabha) it is condemned as leading to quarrels and as seducing men from the path of virtue like dicing and meat eating.

—Atharva Veda VI 701.

The Sautramani sacrifice is of the nature of an expiation or penance for an indulgence in Sura. The method of its preparation can not be ascertained. Probably it was prepared from fermented grains and plants. —P. 457.

हम ने यह लम्बा उद्धरण 'वैदिक एज्' के लेखकों का दृष्टिकोण दिखाने के लिये दिया है। उन का कथन है कि यजुर्वेद काल में जुआ एक लोकप्रिय मनोरंजन का साधन था। इस के सम्बन्ध में विस्तृत निर्देश यजुर्वेद में पाये जाते हैं। अग्न्याधेय और राजसूय में जुआ खेला जाता है। सम्भवत. इस के प्रयोग पर प्रतिबन्ध लगाने वा इसे सीमित करने के लिये इसे धार्मिक क्रिया का रूप दे दिया गया हो।

समीक्षा

वस्तुत यह स्थापना अशुद्ध है। यजुर्वेद में कहा द्यूत वा जुए के सम्बन्ध में विस्तृत निर्देश दिए गए हैं इस का कोई प्रमाण 'वैदिक एज्' में नहीं दिया गया। बिना प्रमाण के केवल उन के कथन से किसी बात को कैसे माना जा सकता है, जब कि हम जानते हैं कि ऋग्वेद में एक सम्पूर्ण सूक्त (१०. ३४) इसी द्यूत की बुराइयां दिखाने के लिये है जिस में इस के पासों के लिये यहां तक कह दिया गया है कि—

दिव्या अङ्गारा इरिणे व्युप्ताः शीता· सन्तो हृदयं निर्दहन्ति ॥

१०. ३४ २।

जाया तप्यते कितवस्य हीना माता पुत्रस्य चरत. क्वस्वित्।

—म० १०।

अर्थात् ये जुए के पासे अङ्गारों के समान जो ऊपर से शीतल होते हुए भी हृदय को जलाने वाले हैं। जुआरी की पत्नी बड़ी दुःखित रहती है। उस की माता इधर-उधर

भटकती रहती है। उस की सास भी उस के साथ द्वेष करने लगती है। पत्नी भी उस को रोकती है, कहीं उस को ऋणाविमागने पर सुख देने वाला कोई नहीं होता (न नापितो विन्दते मर्डितारम्।" उस के माता, पिता, भ्राता तक कह देते हैं कि हम इसे नहीं जानते। इसे बांध दो। इत्यादि—

अन्त में स्पष्ट शब्दों में शिक्षा दी गई है कि 'अक्षैर्मा दीव्य.' हे मनुष्य! कभी जुआ मत खेल—

कृषिमित्कृषस्ववित्ते रमस्व बहु मन्यमानः।
तत्र गावः कितव तत्र जाया तन्मे विचष्टे सवितायमर्यः॥

ऋग्० १०. ३४. १३।

कृषि इत्यादि परिश्रम साध्य कार्य कर और इस प्रकार धर्म और परिश्रम पूर्वक धन कमा। हे जुआरी! ऐसा करने से ही तुझे उत्तम गौवें प्राप्त होंगी और पारिवारिक सुख प्राप्त होगा। यह ईश्वर का आदेश है। इतने स्पष्ट शब्दों में जिस वेद में जुए का निषेध हो उस का अग्न्याधेय वा राजसूय में खेले जाने का यदि किन्हीं स्वार्थी पुरुषों ने विधान कर दिया हो तो वेद विरुद्ध होने के कारण वह सर्वथा आमान्य है। खेलने को तो धर्मराज माने जाने वाले युधिष्ठिर ने भी जुआ खेला था, पर उस से उस की उपादेयता सिद्ध नहीं हो जाती। मिलने पर श्री कृष्ण ने युधिष्ठिर को कहा ही था कि—

नै तत्कृच्छ्रमनु प्राप्तो भवान्स्याद् वसुधाधिप।
यद्यहं द्वारकाया स्या, राजन् सन्निहितः पुरा॥
आगच्छेयमहं द्यूतम्, अनाहूतोऽपि पाण्डवै.।
वारयेयमहं द्यूत, बहून् दोषान् प्रदर्शयन्॥
स्त्रियोऽक्षा मृगयापानम्, एतत्काम समुत्थितम्।
दु.ख चतुष्टयं प्रोक्त, यैर्नरो भ्रश्यते श्रियः॥

—महाभारत वनपर्व।

अर्थात् यदि मैं द्वारका में होता तो तुम्हें यह दु:ख प्राप्त न होता क्यों कि मैं विना बुलाये भी जुए के स्थान में पहुंच जाता और इस के अनेक दोष दिखा कर सब को द्यूत से हटा देता। स्त्रिया, जुआ, शिकार और शराब पीना ये ४ काम से उत्पन्न दु.खदायक व्यसन हैं जिन से मनुष्य शोभा और लक्ष्मी से भ्रष्ट हो जाता है।

ऐसा ही विचार सभी धर्मात्माओं का रहता है। अत जिस किसी वेद विरोधी दुष्ट ने कभी जुआ खेला होगा उस के आधार पर उस का समर्थन करना उचित नहीं है। इस बात का कोई प्रमाण नहीं कि वैदिक काल में कोई धर्मात्मा जुआ खेलते थे और इसे अच्छा

elibrary.thearyasamaj.org

समझा जाता था। वेदों में उस का स्पष्ट निषेध तो 'अक्षैर्मा दीव्य' इन शब्दों द्वारा है ही कि तू कभी जुआ न खेल।

मद्य का निषेध

जुए के समान वेदो में मद्यपान का भी स्पष्ट निषेध है।

सप्तमर्यादाः कवयस्ततक्षुस्तासामेकादिमभ्यंहुरो गात्।

—ऋग्० १० ५. ६।

इस मन्त्र में जिन सात मर्यादाओ का निर्देश है और जिन के विषय में कहा है कि उन में से एक का भी सेवन करने वाला पापी हो जाता है उन में मद्य का पान भी है। यास्काचार्य ने निरुक्त में इन सात मर्यादाओं को इस प्रकार गिनाया है—

स्तेयं, तल्पारोहण, ब्रह्महत्यां, भ्रूणहत्यां, सुरापानं, दुष्कृतस्य कर्मणः पुनः पुनः सेवा, पातकेऽनृतोद्यमिति।

इन में चोरी, व्यभिचार, ब्रह्महत्या, गर्भपात, असत्यभाषण, बार-बार बुरा कर्म करना, इन के साथ शराब पीने को भी गिनाया गया है।

हृत्सु पीतासो युध्यन्ते दुर्मदासो न सुरायाम्।
ऊधर्न नग्ना जरन्ते॥ ऋ० ८. २. १२।

इस मन्त्र में उपमा के द्वारा बताया गया है कि शराबी लोग मस्त होकर आपस में लग्न होकर झगडा करते और अण्ड बण्ड बकते हैं।

ऋग्० ७. ८६. ६ में उन वस्तुओ का निर्देश किया गया है जिन से मनुष्य अधर्म में प्रवृत्त होता है उन्हीं में सुरा (शराब) और (विभीदकः) जुए का भी परिगणन है।

न स स्वो दक्षो वरुण ध्रुतिःसा सुरा मन्युर्विभीदको अचित्तिः।
अस्ति ज्यायान् कनीयस उपारे स्वप्नश्चनेदनृतस्य प्रयोता॥

इस बात को वैदिक एज् के लेखक ने भी—

Drink is condemned as leading to quarrels and as seducing men from the path of virtue like dicing and meat-eating. —Atharva VI 70. 1

लिख कर स्वीकार किया है। यहा जिस मन्त्र का निर्देश किया गया है और इन को वैदिक एज् के अनुसार भी धर्म के मार्ग से हटाने वाला और लडाई झगडे में प्रवृत्त करने वाला बताया गया है वह है—

यथा मास यधा सुरा यथाक्षा अधिदेवने। अ० ६. ७०. १।

इस में मास, शराब और जुआ तीनो को एक कोटि में रख कर निन्दनीय और वर्जनीय बताया गया है इस में सदेह का कोई कारण नहीं।

वेदो मे मास निषेध

इस विषय के कुछ मन्त्रों को हम पहले उद्धृत कर चुके हैं। कुछ अन्यों का यहा उल्लेख करते हैं जिन में हिंसा और तज्जन्य मासादि का निषेध और सब पशुओ की रक्षा का उपदेश है। वे मन्त्र निम्नलिखित हैं—

१. मा स्रेधत सोमिनो दक्षता महे कृणुध्व राय आ तुजे।
तरणिरिज्जयति क्षेति पुष्यति न देवाः कवत्नवे॥

—ऋग्० ७ ३२ ६।

इस का अर्थ यह है कि हे (सोमिन) शान्तियुक्त पुरुषो तुम (मा स्रेधत) हिंसा मत करो स्रिध-हिंसायाम, सर्व विध बल के लिये प्रयत्नशील रहो। जो (तरणि·) रक्षक होता है वही जीतता है, सर्वत्र प्रेम मे निवास करता और सब को पुष्ट करता है। (देवा·) सत्यनिष्ठ ज्ञानी (कवत्नवे न) हिंसादि कुत्सित आचार व्यवहार वाले के लिये अथवा उस के समर्थक नहीं होते। कितनी उत्तमता से मन्त्र में हिंसा का निषेध किया गया है।

२. यजु०० १२ ३२ मे उपदेश है—

प्रेदग्ने ज्योतिष्मान् पाहि शिवेभिरर्चिभिष्ट्वम्।
बृहद्भिर्भानुभिर्भासन् मा हिंसीस्तन्वा प्रजा·॥

यहा मनुष्य को उपदेश है कि तू (बृहद्भि भानुभि·) महान् ज्ञान किरणो से प्रकाशित हो और (तन्वा) अपने शरीर से (प्रजा मा हिंसी) प्राणियो की हिंसा मत कर।

३ अथर्व० ३ २८ १ में बताया गया है कि बुद्धि भ्रष्ट होने पर ही मनुष्य की पशु-हिंसादि में प्रवृत्ति होती है -

यत्र जायते यमिन्यपर्तु सा पशून् क्षिणाति रिफती रिशती॥

अर्थात् (यत्र) जिस अवस्था विशेष में (यमिनी) मनुष्य को नियम में रखने वाली बुद्धि (अपर्तु जायते) भ्रष्ट हो जाती है—बिगड जाती है तब वह पशुओ को शस्त्राघात से मारती तथा अन्य उपायों से हत्या करती हुई पशुओं को नष्ट करती है। रिफ–रिश धातु हिंसार्थक हैं।

४ धर्मात्मा सब पशुओ की रक्षा करते हैं इस का उपदेश अथर्व० १६ ४८ ५ में इस प्रकार आया है—

ये रात्रिमनुतिष्ठन्ति ये च भूतेषु जाग्रति ।
पशून् ये सर्वान् रक्षन्ति ते न आत्मसु जाग्रति ते नः पशुषु जाग्रति ॥

अर्थात् जो धर्मात्मा रात्रि में ध्यानादियोगाभ्यास करते हैं, सब प्राणियों के विषय में जो सदा सावधान रहते हैं, जो सब पशुओं की रक्षा करते हैं, वे हमारी आत्माओं की उन्नति के विषय में भी जागरूक रहते हैं। वे इस बात का सदा ध्यान रखते हैं कि किसी पशु को हमारे व्यवहार से कष्ट न पहुंचे।

५. अथर्व० अ० १७ ४ में यह प्रार्थना प्रत्येक मनुष्य को करने को कहा गया है कि—

'प्रिय पशूना भूयासम् ।'

अर्थात् मैं पशुओं का प्यारा बनूं। जो पशुओं की रक्षा करता और उन्हें प्रेम दृष्टि से देखता है वही उन का प्रिय बन सकता है न कि उन्हें मारने वाला, यह बात स्पष्ट है।

६. दृते दृंह मा मित्रस्य मा चक्षुषा सर्वाणि भूतानि समीक्षन्ता मित्रस्याहं चक्षुषा सर्वाणि भूतानि समीक्षे मित्रस्य चक्षुषा समीक्षामहे ॥

—यजु० ३६. १८।

इस मन्त्र का हम पहले कई बार उल्लेख कर चुके हैं। इसे भी इस प्रकरण में फिर स्मरण कर लेना चाहिये कि वेद का उपदेश सब प्राणियों को मित्र की दृष्टि से देखने का है फिर उन को मार कर या मरवा कर मांस खाने का तो प्रश्न ही कैसे उठ सकता है?

७ मांस भक्षण करने वाले क्रव्यादों को वेद यातुधान बताता और उन्हें दण्ड देने का विधान करता है।

यः पौरुषेयेण क्रविषा समङ्क्ते यो अश्व्येन पशुना यातुधानः ।
यो अघ्न्यायाः भरति क्षीरमग्ने तेषां शीर्षाणि हरसापि वृश्च ॥

ऋग्० १० ८७ १६

जो पुरुष के मांस का सेवन करता है, जो घोड़े का या अन्य पशु का मांस खाता और गौओं की हत्या कर के उन के दूध से अन्यों को वंचित करता है हे राजन्! यदि अन्य उपायों से ऐसा यातुधान (हिंसक—राक्षस वृत्ति का पुरुष) न माने तो अपने तेज से उस के सिर तक को काट डाल यह अन्तिम दण्ड है जिस को दिया जा सकता है।

८ य आमं मांसमदन्ति पौरुषेयं च ये क्रविः ।
गर्भान् खादन्ति केशवास्तानितो नाशयामसि ॥

अथर्व० ८. ६ २३।

इस मन्त्र में कहा है कि जो कच्चा मांस खाते हैं, जो पुरुषों द्वारा पकाया हुआ मांस खाते हैं, जो गर्भ रूप अण्डों का सेवन करते हैं, उन के इस दुष्ट व्यसन का नाश करो।

elibrary.thearyasamaj.org

इस प्रकार यह सर्वथा स्पष्ट सिद्ध होता है कि वेदों में मास भक्षण का निषेध है। इस के विरुद्ध जहा कहीं कुछ लिखा गया हो वह अमान्य है।

यः पौरुषेयेण क्रविषा समङ्क्ते।

यह मन्त्र मासभक्षण निषेध की दृष्टि से अत्यधिक महत्त्वपूर्ण है अत उस का श्री सायणाचार्य कृत भाष्य भी उद्धृत किया जाता है।

य यातुधानः—राक्षसः (पौरुषेयेण क्रविषा) पुरुषसम्बन्धिना मासेन (समङ्क्ते) आत्मान सगमयति (यश्च अश्व्येन) अश्वसमूहेन तदीयेन मांसेनेत्यर्थ· आत्मान सगमयति यो वा यातुधान. अन्येन पशुना आत्मान सगमयति यो वा यातुधान (अघ्न्याया) गो (क्षीरम्) (भरति) हरति हे अग्ने त्व तेषा सर्वेषामपि राक्षसानाम् (शीर्षाणि) शिरासि (हरसा) त्वदीयेन तेजसा (वृश्च) छिन्धि। इस का अर्थ वही है जो हम दे चुके हैं।

ऋग्वेद १० ८७ में यातुधानों अथवा राक्षसों के स्वभाव का वर्णन है। उस में ३ ४ स्थानों पर 'क्रव्याद' इस विशेषण का प्रयोग है जिस का अर्थ मासभक्षक है। 'य पौरुषेयेण क्रविषा समङ्क्ते' यह मन्त्र उसी सूक्त का है जिस का सायणभाष्य सहित हमने उल्लेख किया है। उसी सूक्त के निम्न दो मन्त्रों का उल्लेख भी इस प्रसङ्ग में आवश्यक प्रतीत होता है। म० २ निम्न है—

९. अयोदष्ट्रो अर्चिषा यातुधानानुपस्पृश जातवेद. समिद्ध·।
आ जिह्वया मूरदेवान् रभस्व क्रव्यादो वृवत्व्यपि धत्वासन्॥

इस का सायणभाष्य निम्न है—

हे (जातवेद.) जात धन जातप्रज्ञ वा त्व सम्यग्दीप्त तीक्ष्णदष्ट्र. सन् (यातुधानान्) राक्षसान् (अर्चिषा) ज्वालया सदह। किं च त्व (मूरदेवान) मूढदेवान् मारक व्यापारान् राक्षसान् (जिह्वया) ज्वालया रभस्व—मारयस्वेत्यर्थ। मारयित्वा च (क्रव्याद) मास भक्षकान् राक्षसान् (वृक्तवी) छित्वा (आसन्) आस्ये (पिधत्स्व) अपिधेहि आच्छादयेत्यर्थ॥

यहा भी क्रव्याद् अर्थात् मास भक्षको को राक्षस कहा गया है और यदि ज्ञानी ब्राह्मणों के समझाने पर भी वे न मानें तो अन्तिम दण्ड के रूप में उन के नाश का विधान है। म० १९ में कहा है—

१० सनादग्ने मृणसि यातुधानान् न त्वा रक्षासि पृतनासु जिग्यु।
अनुदह सहमूरान् क्रव्यादो मा ते हेत्या मुक्षत दैव्यायाः॥

हे ज्ञान स्वरूप परमेश्वर वा ज्ञानी ब्राह्मण! तू राक्षसो का सदा नाश करता है। तेरे आगे वे ठहर नहीं सकते। हिंसक व्यापार वाले मांसभक्षकों को अथवा उन के

इस मांसभक्षणादि के दुर्व्यसन को जला दे। वे तेरे इस दिव्य अस्त्र से न बचें, उन पर भी तेरा प्रभाव अवश्य पड़े।

सायण —स त्वम् अधुना अन्वनुक्रमेण (सह मूरान्) मूरेन सहितान् मारकव्यापारेण युक्तान् (क्रव्याद) मांसभक्षकान् राक्षसान् (दह) तेजसा भस्मीकुरु किंच तवसम्बन्धिनो दिव्यादायुधात् ते यातुधाना मुक्ता मा भूवन् ॥

यह मन्त्र स्पष्टतया मांसाहार निषेधक और मांस को राक्षस भोजन बताने वाला है। यह ऋग्वेद १०. ८७ १६ सामवेद म० ८० और अथर्व० ५ २६ ११ और ८ ३. १८ में आया है। तीन वेदों में इस का आना वेदों की मांसनिषेधविषयक आज्ञा पर बल देने के लिये है।

११. अथर्व० ५ २६. १० में भी क्रव्याद् अर्थात् मांस भक्षक को पिशाच बताते हुए उस के समझाने बुझाने पर भी न मानने पर अन्तिम दण्ड तक देने का विधान है। मन्त्र निम्न है—

क्रव्यादमग्ने रुधिर पिशाच मनोहन जहि जातवेद.।
तमिन्द्रो वाजी वज्त्रेण हन्तु च्छिनत्तु सोमः शिरो अस्य धृष्णुः ॥

इस प्रकरण में यह बात समझ लेनी चाहिये कि केवल मांसभक्षण करने पर प्राण-दण्ड का विधान नहीं किन्तु जो मांसभक्षक होकर हिंसकव्यापार वाले हों, समाज और राष्ट्र के विघातक हों उन के लिये यह अन्तिम दण्ड है तथापि इन मन्त्रों से यह अवश्य सिद्ध होता है कि वेदों के अनुसार मांसभक्षण राक्षसों और पिशाचों का निकृष्ट भोजन है न कि आर्यों अथवा उत्तम जनों का। इस लिये मनुस्मृति ११ ९५ में कहा है कि—

यक्षरक्षः पिशाचान्नं, मद्यं मांसमयासवम् ॥

अर्थात् मद्य, मांसादि यक्षों, राक्षसों और पिशाचों का अन्न है। उसे उत्तम पुरुषों को कभी ग्रहण न करना चाहिये।

१२. ऋग्० ७ १०४ २ के—

ब्रह्मद्विषे क्रव्यादे घोरचक्षसे द्वेषो धत्तमनवाय किमीदिने ॥

इस मन्त्र की निरुक्त अ० ६ पाद ३ ख० ११ में भी व्याख्या आई है (ब्रह्मद्विषे) ब्राह्मणद्वेष्ट्रे (क्रव्यादे) क्रव्यमदते, क्रव्यं विकृत्ताज्जायते इति नैरुक्ता. (घोरचक्षसे) घोरख्यानाय (द्वेष.) (धत्तम्) (अनवायम्) अनवयवम् यदन्ये न व्यवेयुरद्वेषस इति वा (किमीदिने) पशुनाय।

यहां राजा और न्यायाधीशादि को सम्बोधन करते हुए यह कहा गया है कि तुम ब्राह्मणों अर्थात् ब्रह्मज्ञानियों के साथ द्वेष रखने वाले, मांस भक्षक, बुरी दृष्टि वाले, कर्मोंने और पिशुन व्यक्ति के प्रति सज्जनों से अनुमोदित विरोध रखो। उन के दुर्व्यसनों को दूर

करने का प्रयत्न करो। इस विषय में अन्य भी सैकडो मन्त्रो को उद्धृत किया जा सकता है किन्तु ग्रन्थविस्तार के भय से दो और मन्त्रों का उल्लेख कर के जिन में चावल, जौ, माष, तिल आदि उत्तम अन्न के सेवन का और पशुओं के दूध को ही (न कि मांस को) सेवन करने का उपदेश है हम इस प्रकरण को समाप्त करते हैं।

१३ अथर्व० ६. १४० २ में स्पष्ट उपदेश है—

व्रीहिमत्त यवमत्तमथो माषमथो तिलम्।
एषवां भागो निहितो रत्नधेयाय मा हिंसिष्टं पितरं मातरं च॥

तुम स्त्री पुरुष (व्रीहिम्) चावल (यवम्) जौ (माषम्) माष (अथो तिलम्) तिल ऐसे ही उत्तम सात्विक पदार्थों को (अत्तम्) खाओ (रत्नधेयाय) उत्तम बुद्धि तथा आरोग्य के धारण करने के लिये (एष वा भागो निहितः) यही तुम्हारे लिये भाग भजनीय वा सेवनीय आहार नियत किया गया है। अपने माता पिता आदि मान्य जनों की कभी हिंसा न करो। भजनीय वा सेवनीय पदार्थों में चावल, जौ, माष तिलादि की गणना है जो विना हिंसा के प्राप्त होते हैं, मांस की नहीं।

१४ पुष्टिं पशूनां परिजग्रभाहं चतुष्पदां द्विपदां यच्च धान्यम्।
पयः पशूनां रसमोषधीनां बृहस्पतिः सविता मे नियच्छात्॥
—अ० १९ ३१ ५।

इस मन्त्र में भी यह कहा है कि मैं पशुओं की पुष्टि वा शक्ति को अपने अन्दर ग्रहण करता हू और धान्य का सेवन करता हूं। सर्वोत्पादक ज्ञानदायक परमेश्वर ने मेरे लिये यह नियम बनाया है कि (पशूना पय.) गौ बकरी आदि पशुओ का दुग्ध ही ग्रहण किया जाए न कि मास तथा ओषधियों के रस का आरोग्य के लिये सेवन किया जाए। यहां भी 'पशूना पयइति बृहस्पति. मे नियच्छात्' अर्थात् ज्ञानप्रद परमेश्वर ने मेरे लिये यह नियम बना दिया है कि मैं गवादि पशुओं का दूध ही ग्रहण करू स्पष्टतया मासनिषेधक है।

१५. अथर्व० ८ २ १८ में व्रीहि और यव अर्थात् चावल और जौ (ये धान्यो के उपलक्षण हैं) के विषय में कहा है कि—

शिवौ ते स्ता व्रीहियवावबलासावदोमधौ।
एतौ यक्ष्म विबाधेते एतौ मुञ्चतो अंहसः॥

हे मनुष्य ! तेरे लिये चावल, जौ आदि धान्य कल्याणकारी हैं। ये रोगों को दूर करते हैं और सात्विक होने के कारण पाप वासना से दूर रखते हैं।

इन के विरुद्ध मास, पाप वासना को बढ़ाने वाला और अनेक रोगोत्पादक है अतः मास शब्द की जो व्युत्पत्ति निरुक्त अ० ४ पाद १ ख० ३ में बताई गई है उस में कहा है—

मास माननं वा, मानसं वा, मनोऽस्मिन् सीदतीति वा ॥

मास इस लिये कहते हैं कि यह मा+अननम् है अर्थात् इस से दीर्घ जीवन प्राप्त नहीं होता प्रत्युत यह आयु को क्षीण करने वाला है। (मानसं वा) यह हिंसा जन्य होने से मानस पापों को प्रोत्साहित करने वाला होता है। (मनोऽस्मिन् सीदतीति वा) जिस में भी मनुष्य का मन लग जाए जो मन पसन्द हो ऐसे पदार्थ को मास कह सकते हैं इसी लिये परमान्न वा खीर तथा फलों के गूदे इत्यादि के लिये मास शब्द का प्रयोग कई स्थानों पर आता है जैसे कि पहले सप्रमाण दिखाया जा चुका है। इस प्रकार मास की अनक्ष्यता वेदों के प्रमाणों से स्पष्ट सिद्ध होती है। इन के विरुद्ध ब्राह्मणग्रन्थों, स्मृतियों, गृह्यसूत्रों, श्रौत वा कल्पसूत्रों तथा महाभारतादि में जहां कहीं दिखाई दें उन्हें वेद विरुद्ध होने के कारण अप्रामाणिक समझना चाहिये। 'वैदिक एज्' के लेखकों ने शतपथ ब्राह्मण के नाम से जो यह बात लिखी है कि अतिथि के आने पर बड़े बैल अथवा बकरे को मारा जाए वह यहां नहीं पाई जाती। याज्ञवल्क्य स्मृति में 'महोक्षं वा महाजं वा श्रोत्रियायोपकल्पयेत्' ऐसा पाठ मिलता है जिस का मिताक्षरा टीका में अर्थ किया है कि—

बड़ा बैल या बकरा वेदपाठी के अर्पण करें। यहां मारने का कोई विधान नहीं। वस्तुत उक्षा और अज शब्दों पर हम पहले विस्तृत विचार कर के दिखा चुके हैं कि उन से सोम नामक ओषधि और 'अजास्तावद् व्रीहय साप्तवार्षिका. कथ्यन्ते' (पचतन्त्र काकोलूकीय) इत्यादि के अनुसार पुराने चावल का ग्रहण करना चाहिये।

वैदिक एज् के लेखक कहते हैं कि मास का सेवन यज्ञों के अवसरों पर किया जाता था पर ऐसे अवसर प्राय प्रतिदिन आते रहते थे। इस के सम्बन्ध में हम पहले सप्रमाण बता चुके हैं कि यज्ञ जैसे पवित्र कर्म के साथ तो मास का घोर विरोध है। शत० ६ २ में स्पष्ट लिखा है कि—

न मासमश्नीयात्, यन्मासमश्नीयात् यन्मिथुनमुपेयादिति न त्वेवैषा दीक्षा ॥

यज्ञ की दीक्षा लेने वाले को मास न खाना चाहिये। यदि वह मास खाए और स्त्री सभोग करे तो वह दीक्षा ही नहीं कहाती। तैत्तिरीय १ १ ६. ७–८ में भी कहा है कि—

न मासमश्नीयात्, न स्त्रियमुपेयात्।
यन्मासमश्नीयात् यत् स्त्रियमुपेयात् निर्वीर्यं स्यात् ॥

अर्थात् मास न खाए और न स्त्री सभोग करे। जो यज्ञ के अवसर पर भी मास खाए और स्त्रीसभोग करे तो मनुष्य निर्वीर्य हो जाता है।

इसी प्रकार ताण्ड्य महाब्राह्म १७ १३ ६, ११. १८ में कहा है कि—

अहत वसानोऽवभृथादुदेति चतुरो मासो न मासमश्नाति, न स्त्रियमुपैति।

अर्थात् यजमान शुद्ध कोरे वस्त्रों को धारण करता है, न मास खाता है और न यज्ञ के चार मासों तक स्त्री सभोग करता है इत्यादि।

इस प्रकार 'वैदिक एज्' के लेखकों के इस लेख की भी अयथार्थता सिद्ध होती है कि वैदिक आर्य बैल, बकरी, भेड इत्यादि पशुओं का यज्ञों के अवसर पर विशेष रूप से मास खाते थे। हम जैसे कि वेदों के प्रबल और स्पष्ट प्रमाणो में दिखा चुके हैं मासभक्षण राक्षसों और पिशाचो का काम माना गया है, वह सर्वथा वर्जनीय और वेदविरुद्ध है। इस प्रकार इस आवश्यक विषय पर प्रकाश डाल कर हम इस अध्याय को समाप्त करते हैं।

उपसहार

हम ने इस ग्रन्थ को १० अध्यायो में विभक्त किया है। प्रथम अध्याय के ३ खण्डो में हम ने क्रमशः प्राचीन, मध्यकालीन और अर्वाचीन विद्वानों के वेद विषयक मत का उल्लेख कर के उस का निष्पक्षपात भाव से विवेचन किया है।

२ य अध्याय में वेदों के महत्त्व और उस के कारणो का निर्देश करते हुए पारसी, बौद्ध, जैन, ईसाई, इस्लाम इत्यादि भिन्न-भिन्न मतावलम्बी निष्पक्षपात विद्वानों द्वारा वेदों के प्रति समर्पित श्रद्धाजलियों का सग्रह किया गया है।

३य अध्याय में 'वैदिक एज्' के लेखकों तथा अन्य अनेक विद्वानों के इस मत का सप्रमाण निराकरण किया गया है कि ऋषि वेद मन्त्रों के कर्ता थे। यह सिद्ध किया गया है कि वे मन्त्रों के द्रष्टा अथवा उन के रहस्यों के प्रकाशक और प्रचारक थे।

४र्थ अध्याय में देवताओ के विषय में विस्तृत विचार करते हुए सप्रमाण सिद्ध किया गया है कि वेदों में विशुद्ध रूप में एकेश्वर पूजा का ही प्रतिपादन है। वेद अनेकेश्वर-वाद, हीनोथीइज्म अथवा अद्वैतवाद के प्रतिपादक नहीं।

पचम अध्याय में वैदिक यज्ञो के वास्तविक स्वरूप पर प्रकाश डालते हुए 'वैदिक एज्' तथा तत्सदृश साहित्य में प्रकाशित इस विचार का सप्रमाण निराकरण किया गया है कि वैदिक यज्ञो में पशुओं की बलि देने का विधान है। अश्वमेध, गोमेध, नरमेधादि का वास्तविक अर्थ भी बताया गया है।

षष्ठ अध्याय में 'वैदिक एज्' में से अनेक उद्धरण देकर यह बताया गया है कि यह एक सन्दिग्ध और सन्देहजनक पुस्तक है।

सप्तम अध्याय में वेदोत्पत्ति काल विषयक अनेक अटकलपच्चू कल्पनाओं का निर्देश करते हुए और उन की परस्पर विरुद्धता दिखाते हुए सिद्ध किया गया है कि वेद सब से प्राचीन और नित्य हैं।

अष्टम अध्याय में आर्य, दस्यु, दास, द्राविड आदि शब्दो का विवेचन करते हुए बताया गया है कि आर्यों और दासों व दस्युओ में कोई जातिकृत भेद नहीं। आर्य

और द्राविड भाषाओं के सम्बन्ध का भी पर्याप्त विस्तार से निरूपण किया गया है।

नवम अध्याय में 'वैदिक एज' के लेखकों द्वारा किये गये वेदों की काट-छाट के प्रयत्न को नितान्त अनुचित बताते हुए उन की समालोचनाओं का सप्रमाण उत्तर दिया गया है।

दशम अध्याय में 'वैदिक एज' तथा तत्सदृश साहित्य में वैदिक शिक्षाओं के विषय में जो अशुद्ध विचार प्रकट किये गये गये हैं पुनर्जन्म के सिद्धान्त का अभाव, अथर्ववेद में जादू टोने, वेदों में मांस, मद्य, द्यूत आदि का विधान, बहुविवाह इत्यादि उन का सप्रमाण विवेचन किया गया है॥



elibrary.thearyasamaj.org

कतिपय विशिष्ट विषय-सूच

	पृष्ठ
अग्नि शब्द ईश्वर वाचक	२०६
अग्नि शब्द ब्राह्मणादिवाचक	२१०, २११
अद्वैतवाद की अवैदिकता	२२५, २३४
अजमेध, अश्वमधादि का वास्तविक अर्थ	२४६, २५०
अथर्ववेद की प्राचीनतम	४०३, ४१५
अश्वमेध अहिंसात्मक	२५४, २५५
अश्विनौ के अनेकार्थ	२१८, २१६
अरबी विद्वान् लावी का वेद गुणगान	७५, ७६
अविनाशचन्द्र जी दास और वेदो की अति प्राचीनता	३३०
आलम्भ अवदान और सज्ञपन	२५६, २५६
आर्य शब्दार्थ	३३५, ३८
महात्मा बुद्ध और आर्य	३३८
जिन्दावस्ता और आर्य	३३८
श्री अरविन्द और आर्य	३३६
इन्द्र शब्द ईश्वर वाचक	२१२
इन्द्र शब्द जीवात्मवाचक	२१३
इलहाम आदेश और ईश्वरीयज्ञान	६८, ७१
ईश्वरीयज्ञान की आवश्यकता	६३, ६८
उक्षा और ऋषभक ओषधि-वाचक	२७७, २८०
उपनिषत् और वेद	३, १५, २०
ऋषि कौन ?	१११, १२८, १३०
ऋषियों को मन्त्रकर्ता मानने पर प्रबल आक्षेप	१२१, १२८
ऋषि वाचक पद प्राय· उपनाम	१३३, १३८
एकेश्वरवाद ही वेदप्रतिपादित है	१६२, १७५
अनेक पाश्चात्य विद्वानों द्वारा इसका समर्थन	१७६, १७७
पारसी विद्वान् फर्दून जी द्वारा समर्थन	१७७, १७८

elibrary.thearyasamaj.org

पृष्ठ

मुसलमान विद्वान् यामिनखान द्वारा समर्थन १७६
कृष्ण यजुर्वेद विषयक विचार ३६७, ४०२
क्या अथर्ववेद जादू टोनों का वेद है ? ४५४,
क्या दशम मण्डल पीछे मिलाया गया ? ३८३, ३६१
गुरु ग्रन्थ साहेब और वेद २८, ३१
गोघ्न का अर्थ २८८, २८६
गोवध महापाप २६६, २७६
गैलीलियो सिद्धान्त पर निर्णय ६७
तामिल और संस्कृत २५६, ३६६
तामिल वेद और वेद शास्त्रादि ३६६, ३७४
तामिल व्याकरण का आधार ऐन्द्र व्याकरण २६७
तिलगू और संस्कृत ३५६, ३५७
दर्शन शास्त्रों में वेदों का महत्त्व ८, ६
दस्यु कौन ३४०, ३४६
दाक्षिणात्य वैयाकरण और संस्कृत ३६८, ३६६
द्राविड मूलतः क्षत्रिय ३५२
द्राविड सभ्यता को देन ३७४, ३८२
देवता वाचक शब्दों के अनेकार्थ २०४, २०७
नासदीय सूक्त पर विचार २३४, २४०
निष्पापता पर वेदों में बल ४१०, ४१६
पुनर्जन्म सिद्धान्त वेदोक्त ४२२, ४३०
पृथिवी की आयु विज्ञानानुसार ३३२, ३३३
बालविवाह सूक्तों पर विचार ३६१, ३६२
मध्यकालीन आचार्यों की भयंकर भूलें २१, २३
मलयालम और संस्कृत ३५७, ३५८
महाभारतकाल निरूपण ३२२, ३२५
महाभारत और वेद ५, ६
महर्षि दयानन्द का वेद विषयक सिंह गर्जन ४८, ५०
मध्वाचार्य और स्त्रियों का वेदाधिकार ५२
मैक्डानल और वेदों की अति प्राचीनता ३३४

elibrary.thearyasamaj.org

	पृष्ठ
मैक्समूलर का ईसाइयत पक्षपात	३३, ३६
मैक्समूलर और वेद निर्माणकाल	३०८, ३१०
मन्त्रकृत् शब्द पर विचार	१८२, १८६
मास भक्षण वेद विरुद्ध	४६७, ५०४
यज्ञ अहिंसात्मक	२४३, २४८
यज्ञों में पशु प्रदर्शनी	२५५, २५६
यज्ञों में मास निषेध	२७४
राधाकुमुद मुकर्जी और वैदिक यज्ञ	२६६
रामायणकाल निरूपण	३२७, ३३०
रामायण में वेद वेदाङ्ग वर्णन	३२५, ३२७
लोकमान्य तिलक और वेद काल	३१६, ३१६
'वशा' पर विचार	
वसिष्ठादि शब्दों के अर्थ	३१४, ३१६
विन्टर्नीज़ और वेद काल	३११, ३१३
वेद ज्ञानदाता परमेश्वर	१४७, १५२
वेदों की शुद्धता की रक्षा	३६५, ३६७
वैदिक देवता	१६२, २०३
वैदिक भाषा भी ईश्वर प्रदत्त	१५३, १५८
वैदिक संस्कृत-सर्वभाषा जननी	
वैदिक एज् में वेद विषयक भ्रान्त विचार	४१, ४२
शुक्ल यजुर्वेद की अनुचित काट छाट	४१६, ४२१
श्री अरविन्द और आर्य शब्द	३३६
श्री अरविन्द और वेद	५५
श्री अरविन्द और पाश्चात्य विद्वानों का वेद विषयक कार्य	३६
श्री अरविन्द और सायण भाष्य	५५
सामवेद की पृथक् सत्ता	४१६, ४१६
सोम के अनेक अर्थ	१३१, १३३
सम्पूर्णानन्द जी और सच्ची बलि	२६२, २६६

elibrary.thearyasamaj.org

elibrary.thearyasamaj.org